कृण्वन्तो विश्वमार्यम् — ओ३म्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

सम्पादक ... एम० ए० प्रकाशक आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब गुरुदत्त भवन कृष्णपुरा चौक जालन्धर दूरभाष—७४१६०

... वर्ष १२, अंक १५, ८ वैशाख सम्वत् २०३७, तदनुसार २० अप्रैल १९८०, दयानन्दाब्द १५५



★

निर्दोष-शिक्षा-प्रचारी-प्रचारे
"डी० ए० वी०" के
शिक्षा-प्रचार-प्रचारे
एक प्रकाशमयी शिक्षा सूर्य
महा दीप्त ... ॥

★

जिनका जन्म-दिवस 19 अप्रैल को है—

महात्मा हंसराज जी

(रचयिता—श्री उत्तमचन्द जी शरर)

** MO-7

तुम आफ़तों से उलझते रहे संवरते रहे
तुम्हें ख़बर थी कि जीने का मुद्दआ क्या है ?
भंवर को कहते हैं साहिल कहते दिल अक्सर
डरे जो मौजाए तूफ़ां से नाखुदा क्या है ?

ख़ुशी का बाग़ कहें या तुम्हारी आबादी
कि राहे वेद पे मरना तुम्हें पसन्द आया।
हवस के पुतले किनारों पे देखते ही रहे
भंवर में डब उतरना तुम्हें पसन्द आया

यह दर्द कम नहीं तुम सा नहीं कोई हम में
ज़माना का क्या तुम अंजुमन से क्या उठे।
शरर यह फ़िक्र तुम्हारा ही अब ग़नीमत है
तुम्हारी याद से सीने तो जगमगा उठे।



The ARYA MARYADA JULLUNDUR

ईशावास्योपनिषद्

ले०—श्री सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार डब्लू-७७ए ग्रेटर कैलाश-१ नई दिल्ली

(गतांक से आगे)

—"युयोधि अस्मत् जुहुराणा एन ' । इस प्रार्थना से हम बार-बार आपको नमस्कार करते है—"भूयिष्ठा ते नम उक्तिं विधेम् ।

इस श्रुति मे तीन बातें विशेष रूप से कही गई है। प्रभु को सम्बोधन 'अग्नि'—इस नाम से किया गया है, सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मांगी गई है, इस प्रेरणा के देने के लिए प्रभु को नमस्कार करते हुए प्रार्थना की गई है कि हमारी भावना को पूर्ण करें । ये तीनो विचार महत्वपूर्ण है

(क) परमात्मा को अग्नि क्यो सम्बोधित किया गया है-वेदो मे अग्नि का एक मुख्य देवता माना है। अग्नि प्रतीक है कुछ विचारो का। अग्नि कूड़े-कचर को भस्म कर देती है। अग्नि को सम्बोधित करते हुए साधक प्रार्थना करता है कि हे अग्नि जैसे आप झाड झंकार कूड़ा कचरा जला कर भस्म कर देते हो वैसे ही मेरे मन का मैल जला डालो। अग्नि ऊर्ध्वगामी है। अग्नि की लपटे नीचे नही जाती ऊपर ही जाती है। मशाल जला कर उसे नीचे की तरफ लाने का प्रयत्न किया जाए तो भी लपटे ऊपर ही जाती है। हे अग्नि आप मुझे ऊपर ही ऊपर जाने की प्रेरणा दो। अग्नि के सामने अन्धकार नही टिक सकता अग्नि प्रकाश की प्रतीक है। अग्नि से प्रार्थना है कि साधक के जीवन मे अखड ज्योति का आविर्भाव हो। जो लोग अग्निहोत्र करते हैं वे अगर अग्नि को सिफ देखते भर रहे तो भी ये भावनाए बरबस हृदय मे उठने लगती है।

(ख) अग्नि से सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा क्यो मागी गई है—अग्नि का काम प्रकाश देना है अन्धकार का निवारण कर दना है। मनुष्य का स्वभाव वासनामय जीवन के अन्धकार मे जीने का है। प्रकाश द्वारा तभी तो अन्धकार को भेद कर रास्ता दीखेगा। मनुष्य जानता है कि वासना उसे भस्म कर देगी परन्तु जैसे पतगा दीप शिखा पर जल जाता है वैसे ही यह मानव ससार के विषयों की आग मे अपने प्राण होम देता है। यह बात नही कि वह जानता नही, वह पूरे तौर से जानता है कि विषय उसे चाट जाएगे, परन्तु जानता हुआ भी अपने को रोक नही सकता। कहने वाले ने ठीक कहा है: 'जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्ति: जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्ति:', परन्तु जानते बूझते भी मनुष्य अनजाना बना रहता है, अपने को—लाचार पाता है। ऐसे समय वह अग्नि से प्रेरणा मांगता है, तभी कहा है "अग्नि नय सुपथा राये"—अग्नि को अग्नि इसीलिए कहा गया है क्योंकि वह सब देवताओं से आगे है। जिस मनुष्य के मन मे आग जब उठती है वह अन्धकारमय जीवन से इन्कार कर देता है, जीवन में अध्यात्म की मशाल लेकर आगे आगे बढता और ऊपर ऊपर उठता चला जाता है। अग्नि से इस श्रुति मे यही मांग की गई है।

(ग) अग्नि को नमस्कार कर प्रार्थना क्यो की गई—तीसरी बात इस श्रुति मे—'नम उक्तिं विधेम' —भगवान् के सामने नमन करके सिर झुका दिया गया है भगवान के हाथो अपने को सौंप दिया गया है। पतन का मार्ग स्वाभाविक है, उसको किसी के सहारे की जरूरत नहीं होती। ससार के विषय मनुष्य को नीचे खीचते ही है कोई विषयो से प्रार्थना नही करता कि मुझे अपनी तरफ खींचो। मनुष्य स्वभाव से नीचे गिरता है। पत्थर को नीचे गिरने मे प्रयत्न नही करना पडता ऊपर उठने मे प्रयत्न की जरूरत पडती है। परन्तु ऊपर उठने की इच्छा होते हुए भी उठा नही जाता उठने के लिए सहारा चाहिए। वह सहारा भगवान के सिवाय कौन दे सकता है? अग्नि से प्रार्थना करना उससे सहारा मांगना है, बिना सहारे कुछ न चलेगा। जब आदमी अपना परिश्रम करके हार जाता है, तब दिल से निकली पुकार को भगवान सुनता है—उसी को प्रार्थना कहते हैं—उसी भावावेश मे यहां श्रुति ने भगवान के प्रति नमन किया है अपने को भगवान् के हाथो छोड दिया है।

उपसंहार

ईशावास्योपनिषद् के उक्त १८ मन्त्रो मे श्रुति ने प्रचलित मान्यताओ को ठोकर मार दी है। मनुष्य समझता है कि वह मालिक है जो कुछ वह समेट लेता है वह उस का निजी है। ससार के सारे अनर्थ इसी भावना से होते है। सम्पत्ति किस की है? हर व्यक्ति समझे बैठा है कि जो कुछ उसके पास है वह उसका है। दूसरे कहते है यह उसने हरण किया है। वास्तविक,उपनिषद् की नहि यह है। उपनिषद् ने स्वत्व, निज-कीयत—की मान्यता को चुनौती दी है। जो कुछ है, किसी का नहीं, भगवान का है। जब मनुष्य समझ ले कि उसका कुछ भी नहीं है, तब जीवन का कांटा ही बदल जाता है, लड़ाई झगड़े समाप्त हो जाते है। काम किये बगैर मनुष्य रह नहीं सकता, इसलिए जो कुछ करता है कर्त्तव्य समझ कर करता है अधिकार समझकर नहीं, क्योंकि अधिकार का प्रश्न ही तब उठता है जब स्वत्व का, निजकीयत का प्रश्न हो। जब स्वामित्व ही हम में से किसी का नहीं, तब जो हाथ आता है भगवान का दिया प्रसाद समझ कर ही मनुष्य उसे ग्रहण करता है इस दृष्टि से उसकी भाषा बदल जाती है। हम सब ससार के पीछे भागते है, उपनिषद् की भाषा समझने वाला व्यक्ति ससार को छोड़ता है, ससारी व्यक्ति जिसे छोडता है, आध्यात्मिक व्यक्ति उसी को पाने का प्रयत्न करता है। उसकी भाषा मे शब्दों के अर्थ भी बदल जाते हैं, जिसे हम विद्या कहते है उसे वह अविद्या कहता है, 'अविद्या'—शब्द से जिसे हम मौत जैसे भी बात कहते है, उसे उपनिषद् का ऋषि मृत्यु पर विजय पाने का साधन बतलाता है। विद्या का तो काम है ही, अविद्या का भी काम है। जिसको भौतिक-विज्ञान है उसे हम विद्या कहते हैं, उपनिषद् का ऋषि उसे अविद्या कह कर उसका क्षेत्र सीमित कर देता है। इन भौतिक विज्ञानों से ससार की वस्तुए प्राप्त होती है, मनुष्य कुछ चैन से भी रह सकता है इससे ज्यादा कुछ नहीं मिलता। इनसे उसकी प्यास कुछ देर के लिए बुझती है, परन्तु फिर भड़क उठती है। हमारी तलाश तो आनन्द के उस स्रोत की है जिस का अमृत-जल पीने से मनुष्य मरण धर्मा हो कर भी अमर हो जाता है। उपनिषद् का ऋषि ससार को छोडने के लिये नहीं कहता, वह मांजने और त्यागने के,अविद्या तथा विद्या के, असंभूति के समन्वय की बात कहता है। विद्या भी ठीक, अविद्या भी ठीक, संभूति भी ठीक—ये मिलकर, कन्धे-से-कन्धा मिलाकर चलें तो ठीक, एक दूसरे से लड़ें तो ना ठीक। इस प्रकार के समन्वय ही ईशावास्योपनिषद् का सार कहा जा सकता है।

वैदिक धर्म

—कवि कस्तूरचन्द कवि कुटीर पीपाड़ शहर (राज)

निर्भय हो चलता नर वर है
आर्य सुजन सब-पथ मे आज।
शक्ति सुदृढ सब यही एक है धर्म-कर्म को देख।
समता और न कर पाते हैं अन्य लिखें यह लाखो लेख ॥
सामर्थ्य ईश्वर की वाणी,अविरल अत्यन्त विशद अनूप।
चमक रहा है उसी प्रभु का अनन्त रहा है अजीब स्वरूप।
सार्वभौम अखिल ब्रह्माण्ड मे वैदिक धर्म का रहा है राज।
निर्भय हो चलता नर वर है आर्य सुजन सब पथ मे आज ॥
चलते आये देव ऋषीश्वर,पढते आये वैदिक बोध।
करते आये वेद विद्या का,प्रसार सुदृढ़ता करत सोध ॥
शब्द शब्द में शक्ति भरी है,सुधा सरोवर है मद मस्त।
जगत सब है इनसे देखें,नभ के अन्तर्तम मे मस्त ॥
गौरव गरिमा क्यों? नहीं हमको,अमर अटल हैं आर्य समाज,
निर्भय हो चलता नर-वर है आर्य सुजन सब पथ मे आज ॥
वेद अनादी रचा कहा से,इसके पहले रचने और।
सत्य यथार्थ अटल निरन्तर ईश्वर ने जब किया सजोर ॥
उस आधार खड़ा है ब्रह्माण्ड बदल न सकता उसका रूप।
वही हमारा पिता सुपालक भास रही है प्रकृति अनूप ॥
पढें वेद को जब हो मालूम, कितने दूर चले गये आज।
निर्भय हो चलता नर वर है,आर्य सुजन सब पथ मे आज ॥
विधि विधान ज्ञान गुण विद्या,है ये अमृत सागर वेद।
रचा न जिसमें किसी तरह से,जीव मात्र चित रंजन भेद ॥
सत्य समान धर्मादिक बुद्धि आचार विचार समान।
यह है ईश्वर न्यायिक स्वामी,उसको जान धरो नित ध्यान।
कभी न होता पराजित यह,आर्य नियम का सबसे साज ॥
निर्भय हो चलता नर-वर है,आर्य सुजन सब पथ मे आज ॥

सम्पादकीय—

सत्यार्थ का प्रचार कैसे करें

एक गम्भीर परन्तु महत्व पूर्ण विषय पर अपने विचार आर्य जनता के सामने रखने लगा हूं। वैसे तो आर्य समाजी दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं कि वह अपने विचार प्रकट करते समय इस बात का संकोच नहीं करते कि उस का प्रभाव उन व्यक्तियो पर क्या पड़ेगा जो उनसे सहमत नहीं हैं परन्तु आज मैं जिस विषय पर लिखने लगा हूं वह ऐसे हैं जिसके सम्बन्ध मे मौलिक रूप से आर्य समाजियों में कोई मतभेद नहीं है यदि कुछ हो सकता है तो केवल इस बात पर कि सत्यार्थ प्रकाश का प्रचार कैसे किया जाए। मैं इस विषय मे जो कुछ लिखने लगा हूं कई भाईयो का उससे मतभेद हो सकता है परन्तु हमें आर्य समाज के चौथे नियम को न भूलना चाहिए जिसमें लिखा है कि सत्य के ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने मे सर्वदा उद्यत रहना चाहिए इसी भावना से प्रेरित होकर मैं यह लेख लिखने लगा हूं। मैंने सत्यार्थ प्रकाश पहले भी दो बार पढ़ा है अब तीसरी बार पढ़ रहा हूं परन्तु जिस ध्यान से अब पढ़ रहा हूं वह ध्यान मैंने पहले इसकी तरफ नही दिया। यही कारण है कि उसके जो भिन्न २ रूप मेरे सामने अब आ रहे हैं वह पहले न आये थे क्योंकि मैं चाहता हूं कि सत्यार्थ प्रकाश का अधिक से अधिक प्रचार हो इसीलिए मैंने यह निश्चय किया कि अपने विचार मैं आर्य जनता के सामने रखूं। मैं जानता हूं कि मैं जो कुछ लिख रहा हूं कई भाईयों को मुझ से मतभेद होगा। परन्तु मेरे सामने आज यह प्रश्न नहीं है कि कौन मुझ से सहमत होता है कौन नही। मेरे सामने तो सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हम सत्यार्थ प्रकाश का अधिक से अधिक प्रचार कैसे कर सकते हैं। वैसे तो परिस्थितियां सारे देश मे एक जैसी हैं परन्तु मैं अधिकतर पंजाब की परिस्थितियो को देख रहा हूं यहां पर जब सिखो का कोई पर्व होता है तो लोग हजारों में नहीं लाखो मे आते हैं। निरंकारियों नामधारियो राधास्वामियो और दूसरे मतों के जब कोई सम्मेलन होते हैं तो वहां कई बार इतनी संख्या होती है जिसका अनुमान लगाना कठिन हो जाता है। परन्तु जब आर्य समाज का कोई सम्मेलन होता है तो वहां संख्या सैंकड़ो और कई बार केवल हजारों तक ही सीमित रहती है। दिसम्बर १९७५ मे देहली मे जब आर्य समाज की शताब्दी मनाई गई थी तो १०-१२ लाख व्यक्ति वहां जमा हुए थे। परन्तु वह सारे देश से वहां आए थे। यदि प्रान्तीय सम्मेलन हो तो वहां पांच दस हजार व्यक्ति एकत्रित हो जाएं तो वह भी बहुत बड़ी चीज समझी जाती हैं। प्रश्न पैदा होगा कि आर्य समाज मे और देश के जन साधारण एक दूसरे से इतने दूर क्यो जा रहे हैं। इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करने की आवश्यकता है परन्तु यह अत्यन्त ही निराशाजनक स्थिति है कि हमने इस तरफ कोई ध्यान नही दिया यही कारण है कि आर्य समाज का प्रभाव दिन प्रतिदिन कम हो रहा है। उसकी विचारधारा तो अवश्य फैल रही है उसने पिछले एक सौ वर्षों मे जो कुछ किया है उसके भिन्न २ सुखद परिणाम तो हमारे सामने आ रहे हैं परन्तु उसका श्रेय आर्य समाज को नहीं मिल रहा। स्त्री शिक्षा दलितोद्धार गोरक्षा राष्ट्रभाषा और इस प्रकार के कई प्रश्न हैं जिनका उत्तर एक सौ वर्ष पहले महर्षि दयानन्द जी ने सत्यार्थ प्रकाश मे दे दिया था उन्हीं के आधार पर हमारा देश भी आगे चला है परन्तु उसका श्रेय दूसरे व्यक्तियो और दूसरी संस्थाओ को मिल रहा है वह केवल इसलिए कि हम जनता तक सत्यार्थ प्रकाश का सन्देश पहुंचाने मे असफल रहे।

हमारे देशवासियों को यह तो मालूम है कि सत्यार्थ प्रकाश नाम का कोई मूल्यवान् ग्रन्थ महर्षि दयानन्द सरस्वती ने लिखा था परन्तु उसमे लिखा क्या गया है यह बहुत कम लोगो को पता हैं। यही कारण है कि सत्यार्थ प्रकाश का वह प्रचार नही हुआ जो होना चाहिए था। इस बार मैंने सत्यार्थ प्रकाश का जो अध्ययन किया है वह इसी दृष्टिकोण से किया है कि हम देखें कि हम इसमे असफल क्यो रहे। मैं जिस परिणाम पर पहुंचा हूं वह आर्य जनता के सामने रखना चाहता हूं। ताकि वह इस विषय पर गम्भीरता पूर्वक विचार करके सत्यार्थ प्रकाश के प्रचार का कोई रास्ता निकाल सकें।

मैंने ऊपर लिखा है कि मैंने पंजाब में निरंकारियो नामधारियो अकालियो राधास्वामियो और दूसरे कई मतों के सम्मेलनो मे लाखो लोग सम्मिलित हुए देखे, मैंने इनमें से कुछ के साहित्य को भी पढ़ा है यह जानने के लिए कि उसमे कौन सी ऐसी चीज है जो लाखों लोगो को अपनी तरफ खींचती है सब कुछ देखने सुनने और सोचने के पश्चात् इस परिणाम पर पहुंचा हूं कि वह सब मत और इनके गुरु और नेता उसी भाषा मे बात करते हैं जो भाषा एक साधारण से साधारण व्यक्ति भी समझ सकता है। मैंने इनमे से कुछ का साहित्य पढ़ा मैं किसी का अपमान करना नही चाहता परन्तु मुझे यह कहने मे कोई संकोच नही मनुष्य जीवन की समस्याओं पर जिस गम्भीरता से और उनकी गहराई तक पहुंचकर महर्षि दयानन्द जी ने सत्यार्थ प्रकाश मे अपने विचार प्रकट किये। वह इन मतो के किसी भी ग्रन्थ मे आपको नही मिलेंगे परन्तु फिर भी लाखो लोग इनके पीछे भागते हैं तो क्यो ?

इसलिए कि उनकी समस्याओ का उत्तर उनकी ही भाषा मे है जिसे वह समझ सकते हैं उन्हें मिल जाता है। सत्यार्थ की भाषा बुद्धिजीवियो की भाषा तो है जन साधारण की भाषा नही। संस्कृत का हम चाहे कितना महत्व दें। उसके पक्ष मे चाहे कुछ कहें परन्तु वास्तविक स्थिति आज यह है कि संस्कृत आज इस देश की साधारण जनता की भाषा नही। कोई पुस्तक जो उसकी भाषा मे उसको नहीं मिलेगी जनता उसकी तरफ ध्यान नहीं देगी। सत्यार्थ प्रकाश का ६० प्रतिशत भाग संस्कृत मे है ४० प्रतिशत हिन्दी मे जो व्यक्ति संस्कृत जानते हैं उनके लिए सत्यार्थ प्रकाश को समझना कठिन नही है। परन्तु जो नही जानते वह क्या करें। इसमे जो मन्त्र दिए गए हैं हिन्दी मे उनका अनुवाद अवश्य दिया गया है। परन्तु कितने व्यक्ति हैं जो संस्कृत नही जानते वह केवल हिन्दी का अनुवाद पढ़कर ही सन्तुष्ट हो जाएं। ऐसी स्थिति मे सबसे पहला प्रश्न आता है वह यह कि यदि सत्यार्थ प्रकाश का प्रचार करना है तो वह किस भाषा मे हो सकता है। इसके अतिरिक्त कुछ और प्रश्न भी उठते हैं जिनके विषय मे मैं अपने विचार आर्य मर्यादा के आगामी अंको मे आर्य जनता के सामने रखूंगा

वीरेन्द्र

आर्य महासम्मेलन लन्दन
आवश्यक सूचनाएं व निर्देश

लन्दन मे २३ से २५ अगस्त (१९८०) तक एक आर्य महासम्मेलन होना निश्चित हुआ है जिसकी सूचना सार्वदेशिक सभा ने विज्ञप्तियो द्वारा समस्त आर्य समाजो को भेजी हैं। जो आर्य बन्धु इस सम्मेलन मे जाना चाहते है वह तुरन्त अपने पते व नाम आदि सार्वदेशिक सभा को भेज दें अगर कोई विशेष जानकारी चाहते हैं तो सार्वदेशिक सभा से तुरन्त सम्पर्क करें ताकि लन्दन आर्य समाज को जाने वाले आर्य बन्धुओ की सूचि भेजी जा सके लन्दन जाने सम्बन्धी नियम नीचे पढ़ें। —सम्पादक

आर्य समाज लन्दन के तत्वावधान मे २३ से २५ अगस्त ८० तक आर्य महासम्मेलन होगा जिसे आयोजक इस सभा के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय रूप देने के लिए प्रयत्नशील हैं। इसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं लन्दन (हैरो) स्थित एक विशाल सभा भवन इस सम्मेलन के लिए सुरक्षित करा लिया गया है।

यूनिवर्सिटि के अधिकारियो ने फिलहाल १०० प्रतिनिधियो के आवास की अपने हास्टल मे व्यवस्था करने की स्वीकृति दे दी है। आवश्यकता होने पर पूर्व सूचना के आधार पर अधिक व्यक्तियो के लिए व्यवस्था हो सकेगी आवास के लिए एक कमरा होगा जिसमे पूजन साज सामान तथा सोने के लिए शय्या होगी। ब्रेक फास्ट (कलेवा) का प्रति व्यक्ति प्रतिदिन १० पौण्ड (लगभग १९०) देना होगा भोजन की व्यवस्था आर्य समाज भवन मे होगी और यह व्यय भी इस मे सम्मिलित होगा वहां २० से २७ अगस्त ८० के आवास की व्यवस्था की गई है।

८ दिन से कम के या अधिक दिनो के लिए आवास की व्यवस्था सम्भव नही है ऊपर के व्यय में होस्टल से सम्मेलन स्थल तक आने जाने का सवारी खर्च भी शामिल है ८ दिन के आवास से प्रतिनिधियो को लन्दन के दर्शनीय स्थानो को देखने का भी अवसर मिलेगा। पति पत्नी को एक दूसरे से सटे हुये कमरे उपलब्ध होंगे।

प्रतिनिधियो को नीचे अंकित फार्म को भरकर शर्तों को स्वीकृति देनी होगी जिससे आर्य समाज लन्दन के पास १५ अप्रैल या इससे पूर्व पहुंचना आवश्यक होगा साथ ही ८० पौण्ड की राशि आर्य समाज लन्दन के नाम मे ड्राफ्ट भेजनी होगी जाने वाले प्रतिनिधियो के लिए उचित होगा कि वे विदेशी मुद्रा आदि के विषय मे तुरन्त सम्बद्ध प्रमाणिक संस्थाओ से पूछ करना शुरू कर दें।

लन्दन आने जाने का अनुमानित व्यय लन्दन भेजे जाने वाले ८० पौण्ड के अतिरिक्त लगभग ७३५० रुपये होगा। उचित यह होगा जाने वाले प्रतिनिधि अप्रैल ८० तक ४००० रुपये बैंक ड्राफ्ट सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा महर्षि दयानन्द भवन रामलीला मैदान नई दिल्ली २ मे भेज दें।

—ओम्प्रकाश त्यागी महामन्त्री सार्वदेशिक सभा

महात्मा हंसराज जी की जीवन झांकी

जन्म—१९ अप्रैल १८६४ को होशियारपुर के छोटे से गांव बजवाड़ा में हुआ।

जब आप १० वर्ष के थे सन् १८७४ में पिता जी का देहान्त हो गया।

सन १८७१ में लाला साईदास जी के सम्पर्क में आए।

सन् १८८० में मिशन स्कूल लाहौर से मैट्रिक की परीक्षा प्राप्त की।

१८८२ ई में रिजनरेटर आफ आर्यावर्त साप्ताहिक अंग्रेजी पत्र लाहौर से निकालना प्रारम्भ किया।

१८८३ ई० महर्षि दयानन्द का परलोक गमन हुआ। प्रथम जून १८८६ ई० में दयानन्द हाई स्कूल के मुख्याध्यापक बने। १८८५ ई० में आपने बी ए की परीक्षा पास की।

१८८८ ई० में कालेज की कक्षाएं खोली गईं और आपको अवैतनिक प्रिंसिपल बना दिया गया।

१८९० ई० में लाला साईदास जी व मुनिवर पं० गुरुदत्त जी के देहान्त के पश्चात आपको आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रधान बनाया गया।

१८९२ ई० में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा की स्थापना की।

१८९५ ई० में आप अकाल का सञ्चालन कार्य लाला लाजपतराय जी के साथ मिल कर प्रारम्भ किया।

१९०२ ई० में दयानन्द कालेज में आजीवन सदस्य बनाने का नियम लागू हुआ।

१९०५ ई० में कांगड़ा के भूकम्प में आपने सहायता का कार्य किया।

१९१० ई० में कालेज का प्रिंसिपल पद छोड़ दिया और श्री साईदास को प्रिंसिपल बनाया गया।

१९१३ ई० में आप दयानन्द कालेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान बने।

१९१४ से आपने आर्य समाज और प्रादेशिक सभा का कार्य पूरे वेग से प्रारम्भ कर दिया।

१९१७ ई० में आपके सुपुत्र श्री बलराज दिल्ली षड्यन्त्र में पकड़े गए ७ वर्ष का दण्ड मिला। इस वर्ष महात्मा जी की धर्म पत्नी श्रीमति ठाकुर देवी देहान्त हो गया।

१९१८ ई में पंजाब शिक्षा सम्मेलन के अध्यक्ष बनाए गए। १९१८ ई० में ही गढ़वाल के दुर्भिक्ष में सहायता कार्य किया।

१९२० ई० में उड़ीसा दुर्भिक्ष में खूब सहायता कार्य को व्यवस्थित किया।

१९२१ ई० में पंजाब दुर्भिक्ष सहायता निधि जारी की।

१९२३ ई० में अप्रैल मास में आपने मलकाना शुद्धि कार्य प्रारम्भ और सहस्रों रुपए इस कार्य के लिए इकट्ठे किए।

१९२४ ई० में अखिल भारतीय शुद्धि सभा का प्रधान बनाया गया। १९२४ में में ही कोहाट रिलीफ फण्ड जारी किया।

१९२७ ई० ई० में स्वामी श्रद्धानन्द जी का बलिदान हुआ आपने आर्य जगत् को इस महान् बलिदान से प्रेरणा लेने को कहा।

श्री पं० लाजपतराय सेवा दल निधि भी १९२६ में जारी की और लगभग एक लाख रुपया एकत्रित किया गया।

१९२७ ई० में आप अखिल भारतीय आर्यन कांग्रेस दिल्ली के प्रधान बने।

मई १९२८ ई० में आपने महिला महा विद्यालय की स्थापना की।

१९३० ई० में मुजफ्फरगढ़ गुजरात और झंग में कार्य किया।

१९३२ ई० में जम्मू काश्मीर में सहायता कार्य किया। १९३४ ई० में बिहार भूकम्प से पीड़ितों को सहायता पहुंचाई।

१९३५ ई० में क्वेटा भूकम्प से पीड़ितों को सहायता पहुंचाई।

१९३६ ई० में गोकुलाश्रम हरिद्वार की दशा सुधारने की ओर विशेष ध्यान दिया। इसी वर्ष मध्य भारत के सहस्रों भीलों को बचाने का पवित्र कार्य किया।

१९३७ में प्रादेशिक सभा का प्रधान पद त्याग दिया और ला० खुशहालचन्द (आनन्द स्वामी) जी प्रधान बने।

१९३८ ई० १५ अक्तूबर को कन्या महाविद्यालय जालन्धर में बी० टी० की कक्षा जारी करा दी।

२२ अक्तूबर १९३८ को महात्मा जी का अन्तिम उपदेश आर्य समाज अनारकली लाहौर में हुआ।

२६ अक्तूबर १९३८ को आप बीमार हो गए और १५ नवम्बर १९३८ की रात के ११ बजे ओ३म् का जाप करते २ इस नश्वर देह का परित्याग कर दिया।

प्रारम्भ से अन्त तक आपका सारा जीवन एक सच्चे कर्मयोगी और त्यागी तपस्वी महात्मा का जीवन है। उच्च पदों पर अपनी योग्यता तप एवं त्याग की भावना से आरूढ़ होना और स्वेच्छा से ही ऊंचे से ऊंचे पद का परित्याग कर अन्या का सेवा अवसर प्रदान करना यह शिक्षा महात्मा जी का जीवन हमें देता है।

जन्म दिन मनाने का महत्व तभी हमें ज्ञात होगा जब हम ऐसे त्यागी महात्माओं के चरण चिन्हों पर चलने को कटिबद्ध होंगे। हमारी श्रद्धा और आस्था का नमूना तो यह है कि जन्म दिन चाहे किसी महान् आत्मा का क्यों न हो। हम अवकाश वाले दिन ही मनाएंगे। कहां जीवन दानी का आदर्श कहां हमारी यह उपेक्षा कृतघ्नता। आर्य बन्धु इस पर गम्भीरता से विचार करें।

— ओ३म् प्रकाश आर्य
सभा कार्यालयाध्यक्ष

सभा से सम्बन्धित आर्यसमाजों के अधिकारियों की सेवा में

आर्यसमाज सादर नमस्ते।

आप सबके सहयोग की पूर्ण आशा पर सभा ने यह निश्चय किया है कि वेद प्रचार के काम को अधिक प्रभावी ढंग से चलाने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों को यथाशीघ्र प्रारम्भ कर दिया जाए

(१) जिन समाजों ने अभी तक अपने उत्सव नहीं किये वे अपने समाजों के उत्सव सभा की स्वीकृति से शीघ्र निश्चित कर दें।

(२) अपने समाज में वर्ष भर में तीन चार बार विशेष यज्ञ तथा वेद कथाओं का आयोजन करें।

(३) अपने समाज के माध्यम से पारिवारिक सत्संगों को करना शुरू करें।

(४) वैदिक सिद्धान्तों पर लिखा हुआ साहित्य सभा से मंगवा कर जनता तक पहुंचाएं। (५) अपने समाज में आर्य कुमार सभा और आर्य वीर दल का संगठन बनाएं। सभा ने श्री बलदेवराज जी को आर्य वीर दल का शिक्षक नियुक्त कर लिया है। आप सभा की स्वीकृति से इस काम में उनका सहयोग ले सकते हैं। (६) सभा के साप्ताहिक पत्र आर्य मर्यादा के अधिक से अधिक ग्राहक बनाएं। तथा अपने समाज की ओर से ५ या १० प्रतियां अवश्य मंगवाएं। (७) सभा ने अपने मान्य उपदेशक प्रचारक महानुभावों को आगामी दिनों में भिन्न २ जिलों में केन्द्र बनाकर स्थानीय आर्य बन्धुओं के सहयोग से यज्ञ, वेद कथा तथा प्रचार करने का भी कार्यक्रम बनाया है जो नीचे दिया जा रहा है—

(१) श्री पं० निरञ्जनदेव जी इतिहास केसरी तथा श्री विद्याभूषण जी का कार्यक्रम—लुधियाना फिरोजपुर और फरीदकोट के जिलों में नियुक्त किया गया है। केन्द्र स्थान आर्य समाज स्वामी दयानन्द बाजार (दाल बाजार) लुधियाना होगा। (२) श्री पं० रामनाथ जी सि० शि० तथा श्री हजारीलाल जी का कार्यक्रम—रोपड़ और होशियारपुर केन्द्र स्थान आर्य समाज रोपड़ होगा। (३) श्री सुखपाल जी शास्त्री तथा श्री तुलसीदेव जी का कार्यक्रम—जालन्धर और कपूरथला केन्द्र स्थान आर्य समाज महर्षिकृष्ण (पक्का बाग) जालन्धर होगा। (४) पं० विजयकुमार जी शास्त्री विद्या वाचस्पति तथा श्री राजनाथ भजनी भजन मण्डली का कार्यक्रम गुरदासपुर तथा अमृतसर केन्द्र स्थान दयानन्द मठ दीनानगर होगा। (५) श्री ज्ञानसिंह हितकर भजन मण्डली का पटियाला भटिण्डा तथा संगरूर केन्द्र आर्य समाज चौक पटियाला होगा।

प्रत्येक आर्य समाज के मान्य प्रधान मन्त्री तथा स्त्री समाज की मान्या बहिनों से हमारा अनुरोध है कि सभा द्वारा बनाए गए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग देने की कृपा करें।

अपने मान्य उपदेशक, प्रचारक बन्धुओं के आवास तथा भोजनादि की भी उचित व्यवस्था कर उनके सहयोग से वेद प्रचार के पवित्र कार्य को बढ़ावा दें ताकि ऋषि मिशन की पूर्ति का जो दायित्व हमारे सबके कन्धों पर है हम उसे निभाकर ऋषि ऋण से उऋण होने का सौभाग्य प्राप्त कर सकें।

भवदीय

वीरेन्द्र
सभा प्रधान

रामचन्द्र जावेद
सभा मन्त्री

कर्मयोगी महात्मा हंसराज

ले०—श्री ओमप्रकाश जी आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष

बजवाड़ा नामक छोटे से ग्राम में एक निर्धन परिवार में जन्म लेने वाला बालक आगे चलकर लार्ड मैकाले द्वारा १८३५ ई० में चालित अंग्रेजी शिक्षा पद्धति के लिए एक प्रबल विरोधी तथा विशुद्ध भारतीय शिक्षा पद्धति का प्रवर्तक एवं प्रचारक सिद्ध होगा इसे कौन जानता था। पंजाब अंग्रेजी राज्य में १८४९ ई० में मिलाया गया और सन् १८६४ में लाहौर में गवर्नमैंट कालेज खोला गया। उस समय तक एक भी स्वदेशी शिक्षणालय न था।

१९ अप्रैल १८६४ को इस बालक का जन्म हुआ। मिशन स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हुए एक दिन स्कूल के मुख्य अध्यापक ने आर्य धर्म और वैदिक सभ्यता का उपहास उड़ाया जिसे राष्ट्र का भावी कर्णधार यह बालक सहन न कर सका और मुख्याध्यापक की बातों का तीव्र प्रतिवाद एवं खण्डन करने के कारण स्कूल से बाहिर निकाल दिया गया। जिज्ञासु विद्यार्थी के समक्ष पराधीन भारत की दयनीय अवस्था का चित्र खिंच गया। पर्याप्त सोच विचार के पश्चात् बालक इस निश्चय पर पहुंचा कि देश का स्वतन्त्र होना तब तक सम्भव नहीं जब तक भारतीय भावों और विचारों से भरपूर हमारी अपनी स्वतन्त्र शिक्षा पद्धति न हो। बालक के हृदय में उत्पन्न हुए यह संस्कार ही आगे चलकर इसे बलिवेदी पर अग्रसर करने का कारण बने तथा इन संस्कारों के कारण ही छोटा सा बालक हंसराज मानसरोवर के राजहंस से भी बढ़कर पवित्र और शुद्ध भारतीय शिक्षा पद्धति का प्रवर्तक बन पाया।

लाहौर के गवर्नमैंट कालेज में अध्ययन करते हुए आपको लाला लाजपतराय तथा गुरुदत्त प० गुरुदत्त जी जैसे प्रतिभावान् सहाध्यायी मिल गए। तीनों के विचार एक समान थे और तीनों ही विदेशी विचार धारा को समाप्त हुआ देखना चाहते थे। उस समय का आर्य समाज एक जीवन्त समाज था। समाज के अधिकारी अधिकार क्रम से अधिक आचार क्रम का पालन करते थे। लाहौर आर्य समाज के प्राण लाला साईं दास जी माने जाते थे और वे सचमुच थे भी ऐसे ही। उनमें नवयुवकों को अपने प्रभाव में लाने का अद्भुत गुण था। उनका व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली और आकर्षणशील था कि उनके सम्पर्क में आने वाला उनका ही बन जाता था। तीनों युवक भी उनके लगन और सम्पर्क के कारण आर्य समाज में आने लगे। आर्य समाज की विचार धारा ने तीनों का मन मोह लिया। अध्ययन काल में आर्य मैसेंजर नामक पत्र भी साप्ताहिक निकालना प्रारम्भ कर दिया और सम्पादन का कार्य गुरुदत्त जी और लाला हंसराज किया करते थे।

१८८३ ई० में महर्षि दयानन्द जी का विषपान से बलिदान हो गया। नाथ के बिछुड़ने नाथ को बीच मझधार ही छोड़ कर चल दिए। चहुं ओर शोक छा गया। किसी को कुछ सूझता न था सभी किंकर्त्तव्य विमूढ़ से हो रहे थे कि लाहौर के आर्य पुरुषों ने महर्षि दयानन्द जी का एक ऐसा स्मारक बनाने का विचार प्रस्तुत किया जो उनके कार्यों का रक्षा के साथ साथ विस्तार करने वाला भी हो। विचारानन्तर डी० ए० वी० स्कूल खोलने का निश्चय किया गया। समस्या धन की इतनी न थी जितनी अध्यापन कार्य को सम्पन्न करने वाले की। युवक हंसराज बी० ए० कर चुका था। चाहता तो किसी भी अच्छे पद को प्राप्त कर सांसारिक दृष्टि से सुखी जीवन व्यतीत कर लेता परन्तु अपने आचार्य के अधूरे छोड़े कार्य को जिसे पूरा करने का श्रेय प्राप्त करना था वह भला संसार के धन वैभव मान सम्मान से आकृष्ट क्यों कर होता? अपने अग्रज श्री मुलखराज से अपने मन की बात निवेदन करते हुये उनका आशीर्वाद चाहा। लाला मुलखराज जी ने छोटे भाई को त्याग और बलिदान के पथ पर अग्रसर होते देख स्वयं को भी उसी राह का राही बना लिया। कहा भैया जब तक स्कूल की निष्काम सेवा करना चाहो करो। मैं अपने मासिक वेतन का आधा भाग अर्थात् ४०) प्रति मास तुम्हें देता रहूंगा। यशस्वी मुलखराज का यह त्याग अद्वितीय था। इसी त्याग ने श्री हंसराज को आधुनिक पंजाब का निर्माता बनने में पूरा योगदान दिया। आर्य समाज लाहौर के आठवें वार्षिक उत्सव पर युवक हंसराज ने जब जीवन देने की घोषणा की तब सारा उपस्थित जनसमुदाय हर्षोल्लास से झूम उठा और उनकी प्रशंसा करने लगा। जीवनदान का नाटक खेलना आसान है आज भी अनेकों व्यक्ति आर्य समाज के और दूसरे संगठनों के मंच पर आकर अपने जीवन दानी होने की घोषणाएं करते हैं परन्तु उनका जीवनदान अपने और राष्ट्र के साथ उपहास मात्र ही होता है प्रायः ऐसे व्यक्ति वंचक और ठग ही सिद्ध हुये हैं परन्तु युवक हंसराज की कथनी और करनी एक थी। इसलिए जो कुछ कहा उसे पूरा कर दिखाया। २६ वर्ष तक डी० ए० वी० स्कूल और कालेज की निष्काम भाव से सेवा करने के पश्चात् २५ वर्ष आर्य प्रादेशिक सभा की सेवा में अर्पित कर दिए सादगी और विनय शालीनता की आप साकार और सजीव प्रतिमा थे। आपके विनीतभाव का एक उदाहरण ही पर्याप्त रहेगा।

स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज भारतीय शुद्धि सभा के प्रधान थे। शुद्धि सभा का कार्यालय दिल्ली से आगरा में परिवर्तित हो चुका था। पूज्य महात्मा हंसराज जी इस सभा के उपप्रधान थे जब-जब भी सभा की बैठक में सम्मिलित होने स्वामी जी महाराज आगरा आते महात्मा जी उनके लिए अलग पलंग बिस्तर आदि की उचित व्यवस्था स्वयं कराते। उन्हें पलंग पर बिठाते और स्वयं नीचे बिछी हुई दरी पर बैठा करते किसी ने पूछा तो उत्तर दिया—भाई प्रथम तो स्वामी जी संन्यासी हैं दूसरे हमारी शुद्धि सभा के प्रधान हैं और तीसरे हमारे अतिथि हैं। इसलिए हर दृष्टि से पूज्य हैं काश यह विनीत भावना हम में भी आ जाती और हम अपने पूज्यों का सम्मान कर समाज को उन्नत कर सकते अस्तु।

डी० ए० वी० स्कूल और कालेज की देखा देखी अलीगढ़ कालेज इस्लामिया कालेज और खालसा कालेज बाद में खोले गये। परन्तु आर्य समाज द्वारा संचालित डी० ए० वी० कालेज के अतिरिक्त सभी के प्रिंसिपल विदेशी थे यह गौरव केवल डी० ए० वी० संस्था को प्राप्त है कि इसका संचालन विशुद्ध भारतीय हाथों में ही रहा।

आज भारत स्वतन्त्र है। भारत वासियों में भारतीय रहन सहन शिक्षा दीक्षा तथा भारतीय परम्पराओं के प्रति उदासीनता का भाव उत्पन्न हो रहा है हमारे आचार-व्यवहार में अब जीवन का प्रभाव कम दृष्टिगोचर हो रहा है इसे रोकने की बड़ी आवश्यकता है और यह काम महात्मा हंसराज जी के चरणचिन्हों पर चलने से ही किया जा सकता है। यदि हमने समय रहते इधर ध्यान न दिया और बिना सोचे विचारे पश्चिम के पीछे चलते रहे तो आने वाली नसल हमें क्षमा न करेगी भारतीय हम बनना नहीं चाहते पश्चिम वालों का सा पूरा रूप हमें मिलना असम्भव तब क्या बनेंगे हम? शायर के शब्दों में—

राहे मंजिल में वह भटके भटक गए।
जा न पहुंचे लेकिन हम से छूट गए।

दयानन्द और हंसराज के नाम लेवा सम्भल और अपना कर्त्तव्य पालन करें।

—

जाने क्या होगा?

रचयिता—श्री प्रभदेवजी चक्रवर्ती १९ माडल बस्ती दिल्ली

★★★

निज तन का स्नेह लुटाकर दीपक घर को जगमग करता है
यदि दीपक ही घर जलाने लगे तो घर का जाने क्या होगा?

प्रेम प्रीत की बुनियादों पर मानव की लंका बसती है
यदि लंका विभीषण ढाने लगे लंका का जाने क्या होगा?

पक्के इरादों के तूफान से बाधाओं के गढ़ बह जाते
यदि तूफान ही लड़खड़ाने लगे इरादों का जाने क्या होगा?

कांटे की सुदृढ़ बांहों में सुख से कलियां मुस्काती हैं
यदि कांटे तन को दबाने लगे कलियों का जाने क्या होगा?

एकता की रस्सी के तिनके बांध हाथी को लेते हैं
यदि तिनके बंध बिखराने लगे इरादों का जाने क्या होगा?

सागर में डगमग किश्ती को साहिल ही प्रश्रय देता है
यदि साहिल ही डगमगाने लगे किश्ती का जाने क्या होगा?

खेती की सलामत से केवल बाड़ ही रक्षा करती है
यदि बाड़ ही खेती खाने लगे खेती का जाने क्या होगा?

त्यागी तपस्वी नेता नय्या देश की पार लगा देते
यदि नेता हलवा उड़ाने लगे देश का जाने क्या होगा?

रोगी का कष्ट घटाने का धीरज का वैद्य ही काफी है
यदि वैद्य ही कफन जुटाने लगे रोगी का जाने क्या होगा?

ओ आर्य वीरो हाथ सम्भालो कौम तुम्हें पुकार रही
यदि तुम ही होश भुलाने लगे कौम का जाने क्या होगा?

—

आज की बहनें क्या करें

ले० डा० विद्यावती जी जालन्धर

आज के युग मे महिलो ने बहुत उन्नति की है। सामाजिक राजनैतिक एव शैक्षिक और स्वत त्रता म भी किन्तु रूढ़िवादी बात को कम भी यह मान भी हैं यद्यपि हम तपच आदि साम न कम करते हैं पर व्रत पूजा इस प्रथा को कर लेने मे क्या हर्ज है आज हम वही के वही रहे। भारतीय नारी ने प्राचीनकाल से ही परत त्रता को स्वीकार नही किया वैदिककाल मे कैकेयी ने दशरथ का साथ दिया। कुन्ती द्रोपदी आदि स्वत त्रता के लिये प्र रणा देती रही। जीजाबाई ने शिवा जी को मात भूम की स्वत त्रता क लिए प्र रित किया

शिवा जी ने आखिरी दम तक परत त्रता स्वीकार नही की। महारानी लक्ष्मीबाई ने स्वतन्त्रता के लिये वीरता पूवक युद्ध किया।

शिक्षा ज्ञान मे मैत्रेयी गार्गी अनु सूया आदि क नाम अविस्मरणीय हैं। मदमसा की लोरिया वदिक काल मे नारी सस्कृति और सभ्यता की प्रतीक थी विदेशी आक्रमण ो ने उसे उस के आदर्शो से दूर कर दिया था। घर के काम करने वाली महरि अथवा बच्चे पदा करने वाली अपने आसन से गिर गई थी जिससे उनका मनोबल गिर गया। और सन्तान निबल रोगी तथा भोगी पदा होने ल ी।

जिससे देश गुलाम तो हुआ ही अपनी सभ्यता भी भू गया और कहने लग गया खाओ पीओ और मौज उडाओ कहा है—

यावत जीवन सुख जीवेत ऋण कृत्वा घृत पीवेत भस्मी भूत्वा देहस्य पुनरा गमन कुत

हम अपना इतिहास भूल गये हमारे चरित्र का पतन हो रहा है। ऋषिवर दयानन्द न एक झपाटा दिया हम जागे और नारी ने अपनी खोयी हुई सम्मान सम्पदा को पाया। वेद पढने का अधिकार दिया। परन्तु परिवार बनाने मे जो हमारा परम कत व्य है हम ने इस ओर ध्यान नही दिया। जब तक हम अपने बच्चो का चरित्र नही बना सकेंगी न ही हम रे घर का न राष्ट्र का निम ण होगा।

नारी सुशिक्षित हो ठीक है पर बच्चो के निर्माण करन का कर्त व्य न भूले। शिक्षा केवल धनोपार्जन के लिये ही न रह जाये। हमारा देश चरित्र सम्पदा से सदैव भरपूर रहा है।

शरीर की आवश्यकतायें पूण करते २ निर्माणात्मक कार्यों के लिये समय कहा शरीर तो साधन ही है बुद्ध विचार तो बीज ही है और फल है आचार-आचार परमो धम चरित्र के अभाव मे मानव दानव बन गया है। आज कितने नये मत मतान्तर कितन गुरुद्वारे मन्दिर आदि यह पूजा के अराधना के स्थान बन हैं तथा पवित्रता के लिए। पर आज हर जगह झठ भ्रष्टाचार मिलावट धोखा फरेब ही नजर आता है। शुरू से शिक्षा मा की ऐसी हो तो यह हो नही सकता एक स्त्री नौकरी करने वाले चार पाच बच्चो की मा थक कर पहाड पर गई एक मूर्तिकार मूर्ति बना रहा था कहने लगी काश मैं भी मूर्तिकार होती पास खड व्यक्ति ने कहा तुम्हारे पास जिन्दा मूर्तिए हैं उन्हे बनाओ जिससे परिवार उज्ज्वल होगा। देश उन्नत होगा। वह मूर्तिया तुम्हे सुखी बना दगी। सभी प्रकार की चिन्ता व घबराहट समाप्ति हो जाएगी। बुद्धि से काम ले मन मे भावना पदा कर हम हर समय चिन्तित घबराहट मे होते हैं। ऐसा नही होना चाहिए श्री कृष्ण जी महाराज ने गीता मे कहा है—

नास्ति बुद्धि युक्तस्य न चायुक्तस्य भावना।
न चाभावयत शान्तिर शान्तस्य कत सुखम॥ (गीता २ ६६)

अयुक्त मन वाले की बुद्धि नही होती है और न ही उसकी भावना होती है। बिना भावना वाले की शक्ति नही होती और अशान्त को सुख कहा। इस लिए मन मे शक्ति पैदा करने के लिए बुद्धि से काम लें। मेरी बहनो से प्रार्थना है आडम्बर छोडिये खर्च कम करें। छोटे बच्चो को समय दें अच्छी आदतें डालें इसी में तुम्हारा हमारा और देश का कल्याण होगा जब तक बहनें अपने कत व्य का मा के रूप मे पालन नही करेंगी सन्तान को योग्य नही बनाएगी तब तक हमारा कल्याण नही होगा।

—

मेरी श्रद्धाञ्जली

पूज्य महात्मा हसराज साक्षी की क्षम मूर्ति थे। मैं उनके दर्शनों से कई बार कृतार्थ हुआ।

पूज्य स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान २ दिसम्बर १९२६ को लाहौर मे महाशय के सम्बन्ध में विशाल जलूस का नेतृत्व उन्होंने किया था। जिसमें मुझे भी सम्मिलित होने का गौरव प्राप्त हुआ।

स्वामी श्रद्धानन्द और महात्मा हसराज इस शक्तिद्वय से अंग्रेज सरकार कपायमान थी। वह जिन्दा शहीद श्वेताम्बर आर्य सन्यासी थे।

शिक्षा के क्षत्र मे उनकी सेवा तप त्याग योग्यता बलिदानादि सभी कुछ शोभनीय तथा अनुकरणीय है।

काश कि —

आर्य समाज मे अब भी ऐसे महा पुरुष हो।

—प० शान्ति प्रकाश जी शास्त्रार्थ महारथी

जीवन को हवन बना डालो

कविराज बनवारी लाल शादा प्रधान आर्य समाज मौडल बस्ती दिल्ली

अपने लिए न जग मे जीओ
परकारज करते जाओ।
मन मन्दिर मे त्याग तपस्या
सत्य ज्ञान भरते जाओ॥
धम के काम करो तुम निश दिन
शूल को फूल बना डालो।
झ ठ कपट चोरी जारी का
जग से नाम मिटा डालो॥
सपनों से खेलो निश दिन
प्र म का पाठ पढा डालो।
काम क्रोध लोभ मोह को
जीवन से शीघ्र मिटा डालो॥
अमर नाम है जग मे उनका
जीवन जिन का हवन बना।
मानवता के काम करें नित
दुखियों के लिए सुमन बना॥
ऋषि का जीवन पढ कर देखो
कितने अनगिनत कष्ट उठाये
तप का रूप किया जीवन को
कभी न कष्ट से घबराये॥
सकट से ना कभी न डर कर
सीखो नही लक्ष्य छोडना।
और न सीखो बाधाओ मे।
अपना साहस कभी छोडना॥
ओ आर्यों अपने जीवन में
कभी सुखों की चाह न करना।
सब कुछ अपना देश धर्म हित
लुट जाने पर आह न करना॥
दीन दुखी पीडित जन जन की
सेवा करना परम धम है।
परोप कार को करते रहना
आर्यो सब का पर कर्म है॥

आर्यसमाज दीवान हाल के 95वें वार्षिकोत्सव पर अभूतपूर्व समारोह

आर्य समाज दीवान हाल दिल्ली का ९५वें वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ १० मार्च को सम्पन्न हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में जन-समूह ने भाग लिया

यज्ञोपवीत यज्ञ एवं यज्ञोपवीत वितरण

सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री रामपुर जी की अध्यक्षता में आर्य परम्परा से निर्मित यज्ञ वेदी पर श्री रामगोपाल शालवाले वानप्रस्थ एवं माता सत्यवती शालवाले के यज्ञ यजमान में सम्पन्न किया गया। १० मार्च को पूर्णाहुति—यह प्रात बेला एक ऐतिहासिक बेला था जिसमें सौ हरिजन युवकों ने यज्ञ की वेदी पर प० रामपुर जी के द्वारा यज्ञ ग्रहण करते हुए यज्ञोपवीत धारण किए। सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री रामगोपाल शालवाले ने सभी युवकों का पुष्प मालाओं द्वारा स्वागत किया।

२८ मार्च को वैदिक धर्म एवं मत मतान्तर पर युवा शक्ति का दृष्टिकोण—इस विषय पर भाषण हुए।

विराट कवि सम्मेलन

सन्ध्या बेला से ही हाल खचाखच भरा था हिन्दी साहित्य के हास्य व्यग्य का प्रवक्ता श्री गोपाल प्रसाद व्यास ने सम्मेलन का उद्घाटन किया उनके व्यग्य बड़ और अविस्मरणीय छन्द थे। हिन्दी भाषा की दिल्ली भारत माँ के भाल की बिन्दी पर विशेष बल दिया उन्होंने आह्वान किया यदि हम हिन्दू हैं तो हमें आज ये संकल्प लेना चाहिए।

१ हम अपने हस्ताक्षर हिन्दी में करेंगे। २ हम अपना नाम पट हिन्दी में लिखेंगे। ३ हम निमन्त्रण पत्र हिन्दी में छपवाएंगे। ४ हिन्दी बोलने में हमें गर्व होगा।

मञ्च संचालक—कवि मनीषि ने अपने गीतों से जन समूह को मन्त्रमुग्ध कर दिया हास्य कवि सरल जी की सरलता ने भी हंसी की फुहारें छोड़ी।

३० मार्च को संस्कृत रक्षा सम्मेलन हुआ श्री क्षितिश कुमार वेदालंकार ने उद्घाटन करते हुए देव वाणी के गौरव का बखान किया और कहा कि संस्कृत भाषाओं की माँ संस्कृत है। माँ को अगर सम्मान नहीं दिया जाएगा तो भारतीय संस्कृति को ही अपनी रक्षा का खतरा उत्पन्न हो जाएगा।

आर्य सम्मेलन की अध्यक्षता लाला रामगोपाल जी शालवाले ने की इस सम्मेलन में श्री सच्चिदानन्द शास्त्री ने कहा कि आर्य समाज ने भारतीय स्वाधीनता के लिए अनेकों बलिदान दिए। ८० प्रतिशत आर्य समाजी जेलों में गए। इतना सब कुछ करने के बाद भी आज हम कोई सुख सुविधा के लिए स्वार्थ नहीं रखते। हमारी तो केवल यही माँग है आज अल्पसंख्यक को लेकर जो पक्षपात हो रहा है उससे भारत की एकता समाप्त होती है। किसी वर्ग विशेष को सुविधा देना और वास्तविक गरीबों की उपेक्षा करना पक्षपाती विचारधारा है जो आज के शासनतन्त्र में नहीं होनी चाहिए।

अध्यक्षीय भाषण करते हुए लाला रामगोपाल शालवाले ने कहा स्वामी दयानन्द ने अपने जीवन पर पूर्ण प्रकाश नहीं डाला। कुछ वर्षों का अन्तराल ऐसा है जो १८५७ की क्रान्ति का अप्रकाशित पहलू हमारे सामने रखता है। इस काल में स्वामी दयानन्द ने फौजी छावनियों के आस पास भ्रमण किया और देश में आजादी का शखनाद फूंका विदेश में उन्होंने श्याम जी कृष्ण वर्मा को भेजा जो समस्त क्रान्तिकारियों के गुरु माने जाते हैं। इस सम्बन्ध में पूर्ण खोज नहीं हो पायी है सार्वदेशिक सभा की ओर से पच्चीस विद्वानों के मण्डल द्वारा इस खोज का पूर्ण करने का हमने संकल्प लिया है।

आर्य वीर दल का विस्तार

श्री जगदीशचन्द्र वसु जी प्रान्तीय शिक्षक आर्य वीर दल करतारपुर में कुछ दिन रहकर दल की दैनिक शाखा चला कर यहां से लुधियाना चले गये हैं। करतारपुर में शाखा खड़ी करने में श्री सुखदेव जी आर्य तथा श्री नरेशकुमार जी शास्त्री ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। मैं उनका हृदय से आभारी हूं।

लुधियाना में एक साथ दो शाखाएं प्रारम्भ हो गई हैं। एक आर्य समाज स्वामी दयानन्द बाजार लुधियाना में जिसके लिए श्री रणवीर भाटिया जी ने श्री मदनलालचन्द आर्य जी ने तथा श्री प० राजकुमार जी शास्त्री पुरोहित आर्य समाज ने पूरा पूरा सहयोग दिया। दूसरी शाखा आर्य समाज जवाहरनगर में प्रारम्भ हुई है जिसके लिए वहां के पुरोहित श्री प० ओमपाल जी शास्त्री तथा श्री प्रो० विजयकुमार जी ने अपना सहयोग प्रदान किया। यह सभी महानुभाव बधाई के पात्र हैं। मैं प्रान्तीय आर्य वीर दल की ओर से एवं सभा की ओर से इन सबका आभारी हूं।

पंजाब की अन्य प्रमुख समाजों को भी श्री वसु जी की सेवाओं का लाभ उठाकर अपने अपने स्थान पर दल की शाखाएं प्रारम्भ करनी चाहिए। इस कार्य के लिए तुरन्त योजना बनाकर मुझ से पत्र व्यवहार द्वारा सम्पर्क स्थापित करें।

जितेन्द्र
संचालक प्रान्तीय आर्य वीर दल
एवं सभा संगठन अधिकारी

आर्यसमाज गुरदासपुर की महान् उपलब्धि

सभा के १० फरवरी वाले अधिवेशन में लिए गए निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए वहां आर्य समाज गुरदासपुर (गुरुकुल विभाग) तथा स्त्री आर्य समाज गुरदासपुर ने महल्ला कृष्णानगर गुरदासपुर में प्रिंसिपल रुक्मिणी कुमारजी के घर पर हुए अथर्ववेद पारायण यज्ञ को पूरा सहयोग प्रदान करके इसके महत्व को बढ़ाया और सम्मेलन में हुये निर्णयानुसार एक हजार रुपये स्त्री समाज तथा पांच सौ रुपये पुरुष समाज ने सभा को गाड़ी खरीदने के लिए दिये वहां उसी सम्मेलन में हुए निश्चय को कार्य रूप देने के लिये इस वर्ष अपना वार्षिकोत्सव एक सप्ताह की कथा के रूप में मनाने का निश्चय किया। यह कथा ७ अप्रैल से १३ अप्रैल तक हुई इसमें भारत की महान विदुषी ब्रह्मचारिणी डा० प्रज्ञा देवी जी आचार्या पाणिनी संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी को बुलाकर आर्य समाज के अधिकारियों ने गुरदासपुर के नगर निवासियों पर बहुत उपकार किया है। संस्कृत की विदुषी होने के साथ बहिन प्रज्ञादेवी जी वेदों की प्रकाण्ड पण्डिता हैं। उनके साथ आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब की ओर से श्री श्यामसिंह जी हितकर भजनी मधुर संगीत द्वारा सबको आनन्दित करते रहे।

इसके अतिरिक्त बहिन शकुन्तला जी आचार्या कन्या गुरुकुल ने भी ने दिन के लिए पधार कर अपने मधुर संगीत द्वारा उपदेश मन को बांधा की दिन में अलग मुहल्लों में खुले स्थान पर पारिवारिक सत्संगों का भी आयोजन किया गया पूज्य पाद श्री स्वामी सदानन्द जी महाराज अध्यक्ष दयानन्द मठ दीनानगर ने भी अपना शुभाशीर्वाद प्रदान किया।

इस समस्त आयोजन के लिए आर्य समाज गुरुकुल विभाग गुरदासपुर के अधिकारी व सदस्य महानुभाव बधाई के पात्र हैं।

जितेन्द्र
सभा संगठन अधिकारी

लुधियाना में आर्योपदेशक सम्मेलन

पंजाब हरियाणा हिमाचल प्रदेश आर्योपदेशक महा सम्मेलन—

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के समस्त महोपदेशकों भजनोपदेशकों भजनीकों प्रचारकों पुरोहितों एवं विद्वानों का एक भारी सम्मेलन गुरुद्वारे के... नगर लुधियाना में २३ अगस्त १९८० को दो दिन हो रहा है। जिसमें उपदेशकों की कठिनाईयों तथा प्रचार कार्य में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने और जन जन तक वैदिक धर्म की आवाज पहुंचाने के लिये गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। यह सम्मेलन दो दिन चलता रहेगा। उत्तमोत्तम सुझाव प्राप्त करने के लिए पूज्य संन्यासी महानुभावों को भी निमन्त्रित किया जा रहा है। भोजन की व्यवस्था सम्मेलन की स्वागत समिति की ओर से होगी सब महानुभाव अभी से समय नोट कर लें पृथक निमन्त्रण पत्र भी भेजे जाएंगे। अपने पहुंचने की सूचना कार्यालय मन्त्री श्री ओमपाल जी शास्त्री एम० ए० पुरोहित आर्यसमाज जवाहरनगर लुधियाना के पते पर देने की कृपा करें।

—ओमपाल शास्त्री
कार्यालय मन्त्री

यज्ञकर्त्ता का नाश नहीं

यज्ञैर्य इन्द्र दधते दुवांसि क्षयत् स राय ऋतपा ऋतेजा ।

जो यज्ञों द्वारा भगवान की पूजा करता है। वह महत्वपूर्ण धर्म युक्त कर्मों को बसाता है। धन चपल है। आज एक के पास कल दूसरे के पास। स्थान बदलते रहना धन का स्वभाव है। किन्तु जो दान से नभाता है। उसके पास वह बस जाता है। जो धन को बचा कर रखना चाहे। उसके पास रहता नहीं। जो उसे दूर करे उसके पास आता जाता है कैसी विचित्रता है? दे दाता दा निश्चिन्त। समाज रखो तो चार प्रकार का भय। दान को वेद की परिभाषा में यज्ञ कहते हैं। सब धन भगवान का है। उसी ने हमको दिया है जो इस तत्व को समझकर त्वदीय वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये तेरी वस्तु प्रभो तुझ ही अर्पण करता हूं। की भावना से भगवान के निमित्त दे डालते हैं सचमुच वह यज्ञ करते हैं यज्ञ में द्रव्य डालते हैं। उसके वृद्धि होती है यदि वे धन योग्य होता है वह फिर याज्ञिक के पास आता है और कुछ द्रव्य से अधिक मात्रा में आता है। अतः धन का सच्चा उपयोग धन का सच्चा बचाव यज्ञ में है।

आगे सुनिये! जो सत्पात्र में यज्ञानुष्ठान करते हैं। वह बहुत भाग्यवान होते हैं। कैसे? १ वह विवेकी तथा विचारशील होते हैं २ वह आन्तरिक से सदा मस्त रहते हैं। ३ उनकी वाणी अधिक शक्ति रखती है उनकी वाणी से दुर्जनों को दबना पड़ता है। ४ इसी से उनकी महती कीर्ति होती है। ५ उनके उपदेश का प्रभाव दूर तक पहुंचता है। वह महायशी होते हैं। ७ जनसाधारण को अपना सहायक सहयोगी सहकारी बना लेते हैं॥

—द्वारकानाथ वासुदेव

अति आवश्यक सूचना

श्री ओम्प्रकाश वर्मा जनजोपदेशक सभा सेवा से पृथक हो गए हैं। सभा के नाम पर लेन देन किसी प्रकार का लेन देन न किया जाये अन्यथा सभा पर इस का दायित्व न होगा।

—सभा मंत्री

वानप्रस्थी नन्दलाल जी करतारपुर में

वानप्रस्थी नन्दलाल जी सभा द्वारा काफी समय तक बीमार रहने के कारण अवकाश पर गए हैं। अब स्वस्थ होकर अपितु गुरुकुल करतारपुर में आ गए हैं। अब उनसे पत्र व्यवहार गुरु विरजानन्द स्मारक करतारपुर के पते पर ही करें।

गुरु विरजानन्द स्मारक करतारपुर का नया प्रबन्ध ... गुरु विरजानन्द स्मारक करतारपुर का नया प्रबन्ध ... महत्व की विशेषता के साथ साथ ... वैदिक ... विद्यार्थियों के पढ़ने का समुचित नियोजित प्रबन्ध है। शारीरिक व आत्मिक उन्नति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पूर्ण विवरण के लिए स्वयं मिलें अथवा पत्राचार करें।

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जगदीश प्रैस जालन्धर से मुद्रित हो कर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन जालन्धर से स्वामित्व आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिये प्रकाशित हुआ।



साप्ताहिक ओ३म्

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का मुखपत्र जालंधर

सम्पादक-वीरेन्द्र एम ए प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, गुरुदत्त भवन, कृष्णपुरा चौक जालन्धर दूरभाष—७४१५०

वार्षिक मूल्य १५) वर्ष १३, अंक २६ २३ आषाढ सम्वत् २०३७ तदनुसार ६ जुलाई १९८०, दयानन्दाब्द १५५

★★

वेदामृत—

आत्मा कर्मों का फल भोक्ता है

गुणान्वयो यः फलकर्म कर्ता कृतस्य तस्यैव स चोपभोक्ता ।
स विश्वरूपस्त्रिगुणस्त्रिवर्त्मा प्राणाधिपः संचरति स्वकर्मभिः ॥

उपदेश

जो आत्मा गुणों से युक्त है फलों और कर्मों का कर्त्ता है वही इस किये का भोगने वाला भी है। वह अनेक रूपधर्ता है। तीन गुणों का धारण करने वाला तीन मार्गों पर चलने वाला प्राणों का स्वामी अपने कर्मों से घूमता फिरता है। जीवात्मा अपने स्वरूप का किञ्चित मात्र ज्ञान हुवे बिना इस योग्य नहीं होता कि परमात्मा के स्वरूप को समझ सके जब तक कि परमात्मा की महिमा का थोड़ा सा प्रकाश भी समझ में न आवे तब तक जीवात्मा को अपने स्वरूप का यथार्थ ज्ञान नहीं होता और होगा ही क्योंकर? जब तक कि यह समझ में न आवे कि किस के सहारे से सूर्य अपनी परिधि पर घूम रहा है? किस के सहारे चन्द्र और ग्रह अपनी परिक्रमा को पूरा करते हैं। जब तक यह पता न लगे कि वायु और जल को कौन चलाता है और आग और बिजली में जलाने और प्रकाश देने की शक्ति कौन डालता है तब तक कब मालूम हो सकता है कि यह सारा ब्रह्माण्ड तुच्छ जीव के लिए नहीं बनाया गया अपितु प्रत्येक वस्तु परमात्मा के नियम के अन्दर एक अद्भुत सत्ता रखने वाली बनाई गई है। जब जीवात्मा को यह ज्ञान हो जाता है तब वह अपनी वास्तविकता को समझने के योग्य होता है। उसे मालूम होता है कि वह इन इन्द्रियों से पृथक है जिनके द्वारा वह कर्मों को करता है अर्थात् विषयों के ग्रहण करने में इन्द्रियां स्वतन्त्र नहीं हैं अपितु उसके अधीन हैं। साधारण अवस्था में जीवात्मा इन्द्रियों को अपने-अपने विषयों के पीछे जाते हुए देखकर यह समझ लेता है कि यह इन्द्रियां विषयों में लिप्त होने के लिए बनाई गई थी इसलिए वह उनकी गुलामी से छुटकारा पाने के प्रयत्न से निराश हो जाता है। किन्तु जब वह अपने निज स्वरूप को समझता है तो उसे मालूम होता है कि इन्द्रियां जड़ होने के कारण गुण वाली नहीं हो सकती। यद्यपि चक्षु देखते हैं किन्तु शोक जनक दृश्य को देखकर दुःख चक्षु को नहीं होता अपितु चक्षु के द्वारा देखने वाले जीवात्मा को होता है। यद्यपि स्वाद तो जिह्वा लेती है परन्तु स्वादिष्ट पदार्थ का आनन्द उसके द्वारा केवल जीवात्मा ही लेता है न कि स्वयं जिह्वा। देखना सुनना स्वाद लेना सूंघना और स्पर्श करना वास्तव में जीवात्मा के गुण हैं। जड़ इन्द्रियों की जब यह अवस्था है तो जीवात्मा फिर कैसे गिर सकता है? विषय उसके आधीन बनाये गये हैं न कि वह विषयों का दास बनाया गया है तो वह निराश नहीं हो सकता। तब उसका उत्साह बढ़ जाता है और वह विषयों की दासता से स्वतन्त्र होने का यत्न आरम्भ करता है। परन्तु इस यत्न के समय उसे अकस्मात् बड़ा भारी धक्का पहुंचता है। अब तक वह यह समझ हुवे था कि बुरा देखने से चक्षु का नष्ट होगा। अपशब्द सुनने से कान को दुःख होगा स्वादों में फसने से जिह्वा पकड़ी जाएगी परन्तु अब प्रतीत हुआ कि गुणों का मेल जीवात्मा के साथ है न कि इन्द्रियों के साथ और इसलिये कर्म करने वाला आत्मा है जड़ इन्द्रियां नहीं। फिर इस किये का फल सिवाय जीवात्मा के कौन भोगता है? यह प्रश्न है जो मनुष्यों को प्रायः भ्रम में डाल देता है और मनुष्य आस्तिकता की ओर बढ़ता हुआ फिर नास्तिकता की ओर झुक जाता है। क्योंकि सदा सब कर्मों का फल जीवात्मा को इसी मनुष्य योनि में मिलता हुआ दिखाई नहीं देता है इसलिए वह विश्वास कर लेता है कि कर्मों का फल सम्भवतः मिलता ही नहीं। उसे सन्देह हो जाता है कि संसार के अन्दर कोई नियम और कोई प्रबन्ध भी है या नहीं। ऐसे अविश्वास की अवस्था में ऋषि फिर जिज्ञासु को सावधान करते हैं और बतलाते हैं कि जीवात्मा अनेक रूप धारण करता है। हर एक कर्म का फल उसी समय नहीं मिलता। जब उसी शरीर के किये हुये कई कर्मों का फल बरसों के पश्चात् मिलता है तो यह निश्चय कर लेना बिल्कुल उचित है कि जो फल हमें बिना कर्मों के प्रतीत होते हैं वह असल में किसी पिछले जन्म के कर्मों का फल है और फिर यह विश्वास कर लेना सुगम हो जाता है कि जिस प्रकार पिछले जन्म के कुछ कर्मों का फल हमने इस जन्म में भोगा है उसी प्रकार इस जन्म के कुछ कर्मों का फल अगले जन्म में भोगेंगे जिनका कि फल भोगना इस जन्म में रह गया है। बस यह जीवात्मा जो कि अनेक योनियों में विचर सकता है कर्मों का करने वाला और उनके फलों का भोगने वाला है परन्तु यह नाना प्रकार के कर्म उससे क्यों हो जाते हैं। सत रज और तम इन तीन गुणों के समूह का नाम प्रकृति है। इन तीन गुणों के साथ सम्बन्ध उत्पन्न करने के कारण मनुष्य कर्मों के बन्धनों में फसता है इन्हीं के सम्बन्ध से उसमें भिन्न २ कर्मों का प्रकाश होता है और इन तीनों गुणों के धारण करने के कारण वह तीन मार्गों पर चलने वाला होता है अर्थात् जागृत स्वप्न और सुषुप्ति की तीन अवस्थाओं को धारण करता है। इन्हीं मार्गों में चलता हुआ प्राणों का स्वामी जीवात्मा अपने कर्मों के कारण घूमता फिरता है फिर जीवात्मा का उद्देश्य क्या है इन कर्म बन्धनों से मुक्त होना? परन्तु मुक्त कैसे हो सकता है जब तक कि सत रज और तम के साथ इन का सम्बन्ध बना हुआ है। जबकि जागृत स्वप्न सुषुप्ति के तीनों मार्गों से विचर कर वह चौथे पद पर पहुंचता है अर्थात् तुरीयावस्था को प्राप्त होता है तब संसार चक्र से उसे मुक्ति मिलती है। इसलिए प्रातृगण आओ हम सब मिलकर जड़ प्रकृति से अपने सम्बन्ध को तोड़ कर आत्माओं के आत्मा परमात्मा के साथ अपना सम्बन्ध जोड़ें जिससे तुरीयावस्था को प्राप्त होकर ब्रह्म ज्ञान में आनन्द के साथ विचरें।

—स्वामी श्रद्धानन्द (धर्मोपदेश से)

अधिष्ठाता—प्रि रामचन्द्र जावेद सभा-मन्त्री

विवाह का वैदिक आदर्श

ले०—आचार्य सत्यव्रत शास्त्री विद्यालंकार आमपुर

मानव जीवन की प्रक्रिया नर नारी के मधुर मिलन से प्रारम्भ होकर मानव सृष्टि के रूप मे विकसित होती है। यही प्रक्रिया सृष्टि के आदि काल से प्रचलित है। इसी के द्वारा मानव की वंश परम्परा अविच्छिन्न रही है।

दो हृदयो के पारस्परिक सम्मिलन की ही परिणति विवाह है। इस प्रक्रिया में दो अज्ञात कुल शील स्वभाव हृदय सर्वथा अपरिचित दो निर्झर जलों के मिलन के समान तद्रूपता को या एकत्व को प्राप्त हो जाते हैं। दो हृदयो के एकीकरण को ही ग्रन्थि बन्धन कहते हैं। दोनो हृदय मिलकर एक ग्रन्थि के तुल्य एकत्व की अनुभूति करते हैं।

विवाह शब्द—वि+वह+घञ्‌ (अ) से मिलकर बनता है इसका अर्थ है विशेष रूप से पहुंचाना या ले जाना। यह शब्द तीन भिन्न रूप उपसर्ग प्रकृति प्रत्यय का सम्मिलित रूप है। इनमे वि उपसर्ग है। जिसका अर्थ है विशेष रूप से वह धातु है जिसका अर्थ है पहुंचाना या ले जाना घञ्‌ प्रत्यय है जिसका अ-शेष रहता है और उसी के कारण वह का वाह बन जाता है। वह मे जाना या पहुंचाना उभय पक्षीय है—पत्नी को पति के समीप और पति को पत्नी के समीप लाया जाता है।

विवाह एक सामाजिक बन्धन है एक मर्यादा है इसी के द्वारा गृहस्थ धर्म की स्थिति सुव्यवस्थित है। पति के बिना पत्नी और पत्नी के बिना पति दोनो अपूर्ण है। दोनो के एकीकरण से ही गृहस्थ रूपी रथ चलता है दोनो एक दूसरे के पूरक है पोषक हैं बिना स्त्री के पुरुष आधा है— अर्धो ह वा एष आत्मनो यज्जाया तस्माद् यावज्जायां न विन्देत नैव तावत् प्रजायेत असर्वो हि तावद् भवति शत० ५ २ १ १० पुरुष का आधा अंग जाया है जब तक जाया प्राप्त नही करता तब तक सन्तान उत्पन्न नही हो सकती बिना जाया के पुरुष अपूर्ण ही रहता है। विवाह के द्वारा ही वंश परम्परा चलती है यही विवाह का लक्ष्य है। अपने वंश की उन्नति करते हुए देश—समाज व राष्ट्र की एक चित्त होकर रक्षा करना) देश व धर्म के हेतु आत्मा हुति देना आत्म समर्पण करना विश्व की शांति और समृद्धि की वृद्धि करना। इन्ही उद्देश्यो की कर्तव्यो की पूर्ति के लिए गृहस्थ परिवार के लिए नित्य पंच महायज्ञो का विधान किया गया है।

१ ब्रह्म यज्ञ—सन्ध्योपासना वेदादि सद्ग्रन्थो का स्वाध्याय करना

२ देव यज्ञ (हवन) नित्य प्रातः सायं अग्नि होत्र करना

३ पितृ यज्ञ माता पिता आचार्य तथा वृद्ध जनो की सेवा करना।

४ अतिथि यज्ञ अभ्यागत साधु महात्मा विद्वानो की सेवा करना।

५ बलि वैश्व देव यज्ञ जीव मात्र की रक्षा करना सेवा करना ये पांचो यज्ञ गृहस्थ आश्रम के लिए परमावश्यक है। विवाह इन्हीं का पूरक है।

वधू की कामना—

आयुष्मान अस्तु मे पति एधन्तां ज्ञातयो मम। पार० ग० १ परमात्मा की कृपा से मेरे पति आयुष्मान हो दीर्घ जीवी हो और मेरे सभी सम्बन्धियो की और पारिवारिक जनों की समृद्धि हो।

वर का अभिलाषा—

सुमङ्गलीरियं वधू रिमां समेत पश्यत। सौभाग्यमस्यै दत्त्वा याथास्तं विपरेतन। ऋग १० ८५ ३३

इस मंगलमयी वधू को आप सब एकत्र होकर देखें।

इसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद देकर अपने घर को जाए।

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।

स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पति दधातु।

यजु० अ० २५ १९

भावानुवाद—

हे इन्द्र तुम स्वस्ति दायक विश्व विश्रुत कीर्ति हो।

पालक व पावक हो सदा तुम विश्व ज्ञानागार हो।

कल्याण कारक हो प्रभो। करुणा कुटुम्ब पर कीजिए।

जीवन सदा सुखपूर्ण हो आशीष ऐसा दीजिए॥

अनृक्षरा ऋजवः सन्तु पन्था येभिः सखायो यान्ति नो वरेयम्।

समर्यमा सं भगो नो निनीयात् सं जास्पत्यं सुयममस्तु देवाः॥

कुश हों सभी पथ कण्टक न कोई विघ्न हों।—ऋग० १० ८५ २३

सुखद सरलता का बिछौना बिछा हुआ हो सर्वदा।

ऋजु मार्ग से चलकर वधू-वर वर्धों वह परिवार की।

दीर्घायु हों नव दम्पति सबसे सुहृद व्यवहार को।

इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम्। त्वां सह पत्या वदामि।

मर्त्य के इस लोक में तुम सदा विजयी रहो। ऋग्० १० ८५ २४

कर सुकृत इस लोक मे जीवन सदा सुखमय करो।

विघ्न सारे दूर हो आयु तुम्हारी दीर्घ हो।

पति की प्रतिष्ठा मे तुम्हारा मन सदा अनुरक्त हो।

सुमङ्गली रियं वधूरिमां समेत पश्यत। सौभाग्यमस्यै दत्त्वा याथास्तं विपरेतन। ऋग् १० ८५ ३३

हे सभ्य समाज! यह मंगलमयी वधू इसकी ओर निहारो।

चिर सौभाग्यवती हो यह ऐसा आशीष दे सब गृह प्रस्थान करो।

रहे दया की दृष्टि सदा बनी रहे शुभ प्रीति तुम्हारी।

नित्य अनुकूल भाव दर्शाना यह है विनय हमारी।

सम्राज्ञी श्वशुरे भव सम्राज्ञी श्वश्र्वां भव।

ननान्दरि सम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधि देवृषु। ऋग १० ८५ ४६

पत्नी पति गृह की सम्राज्ञी है सब उसके स्वाधीन।

दासी या कि सेविका उसको कहना हैं मति से हीन।

सास श्वसुर की सम्राज्ञी बन कर उचित सम्मान।

बहनो और भाईयो से भी रखना प्रेम पूर्ण व्यवहार।

अहमस्मि सहमानाथो त्वमसि सासहिः —ऋक १० १४५ ५

मामनुप्रेते मनो वत्सं गौरिव धावतु पथा वारिव धावतु

मैं सर्वथा सहनशीला हूं तुम भी सदा सहनशील बनो।

जल की भान्ति निम्न भाव मे सहज स्वभाव से चलो।

ज्यों वत्स जैसे निज माता का अनुगामी है।

मन मेरा भी उसी भान्ति सदा तुम्हारा अनुयायी हो।

सं वां मनांसि सं व्रता समु चित्तान्याकरम्। अथर्व ६ १ २

यथा स मनसौ भूत्वा सखायाविव सचाव है। अथर्व ६।४२।१

भावार्थ हम दोनो के भाव मन चित्त और व्रत एक साथ संयुक्त होकर सदा अग्रसर हो। हम दोनो परस्पर दो सखाओं की तरह एक मन और संकल्पित होकर सदा एक साथ मिलकर व्यवहार करें। हमारा पारस्परिक अनुराग-स्नेह भाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही रहे हम कभी पृथक न हों।

स वै नयामो मनसा कामिना कामि वर्धत।

सं वां मनांसि सं व्रता समु चित्तान्याकरम्। अथर्व० २ ३० २

हे काम मे व्यस्त रहने वाले माता पिता तुम दोनों कामना करने वाले दोनों वर वधू को मिलकर ले चलो और मिल कर भाव बढ़ाओ। तुम दोनो का समस्त ऐश्वर्य हमको प्राप्त हो गया है हम दोनों के चित्त मन हृदय व्रत परस्पर एक हो गए हैं। और भी सब नियम धर्म प्रतिज्ञा एक है।

यदन्तरं तद्बाह्यं यद्बाह्यं तदन्तरम्।

कन्यानां विश्वरूपाणां मनो गृभायौषधे। अथर्व० २।३०।४

जो हमारे अन्दर है वही बाहर है और जो बाहिर है वही हमारे भीतर है। हमारे अन्दर और बाहर अर्थात मन-वचन कर्म मे कोई भेद भाव नहीं है। वे मेरे लिए प्रिय हैं मेरे शुभ चिन्तक हैं। उन गुरु सदा प्रेम पूर्वक स्मरण करें। और सदैव मुख से प्रेम व्यवहार करें।

अभिवर्धतां पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम्

रय्या सहस्रवर्चसा इमौ स्तामनुपक्षितौ। अथर्व० ६।७८।२।

गौ दुग्ध दधि घृत सेवन से जीवन अपना पुष्ट करो।

गौ सेवा का पावन व्रत लेकर राष्ट्र वृद्धि का संकल्प करो।

अनन्त श्री सम्पदा पाकर भी वचस्व की रक्षा करो।

पञ्च यज्ञ के विधि विधान से जीवन अपना पवित्र करो।

वर वधू का सम्मिलित मन्त्रोच्चारण पत्नी पति से कहती है।

अक्ष्यौ नौ मधुसंकाशे अनीकं नौ समञ्जनम्

अन्तः कृणुष्व मां हृदि मन इन्नौ सहासति। अथर्व० ७ ३६ १

हम दोनो के नेत्र पारस्परिक दृष्टि एक दूसरे के प्रति मधुमय हो। उनसे सदा मधुरता टपकती रहे। हम दोनों का मुख एक दूसरे को देखकर सदा प्रफुल्लित रहे। हमारे नेत्रों के कोए—प्रान्त भाग स्नेह रूपी अञ्जन से लिप्त रहे। हे प्रिय पति देव आप मुझे अपने हृदय कमल मे स्थान दें हम दोनों का मन सदा एक दूसरे के साथ मिला हुआ रहे हम मे परस्पर कभी मनो मालिन्य मन मुटाव न हो विरोध की भावना कदापि जागृत न हो।

(क्रमश)

सम्पादकीय—

धर्मवीर पं. लेखराम जी का स्मारक

पं० लेखराम हमारे उन शहीदों मे हुए हैं जिन पर कि हम जितना भी गर्व करें कम है। उनका जन्म तो जहलम के निकट सैयदपुर नाम के एक गाव मे हुआ था शुरू में उन्होने उर्दू और फारसी पढ़ी बाद मे हिन्दी और संस्कृत भी पढ़ ली। यद्यपि वह सरकारी नौकरी भी करते रहे साथ ही साथ अपनी धार्मिक जानकारी मे वृद्धि भी करते रहे। चूंकि उन्हे धार्मिक पुस्तकों के स्वाध्याय की विशेष लगन थी अत उन्होने महर्षि दयानन्द लिखित पुस्तकें भी पढ़ी। और उनके कारण उनके विचारो में एक नयी क्रान्ति आ गई।

उन्होंने फारसी और अरबी भी पढ़ी थी। इसलिए कुरान का स्वाध्याय भी किया करते थे। इस प्रकार उन्हे इस्लाम तथा वैदिक धर्म इन दोनो मे जो अन्तर है वह भी पता चल गया। उसके आधार पर उन्होने न केवल नयी पुस्तकें लिखीं अपितु जगह-जगह आर्य समाज की सभाओ मे जाकर अपने विचार जनता के सामने रखे। चूंकि कई बार वह इस्लाम की कुछ शिक्षाओ पर आलोचना भी करते थे इसलिए कुछ मुसलमान उनके विरुद्ध हो गए। अहमदियों को उनके विरुद्ध अधिक शिकायत पैदा हुई क्योंकि उन्होंने उनके खलीफा की भी आलोचना की थी।

कादियां उन दिनो भी अहमदी आन्दोलन का गढ़ था। और उनके खलीफा वही रहा करते थे। प० लेखराम एक बार कादियां गए ताकि अहमदियो के खलीफा से बातचीत कर सकें। अहमदी आन्दोलन बारे उनके मन मे जो आशंकाएं थी वह उनके सम्बन्ध मे अहमदिया आन्दोलन के नेताओ से बात करना चाहते थे। प० लेखराम का यह विश्वास था कि अगर किसी धर्म के किसी पक्ष पर किसी को आपत्ति हो तो उस पर पर्दा डालने से कोई लाभ नही होता। बेहतर यही रहता है कि आपस मे विचार विनिमय करके उन आशंकाओ को दूर कर लिया जाए। इसलिए वह सदा मुसलमानो के साथ इसके लिए तैयार रहते थे। इसी ख्याल से वह कादियां भी गए और दो महीने वहा रहे। अहमदी खलीफा को मिलने का तो उन्हें कोई अवसर न मिला। लेकिन वहा उन्होने आर्य समाज कायम कर दी। उसके कुछ समय बाद वह वहा से वापस आ गए।

प० लेखराम तो यह समझते थे कि अगर इस्लाम के किसी पक्ष पर कोई मतभेद है तो उसे परस्पर बातचीत से तै कर लिया जाए। किन्तु कुछ मुसलमानो को यह स्वीकार न था। वह समझते थे कि यह व्यक्ति जो उनकी आलोचना करता है अगर इसे खत्म कर दिया जाए तो फिर सम्भव है कि इस्लाम पर आलोचना करने वाला कोई न रहे। इसलिए कुछ लोग उनके पीछे लग गए। एक दो बार उन पर हमले भी किए गए। लेकिन वह विफल गए। इस पर उनके विरोधी उन के पीछे लगे रहे। अन्तत वह दिन आ गया जब ६ मार्च १८९७ को लाहौर मे एक मुसलमान नौजवान ने उनके पेट मे छुरा घोंप दिया। पेट की आन्तें बाहर निकल आई प० लेखराम ने फिर भी उसे पकड़ लिया लेकिन घाव इतना गहरा था और रक्त इतना अधिक बह रहा था कि डाक्टरों के सारे प्रयास उन्हे बचा न सके। वह अन्तत शहीद हो गए।

उन्होने अपने जीवन मे कई पुस्तकें लिखी थीं और महर्षि दयानन्द की जीवन गाथा भी लिखी थी। मृत्यु से कुछ समय पूर्व उन्होने अपने साथियो को अपने पास बुलाकर उनसे कहा था मेरे जाने के बाद भी आर्य समाज मे साहित्य निर्माण का कार्य बन्द नही होना चाहिए।

प० लेखराम को शहीद हुए अब ८३ वर्ष होने लगे हैं उनकी अन्तिम इच्छा यह थी कि साहित्य निर्माण का कार्य बन्द नही होना चाहिए। यह आर्य समाज मे कुछ हद तक तो चल रहा है लेकिन ऐसा नहीं जैसा कि चलना चाहिए। पाकिस्तान बनने से पूर्व लाहौर आर्य समाज की गतिविधियों का केन्द्र था। लेकिन देश के बटवारा के बाद हम अभी तक उस प्रकार का कोई केन्द्र पंजाब मे स्थापित नही कर सके। चूंकि कादियां में आर्य समाज की स्थापना प० लेखराम ने स्वयं की थी इसलिए कादियां के आर्य भाई बहनो की यह प्रबल इच्छा है कि कादियां में प० लेखराम का एक स्मारक बनाया जाए। इसके लिए उन्होने भूमि भी प्राप्त कर ली है और शीघ्र ही वहा स्मारक का निर्माण शुरू हो जाएगा। यह स्मारक साहित्य निर्माण का एक बहुत बड़ा केन्द्र बन सकता है। लेकिन उसके लिए बहुत अधिक धन की जरूरत होगी। कादियां मे स्मारक बनाने के लिए न केवल कादियां के सारे हिन्दू भाई बहनो का सहयोग मिल रहा है प्रत्युत सारे गुरदासपुर जिला की ओर से उन्हे हर प्रकार की सहायता देने का वचन दिया गया है। श्री स्वामी सर्वानन्द जी महाराज के संरक्षण मे इस जिला के सब आर्य समाजी इस स्मारक को एक शानदार रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

किन्तु जिस प्रकार का स्मारक बनाने का विचार है वह केवल गुरदासपुर ही नही बना सकता उसके लिए तो सारे पंजाब को अपना सहयोग देना होगा। वैसे तो हम दूसरे सूबो वालों से कह सकते है और वहा से भी हमे धन मिल सकता है लेकिन मैं चाहता हू कि प० लेखराम का स्मारक पंजाब वाले ही बनायें। वह हमारे एक शहीद थे। एक शहीद का स्मारक उनकी शान के अनुरूप होना चाहिए। इसलिए मैं पंजाब के सब धर्म प्रेमी दानियो से विशेषत आर्य समाजो से यह प्रार्थना करना चाहता हू कि उन्हे इस स्मारक को बनाने मे हर प्रकार की सहायता देनी चाहिए। पंजाब मे इस समय कोई डेढ़ सौ के लगभग आर्य समाजें हैं हर आर्य समाज को इस यज्ञ मे अपनी अपनी आहुति डालनी चाहिए। जो लोग या जो संस्थाएं इसके लिए रुपया भेजना चाहें वह या तो मन्त्री आर्य समाज कादियां को भेज दें या श्री स्वामी सर्वानन्द जी महाराज दयानन्द मठ दीनानगर के पता पर भेज दें।

—वीरेन्द्र

आर्य प्र. नि. सभा पंजाब का वार्षिक चुनाव

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने यह फैसला किया है कि अपना वार्षिक चुनाव २६ २७ जुलाई को नवांशहर मे किया जाए। इस बार यह अधिवेशन दो दिन का होगा। पहले दिन आर्य समाजो की समस्याओ पर विचार किया जाएगा सबसे बड़ा प्रश्न इस समय यह है कि पंजाब मे आर्य समाज का प्रचार अधिक से अधिक कैसे हो और प्रतिनिधि सभा संगठन को शक्तिशाली कैसे बनाया जाए। मैं चाहता हू कि जो भी प्रतिनिधि महानुभाव उसमे सम्मिलित हो वह इन सब समस्याओ पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें। जब कभी सभा का वार्षिक अधिवेशन होता है तो हम केवल अपना बजट स्वीकार करके और निर्वाचन करके वापस चले आते हैं इस बार पहली बार कुछ समय आपस के विचार विमर्श पर भी व्यतीत किया जाएगा। इसलिए यह आवश्यक है कि सब महानुभाव इन सब समस्याओ पर अपने विचार रखने के लिए तैयार होकर आएं।

अभी तक कुछ ऐसी समाजें भी हैं जिन्होने अपने प्रतिनिधि निर्वाचित करके नही भेजे। मेरा उन सबसे निवेदन है कि वह अपने प्रतिनिधि भिजवा दें इस समय तक अढ़ाई सौ से अधिक प्रतिनिधि आ चुके हैं यदि बाकी समाजें भी अपने प्रतिनिधि भेज दें तो सभा का यह आगामी अधिवेशन बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाएगा।

—वीरेन्द्र

आर्य वीर दल का प्रान्तीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

आर्य वीर दल के शिक्षक तैयार करने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर आर्य अनाथालय फिरोजपुर छावनी में ६ जुलाई से १५ जुलाई १९८० तक लगाया जा रहा है। इसमे पंजाब की सभी समाजें अपने चुने हुए युवक जिनकी आयु १६ वर्ष से ऊपर हो उन्हे ५ जुलाई सायं तक अनाथालय मे पहुंचाने की व्यवस्था करें। इस शिविर मे प्रशिक्षण व भोजन आदि निशुल्क होगा। सभी शिक्षार्थी अपने साथ बिस्तर के अतिरिक्त सफेद कमीज खाकी निक्कर सैण्डोकट बनियान सफेद कपड़े का जूता सफेद जुराब कच्छा व लंगोट अवश्य लावें।

—ब्र० आर्य नरेश

गुरुकुल कांगड़ी की वर्तमान समस्याएं

ले०—श्री विद्या सागर जी विद्यालंकार, मन्त्री अखिल भारतीय स्नातक मडल

गुरुकुल कांगड़ी की स्थिति के बारे में गुरुकुल की स्वामिनी सभा के प्रधान श्री वीरेन्द्र जी का जो वक्तव्य 'आर्य मर्यादा' मे छपा है, उनके इस अंश से मैं पूरी तरह सहमत हू कि गुरुकुल की वर्तमान दुर्दशा के लिए भूतपूर्व संयुक्त आर्य प्रतिनिधि सभा अथवा पंजाब हरियाणा और दिल्ली की प्रतिनिधि सभाएं उत्तरदायी नहीं हैं। जो लोग इसे पार्टीबाजी से उत्पन्न मानते हैं, या दो पार्टियो के मध्य झगड़े का परिणाम मानते हैं और सभा अथवा सभाओं के अतिरिक्त किसी अन्य पार्टी को एक पक्ष बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं, वे वस्तुत मूल समस्या की उपेक्षा कर और वर्तमान स्थिति की पृष्ठ भूमि को धूमिल कर रहे हैं। गुरुकुल के वर्तमान विवाद को पार्टीबाजी के रूप मे प्रस्तुत करने का श्रेय जहा दिल्ली के समाचारपत्रों (हिन्दी और अंग्रेजी दोनों) को है वहा स्वयं आर्य समाज से सम्बद्ध और गुरुकुल के ही कुछ वर्तमान और भूतपूर्व उत्तरदायी व्यक्तियो को भी पूरा श्रेय दिया जा सकता है। विशेषत श्री रामनाथ जी का 'आर्य सन्देश' मे प्रकाशित लेख का यह अंश भ्रम पैदा करने वाला है कि गुरुकुल की वर्तमान स्थिति दो पार्टियो के झगड़े के कारण है।

पर, यह अद्भुत बात है कि वर्तमान स्थिति को पैदा करने वाली ताकतों और इन्हीं ताकतो की सहायता से और सरकार मे गुरुकुल मे आतंक का वातावरण पैदा करने वाले गुण्डो की सहायता से गुरुकुल पर कब्जा करने और गुरुकुल की सारी व्यवस्था को नष्ट भ्रष्ट करने वाले तत्वो के बारे मे न दिल्ली समाचार पत्रो ने न गुरुकुल के वर्तमान और भूतपूर्व कार्यकर्ताओ ने और न श्री वीरेन्द्र जी ने प्रकाश डाला है।

सभा मे विवाद पहले भी होते रहे हैं जहा अधिकारी बदलते रहे हैं और सभा के चुनाव को लेकर तीव्र संघर्ष भी होते रहे हैं। परन्तु गुरुकुल की मूल प्रबन्ध व्यवस्था को ज्यो का त्यो चलने दिया गया। सभा के किसी भी पक्ष के अधिकारी ने गुरुकुल को जड़ मूल से अस्त-व्यस्त करने का प्रयत्न नहीं किया। वे लोग अनियमितताएं अवश्य बरतते रहे, उनका विरोध भी होता रहा। सभा में भी और विद्या सभा मे भी।

गुरुकुल की वर्तमान स्थिति को उत्पन्न करने का प्रथम श्रेय श्री बंसीलाल का है जिन्होंने आपात् काल की स्थिति का लाभ उठाकर हरियाणा मे अपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए संयुक्त सभा के विभाजन के बाद बनी हरियाणा प्रतिनिधि सभा के सत्तारूढ पक्ष को अवांछनीय समझ कर उस सभा पर अपना प्रभाव कायम करने के लिए आन्तरिक सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत बन्दी स्वामी इन्द्रवेश को रिहा कर दिया और इनसे हुवे समझौते के अन्तर्गत गुरुकुल पर सरकारी तन्त्र की सहायता से अधिकार करने में सहायता दी। निरन्तर प्रयत्नो के बाद भी बंसीलाल ने भी अनुभव किया किया कि उन्होंने उचित कदम नहीं उठाया था। इसके साथ ही राजनीतिक स्तर पर अन्य राजनीतिक नेताओ के कारण केवल मात्र इतना सम्भव हुआ कि गुरुकुल कांगड़ी में जिस सरकारी तन्त्र (स्थानीय पुलिस, जिला अधिकारियो) के सहयोग से स्वामी इन्द्रवेश तथा उनके साथी जबरदस्ती अधिकार करने मे सफल हुए थे, वह सहयोग उन्हें उपलब्ध नही रहा और वे गुरुकुल मे रह नही पाए, क्योंकि गुरुकुल के भीतर और बाहर कोई भी वर्ग उनसे सहयोग करने को तैयार नहीं था।

सरकारी हस्तक्षेप का दूसरा चरण शुरू हुआ चौधरी चरणसिंह के गृह मन्त्रित्व काल मे। केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल के सूचना और प्रसारण राज्य मन्त्री चौधरी बलबीर सिंह अधिकांश समय हरिद्वार रहते थे और गुरुकुल पर इन्द्रवेश, अग्निवेश गुप्त का आधिपत्य स्थापित कराने के लिए स्थानीय और जिला अधिकारियो को आवश्यक निर्देश देते रहते थे। इसके साथ ही केन्द्रीय गृहमन्त्री के निवास स्थान से श्रीमती गायत्री देवी (चौधरी चरणसिंह की पत्नी) सहारनपुर के जिला अधिकारियो और हरिद्वार के अधिकारियों को सीधे टेलीफोन पर निर्देश देती रहती थी। इस सरकारी हस्तक्षेप का उद्देश्य इन्द्रवेश, अग्निवेश गुप्त को अधिकार दिलाना नही था बल्कि विजयसिंह (जब वे स्वयं अपने आपको विश्वालंकार कहने लगे हैं) को किसी भी प्रकार कुलपति पद पर बिठाना था। इस व्यक्ति की मात्र योग्यता यह थी कि यह चौधरी चरणसिंह और चौधरी बलबीरसिंह दूनो से सम्बद्ध था। वस्तुत सन् ७७ से सन् ८० तक की इस अवधि में गुरुकुल की नींव ही हिल गयी और गुरुकुल में गुरुकुलत्व नाम की कोई वस्तु शेष नही रही।

प्राय लोगो को सरकारी हस्तक्षेप की जानकारी नहीं रही। इसके साथ स्वामी अग्निवेश द्वारा 'टाइम्स आफ इण्डिया' समूह के समाचार पत्रो के माध्यम से जो धुआंधार प्रचार किया गया और अब भी किया जा रहा है, उस से इन्द्रवेश, अग्निवेश गुप्त एक 'पार्टी' के रूप मे स्थापित हो गया। इस गुट का सारे आर्य समाज संगठन मे कोई स्थान न होते हुए और आर्य समाज संगठन द्वारा निष्कासित होने पर भी यह गुट संयुक्त आर्य प्रतिनिधि सभा का शव अपने कन्धे पर लटकाकर, सरकारी तन्त्र के निरन्तर हस्तक्षेप और 'टाइम्स आफ इण्डिया' समूह के अविच्छिन्न प्रचार से एक 'पार्टी' बन गया।

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री वीरेन्द्र जी इस सारी स्थिति से पूरी तरह परिचित हैं। वे यह स्वीकार करेंगे कि जनता पार्टी के शासनकाल मे सरकारी तन्त्र के हस्तक्षेप को रोकने मे वे असफल रहे, उन्होंने शासन तन्त्र का हस्तक्षेप के विरुद्ध सत्याग्रह की बात अवश्य की, पर आर्य समाज सत्याग्रह नही कर सका, हालांकि तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्री मोरार जी देसाई ने उन्हें सत्याग्रह करने का निमन्त्रण दिया था। आल इण्डिया एडीटर्स कान्फ्रेंस के प्रधान होने पर भी न 'टाइम्स आफ इण्डिया' समूह के प्रचार को नियन्त्रित करने मे सफल हुए, न अन्य किसी अंग्रेजी, हिन्दी समाचार पत्र को विश्वास मे लेकर स्वामी अग्निवेश के भ्रामक वक्तव्यो का निराकरण कर सके।

इससे भी बढ़कर खेदजनक स्थिति यह रही कि गुरुकुल में जो होता रहा, हमले हुए, गोलियां चली हत्याएं हुईं, वहां लोगो पर पुलिस ने झूठे मुकद्दमे बनाए गुरुकुल के अधिकारियो द्वारा जो शिकायतें भेजी गयीं उनका अन्य समाचार पत्रोंके माध्यमोंसे प्रचार किया नहीं गया स्वयं आर्य प्रतिनिधि सभाओं के साप्ताहिकों और 'सार्वदेशिक' ने भी इस सम्बन्ध में समाचार प्रकाशित नहीं किये।

जो स्थिति थी उसका हम ठीक ढंग से सामूहिक रूप से सामना नहीं कर पाए, आगे भी ठीक से सामना न कर पाए इसकी भी नींव डाल दी गई। स्थिति को उलझाने के लिए एक तीसरी पार्टी खड़ी कर दी गई, यह पार्टी है विश्वविद्यालय के सरकारी अनुदान से पलने वाले शिक्षक वर्ग, इन लोगों के बारे में कोई टिप्पणी करना व्यर्थ है पर यह बात स्पष्ट रूप से आर्य समाज से सम्बद्ध सभी लोगों को समझ लेनी चाहिए कि अधिकांश शिक्षक आर्य समाज से बहुत दूर हैं और गुरुकुल के किसी आदर्श या सिद्धान्त में इन लोगों का विश्वास नहीं। इनका शैक्षणिक स्तर भी सन्तोषजनक नहीं। इनके पास सम्भाव आर्य ज्ञान नहीं। फिर भी गुरुकुल की वर्तमान समस्याओं मे एक पार्टी के रूप मे इनका उदय हुआ है। सम्भवत कुछ लोग चौंकेंगे यदि मैं कहू कि इनका गुरुकुल सम्बन्धी समस्याओ में एक पार्टी के रूप में उदय जनता शासन काल के शिक्षा मन्त्री डा० प्रताप चन्द्र, चन्द्र के प्रोत्साहन और सहयोग से हुआ।

इस तीसरी पार्टी के सम्बन्ध में यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इसके अधिकांश लोगो की नियुक्ति तत्कालीन कुलपति श्री सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार के समय में हुई थीं जबकि वे गुरुकुल विश्वविद्यालय को सरकारी मान्यता और सहयोग से किसी भी अन्य विश्वविद्यालय के समकक्ष बनाने का 'सपना' ले रहे थे। सपना-सपना होता है, वे यह भूल गए कि जिस स्तर के लोगो की नियुक्ति की जा रही है वे गुरुकुल की नींव ही हिलाने वाले सिद्ध होंगे। अब तो माननीय श्री सत्यव्रत जी विश्वविद्यालय को एक 'पब्लिक स्कूल' बनाने का सपना देखने लगे हैं।

स्नातकों का दायित्व—

श्री प्रधान जी ने अपने सम्पादकीय लेख में गुरुकुल कांगड़ी के स्नातकों और स्नातक मण्डल की बार-बार चर्चा की है, गत चालीस वर्ष से स्नातक मण्डल से विभिन्न रूपो मे सम्बन्ध रहने के कारण यह स्पष्ट रूप से कह सकता हू कि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने संस्था रूप मे स्नातक मण्डल को कभी विश्वास मे नहीं लिया। व्यक्तिगत स्तर पर सभा के अधिकारियो का कुछ गिने चुने स्नातको से सदा सम्बन्ध रहा है और उनके परामर्श को ही सभा अधिकारियो ने स्नातक मडल का परामर्श घोषित किया है। स्नातको को इस पर आपत्ति नहीं कि कुछ गिने-चुने स्नातकों पर सभा के अधिकारियों का विश्वास रहा है और उनके परामर्श को अस्वीकार किया है। इसके विपरीत ऐसा अनेक बार हुआ है कि सभा अधिकारियों और गुरुकुल के अधिकारियो ने संस्था रूप मे स्नातक मण्डल को पूरी तरह से नकारने का प्रयत्न किया है।

विभिन्न विचारों और धारणाओ के लोगो मे एक ही संस्था में रहते हुए भी स्नेह और विरोध दोनों ही चलते रहते हैं इसलिए सभा प्रधान जी चाहे जो कहें लिखें, सत्य यह है कि स्नातक मण्डल को संस्था रूप मे सभा के क्षेत्रो में अवांछनीय समझा गया है, और उसे दूर रखने का प्रयत्न किया गया है। गुरुकुल सम्बन्धी मामलो मे विचार विमर्श के लिए नहीं बुलाया जाता। विद्या सभा में आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के प्रतिनिधियों में

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पंजाब में पंजाबी के साथ हिन्दी भी क्यों ?

ले०—प्रा० श्री भद्रसेन जी साधु आश्रम होशियारपुर

निःसन्देह आज पंजाब में पंजाबी का व्यवहारिक रूप में अपना एक प्रतिष्ठित स्थान है। जैसे भू मण्डल में सारी धरती के एक सा होने पर भी हर क्षेत्र की कुछ अपनी विशेषताएं होती हैं। जिनको किसी रूप में ओझल नहीं किया जा सकता। ऐसे ही इस प्रदेश की अपनी कुछ विशेषताएं हैं [और आज पंजाबी यहां की भाषा है। पुनरपि पंजाबी के के साथ हिन्दी की उपयोगिता पंजाब में भुलाई नहीं जा सकती। क्योंकि—

१ अन्य प्रदेशों की तरह पंजाब भी भारत का एक अंग है। भारतीय संविधान के अनुसार हिन्दी भारत की राष्ट्र भाषा है इन विभिन्न प्रदेशों के समूह के रूप में ही भारत का अस्तित्व है। इन प्रदेशों के अतिरिक्त भारत का अस्तित्व है। इन प्रदेशों से अतिरिक्त भारत का पृथक अस्तित्व नहीं है। एवं भारतीय संविधान द्वारा स्वीकृत हिन्दी राष्ट्र भाषा इन प्रदेशों से अतिरिक्त कहां साकार होगी। अतः संविधान के सम्मान और पालन के लिए हिन्दी को भी व्यवहार में स्थान देना चाहिए। देश तथा संविधान के प्रति निष्ठा को इस दृष्टि से अपनी भाषा सम्बन्धी व्यवहार में हिन्दी को अपेक्षित स्थान देना चाहिए। क्योंकि किसी भाषा की अमरता उसके व्यवहार में आने पर ही परिलक्षित होती है।

२ आज के युग में राष्ट्रीय एकता की उपयोगिता किसी से छिपी हुई नहीं है। राष्ट्रीय एकता को दृढ़ मूल करने के लिए सारे राष्ट्र में सभी नागरिक एक दूसरे से सम्बद्ध हों। जब तक सारे राष्ट्र के नागरिक एक दूसरे की भावनाओं को नहीं समझेंगे तब तक व्यवहारिक रूप में एकता और उसके परिणाम से प्राप्त सहयोग सद्भाव तथा विश्वास का परस्पर आदान प्रदान नहीं हो सकता। अतः सारे देश में परस्पर एकता और भाव संप्रेषण के लिए एक राष्ट्र भाषा के नाते पंजाब में भी हिन्दी को अपनाना आवश्यक हो जाता है। तभी पंजाब सारे देश के साथ एक सूत्र में बन्ध सकता है।

३ समय समय पर पंजाब में भी आवाज उठती रहती है कि केन्द्रीय नौकरियों में पंजाब को उसका पूरा हिस्सा मिलना चाहिए। यह तभी सम्भव है जब पंजाब के विद्यार्थी केन्द्रीय नौकरियों के साक्षात्कारों में अपनी योग्यता को प्रमाणित करेंगे। अतः एतदर्थ पंजाब के विद्यार्थियों को हिन्दी में भी योग्य बनाने के लिए उनके पाठ्यक्रम में हिन्दी का भी प्रतिष्ठित स्थान हो यदि हम केन्द्रीय नौकरियों में पूरे हिस्से के रूप में स्थान प्राप्त करना चाहते हैं तो एतदर्थ हिन्दी भाषा में भी योग्यता प्राप्त करनी चाहिए।

४ इसके साथ महत्वपूर्ण एक बात यह भी है कि पंजाबी हिन्दी दोनों की अपनी जहां मूल भाषा संस्कृत है वहां ये दोनों एक दूसरी के बहुत निकट हैं। पंजाबी की वाक्य योजना व्याकरण छन्द अलंकार भाव, विशेषण विशेष्य आदि का सम्बन्ध संस्कृत से प्रभावित है। पंजाबी में नये विषयों के नये शब्दों के विकास और पूर्व प्रचलित शब्दों में छिपे रहस्य। (शब्द स्वारस्य) को समझने में सहयोग हिन्दी संस्कृत भाषाओं से ही प्राप्त हो सकता है। अतः पंजाबी के विकास और निखार के लिए भी संस्कृत हिन्दी का सहयोग अत्यन्त अपेक्षित है।

५ पंजाब में प्रारम्भ से ही हिन्दी का एक प्रतिष्ठित स्थान रहा है। तभी आज भी विभाजन के बाद पुनः विभक्त पंजाब में ४० प्रतिशत वे लोग हैं जो हिन्दी को अपनी धार्मिक और व्यवहारिक भाषा मानते हैं इसका स्पष्ट प्रमाण यह है कि आज भी पंजाब में चार हिन्दी के दैनिक समाचार पत्र बहुत बड़ी संख्या में प्रकाशित हो रहे हैं वहां अनेक शहरों में स्थानीय से एवं अन्य साप्ताहिक पाक्षिक और मासिक पत्र पत्रिकाएं भी सैकड़ों हैं दूसरे प्रदेशों से आने वाली पत्र पत्रिकाओं की संख्या भी पंजाब में कम नहीं है।

आज पंजाब के अनेक शहरों और कस्बों में कई कई सम्बन्धित और माडल स्कूल हैं जिनमें हजारों हजारों विद्यार्थी सरकार द्वारा सहयोग के स्थान पर बाधा में उपस्थित करने पर हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ये सारे प्रमाण पंजाब में हिन्दी के सुस्पष्ट स्थान और अनुपात को व्यक्त करते हैं। इस वर्ष की दसवीं कक्षा की परीक्षा में हिन्दी माध्यम वालों का अनुपात ४५ प्रतिशत से अधिक ही है।

६ पंजाब कृषि और उद्योग के कारण एक उन्नत प्रदेश है। इन क्षेत्रों में भरपूर सहयोग देने के लिए आज पंजाब में

(शेष पृष्ठ ८ पर)

शंका समाधान—

मन्युरसि मन्युं मयि धेहि

ले० आचार्य वीरेन्द्र जी लखनऊ

उपर्युक्त मन्त्राश यजुर्वेद १९ ९) में परमात्मा को मन्यु बताकर मन्यु को धारण कराने की प्रार्थना की गई है और ऋग्वेद १ २४ ६ में भी परमेश्वर के मन्यु (दुष्टों पर क्रोध) का वर्णन किया गया है किन्तु ऋग्वेद ७ ८६ ३ में उसे शराब जुआ और अज्ञान के साथ रखकर बुरा बताया गया है। इस पर श्री ओमप्रकाश आर्य जी ने आर्य मर्यादा ८ ६ ८० के अंक में शंका की है कि मन धातु से बने मन्यु के परस्पर विरुद्ध अर्थों की संगति कैसे लगायी जावे।

इस शंका का साधारण समाधान यह है कि एक ही शब्द प्रकरण के प्रभाव से भिन्न तथा विरुद्ध अर्थ देने लगता है जैसे काम शब्द धर्म अर्थ काम मोक्ष—इन चार पुरुषार्थों के मध्य में अच्छे अर्थ (शुभ कामना श्रेष्ठ इच्छा) देता है अर्थात् धर्म पूर्वक धन कमाकर अच्छी कामनाओं को पूर्ण कर मनुष्य मोक्ष पा सकता है। किन्तु वही काम जब पहले नम्बर पर दूसरे दुर्गुणों के साथ काम क्रोध लोभ मोह के रूप में प्रयुक्त हुआ तो प्रकरण और संगति से प्रभावित होकर बुरी कामना-व्यभिचार का अर्थ देने लगा। इसी प्रकार मन्यु शब्द का साधारण अर्थ शोक तथा क्रोध है। जब परमेश्वर से प्रार्थना की जाती है तो तेज वीर्य बल ओज और सहनशीलता रूपी गुणों के बीच के आए उस मन्यु शब्द का अर्थ अच्छा गुण दुष्टों की दुष्टता पर बुद्धिपूर्वक क्रोध होगा जिस का उद्देश्य दया पूर्वक सुधार करना होता है। किन्तु जब शराब जुओं और अज्ञान के बीच में मन्यु शब्द आएगा तो उसका अर्थ प्रकरण और अन्य शब्दों की संगति के प्रभाव से दुर्गुण शोक तथा क्रोध होगा जैसाकि निम्नलिखित मन्त्र में है मन्यु क्रोध एक वृत्ति है जो प्रयोग और प्रकरण के अनुसार अच्छी-बुरी हो जाती है—

न स स्वो दक्षो वरुण ध्रुतिः सा
सुरा मन्युर विभीदको अचित्तिः।
अस्ति ज्यायान् कनीयस उपारे
स्वप्नश्चनेद् अनृतस्य प्रयोता।
(ऋ० ७ ८६ ६)

नहीं वह अपना कर्म ही है वरुण (पाप का कारण होता है) किन्तु वह १ ध्रुति वासना
२ सुरा-मद (नशा) ३ मन्यु शोक और क्रोध ४ विभीदक—जुआ और ५ अचित्ति—अज्ञान (ये ५ भी कारण होते हैं) कनीयान—कनिष्ठ (छोटे जीवात्मा) के साथ पास में (अन्दर और बाहर) ज्यायान—ज्येष्ठ (बड़ा परमात्मा) है (जो कर्मों का यथायोग्य फल देता है—अच्छे कर्म का अच्छा और बुरे कर्म का बुरा फल। साथ अच्छे काम के लिए प्रेरणा और बुरे काम के लिए हृदय में घबराहट भी परमात्मा की ओर से होती है) और स्वप्न (सपने में किया गया सोच विचार) भी अनृत झूठ की ओर ले जाने वाला होता है। (अतः स्वप्न में भी बुरे विचार न लाने चाहिए)

इस मन्त्र में ८ दुर्गुण पाप के कारण बताये गये हैं—१ अपना कर्म २ पाप की वासना ३ नशीली वस्तुएं ४ क्रोध (मन्यु) ५ जुआ ६ अज्ञान ७ अपने अन्दर परमात्मा की बात पर ध्यान न देना और ८ स्वप्न अवस्था के बुरे विचार।

एक दूसरा समाधान सुरा मन्यु का एक शब्द मानकर किया जा सकता है जिसका अर्थ होगा नशे से उत्पन्न मन्यु—क्रोध तथा शोक। तीसरा समाधान सुरा+अमन्यु—सुराऽमन्यु मानकर हो सकता है अर्थात् नशा और अमन्यु दुष्टों पर क्रोध का न करना ढील दे देना दुष्टता को सहन कर लेना यह अमन्यु भी दुर्गुण है दुष्ट पर क्रोध न करना भी पाप है।

अब रही मन धातु से बने मन्यु के परस्पर विरुद्ध अर्थों की संगति लगाने की बात। इसका समाधान भी सरल है। वह यह है कि उणादि कोष के तृतीय पाद के २०८ सूत्र यजिमनि शुन्धिदसिजनिभ्यो युच से मन धातु से युच प्रत्यय करने पर मन्यु शब्द सिद्ध होता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने इस सूत्र की वृत्ति में लिखा है—मन्यतेऽसौ मन्युः शोकः क्रोधो वा अर्थात् जो मानता है या माना जाता है वह मन्यु है जिसका अर्थ है शोक अथवा क्रोध। मन ज्ञाने दिवादि गण तथा मन स्तम्भने चुरादिगण धातु से युच प्रत्यय करने पर जो मन्यु शब्द बनता उनका अर्थ जो जाना जाये अथवा स्तम्भन करे वह शोक अथवा क्रोध होगा।

इस प्रकार मन्यु में धातुएं भी हो गयी और अर्थ भी शोक तथा क्रोध हो गये।

अच्छे गुण के रूप में जो क्रोध दुष्टों पर होता है वह ज्ञानपूर्वक (होश के साथ होता है किन्तु दुर्गुण रूप मन्यु स्तम्भित (हक्का बक्का बुद्धिशून्य) कर देने वाला शोक रूप में होता है।

इस प्रकार शंका का चौथा समाधान यह हुआ कि मन्यु—दुष्टों पर क्रोध अच्छा गुण है जिसके पाने की यजु १९ ९ में प्रार्थना का गई है और मन्यु शोक (तथा शोक देने वाला क्रोध) त्याज्य दुर्गुण है जिसको सुरा अज्ञान आदि के साथ ऋ० ७ ८६ ६ में पाप का कारण बताया गया है। आशा है शंका कर्ता महोदय का समाधान हो सकेगा और इस लेख से पाठकों को लाभ होगा।

धर्म शिक्षा परीक्षा परिणाम

(आर्य विद्या परिषद् पंजाब द्वारा आयोजित)

१६ जनवरी १९८० को सम्पन्न हुई धर्म शिक्षा की धर्माधिकारी एवं धर्म-ज्ञानी परीक्षाओ मे उत्तीर्ण होने वाले छात्र एव छात्राओ के रोल नम्बर नीचे दिए जा रहे हैं। इस वर्ष धर्माधिकारी परीक्षा का परिणाम ५८ ६९ प्रतिशत तथा धर्म ज्ञानी परीक्षा का परिणाम ५६ ८६ प्रतिशत रहा है। दोनो परीक्षाओ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले परीक्षार्थियो का विवरण नीचे दिया जा रहा है —

धर्माधिकारी परीक्षा

स्थान	रोल न०	नाम	स्कूल	प्राप्तांक
प्रथम	१५०८	निशा अरोडा सुपुत्री श्री सतनाम अरोडा	विवेकी गर्ल्ज हाई स्कूल जालन्धर	११०
द्वितीय	११५८	गोल्डी सुपुत्री श्री मदनदास	आर्य गर्ल्ज हा० सै स्कूल लुधियाना	१०८
तृतीय	११५१	पुष्पारानी सुपुत्री श्री पूर्णचन्द	एस एन आर्य हाई स्कूल तपा	१०४

धर्म ज्ञानी परीक्षा

स्थान	रोल न०	नाम	स्कूल	प्राप्तांक
प्रथम	२३७२	हीरालाल सुपुत्र श्री बनवारीलाल,	एम डी ए. एस हा० सै स्कूल मोगा	११४
द्वितीय	२०२४	राकेशकुमार सुपुत्र श्री दुर्गादास	बाली आर्य हाई स्कूल बरनाला	११२
तृतीय	२४५७	विजय शर्मा सुपुत्री श्री डी आर शर्मा	विवेकी गर्ल्ज हाई स्कूल जालन्धर	१११

प्रत्येक परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले परीक्षार्थियो को परिषद् की ओर से नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

वीरेन्द्र शर्मा — व्यवस्थापक
रामभद्र आजेद — मन्त्री

धर्माधिकारी परीक्षा मे उत्तीर्ण परीक्षार्थी

१००२ से १०११ तक, १०१३ से १०२२ तक, १०२४, १०२५, १०२७, १०३० से १०३३ तक, १०३५, १०३७ से १०४५ तक, १०४७, १०४८, १०५० से १०५२ तक, १०५४, १०५७, १०५८, १०६०, १०६२ से १०६६ तक १०६८ से १०७१ तक, १०७३ से १०७५ तक, १०७७, १०७८, १०८० से १०८४ तक, १०८७, १०८८, १०९१ से ११०२ तक, ११०५ से ११०८ तक, १११०, ११११, १११४, १११५, १११८ से ११३० तक, ११३३,११३५, ११३७, ११३८, ११४०, ११४३,११४७, ११४९ ११५१, ११५३से ११९५ तक,११९७ से ११९९ तक, १२०१ से १२११ तक, १२१३ से १२५० तक १२५६ से १२५९ तक, १२६१ से १३१९ तक, १३२१ से १३३१ तक, १३३३ से १३७१ तक, १३७३, १३७५ से १३७८ तक, १३८० से १४०६ तक, १४०८ से १४४३ तक, १४४५ से १४६३ तक, १४६५ से १४७५ तक, १४७७ से १४९२ तक, १४९४ से १५२१ तक, १५५४, १५५७, १५६५ १५७४, १५७६ १५९७ से १५९९ तक, १६०१, १६०२, १६०४ १६०६, १६०८, १६०९ १६१५ से १६१८ तक, १६२० १६२४, १६२६ से १६२९ तक, १६३१, १६३२, १६३५, १६४५, १६६३, १६६८, १६७०, १६७७, १६८८, १७०६, १७०९ १७१६, १७१७, १७२३, १७३१, १७३३, १७३४, १७३६, १७४७, १७४९, १७५० १७८८, १७९०, १७९२, १७९५ से १७९७ तक, १८००, १८०३ १८०५, १८०७, १८०८, १८१४, १८१६, १८१९ से १८२१ तक १८९० १८९१, १८९५ १८९९, १९०२, १९१३, १९१५ १९१७, १९२० से १९२४ तक, १९२६ से १९२८ तक, १९३०, १९३१, १९३४ से १९३७ तक, १९३९, १९४१ से १९४३ तक, १९४६ से १९५४ तक, १९९० १९९१, १९९३ से २००० तक, ३५०२, ३५०४ से ३५२१ तक, ३५२३ से ३५२६ तक, ३५२८ से ३५४६ तक, ३५४८ से ३५५१ तक, ३५५३ से ३५५५ तक, ३५५७ से ३५६८ तक ३५६९, ३५७०,

धर्म ज्ञानी परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी

२००१ से २००८ तक, २०१० से २०२४ तक, २०२६ से २०२८ तक, २०३०, २०३२ से २०३४ तक, २०३७, २०३८, २०४०, २०४१, २०४३ से २०४६ तक, २०४८, २०५०, २०५२, २०५३, २०५५, २०५६, २०५८ से २०७१ तक, २०७३ से २०७५ तक, २०७८ से २०८९ तक, २०९१ से २०९९ तक, २१०१ से २११४ तक, २११७ से २१२१ तक, २१२३ से २१३२ तक, २१३४ से २१५५ तक, २१५७ से २१६२ तक, २१६४ से २१७५ तक, २१७७ से २१९४ तक, २१९६ से २२१७ तक, २२१९ से २२२१ तक, २२२३ से २२६९ त २२७१ से २२७४ तक, २२७६, २२७८, २२८० से २२८५ तक, २२८७, २२९० से २३०२ तक, २३०४ से २३१६ तक, २३१९ से २३२३ तक, २३२६ से २३३९ तक, २३४१ से २४१३ तक, २४१६, २४१८, २४२१ से २४२५ तक, २४२७ से २४२९ तक, २४३१ से २४३३ तक, २४३५, २४३६, २४३८ से २४४० तक, २४४२ से २४५७ तक, २४७७, २४९९, २५००, २५०२, ५, १९, २०, २१, २३, २५, २६, २८, ३७, ३८, ४१, ४३, ४५, ४६, ४८, ५१, ५९, ६०, ६३, ६५, ६८, ७२, ७५, ७७, ७८, ८३, २६७०, ७२, ८६, २७२६, २७, ३२, ४९, ५४, २८०८, ९, १२, १३, १५, १७ से २१ तक, २३ से ३३ तक, ३५, ३७, ४१, ४३, ४४, ४८, ४९, ५३, ५६ से ५९ तक, ६१ से ६७ तक, ६९, ७१ से ७४ तक, ७६, ७८, से ९४ तक, ९६, ९७।

(४ पृष्ठ का शेष)

मेरा नाम भी रहता है। मैं तो श्री वीरेन्द्र जी का आभार मानू गा यदि वे यह बता सकें कि उनके कार्यालय से इस सारी अवधि मे किसी भी बैठक (औपचारिक या अनोपचारिक) की कोई सूचना मुझे भेजी गयी हो। इस व्यवहार के बावजूद स्नातक मण्डल के मन्त्री होने के कारण ही प्राय दिल्ली से जालन्धर टेलीफोन कर उनसे गुरुकुल सम्बन्धी समस्याओ पर बातचीत करता रहा हू।

गुरुकुल के सम्बन्ध मे हमारे सहयोग असहयोग का प्रश्न नही है। हम सदा सभा के साथ रहे है। अब भी हैं। परन्तु हमारे सहयोग का लाभ उठाने का प्रयत्न ही नही किया जाता। हा, सहयोग के स्थान पर हम लोगो पर असहयोग का आरोप अवश्य लगाया जाता है।

अब प्रधान जी ने गुरुकुल और उसकी प्रबन्ध व्यवस्था कुछ समय के लिए स्नातक मण्डल को सौंपने का प्रस्ताव रखा है। बहुत आकर्षक है और भावनाओ से भरा हुआ है। जिन गिने-चुने स्नातक बन्धुओ के सपर्क मे वे हैं, सभव है इस सबध मे उन्होने उन स्नातको से विचार विमिमय किया हो और कोई निश्चित योजना बनाने और वातावरण तैयार करने के लिए यह चर्चा शुरू की हो। व्यक्तिगत रूप मे वे किसी भी ऐसे योग्य अनुभवी स्नातक को गुरुकुल के उत्तरदायी पद पर बिठाने का निर्णय लेते हैं जोकि आर्य समाज और गुरुकुल के प्रति समर्पित हो तो हम उस का स्वागत करेंगे और पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। जहा तक मैं समझता हू श्री प्रधान जी का यह विचार कभी नही रहा, न है, कि सस्थागत रूप में स्नातक मण्डल को गुरुकुल सौंप दिया जाए।

गुरुकुल को उसकी वर्तमान स्थिति से उभारने के लिए श्री प्रधान जी से कुछ अन्य निवेदन करने आवश्यक हैं। सर्वप्रथम यह है कि गुरुकुल नाम की संस्था समाप्त हो चुकी है। प्रारम्भिक, माध्यमिक और उच्च किसी भी प्रकार की गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति अब शेष नहीं रही रही। इसकी व्यवस्था करने वाला प्रशासन तक भी समाप्त हो चुका है। आयुर्वेद महाविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार को दान में दिया जा चुका है। गुरुकुल कांगड़ी की सम्पत्ति भी बिखर चुकी है। गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ और गुरुकुल कुरुक्षेत्र दोनो ही गुरुकुल कांगड़ी की संपत्ति थे, परन्तु इन्हें भी गुरुकुल कांगड़ी से अवैधानिक रूप से छीन लिया गया है। गुरुकुल की बहुत सी सपत्ति का तो पता ही नहीं चलता। सुना है गुरुकुल कांगड़ी की मायापुरवाली सम्पत्ति का एक भाग बेच दिया गया है, वह पैसा किसे मिला है यह जानकारी नही। इस प्रकार गुरुकुल एक छिन्न-भिन्न, अस्त व्यस्त और भू-सम्पत्ति का बचा हुआ टुकड़ा मात्र शेष है। उसे चेतना प्रदान करने वाली गुरुकुलीय भावना आदर्श और सिद्धान्त सभी लापता हैं।

और जो शेष है वह है सरकारी अनुदान प्राप्त छात्रहीन तथाकथित विश्वविद्यालय का नाम जिसमें मात्र वेतन की चिन्ता में आन्दोलन में व्यस्त शिक्षक जिनका वस्तुत गुरुकुल शिक्षण पद्धति से तो कोई सबध है ही नहीं, आधुनिक शिक्षण पद्धतियो से भी कोसों दूर है। इस समय गुरुकुल सम्बन्धी वर्तमान समस्याओ मे इस वर्ग का शीर्ष स्थान है।

एक और महत्वपूर्ण समस्या है जोकि सदा से गुरुकुल की आन्तरिक समस्या रही है और वह है गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, यह बाहरी हस्तक्षेप के प्रबल प्रयत्नो के बावजूद अब तक आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब के नियन्त्रण मे रही है गुरुकुलीय शासन तन्त्र के अस्त-व्यस्त हो जाने पर भी सभा की देख-रेख मे कार्य कर रही है, यह गुरुकुल और सभा की मात्र अपनी आन्तरिक समस्या होने के कारण इस पर सार्वजनिक टिप्पणी करना अनुपयुक्त होगा परन्तु इसे लेकर गुरुकुल सभा और अधिकारियों पर जो अशोभनीय टिप्पणियां हुई हैं या हो रही है, क्या उनके प्रभाव से बचा जा सकता है? क्या यह समस्या गुरुकुल की वर्तमान समस्या को अधिक उलझा नहीं रही। इसकी आन्तरिक समस्याओ को सुलझाने के लिए गुरुकुल से सम्बद्ध और गुरुकुल प्रेमी लोगो ने अब तक क्या किया है? इन प्रश्नो का महत्व इसलिए है क्योंकि यह हमारी आन्तरिक समस्या हैं और इसे हम बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के और बिना किसी को विवादित किए स्वय सुलझा सकते हैं। यहां की स्थिति हम लोगो को इतनी सताती है कि इसकी चर्चा न चाहते हुए भी करनी पड़ती है।

जब हमारे प्रधान जी इन सभी समस्याओ को सुलझाने के लिए अपना मन बना लेंगे तो उन्हें स्नातको के सहयोग की कमी नही रहेगी। स्नातको को दूर रखकर उनके बारे में शिकायत करना उपयुक्त नहीं है।

'ऋषि का सच्चा स्मारक

ले०—श्री चक्रपाल आर्य मन्त्री आर्य समाज हरथला कालोनी मुरादाबाद

★★★

मनुष्य का यह स्वभाव है कि वह अपने प्रिय की स्मृति को चिरस्थायी रखने का प्रयत्न करता है। वह उसकी स्मृति में पुस्तक स्मारिका स्तूप मठ आदि बनवाता है। वह ऐसा स्मारक चाहता है जो शानदार भी हो और सरल भी। किसी की स्मृति में स्मारिका या पुस्तक प्रकाशित कर देना अपेक्षाकृत सरल तो है पर स्थूल दृष्टि से उतना शानदार नहीं जितना कि ताजमहल जैसा कोई स्थूल स्मारक। इसी प्रकार ताजमहल आदि बनवा देना शानदार तो हो सकता है पर वैसा सरल नहीं। साधारण मनुष्य मध्य मार्ग खोजता है। परिणाम-स्वरूप भवन मन्दिर विद्यालय आदि की स्थापना की जाती है जो कुछ अंश तक सरल भी होते हैं और स्थूल दृष्टि से कुछ शानदार भी। दयानन्द विद्यालय दयानन्द आश्रम दयानन्द मठ दयानन्द भवन दयानन्द संस्थान आदि के पीछे यही भावना काम करती दिखाई देती है। वस्तुतः स्थूलदर्शी लोगों के संसार के इतिहास में स्थूल वस्तुएं ही स्मारक बनती हैं। किन्तु आर्य समाज के यशस्वी संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती अपनी स्मृति में किसी भी ऐसे स्थूल स्मारक के निर्माण के सर्वथा विरुद्ध थे और सत्य तो यह है कि स्थूल स्मारक वास्तविक स्मारक होते ही नहीं वास्तविक स्मारक तो वही हो सकता है जो स्मरणीय के उद्देश्यों एवं मन्तव्यों के प्रचार में सहायक सिद्ध होने के साथ साथ उसकी स्मृति भी दिला सके यही कारण है कि सूक्ष्म दृष्टि वाले तत्वदर्शी लोग किसी सरल तथा शानदार स्थूल स्मारक की अपेक्षा यह देखते हैं कि वह स्मारक स्मरणीय के उद्देश्यों की पूर्ति भी करता है कि नहीं। साथ ही यह भी कि वह स्मारक स्मरणीय की भावनाओं के अनुकूल भी है कि नहीं। दयानन्द की स्मृति में उनकी मूर्ति स्थापित करना दयानन्द की भावनाओं के सर्वथा विपरीत कृत्य होगा। इसी प्रकार उनकी स्मृति में कोई समाधि अथवा स्तूप आदि बनाना भी उनकी भावनाओं के विरुद्ध ही है। महर्षि ने उदयपुर में कविराज श्यामलदास से स्पष्ट कहा था कि मेरे मरने के पश्चात मेरी अस्थियों को किसी खेत में डाल देना कोई समाधि या कोई चिन्ह कदापि न बनाना"। पंडित इन्द्रजी का यह कथन यथार्थ है कि यदि आर्य जनता ऋषि की यादगार में कोई स्तूप या मकबरा बना देती तो आज हिन्दू स्त्रियां उस पर फूल बताशे चढ़ाकर अपने जीवन को सफल मान रही होती। वस्तुतः ईंट पत्थर के स्मारक वास्तविक स्मारक नहीं हो सकते। स्मरणीय के उद्देश्यों और मन्तव्यों का प्रचारक ही उसका सच्चा स्मारक होता है। पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी अपने व्याख्यानों में कहा करते थे कि ईंट पत्थर पर किसी ऋषि का नाम खुदवा देने से ऋषि का स्मारक नहीं बनता प्रत्युत यदि ऋषि का स्मारक स्थापित करना चाहते हो तो उन सिद्धान्तों का प्रचार करके दिखाओ कि जिन सिद्धान्तों का प्रचार स्वयं ऋषि करते रहे हैं। स्वामी दयानन्द का स्मारक यही है कि वेद के सिद्धान्तों का संसार में प्रचार हो जावे।

आर्य समाज ही महर्षि का सच्चा स्मारक है

उपर्युक्त कसौटी पर कसने पर हम देखते हैं कि आर्य समाज ही महर्षि दयानन्द का सच्चा स्मारक सिद्ध होता है। आर्य समाज पर चूंकि महर्षि के सिद्धान्तों के प्रचार का गुरु उत्तरदायित्व है एवं गत एक शताब्दी से भी अधिक समय से वह महर्षि के सिद्धान्तों का सफलता पूर्वक प्रचार कर भी रहा है अतः आर्य समाज ही महर्षि दयानन्द का सच्चा स्मारक कहा जा सकता है। पं० इन्द्र जी के अनुसार आर्य समाज महर्षि का स्मारक ही नहीं ऋषि का प्रतिनिधि भी है। ग्रन्थों की सिद्धान्तों की और वस्तुतः वेदों की रक्षा का बोझ आर्यसमाज पर है। जो वस्तु किसी के नाम का स्मरण करा सके उसके उद्देश्यों का प्रचार भी कर सके वही उसका वास्तविक स्मारक समझी जाती है। इन अर्थों में आर्य समाज से बढ़कर दूसरा कोई भी महर्षि का वास्तविक स्मारक नहीं हो सकता। आर्य समाज महर्षि दयानन्द का ऐसा स्मारक है कि जिसकी नींव का पत्थर भी स्वयं महर्षि के ही अपने हाथों से रखा गया था। यह ऐसा शुभ स्मारक है कि जिसके साथ महर्षि का नाम न जुड़ा होने पर भी उसके नाम के आते ही उसके संस्थापक का भी स्मरण हो जाता है। पंडित लेखराम का निम्न कथन सर्वथा उचित ही है कि मुसलमान ईसाई नास्तिक जैसे पौराणिक आदि किसी भी पुरुष के सामने आप आर्य समाज का नाम कह दें वह सुनते ही आपको दयानन्द का नाम सुना देगा। जब आर्य समाज का नाम आते ही लोग दयानन्द का नाम ले लेते हैं तो आर्य समाज से बढ़कर है और महर्षि का स्मारक क्या हो सकता है? अमरीका सरीखे दूर देशों में बैठा महान विद्वान डविस महर्षि को आर्य समाज से पृथक नहीं कर सका तो मैक्समूलर जैसा विद्वान भी आर्य समाज के साथ महर्षि का अटूट सम्बन्ध मानता है। अतः आर्य समाज ही महर्षि दयानन्द का सच्चा स्मारक है महर्षि दयानन्द स्वयं भी आर्य समाज को ही अपना स्मारक मानते हैं उनका कथन है—मेरे मित्र सभी आर्य समाजिक हैं वे ही मेरे विश्वास और भरोसे के भव्य भवन हैं उन्हीं के पुरुषार्थ पर मेरे कार्यों की पूर्ति और मनोरथों की सफलता अवलम्बित है और अन्त में हम यही कहेंगे—

ऋषि की निशानी है आर्य समाज
बड़ी ही सुहानी है आर्य समाज।

—

तत्वज्ञानी राजा जनक

ले० लेखराज मेहता ई ४३ मल्कागञ्ज दिल्ली

हमारे पावन देश और ऋषिभूमि आर्यावर्त में बहुत से ज्ञानी ध्यानी धर्मात्मा और तत्वदर्शी राजा महाराजा हो गये हैं। इन के राज्य में प्रजा सुखी थी धन धान्य का बाहुल्य था। दूध दही शहद और मधु की प्रचुरता थी। जहां यह राजा प्रजा वत्सल और ज्ञानी थे वहां वे प्रभु भक्त परले दर्जे के थे उस समय मिथिला देश में राजा जनक न्याय पूर्वक शासन करते हुए प्रभु चिन्तन की खोज में रात दिन डूबे रहते थे उन्हें अपनी सुध बुध न रहती थी उनके राजदरबार में धर्म और ज्ञान की चर्चा को सुनकर बड़े बड़े विद्वान और वेदज्ञ पण्डित भी उनसे ज्ञान सीखने के लिए आते रहते हैं इसी प्रकार से एक बार तत्वज्ञाता राजा जनक ने एक ज्ञानयज्ञ करना प्रारम्भ किया। इस ज्ञान यज्ञ को सफल बनाने के लिए और आध्यात्मिक चर्चा करने के लिए राजा जनक के यहां बहुत से विद्वान् और प्रभु भक्त एकत्र हुए राजा जनक ने यह जानने के लिए कि इन में अधिक विद्वान कौन है उन्हें इनाम देने के लिए एक हजार दुधारू गौएं एकत्र की उनके सींगो को सोने से मढ़ दिया गया तत्पश्चात विदेह राजा जनक सभा में उपस्थित हुए ऋषि मुनियों और विद्वानों से कहा हे महाराज तुम्हारे मध्य में जो ब्रह्मनिष्ठ ब्रह्मवर्णी और आध्यात्मिकता का सबसे अधिक जानकार हो वह इन गायों को हांक कर ले जाए। जनक के वचनों को सुनकर विद्वानों ब्राह्मणों की सभा में सन्नाटा छा गया किसी ने भी दर्प भरी चुनौती को स्वीकार नहीं किया केवल महर्षि याज्ञवल्क्य ने अपने शिष्य सोमश्रवा से कहा—अरे सोमश्रवा देखता क्या हो इन गायों को हांक कर अपने आश्रम की ओर ले चलो याज्ञवल्क्य की यह दर्प भरी बात सुनकर सबके सब ब्राह्मण एक स्वर से बोल उठे। हे याज्ञवल्क्य क्या तू हम सब से अधिक ब्रह्म का जानने वाला तत्वज्ञानी ऋषि है। राजा जनक के दरबार में अश्वल नामक ब्राह्मण होता ने महर्षि याज्ञवल्क्य से निवेदन किया कि क्या तुम ब्रह्म को हम सब से अधिक जानते हो? याज्ञवल्क्य ने नम्रता पूर्वक उन्हें उत्तर दिया कि समग्र ब्रह्म को भला कौन जान सकता है हमें तो गऊएं चाहिएं। इसके पश्चात याज्ञवल्क्य पर प्रश्नों की बौछार लग गई याज्ञवल्क्य ने भी उन्हें उचित उत्तर दिए अन्त में गार्गी नामक एक स्त्री विदुषी ने कहा याज्ञवल्क्य मैं आपसे दो प्रश्न पूछती हूं उनका समाधान करने पर हमें पता लग जाएगा कि निःसन्देह यहां पर ऐसा कोई भी ब्राह्मण नहीं जो तुम्हें जीत सकेगा। पहला प्रश्न तो यह है कि जो इस गगन के पार और धरती के नीचे रहता है जिसके बीच में आकाश और पृथ्वी लटके रहते हैं जो त्रिकालज्ञ और सूक्ष्मदर्शी है वह किस वस्तु में ओत प्रोत है महर्षि याज्ञवल्क्य बोले—आकाश में हम से बाहर यह सारा जगत जो वर्तमान है वह आकाश में ओत प्रोत है। गार्गी को अब अपने प्रथम प्रश्न का ठीक २ और यथार्थ उत्तर मिल गया तत्पश्चात गार्गी ने महर्षि याज्ञवल्क्य को नमस्कार करते हुए कहा कि अच्छा अब मेरे दूसरे प्रश्न का उत्तर दें आप यह बतलाने की कृपा करें कि यह आकाश भला किस में ओत प्रोत है महर्षि ने मुस्कराते हुए समीचीन उत्तर दिया कि अक्षर में अर्थात अक्षर का भावार्थ यह है कि ऐसा सच्चिदानन्द परब्रह्म परमेश्वर में है उसका कभी नाश नहीं होता और इस अविनाशी अक्षर पर ब्रह्म में आकाश ओत प्रोत है। इस प्रकार अविनाशी में ही यह सूर्य चांद तारे अपने अपने स्थानों में स्थिर रहते हुए उसकी आज्ञा से द्युलोक और पृथ्वी दोनों बंधे रहते हैं जो उसे नहीं जानता वह अयोग्य और अज्ञानी है। सारे देवता उसी में ही समावेश करते हैं याज्ञवल्क्य के उत्तरों को सुनकर गार्गी गदगद हो गई। उसने मुक्त कण्ठ से स्वीकार किया कि वास्तव में याज्ञवल्क्य के समान इस सभा में अन्य कोई विद्वान नहीं है। राजा जनक ने भी उठकर महर्षि याज्ञवल्क्य का सादर अभिनन्दन किया और उन्हें सम्पूर्ण गोधन समर्पित किया।

—

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा प[illegible]

सम्पादक-वीरेन्द्र एम ए प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब, गुरुदत्त भवन, कृष्णपुरा चौक जालन्धर, दूरभाष—७४२५०

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १३, अक ३६ ६ आश्विन सम्वत् २०३७, तदनुसार २१ सितम्बर १९८०, दयानन्दाब्द १५५

इस खेल के कुशल खिलाड़ी बनें

अग्ने यजिष्ठो अध्वरे देवा देवयते यज ।
होता मन्द्रो विराजस्यति सिध
साम० ॥७॥ १००

ऋषि —विश्वामित्र=सब का मित्र।

(अग्ने) हे अग्नि देव (यजिष्ठ) तुम सबसे बड यजमान हो। मुझ (देवयते) खेलना चाहने वाले के लिए तुम (अध्वरे) क्रीडा यज्ञ मे (देवान) खिलाडियो को (यज) एकत्रित करो तुम (सिध अति) हिंसको की पहुच से बाहर (होता) यज्ञ के लिए पुकारते हो। (मन्द्रो) मस्ती ला लाकर (विराजसि) खूब सुशोभित होते हो।

प्रभो हम देव बनना चाहते हैं। हमारी इच्छा अब जीवन को खेल बना देने की है। ससार मे जड चेतन सभी प्रसन्न प्रतीत होते हैं। बादल खुशी से छलाग मार रहे है। हवा उछल रही है दौड रही है। झरने मस्त हो होकर भाग रहे हैं। नदिया कल्लोल करती हैं। वृक्ष झूम रहे है। पक्षी चहचहा रहे हैं फूल प्रफुल्ल बदन हैं। पत्ते नाच रहे हैं और भी और घास तक लहलहा रही है— लहलहा रही है और गा रही है। ससार सचमुच क्रीडागार है। जीने का मजा खेल मे है।

इस खेल का ही दूसरा नाम यज्ञ है। खेल मे कोई किसी का विरोधी नही होता। यज्ञ होते है पर वैर विरोध के बिना। चोटें लगती हैं शरीर घायल हो जाते हैं पर दिल पर जखम नही आता। खेल अध्वर है। वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति। खेल मे चोट को नही उसके लगाने की विधि को देखते हैं। नियमानुसार लगाई हुई चोट ही नही मानी जाती। चोट खाकर स्वय चोट खाने वाला चोट लगाने वाले के गले मिल रहा है गले की शोभा चोट न समझी जाने वाली इन चोटो ही से है।

प्रभो क्या हमारा सारा जीवन इस प्रकार का एक लम्बा खेल नही बन सकता? हमे चोटो ने कभी इतना दुखी नही किया जितना उन्हे चोट समझने ने। प्रहार में प्रहार बुद्धि ही न हो तो वह प्रहार नही रहता। जो प्रहार करे उसके लिए भी और जिस पर प्रहार किया जाए उसके लिए भी।

यही देव बनि है अग्नि देव तुम देवताओ के अगुआ हो। तुम्हारे खिलाडी पन के तो कहने ही क्या? घर फूक तमाशा देख—यह खेल खेलना तुम्ही को आता है। सर्वस्व स्वाहा कर खिल खिलाना—यह लीला कोई तुम्ही से सीखे तुम यजिष्ठ हो—सबसे बड खिलाडी। तो फिर अपने यजमान को भी तो खेलना सिखा दो। अकेले मे व्यायाम तो किया जा सकता है पर खेल नही। खेल के लिए और भी खिलाडी चाहिए। यज्ञ अकेले करने की वस्तु नही। यजमानो का समूह इकट्ठा कर दो। जब तक और यजमान नही बनते देवो को भी यजमान बना दो। मरी आहुति की सुगन्ध हवा से पानी से चाद से सूय मे मिला दो। विश्व प्रा की वेदि पर मैं इनके साथ मिल कर आहुति दू।

—स्व० चमूपति एम ए, (जीवनज्योति से)



THE ARYA MARYADA JULLUNDUR

सरिता समीक्षा—

वेद में नारी

ले० श्री प्रो० उमाकान्त उपाध्याय एम० ए०

(गतांक से आगे)

स्वामी दयानन्द तो ब्राह्मण ग्रन्थों को वेद के व्याख्या ग्रन्थ मानते हैं है भी उनमें व्याख्या। किन्तु पौराणिक मण्डल तो ब्राह्मण ग्रन्थ को भी वेद मानते हैं मन्त्र ब्राह्मणयोर्वेदनाम धेयम फिर महीधर ने ब्राह्मण ग्रन्थ का विपरीत अर्थ क्यों किया? एक और बात विचारणीय है। अश्व सभोग वाला महीधर का प्रकरण यज्ञ से सम्बन्धित है। यज्ञ एवं धर्म कर्म काण्डों की व्यवस्था करने वाले पूर्व ग्रन्थ हैं। उनमें भी इस तरह की कोई बात मिलती है क्या? पता चलता है कि महीधर का यह प्रकरण वेद विरुद्ध एवं अन्य धर्म ग्रन्थों के भी विरुद्ध है। यह महीधर की मनमानी कल्पना है। महीधर तान्त्रिक था अत उसके लिए इस प्रकार का भ्रष्ट प्रकरण सम्भव हुआ वैदिक वाङ्मय के प्रसिद्ध इतिहासज्ञ विद्वान श्री प० भगवद्दत्त जी के अनुसार महीधर वि० सं० १६४५ के आस पास का था अत महीधर अधिक पुराना भाष्यकार भी नहीं है प० भगवद्दत्त जी ने लिखा है— महीधर काशी में रहता था। उसी ने मन्त्र महोदधि नामक एक तन्त्र और उसकी टीका लिखी है। इससे प्रतीत होता है कि वह तान्त्रिक था।

वैदिक वाङ्मय का इतिहास भाग ० श्री सोमाजी यदि तान्त्रिकों वाममार्गियों और अघोरियों की मान्यताओं को हम लोगों के सिर मढ़ कर वैदिक मान्यता बताते हैं और वेदों को धिक्कारते हैं तो इससे बड़ा बहुत अन्याय और क्या हो सकता है?

जो स्थिति गणानां त्वा गणपतिं हवामहे इस प्रथम मन्त्र की है वही स्थिति दूसरे और तीसरे मन्त्र की भी है। दूसरा मन्त्र है—

ताउभौ चतुर: पद सम्प्रसारयाव स्वर्गे लोके प्रोर्णुवाथाम वृषा वाजी रेतोधा रेतो दधातु। यजु २३ २

इस मन्त्र में राजा प्रजा सम्बन्ध का वर्णन है। इस मन्त्र के विषय अर्थात देवता राजा प्रजा हैं राजा प्रजे देवते। तान्त्रिक वाममार्गी महीधर ने जो अर्थ किया है। वह तो श्री सोमा जी ने उजागर ही किया है। अब स्वामी दयानन्द कृत अर्थ भी देख लेना चाहिए

हे राजा प्रजा जनो! तुम (उभौ) दोनों (तौ) प्रजा राजजन जैसे (स्वर्गे) सुख से भरे हुए (लोके) देखने योग्य व्यवहार वा पदार्थ में (चतुर) चारों धर्म अर्थ काम और मोक्ष (पद) जो कि पाने योग्य हैं उन को (प्रोर्णुवाथाम) प्राप्त होओ वैसे इनका हम अध्यापक और उपदेशक दोनों (सम्प्रसारयाव) विस्तार कर जैसे (रेतोधा) आलिंगन अर्थात दूसरे से मिलने की धारणा करने और (वृषा) दुष्टों के साम र्थ्य बांधने अर्थात उनकी शक्ति को रोकने हारा (वाजी) विशेषज्ञान वान राजा प्रजाजनों में (रेत) अपने पराक्रम को स्थापन कर। वैसे प्रजाजन (दधातु) स्थापन कर।

स्वामी दयानन्द के वेद भाष्य से यही स्थिति तीसरे मन्त्र की भी है। मन्त्र निम्न प्रकार से है—

उत्सक्थ्या अव गुदं धेहि समञ्जिं चारया वृषन्।

य स्त्रीणां जीव भोजन॥

यजु २३ २१

इस मन्त्र का विषय अर्थात देवता मायावीश है। स्वामी दयानन्द जी का अर्थ देखिए—

हे वृषन्) बलिष्ठमन (य) जो (स्त्रीणाम) स्त्रियों के बीच(जीव भोजन) प्राणियों का मास खाने वाला व्यभिचारी पुरुष वा पुरुषों के बीच उक्त प्रकार की व्यभिचारिणी स्त्री वर्तमान हो उस पुरुष और स्त्री को बांधकर (उत्सक्थ्या) ऊपर को और नीचे को गिर कर ताडना करके और अपनी प्रजा के मध्य (गुदम) उत्तम सुख को (धेहि) धारण करो और धर्मज अपने प्रकट न्याय को (चारय) भली भांति चलाओ।

—स्वामी दयानन्द के वेद भाष्य से

वस्तुत इन में जहां तक वेद मन्त्रों की बात है इनमें न अश्व सभोग की बात है न ही नारी के अपमान की। महीधर के अपने विचार थे और उसने उन्हें वेदों में सिद्ध करने की चेष्टा की।

महीधर ही क्यों? आज के भी कई लोग वेदों से अपने सम्प्रदाय पोषण की बात खोजते हैं। जब से सब लोग निर्विवाद रूप से स्वीकार करने लगे कि वेद संसार के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं तब से अनेक साम्प्र दायिक लोग अपने अपने मत मतान्तर की मान्यताएं अपने महापुरुषों के नाम और इतिहास वेदों में से खोज निकालने की चेष्टा कर रहे हैं। मुसलमानों ने अल्लो पनिषद लिखी तो ईसाईयों ने खीष्टो पनिषद् लिखा जैनी वेदों में अपने तीर्थ करों के नाम खोजते हैं। पौराणिक लोग राम सीता राधा कृष्ण और अब तो एक भाष्यकार गोपी लीला भी वेदों में खोजने लगे हैं। पूर्वापर प्रकरण सम्बन्ध आदि का विचार किए बिना यह सब प्रयास हो रहे हैं। विद्या और इतिहास की दृष्टि से यह बौद्धिक छलना के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? महीधर हो या और अन्य कोई इस प्रकार का प्रयास बौद्धिक छल या अन्याय के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

बहुपति बहुपत्नी—

वैदिक संस्कृति में एक पति और एक पत्नी का ही आदर्श माना गया है। इसके विपरीत विलासी लोग यदि कई स्त्रियों से विवाह कर लेते थे या कभी किसी स्त्री ने अनेक पति कर लिए तो यह न आदर्श ही हैं और वेदों द्वारा स्वीकृत ही है। श्री सोमा जी ने ऋग्वेद १० १४५ का प्रतीक देकर अनेक सौतों की बात लिखी है। यह भी कोई प्रतीक की भूल जान पड़ती है। १० १४५ में १२ मन्त्र हैं और उनमें इस तरह की कोई बात नहीं है।

यह ध्यान रखने की बात है कि संस्कृत में सौत के लिए सपत्नी शब्द का प्रयोग होता है। शायद सौत उसी का अपभ्रंश रूप है भी। वेद में कई जगह सपत्नी और सपत्न शब्द आए हैं। सपत्न और सपत्नी का अर्थ शत्रु भी होता है। वेद के शब्दों का जितना यौगिक अर्थ लिया जाएगा उतना अधिक अच्छा रहेगा रूढ अर्थ तो कालान्तर में अपना स्वरूप बना लेते है।

अथर्व वेद ३ १८ में सपत्नी का प्रसंग है। इसमें ६ मन्त्र हैं। ये मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद १० १४५ में भी मिलते हैं इस सूक्त का देवता विषय वस्तु उपनिषत्सपत्नी बाधनम् ऐसा लिखा है अथर्व वेद के प्रसिद्ध यशस्वी भाष्यकार श्री क्षेमकरण दास त्रिवेदी जी की इस सूक्त पर टिप्पणी विचारणीय है। वे लिखते हैं यह सूक्त कुछ भेद से ऋग्वेद १० १४५ १ ६ में है। अजमेर वैदिक यन्त्रालय की ऋग्वेद संहिता मोहमयी (मुम्बई) की शाकल ऋक संहिता और ऋग्वेदीय सायण भाष्य में उपनिषत्सपत्नी बाधनम् इस सूक्त का देवता लिखा है इससे इस सूक्त में ब्रह्म विद्या का ही उपदेश है।

अथर्व वेद में बहुत प्रकार की चिकित्साओं का विस्तार से वर्णन मिलता है। औषध परक अर्थ से इस सूक्त में यह वर्णन है कि पत्नी अपने पति को प्राप्त किये रखने में इन औषधियों का प्रयोग करे। ठण्डा पति या ठण्डी पत्नी यह शारीरिक रोग का ही कारण भी है और फल भी है। उसे दूर करने का यहां प्रकरण है। कितना सुस्पष्ट वर्णन है—

इमां खनाम्योषधिं वीरुधां बलवत्तमाम्

इस बलकारी औषधि वनस्पति को खोदता हूं।

श्री सोमा जी ने १० १२९ में इन्द्र की कई पत्नियों की चर्चा का वर्णन किया है। इस सूक्त का देवता शची पौलोमी है। घर घर की यह पत्नी का वर्णन है। हर घर की यह पत्नी रोम रोम से पुलकित अपने दायित्व के प्रति सजग रहे यह यहां का प्रकरण है। इस सम्बन्ध में वेदों के अद्भुत विद्वान स्वर्गीय श्री स्वामी समर्पणानन्द जी का नया प्रकाशित ऋग्वेद मण्डल मणि सूत्र ग्रन्थ अच्छा प्रकाश डालता है।

द्रष्टव्य पृ० ४१२।४१३

श्री सोमा जी ने मूल निवासियों की पत्नियों को छीनने की बात लिखी है। प्रथम तो आर्य ही इस देश के मूल निवासी हैं। फिर पत्नी छीनने की कल्पना तो कुछ ऐसी ही प्रमाणहीन लगी— मुख मस्तीति वक्तव्य दशहस्ता हरीतकी — मुख आपके पास है आप कह सकते हैं कि हरड़ दस हाथ लम्बी होती है।

एक पत्नी के बहुत पति होते थे इस को प्रमाणित करने के लिए श्री सोमाजी ने अथर्व वेद १४ १ ६१ का एक मन्त्र पूरा नहीं आधा दिया है जिसमें पतिभ्य बहु वचन पाठ है। बस इतने से इन्होंने निष्कर्ष निकाल लिया कि एक पत्नी के बहुत पति होते थे। इसी प्रकार १४ २ १४ में नर वपत बीजम का लेकर बहुपति की बात लिख दी। नर शब्द बहुवचन है तो एक वचन भी है। १४ १ ६१ का मन्त्र ऋग्वेद १० ८५ २० में आया है महर्षि दयानन्द जी की संस्कार विधि में भी आया है निरुक्त वेद कोष १२ ८ में भी व्याख्यान है। सब जगह पत्ये एक वचन पाठ है। अत यहां पतिभ्य आदरार्थ बहुवचन मानने से दोष नहीं रहता।

इस मन्त्र का निरुक्त में सूर्य और उसकी उषा में किरणों का वर्णन है सूर्या और सरी लौकिक व्याकरण में भी दो शब्द हैं सूर्या देव पत्नी है सरी मानुष पत्नी है यहां विज्ञान का वर्णन है और गृहस्थाश्रम में विनियोग किया गया है। वस्तुत मन्त्र में विज्ञान का वर्णन है। स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक के निरुक्त सम्मत पृ० ८३० पर अर्थ दिया हुआ है हे सूर्य! (Infra Red Rays) इस प्रकार यह मन्त्र में सूर्य की किरण का वैज्ञानिक वर्णन है।

(क्रमश)

सम्पादकीय—

अब हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ करो

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने इस प्रदेश में हिन्दी को उचित और सम्मान पूर्वक स्थान दिलाने के लिए एक नया संघर्ष प्रारम्भ करने का फैसला किया है। इसका प्रारम्भ १४ सितम्बर को सारे पंजाब में हिन्दी दिवस मनाकर किया गया है। पंजाब की सब आर्य समाजों ने उस दिन अपने २ सत्संग के पश्चात हिन्दी दिवस मनाया और पंजाब की जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। इसके पश्चात आर्य प्रतिनिधि सभा का एक शिष्ट मण्डल अपने स थ हिन्दी प्र मी सनातन धर्मियों जैनियों निरंकारियों नामधारियों और दूसरे धर्मियों को लेकर पंजाब के मुख्यमन्त्री से मिलेगा। उन्हें एक ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें हम अपनी मांगें पंजाब सरकार के सामने रखेंगे। हम नहीं कह सकते कि वर्तमान सरकार हमारी मांगों को स्वीकार करेगी या नहीं। आशा तो है मान कर लेगी परन्तु हमें प्र येक प्रकार की स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। इसलिए अगला पग जो हमने उठाना है उसकी भी हम अभी से तैयारी शुरू कर रहे हैं भारत के विधान की धारा ३४७ के अनुसार जब एक प्रदेश में अल्प-संख्यकों की भाषा को उचित स्थान न दिया जाए और उस प्रदेश के अल्प-संख्यक राष्ट्रपति से यह प्रार्थना कर कि वह उनके साथ न्याय कर तो राष्ट्रपति प्रदेश की सरकार को यह आदेश दे सकते हैं कि वह अल्प संख्यकों को अपनी भाषा को स्वतन्त्र रूप में प्रयोग करने द कोई भी प्रदेश सरकार र ष्ट्रपति के इस आदेश की अवहेलना न ी कर सकती। परन्तु राष्ट्रपति तक पहुंचना तभी उचित होगा जब उस ज्ञ पन पर जो हिन्दी के पक्ष में दिया जाए पंजाब के लाखों हिन्दी प्र मियों के हस्ताक्षर हों। इसलिए आर्य प्रतिनिधि सभा न उस ज्ञापन की संक्षिप्त रूप रेखा के आधार पर वह पत्र सब आर्य समाजों को भेज दिए हैं जिन पर कि हस्ताक्षर कराये जाने हैं इस समय तक हमें जो सूचना मिली है उसके अनुसार सब स्थ नों पर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं परन्तु कुछ व्यक्तियों को इस विषय में यह भ्रान्ति है कि हस्त क्षरों के लिए जो पत्र सभा कार्यालय से भेजे गए हैं केवल उन्हीं पर हस्ताक्षर होने हैं। एक पत्र पर तो अधिक से अधिक तीस पैंतीस हस्ताक्षर हो जाएंगे उससे तो काम न चलेगा हमने तो लाखों की संख्या में हस्ताक्षर कराने हैं। इसलिए पंजाब की सब आर्य समाजों के अधिकारियों से मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि उन्हें अधिक से अधिक हस्ताक्षर कराने चाहिए। सादे कागजों पर हस्ताक्षर नहीं कराने चाहिए। सभा ने जो पत्र भेजे हैं उन्हीं पर हस्ताक्षर होने चाहिए। जिन के पास पहले पत्र समाप्त हो गए हों वह सभा के कार्यालय से और मंगवा सकते हैं। जो आर्य समाज इस समय तक कुछ हस्ताक्षर करवा चुके हैं उन्हें वह सभा के कार्यालय में भेज देने चाहिए त कि हम कुछ अनुमान लगा सकें कि कितने हस्ताक्षर हो गए हैं।

आगे चलकर स्थिति क्या रूप लेगी है इसके विषय में अभी कुछ कहना कठिन है पंजाब सरकार हमारी मांग स्वीकार कर ले तो हमें राष्ट्रपति के पास जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी और यदि राष्ट्रपति भी किसी कारण से हमारी मांग स्वीकार नहीं करते तो फिर हमें अपना अगला संघर्ष शुरू करना पड़ेगा। एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि इस बार हम कुछ न कुछ तो करेंगे। हम जानते हैं कि इस समय देश की स्थिति सन्तोषजनक नहीं है। सरकार के सामने कई समस्याएं हैं हम उसके लिए कोई नई समस्या खड़ी करना नहीं चाहते। इसीलिए सोच समझ कर अपने पग उठा रहे हैं सरकार के सामने अपना पक्ष रखने का हमें पूरा अधिकार है। कई राजनैतिक पार्टियां सरकार को धमकियां देती रहती हैं। हम कोई धमकी देना नहीं चाहते। हम तो केवल प्रार्थना ही कर रहे हैं या तो सरकार हमारी स न्तुष्टि करा दे कि हमारी मांग संविधान के अनुसार नहीं है। परन्तु जो कुछ भी हम कर रहे ै यदि वह सब हमारे संवैधानिक अधिकारों के अनुकूल हैं तो फिर कोई कारण नहीं कि सरकार हमारी बात न सुने। इसलिए हम कोई भी ऐसा पग अभी उठाना नहीं चाहते जिसके द्वारा सरकार के लिए कोई नई कठिनाई या उलझन पैदा हो। इसीलिए हमने पहले हिन्दी दिवस मनाया है उसके पश्चात अपना शिष्ट मण्डल पंजाब के मुख्यमन्त्री के पास ले जाएंगे। वहां भी कुछ न बना तो राष्ट्रपति के पास जाएंगे। वहां भी अगर सुनवाई न हुई तो फिर सोचेंगे कि हमने क्या करना है। इसलिए मैं पंजाब के आर्य भाई और बहिनों से केवल यही निवेदन करना चाहता हूं कि उन्हें अब सारी शक्ति हस्ताक्षर अभियान को सफल बना देने में लगा देनी चाहिए। हमारा निशाना पांच दस हजार का नहीं अपितु लाखों हस्ताक्षरों का है यह उसी स्थिति में सम्भव हो सकता ै यदि पंज ब का एक एक आ य समाजी भ ई हो या बहिन युवक हो या वद्ध सब इस अभियान में लग जाए हमें यह भी न भूलना चाहिए कि इसके द्वारा हमारा जनता से सम्पर्क बनेगा और पंजाब सरकार को यह पता चलेगा कि इस प्रदेश में अपने अधिकारों की रक्षा के लिए यदि कोई संस्था संघर्ष कर सकती है तो वह केवल आर्य समाज है इस अभियान को हम चाहे किसी दृष्टि से देखें इससे हमें लाभ ही होगा। इसलिए इसे सफल बनाना हम सब का कर्तव्य हो जाता है।

—वीरेन्द्र

कुछ आवश्यक निर्णय

अन्तरंग सभा द्वारा नियत की गई तीन उपसमितियों की ३ सितम्बर को सभा कार्यालय जालन्धर में बैठकें हुईं सभा के प्राय अधिकारी विशेष रूप में उपस्थित हुए निम्नलिखित निर्णय किए गये।

महिला समिति—१ पंजाब भर में सब समाजों में स्त्री समाजों की स्थापना की जाए और सब समाजों को प्रार्थना की जाए कि वे अपनी स्त्री समाजों के अधिकारी गण के नाम सभा कार्यालय में अंकित कराएं

२ समाजों के उत्सवों पर अनिवार्य स्त्री समाजों के उत्सव रखे जाएं

३ सभी सम जों को पारिवारिक स त्सङ्ग लगाने की प्रेरणा की ज ए।

४ कीर्तन भजनों और यज्ञों का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए।

५ सभा एक छोटी सी कीर्तन भजनावली प्रकाशित करायेगी। करतारपुर में ११ अक्तूबर को १२ से चार बजे मध्याह्न न एक प्रान्तीय महिला सम्मेलन बुलाने का निश्चय किया गया श्रीमती शान्ति नन्द प्रधाना महिला समिति की ओर से सब स्त्री समाजों को इस सम्मेलन के लिए आमन्त्रित करेंगी।

आर्य युवक सभा—आर्य युवक सभा के सदस्यों ने प्रत्येक जिला के लिए एक एक संयोजक नियत किया और उन्हें अपने अपने जिला के युवकों की सूची शीघ्र तैयार करने की प्रार्थना की गई यदि यह सूचि बन गई तो करतारपुर के मेले के अवसर पर एक प्रान्तीय युवक सम्मेलन बुलाने की भी योजना है।

जिला सभाओं के संयोजकों की बैठक में यह निश्चय किया गया कि २८ सितम्बर तक सब जिलों में संयोजक अब चुनाव कराने का प्रबन्ध करें प्रत्येक जिला की समाजों के नियत सदस्य जिला सभाओं के अधिकारियों का चुनाव करेंगे। सभा द्वारा मनोनीत संयोजक सभा के साथ उनका ताल मेल बनाये रखेंगे और उन्हें सभा को अधिक से अधिक सहयोग देंगे और उसके उद्देश्य के अनुसार अपने अपने क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा करेंगे

जिला सभाओं के अधिकारियों के काम की रिपोर्ट भिजवाना भी उनका काम होगा। जिला सभाओं का अन्तरंग द्वारा संशोधित विधान संयोजकों को भेज दिया गया है ताकि वे उसके अनुसार कार्यवाही करें

आशा करनी चाहिए कि इस प्रकार जिला सभाएं अच्छा काम कर सकेंगी।

आर्य मर्यादा का बलिदान अंक—सभा ने निश्चय किया है कि इस वर्ष श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के अवसर पर आर्य मर्यादा का बलिदान अंक निकाला जाए जिस में आर्य समाज के अब तक के बलिदानियों का जीवन परिचय प्रकाशित किया जाए। इस अंक के मैगजीन साइज के हम कम से कम दो सौ पृष्ठ रखना चाहते हैं और उन में आर्य परिवारों के प्रियजनों तथा सम्बन्धियों के स्मृति विज्ञापन भी विशेष वेद मन्त्रों के साथ प्रकाशित करना चाहते हैं आर्य समाजों तथा आर्य संस्थाओं के अधिकारियों और संचालकों से प्रार्थना है कि वे इस सम्बन्ध में पूर्ण सहयोग दें।

उत्सवों के विशेष प्रबन्ध—प्राय देखा जाता है कि बड़ी बड़ी समाजें अपने उत्सवों का बाहर से ही प्रबन्ध कर लेती हैं इस बार सभा ने निश्चय किया है कि अक्तूबर से दिसम्बर तक होने वाले सभा से सम्बन्धित सभी समाजों के उत्सवों का सब प्रकार का प्रबन्ध सभा द्वारा किया जावे। अतः ऐसी सब समाजों के अधिकारी गण से जो इन तीन महीनों में उत्सव करना चाहते हैं यह प्रार्थना है कि वह अपने उत्सव की तिथियां यहां कार्यालय को अंकित करवा दें वहां उन विद्वानों और नेताओं की सूची भी सभा कार्यालय को लिख भेजें जिन को वह अपने उत्सवों पर मंगवाना चाहते हैं।

रामचन्द्र जावेद
सभा मन्त्री

सन्ध्या कथा—

मन और आत्मा को पाप से विमुख रखें !

ले —श्री सुरेशचन्द्र वेदालंकार एम ए एल टी १७५ आफरा बाजार गोरखपुर

ओ३म ऋत च सत्य चाभिद्धात्तपसोऽध्यजायत ।
ततो रात्र्यजायत तत समुद्रो अर्णव ॥१॥
समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत ।
अहो रात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी ॥२॥
सूर्याचन्द्र मसौ धाता यथापूर्व मकल्पयत् ।
दिव च पृथिवी चान्तरिक्षमथो स्व ॥३॥

(ऋत) ऋत अर्थात प्राकृतिक नियम या प्राकृतिक जगत तथा (सत्य) सत्य अर्थात ज्ञान ये दोनो (अभीद्धात्) (अभीद्ध शब्द अभि उपसर्ग पूर्वक इन्धी दीप्तौ धातु से बना है) सब ओर से प्रकाशमान (तपस) तपोमय भगवान से (अध्यजायत) उत्पन्न हुए । (तत) उससे शक्ति) शक्ति (अजायत उत्पन्न हुई । (तत) उस प्रभु से ही (समुद्रो अर्णव) समुद्र जलवाला हुआ (अर्णवात) जलवाले (समुद्रात) समुद्र से (अधि) पीछे (संवत्सर) संवत्सर (अजायत) उत्पन्न हुआ । (विश्वस्य) समस्त (मिषत) अर्थात हरकत करने वाले प्राणि जगत के (वशी) वश मे रखने वाले तथा इसका धारण पोषण करने वाले परमेश्वर ने (अहोरात्राणि विदधत) दिनो और रातो का विधान करते हुए (यथा पूर्वम पहले की तरह (सूर्याचन्द्रमसौ) क्रमश सूर्य और चन्द्रमा को (दिव च पृथ्वी च) द्यु लोक और पृथ्वी लोक और (अन्तरिक्षम) अन्तरिक्ष लोक को तथा (स्व) सुख को (अकल्पयत) रचा ।

यह अघमर्षण मन्त्र है । प्राणायाम के बाद संस्कार विधि महत्त्व प्रकरण (स० वि० ग० प्र०) मे लिखा है तत्पश्चात सृष्टिकर्ता परमात्मा और सृष्टिक्रम का विचार इन मन्त्रो से करे और जगदीश्वर को सर्वव्यापक न्यायकारी सर्वत्र सर्वदा सब जीवो के कर्मों के द्रष्टा को निश्चित मान के पापकी ओर अपनी आत्मा और मन को कभी न जाने देवे किन्तु सदा धर्मयुक्त कर्मों मे वर्तमान रखे ।

वैदिक यन्त्रालय अजमेर की सन्ध्योपासनादि पञ्च महायज्ञ विधि मे लिखा है अब अघमर्षण अर्थात हे ईश्वर ! तू जगदुत्पादक है—इत्यादि स्तुति करके पाप से दूर रहने के उपदेश का मन्त्र लिखते हैं ।

यह मन्त्र अघमर्षण मन्त्र इस लिए है कि इन मन्त्रो का द्रष्टा अघमर्षण ऋषि है । ऋतेमिर्ति तृचात्मकानष्टादशिक सूक्त मधुच्छन्दस पुत्रस्य अघमर्षणस्य आर्षम साम व ऋ० १०।१९०।१ ३)

महर्षि दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के तृतीय समुल्लास मे लिखा है कि— अघमर्षण अर्थात पाप करने की इच्छा भी कभी न करे तथा अघमर्षण मन्त्रा अर्थात पाप दूराकरणार्था स० प्र० मह्रा मे लिखा है अनेनाघमर्षण कुर्यादर्थात पापानुष्ठाने सर्वथा परित्यजेत अर्थात इसी का नाम अघमर्षण है अर्थात ईश्वर सबके अन्तकरण के कर्मों को देख रहा है इस लिए पाप कर्मों का आचरण मनुष्य लोग सर्वथा छोड देवे ।

महर्षि का इस विषय मे यह मन्तव्य प्रतीत होता है कि यह मन्त्र अघमर्षण इस लिए है कि इन मन्त्रो के अर्थ सहित उच्चारण करने से अघ अर्थात पाप का मर्षण अर्थात दूरीकरण करना चाहिए ।

इस मन्त्र से अघ का नाश क्यो होता है । देखिए —

(१) परमेश्वर सर्वज्ञ है । वह हमारे प्रत्येक कर्म को देखता है और जानता है अर्थात उससे छिपाकर हम कुछ नही कर सकते हैं । जो व्यक्ति परमात्मा के ज्ञानमय एव सर्वज्ञ स्वरूप को जान लेगा वह अपने बाहर कुछ और भीतर कुछ रखने वाला नही बनेगा । परमेश्वर केवल सर्वज्ञ ही नही वह सर्वव्यापक भी है । सर्वव्यापकत्व एव सर्वज्ञत्व का सम्बन्ध है । जब उससे छिपकर हम कोई कर्म कर ही नही सकते है कर्म करना तो दूर उसका विचार या चिन्तन तक नही कर सकते हैं । यदि हम करेगे तो हमे उसका फल अवश्य भुगतना पडेगा । वह न्यायकारी भी है । मनुष्य न्यायधीशो को धोखा दिया जा सकता है पर जिसके सामने तीनो काल हस्तामलकवत है उसे कैसे धोखा दिया जा सकता है । यद्यपि भगवान सब का भव जानते है—

यस्तिष्ठति चरति यश्च वञ्चति
यो निलाय चरति य प्रतङ्कम
द्वौ संनिषद्य यन्मन्त्रयेते
राजा तद्वेद वरुण तृतीय । अ० ४।१६।२

(यस्तिष्ठति) जो खडा है (चरति) चलता है या सञ्चय करता है (यश्च वञ्चति) जो कुटिल चाल चलता है ठगता है (यो निलाय चरति) जो छिप छिप कर चलता है अर्थात षडयन्त्र आदि करता है (य प्रतङ्क चरति) जो भय का सञ्चार करता है । (यद् द्वौ) जो दो मनुष्य (संनिषद्य) एक साथ बैठ कर (मन्त्रयेते) गुप्त विचार या मन्त्रणा करते हैं (राजा) सर्वप्रकाशक (वरुण) सर्वश्रेष्ठ अन्तर्यामी प्रभु (तृतीय) उनमे तीसरा होकर (तद् वेद) उसको जानता है ।

मनुष्य कही निर्जन वन मे जाता है समझता है यहा कोई नही । मुझे कोई नही देखता यह उसकी भूल है । हे भोले मनुष्य ! तू अकेला नहा है भगवान तेरे साथ है । तुझे वह दिखाई नही दे रहा है वह तेरे अन्दर है । तेरी आत्मा के अन्दर है जो तू अकेले बैठ कर सोचता है । वह प्रभु उसे जानता है । यजुर्वेद ४० ४ मे कहा है

तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यत
वह भगवान इस ससार के अन्दर हैं और वही इस सारे के बाहर भी है । भगवान राज्य करने वाला राजा है । मनुष्य पाप करके सासारिक राजा के दण्ड से भले ही बच जाये वरुण राजा के दण्ड से नही बच सकता है । कोई कही भाग जाए उसके पास से नही बच सकता । वेद मे कहा है —

उत यो द्यामतिसर्पात्परस्तान्न स मुच्यातै वरुणस्य राज्ञ । अ० ४।१६।४।

चाहे वह (पापकर्ता) द्यौ से भी परे चला जाए किन्तु राजा वरुण से नही बच सकेगा । क्योंकि—

सर्वं तद्राजा वरुणो विचष्टे यदन्तरा रोदसी यत्परस्तात । संख्याता अस्य निमिषो जनानाम । अथर्व ४।१६।५

जो दोनो लोको में है और उससे परे है उस सब को राजा वरुण जानते हैं इसने लोगो की आंखो के निमेष तक गिन रखे हैं । इस वास्ते मानव समस्त पाप को छोड । पाप का दण्ड अवश्य मिलेगा । तू अज्ञ अल्पज्ञ प्राणी को भले ठग ले किन्तु उस सर्वज्ञ को नही ठग सकता ।

(२) वह सकल ब्रह्माण्ड को रचने वाला धारण पोषण करने वाला तथा प्रलय करने वाला है । उत्पादन पालन और प्रलय करने वाला प्रभु कितना शक्ति शाली तथा महान है—इस भाव को मन से विचार पूर्वक लाने पर यह भी भाव उत्पन्न होता है कि अपनी शक्ति के भरोसे कर्मों का फल टाला जा सके यह होना असम्भव है । इस लिए मनुष्य असत्कर्मों को छोड कर सत्कर्मों की ओर पग बढा सकता है । (क्रमश)

आर्य समाज माडल टाऊन पठानकोट

जन्माष्टमी पर्व धूम धाम से मनाया गया जिसमे नगर के प्रतिष्ठित आर्य बन्धुओ के अतिरिक्त शिक्षण संस्थाओ के छात्र छात्राओ ने भाग लिया श्री विजय कुमार जी शास्त्री श्री रामदेव जी शास्त्री श्री गिधारीलाल गुप्ता श्री मनोहरलाल जी श्री सुभाष मित्तल जी श्री बलदेव राज जी यदुवंशी आदि ने योगीराज श्री कृष्ण को श्रद्धाजलिया भेंट की ।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

प्रवेश सूचना

एम ए वेद संस्कृत दर्शन हिन्दी अंग्रेजी प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति तथा पुरातत्व मनोविज्ञान गणित ।

प्रवेशार्थ योग्यता अलंकार (गुरुकुल कांगडी) बी ए बी एस सी बी काम विद्याभास्कर शास्त्री आचार्य तथा साहित्यरत्न ।

अलंकार बी ए) प्रथम वर्ष मे प्रवेशार्थ योग्यता (१) विद्या विनोद (गुरुकुल या (२ इन्टरमीडिएट संस्कृत साहित्य या (३) उत्तर मध्यमा अंग्रेजी सहित (बनारस) या (४) विशारद (पजाब यू) अंग्रेजी मे इन्टर सहित)

विद्याविनोद—(इन्टरमीडिएट) प्रथम वर्ष मे प्रवेशार्थ योग्यता (१) विद्याधिकारी (गुरुकुल) या (२) हाईस्कूल संस्कृत सहित या (३) पूर्वमध्यमा अंग्रेजी सहित (बनारस) या (४) विशारद (पजाब यू) अंग्रेजी मे मैट्रिक सहित)।

दोनो कोर्सों का शिक्षा काल २ २ वर्ष है । स्नातक होने पर वेदालंकार और विद्यालंकार की उपाधि दी जाती है जो कि भारत सरकार तथा सभी विश्वविद्यालयो द्वारा स्वीकृत है । शिक्षा निशुल्क है । विद्याविनोद अलंकार तथा एम ए मे वेद का कोर्स लेने वाले छात्रो को छात्रवृत्ति भी दी जाती है ।

बी एस सी प्रथम खण्ड ग्रुप (१) कैमिस्ट्री बौटनी जूलोजी अंग्रेजी ग्रुप (२) कैमिस्ट्री फिजिक्स गणित अंग्रेजी । प्रवेशार्थ योग्यता इन्टरमीडिएट विज्ञान सहित विद्यालय विभाग मे ६ वर्ष से ८ वर्ष तक के बच्चे प्रविष्ट किए जाते हैं ।

प्रवेश प्रारम्भ है । प्रवेश की अन्तिम तिथि १५ ९ ८० है । इसके पश्चात् २५ ९ ८० तक विलम्ब शुल्क सहित प्रवेश हो सकता है ।

आचार्य गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय

हिन्दी दिवस पर—

राष्ट्र भाषा के प्रति हमारा व्यवहार

ले०—प्रा० चाद्रेम जी कार्यकारी प्रधान हिन्दी रक्षा समिति होशियारपुर

✻

स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व ही भारतीय मनीषियों ने यह निश्चित किया था कि भारत की राष्ट्र भाषा एक मात्र हिन्दी ही हो सकती है। भारत के विभिन्न भूभागों से सम्बन्ध रखने वाले श्री केशव चन्द्र सेन महर्षि दयानन्द महात्मा गांधी नेता जी सुभाषचन्द्र बोस प्रो० केसरी श्री श्रीनिवास शास्त्री न्यायमूर्ति शारदा चरण आदि सभी महापुरुषों ने एक स्वर से इसका समर्थन किया तथा इसे व्यवहारिक रूप देने का स्तुत्य प्रयास किया। स्वराज्य प्राप्ति के पश्चात सर्वमान्य भारतीय प्रतिनिधियों ने राष्ट्र भाषा के प्रश्न पर हर पहलू से विचार किया तथा मतदान के पश्चात हिन्दी को ही राष्ट्र भाषा के रूप में भारतीय संविधान में स्वीकार किया। इस बात का हुए तीस वर्ष होने पर भी अभी तक हम हिन्दी को राष्ट्र भाषा का रूप नहीं दे सके। इन वर्षों में अनेक बार संविधान स्वीकृत राष्ट्र भाषा को न अपनाने के कारण विदेशों में हमारा अपमान भी हुआ। पुनरपि हम इतने ढीठ होते जा रहे हैं कि अपमान के घूंट पीते हुए भी हम इस ओर ध्यान देने का प्रयास भी नहीं करते इतिहास इस बात का साक्षी है कि जर्मनी इंग्लैंड फ्रांस इजरायल आदि अनेक देशों ने जिस भाषा को संविधान द्वारा स्वीकार कर लिया उसे थोड़े ही समय में राष्ट्र भाषा के पद पर व्यवहारिक रूप में आसीन कर दिया।

किसी भी राष्ट्र में राष्ट्र भाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाओं को तभी तक अभिमान दिया जाना चाहिए जब तक वह अविकसित हो काम में कठिनता हो या लोग प्रदेशगत मोह के कारण क्षत्रीय भाषाओं से सम्पन्न रहते हैं। पर इन परिस्थितियों में भी स्वीकृत राष्ट्र भाषा को ही प्रधानता दी जानी चाहिए। जो इस अवधि में भी राष्ट्र भाषा का प्रयोग करना चाहते हैं उनको प्रत्येक सुविधा और प्रमुखता दी जानी चाहिए। क्योंकि अपवाद तो आपत्कालीन ही होते हैं न कि सार्वकालिक। भारत में कुछ कारणों का ध्यान रखते हुए कुछ वर्षों के लिये हिन्दी के साथ सहयोगी भाषा के रूप में अंग्रेजी को निर्धारित किया गया। परन्तु आश्चर्य की बात तो यह है कि इस सहयोगी भाषा को ही हर क्षेत्र में प्रथम स्थान और प्रधानता दी गई। एतदर्थ निश्चित अवधि पूर्ण होने पर हमने अपने राष्ट्रीय गौरव तथा सम्मान को भुला कर सहयोगी भाषा को अनिश्चित काल के लिए और आगे बढ़ा दिया।

संविधान में हिन्दी को विधिवत राष्ट्रभाषा घोषित कर देने के पश्चात चाहिए तो यह था कि जो व्यक्ति अपना जो भी कार्य राष्ट्र भाषा में करना चाहता उसको प्रत्येक क्षेत्र और स्थान पर प्रमुखता दी जाती और राजकीय कार्य में हर प्रकार की सुविधा प्रदान की जाती। परन्तु जो व्यक्ति किसी कारण से तथा क्षत्रीय व्यामोह दूसरी भाषा में अपना कार्य करना चाहते हैं उनकी भावना का ध्यान रखते हुए उस भाषा को उस क्षेत्र में दूसरा स्थान दिया जाना। क्योंकि वह भाषा उस क्षेत्र तक सीमित है अतः उस भाषा को किसी के तुष्टीकरण के लिए असम्बद्ध क्षेत्रों में लागू नहीं करना चाहिए। आश्चर्य तो यह है कि हम इतने वर्षों में भी राष्ट्र भाषा की परिभाषा भी समझने या स्पष्ट करने में समर्थ नहीं हो सके। यहां तक कि सभी केन्द्रीय नेताओं ने भी राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र भाषा के महत्व की दृष्टि से सोचने का प्रयास नहीं किया। एक दिन एक का कुछ वक्तव्य आता है तो दूसरे दिन दूसरा कुछ और ही बोली बोलता है।

✶ भारत की भाषा समस्या का हल

भारत की भाषा समस्या का हल यही है कि राष्ट्र भाषा को प्रत्येक स्थान और क्षेत्र में प्रथम स्थान तथा प्रधानता दी जाए। भारत के प्रत्येक प्रान्त में राष्ट्र भाषा के अपनाने वालों का उसके लिए प्रत्येक सुविधा और अवसर दिया जाए। परन्तु जो व्यक्ति क्षत्रीय भाषा या अंग्रेजी में कार्य करना चाहता है उसको दूसरा स्थान दिया जाए।

भारत के संविधान में घोषित राष्ट्र भाषा को प्रत्येक प्रदेश के व्यवहार में भी विशेष स्थान देना चाहिए। उस पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध न हो और प्रादेशिक भाषा का उस प्रदेश में भी दूसरा स्थान होना चाहिए। तभी राष्ट्र भाषा का महत्व परिनाथ हो सकता है और राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण रह सकती है। क्षत्रीय भाषा का व्यवहार अपनी अपनी इच्छा पर आधारित होना चाहिए किसी के तुष्टीकरण के लिए उसको असम्बद्ध क्षेत्रों पर लागू करने का कोई आधार नहीं है।

यह राष्ट्र भाषा का कैसा विचित्र उपहास है कि उसी राष्ट्र में उसकी राष्ट्र भाषा में रजिस्ट्रियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकता तथा राष्ट्र भाषा में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाता अपनी मानसिक भावनाओं के कारण राष्ट्र भाषा को राष्ट्र भाषा का रूप देने की असमर्थता में कभी कोई कारण बताया जाता है और कभी कोई बहाना ढूंढा जाता है। हर बात को कुछ व्यक्तियों की प्रसन्नता के लिए राजनीतिक ढंग से सोचा जाता है। हमें कभी स्मरण ही नहीं आता कि हमारी हर राष्ट्रीय समस्या के समाधान का एक मात्र केन्द्रीय बिन्दु—राष्ट्रीय गौरव हित और विकास ही है।

कुछ वर्षों से इजरायल का नाम सबके सम्मुख मुखर हो रहा है जिसने राष्ट्रीय हित को सम्मुख रखकर वह कर दिखाया जो इतिहास में उसके नाम को अमर कर रहा है। उस राष्ट्रीय भावनाओं से भरे हुये छोटे से देश ने दो हजार साल पुरानी अविकसित असमझ समझी जाने वाली भाषा को ही राष्ट्र भाषा का स्थान दिया और कुछ वर्षों के अन्दर ही उसको व्यवहारिक रूप देकर संसार के सामने एक उदाहरण उपस्थित कर दिया है।

+ हमारा कर्त्तव्य—

ऐसी स्थिति में राष्ट्र भाषा के प्रेमियों का कर्त्तव्य हो जाता है कि यदि वे चाहते हैं राष्ट्र भाषा का गौरव और महत्व बढ़े तथा राष्ट्रीय एकता स्थिर रहे तो राष्ट्र भाषा को अपने दैनिक जीवन के घरेलू तथा कारोबार के कार्य में स्थान दें क्योंकि संसार में वही वस्तु जीवित रह सकती है जिसको व्यवहार में स्थान और महत्व दिया जाता है फिर उसके विकास को कोई रोक नहीं सकता। अतः राष्ट्र प्रेमियों से प्रार्थना है कि जहां हम सरकार से राष्ट्र भाषा के क्रियात्मक रूप की आशा करते हैं वहां हमारे हृदयों में भी राष्ट्र भाषा के प्रति उत्कट प्रेम भावना जागृत होनी चाहिए। तभी राष्ट्र भाषा और राष्ट्रीय एकता को परिताथ किया जा सकता है।

—

सभा प्रधान श्री वीरेन्द्र जी को 2600) की थैलियां भेंट

१ आर्य समाज स्वामी श्रद्धानन्द बाजार (लाल बाजार) लुधियाना ने वेद सप्ताह के उपलक्ष में वेद प्रचार पर सभा प्रधान श्री वीरेन्द्र जी को १५००) रुपये की थैली भेंट की।

२ आर्य समाज धूरी (संगरूर) ने भी वेद प्रचार सप्ताह पर सभा प्रधान श्री वीरेन्द्र जी को ११०० रुपये की थैली भेंट की।

वेद प्रचार सप्ताह तथा वार्षिकोत्सवों के प्रबन्ध

कथोत्सव आर्य समाज रामपुरा टाऊन २०९ ० से २८९ ० तक कथा में श्री प० निरञ्जनदेव जी इतिहास केसरी श्री विद्या भूषण जी भजनोपदेशक उत्सव में श्री प० रमनाथ जी सि० शिरोमणि श्री प्यारीलाल जी भजनोपदेशक।

प्रचार—आर्य समाज भटिण्डा १ ९८० से २१ ९ ८० श्री प रामनाथ जी सि० वि० श्री हजारीलाल तथा साईं दास जी।

यज्ञ तथा उत्सव श्रीदयानन्द मठ चम्बरा २३ ९ ८० से २८ ९ ८० तक श्री प० विजयकुमार जी श्री रामनाथ जी यज्ञी।

वेद प्रचार सप्ताह—आ० स० पक्का बाग जालन्धर श्री सत्यमित्र जी गायनाचार्य श्री साईं दास जी।

कथोत्सव आ० स० श्रद्धानन्द नगर बरनाला—(गान्धी आर्य हाई स्कूल) २७ ९ ८० से २ १० ८० तक श्री प० जगदीश चन्द्र जी वसु श्री विद्याभूषण जी भजनोपदेशक।

—ओम्प्रकाश आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष

यह धन किसका है ?

ले०—श्री कृष्णचन्दराय जी प्रधान आर्य समाज अबोहर

ॐ

यजुर्वेद के अन्तिम अध्याय के पहले मन्त्र मे लिखा है—कस्य स्विद् धनम्। किसका धन है— यह धन किसका है ?

किसी धन वाले से प्रश्न कीजिये कि यह धन किसका है ? तो वह कहेगा—मेरा धन है फिर उससे पूछिए—तू संसार मे कब तक है ? तो इस बात का उसे पता नहीं है। कौन जाने एक वर्ष दस वर्ष पच्चास वर्ष या इससे अधिक। कौन जाने केवल दस सैकिण्ड या इससे कम। कोई पता नहीं अभी जो मैंने सांस निकाला है—वह अन्दर आएगा या नहीं। भक्त कबीर ने कहा है—

सांस सांस से सिमरन कर
व्यर्थ श्वास मत खो
को जाने इस सांस को
आवन है या नाही।

उर्दू के एक शायर ने लिखा है

स[illegible] सफर करने के लिए
सब मिलते हवा है यहां गुजरने के लिए
जो गुम हुये हैं पैदा वो होंगे ना पद
जो जीते हैं हम सब हैं मरने के लिए।

और जो घड़ी हम सब ने अपने हाथ में बांध रखी है वह नकली घड़ी है असली घड़ी वो घड़ी है जो ईश्वर के सिमरन मे व्यतीत हो। मगर जब कभी अन्तिम घड़ी आती है लोग सब कुछ छोड़ कर चले जाते हैं। धन सम्पत्ति यश कीर्ति सम्मान शासन बाग बगीचा हीरे मोती कभी किसी के साथ नहीं गये।

श्री गुरु नानकदेव जी महाराज अपने एक भक्त जो लाहौर मे रहता था बड़ा धनवान था उसका नाम दुनीचन्द एक लाख रुपया जमा लेता था तो एक झण्डा अपने मकान पर लगा लिया करता था। ऐसे उसने कई झण्डे लगाये। एक बार गुरु जी महाराज घूमते घूमते वहां पहुंचे। उसने और उसकी धर्म पत्नी ने गुरु जी महाराज को खाने का निमन्त्रण दिया। जब वे खाना खा कर जाने लगे तो उन्होंने दुनीचन्द को बुलाया व अपने चोले से एक सूई निकाल कर दी और कहने लगे बेटा यह सूई संभाल कर रखना हम मरने के पश्चात वहां आप से ले लेंगे। उसने कहा महाराज ऐसा ही होगा उसने गुरु जी के जाने के पश्चात यह सब वृत्तान्त अपनी धर्म पत्नी को सुनाया। उसने उत्तर दिया पतिदेव मरने के पश्चात कोई भी अपने साथ कुछ ले जा ही नहीं सकता तो आप यह सूई उनको कैसे देंगे इसमे कुछ रहस्य है चलो हम गुरु जी से जाकर यह प्रार्थना करें। वह जो गुरु जी को रास्ते मे ही मिले गुरु जी यह लो अपनी सूई आप यह तो जानते ही हैं कि मरने के पश्चात तो हम अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकते फिर यह सूई आपको कैसे वापिस देंगे गुरु महाराज ने हसते हुये कहा ऐसे ही ले जाना जैसे लाखों रुपया आप ले जायेंगे। [illegible] क्यों कर रहे हो बांट दो इन्हें उन को जिन्हें आवश्यकता है बांटने वाला ही यह शुभ कर्म ही तुम्हारे साथ जायगा।

राजा भोज के पिता का [illegible] होने लगा तो भोज बहुत छोटा था। भोज के पिता ने अपने छोटे भाई मुंज को बुला कर कहा— देखो भाई भोज अभी बच्चा है जब तक बड़ा नहीं होता तब तक इस[illegible] हो जायेगा तब यह सारा राज्य इसे सौंप देना। मुंज ने कहा ऐसा ही करूंगा भाई का देहान्त हो गया। मुंज राजा बने भोज का पालन पोषण करने लगे। भोज बचपन से ही बहुत सयाना समझदार और विद्वान बन गया जब वह सोलह साल का हुआ तो मुंज को चिन्ता हुई कि अब यह गद्दी मुझे छोड़नी पड़ी तो मैं क्या करूंगा।

देखो मिली हुई गद्दी को कोई भी नहीं छोड़ना नहीं चाहते ऐसा नशा है जिसे एक बार मिल जाये वो इस से चिपक कर बैठ जाता है जनता और कांग्रेस मे फूट इसी गद्दी के कारण ही हुई भुट्टो को भी इसी गद्दी के कारण फांसी हुई। परन्तु कोई इसे छोड़ना चाहे या ना चाहे अन्त मे तो उसे छोड़नी ही पड़ेगी। रावण जैसों को भी यही छोड़नी ही पड़ी।

राम गयो रावण गयो जाको बहु परिवार
कहु नानक थिर कुछ नाहीं सपने ज्यूं संसार।

फिर राम और रावण ही क्यों कौरवों व पाण्डवों को भी यही छोड़नी पड़ी।

मुंज ने भी भोज को जल्लादों के सुपुर्द किया कि इसका सिर काटकर मेरे पास लाओ। जल्लाद उसे जंगल में ले गये और जब बालक भोज का सिर धड़ से अलग करने लगे तो जल्लाद को उस सुन्दर बालक भोज पर दया आ गई और बोला—ऐ बालक तेरी कोई अन्तिम इच्छा है तो हमें बताओ। भोज ने कहा कि मैं एक सन्देश लिख देता हूं वह राजा के पास ले जाओ उसके बाद भी यदि वह न मानें तो वापिस लौट कर मुझे मार देना। भोज ने अपनी उंगली से लहू निकाला और पत्ते पर एक श्लोक लिखा जिसका भावार्थ यह है—सतयुग मे मान्धाता इस पृथ्वी के चक्रवर्ती राजा थे। उनके साथ यह पृथ्वी नहीं गई। तृतीय युग मे भगवान राम थे उनके साथ ये नहीं गई। द्वापर मे कौरवों व पाण्डवों के साथ नहीं गई। अब कलियुग मे तू अपने साथ ले जाएगा इसके लिए मुझे प्रसन्नता है कई बार ऐसी घड़ियां आती हैं जब जीवन का कांटा बदल जाता है।

राजा मुंज ने भोज को वापस बुला कर उसको राज्य सौंप दिया और स्वयं जंगल म चला गया।

परन्तु धन चाहे बुरी वस्तु ही क्यों न हो परन्तु इसके बिना संसार मे निर्वाह होना बहुत ही कठिन है। क्योंकि गृहस्थाश्रम अपने बाल-बच्चों का पालन पोषण करता है। शेष सब आश्रमों का ब्रह्मचर्य वानप्रस्थी व संन्यासी सभी का पालन-पोषण करता है इसलिए वेद कहता है कि सौ हाथों से कमाओ और हजारों हाथों से बांटो।

'फिर किसका है यह धन ? आप कहेंगे यह बात तो वेद भी पूछता है—कस्य स्विद् धनम् ? (किसका धन है ?) और जब वेद भी पूछता है तो तुम कैसे जानते हो कि धन किसका है ? परन्तु यह बात नहीं मेरे भाई वेद पूछता नहीं उत्तर देता है। वह कहता है— कस्य स्विद् धनम् ? क कहते हैं भगवान को ठीक पढ़ना हो तो यों कहना चाहिए—क अस्य स्विद् धनम् —अर्थात् प्रजापति ईश्वर जो है उसका धन है ?

यदि यह धन प्रजा-पति का ही है तो फिर हमें इस धन को दान के रूप में करने पर संकोच नहीं करना चाहिए। मगर यह धन बड़ा चंचल है। यह रथ के पहियों की भांति निरन्तर घूमता रहता है। आज एक व्यक्ति के पास है कल दूसरे के पास है। इसलिए इसका बोझ बना हुआ है। प्रत्येक मनुष्य को इस धन के स्वरूप को समझना चाहिए दीन दुखियों व पीड़ितों की सहायता करके इन्हें प्रसन्न रखें। बलवानों को चाहिए कि वह कमजोरों अबलाओं और अनाथों की रक्षा करें। मनु महाराज ने कहा है कि विद्या का दान सबसे उत्तम दान है। इसलिए माताओ बहनो व भाईयो आप शिक्षण संस्थाओं कालेज और आर्य पाठशालाओं को जोकि पूर्ण रूप से चल रही है को दान देकर अपना जीवन कृतार्थ करें। भक्त कबीर जी ने कहा है—

तन पवित्र सेवा किए धन पवित्र किए दान
मन पवित्र भजन से होत त्रिविधी कल्याण।

ओ३म् शान्ति शान्ति शान्ति !

—

जम्मू कशमीर मे सत्यार्थ प्रकाश एवं भगवद गीता पर पाबन्दी आर्य समाज का शिष्ट मण्डल गृहमन्त्री ज्ञानी जैलसिंह से मिला

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री रामगोपाल शालवाले पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के उपप्रधान श्री पृथ्वीसिंह जी आजाद भारत सरकार के गृहमन्त्री श्री जैलसिंह को मिले। उन्होंने बताया कि ता० २०.५.८० को एक गुप्त आदेश द्वारा श्री शेख अब्दुल्ला की सरकार ने जम्मू एवं कशमीर के पुस्तकालयों मे सत्यार्थ प्रकाश एवं भगवद गीता पर पाबन्दी लगा दी है।

श्री शालवाले ने श्री ज्ञानी जैलसिंह से अनुरोध किया कि भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे। इस प्रकार की धार्मिक पुस्तकों पर प्रतिबन्ध लगाना भारतीय संविधान के सर्वथा विपरीत है। इससे देश की धार्मिक जनता मे बड़ा असन्तोष फैल गया है यदि इस निन्दनीय आदेश को वापिस न लिया गया तो आर्य समाज को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा। श्री शालवाले ने एक ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। श्री ज्ञानी जैलसिंह ने आश्वासन दिया कि प्रधानमन्त्री से मिलकर इस मामले को सुलझाने का प्रयत्न करेंगे।

—सच्चिदानन्द शास्त्री
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली

भारतीय नारी कहां से और कहां तक

ले श्री प० सुरेन्द्र कुमार शास्त्री आर्य समाज सरहिन्द पटियाला

भारतीय संस्कृति की पावन परम्परा से नारी को सदैव सम्मानजनीय स्थान की प्राप्ति हुई है यज्ञ आदि के आयोजन एव सामाजिक मंगल कार्यों के पुनीत अवसरो पर नारी की उपस्थिति घोषित की गई। भारतीय समाज मे नारी की स्थिति अत्यन्त गौरवपूर्ण थी समाज मे नारी के महत्व को सभी कवियो ने प्राचीन काल से माना है। मनु के शब्दो मे यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जिस घर मे नारी का सम्मान होता है उस घर मे देवताओ का निवास होता है नारी शक्ति का प्रतीक मानी गई है। महा कवि तुलसीदास ने अपने श्रेष्ठतम (राम चरित मानस) मे श्रीराम से पूर्व सीता को स्थान दिया भारतीय नारियां विद्वता एव वीरता के क्षेत्र मे किसी से पीछे नही रही लोपा मुद्रा एव गार्गी जैसी विदुषी एव विचारशील महिलाए लक्ष्मी बाई एव दुर्गावती जैसी वीरांगनाए इसी भारत भूमि की पुत्रियां थी परन्तु प्रत्येक स्थिति मे अपवाद अवश्य जन्म लेते हैं मध्यकाल मे नारी के गौरवशाल रूप को काफी ठेस पहुंचाई गई। हिन्दी साहित्य के वीर गाथा काल में उन्हें लड़ाई झगड़ो का कारण माना गया। भक्ति काल के कवियो ने नारी के रूप सौन्दर्य नख शिख के वर्णन मे अपने काव्य की इति श्री समझी और आधुनिक काल मे आकर कवियो ने नारी के महत्व को पुन जाना और उसे जीवन में पुरुष के पौरुष रूप मे ले लिया।

आधुनिक काल की नारी प्राचीनकाल की नारियों से भिन्न है वह न तो मीरा की भांति प्रेम दिवानी है और न ही सूरदास की गोपियो की भान्ति अश्रुपात करती है वह तो कर्म क्षेत्र मे पुरुष के साथ मिलकर समाज एव देश के कल्याण के लिए कार्य करती है। सुप्रसिद्ध कवि जयशंकर ने कामायनी मे कहा—नारी तुम केवल श्रद्धा हो। नारी नर के जीवन की पूरक है समाज का जीवन तभी गतिमान रहता है जब दोनो सहयोग देते हैं। नर नारी जीवन रूपी गाड़ी के दो पहियो के समान है। एक के अभाव से दूसरे का जीवन अपूर्ण है। नारी का स्नेह पुरुष को मनोबल प्रदान करता है और वह जीवन संग्राम मे नई स्फूर्ति और उमंग से काम करने लगता है। मैथिलीशरण गुप्त के शब्दो मे एक नही दो दो मात्राए नर से बढ़ कर नारी। आज की नारी स्वतन्त्र होने के लिए छटपटा उठी है वह घर की चारदीवारी की शोभा बनकर नहीं रहना चाहती वह पुरुष के समान सभी क्षेत्रो मे आगे बढ़ना चाहती है। आर्थिक रूप से स्वतन्त्र होने के लिए प्रयत्नशील है नारी ने बन्धन तोड़ दिए हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे वह पुरुष से आगे बढ़ गई हैं। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि नारी स्वतन्त्रता के मोह मे अपना वास्तविक रूप बिल्कुल भूल गई है। उसमे प्राचीन काल की नारी के त्याग के स्थान पर उन्मुक्तता लज्जा के स्थान पर चपलता का प्रभाव और सादगी के स्थान पर मेकअप प्रवीणता है। वह पश्चिमी सभ्यता मे रंग गई है और प्राचीन भारतीय नारी के गौरवशाली रूप को भूल गई है। वह अपने कर्तव्य क्षेत्र से विमुख हो रही है उसमे यह अत्याधिक परिवर्तन सम्भवत सदियो की गुलामी के कारण है। वह स्वतन्त्र रूपेण उन्मुक्त पक्षी की भान्ति समाज के सभी क्षेत्रो मे विचरण करना चाहती है। इसलिए किसी कवि ने कहा—आधुनिक तुम सब कुछ हो परन्तु उन्होने साथ मे यह भी कहा तुम नही हो सिर्फ नारी अर्थात नारी की पवित्रता कोमलता और सहनशीलता की भावना तुम मे नही है। जीवन में नारी की प्रगति समाज की उन्नति का शुभ लक्षण है। परन्तु आधुनिक नारी ने स्वतन्त्रता का गलत अर्थ ले लिया है स्वतन्त्रता का अर्थ बन्धनहीन होना नही और न ही सामाजिक मान मर्यादा पारिवारिक सीमाओ और न ही लज्जा रूपी आभूषणो का खण्डन करना सच्ची स्वतन्त्रता है। अत नारी को समाज के कल्याण तथा गृहस्थ को सुचारू रूप से नियमन एव संचालन के लिए सुदृढ़ नियमो के पालन द्वारा (सत्य शिव सुन्दरम) का रूप उपस्थित करना होगा। शील संयम त्याग युक्त नारी ही कामायनी के रचयिता जयशंकर प्रसाद की निम्न पंक्ति की अधिकारिणी बन जन की श्रद्धास्पद बन सकती है।

नारी तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत नग पग तल मे।
पीयूष स्रोतसी बहा करो
जीवन के समतल मे।

आर्य हाई स्कूल लुधियाना मे—

वन महोत्सव सम्पन्न

लुधियाना मे प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब तथा सम्पादक दैनिक प्रताप तथा वीर प्रताप श्री वीरेन्द्र जी की अध्यक्षता मे वन महोत्सव तथा पुरस्कार वितरणोत्सव का समारोह बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ जिसमे स्वास्थ्य मन्त्री पंजाब श्री सरदारीलाल जी कपूर मुख्य अतिथि थे। उन्होने स्कूल के प्रांगण मे सफैदा तथा श्री वीरेन्द्र जी ने पापुलर के पौधो का आरोपण किया।

स्कूल प्रबन्धक कमेटी के प्रधान श्री रणबीरजी भाटिया ने श्री कपूर साहिब को अभिनन्दन पत्र पेश किया। प्रिंसिपल श्री ओम प्रकाश जी टण्डन ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। डी० ई० ओ० सविता न श्री केदारनाथ शर्मा तथा श्री प्रेम चन्द गुप्ता संकटरी दयानन्द मैडीकल कालेज ने बच्चो को आदर्श नागरिक बनने का उपदेश दिया। श्री वीरेन्द्र जी ने अपने भाषण मे बच्चो को समय का महत्व समझने की प्रेरणा की मन्त्री महोदय ने अपने कर कमलो से बच्चो को पुरस्कार वितरण किए तथा वृक्षो के महत्व पर प्रकाश डाला तत्पश्चात उन्होने स्कूल को ५००० रु० अपने फंड से देने की घोषणा की

—रणबीर भाटिया
—प्रधान

श्री योगेन्द्रपाल जी सेठ द्वारा

वैदिक धर्म प्रचार

आर्य समाज बजवाड़ा होशियारपुर जालन्धर के प्रधान श्री योगेन्द्रपाल सेठ इंगलैंड फ्रांस बेल्जियम हालैंड इत्यादि विदेशो मे आर्य समाज का प्रचार करके वापिस आ गये हैं वहां पर उन्होने धर्म प्रेमी व्यक्तियो मे सन्ध्या और हवन यज्ञ की पुस्तक हिन्दी मे आर्य शुद्धि के पाठ द्वारा तथा अंग्रेजी मे उनकी लिखी हुई पुस्तक कौनसैप्ट आफ आर्य समाज (Concept of Arya Samaj) मुफ्त बांटी तथा कुछ लोगो को सन्ध्या तथा यज्ञ के मन्त्रो को टेप करके भी दिया ताकि वह टेप द्वारा सुनकर उनका शुद्ध उच्चारण कर सकें जहां उन्होने आर्य समाज के प्रचार का कार्य किया वहां उन्होने आर्य समाज के भवन निर्माण के लिए १४२००) रुपये नकद दान एकत्र किया और २० हजार रुपये दान देने के आश्वासन भी प्राप्त किए

यह आर्य समाज उन सब दानी महानुभावो का हृदय से धन्यवाद करता है

—विजेन्द्र शर्मा
मन्त्री आर्य समाज बजवाड़ा होशियारपुर जालन्धर।

भटिण्डा मे आर्य वानप्रस्थ आश्रम की स्थापना

२ ९ ८० को गुरुकुल भटिण्डा मे आर्य वानप्रस्थ आश्रम की स्थापना की गई। इस उत्सव के प्रधान श्री कमल न राय जी अग्रवाल (जो गुरुकुल कमेटी के भी प्रधान हैं) थे झण्डा लहराने की रस्म श्री सुन्दरलाल जी सराफ ने अदा की। बाहर से आर्य समाज धुरी बरनाला रामा मण्डी भटिण्डा कांगावाली डबवाली गिदड़बाहा अबोहर मानसा पीलीबंगा आदि के प्रतिनिधियो ने शामिल होकर अपना २ पूर्ण सहयोग देते रहने की घोषणा की। आशा है कि निकट की आर्य समाजो के लिए यह आश्रम बड़ा लाभप्रद रहेगा

ओम्प्रकाश आर्य
अधिष्ठाता

लुधियाना मे वेद सप्ताह

आर्य समाज स्वामी श्रद्धानन्द बाजार लुधियाना मे वेद सप्ताह ७ से १४ सितम्बर तक बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रसिद्ध विद्वान श्री प० मदनमोहन जी विद्यासागर (हैदराबाद) डा० बालकृष्ण प्र० वेदव्रत डा० रामप्रकाश जी श्री सुनन्दन जी सत्यनीताचार्य आदि विद्वानो ने अपने मनोहर उपदेश दिए। ७ ९ ८० को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार हुआ।

यज्ञ की पूर्णाहुति १४ ९ ८० को हुई तथा प्रात मे १२ ३ बजे ऋषि लंगर (प्रीती भोज) हुआ।

ईसाई कन्या का वैदिक रीति से विवाह

आर्य समाज लुधियाना रोड (गु० वि०) फिरोजपुर छावनी में मंगलवार दिनांक २ ९ को एक ईसाई कन्या (अब मा/) अनिता का शुभ विवाह कर्ण श्री एस लाल के साथ वैदिक रीति से सम्पन्न हुआ समाज के उपस्थित सज्जनो एव माताओ ने वर वधू पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। चमनप्रकाश नन्दा

वार्षिक निर्वाचन सम्पन्न

रविवार ३१ अगस्त को आर्य समाज पठानकोट का वार्षिक चुनाव सभा की देख रेख में श्री जितेन्द्र जी द्वारा करवाया गया जिसकी अध्यक्षता श्री अच्छरमल जी एडवोकेट ने की। आर्य समाज के वयोवृद्ध सदस्य श्री प्यारे लाल जी ने ५५ मत प्राप्त किए तथा विरोधी उम्मीदवार ने २५ मत प्राप्त किए। प्रधान पद की घोषणा के बाद सर्वसम्मति से उन्हें अन्तरंग बनाने का अधिकार दिया गई अन्तरंग बनाने की घोषणा भी की गई।

प्रधान श्री प्यारेलाल जी उपप्रधान श्री गिरधारीलाल जी गुप्त श्री यशपाल जी शास्त्री श्री लालचन्द जी महाजन मन्त्री—श्री सतीश महाजन संगठन मंत्री—श्री प्रो० स्वतन्त्र कुमार उपमन्त्री एवं पुस्तकाध्यक्ष—श्री राकेशलाल कोषाध्यक्ष श्री टेकचन्द जी लेखा निरीक्षक—श्री रोशनलाल जी कालड़ा अन्तरंग सदस्य श्री बलदेवराज जी श्री सौदागरमल जी श्री रत्नशाह जी श्री पृथ्वीराज जी श्रीमती सविता कालड़ा श्री रामप्रकाश जी श्री योगेन्द्रपाल जी श्री सुरेन्द्र जी।

– प्रो० स्वतन्त्र कुमार
संगठन मन्त्री

=

वार्षिक निर्वाचन

स्त्री आर्य समाज पठानकोट का वार्षिक निर्वाचन २३ ८ ८० शनिवार को श्रीमती बसन्तादेवी व श्रीमती श्यामा मोहन जी की सह अध्यक्षता में सर्व सम्मति से सम्पन्न हुआ जिसमें निम्न पदाधिकारी चुने गये—

प्रधाना श्रीमती सरला सुनेजा जी उपप्रधाना—श्रीमती शान्ता सनेजा श्रीमती यशवती रत्ती तथा श्रीमती शकुन्तला महेन्द्रू मन्त्राणी—श्रीमती सरला कपूर उपमन्त्राणी—श्रीमती सन्तोष बाई श्रीमती शशि डावर कोषाध्यक्ष—कुमारी सुधा भल्ला प्रचार मन्त्राणी—कौशल्या जैन श्रीमती विमला महाजन लेखा निरीक्षक—श्रीमती कमला निरञ्जन सामान निरीक्षक—श्रीमती विमला विज श्रीमती प्रकाशवती महता पुस्तकाध्यक्ष—श्रीमती सरला आहूजा

—सरला कपूर
मन्त्राणी

—

वार्षिक निर्वाचन

आर्य समाज जिलौरी गेट पटियाला का वार्षिक निर्वाचन सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ तथा निम्न पदाधिकारी चुने गये—

प्रधान—श्री रत्नलाल जी सिंहल मन्त्री—श्री राम लक्ष्मनदास कोषाध्यक्ष—श्री कुलवन्तराय अन्तरंग सभासद—श्री कुलदीप राय श्री शालिगराम।

—रत्नलाल
प्रधान

—

वार्षिक निर्वाचन

आर्य समाज गुरुकुल विभाग (रानी का तालाब) फिरोजपुर शहर का वार्षिक निर्वाचन निम्न प्रकार सम्पन्न हुआ—

संरक्षक—डा० साधुचन्द जी प्रधान—श्री हुकमलाल महता उपप्रधान—श्री जगदीशचन्द्र आर्य श्री विशुद्ध राय सोबत मन्त्री—श्री मोहनलाल जी प्रचार मन्त्री—श्री सन्त कुमार जी उपमन्त्री—श्री ओम प्रकाश भाटिया कोषाध्यक्ष—श्री मुनिलाल जी पुस्तकाध्यक्ष—श्री मनोहरलालजी लेखा निरीक्षक—श्री बसन्तराय जी

—मोहनलाल
मन्त्री

—

आर्य मर्यादा में विज्ञापन देकर लाभ उठाए

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रैस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा ... कार्यालय, चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

सम्पादक-वीरेन्द्र एम. ए प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, गुरुदत्त भवन, कृष्णपुरा चौक जालन्धर, दूरभाष-७४२५०

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १३, अंक ३९, ३ कार्तिक सम्वत् २०३७, तदनुसार १९ अक्तूबर १९८०, दयानन्दाब्द १५५

सभा से सम्बन्धित आर्य समाजों के अधिकारियों तथा सभा के सदस्यों की सेवा में

मान्य महोदय, सादर नमस्ते !

एक आवश्यक विषय की ओर आपका ध्यान दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा ने यह निर्णय कर रखा है कि आर्य समाज मन्दिर किसी दूसरी संस्था को उसके उपयोग के लिए न दिए जाएं। विशेषकर किसी भी राजनैतिक, धार्मिक या सामाजिक संस्था को केवल धार्मिक संस्थाओं को दिए जा सकते हैं यदि उन्होंने आर्य समाज के सिद्धान्तों के विरुद्ध वहां कोई समारोह न करना हो परन्तु राजनैतिक संस्थाओं और उन सामाजिक संस्थाओं को जिनका आर्य समाज से कोई सम्बन्ध नहीं आर्य समाज मन्दिर विशेषकर वह स्थान जहां यज्ञ आदि होते हैं, किसी प्रकार के प्रयोग के लिए न देने चाहिए। इससे कई प्रकार की कठिनाईयां पैदा हो सकती हैं और इसी के साथ आर्य समाज मन्दिर की पवित्रता भी भंग हो सकती है। गुरुद्वारे मस्जिदें या गिरजा घर राजनैतिक संस्थाओं को नहीं दिए जाते। अकाली गुरुद्वारों में अपनी बैठक करते हैं परन्तु वहां नहीं करता जहां ग्रन्थ साहब का पाठ होता है। आर्य समाजी इस बात का ध्यान नहीं रखते। जहां यज्ञ होता है वहीं राजनैतिक दलों की सभाएं भी हो जाती हैं। यह बहुत ही आपत्तिजनक स्थिति है। इसलिए आप इस ओर ध्यान दें और भविष्य में किसी भी राजनैतिक संस्था या किसी ऐसी सामाजिक या धार्मिक संस्था को आर्य समाज मन्दिर न दें जो आर्य समाज के सिद्धान्तों के अनुसार न चलती हो। आर्य समाज मन्दिर और विशेषकर जहां यज्ञ होता है और उपदेश दिये जाते हैं उसकी पवित्रता की सुरक्षा होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में हमें आर्य समाज मन्दिरों को राजनैतिक दलों के पारस्परिक द्वन्द्व का एक अखाड़ा न बनने देना चाहिए।

वीरेन्द्र
सभा प्रधान

जनगणना और आपका कर्त्तव्य

आपकी सूचना के लिए यह लिखा जा रहा है कि भारत भर में जनगणना का कार्य १९८१ ई० में प्रारम्भ किया जाना है। आज से पूरे एक सौ वर्ष पूर्व १८८१ ई० की जनगणना के समय महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने सभी को आदेश दिया था कि अपना नाम आर्य धर्म वैदिक तथा भाषा आर्य भाषा लिखाएं। स्वामी जी महाराज का यह आदेश राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए अत्यन्त विवेक पूर्ण एवं दूरदर्शिता पूर्ण था। आर्य भाई-बहिन तब से बराबर अपने आचार्य का आदेश पालन करते आ रहे हैं।

आचार्य के इसी आदेश को सम्मुख रखते हुए हमारी शिरोमणि सभा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली ने अपनी अन्तरंग सभा दिनांक २३ ९ ८० की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय किया है कि हम सब आर्य स्त्री पुरुष १९८१ ई० में होने वाली जनगणना में अपने आपको आर्य धर्म के खाने में वैदिक एवं मातृ भाषा हिन्दी लिखावें।

आपकी जानकारी के लिए यह भी लिख देना चाहते हैं कि भारत सरकार के जनगणना विभाग ने सार्वदेशिक सभा को यह आश्वासन दिया है कि जो लोग अपने आपको 'आर्य' लिखवाएंगे उनका अन्तिम जोड़ हिन्दुओं में होगा। इसलिए हिन्दुओं की वास्तविक संख्या निश्चित करने में कोई अन्तर न पड़ेगा।

अत आप सब से अनुरोध है कि जनगणना के इस अवसर पर आप पूरी सतर्कता और जागरूकता का परिचय देते हुए अपने नगर उपनगर तथा ग्राम में जा जाकर सार्वदेशिक सभा के इस आदेश के अनुसार ही आर्य वैदिक धर्म और हिन्दी भाषा लिखवाने की कृपा करें।

वीरेन्द्र
सभा प्रधान

रामचन्द्र जावेद
सभा मन्त्री

श्वेताश्वतरोपनिषद् कथा माला—

ब्रह्माण्ड का कारण-क्या काल, स्व...

किसी समय ब्रह्मवादी लोग चर्चा करने लगे—ब्रह्मवादिन वदन्ति। क्या चर्चा करने लगे? यह चर्चा करने लगे कि सृष्टि का कारण क्या ब्रह्म है या कुछ और?—किं कारणम्, ब्रह्म? वे सोचने लगे कि हम लोग कहां से उत्पन्न हुए हैं—कुत स्म जाता किस से जीते हैं—जीवाम केन, और किस मे प्रतिष्ठित अर्थात् स्थित है—क्व च सम्प्रतिष्ठिता, किसकी व्यवस्था मे बंधे हुए-अधिष्ठिता केन हम सुख तथा दु खो मे बरतते है-सुखेतरेषु वर्तामहे। ब्रह्मज्ञानी इस सब व्यवस्था पर चर्चा करने लगे– ब्रह्मविद व्यवस्थाम्, १॥

चर्चा का विषय यह था कि सृष्टि का कारण ब्रह्म नही तो क्या काल (Time) कारण है—काल? काल कारण मानने वाले ही कहा करते हैं—समय आ गया या वक्त का फेर है। तभी कोई वस्तु गर्मी मे होती है, कोई सर्दी मे कोई वर्षा मे। अगर काल कारण नही तो क्या स्वभाव (Nature) कारण है? हरेक वस्तु का अपना-अपना स्वभाव है। अग्नि का स्वभाव गर्मी है जल का स्वभाव शीतलता है। क्या अपने स्वभाव से ही सृष्टि का निर्माण हो गया है। यह अपने-आप बनी है, इस का कोई बनाने वाला नही है। अगर स्वभाव भी कारण नहीं तो क्या 'नियति Predentermi nation) कारण है? हम चाहते कुछ हैं होता कुछ और है? तभी लोग कहा करते हैं कि जो होना होता है वही होता है, लिखे को कोई मेट नही सकता। अगर नियति कारण नही, तो क्या यदृच्छा (Chance) कारण है? अगर सब कुछ नियत नही तो जो-कुछ हो रहा है यो ही हो रहा है, इसमे कोई लक्ष्य नही प्रयोजन नही। अगर यदृच्छा कारण नही तो क्या पंच-महाभूत–भूतानि (matter) कारण है। पृथिवी, अप तेज, वायु का संयोग हो जाता है और इन महाभूतो से सृष्टि बन जाती है। अगर महाभूत कारण नही, तो क्या स्त्री (woman) कारण है—योनि। अगर स्त्री कारण नही तो क्या यह पुरुष (Man) कारण है? सृष्टि की रचना पर विचार करते हुए इन सबकी चर्चा करनी चाहिए– इति चिन्त्यम्। इनमे 'भूतानि, का अर्थ पंच महाभूत तथा योनि का अर्थ स्त्री किया है क्योंकि ब्रह्म के अतिरिक्त आठ संख्या इसी प्रकार बनता है?

यह भी हो सकता है कि काल स्वभाव आदि का संयोग कारण हो—संयोग एषाम्। परन्तु नही, इनका संयोग कारण नही हो सकता क्योंकि ये सब जड़ हैं—न तु आत्मभावात्। तो क्या फिर स्त्री तथा पुरुष इस सृष्टि का कारण है? इस विषय की चर्चा करने वाले ऋषि कहते हैं कि स्त्री तथा पुरुष भी कारण नही हो सकते क्योंकि उन्हे तो सुख-दु ख होता है, वे अपने सुख दु ख के मालिक नही हो सकते अन्यथा वे अपने को सदा सुख ही दिया करते, दु ख न देते—आत्मा अपि अनीश सुख दु ख हेतो।

सृष्टि की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे जो कारण गिनाए जा सकते थे वे यहा गिना दिए गए हैं और साथ ही कह दिया कि 'काल' स्वभाव 'नियति 'यदृच्छा' 'पंच-महाभूत इनका संयोग, योनि तथा 'पुरुष' -इनमें से कोई सृष्टि का कारण नहीं हो सकता। पहले छः तो इसलिए कारण नही हो सकते क्योंकि वे जड़ हैं—अनात्मभावात्। जड़ जड़ का निर्माण कैसे कर सकता-है? स्त्री तथा पुरुष भी कारण नही हो सकते क्योंकि उन्हें सुख-दु ख दोनो होते हैं। अपने आप को कोई सुख तो दे सकता है दु ख क्यो देने लगा—स्त्री तथा पुरुष का आत्मा भी सृष्टि का स्वामी नही है-आत्मा अपि अनीश क्योंकि उसे सुख तथा दु ख दोनों होते हैं—सुख दु ख हेतो।२।

२ ये कारण नही हैं—कारण इकला परमात्मा है—ब्रह्म चक्र की कल्पना।

जब उन्होने इस समस्या पर ध्यान योग से विचारना शुरू किया तो देखा—ते ध्यानयोग अनुगता अपश्यन्। क्या देखा? यह देखा कि परमात्मा की दिव्य शक्ति जो अपने गुणो की महानता के कारण ढ़ी छिपी हुई है, निगूढ है- देवात्मशक्ति स्वगुणै निगूढाम्—वही इस सृष्टि का कारण है। वही वस्तु दीख सकती है जो निगूढ नही है, जो व्यक्त है सीमित है, जो महान् है इतनी महान् है कि विश्व भर मे व्याप्त है, निगूढ है, वह दीखेगी कैसे। दीखने के लिए वस्तु को सीमाबद्ध होना चाहिए। वह आत्मशक्ति तो सीमाओं से बन्धी हुई नहीं है। वह आत्म शक्ति जिसने भी सृष्टि की उत्पत्ति के सब सम्भव कारण गिनाए गए हैं उन सबको—य कारणानि निखिलानि तानि जो काल से ... तक पहले गिनाये ... से लेकर आत्मा ...

चक्र की कल्पना की। चक्र का अर्थ है—पहिया। पहिए की परिधि को 'नेमि' कहते है। इस परिधि पर ही पहिया घूमता है उसी पर गति करता है। इस सृष्टि चक्र की नेमि, इसकी परिधि प्रकृति है—एक नेमिम्। इस परिधि के तीन वृत् है, तीन लपेट है—त्रिवृतम्। ये तीन लपेट कौन से है? सतोगुण, रजोगुण तथा तमोगुण—ये तीन लपेट प्रकृति पर चढे हुये हैं। पहिया जैसे आगे जाता है दाएं जाता है या बाएं जाता है—इसके तीन मार्ग हैं—त्रिमार्ग भेद, इसी प्रकार सृष्टि चक्र के चलने के निमित्त अर्थात् कारण दो हैं—जीवात्मा के शुभ कर्मों के कारण शुभ फल, अशुभ कर्मों के कारण अशुभ-फल—द्विनिमित्तम्। परन्तु शुभ-अशुभ किसी प्रकार का भी कर्म हो, संसार में मनुष्य जो भी कर्म करता है, सृष्टि चक्र के चलने का मुख्य कारण एक है और वह है-'मोह (Attachment) एकम् मोहम् ।४।

इस सन्दर्भ मे कहा तो बहुत कुछ गया है परन्तु हमने मुख्य-मुख्य बातो का उल्लेख कर दिया है। वे ऋषि इस निष्कर्ष पर पहुच गये कि संसार का चक्र हमारे 'मोह' के कारण ही चल रहा है। 'मोह' हमें शुभ की तरफ भी ले जाता है, अशुभ की तरफ भी, परन्तु इसकी व्यवस्था ब्रह्म द्वारा ही होती है, काल से लेकर जीवात्मा तक—कोई सृष्टि चक्र की व्यवस्था को नही कर सकता, पर ब्रह्म परमात्मा ही इस व्यवस्था का अधिष्ठाता है। काल आदि जड़ हैं, वे व्यवस्था नहीं कर सकते आत्मा स्वयं सुख दु ख भोगता है इसलिए वह भी इस व्यवस्था का अधिष्ठाता नही हो सकता, परमात्मा ही इस व्यवस्था का कारण हो सकता है क्योंकि उसे अपना कुछ लेना-देना नही है।

३ ब्रह्माण्ड में 'चक्र' की तथा पिंड में 'नदी' की कल्पना ★

ब्रह्माण्ड का 'ब्रह्म चक्र' के रूप मे वर्णन करके अब पिंड की एक प्रचण्ड नदी से तुलना करते हैं। जैसे नदी का जल नाना पांच स्रोतो से फूटता है वैसे शरीर रूपी नदी की पांचों ज्ञानेन्द्रियां उसके पांच स्रोत हैं जिनमें से ज्ञान रूपी जल-फूट पड़ता है—पंचस्रोत अम्बुम्, जैसे नदी के स्रोत की योनि उसका कारण पहाड़ होता है, वैसे शरीर रूपी नदी के निर्माण मे पांचो महाभूत उसके उद्गम के पहाड़ हैं— पंचयोनि जैसे नदी का वेग कहीं उग्र, कहीं वक्र हो जाता है वैसे मानव जीवन की प्रवृत्तियां कहीं तीव्र हो जाती है, कहीं टेढे-मेढे मार्गों में चली जाती हैं—उग्र वक्र जैसे नदी मे तरंगें उठा करती हैं वैसे शरीर रूपी नदी में पांचों प्राण उस की तरंगें हैं—पंच प्राण ऊर्मिम्, जैसे नदी ... है वहां से नदी ... मानव जीवन की ... रूप, रस, गन्ध, ... ज्ञान का ही ... अगर ... नदी में कभी ज्वार आ जाता है, बाढ़ आ जाती है, वैसे जीवन रूपी नदी में गर्भ, जन्म, जरा, व्याधि, मरण— इन पांच प्रकार की बाढ़ आ जाती है—पंच दु ख ओघ-वेगाम्।

जैसे नदी को पार करने के पचासो तरीके हैं वैसे जीवन रूपी नदी को पार करने के भी पचासों तरीके हैं—पंचाशद् भेदाम्। ऋषि कहते हैं कि इस जीवन नदी को पार करने के मार्गों का अध्ययन करें—अधीम ।५।

सबको जीवन देने वाले, सबके पालक —सर्व आजीवे, सबको अपने मे धारण करने वाले–सर्वसंस्थ उस महान्— बृहन्ते तस्मिन् ब्रह्म-चक्र मे इस जीव रूपी हंस को कोई घुमा रहा है—हंस भ्राम्यते ब्रह्म चक्रे। जो व्यक्ति अपने को तथा अपने को प्रेरणा देने वाले को पृथक्-पृथक् जान जाता है—पृथक् आत्मान प्रेरितार च मत्वा, वह उसके साथ प्रेम भाव उत्पन्न होने पर पुष्ट हुआ —उससे अमृतत्व प्राप्त कर लेता है—तेन अमृतत्वम् एति ।६।

४ ईश्वर, जीव तथा प्रकृति— इन तीन का वर्णन

जो ऋषि सृष्टि के कारणों के सम्बंध में चर्चा कर रहे थे वे कहते हैं कि हमने जो कुछ गाया वह परम ब्रह्म का गुणानुवाद किया—उद्गीतम् एतत् परम तु ब्रह्म। उस परम ब्रह्म में त्रिगुणात्मक प्रकृति तथा अक्षर जीव सुप्रतिष्ठित हैं—तस्मिन् त्रय सुप्रतिष्ठित अक्षर च। ब्रह्मवेत्ता लोग इन तीनों के परस्पर अन्तर (भेद) को जान लेने पर—अत्र अन्तर ब्रह्मविद विदित्वा—ब्रह्म मे लीन होकर, उस मे रम कर—लीना ब्रह्मणि तत्परा योनि से अर्थात् जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त हो जाते हैं—योनि मुक्ता ।७।

अभी कहा कि सृष्टि मे तीन तत्व हैं—प्रकृति, जीव तथा ईश्वर। इनमे से प्रकृति क्षर भी है अक्षर भी है। 'क्षर' का अर्थ है क्षर जाने वाली, 'अक्षर' का अर्थ है न क्षरने वाली। प्रकृति इन दोनो गुणो से युक्त है—संयुक्त एतत् क्षरम् अक्षरम् च। प्रकृति व्यक्त भी है, अव्यक्त भी है-उसका क्षर रूप व्यक्त है अक्षर रूप अव्यक्त है—व्यक्ताव्यक्तम्। इस क्षर अक्षर तथा व्यक्ताव्यक्त प्रकृति का, विश्व का भरण ईश्वर करता है—भरते विश्व ईश। ईश्वर तो सर्वशक्तिमान् है, ईश है, आत्मा अनीश है—अनीश च आत्मा। वह आत्मा

(शेष पृष्ठ ६ पर)

संसार में हम क्यों आए ?

ले०—श्री परमानन्द जी वानप्रस्थी

आर्य भाइयो ! आज जो अपनी सुन्दरता को देखते हुए घण्टों तक शीशे के सामने से नहीं हटते । इस नाशवान शरीर का खूब शृंगार करते हो । क्या उस समय आपकी खुशियां कहां रहेंगी जब कि यौवन और सुन्दरता की पूर्णमासी की चटक चान्दनी सुन्दर रात्रि ढल कर बुढ़ापे की अमावस्या की काली घोर रात सिर पर आ जाएगी और तुम्हारे सुन्दर मुखड़े पर झुर्रियां पड़ जाएंगी । इतना ही नहीं तुम्हारे कमल जैसे नयन चिड़ियों जैसा घोंसला बन जाएगा । मोती जैसे चमकीले दान्त सदा साथ के साथी एक एक करके तुम्हारे मुख को छोड़ जाएंगे । जवानी के नशे में मतवाले सीना उभार कर चलने वालो की कमर कमान की तरह झुक जाएगी जो लोग बचपन और जवानी को देखते प्यार करते थे वह रास्ता कतराकर चलने लग जाएंगे । उस समय अपने बचपन और जवानी की फोटो मित्रों को दिखाकर कहना पड़ेगा कि हम भी कभी ऐसे होते थे । इसलिए सोचो हम संसार में क्यों आए ? और क्या कर चले । अरे नादान इन्सान ! तुम्हारे जीवन के सब प्रकार के नशों को इस बुढ़ापा उतार देगा जैसाकि मेरे जीवन के बुढ़ापे ने मेरे सब नशे उतार दिए हैं मुझे देखो तो पता चलेगा कि मेरा अब शरीर कैसा बन गया है । मौत की चढ़ाई रहा सहा तेरा नशा उतार देगी सभी पुत्र धन महल कोठियां बैंकों या जमीन में दबे धन को तुम इस प्रकार छोड़ कर चल दोगे । मानो एक पहरेदार सिपाही दूसरे सिपाही को पहरेदार बनाकर अपने घर चल दिया हो । किसी कवि ने खूब कहा है—

चार दिन हैं जानो दौलत का खुमार
मौत की तुरशी नशा देगी उतार ।
जब उठाएंगे जनाजा मित्र के यार
हाथ मल मलकर कहोगे बार बार ।
किस लिए आए थे और क्या कर चले
जो यहां पर जोड़ा वहीं पर धर चले ।

वार्षिक निर्वाचन

आर्य समाज शहीद भगतसिंह नगर जालन्धर का वार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से निम्न प्रकार हुआ—

प्रधान श्री मूलखराज आर्य उप प्रधान डा० जितेन्द्र कुमार अग्रवाल मन्त्री—श्री सुखदेवराज आर्य उपमन्त्री—श्री रणवीर आर्य कोषाध्यक्ष—श्री नरेश कुमार शास्त्री पुस्तकाध्यक्ष—श्री सुदर्शन कुमार आर्य अन्तरंग सदस्य श्री हरीश कुमार ।

-मन्त्री

—

56वां वार्षिकोत्सव

आर्य समाज (अनारकली) मन्दिर मार्ग नई दिल्ली का ५६वां वार्षिकोत्सव इस वर्ष आगामी ८ से १० नवम्बर तक बड़ी धूमधाम के साथ मनाने की जोरदार तैयारियां आरम्भ कर दी गई हैं ।

आर्य समाज (अनारकली) द्वारा प्रसारित एक विज्ञप्ति के अनुसार वार्षिकोत्सव से पूर्व ३ ११ ८० से ८ ११ ८० तक प्रातः ८ से ८.३० बजे तक सुप्रसिद्ध भजनोपदेशकों के भजन तथा सायं ८.३० से ९.३० बजे तक आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान पण्डित शिवकुमार शास्त्री (भूतपूर्व संसद सदस्य) द्वारा वेद कथा तथा दैनिक रूप से प्रातः ६.३० से ८.३० बजे तक पण्डित दयाराम जी शास्त्री द्वारा यजुर्वेद पारायण यज्ञ होगा ।

इस यज्ञ की पूर्णाहुति ९ ११ ८० रविवार को प्रातः ७.३० बजे होगी । इसी दिन दोपहर ? बजे महर्षि लंगर का भी आयोजन किया गया है ।

इसी अवसर पर १० ११ ८० को दोपहर १२ बजे से सायं ३ बजे तक स्त्री आर्य समाज का भी वार्षिकोत्सव सम्पन्न होगा ।

आर्य समाज (अनारकली) नई दिल्ली के मन्त्री श्री रामनाथ सहगल ने इस कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए समस्त आर्यजनों का आह्वान किया है ।

(प्रचार विभाग दिल्ली)

—

श्री श्यामलाल जी का निधन

आर्य समाज सामाना के प्रधान श्री श्यामलाल जी का निधन २८ ९ ८० को हो गया है । आप एक दानवीर व्यक्ति और आर्य समाज की रीढ़ की हड्डी थे । आप तन मन धन से आर्य समाज की सेवा करते थे । आप म्युनिसिपल कमिश्नर भी रहे । श्री श्यामलाल जी के निधन से आर्य समाज को बड़ा धक्का लगा । उनकी शव यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया । वैदिक रीति से अन्तिम संस्कार हुआ ।

हम सभी आर्य बन्धु परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वह उस दिवंगतात्मा को सद्गति प्रदान करे और उनके सारे परिवार को इस महान् दुःख सहन करने की शक्ति दें ।

—परमानन्द वानप्रस्थ

आर्य्य-ध्वज-गीत

(ध्वजारोहण के अवसर पर गाया जाने वाला ध्वज गीत
यह गीत सभी आर्य बन्धुओं को कण्ठस्थ होना चाहिए)

जयति ओम ध्वज व्योम विहारी ।
विश्व प्रेम प्रतिमा अति प्यारी । जयति० ।
सत्य सुधा बरसाने वाला स्नेह लता सरसाने वाला ।
साम्य सुमन विकसाने वाला विश्व विमोहक भवभय हारी ॥
। जयति० ।
इसके नीचे बढ़ अभय मन सत्पथ पर सब धर्म धुरी जन ।
वैदिक रवि का हो शुभ उदयन आलोकित होवे दिशि सारी ।
। जयति० ।
इससे सारे क्लेश शमन हो दुर्मति दानव द्वेष दमन हो ।
अति उज्ज्वल अति पावन मन हो प्रेम तरंग बहे सुखकारी ।
। जयति० ।
इसी ध्वजा के नीचे आकर ऊंच नीच का भेद भुला कर ।
मिले विश्व मुद मंगल गा कर पाखण्ड बिसारी
। जयति० ।
इसी ध्वज को लेकर कर में भर दें वेद ज्ञान घर घर में
सुभग शान्ति फैले जगभर में मिटे अविद्या की अंधियारी ।
। जयति० ।
विश्व प्रेम का पाठ पढ़ाएं सत्य अहिंसा को अपनाएं ।
जग में जीवन ज्योति जगाएं त्यागपूर्ण हो वृत्ति हमारी ।
। जयति० ।
आर्य जाति का सुयश अक्षय हो आर्य ध्वजा की अविचल जय हो ।
आर्य जनों का ध्रुव निश्चय हो आर्य बनावें वसुधा सारी ।
। जयति० ।

—

धनु पर वाण चढ़ाओ

ले०—श्री राधश्याम आर्य एडवोकेट

फैली भू पर वृत्ति राक्षसी रावण के युग जैसी ।
राम राज्य के वांछित नाम पर बनुज व्यवस्था कैसी ।
आज दिशाओं में होता है दानवता का ही उद्घोष ।
नहीं दिखाई देता किंचित भी हमको अब अपना दोष ।
आज हमारे अन्तर को अति स्वार्थवाद ने घेरा है ।
मानव उर में असुर वृत्तियों का ही भरा अन्धेरा है ।
कण कण से उठ रहा यहां है दीनों का दारुण क्रन्दन ।
होता भारत की धरती पर दानवता का अभिनन्दन ।
उठो ! राम के सच्चे वंशज धनु पर वाण चढ़ाओ ।
एक नहीं लाखों रावण हैं निर्भय मार गिराओ ।

लुधियाना ... के सत्संग

वेद प्रचा... ...र से ... सत्संग ... किया जाता है। ... मे श्री श्री दुनीचन्द जी के ... मुहल्ला ताजगन्ज, श्री० देसराज जी बोहरा, अस्पताल रोड श्री महेन्द्र कुमार जी न्यू शिवाजी नगर श्री ओम्प्रकाश जी महाजन माडल ग्राम, श्री ज्ञान चन्द जी भगत हबीब गन्ज श्री ज्ञानचन्द जी आर्य इकबाल गन्ज, श्रीमती शान्तिदेवी वर्मा, बुढ़ढ मुहल्ला, मे पारिवारिक सत्संग सम्पन्न हुये जिसमे प्रो० वेदव्रत जी, प० ओमपाल शास्त्री जी श्री रूपलाल जी, के मधुर उपदेश हुये, और ... कुलभूषण आर्य तथा श्री राम प्यारे आर्य के प्रभु भक्ति के भजन हुये। जनता पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा।

—मायानन्द आर्य

—

वेद सप्ताह सम्पन्न

आर्य समाज साबुन बाजार का वेद सप्ताह सम्पन्न हुआ, यज्ञ की पूर्णाहुति ५ १०-८० को प्रात १० बजे हुई। श्री प० रामदेव जी, श्री डा० बालकृष्ण जी शास्त्री, प० वेद प्रकाश जी पाठक, प० मदनगोपाल शास्त्री के उपदेश हुए। श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा, श्रीमती राजेश्वरी वर्मा श्री कृपाराम, श्री मदनमोहन और ब० महेश के प्रभावशाली भजन हुए।

श्री प्रि० दत्त जी, श्री प्रि० डो० पी० टण्डन प्रि० शारदादेवी जी, प्रि० भगवती भल्ला, स्त्री आर्य समाज, आर्य युवक सभा आर्य समाज दाल बाजार माडल टाऊन और फील्डगंज के बहुत से आर्य बन्धुओ ने इस कार्यक्रम मे पूर्ण सहयोग दिया।

— डा० वासिया मन्त्री

निर्वाण शताब्दी

१-१२-८० से ७-१२ ८० तक गुरुकाल मे समारोह पूर्वक महर्षि दयानन्द निर्वाण शताब्दी मनाई जा रही है।

समारोह के मुख्य आकर्षण

यजुर्वेद पारायण यज्ञ ... संस्कार, वेद सम्मेलन, राष्ट्र ... सम्मेलन, महाकवि सम्मेलन, ... साहित्य, महिला सम्मेलन, ... मे दल द्वारा वेद प्रचार, मुफ्त महर्षि जीवन वितरण, हरियाणा प्रान्तीय आर्य वीर दल का प्रतिनिधि सम्मेलन।

+ विशाल शोभा यात्रा होगी +

इस अवसर पर आर्य जगत के सुप्रसिद्ध सन्यासी, महात्मा, विद्वान्, विदुषी देवियां और राष्ट्रीय नेता पधार कर ... को ... करेंगे।

अत आप से प्रार्थना है कि तन, मन, धन से सहयोग देकर इसे सफल बनाएं तथा स्वागत समिति के सदस्य बनें।

—रामचन्द्र आर्य
बसन्तराय स्वागतकर्ता

—

दशहरा ... में आर्य युवक सभा लुधियाना की ओर से आयोजन

दिनाक १९-१०-८० को आर्य युवक सभा लुधियाना की ... से दशहरा ग्राऊंड में निम्न कार्यक्रम सम्पन्न होगा—

साढ़े ११ से साढ़े १२ बजे तक हवन-यज्ञ प० ओमपाल जी शास्त्री।

साढ़े १२ बजे ... द्वारा श्री वेदप्रकाश की पूजा।

१ से २ बजे तक ... वेद प्रवचन द्वारा प्रो० वेदव्रत जी वेदालंकार।

२ बजे से शाम तक ... की ... कराई जाएगी।

—... मन्त्री लुधियाना

बरवाला मे पारिवारिक सत्संग

दिनांक ५-१०-८० रविवार को ... पास ... एडवोकेट ... आर्य हाई स्कूल बरवाला के घर पर पारिवारिक साप्ताहिक सत्संग हुआ। जिसमें डा० ... आर्य समाज ने मनोहर प्रवचन किया। हाजरी अच्छी थी, प्रोग्राम सफल रहा।

... आर्य

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

सम्पादक-वीरेन्द्र एम ए प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, गुरुदत्त भवन, कृष्णपुरा चौक जालन्धर, दूरभाष—७४२५०

वार्षिक मूल्य १५) वर्ष १३, अंक ४० ११ कार्तिक सम्वत २०३७ तदनुसार २६ अक्तूबर १९८०, दयानन्दाब्द १५५

सम्प्रदायिक राष्ट्र विरोधी विघटनकारी शक्तियों से सावधान

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री वीरेन्द्र जी का वक्तव्य

26 अक्तूबर को सभी आर्य समाजें "एकता दिवस" मनाएं

कुछ सम्प्रदायिक राष्ट्रविरोधी और विघटनकारी शक्तियां फिर से अपना सिर उठाने लगी हैं। पिछले दो मास में उत्तर प्रदेश कश्मीर और कुछ दूसरे प्रान्तों में जो कुछ हुआ है उसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। समय आ गया है कि वह सब शक्तियां जो इस देश के संगठन एकता और सुरक्षा में विश्वास रखती हैं इन विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए तैयार हो जाएं। यह काम केवल सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता। जनमत इसके लिए संगठित करने की आवश्यकता है ताकि यह स्पष्ट कर दिया जावे कि इस देश की एकता और संगठन को किसी प्रकार भी शिथिल करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

पंजाब में कुछ अकालियों ने दो कौमों के सिद्धान्त को फिर से प्रतिपादित करके यह कहना शुरू कर दिया है कि हिन्दू और सिख दो राष्ट्र हैं। मुहम्मद अली जिन्नाह के पद चिह्नों पर चलते हुए उन्होंने खालिस्तान का भी एक लक्ष्य अपने सामने रख लिया है। प्रान्तीय स्वायत्तता के नाम पर वह पंजाब का एक और विभाजन चाहते हैं। उनके एजेन्ट दूसरे देशों में जाकर इस हमारे देश के विभाजन के लिए प्रचार कर रहे हैं। यह एक ऐसी स्थिति है जिसका सामना करने के लिए वह सब व्यक्ति और संस्थाएं एक हो जावें जो अपने देश के संगठन और उसकी एकता की सुरक्षा करना चाहते हैं। आर्य समाज ने देश की स्वाधीनता के संग्राम में एक विशेष योगदान दिया था। इस लिए अब वह इस नई परिस्थिति का मौन रह कर देख नहीं सकता। कुछ अकाली हमारे इस प्रान्त के सामान्य जीवन को नष्ट कर देना चाहते हैं। आर्य समाज का यह अटल विश्वास है कि एक देश में एक ही राष्ट्र हो सकता है इसलिए यह दो राष्ट्रों के सिद्धान्त को अस्वीकार करता है। उसका यह भी निश्चित मत है कि भारत में एक राष्ट्र एक विधान और एक राष्ट्रीय ध्वज रह सकता है। जो व्यक्ति दो राष्ट्रों का नारा लगा रहे हैं उनके साथ वही व्यवहार होना चाहिए जो विदेशियों के साथ होता है। यदि वह अपने आपको भारतीय राष्ट्र का एक अंग नहीं समझते तो यही उचित रहेगा कि वह इस देश को छोड़ कर किसी ऐसे देश में चले जायें जहां वह अपने विधान द्वारा शासन चला सकते हैं। हमारे देश में ऐसे व्यक्तियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। पंजाबी सूबा बनने के पश्चात हम यह समझ रहे थे कि अकालियों की ओर से अब कोई मांग नहीं की जायेगी। परन्तु अब खालिस्तान का नारा लगा कर और दो राष्ट्रों के सिद्धान्त को पेश कर के उन्होंने बता दिया है कि उन पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

इसलिए आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब इस देश की सब राष्ट्रीय शक्तियों को आह्वान करती है कि वे हमारे देश की एकता और संगठन के लिए जो यह नया संकट पैदा हो रहा है उसे रोकने के लिए कटिबद्ध हो जाएं।

इसी के साथ आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब सभी आर्य समाजों को यह आदेश देती है कि रविवार २६ अक्तूबर को एकता दिवस मनायें और उस दिन उस षड्यन्त्र को जनता के सामने उसके वास्तविक रूप में रखें जो हमारे राष्ट्र और हमारे देश की एकता और संगठन के विरुद्ध किया जा रहा है। हमें यह बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहिए कि हम किसी भी अवस्था में दो कौमों के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करते और प्रत्येक रूप में इसका विरोध करेंगे।

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए?

राष्ट्रपति को पंजाब में हिन्दी का सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं? यदि नहीं किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज में जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें।

— वीरेन्द्र

श्वेताश्वतरोपनिषद् कथा माला

ईश्वर, जीव तथा प्रकृति—इन तीनों का वर्णन

ले०—श्री सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार दिल्ली

ज्ञ और अज्ञ ये दो अजे हैं अजन्मा—ज्ञ—अज्ञौ द्वौ अजौ। इन में से ज्ञ—अर्थात् ज्ञानमय जो ईश है परमात्मा है अज्ञ अर्थात् ज्ञानरहित जो है वह अनीश है जीवात्मा है। इन दो अजो के अतिरिक्त एक तीसरा है अजा अजा हि एका जो भोक्ता के भोग्य के लिए लगी हुई है—भोक्तृ भोग्यार्थयुक्ता। इस प्रकार तीन अज अर्थात् अजन्मा हैं एक परमात्मा है जिसे ज्ञ कहा ईश कहा दूसरा अज जीवात्मा है। जिसे अज्ञ कहा अनीश कहा तीसरी प्रकृति है जिसे स्त्रीलिंगी होने के कारण अजा कहा जीवात्मा की भोग्य कहा इन तीनो में जो अनन्त है विश्व रूप है प्रकृति का भोग नहीं कर रहा अकर्ता है वह परमात्मा है अनन्त च आत्मा विश्वरूपा हि अकर्ता जब ज्ञानी इन तीनो को अपने अपने रूप मे जान लेता है—त्रय यदा विन्दते—तब समझ लो कि ब्रह्म के यथार्थ रूप को जान लिया—ब्रह्म एतत ॥९॥

इस सन्दर्भ से स्पष्ट प्रतीत होता है कि श्वेताश्वतर उपनिषद् के ये ब्रह्मज्ञानी जो सृष्टि के कारणो के विवेचन की चर्चा कर रहे हैं सृष्टि चक्र के तीन कारण मानते हैं ईश्वर जीव तथा प्रकृति।

प्रधान अर्थात् प्रकृति क्षर है क्षर जाने वाली है क्षर प्रधानम् हर अर्थात् परमेश्वर अक्षर है क्षर जाने वाला नहीं है अमृत है—अमृता- क्षर हर। क्षर (प्रकृति प्रकृति) तथा आत्मा इन दोनो पर स्वामित्व उसी एक देव परमात्मा का है क्षरात्मानी ईशते देव एक। उसी देव के ध्यान से—तस्य अभिध्यानात उसके साथ अपना सम्बन्ध जोड़ देने से- योजनात अपने को उसी मे मिटाकर उसमे लीन हो जाने से—तत्वभावात तत्पश्चात—भूय अन्ते म- शे यह आत्मा विश्व माया के बन्धनो से छूट जाता है—विश्वमाया नवति ॥१०॥

उस परमात्म देव को जानकर—ज्ञात्वा देवम् संसार के अविद्या क्लेशादि सब बन्धन छूट जाते हैं सर्वपाशाप हानि अविद्या क्लेशादि के छूट जाने से जन्म मृत्यु का चक्र छूट जाता है—क्षीणै क्लेशैः जन्म मृत्यु प्रहाणि। उसे जान लेना ही पर्याप्त नहीं है जान लेने के बाद उसका ध्यान करते रहने से एक तीसरी अनुभूति प्राप्त होती है—तस्य अभिध्यानात तृतीय। वह तृतीय अनुभूति क्या है? परमात्मा मे ध्यान लग जाने से मनुष्य अपने को देह से भिन्न अनुभव करने लगता है देहभेदे। देह से भेद अनुभव करने पर क्या होता है? देह से अपने को भिन्न अनुभव करने पर सब ऐश्वर्य प्राप्त हो जाते हैं—विश्वैश्वर्यम मनुष्य अनुभव करने लगता है कि वह ऐश्वर्यादि गुणो को जान है उसे संसार असार दीखने लगता है। अब तक वह प्रकृति के साथ बंधा हुआ था अब प्रकृति के बन्धन से छूट कर वह अपने केवल स्वरूप मे आ जाता है—केवलम। अब उसे विषयो मे भटकाने वाला कोई नहीं रहता वह आप्तकाम हो जाता है—आप्तकाम ।११

वह देव जिसको जान लेने से मनुष्य आप्तकाम हो जाता है कहां है? वह देव कहीं दूर नहीं वह सदा अपने भीतर ही विराजमान रहता है यह जान लो एतत् ज्ञेयम् नित्यम् एव आत्म संस्थम उसे जान लेने के बाद और कुछ जानने के लिये नहीं रहता न अत पर वेदि तव्य हि किंचित। यह जानकर कि जीवात्मा भोक्ता है प्रकृति भोग्य है और परमेश्वर प्रेरक है—भोक्ता भोग्य प्रेरितार च मत्वा यह समझ यह समझ लो कि ब्रह्म के विषय मे जो तीन बातें कही जा सकती थी कह दी गई—सर्व प्रोक्तम त्रिविध ब्रह्म एतत। यामेरे लिए ब्रह्म का यही रूप है—ब्रह्म मे तत ॥१२।

जिस प्रकार अग्नि अपने मूर्त या व्यक्त रूप को छोड़कर अपने कारण अमूर्त या अव्यक्त रूप में चली जाय—अग्नि यथा योनिगतस्य तो उसका मूर्त रूप नहीं दीखता—मूर्ति न दृश्यते, परन्तु उसका कोई-न कोई चिन्ह बना रहता है जिससे हम जान सकते हैं कि वहाँ अग्नि थी—न एव च लिंगनाश उस अग्नि को फिर कारण इन्धन से हम फिर-से ग्रहण कर सकते हैं—स भूय एव इन्धनयोनि: गृह्य इसी प्रकार आत्मा तथा परमात्मा का अमूर्त है—तद् वा उभयं वै, ओंकार से—प्रणवेन इस देह में ग्रहण किये जा सकते हैं—देहे ॥१३॥

अपने देह को नीचे की अरणि और प्रणव को ऊपर की अरणि बना कर—स्व देह अरणि कृत्वा प्रणव च उत्तरारणि ध्यान की रगड़ के अभ्यास से- ध्यान निर्म थन अभ्यासात् अपने अन्तःकरण के भीतर निगूढवत विद्यमान परमात्म-देव का दर्शन करे देव पश्येत् निगूढवत -अर्थात जैसे अरणियों में अग्नि निगूढ है वैसे विश्व मे परमात्म देव निगूढ है ॥१४॥

जिस प्रकार तिलो में तेल तिलेषु तैलम दही मे घृत दधिनि इव सर्पि स्रोतो मे जल आप स्रोतःसु अरणियो मे अग्नि विद्यमान रहती है अरणीषु च अग्नि इसी प्रकार इस परमात्मा को आत्मा मे ग्रहण किया जाता है एव आत्मा आत्मनि गृह्यते असौ। परन्तु यह दीखता सत्य और तप की रगड़ से है—सत्येन एनम तपसा च अनुपश्यति। १५॥

सर्वव्यापी परमात्मा को इस प्रकार जाने सर्वव्यापिनम आत्मानम जैसे दूध में घृत व्याप रहता है -क्षीरे सर्पि इव अर्पितम। इस आत्म विद्या का मूल तप है बिना तप के आत्म विद्या प्राप्त नहीं होती आत्मविद्या तपोमूलम। यही परम ब्रह्मोपनिषद् है तद् ब्रह्मो पनिषत्परं यही परम ब्रह्मोपनिषद् है—तद् ब्रह्मोपनिषत्पर इति। १६॥

इस उपनिषद् के प्रथम अध्याय मे सृष्टि के कारणो का विवेचन करते हुए काल स्वभाव नियति यदृच्छा भूत महाभूत स्त्री पुरुष इनका संयोग-इन सब पर विचार करतेहुए इनसबका निरा करण कर दिया है और अन्त मे परमेश्वर को ही सृष्टि का कारण माना है। जो जिज्ञासु सृष्टि पर विचार कर रहे हैं उनका निश्चय यह है कि सृष्टि एक चक्र की तरह चल रही है जीवन नदी है एक प्रवाह की तरह बह रहा है। सृष्टि चक्र तथा जीवन प्रवाह मे तीन तत्त्व हैं जो नित्य हैं। वे हैं ईश्वर जीव तथा प्रकृति। इन तीनो को अज संज्ञा दी गई है। अज का अर्थ है—न जायते इति अज जो उत्पन्न नहीं होता वह अज है। क्योंकि ये तीनों उत्पन्न नहीं होते इस लिए ये तीनों अज होने के कारण अनादि हैं, इनका कोई आदि नहीं। ब्रह्म-ज्ञान का अर्थ है—इन तीनों के भेद को समझ लेना। इन तीनों में भेद यह है कि जीवात्मा भोक्ता है प्रकृति भोग्य है परमेश्वर इन दोनों को प्रेरणा देने वाला है—भोक्ता प्रेरितार च मत्वा। इनमें प्रकृति भोग्य है क्षर है क्षर जाती है परमात्मा तथा जीवात्मा अक्षर है क्षरने वाले नहीं। प्राकृतिक प्रलोभनों के कारण जब रस रूप स्पर्श के भोग के साथ बंध जाने के कारण हम प्रकृति के पाशों से बंध जाते हैं—अनीश च आत्मा बध्यते भोक्तृ भावात् प्रकृति से अपने सम्बन्ध को तोड़ देना ही इन पाशों से मुक्त होने का रास्ता है—ज्ञात्वा देव मुच्यते सर्वपाशैः। आत्मा के जानने की बात यह है कि प्रकृति जड़ है आत्मा तथा परमात्मा चेतन हैं। आत्मा जड़ के साथ अपनी एकता स्थापित करेगा तो उसमें प्रकृति के राग द्वेष कलह क्लेश आदि गुण आ जायेंगे परमात्मा के साथ अपनी एकता स्थापित करेगा तो उसमें सच्चिदानन्द ईश्वर के गुणो की अभि व्यक्ति होगी। परमात्मा सर्वत्र है परन्तु उसे पाने के लिए दूर जाने के स्थान में अपने भीतर ही उसे देख लेना सुगम है। यह काम प्रणव द्वारा परम देव के ध्यान से हर किसी के लिये सम्भव है। जैसे तिलो मे तेल दूध मे घी स्रोतो मे जल अरणि में अग्नि विद्यमान है उसे प्रकाश में लाने की जरूरत है वैसे हमारे भीतर ही परमात्म देव विद्यमान हैं ध्यान द्वारा उस तक पहुंचा जा सकता है।

(क्रमश)

घर घर मे वेद पाठ की योजना

चण्डीगढ़ मे पूर्णिमा के उप लक्ष मे वेद गोष्ठी पूर्णिमा वेदिष्ट यज्ञ आदि कार्यक्रम श्री देव राज शर्मा के गृह निवास मे सम्पन्न हुआ। जिसमें पद्मानु राय आर्य मन्त्री विश्व वेद परिषद् ने घोषणा की कि हमने प्रत्येक घर में वेद पाठ प्रारम्भ कराने हैं।

प्रिंसिपल बालकृष्ण दीवान वेदालंकार ने वेदो के अनेक मन्त्रो से परमेश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हुए स्तुति प्रार्थना और उपासना की व्याख्या बड़े सुन्दर और रोचक ढंग से प्रस्तुत की पुराने आर्य समाजी वयो-वृद्ध श्री चादी राम शर्मा (अबोहर) ने विश्व वेद परिषद् के इस कार्य की सराहना की।

श्री शर्मा जी ने परिषद् को वेद प्रचार के लिये १०१ रुपये भेंट किये। और चारो वेदो का सैट भी मंगवाया।

सम्पादकीय—

आर्य समाज और राष्ट्र-विरोधी शक्तियां

पिछले दो तीन मास मे हमारे देश मे जो कुछ हुआ है कोई भी राष्ट्रवादी व्यक्ति उस की अवहेलना नही कर सकता। उत्तर प्रदेश कश्मीर और कुछ दूसरे प्रान्तो मे ऐसी स्थिति उत्पन्न करने का प्रयत्न किया गया जो आगे चल कर हमारे देश के संगठन उसकी एकता और सुरक्षा के लिए एक बहुत बड़ा संकट बन सकती है। आसाम नागालैण्ड मणिपुर अरुणाचल मेघालय और दूसरे क्षेत्रो मे ईसाई पादरियो के प्रोत्साहन से कुछ राष्ट्रविरोधी शक्तियो ने फिर से सिर उठाना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश और कश्मीर में कुछ मुसलमानो ने विदेशी शक्तियो के इशारे पर अत्यन्त ही गम्भीर स्थिति पैदा कर दी है। पंजाब मे अकालियो ने यह कहना शुरू कर दिया है कि हिन्दू और सिख दो राष्ट्र हैं। इसलिए पंजाब मे अकालियो को कुछ और अधिकार दिए जाए। उनमे से कुछ ने खालिस्तान नाम के एक नए देश का भी नारा लगा दिया है कहने का अभिप्राय यह कि देश के भिन्न २ प्रदेशो में यह सम्प्रदायिक राष्ट्र विरोधी शक्तियां फिर से सिर उठा रही हैं। ऐसे समय मे उन सब व्यक्तियो उन सब संस्थाओ का कर्तव्य हो जाता है कि वह अपने संगठन को और अधिक सुदृढ बना कर इन विघटनकारी शक्तियो की चुनौति को स्वीकार करें। आर्य समाज ने देश की स्व० तन्त्रता के संघर्ष के समय अपना एक विशेष योगदान दिया था। उस स्वाधीनता के लिए उसने केवल हजारो व्यक्तियो को जेलो में ही नहीं भिजवाया था अपितु कुछ युवको का बलिदान भी दिया था। इसलिए इस देश की एकता और स्वाधीनता की रक्षा करने का उत्तर दायित्व आर्य समाज पर किसी दूसरी संस्था से कम नही है। पंजाब मे स्थिति इसलिए भी गम्भीर है कि अकाली सदा ही आर्य समाज के विरोधी रहे हैं। एक नया खालिस्तान बनने की तो कोई सम्भावना नही है परन्तु इस प्रकार के प्रचार से लोगो की भावनाओं को तो भड़काया जा सकता है। जिन दिनो अकाली पंजाबी सूबा के लिए आन्दोलन कर रहे थे उन दिनो भी उन्होने सिखो की भावनाओ को भड़काने का कुछ कम प्रयास न किया था। आर्य समाज ने पंजाबी सूबा का विरोध किया था। हमारे भू० पू० प्रधानमन्त्री स्व० पंडित जवाहर लाल नेहरू पंजाबी सूबा की मांग के बहुत अधिक विरोधी थे उनका कहना था कि यह एक साम्प्रदायिक मांग है। यदि इसे स्वीकार कर लिया गया तो साम्प्रदायिक शक्तियो को प्रोत्साहन मिलेगा। जब तक वह जीवित रहे उन्होने पंजाबी सूबा न बनने दिया था। उनके पश्चात किसी कारण से श्रीमती इन्दिरा गान्धी ने अकालियों की यह मांग स्वीकार कर ली। आर्य समाज यद्यपि पंजाबी सूबा का विरोधी था परन्तु जब एक बार यह बन गया तो यह समझ कर कि इसके बाद अकाली और कोई मांग नहीं करेंगे आर्य समाज ने पंजाबी सूबा को भी स्वीकार कर लिया। परन्तु अब अकालियो ने नई मांग शुरू कर दी है। कभी कहते हैं उन्हें कुछ और अधिकार चाहिए। कभी सिख होमलैण्ड की बात करते हैं कभी खालिस्तान की। जिस का अभिप्राय यह मालूम होता है कि पंजाबी सूबा को एक सीढी बना कर वह कुछ और ऊपर चढना चाहते हैं। भारत सरकार इस नई स्थिति का किस प्रकार से सामना करती है इस विषय मे अभी कुछ कहना कठिन है। परन्तु कुछ ऐसी समस्याए भी होती हैं जिन का समाधान केवल सरकार पर नहीं छोडा जा सकता। जन मत को उस समय संगठित करने की आवश्यकता होती है और यदि इससे भी ज्यादा आवश्यकता पड़े तो एक संघर्ष के लिए भी तैयार रहना चाहिए पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों मे आर्य समाज के अतिरिक्त और कोई ऐसी संस्था नहीं जो जनमत का भी संगठित कर सके और एक संघर्ष के लिये भी तैयार कर सके। ऐसा करते समय हमे यह स्पष्ट कर देना चाहिये कि हमारा सिक्खो के साथ कोई संघर्ष नही है। हमारा मतभेद केवल उन अकालियो के साथ है जो हमारे राष्ट्र की एकता को छिन्न भिन्न करना चाहते हैं। अकाली यदि इस देश को अपना देश नही मानते और अपने आप को भारतीय राष्ट्र का एक अंग नहीं मानते तो वह अपने लिए किसी ऐसे देश मे जगह ढूंढ सकते है जो उन्हें एक दूसरा राष्ट्र स्वीकार करने को तयार हो।

यदि आर्य समाज ने इस संघर्ष मे अपने देशवासियो का नेतृत्व करना है तो यह भी आवश्यक है कि वह अपने आप को संगठन करें इसलिए आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब से सम्बन्धित सब आर्य समाजो को यह आदेश दिया जा रहा है कि वह रविवार २६ अक्तूबर को एकता दिवस मनाए। अपने देशवासियो को बताए कि आज हम एकता को कितनी आवश्यकता है और जो व्यक्ति दो राष्ट्र की बात कर रहे हैं वह किस प्रकार देश की एकता को छिन्न भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। आर्य समाज एक शक्तिशाली और जीती जागती संस्था है ऐसे संकट के समय वह ही इस चुनौती को स्वीकार कर सकती है। इसलिए देश की एकता को छिन्न भिन्न करने के लिए आज जगह २ विशेषकर पंजाब मे जो प्रयत्न हो रहे हैं हम उन्हे किसी भी स्थिति मे सफल नही होने देंगे। इसलिए मेरा पंजाब की सब आर्य समाजो के अधिकारी महानुभावो से यह निवेदन है कि वह २६ अक्तूबर को एकता दिवस मनाए और जनमत को संगठित करते हुए जनता को उन विघटनकारी शक्तियो का मुकाबला करने के लिए तैयार करें। जो पाकिस्तान बनने के पश्चात अब एक और विभाजन करना चाहती हैं।

—वीरेन्द्र

सभा प्रधान श्री वीरेन्द्र जी को 502 रु. की थैली भेंट

आर्य समाज बस्तीशेख के प्रधान श्री तेजराम जी ने अपने निवास स्थान पर निरंतर १३ से १९ अक्तूबर तक बृहद यज्ञ का आयोजन किया था यह यज्ञ सभा के सुयोग्य महोपदेशक श्री पं० रामनाथ जी सि० विशारद ने सम्पन्न कराया आर्यभजनोपदेशक श्री तुलसीदेव जी के मनोहर भजन होते रहे सभा उपमन्त्री श्री सरदारी लाल जी आर्य तथा के सीय आर्य सभा के अनेक प्रमुख बन्धुओं ने इस समारोह को सफल बनाने का सराहनीय कार्य किया। पूर्णाहुति वाले दिन मान्य सभा प्रधान जी को आमन्त्रित कर सम्मानित किया गया तथा ५०२ रुपए की थैली वेदप्रचारार्थ भेंट की गई। सभा सभी आर्य बन्धुओं का हार्दिक धन्यवाद करती है।

आर्यसमाज जण्डियाला गुरु का वार्षिक उत्सव

अपने वार्षिक उत्सव पर इस छोटे से समाज ने जिस संगठन और प्रचार के प्रति श्रद्धा और लगन का परिचय दिया है। वह अत्यन्त सराहनीय है। १३ अक्तूबर से लेकर इस समाज मे प्रातः और सायं दोनो समय मान्यवर पं० जगदीशचन्द्र जी वसु विद्यावाचस्पति तथा श्री श्यामसिंह जी हितकर भजन मण्डली के द्वारा प्रभावशाली ढंग से प्रचार होता रहा। उत्सव के दिनो मे श्री पं० सुभाषचन्द्र जी शास्त्री सिद्धान्त शिरोमणि और श्री पं० ओम्प्रकाश जी आर्य कार्यालयाध्यक्ष सभा की ओर से सम्मिलित हुए। अमृतसर से वानप्रस्थी मथुरादास जी भी पधारे हुए थे। उत्सव के पश्चात सभा को ५०१) रुपया वेद प्रचारार्थ बड़ी श्रद्धा के साथ भेंट किया गया।

ओम्प्रकाश आर्य
कार्यालयाध्यक्ष

सन्ध्या कथा—

मनसा परिक्रमामंत्र

ले०—श्री सुरेशचन्द्र जी वेदालंकार एम० ए० एल० टी० १७५
जाफरा बाजार गोरखपुर

आचमन मंत्र के पश्चात पुनः आचमन मंत्र पढ़कर तीन बार आचमन करने का विधान है। इस आचमन के पश्चात् मनसा परिक्रमा के मंत्रो से सर्वव्यापक परमात्मा की स्तुति प्रार्थना करें संस्कार विधि गृहस्थ प्रकरण में लिखा है इन मंत्रो को पढ़ते जाना और अपने मन से चारो ओर बाहर भीतर परमात्मा को पूर्ण जानकर निर्भय निःशंक उत्साही आनन्दित पुरुषार्थी रहना।

मनुष्य पाप में इस लिए प्रवृत्त होता है कि वह समझता है उस कुकर्म करते हुए कोई देख नहीं रहा है। वह पाप करने से नहीं डरता उसे पापी कहलाने से डर लगता है। उसे यदि परमेश्वर की सर्वव्यापकता का बोध हो जाए और वह समझने लगे कि सर्वद्रष्टा की आंख हमें सर्वथा देख रही है तो वह पाप करने से बच सकता है। सन्ध्या अथवा भगवद्भक्ति वह सुरम्य सरोवर है जहां नित्य स्नान करने से सांसारिक वायु के झोंको से बेसुध हुए मनुष्य के अन्तःकरण में सर्वव्यापक प्रभु की स्मृति जागृत हो सकती है। सन्ध्या अथवा भगवद्भक्ति से ही प्राची दक्षिणा प्रतीची उदीची ध्रुवा ऊर्ध्वा आदि सब दिशाओं में तथा द्युलोक पृथ्वी लोक तथा अन्तरिक्ष लोक में व्याप रहे विश्वात्मा की अनुभूति हृदय में निरंतर स्थापित हो सकती है। इस अनुभूति के हृदय में स्थापित हो जाने पर न शैतान की फुसलाहट विचलित कर सकती है और न सैकड़ों आक्रमणकारी फौजें ही व्यक्ति को परास्त कर सकती है

मनसा परिक्रमा का अर्थ है मन के द्वारा परिक्रमा। मन के विषय में कहा जाता है कि मन बन्दर के समान है। बन्दर कितना उछलता कूदता है कभी चैन से नहीं बैठता—इस शाखा से उस शाखा से अन्य शाखा पर। हम प्रभु का ध्यान करने को आसन लगा कर बैठे है परन्तु यह मन उस समय देश विदेशों की यात्रा कर रहा होता है कभी होटल के मिष्ठान्न तो एक चाट आदि में रम रहा होता है किसी दुकान में पहुंच कर अपनी प्रेयसी के लिए सुन्दर वस्त्रों को देख रहा होता है कभी उसके साथ भ्रमण का आनन्द ले रहा होता है। यजुर्वेद ३४ वें अध्याय में शिव संकल्प के ६ मन्त्रों में मन को अत्यन्त चंचल बतलाया है। महाबलवान बताया गया है और इसे हठी भी कहा गया है। कभी यह राज्य का प्रलोभन देकर गुलामी कराता है। कभी धन की ध्वनि सुना कर धनिको के पैर दबवाता है। कभी ऐश्वर्य का लालच दिखलाकर घास कटवाता है और किसी को सिद्धि में फंसा कर पानी भर वाता है। सचमुच बड़ा चंचल है मन। शंकराचार्य ने अपनी प्रश्नोत्तरी में कहा है जगत् केन जितम् संसार को किसने जीता? येन मनो जितम् जिसने मन को जीत।

मन की इस स्वच्छन्द दौड़ को समाप्त कर उसे विशेष ढंग की परिक्रमा कराना मनसा परिक्रमा मन्त्रों का लक्ष्य है। इस परिक्रमा में मन स्वयं नहीं घूमेगा परन्तु मन के द्वारा छः मनकों की एक माला को घुमाया जाएगा। मनसा परिक्रमा मन्त्रों में वर्णित छः दिशायें माला के छः मनके हैं। वेद का एक मन्त्र इस विषय को स्पष्ट करने में सहयोग देगा। मन्त्र है —

स्थिरं मनश्चकृषे जात इन्द्र
वेषीदेको युधये भूयसश्चित्
।ऋ० ५.३०.४

भगवान इन्द्र की इच्छा करने वाले यदि तू सन्नद्ध होकर मन को स्थिर करे अर्थात किसी एक विषय में सम्भाले तो तू अकेला ही बहुतों को अनेक विघ्नबाधाओं और विषयों को भी युद्ध में जीत सकता है।

कैसे? रामायण में गुरु वशिष्ठ ने उनके दमन की एक युक्ति बताई—

मन एव मनुष्यों मनसो दृढ निग्रहे हे राम तुम्हारा मन ही मनका दमन करने में समर्थ है। मन ही मन का दमन कैसे करेगा यह न्याय दर्शन में मन का लक्षण करते हुए बताया गया है कि युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गम् मन एक समय में एक ही काम कर सकता है दो नहीं। चरक संहिता के शरीर स्थान में मनका लक्षण इस प्रकार किया गया है—

लक्षणं मनसो ज्ञानस्याभावो भाव एव च (१६) ज्ञान होना और ज्ञान न होना मनका लक्षण है। अर्थात एक समय में एक वस्तु का ज्ञान होना और दूसरी का न होना या इस प्रकार कहिए कि दो ज्ञानों का एक काल में उत्पन्न न होना मन का लक्षण हैं।

मन जब एक समय में एक ही वस्तु ग्रहण करेगा तो इस मन से कहो भैया तुम तो किसी एक वस्तुको ग्रहण करोगे दो को नहीं। तब नाशवान संसारी वस्तुएं क्यो पकड़ते हो? उस अविनाशी शुद्ध बुद्ध निर्मल ब्रह्म तत्व को क्यो न ग्रहण कर लेते? इस शरीर में आत्मा और विश्व में परमात्मा ही अपरिवर्तनशील है जिस सुन्दर रूप पर अरे मन! तू मुग्ध हो रहा है जिस स्वाद के पीछे तू लार टपका रहा है जिस मधुर सुरीली स्वर लहरी के पीछे तू पागल हो रहा है जिस कोमलता के लिए तू उन्मत्त हो रहा है जिस सुगन्ध के पीछे तू मृत्यु का ग्रास बन रहा है—इन सबको छोड़ कर तू आत्मा और परमात्मा को क्यो नहीं अपने में लाता। आत्मा और परमात्मा को समझने के लिए जो आवश्यक बातें है वह माला के छः मनके हैं। मनको स्थिर करके इन छः मनको की जो माला को घुमाओ—जपो! तब प्रभु की प्राप्ति होगी। इस विषय को इस प्रकार समझ सकते हैं।

महर्षि पतञ्जलि ने योग दर्शन में लिखा है वितर्क बाधने प्रतिपक्ष भावनम् अर्थात वितर्क जब आक्रमण करे तब प्रतिपक्ष की भावना करनी चाहिए। यम नियमो के विरोधी हिंसा झूठ चोरी विषयासक्ति इत्यादि को वितर्क कहते हैं जब यह आक्रमण करें तो इनके प्रतिपक्ष सद्गुणों का चिंतन करना चाहिए। जैसे आप बाजार जा रहे हैं। इतने में एक लड़की सामने से आई। अब आप सोचने लगे कि यह लड़की किसकी है? कहां रहती है? इसने चेहरे पर पाउडर लगा रखा है दूसरे हाथ पैर मुख आदि बहुत सुन्दर हैं साड़ी बड़ी चमकदार है। इसके प्रति वासना की भावना आने लगी तो उस समय हमें ब्रह्मचर्य का चिंतन करना चाहिए। एक और उदाहरण देखिए—

एक विरोधी आ रहा है। उसने आपको हानि पहुंचाई थी उसके प्रति आपके मन में हिंसा के भाव आने लगे। आप सोचने लगे कि इससे बदला लेने को झूठ बोलूं या मारपीट करूं या लूट पाट करूं या तो उस समय मन से मैल निकालने अहिंसा और प्रेम के विचार लाने का प्रयत्न करना चाहिए। मनसा परिक्रमा के मन्त्रो का भाव भी यही है कि मन में प्राची दक्षिणा प्रतीची उदीची ध्रुवा और ऊर्ध्वा दिशा को अपना लक्ष्य बनाकर उधर चलने के लिए प्रयत्न करना चाहिए मनसा परिक्रमा के मन्त्रो में वर्णित छः दिशाएं संकल्प लक्ष्य व गुण ही इस माला के मनके है। इन छः मनको में जीवन सूत्रों को पिरोया गया हैं। जिस प्रकार प्राची आदि बाहर की दिशाओ में सम्पूर्ण स्थान का समावेश है उसी प्रकार प्राची दक्षिणा आदि लक्ष्यो में दिशाओं में सम्पूर्ण जीवन का समावेश है। उन लक्ष्यो से भरपूर मन में इनके विरोधी भाव नहीं आ सकेंगे। इस प्रकार मनसा परिक्रमा के मंत्रो के विषय में हम कह सकते हैं कि जीवन की सर्वाङ्गीण उन्नति और विकास के लिए जिन दिशाओ में जीवन को चलाना आवश्यक है मनसा परिक्रमा में उन्हीं की सूचना है। आइए अब एक सूचना को देखें और उनको अपने मन में धारण करें। (क्रमशः)

आवश्यकता है!

१ एक २८ वर्षीय सुन्दर सुशील एम० बी० बी० एस० डाक्टर के लिए सुन्दर सुशील एम० बी० बी० एस कन्या की आवश्यकता है दहेज एवं जाति के बन्धन से रहित आर्य विचार वाले परिवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

२ एक २४ वर्षीय सुन्दर सुशील युवक जो सैनिक सेवा में लेफ्टिनेन्ट के पद पर कार्यरत है के लिए सुन्दर सुशील स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त कन्या चाहिए दहेज एवं जाति के विचार से रहित आर्य परिवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

डा० देवेन्द्र कुमार सत्यार्थी
दयानन्द सेवाश्रम मुसाढी थाना
कराय परसाय जिला नालन्दा
(बिहार राज्य) पिन नं ८०१३०४

लन्दन में विजयदशमी

लन्दन ५ अक्तूबर १९८० दशहरे का पर्व आज यहां चाक फार्म हाल में बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। हिन्दू सेंटर द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में न केवल प्रवासी भारतीय अपितु स्थानीय आंग्ल बन्धुओं ने बड़े उत्साह पूर्वक भाग लिया। बृहद् यज्ञ के पश्चात एक जनसभा में वक्ताओं ने लंका विजय पर प्रकाश डालते हुए श्री रामचन्द्र जी के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। नवोदित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत व संगीत का कार्यक्रम श्रोताओं द्वारा सराहा गया। लन्दन के व्यस्त जन जीवन में पाश्चात्य तथा परम्परागत भारतीय वेषभूषित सैंकड़ों प्रवासी तथा स्थानीय नागरिकों का संगम अत्यन्त ही दर्शनीय रहा। समारोह के पश्चात प्रीति भोज का आयोजन भी किया गया था।

हिन्दू सेंटर द्वारा दीपावली कार्यक्रम १८ अक्तूबर १९८० को ईलिंग टाऊन हाल (Ealing Town Hall) में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि श्री आई पी सिंह (ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त) होंगे।

आवश्यकता है!

आर्य समाज नवल टाऊनशिप में एक सुयोग्य वानप्रस्थी जो सभी पारिवारिक संस्कार करवाने की योग्यता रखते हो परन्तु समाज के वेतन पर निर्भर न हो। उन्हें मकान बिजली पानी की सुविधा बिना मूल्य उपलब्ध होगी। उत्तम वायुमण्डल शान्त वातावरण योगसाधना पूजा पाठ के अनुकूल है दो सौ रुपए मासिक तक आर्थिक सहायता भी की जा सकती है।

आर्य संस्कृति की सेवा के इच्छुक वानप्रस्थियों से प्रार्थना है कि इस विषय में मन्त्री आर्य समाज नवल टाऊनशिप से पत्र व्यवहार करें।

दयानन्द मठिया मन्त्री

योग्य और तपस्वी आचार्य ही शिष्यों को योग्य बना सकता है !

पृथक् सर्वे प्राजापत्या प्राणानात्मसु बिभ्रति ।
तान् सर्वान् ब्रह्म रक्षति ब्रह्मचारिण्याभृतम् ॥

अथर्व० काण्ड ११ अ० ३ सूक्त ५ २२ ।

शब्दार्थ

(सर्वे प्राजापत्या) प्रजापति आचार्य के सब शिष्य (पृथक) भिन्न भिन्न रुचि वाले होकर (आत्मसु प्राणान बिभ्रति) अपने शरीर मे प्राणो को धारण करते हैं । (तान सर्वान) उन सब शिष्यो को (ब्रह्मचारिणि) ब्रह्मचारी आचार्य मे (आभृतम) रखा हुआ (ब्रह्म) ज्ञान (रक्षति) रक्षा करता है ।

भ क्सार —एक मनुष्य की प्रकृति दूसरे से मिलती नही है । सब अपने जुदे जुदे सस्कार साथ लेकर उत्प न होते हैं । सब मे एक सी ही शक्तियां नही और न एक से उद्देश्य हैं । उन के कर्मानुसार उन की रुचियां पृथक पृथक हैं । सब एक ही रस्सी मे बांधे नही जा सकते । कवि ने ठीक कहा है— भि नरुचिर्हि लोक । कह सकते हैं कि जितने मनुष्य हैं उतनी ही उन की रुचियां हैं । इन विभिन्न रुचियो का प्रादुर्भाव कैसा होता है ? यदि शिक्षक इन सब को गडरिये की तरह हाकने वाला हो तो उनके अ दर कोई शक्ति ही दिखाई नही देती वे भेडो के गल्ले की भाई चल देते हैं और जब शिक्षक रूपी गडरिया एक पल के लिए भी उनसे ओझल होता है तो उनके लिए ठीक रास्ते चलना कठिन हो जाता है ।

जीवात्मा मानसिक वाचिक और कायिक कम करन मे स्वत त्र हैं । केवल उन र्मों का फल भोगने म वह परत त्र है । इस स्वत त्र कर्ता के अन्दर स्वतन्त्र ही प्राण शक्ति है । यदि उसे दबा दिया जाए तो जीवित शव समान वह प्राणी की लोकोक्ति उस पर घट जाती है वह स्वभाविक के तुल्य हुई शक्तियां किस प्रकार लाभदायक हो सक ? इस के लिए आवश्यक यह है कि आचार्य अपने शिष्यो मे वेद ज्ञान के भरने का यत्न करे । उनको अपनी मानसिक शक्तियो का दास बनाने की चेष्टा न कर फिर किसी प्रकार की चि ता नहीं रहती । आचार्य का स्वाभाविक रीति से ब्रह्मचारी मे भरा वेद ज्ञान स्वयम उनके विकास का साधन बनता है ।

बालक के अ दर उसकी प्रकृति क अनुसार ही विभिन्न भाव उत्प न होते हैं । मूर्ख अध्यापक उनको दबाने की चेष्टा करता है । प्रत्येक अध्यापक अपना गौरव स्थिर रखने के लिए आवश्यक समझता है कि वह अपने आप को अपने शिष्यो के सामने सर्वज्ञ सिद्ध करे । वह भूल जाता है कि शायद उसके सपुर्द ऐसा बालक किया गया है जो पूर्व ज म म उससे कही अधिक उन्नति कर चुका है । यदि शिष्य की बुद्धि गुरु की अपेक्षा तीव्र है तो ऐसे बर्ताव मे उस को बडा गहरा धक्का लगता है । यह भूल नही जाना चाहिए कि आचार्य का काम केवल शिक्षा देना ही नही शिक्षा ग्रहण करना भी उसका कर्त्तव्य ही नही अधिकार है । अपने बीस वर्षों क पूर्व अनुभव से मैं कह सकता हू कि जिन शिक्षको ने जीवात्मधारी बालको का केवल जड यन्त्र समझ कर उनको रेवड की तरह हाकने का यत्न किया उन्होने न केवल अपने आधीन विद्यार्थियो की उन्नति ही रोक दी प्रत्युत अपने आपको भी अवनत किया । पर तु जिन्होंने इन आत्म सम्प न प्राण धारियो को केवल मार्ग दिखाना ही अपना कर्त्तव्य समझा उन्होने न केवल अपने शिष्यो के आत्मा को विचित्र प्रकार से विकसित ही किया प्रत्युत अपनी दैवी शक्तियो को भी प्रादुर्भ त किया । इसका विशेष कारण भी है । जो वाणी पर ही सारा निर्भर न करके कर्म का आश्रय लेते है उन्हे अपने शिष्यो का मार्ग दर्शक बनाने के लिए उन गुणो का अनुकरण स्वयम करना पडता है जिन्हे वे विद्यार्थियो के मनो मे भरना चाहते हैं ।

वेद ज्ञान ब्रह्मचारी के अ दर क्यो भरना चाहिए ? इस लिए कि वन्कि शिक्षाओ मे से वह अपनी प्रकृति के अनुसार स्वय म ग च न सके । गुरु का परिमित एकदेशी ज्ञान शायद ही एक दो शिष्यो के लिए उपयोगी हो । वेद ज्ञान मे इतनी लचक है कि उसे प्र यक मनुष्य अपनी आवश्यकता क अनुसार उपयोगी बना सकता है । गुरु परम्परा से जिस ज्ञान को ग्रहण करते आए है उसमे जो बल है वह एक व्यक्ति क कृत्रिम रीति म उप जन किए ज्ञान मे नही हो सकता । इस लिए वेद द्वारा भगवान का आदेश है कि जिस मनुष्य जाति के अ र ज्ञान प्राप्त करने का विशेष कारण (बुद्धि) विद्यमान है उसकी भलाई इसी म है कि उस कारण को स्वाभाविक रीति से पुष्ट तथा विकसित करन के लिए उसे हिला दिया जाए उसे हिला दिया जाए उसे बलात्कार से खीच कर किसी एक ओर लगाने का यत्न न किया जाए । जब तक ससार मे ब्रह्मचर्य के भाव स धनो को फैलाने का यत्न न होगा तब तक बडा हुआ राग द्वेष उस ससार को जिसे उस के निर्माता ने उन्नति का धाम बनाया था नरक कुण्ड ही बनाता रहेगा ।

सीखो

कविराज बनवारी लाल शादा प्रधान आर्यसमाज मौडल बस्ती नई दिल्ली ११ ०५

परोपकार का करना सीखो ।
देश धर्म पर मरना सीखो ।
तन मन धन सब अर्पण करके ।
सेवा पथ पर बढ़ना सीखो ॥१॥
आंधी विकट तूफान कभी ।
राह तुम्हारी रोक न पावें ॥
कभी सकटो से ना डरना ।
सकट चाहें कितने आये ॥
अमर काल भी पथ को रोके
फिर भी आगे बढ़ना सीखो ॥२॥
हे मानव अपने जीवन मे ।
कभी सुखो की चाह न करना ॥
सब कुछ अपना लुट जाने पर
मुह से अपने आह न करना ।
देश धर्म की सेवा करने ।
प्राण निछावर करना सीखो ।३॥
दीन दुखी पीड़ित की ।
सेवा करना परम धर्म है ॥
देश धर्म के हित म रहना ।
सादा मन का परम कर्म है ।
हसते हसते जियो धर्म हित ।
प्रभु ध्यान को धरना सीखो ॥४॥

एक प्रत्यक्षदर्शी द्वारा

गुरु विरजानन्द स्मारक तथा गुरुकुल करतारपुर का वार्षिकोत्सव

५ अक्तूबर से १२ अक्तूबर तक गुरु विरजानन्द स्मारक तथा गुरु विरजानन्द वैदिक संस्कृत महाविद्यालय करतारपुर का सालाना मेला बड़ी धूमधाम मनाया गया। ५ से १० अक्तूबर तक तक श्री जगदीश चन्द्र वसु महोपदेशक की अध्यक्षता मे हर रोज सुबह शाम यजुर्वेद पारायण यज्ञ तथा स्वामी निगमानन्द जी श्री प० राजगुरु जी शर्मा तथा महात्मा आर्य भिक्षु जी वानप्रस्थ की मनोहर वेदकथाए एव सगीताचार्य श्री तुलसीदेव जी के भजन होते रहे।

११ अक्तूबर को प्रात यज्ञ तथा वेद कथा के पश्चात स्वामी विज्ञानानन्द सरस्वती तथा प नन्दलाल जी को बड़े बड़े विद्वानो ने अपनी भावभीनी श्रद्धाजलिया अर्पित की। तत्पश्चात २ बजे से महिला सम्मेलन श्रीमती ज्ञानान्दा जी के सरक्षण मे सम्पन्न हुआ। माता रमयरी देवी सनातन स्त्री सत्सग सभा करतारपुर ने अपने समाज सुधार सम्बन्धी ओजस्वी विचार प्रकट किये। इसके अलावा और भी बहुत सी विदुषी महिलाओ ने स्त्री शिक्षा चरित्र और अनुशासन पर बल दिया आर्य कन्या पाठशाला की छात्राओ ने एक भावुक शिक्षाप्रद रोचक झाकी डोली से अर्थी तक प्रस्तुत की। सायकाल के पावन समय मे स्मारक का चल समारोह करतारपुर के फर्नीचर बाजार से होता हुआ एक साथ निकलता हुआ करतारपुर के मुख्य बाजार से वापिस स्मारक भवन पर आकर समाप्त हुआ।

सायकाल ५ बजे श्री वीरेन्द्र जी प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब ने अपने कर कमलो से गुरुकुल के प्रागण मे ध्वजारोहण किया पुष्प वर्षा होते ही बैंड बाजे तथा ध्वजगीत से नरनारियो के मुख सहसा मुखरित हो उठे।

चल समारोह की शोभा देखते ही बनती थी सबसे आगे घुड़सवार उनके पीछे कार पर स्मारक दिव्यमणि प्रधान श्री सेठ शिवचन्द अग्रवाल शोभा दे रहे थे। गुरुकुल के पीत वस्त्रधारी ओजस्वी सब ब्रह्मचारी तथा शमनगर की मण्डली भजन मण्डली करतारपुर फगवाड़ा लुधियाना जालन्धर कपूरथला इत्यादि विभिन्न स्थानो से आये बैंड के सहित रगबिरगी वेशभूषा मे स्कूलो के बच्चे कन्या पाठशाला करतारपुर की छात्राओ तथा अन्य धार्मिक उत्साही लोग बड़ी श्रद्धा से भजन गाते हुए नारे लगाते हुए मस्ती से चल रहे थे रात्रि के ८ बजे से १० ३० तक आचार्य श्री सत्यप्रिय जी श्री भगाराम जी राजनारायण स्वामी जी प राजगुरु जी शर्मा महात्मा आर्य भिक्षु जी आदि अनेक विद्वान नेताओ ने अपने जोशपूर्ण ओजस्वी विचार जनता को दिये

१२ अक्तूबर रविवार प्रात ठीक ८ बजे श्री प राजगुरुजी शर्मा के सरक्षण मे यजुर्वेद पारायण यज्ञ की पूर्ण आहूति हुयी श्रद्धालुओ ने दिल खोल कर दान दिया गुरुकुल की यज्ञशाला देवियो तथा पुरुषो से खचाखच भर गयी थी सारा वातावरण शात वेद मन्त्रो से पवित्र तथा यज्ञ सौरभ से सुगन्धित हो रहा था। १० बजे गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा की अध्यक्षता मे गुरु विरजानन्द संस्कृत महाविद्यालय करतारपुर के छात्रो ने अपने आश्चर्य चकित कर देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किये डाक्टर केवल कृष्ण जी वित्तमन्त्री पजाब सरकार को स्मारक तथा गुरुकुल के २५वें वार्षिकोत्सव पर प्रकाशित सर्वप्रथम स्मारिका स्मारक के मन्त्री श्री चतुर्भुज मित्तल ने भेंट की गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने संस्कृत मे एक शिक्षाप्रद झाकी वस्तुत स्वय प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त संस्कृत मे श्लोक अन्ताक्षरी धारा प्रवाह वेदपाठ गीत भजन तथा अग्नि प्रदर्शन मे आग के गोले मे से निकलना आग तथा कण्ठकूप के सहारे भाले की नोक पर १३, ४४ सूत के २७ ३१ ६८ के सरिये मोड़ने आदि कार्यक्रम दिखाये ९० किलो के पत्थर को छाती पर रख कर तोड़ने के समय तो लोगो की आखें एक टक हो गयी तत्पश्चात वित्तमन्त्री डाक्टर केवल कृष्ण जी ने गुरुकुल के योग्य छात्रो को पुरस्कृत किया श्री बलभद्र जी हूजा ने प्रमाण पत्र प्रदान किये

श्री रामचन्द्र जी जावेद प्रधान विद्यालय गुरुकुल करतारपुर ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की श्री बलभद्र जी हूजा कुलपति गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार ने इसी अवसर पर संस्कृत की योग्यता एव संस्कृत के वार्तालाप तथा भारतीयता मे ब्रह्मचारियो की निष्ठा की प्रशसा करते हुए गुरु विरजानन्द वैदिक संस्कृत महाविद्यालय करतारपुर को गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालय से अनुबन्धित कर विद्याधिकारी तक की परीक्षाओ के लिए मान्यता की स्वीकृति प्रदान की श्री डाक्टर केवल कृष्ण जी वित्त मन्त्री पजाब ने कार्यक्रम से प्रभावित होकर निजि सरकारी कोष से दस हजार रुपए तथा संस्कृत विस्तार के लिए १५ हजार एव पुस्तक आदि के लिए १००० रु० देने की घोषणा की सम्मेलन की समाप्ति पर सभी उपस्थित नेताओ ने भोजन किया १० ११ अक्तूबर को बृहद्‌लगर तथा बाहर से आये यात्रियो के भोजन का प्रबन्ध श्री केवल कृष्ण जी बासल तथा श्री दिवाकर जी करतारपुर ने अपने सहयोगियो के माध्यम से बहुत ही सुचारु रूप से किया आर्य कन्या पाठशाला की छात्राओ ने भोजन प्रबन्ध मे सर्वाधिक सहयोग दिया सायकाल १२ अक्तूबर साढे तीन से ६ बजे तक श्रद्धाजलि सम्मेलन हुआ जिसमे स्वामी सर्वानन्द सरस्वती महाराज दीनानगर ने अपने दादा गुरु विरजानन्द को श्रद्धाजली भेंट की तत्पश्चात शान्तिपाठ से उत्सव की सम्पन्नता का उद्घोष हो गया।

उत्सव में विद्यालय के आचार्य श्री नरेश जी तथा व्यवस्थापक श्री सुखदेव राज जी महाराणा प्रताप के चेतक घोड़े की तरह कार्यों मे व्यस्त रहे। श्री पूर्णानन्द जी शास्त्री तथा शोभनाथ जी यादव ने भी काफी सहयोग दिया श्री रामसखा जी यज्ञ के प्रबन्धक रहे।

श्री सेठ शिवचन्द जी श्री चतुर्भुज मित्तल जी श्री मलकूल चन्द जी तथा श्री रामचन्द्र जी जावेद उत्सव की प्रत्येक दशा का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते रहे। डी ए वी हाई स्कूल करतारपुर गवर्नमैंट हाई स्कूल करतारपुर तथा आर्य कन्या हाई स्कूल करतारपुर ने यात्रियो के आवास के लिए पर्याप्त सुविधाए प्रदान की।

वैदिक साधना श्रम का वार्षिक उत्सव

गुरदासपुर वैदिक साधनाश्रम का वार्षिक उत्सव पूर्व वर्षो की भाति स्वामी सर्वानन्दजी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ।

प त्रिलोक चन्द जी शास्त्री श्री प बलराज जी श्री प धर्मपाल जी श्री प विजय कुमार जी आश्रम के अध्यक्ष स्वामी प्रकाशानन्द जी सभी ने अपने विचार रखे। सारा प्रोग्राम प्रभावशाली रहा।

माता ज्ञान देवी (सुजानपुर) की अध्यक्षता मे महिला सम्मेलन भी हुआ।

सूचना

प्रज्ञाचक्षु ब्र० अशोक कुमार (आयु १३ वर्ष) बगाल निवासी। जो पजाब मे वेदप्रचार कर रहे हैं। भाषण तथा भजन के द्वारा। इनका प्रभावशाली भाषण तथा भजन का प्रभाव जनता पर विशेष रूप से पड़ता है। प्रचार के लिए जो आमन्त्रित करना चाहें कृपया इस पते पर सूचना भेजें।

ब्र० अशोक कुमार (प्रज्ञाचक्षु)
दैनिक प्रार्थना सभा
बटाला पजाब

योग्य तथा अनुभवी पुरोहित की आवश्यकता

आर्यसमाज माडल टाऊन पठानकोट का एक योग्य अनुभवी तथा सदाचारी पुरोहित की आवश्यकता है। वैदिक प्रवचन तथा सस्कार आदि कराने मे दक्ष सज्जन निम्नलिखित पते पर पत्र व्यवहार करने की कृपा करें। पुरोहित जी के निवास आदि की स्वतन्त्र व्यवस्था है और भी सभी सुविधायें प्राप्त होंगी। निम्न पते पर पत्र व्यवहार करें।

बलदेव राज मधुकवी मन्त्री—
आर्य समाज माडल टाऊन
पठानकोट

अब क्यों नहीं आते राम

ले०—श्री रणवीर जी भाटिया लुधियाना

त्राहि त्राहि मची भारत मे दूषित हुआ वातावरण
अनाथ हो रहे चारो ओर करता नही कोई मार्ग दर्शन।
विश्वामित्र के कहने पर कर दी थी राक्षसो की नींद हराम
दिन दिहाड़े लुट रहा मानव अब क्यों नही आते राम।

इस देश का उज्ज्वल गौरव था नारी जाति महान
अब कोई दिन ऐसा नही आता लुटी न अबला बेजबान।
एक सीता के हरण से किया राम ने रावण का काम तमाम
हजारों सीताओ के अपहरण होते हैं अब क्यो नही आते राम।

व्यभिचारी लोगों के हाथो जलाई जा रही हैं नारियां
दहेज की वेदी पर आत्म सम्मान खातिर जल रही बेचारियां।
पवित्र सीता की जान बचाने का इसी अग्नि ने किया इन्तजाम
अब हजारो सीताये जल रही हैं क्यो नही आते राम।

विजया दशमी और रावण का वध

ले०—श्री भालानाथ जी शर्मा दिल्ली

(गतांक से आगे)

पूर्णे चतुर्दशवर्षे पञ्चम्यां लक्ष्मणाग्रज
भरद्वाजाश्रम प्राप्य ववन्दे नियतो
मुनिम् ॥६।१२४।१

भरद्वाजाश्रम् में पहुंच कर मुनि को प्रणाम किया। राम तो भरद्वाज ऋषि के यहां ठहरे परन्तु हनुमान को उसी समय अयोध्या भेज दिया था। हनुमान ने भरत के पास जा कर कहा कि

तं गंगा पुनरा साद्य वसन्तम्
मुनि सन्निधौ।
अविघ्नं पुष्य योगेन श्वः रामं
द्रष्टुमर्हसि ॥६।१२६।२

गंगा तट आकर भरद्वाज मुनि के पास ठहरे राम के दर्शन आप कल पुष्य योग में करेंगे। क्योंकि चैत्र मास पुष्य नक्षत्र भरत का जन्म दिया था।

अब आप कह सकते हैं। कि श्लोको मे तो चैत्र मास नहीं लिखा तो फिर चैत्र कहां से आया इसका समाधान इस प्रकार है। कि—राम का राज्याभिषेक भी चैत्र मे होना था। परन्तु राज्याभिषेक न होकर वनवास हुआ था। अत प्रमाण

चैत्र श्रीमानयं मासः पुण्य
पुष्पित कानन।
युवराज्याय रामस्यस्य मेवोप
कल्प्यताम ।२।३।८।

यह चैत्र का पुण्य मास है। जिससे वन फूलों से पूर्ण है। श्री राम चन्द्र के युवराज्याभिषेक की सब सामग्रिया आप लोग एकत्र कीजिए। फिर उन्होने राम चन्द्र को बुलाकर कहा।

अद्यचन्द्रोऽभ्युपगमत पुष्यात पूर्वं पुनर्वसुम।
श्व पुष्य योग नियतम वक्ष्यन्ते देव
चिन्तका ॥वा रा २ ४ २१

आज चन्द्रमा पुष्य से पहले पुनर्वसु मे आ गया है। कल पुष्य योग निश्चित है। ऐसा ज्योतिषिगण कहते हैं। इसी पुष्य नक्षत्र मे तुम अभिषेक कराओ ऐसा मेरा मन मुझ प्रेरणा दे रहा है। हे राम कल मैं तुम्हारा राज्याभिषेक करूंगा

क्योंकि चैत्र शुक्ला नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र में राम का जन्म हुआ था। और चैत्र शुक्ला दशमी पुष्य नक्षत्र मे भरत का जन्म हुआ था। पुष्य नक्षत्र कभी चैत्र शुक्ला दशमी को आता है। कभी नवमी का जिस वर्ष राम का जन्म हुआ था। उस वर्ष पुष्य नक्षत्र चैत्र शुक्ला दशमी को आया था। परन्तु राम के राज्याभिषेक के समय पुष्य नक्षत्र नवमी तिथि मे था परन्तु राज्याभिषेक न हो कर वन को प्रस्थान किया था। इस प्रकार चैत्र मास में ही राम के चौदह वर्ष पूरे होवे। न आगे न पीछे।

इस तरह चैत्र अमावस्या को हुआ रावण वध आश्विन मास में आ पहुंचा तदनन्तर दीपावली को राम का राज्याभिषेक हुआ ये दोनो ही भ्रान्त और निर्मूल धारणायें हैं। परन्तु यह तब हुआ जब वाल्मीकि रामायण का पठन पाठन उठ गया राम को महापुरुष न मान कर भगवान आराध्य देव मान लिया गया। परन्तु वास्तविकता तो यह है कि राम रघुकुलदीपक मात भक्तियुक्त पितृ निर्देश पालक पुत्र एक पत्नी व्रत निरत सुहृद दुःख विमोचक मित्र प्रजापालक नरेश मर्यादानामस्थापक आर्य संस्कृति के पालक वेद एव यज्ञ के रक्षक सत्य के पुजारी अहिंसार्य निषधित पाद पद्म भ्रातृ प्रेमी और अन्याय के विरोधी थे। यही कारण है कि श्रद्धा के कारण कुछ लोगो ने भगवान की उपाधि से राम को विभूषित किया। परन्तु इन गुणो से राम ईश्वर या ईश्वर के अवतार नहीं हो सकते हां ईश्वर की आज्ञा का पालन करने वाले मार्ग पथ प्रदर्शक तो हैं। राम देवो के रक्षक और राक्षसो के भक्षक थे। वे न्याय के पुजारी और अन्याय के विरोधी थे।

परन्तु राम के गुणो को जीवन मे न उतारना बल्कि राम २ रटना या राम लीला कर लेनेदेखने से कुछ भी लाभ नही मिल सकता है। क्योंकि सबको मालूम है। कि रावण इसीलिए मारा गया था। कि उसने पराई स्त्री का अपहरण किया साधु महात्माओ को सताया। परन्तु आज रामलीला देखकर कोई राम के गुण तो अपनाए नहीं हां रावण के गुण को बहुत अपना लेते हैं। पहले तो एक सीता के हरन से पता नही कितने राक्षस मारे गए। परन्तु आज प्रतिदिन खुलेआम सड़कों में अनेक रावण कितनी ही सीताओ की इज्जत लूटते और अपहरण करते हैं। शायद ऐसे घिनौने और ऐसे अत्याचारो को तो रावण भी सहन न करता। फिर भी ऐसे रावणो को कोई भी सजा नही मिलती। और कोई भी राम दिखाई नहीं देता है। क्योंकि निर्देशक कलाकार आयोजक संयोजक स्वयं अपने आचरण मे राम की शिक्षाओं को अपने जीवन मे नहीं ढालते हैं। मैंने अपनी आंखों से राम लक्ष्मण तथा सीता बने कलाकारों को बीड़ी और सिगरेट पीते देखा है। इस प्रकार पूजकों का ध्वना मजाक उड़ाया जाता है। यही अश्लील फिल्मी गाने तथा ट्विस्ट टाइप नाच होते है। बिजली चले जाने पर सीटियां बजती है। गन्दे व्यंग किए जाते हैं। चोर लुटेरे धन और इज्जत लोगो लूटते है। इस प्रकार रावण तो राम ने मार डाला था। परन्तु आज हजारो रावण पैदा हो गए है। जो दिन रात राम का ही नाम लेकर मुख मे राम बगल मे छुरी रख कर अनेक जातियो की और साधु महात्माओ की इज्जत और धन लूटते हैं। हे राम को मानने वालो जरा अपने अन्दर झांक कर देखो कि रावण कुम्भकर्ण और मेघनाद तुम्हारे या हमारे अन्दर तो नही बैठा क्योंकि जिसमे अहंकार काम क्रोध मद लोभ मोह छल कपट चोरी झूठ आदि हैं वही रावण है। इसलिए मैं यही कहूंगा कि रावण और कुम्भकर्ण के पुतले जलाने के बजाय हम और आप अन्दर बैठे रावण को जलायें तब तो भले ही देश समाज और परिवारो मे सुधार हो सकता है। अन्यथा हजारो लाखो रुपया व्यय करने से कोई लाभ नाम नही ईश्वर हम सबको बुद्धि दें। कि हम सब सत्य धर्म न्याय को अपना कर लकीर के फकीर बनना छोड़कर लोक कल्याण की भावना से दूषित एवं रूढिपरम्पराओं को त्यागकर ऐतिहासिक वास्तविक घटनाओ के आधार पर अपनी शास्त्रीय विशुद्ध पर्व तिथियो को पर्व के रूप मे मानें और मनाये तभी निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

विज्ञ पुरुष अमर पद पाते

ले०—कवि कस्तूर चन्द घनसार कवि कुटीर पीपाड़ शहर (राज)

ओ३म्

(१) ओ३म् नूचक्षसो अनिमिषन्तो अर्हणा बृहद् देवासो अमृतत्व मानशुः।
ज्योतीरथा अहिमाया अनागसो दिवो वर्ष्माणं वसते स्वस्तये ॥
(ऋ १० ६३ ४)

भावार्थ —

क्रियाशील जगत् के द्रष्टा विज्ञ पुरुष अमर पद पाते।
सुन्दर देह मिले रथ वाहन ओज-तेजमय देव कहाते ॥
जो निष्पाप आदित्य ब्रह्मचारी अन्तरिक्ष लोक ऊंचे चढ़ जाते।
जो मद ज्ञान प्रद है जग मे जिनकी महिमा सब जन गाते ॥
जिन की सङ्गत दो प्रभु हमको सद्गुण अमल ज्ञान पिलाते ॥

(२) वेन्वा माता मधुमत् पिन्वते पयः पीयूषं द्यौरदितिरद्रि बर्हाः।
उक्थ शुष्मान् वृष भरान्त्स्वप्नस सस्ताँ आदित्याँ अनुमदा स्वस्तये ॥

भावार्थ —

ऋतु अनुकूल सुखद जल बरसे
दुखदाई कभी काल न आवे।
मात भूमि हो मधुमय सारी
फल मधादिक दूध पिलावे ॥
शुभ वृष्टि को चाहने वाले
यज्ञ करके शुभ मेघ बुलावे ॥
सब सृष्टि हो अति हरियाली
रस रस भर सब तरु लहरावे।
जिन द्वारा जनभार सुखी हो
अपना सुखमय भाग मनावे ॥

—

प्रवेश प्रारम्भ

गुरु विरजानन्द वदिक संस्कृत महाविद्यालय करतारपुर मे अपने बच्चो को प्रवेश दिलाकर दोहरा फायदा उठाये। विद्यालय मे सरकारी स्कूलो मे पढ़ाये जाने वाले गणित अंग्रेजी साईंस आदि सभी विषयो के साथ संस्कृत तथा धार्मिक शिक्षा भी आवश्यक रूप से पढ़ाई जाती है दसवी कक्षा पास करने पर विद्याधिकारी की उपाधि प्रदान की जाती है जो कि भारत के प्रत्येक राज्य मे मैट्रिक के समान मान्यता प्राप्त है। आप इस प्रकार धार्मिक शिक्षा तथा भारतीय संस्कृति संस्कृत के साथ अन्य सभी विषयो की उत्तम शिक्षा देकर बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। जल्दी करें। प्रवेश की अन्तिम तिथि ३० नवम्बर है। छात्र कम से कम ५वी कक्षा उत्तीर्ण हो। शिक्षा सर्वथा निशुल्क है। प्रवेश पत्र आदि के लिए रजिस्टी व्यय ५ रुपये अग्रिम आचार्य गुरुकुल करतारपुर जिला जालन्धर (पंजाब) के नाम मनिआर्डर द्वारा भेजें।

भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु आर्य वीर आगे आएं

महर्षि दयानन्द मनुष्य में मानवीय गुणों का विकास चाहते थे पूर्वी उत्तर प्रदेशीय आर्य वीर दल की बैठक में प्रधान संचालक श्री बाल दिवाकर हंस के उदगार

वाराणसी पूर्वी उत्तर प्रदेश आर्य वीर दल की महत्वपूर्ण बैठक सनातपर आर्य समाज वाराणसी में सार्वदेशिक आर्य वीर दल के प्रधान संचालक श्री प० बाल दिवाकर जी हंस की अध्यक्षता में बड़े ही उत्साह पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

का० विश्वनाथ एक्सप्रेस से पधारे श्री हंस का स्थानीय आर्य वीरों एवं आर्य समाजों के सभासदों ने स्टेशन पर भव्य स्वागत किया तत्पश्चात आर्य समाज मन्दापरा के साप्ताहिक सत्संग में आर्य समाजों और स्थानीय आर्य वीर दल के प्रतिनिधियों ने पुष्पहार पहिनाकर प्रधान संचालक जी का भावभीना स्वागत किया।

अपने स्वागत में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए श्री हंस ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्व कल्याणार्थ मनुष्य में मानवीय गुणों का विकास कर उन्हें प्राणी मात्र के हित में उपयोगी बनाना चाहते थे। आपने अमरीका के एंड जक्सन डविस योगिराज श्री अरविन्द एवं श्री रोम्या रोला के अनेक उदाहरण देकर बताया कि महर्षि दयानन्द ही ऐसे युग पुरुष थे जो बिना भेद भाव और भूगोल भेद के संसार का उपकार करने की योजना ... ने कहा कि उसी ... में समाज है उन्होंने ... की पृष्ठ भूमि में आर्य ... व मनोवृति ... ।

मध्यान्होत्तर एक ... से पूर्वी उत्तर प्रदेश आर्य वीर दल की बैठक की प्रधान संचालक जी ने अध्यक्षता की और अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए। दल कार्यों को आर्थिक गति प्रदान करने के लिए बैठक में पधारे प्रतिनिधियों ने लगभग ३५०० रुपये (साढ़े तीन हजार) का कोष उसी समय एकत्रित किया।

एक प्रस्ताव द्वारा डा० आनन्द प्रकाश काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को समस्त उत्तर प्रदेश का संचालक घोषित करने के लिए सहायक संचालकों ने प्रधान संचालन जी से प्रार्थना की जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

इस बैठक में उत्तर ... प्रतिनिधि सभा के ... जी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संचालक श्री ... जी (...) ने भी भाग लिया और अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

पूर्वी क्षेत्र में निकट भविष्य में ही सात दिन के साथ दो आर्य वीर दल के प्रशिक्षण शिविरों का भी आमन्त्रण इसी बैठक में प्राप्त हुआ जिसे स्वीकार कर लिया गया।

आर्य समाज ... के प्रधान महोदय ने अपनी आर्य समाज के वार्षिक बजट में आर्य वीर दल के लिए निश्चित राशि निर्धारित करने का वचन देते हुए पांच सौ रुपये ... के लिए प्रदान किये। डा० ... जी ने भी पांच सौ रुपये इस कोष में देने की घोषणा की। इसी क्षेत्र के एक जिला संगठन ने १००१ रुपये (एक हजार एक) रुपये दल कोष में प्रदान किए।

इस प्रकार पूर्वी उत्तर प्रदेश की यह बैठक भारी सफलता के साथ सम्पन्न हुई।

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जनहित प्रिंटिंग प्रेस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १३, अंक ४१ ४२ १८ २५ कार्तिक सम्वत् २०३७ तदनुसार २ ९ नवम्बर १९८० का सम्मिलित अंक दयानन्दाब्द १५६

युग द्रष्टा महान् बलिदानी महर्षि दयानन्द सरस्वती



दीपावली के अवसर पर–

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली का पर्व सारे भारतवर्ष में तथा भारत से बाहिर दूसरे देशों में भी जहां २ भारतीय बसे रहते हैं बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। यह पर्व तो चिरकाल से मनाया जा रहा है परन्तु महर्षि दयानन्द जी महाराज ने इस दिन अपने जीवन की पूर्णता प्राप्त कर इसका महत्व बढ़ा दिया है। महर्षि को जगन्नाथ रसोईये ने घातक विष (दूध में कांच मिलाकर) दे दिया जिसके परिणाम स्वरूप छाला फूट २ कर सारे शरीर से बाहिर आ रहा था। इस बड़ी कष्टदायक स्थिति में भी ऋषिवर मुस्कराते रहे। सारा शरीर फूटा हुआ था परन्तु मुंह से कभी आह तक न निकली क्योंकि वह महान बलिदानी तो पहले ही अपना सभी कुछ देश जाति और समाज के लिए बलिदान कर चुके थे। आखिर शरीर उनके पास बचा था यह भी उन्होंने हंसते हुए दीपावली के पर्व पर बलिदान कर दिया। उस महान ज्योति ने बुझने से पहले अनेकों ज्योतियों को जगमग किया ऋषि का जीवन दीप बुझते ही हजारों दीप जल उठे ऋषिवर चले गये परन्तु दीपावली का पर्व उनकी यादगार बनकर प्रति वर्ष हमें ऋषि के बलिदान की याद कराता रहता है। आओ ऋषि की जलाई हुई वेद ज्योति कभी बुझने न पावे इस पवित्र पर्व को ७ नवम्बर को मनाते हुए दृढ़ संकल्प करें।

श्वेताश्वेततरोपनिषद कथा माला—

प्राणायाम तथा योग का दर्शन

ले०—श्री म ग्वत जी सिद्धा तालकार दिल्ली

(गताक से आगे)

जैसे तैरते हुए सिर गदन तथा छाती—इन तीनो को उन्नत रखा जाता है इसी प्रकार प्राणायाम के समय इन तीनो को उन्नत तानकर त्रि उ नत स्थाप्य शरीर के शेष भ ग को सम अवस्था मे रखकर—सम शरीरम और इन्द्रियो को मन के अधीन और मन को हृदय मे निविष्ट करके—हृदि इन्द्रियाणि मनसा सनिवेश्य—बैठ जाए और ब्रह्म रूपी नौका पर सवार होकर—ब्रह्म उडपेन ससार रूपी नदी के पार तर जाए—प्रतरेत। इस प्रकार ज्ञानी ससार रूपी नदी के जितने पाप रूपी भयावह भवर (स्रोत) हैं उ हे तर जाता है—विद्वान स्रोतासि सर्वाणि भयावहानि।८।

प्राणायाम की विधि पर प्रकाश डालते हुए आगे कहते हैं उपरोक्त स्थिति मे बैठते हुए श्वासो को बलपूर्वक भीतर रोककर—प्राणान प्रपीड्य इह अपनी सब चेष्टाओ को रोक कर सयुक्तचेष्ट जब प्राण भीतर क्षीण होने लगे अर्थात प्रतीत होने लगे कि अब सास लेने की जरूरत है—क्षीण प्राण तब नाक द्वारा धीरे श्वास से प्राण वायु को बाहर छोड दे—नासिकया उच्छ्वसीत। जसे दुष्ट घोडे वाले रथ को—दुष्टाश्व इव वाह म वश मे किया जाता है इसी प्रकार ज्ञानी व्यक्ति इस प्राण के वश द्वारा मन को अप्रमादी होकर वश मे करे—एन विद्वान मन धारयेत अप्रम ।९

प्राणायाम का यह प्रयोग ऐसे स्थान मे करे जो सम हो पवित्र हो अग्नि ककड रेत से रहित हो जो जल के कल-कल रव तथा जलाशय आदि के कारण मन के अनुकूल हो जहा आखो को कष्ट न हो—जहा वायु के झरोके न चलें।१०।

जब योगी प्राणायाम द्वारा ब्रह्म का ध्यान करता है तब उस शुरू शुरू मे भिन्न भिन्न रूप दिखलाई देते हैं कुहरा सा धुआ सा सूय वायु अग्नि जुगनू बिजली स्फटिक चन्द्र इनकी ज्योतिया दिखलाई देती है। ब्रह्म दशन क पहले पहल एतानि रूपाणि पर सराणि ये रूप योग मे ब्रह्म को अभिव्यक्त करने के लिए होते हैं—ब्रह्माणि अभिव्यक्तिकराणि योगे।११।

योगी जब पृथिवी अप तेज वायु आकाश इन पच त्मक महाभूतो को वश मे कर लेता है तब उसे न रोग होता है न जरा होती है न उसे मृत्यु सताती है न तस्य रोग न जरा न मृत्यु। उस समय उसका शरीर योगाग्नि का प्राप्त होने के कारण तेजोमय हो जाता है १२।

योग का फल यह होता है कि योगी का शरीर लघु हो जाता है—लघुत्वम नीरोग हो जाता है आरोग्यम उसे लोलुपता नही रहती—अलोलुपत्वम उसके स्वर मे मधुरता आ जाती है स्वरसौष्ठवम उसके शरीर से शुभ गन्ध आती है गन्ध शुभ उसका मूत्रपुरीष अल्प हो जाता है मूत्रपुरीष अल्पम। योग मे प्रकृति का यह प्रथम फल दिखाई देता है योग प्रवृत्ति प्रथमाम वदन्ति।१३

जैसे मट्टी से लतपत स्वर्ण पिण्ड यथा एव बिम्ब मृदया उपलिप्तम धोने से तेजोमय होकर चमकने लगता है—तेजोमय भ्राजते तत सुधौतम इसी प्रकार जो देह की मलिनता को धोकर आत्मतत्व को ठीक ठीक अपने शुद्ध रूप मे देख लेता है—तद्वत आत्मतत्व प्रसमीक्ष्य देही वह देही कृतार्थ हो जाता है—एक कृतार्थ भवते वीतशोक।१४।

जैसे दीप के प्रकाश से दूसरे पदार्थ देख जाते है वैसे जब यह योगी आत्म तत्व के प्रकाश से ब्रह्म तत्व को देख लेता है—यदा आत्मतत्वेन तु ब्रह्मतत्व दीप उपमेन इह युक्त प्रपश्येत तब उस अज मा—अजम निरन्तर ध्रुवम सब तत्वो से भी अधिक शुद्ध—सर्वतत्वै विशुद्ध परमात्म देव को जानकर—ज्ञात्वा देव ससार के सब बन्धनो से मुक्त हो जाता है—मुच्यते सर्वपाशै।१५।

वह परमात्मदेव—एष ह देव सब दिशाओ मे प्रदिशाओ म अनुव्याप्त है—प्रदिश अनु सर्वा। वही सृष्टि के पूर्व मे भी था पूर्व ह जात वही सृष्टि के बीच मे वही सृष्टि के अन्त मे भी है—स उ गर्भ अन्त पूर्व मे बीच मे अन्त मे वही है। सृष्टि क्या है विकासोन्मुखी सृष्टि जो अब तक भूतकाल मे हुई है यह वही है—स एव जात विकास प्रक्रिया मे यह जो भविष्य काल मे होगी यह भी वही है। सब तरफ प्रति व्यक्ति क सम्मुख वही विद्यमान है—प्रत्यङ् जनान तिष्ठति सर्वत मुख उसका मुख प्रत्येक व्यक्ति के सामने है।१६।

जो परमात्मदेव अग्नि मे है—य देव अग्नौ जो जलों मे है—य अप्सु जो सम्पूर्ण भुवन मे सब जगह पहुचा हुआ है—य विश्व भुवन आविवेश जो औषधियों में है य ओषधीषु जो वनस्पतियों में है—य वनस्पतीषु उस परम परमात्मदेव के लिए नमस्कार है—तस्मै देवाय नमो नम।१७।

ईश्वर का सृष्टि मे प्रत्यक्ष दर्शन

द्वितीय अध्याय के १६वें श्लोक मे कहा है प्रत्यङ जनान् तिष्ठति सर्वतो मुख इस अध्याय के भी दूसरे श्लोक मे कहा है। प्रत्यङ जनान तिष्ठति। इन पद वाक्यो का यह अर्थ है कि परमात्मदेव हर व्यक्ति के प्रति उसके सामने ही विराजमान है। जो प्रत्येक व्यक्ति के सामने मौजूद हो उसे हम न जानें—यह अचम्भे की बात है। अभी ऊपर हम ब्रह्मवादियो की वाणी में कह चुके है—वही परमात्म देव अग्नि मे है जल मे है वायु मे है औषधियो तथा वनस्पतियो मे है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऋषियो ने सृष्टि को ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहा है। नमो मित्र नवरुण इत्यादि मत्र मे भी त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि त्वामेव प्रत्यक्ष ब्रह्म वदिष्यामि कहा है जिसका अभिप्राय भी यही है कि यह विशाल तथा विविध रूपा सृष्टि ही प्रत्यक्ष ब्रह्म है। १६वें श्लोक मे उसे सर्वतोमुख कहा है—उसका मुख सृष्टि मे सब जगह विद्यमान है। वैदिक साहित्य मे यह भाव इतना व्यापी है कि गीता (७ ८ ९) मे कहा है

रसोऽहमप्सु कौन्तेय प्रभाऽस्मि शशि सूर्ययो।
प्रणव सर्ववेदेषु शब्द खे पौरुष नृषु ॥८॥
पुण्यो गन्ध पृथिव्या च तेजश्चास्मि विभावसौ।
जीवन सर्वभूतेषु तपश्चास्मि तपस्विषु ॥९॥

मैं जलो मे रस हू चन्द्र तथा सूर्य की प्रभा मैं हू वेदो मे ओंकार मैं हू आकाश मे शब्द मैं हू पुरुषो म पौरुष मैं हू पृथिवी मे सुगन्ध मैं हू अग्नि मे तेज मैं हू सब प्राणियो मे जीवन मैं हू तपस्वियो मे तप मैं हू। यही भाव गीता के ११वें अध्याय मे जहा भगवान का विराट रूप दर्शाया गया है पाया जाता है। वहा अर्जुन श्रीकृष्ण को प्रतीक मान कर भगवान का वर्णन करते हुए कहते हैं —

अनेक बाहूदरवक्त्रनेत्र पश्यामि त्वा सर्वतोऽनन्त रूपम्।
नान्त न मध्य न पुनस्त वादि पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूप। १६॥

परमात्म देव क सर्वव्यापी भाव का अभिप्राय ही यह है कि जब वह हर वस्तु मे विराजमान है तब जो दीखता है उस मे भगवान के ही दर्शन हो रहे हैं। हर वस्तु की सत्ता उसी की सत्ता के कारण सत्तावान् है वह न हो तो उसके बिना कुछ रहता ही नही है। हम आत्मा का दर्शन इस चलते फिरते शरीर में करते हैं भगवान का दर्शन इस चलायमान विश्व मे करते हैं। आत्मा न हो तो शरीर नही रहता प मात्म-देव न हो तो सृष्टि नहीं रहती। शरीर की सार्थकता इसके भीतर विद्यमान चेतन-सत्ता से है, सृष्टि की सार्थकता सृष्टि में विद्यमान चेतन शक्ति से है जिसे ऋषियों की परिभाषा मे परमात्म देव या ब्रह्म कहा गया है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए तृतीय अध्याय मे कहा है

उसके नेत्र सब जगह हैं वह सब कुछ देख रहा है—विश्वत चक्षु उसका मुख सब ओर है—विश्वत मुख उस की भुजाए सब जगह हैं—विश्वत बाहु और उसके पाव सब जगह हैं—उत विश्वतस्पात। जैसे कोई लोहार किसी वस्तु की रचना करता हुआ हाथो से धोकनी को धोकता है—स बाहुभ्या धमति स पतत्रै—वसे ही वह इकला परमात्मदेव सृष्टि को उत्पन्न करता हुआ द्यु और पृथिवी को मानो धोक रहा है—द्यावापृथिवी जनयन देव एक जिससे यह द्यु लोक तथा पृथिवी लोक मानो सुलग रहे हैं। ॥३।

जो देवो का प्रभव तथा उद्भव करने वाला है य देवाना प्रभव च उद्भव च जो विश्व का स्वामी है—विश्वाधिप जो विकराल रूप है—रुद्र जो महर्षि है—महर्षि जिसने सृष्टि रचना करते हुए पहले हिरण्यगर्भ (Nebula) की सृष्टि की—हिरण्यगर्भ जनयामास पूर्व वह परमात्मदेव हमे सद्बुद्धि से सयुक्त करे—स नो बुद्धया सयुनक्तु ॥४॥

मैं उस महान परम पुरुष परमात्मदेव को जानता हू वेद अहम एतम पुरुष महान्तम जो आदित्य की तरह प्रकाश मान है—आदित्यवर्ण जो अन्धकार से अत्यन्त दूर है—तमस परस्तात। उसी को जानकर—त एव विदित्वा मृत्यु के पार हुआ जाता है—अति मृत्यु एति मृत्यु से छुटकारा पाने का दूसरा कोई रास्ता नही है—न अन्य पन्था विद्यते अयनाय। ८॥

जिससे न कुछ परे है न वरे है यस्मात् पर न अपर अस्ति किञ्चित जिससे न कुछ सूक्ष्मतर है न बृहतर है—यस्मात न अणीय ज्याय अस्ति किञ्चित जो इकला वृक्ष की जड़ो की तरह पृथिवी मे दृढ़ गड़ा तथा उसके शिखर की तरह द्यु लोक मे ऊपर उठा हुआ स्थित है—वृक्ष इव स्तब्ध दिवि तिष्ठति एक उस परमात्मदेव से इस विश्व का अणु अणु भरा पड़ा है—तेन इद पूर्ण पुरुषेण सर्वम। ९॥

वही इस सृष्टि म दीख रहा है। उसका जो रूप उसके दृश्यमान रूप से अतिरिक्त है—तत यत उत्तरतरम वह रूपरहित है—अरूपम् वह जरा मरण आदि रोगो से रहित है—अनामयम। जो परमात्मा के इस व्यक्त तथा अव्यक्त सपूर्ण रूप को जान लेते हैं—ये एतद विदु वे अमर हो जाते हैं—अमृता ते भवन्ति जो परमात्मदेव के इस पूर्ण रूप को नही जान पाते—अथ इतरे—वे ससार मे दु ख ही दु ख पाते हैं—दु ख एव अपि यन्ति ॥१०॥

(क्रमश)

सम्पादकीय—

दीपावली की वह रात

दीपावली हम हर वर्ष मनाते हैं। हमारे जितने भी पर्व हैं दीपावली उन सब में अपना एक विशेष स्थान रखती है। यद्यपि दूसरे त्यौहारों पर भी लोग बड़ी खुशियां मनाते हैं परन्तु दीपावली के दिन एक और ही वातावरण होता है और उस दिन रात को भी दीप माला करके हम अपने हर्षोल्लास का और भी अधिक प्रदर्शन करते हैं। परन्तु हमारा इतिहास यह भी बताता है कि कई बार सूर्य ग्रहण भी होता है। उस समय दिन में भी अन्धेरा हो जाता है। परन्तु कुछ समय के पश्चात् वह अन्धकार समाप्त हो जाता है और सूर्य अपने पहले रूप में हमारे सामने फिर आ जाता है। यदि मैं यह कहूं कि १८८३ में दीपावली की रात को सूर्य अस्त हुआ था तो यह कुछ आश्चर्यजनक प्रतीत होगा। सूर्यास्त तो दिन के समय होता है रात के समय नहीं। परन्तु मेरा अभिप्राय एक ऐसे सूर्य से है जिसने अपने प्रकाश से पाखण्ड और धर्मान्धता के अन्धकार को पूर्णतया छिन्न भिन्न कर दिया था। जिस युग में महर्षि दयानन्द संसार के रंगमंच पर आए थे हमारे देश में उस समय चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार दिखाई दे रहा था किसी भी व्यक्ति को प्रकाश और आशा की कोई किरण दिखाई नहीं दे रही थी। ऐसे समय में उनका प्रादुर्भाव हुआ परन्तु कुछ समय के पश्चात् वह सूर्य अस्त हो गया

महर्षि दयानन्द के देहान्त को हुए अब एक शताब्दी होने वाली है १९८३ में हम उनकी निर्वाण शताब्दी भी मनाएंगे। यही समय होगा जब हम देखेंगे कि एक सौ वर्ष में हम कहां से कहां तक पहुंचे हैं

हम में से कई दीपावली की रात को दुर्भाग्यपूर्ण समझते होंगे। एक प्रकार से वह थी भी क्योंकि उस दिन एक महापुरुष ने इस संसार से प्रस्थान किया था जिन्होंने अपने जीवन को एक सूर्य के रूप में चमका चारों ओर अपना प्रकाश फैलाया था। परन्तु हमें यह न भूलना चाहिए कि एक न एक दिन तो उन्होंने जाना ही था। दीपावली की रात को जाकर वह वैदिक धर्म का एक नया दीपक जला गए। दीपावली की रात के दीपक तो बुझ गए। वह प्रति वर्ष जलते हैं और फिर बुझ जाते हैं परन्तु जो दीपक महर्षि दयानन्द ने जलाया था वह न बुझा है और न कभी बुझेगा। वह इसलिए कि उस महान् आत्मा ने अपने जीवन का तेल डाला था। दीपावली की रात को जलने वाले दीपक मिट्टी के बने होते हैं दयानन्द का दीपक वैदिक सिद्धान्तों का दीपक था यह सिद्धान्त अनन्त काल से चले आ रहे हैं और जब तक यह सृष्टि चल रही है यह चलते रहेंगे। यह इसलिए कि इनका आधार सत्य है। इन्हें झुठलाया नहीं जा सकता। मैं किसी दूसरे मत या विचार धारा पर कोई आपत्ति करना नहीं चाहता परन्तु मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि जो लोग अपने २ धर्म या अपने २ मत को संसार के सामने प्रस्तुत करते हैं उनमें से कोई भी वेद की कसौटी पर पूरा नहीं उतरता। इस समय दो या तीन मत ऐसे हैं जो संसार में फैले हुए हैं। ईसाई मत जिसे अभी दो हजार वर्ष भी नहीं हुए इस्लाम जिसे अभी केवल १४०० वर्ष हुए हैं। (पारसी) जोरस्तु जिसके विषय में कहा जाता है कि वह चार हजार वर्ष पुराना है। परन्तु इनमें से कोई भी वैदिक धर्म के सामने खड़ा नहीं हो सकता। वेद कब लिखे गये इसके विषय में योरुपीय विद्वानों में भी मतभेद है। परन्तु एक बात पर सब सहमत हैं वह यह कि संसार के पुस्तकालय में सबसे पुराना ग्रन्थ यदि कोई है तो वह वेद है योरुप के कई विद्वान इनकी आयु पांच हजार वर्ष कहते हैं। कई दस हजार वर्ष कहते हैं और कई २५ हजार वर्ष परन्तु इस बात पर सब सहमत हैं कि वेद से पहले न कोई धार्मिक ग्रन्थ था और न ही कोई और धार्मिक विचार धारा थी। इसलिए महर्षि दयानन्द का सम्बन्ध तो उस युग से जाकर बनता जब मानव को सबसे पहले धर्म उपदेश मिला था और वह वैदिक धर्म ही था। महाभारत के पश्चात् वह धीरे २ सूर्य ग्रहण की तरह अन्धकार में होता गया लोग इसे भूलते गए। परन्तु महर्षि दयानन्द ने उस पर जो छाया आ गई थी उसे हटा दिया और सारे संसार को यह उपदेश दिया कि यदि अपना कल्याण चाहते हो तो वेद की तरफ आओ।

वह सन्देश देते हुए वह दीपावली की रात को इस संसार से चले गए। परन्तु वह जो दीपक जला गए थे वह अब भी जल रहा है और जलता रहेगा परन्तु हमें किसी भ्रान्ति में न रहना चाहिए। इस दीपक को बुझाने वाले भी बहुत पैदा हो गए हैं और उनका हर वक्त यह प्रयत्न रहता है कि इसे किसी न किसी प्रकार बुझा दिया जाए। ऐसी स्थिति में यह हमारा कर्तव्य हो जाता है कि हम इसे किसी प्रकार भी बुझने न दें उसका एक ही मार्ग है कि हम इस दीपक को अपने दिलों के अन्दर जलाए रखें बाहिर का दीपक तो बुझ सकता है दिल के अन्दर जलाया दीपक कोई नहीं बुझा सकता दीपावली की रात को जब हम मिट्टी के दीपक जलाएंगे उस समय हमें यह संकल्प भी करना चाहिए कि जो दीपक महर्षि दयानन्द जला गए थे उसे किसी प्रकार भी बुझने न देंगे इसके लिए आर्य समाज की स्थापना इसीलिए की थी कि जो काम उन्होंने आरम्भ किया है और जो उनके जीवन में अधूरा रह गया था उसे आर्य समाज पूरा करे। हमें इस बात पर गर्व करना चाहिए कि पिछले एक सौ वर्षों में आर्य समाज ने जो कुछ किया वह सराहनीय है। महर्षि दयानन्द के सन्देश को केवल इस देश में ही नहीं देश से बाहिर भी पहुंचाने का प्रयत्न किया गया परन्तु अभी बहुत कुछ करना है। कृण्वन्तो विश्वमार्यम् के महर्षि के स्वप्न को साकार बनाना है दीपावली की रात एक एक दीपक हमें महर्षि की याद दिलाएगा और साथ ही यह प्रेरणा भी देगा कि जो दीपक वह जला गए थे उसे हम बुझने न दें। दीपावली की रात का यही सन्देश है

—वीरेन्द्र

कादियां में प्रान्तीय आर्य सम्मेलन

पंजाब की आर्य जनता को यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता होगी कि धर्म वीर पं० लेखराम की स्मृति में ३० नवम्बर को हम कादियां में प्रान्तीय आर्य सम्मेलन कर रहे हैं। इसकी अध्यक्षता हैदराबाद के प्रसिद्ध आर्य समाजी नेता श्री वन्देमातरम रामचन्द्र राव करेंगे श्री वन्देमातरम जी ने निजाम के विरुद्ध आर्य समाज ने जो सत्याग्रह किया था उसमें भी अपना बहुत अधिक योगदान दिया था। इस समय वह हैदराबाद सरकार की भाषा समिति के अध्यक्ष हैं और आन्ध्र प्रदेश में आर्य समाज के शक्तिशाली स्तम्भ हैं। हम उनके आभारी हैं कि हमारी प्रार्थना पर वह इस सम्मेलन की अध्यक्षता के लिए ३० नवम्बर को पंजाब आ रहे हैं। इस सम्मेलन का उद्घाटन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री राम गोपाल जी शालवाले करेंगे। मैं चाहता हूं कि पंजाब के सब आर्य समाजी उस दिन और भाई उस दिन कादियां पहुंचे। हम न केवल धर्मवीर पं० लेखराम के चरणों में अपनी श्रद्धांजलियां भेंट करें अपितु आन्ध्र प्रदेश से आने वाले अपने भाई और अपनी शिरोमणि सभा के प्रधान का स्वागत भी करें श्री रामचन्द्र राव लन्दन में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय आर्य सम्मेलन में भी गए थे और वहीं मैंने उनसे प्रार्थना की थी कि वह किसी समय पंजाब भी आएं अब वह ३० नवम्बर को पंजाब पहुंच रहे हैं मैं पंजाब की सब आर्य समाजों के अधिकारियों से सविनय प्रार्थना करना चाहता हूं कि वह ३० नवम्बर को अधिक से अधिक संख्या में कादियां पहुंचें ताकि हम एक बार फिर अपने शक्तिशाली संगठन का प्रदर्शन कर सकें।

—वीरेन्द्र

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए?

राष्ट्रपति को पंजाब में हिन्दी को सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं? यदि नहीं किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज में जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए हैं वह शीघ्र सभा कार्यालय में भिजवा दें।

—वीरेन्द्र

बलिदानियों का प्रेरणास्रोत महर्षि दयानन्द

ले०—श्री यशपाल आर्य बन्धु, मुरादाबाद

मनुष्य उसी को कहना कि मननशील होकर स्वात्मवत् अन्यों के सुख दुःख और हानि लाभ को समझे। अन्यायकारी बलवान से भी न डरे और धर्मात्मा निर्बल से भी डरता रहे। इतना ही नहीं किन्तु अपने सब सामर्थ्य से धर्मात्माओं के चाहे वे महा अनाथ निर्बल और गुणरहित क्यों न हों—उनकी रक्षा उन्नति प्रियाचरण और अधर्मी चाहे चक्रवर्ती सनाथ महाबलवान और गुणवान भी हो तथापि उसका नाश अवनति और अप्रियाचरण सदा किया करे अर्थात् जहां तक हो सके वहां तक अन्यायकारियों के बल की हानि और न्यायकारियों के बल की उन्नति सर्वथा किया करे। इस काम में चाहे उसको कितना ही दारुण दुःख प्राप्त हो चाहे प्राण भी भले ही जावें परन्तु इस मनुष्यपन रूप धर्म से पृथक कभी न होवें।

यह शब्द महर्षि दयानन्द रचित सत्यार्थ प्रकाश के अन्तिम प्रकरण स्वमन्तव्यामन्तव्य प्रकाश से लिये गये हैं। इनमें महर्षि अन्याय और अधर्म के विरुद्ध प्रबल संघर्ष तथा खुल्लमखुल्ला विद्रोह करने का आह्वान कर रहे हैं। डा० विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ठीक ही लिखते हैं कि—

This heroic cenception of manhood is indirectly the preparation for advoc acy of resistance to soc al and political evil (Modern Indian Political thoughts pag २६)

अर्थात् मनुष्यत्व की यह पौरुषपूर्ण अवधारणा परोक्ष रूप में सामाजिक तथा राजनीतिक बुराईयों के विरुद्ध संघर्ष का समर्थन है। महर्षि द्वारा अधर्म और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का यह आह्वान व्यक्ति देश और काल की सीमाओं को लांघ गया था क्योंकि संघर्ष की यह बात किसी व्यक्ति विशेष देश विशेष अथवा काल विशेष के लिए नहीं कही गई। महर्षि तो यहां एक ऐसा सूत्र दे रहे हैं कि जो व्यक्ति देश और काल आदि की सीमाओं में आबद्ध न होकर सर्वजनीन सार्वभौम तथा सार्वकालिक शाश्वत सिद्धान्त बन गया है और फिर चाहे वह अधर्मी अथवा अन्यायकारी स्वदेशी हो या विदेशी उसके विरुद्ध संघर्ष करना अनिवार्य ही है। महर्षि का यह सूत्र संसार के किसी भी देश के किसी भी व्यक्ति पर किसी भी समय घट कर देखा जा सकता है। प्रत्येक देश एवं काल के प्रत्येक व्यक्ति पर यह सिद्धान्त पूर्णतया लागू होता है।

यह महर्षि दयानन्द की अपनी मौलिक सूझ है। यह वसुधैव कुटुम्बकम् के आदर्श को मानने वाले और जन को संसार का उपकार करने का सिद्धान्त देने वाले महर्षि के हृदय का समुज्ज्वल उद्गार है। सच है संसार भर के अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष का उद्घोष परिव्राटाचार्य महर्षि दयानन्द के सिवाय और कर भी कौन सकता था।

संघर्ष का परम उत्कर्ष बलिदान में है। महर्षि इस सिद्धान्त को भली भांति हृदयंगम किये हुये थे। तभी वे इसी उत्कर्ष की कामना करते हैं अर्थात् संघर्ष करते करते प्राणों तक की आहुति दे देने की बात कहते हैं। इतिहास साक्षी है कि महर्षि द्वारा प्रदत्त बलिदान का यह सूत्र हजारों लाखों नवयुवकों के लिए प्रेरणा का अजस्र स्रोत बन गया था। वस्तुतः कवि यह ही कहता है कि

तुम में कुछ ऐसी बात थी
स्वामी जी तेरी बात पर।
लाखों शहीद हो गए
लाखों ने सर कटा दिया

धर्म के क्षेत्र में अधर्म के विरुद्ध महर्षि के इस बलिदान सूत्र की व्याख्या प० लेखराम स्वामी श्रद्धानन्द महाशय राजपाल तथा ऐसे ही अनेकों धर्मवीर अपने रक्त की स्याही से करते दिखाई देते हैं जबकि राजनीति के क्षेत्र में अन्याय के विरुद्ध लाला लाजपतराय सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्लाह चन्द्रशेखर आजाद डा० रोशनसिंह उधमसिंह भाई बालमुकन्द तथा भाई परमानन्द श्यामजी कृष्ण वर्मा वीर सावरकर और मदनलाल ढींगरा और न जाने कौन कौन बलिदान के इस सूत्र की व्याख्या अपने अपने ढंग और दृष्टिकोण से करते दिखाई देते हैं। इन और ऐसे ही अन्य बलिदानियों का नाम आते ही हृदय भाव विभोर हो उठता है मस्तक श्रद्धा से नत जाता है और लेखनी का प्रवाह थमता नहीं। किन्तु दुःख इस बात का है कि लेख के उपेक्षित कलेवर की सीमाएं इसे बांधकर रख देती हैं। अतः केवल लेखनी न्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने वाले अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धाञ्जलि देकर विराम लेती है। यहां हम अमर शहीदों की बलिदान गाथाओं का वर्णन नहीं कर रहे क्योंकि उनमें से प्रत्येक के बलिदान की एक लम्बी कहानी है जो इस छोटे से लेख में आनी सम्भव नहीं इसलिए यहां बलिदानियों के प्रेरणास्रोत अथवा उन की थोड़ी सी चर्चा मात्र ही कर रहे हैं।

हमारा दावा है कि अन्याय और अधर्म के विरुद्ध बगावत का इससे बढ़कर कोई अन्य उद्घोष नहीं हो सकता। फिर विद्रोही प्रकृति के नवयुवक इससे प्रेरणा लें तो क्या आश्चर्य? इतिहास साक्षी है कि महर्षि कहीं क्रान्तिकारियों के अग्रणी श्याम जी कृष्ण वर्मा को प्रेरित करते दिखाई देते हैं तो कहीं राज रजवाड़ों में जागृति का शंखनाद करते दिखाई देते हैं। कभी एक स्थान पर सिंह गर्जना करते दिखाई देते हैं तो कभी दूसरे स्थान पर। अंग्रेजों को भी भय था कि यह बागी फकीर कहीं सभी को बागी न बना दे। वस्तुतः महर्षि दयानन्द वह क्रान्तिदूत बन के आया था जो क्रान्तिकारियों के लिए आगे चल कर प्रेरणास्रोत बन सका था। लोग जाने अनजाने उस की ओर खिंचे चले आ रहे थे। एक जादू वाला प्रभाव दिखाई देता था उस व्यक्ति के अन्दर। कहीं उसके उपदेश लाखों को प्रेरणा दे रहे थे तो कहीं उसके ग्रन्थ। दादा भाई नौरोजी तथा ऐसे ही अनेकों ने स्वराज्य समर में कूदने की प्रेरणा उनके ग्रन्थों से ली थी। रामप्रसाद बिस्मिल वीर सावरकर महावीर त्यागी आदि अनेकों सत्यार्थ प्रकाश को अपना प्रेरणास्रोत मानते हैं। महर्षि के भीतर छुपी क्रान्ति की अमर ज्वालाओं का सुदूर अमरिका निवासी एण्ड्रयूस जैक्सन डेविस तक ने भाप लिया था और उसे अग्निवती आग की उपमा दी थी फिर आग से खेलने वाले लोग उस प्रेरणा स्रोत से प्रेरणा क्यों न लेते? पर क्या महर्षि केवल अन्यों को ही संघर्ष एवं बलिदान की राह पर चलने की प्रेरणा मात्र देते रहे या स्वयं भी उस राह पर कभी चलने का प्रयत्न किया? तो आईये देखें कि बलिदान सूत्र के दाता इस सूत्रकार ने उसे स्वयं अपने जीवन में कितना ढाला? कर्म के धनी व्यक्ति जो कहते हैं उसे करके भी दिखाते हैं। महर्षि दयानन्द भी ऐसे ही एक कर्मशील महामानव थे। वे केवल कथनी में नहीं करनी में विश्वास रखते थे डा० विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ठीक ही लिखते* कि He was an actionist not a mere Speculative thinker (Modern Indian Thoughts page ३४) अर्थात् वे एक कर्मशील व्यक्ति थे कोरे विचारक नहीं। वे जो कुछ कहते थे स्वयं भी करके दिखाते थे। अतः उन्होंने जो राह दूसरों को दिखाई थी प्रथम स्वयं ही उस पर चल के दिखाया।

यह व्यक्ति जो कभी अपनी बहिन की मृत्यु पर ऐसा भयभीत हो उठा था कि अवसन्न होकर रह गया था और भयातिरेक के कारण जिस की आंखों से अश्रु का एक कण भी उत्पन्न न हो सका था आज पग २ पर वही मृत्यु को ललकार रहा है तब वह मृत्यु के विचार मात्र से ही कांप उठता था कि क्या एक दिन मुझे भी इसी प्रकार मृत्यु का ग्रास बनना पड़ेगा। उस की अश्रु विहीन शुष्क आंखों को देखकर उसके परिवार के लोगों ने उसे निष्ठुर एवं निर्मोही तक कह डाला था। पर उन्हें क्या पता था कि किसी की आंख नहीं हृदय रो रहा है और सत्य तो यह है कि रोने के लिए आंखों में आंसू होना कोई आवश्यक भी नहीं क्योंकि— रोने के लिए लाजिम नहीं आंसू को बहाए। रोये अगर जो दिल तो आंसू कहां से लाए पर अब हम आंसुओं को ही दर्द का पैमाना समझ लगे तो हृदय की गहराई तक कौन उतरने लगा? पर याद रख।

चश्मे परनम से न गमे दिल का
अन्दाज करो।
जोर तूफां का साहिल पे कहां
होता है॥

वह व्यक्ति जो कभी मृत्यु से इतना भयभीत हो गया था कि रात्रि को सोते सोते चौंक पड़ता था आज पग पग पर मृत्यु को ललकार रहा है चुनौती दे रहा है और ठोकर मार रहा है। तब वह मूलशंकर था अब वह प्रबुद्ध महर्षि दयानन्द सरस्वती है। मृत्यु इस वीर के सम्मुख उपस्थित होने का साहस ही खो बैठी थी। बलिदान पथ के इस पथिक को चौदह बार विष दिया गया पर हर बार वह मृत्यु को धकेलता हुआ आगे बढ़ गया। किन्तु विष का अपना प्रभाव तो होना ही था और वह हुआ भी। घोर ब्रह्मचर्य साधना से सधा जो शरीर वेद की मर्यादा के अनुसार त्रिगुणी और चौगुनी आयु को प्राप्त करता वह साठ वर्ष भी तो पूरे न कर सका। महर्षि की मान्यता थी और उन्होंने लिखा भी है कि जैसे डोर से बांधे हुए प्राणी इधर उधर भाग कर नहीं जा सकते वैसे युक्ति के साथ धारण की हुई आयु ठीक समय के बिना नहीं भाग सकती (यजु २२ २) किन्तु नादान लोगों ने उस डोर को ही काट डाला और अत्यन्त युक्ति से भी धारण की हुई आयु को असमय में ही भागने को बाध्य कर दिया। स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक के अनुसार मुरादाबाद में कायमगंज वाले रामलाल ने स्वामी जी से पूछा आप इतने दुर्बल क्यों हैं? क्या आप के स्वास्थ्य का कोई आघात पहुंचा है? स्वामी जी ने उत्तर दिया कि मुझे कई बार विष दिया गया। मैंने उसे वमन और वस्ति से निकाला भी पर कुछ दाग रह ही गया। यह शरीर तो वध से ऊपर आता पर अब ऐसा लगता

(शेष पृष्ठ १० पर)

भारत को नवजीवन दाता ऋषि दयानन्द

ले०—श्री प० शिवकुमार शास्त्री काव्य व्याकरणतीर्थ सी ५३ कालिन्दनगर ऐक्सटे शन दिल्ली

महर्षि दयानन्द का भारत भू पर पदार्पण ऐसे भयकर समय मे हुआ जिसका वास्तविक ज्ञान आज के भारतीय को तुलनात्मक ऐतिहासिक विवेचन के पश्चात् ही हो सकता है। इस समय के युवक और युवति को यह कल्पना भी नही हो सकती कि यहा शूद्र द्विजो को अपने स्पर्श से बचाने के लिए गले में घण्टी बाधे रहते थे कि घण्टी ध्वनि को सुनकर वे सावधान हो जावें और स्पर्श दोष के पाप से बच सकें। दक्षिण में शूद्रो के यातायात के लिए नगरो मे एक मार्ग भी सुनिश्चित होता था कि वे उसी पर चलें ताकि द्विजातियों तक उनकी परछाई भी न आ सके।

वेदाध्ययन के अधिकार के सम्बन्ध मे अपने वेदान्त दर्शन के भाष्य मे अथवा व्ययनाथ प्रतिषधात स्मरणच वे० द० अ० १ पा० ३ सू० ३८ पर भाष्य करते हुये शूद्रो के विषय मे आचार्य शकर लिखते हैं—अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रप जतुभ्या श्रोत्रप्रतिपूरणम। पद्यु ह वा एतत श्मशान यच्छू । तस्माच्छूद्र समीपे नाध्येतव्यम। भवति च वेदोच्चारणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीरभेद इति।

अर्थात यदि शूद्र वेद सुने तो राग और लाख पिघला कर उसके कानो के छिद्रो मे भर देने चाहिए। शूद्र तो श्मशान है इसलिए उसके समीप वेद नही पढना चाहिए। यदि वह वेद का उच्चारण करे तो जीभ काट देनी चाहिए और वेद के अनुसार आचरण करे तो शरीर का भेदन कर देना चाहिए।

★ धर्म का संकीर्ण स्वरूप ★

बड बड धर्माचार्यों की दृष्टि केवल परलोक पर थी। मुसलमानो के आक्रमण से जो देश और जाति की दुर्दशा हो रही थी। उस पर किसी को ध्यान नही था उस समय सस्कृत के बड बड दिग्गज विद्वान हुए। उन्होने आचार और धर्म पर बड बड २ पोथे रचे किन्तु वर्तमान के सकट से कैसे उभरें? इसके लिए एक शब्द भी नही लिखा।

पाठको की जानकारी के लिए कुछ धर्माचार्यों के नाम ग्रन्थ और काल की सूची यहा दी जाती है

ग्रन्थकार	स्थान	काल ई०	ग्रन्थ
१ मेधातिथि	मिथिला	९००	मेधातिथि भाष्य
विज्ञानेश्वर	कल्याण/देहार	११००	मिताक्षरा
लक्ष्मीधर	कन्नौज	११४३	स्मृति कल्पतरु
हलायुध	बगाल	१२००	ब्राह्मण सर्वस्व
देवण्णभट्ट	दक्षिण भारत	१२००	स्मृति चन्द्रिका
हेमाद्रि	देवगिरि	१२६० से १३०९	चतुर्वर्ग चिन्तामणि
कुल्लूकभट्ट	काशी	१०००	मन्वर्थ मुक्तावली
वीरमित्रोदय	मिथिला	१३००	वीरमित्रोदय
माधवाचार्य	विजयनगर	१४००	पराशर माधव
नीलकण्ठ	कोंकण	१०००	मयूख
अपरार्क	कश्मीर	१४००	अपरार्क
चण्डेश्वर	बगाल	१४००	स्मृतिरत्नाकर
जीमूतवाहन			धर्मरत्न
रघुनन्दन		१६००	स्मृतितत्त्व
कमलाकार	काशी	१६००	निर्णय सिन्धु
नीलकण्ठ		१६११	भगवन्त भास्कर

मेधा तिथि का ग्रन्थ विद्वत्ता की दृष्टि से प्रवरास्पद समझा जाता है। विज्ञानेश्वर की मिताक्षरा महाराष्ट्र मे हिन्दू कानून के लिए महत्त्व की रही है चतुर्वर्ग चिन्तामणि मे हेमाद्रि ने दान तीर्थ और मोक्ष जैसे विषयो के वचन सगृहीत किए हैं। कुल्लूक भट्ट की मनुस्मृति की टीका सर्वाधिक प्रसिद्ध है। माधवाचार्य का पराशर माधव पराशर स्मृति की अपेक्षा अधिक आदृत समझा जाता है। किन्तु किसी भी ग्रन्थकार ने यवनो के अत्याचार से देश मे जो हाहाकार मचा हुआ था उसकी ओर ध्यान तक नही दिया। इनको चाहिए था कि हिन्दुओ की बुराईयो को दूर करने की प्ररणा के साथ उस सकट से उभरने की दिशा निर्देश करते। उस समय ब्राह्मण और क्षत्रियो की योग्यता अलकार शास्त्र मे लगी हुई थी। राजा लोग भी इन विषयो पर विद्वतापूर्ण ग्रन्थ रचते थे। उनका आकर्षण सेनापति और राज्य की अपेक्षा राजकवि की ओर अधिक होता था। रण भूमि की अपेक्षा उन्हे रगभूमि अधिक पसन्द थी।

मेधातिथि के बृहत भाष्य मे बलात्कार से भ्रष्ट किये हुये स्त्री पुरुष की शुद्धि का विचार आवश्यक था। क्योकि मेधातिथि कासिम के सौ वर्ष बाद हुए। उन्हे १०० वर्ष पूर्व हुए अत्याचारो का ज्ञान न हो यह नही माना जा सकता।

× स्त्री जाति की दुर्दशा ★

समाज को जन्म देकर पालन-पोषण करने वाली स्त्री जाति के प्रति पुरुष समाज मे बड हीन और निन्दनीय विचार थे। बड बड विद्वान स्त्रियो के विषय मे बड गर्हित विचार रखते थे।

आचार्य शुक्र ने अपनी स्मृति मे स्त्री के सती होने तक का विधान कर दिया—

मृत भर्तरि सगच्छेत् शु० नी० ४ ७८

शुक्रनीति ४ ७९१ म बालक स्त्री और पापी को गवाही देने के अयोग्य ठहराया। यही तक नही आचार्य शक्र ने स्त्रियो मे ८ अवगुण भी गिनाये—

अनृत साहस माया मूर्खत्वमतिलोभिता।
अशौच निर्दयात्व स्त्रीणामष्टौ स्वभावजा। शु० ४ ११९४

झूठ बोलना बिना विचार काम कर बैठना ऊपर से कुछ और अन्दर से कुछ मूर्खता अत्यन्त लालच अपवित्रता निर्दयता और घमण्ड ये स्त्रियो मे स्वाभाविक ८ दुर्गुण होते है।

ये ही दुर्गुण सन्त तुलसीदास ने भी रामायण मे गिनाए है।

सहसा अनृत चपलता माया भय अविवेक अशौच अदाया।

अवगुण आठ सदा उर रहहिं।

आचार्य शकर ने भी अपनी प्रश्नोत्तरी मे स्त्रियो के प्रति बड अपमानजनक विचार प्रकट किए है।

द्वार किमेक नरकस्य नारी
का शृखला प्राणभृताम हि स्त्री
किं तद्विष नि सुधोपमम यत स्त्री
विश्वास पात्र न किमस्ति नारी

सभी द्विजाति ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य अपने अपने शास्त्रविहित कर्म स विमुख हो गय थे। वेदो के दर्शन तक भी ब्राह्मण नही कर पाते थे यह प्रसिद्ध कर रखा था कि वेदो को शखासुर पाताल लोक म ले गया अब वेद इस भूतल पर नही। क्षत्रिय आचार भ्रष्ट हो गये मद्यमास और वेश्यागमन तक म उन्हें कोई लज्जा नही थी

उस समय इस स्वर्गोपम भारत की वही दशा थी जो ज्येष्ठ मास म सूर्य की आग बरसाती किरणो और लूओ से किसी उपवन की होती है। उस भयकर ग्रीष्म काल मे उद्यान की लहलहाती घास जल जाती है। पशु और पक्षी भी प्यास से व्याकुल होकर इधर उधर भटकने लगते है।

मनुष्य ससार की ग्रीष्म के इस ताप से बचने के लिए कोई खस की टट्टिया कहीं वातानुकूलित और कुछ शिमला नैनीताल और मसूरी चले जाते है। किन्तु इस विकट समय मे भी उद्यान की रक्षा की चिन्ता तो उस माली का कर्तव्य सबसे असाधारण और विषम होता है।

उसे न सूर्य की तप्त किरणो की चिन्ता है और न भयकर गरम लू की। उसका ध्यान तो एक एक लता पादप की रक्षा मे केन्द्रित है।

(शेष पृष्ठ ८ पर)

आओ श्रम के दीप जलावें

ले०—श्री कविराज बनवारीलाल शादा प्रधान आर्य समाज मौडल बस्ती शीदीपुरा नई दिल्ली

आओ श्रम के दीप जलावें खुशहाली घर घर मे लाव।
बनें परिश्रम करने वाले श्रम से ही हम सब सुख पाव।
नाली सडक सहन आगन घर इनको सुथरा साफ बनावें।
विद्या की उजियाली म कर अविद्या का अन्धकार मिटावें।
नही गन्दगी मिल कही पर देख देखकर मन हरषाव।
हो लुभावने ग्राम नगर सब उद्योगो से हे सजाव।
मेहनत से हो प्रेम हमारा झूठे पट लोके को त्यागें।
आपस के झगडो को तजकर प्रेम सगठन मे मन लगाव।
अपनी जिम्मेदारी समझें अनुशासन घर घर म लाव
बाल वृद्ध जवान सभी मिल अपना देश महान बनावें।
चिन्ता और निराशाओ को मन अपने से दूर भगाव
अनाचार को मिटा देश से जीवन अपना शुद्ध बनावें।
कामचोर यहा रहे न कोई दुख की गहरी जड लगावें।
नरक बना जो देश हमारा इसको फिर से स्वर्ग बनावें।
शिल्प कला विज्ञान यहा सब विज्ञानी बनकर दिखलावें।
अपने जीवन के हर क्षण को श्रम करने म इसे बिताव
मेहनत के बल पर धरती से मन चाहे हम फल को पाव।
बालक पढ जवान करें श्रम दुगनी पैदावार बढाव।
है उत्थान प्राण हम सब का उन्नति करके हम दिखलाव।
जीवनदाता श्रम है हमारा शादा इससे ध्यान लगावें

—

ठनो भी खूब और बनो भी खूब

ले०—श्री काशीराम जी चावला लुधियाना

(गताक से आगे)

अध्यापक जी ने कहा अच्छा बच्चो मैं इनका भेद तुम्हे बताता हू। अध्यापक जी ने पहले ईंटें ढोने वाले और कुर्सियो पर बैठने वालो का चित्र दिखा कर कहा दो व्यक्ति जिनके सिरो पर ईंटें हैं। सारा दिन यही काम करते हैं और रात्रि को थक कर चूर हो जाते हैं। यह कार्य उनको इसलिए करना पड़ा कि वह विद्या नही पढते थे। उनके माता पिता तो उनको पढाना चाहते थे परन्तु वह खेल कूद मे लगे रहे थे। बड़े होकर वह कोई अच्छा काम नही कर सकते थे। इसलिए उन्हे ईंटें ढाने की आवश्यकता पड़ी इसके अतिरिक्त दूसरी ओर जो दो व्यक्ति कुर्सियो पर बैठे हैं वह पढ लिखकर बाबू बन गये और कुर्सियो पर बैठ कर आनन्द से दफ्तर का काम करते हैं।

यह सुन कर लड़के ने वह चित्र नीचे रख दिया और दूसरे को हाथ मे लेकर स्वय ही कहने लगा कि यह जो भेडें चरा रहे हैं यह भी नही पढे थे और जो घोडो पर चढ कर जा रहे है वह पढ लिख गए थे।

इसके उत्तर मे अध्यापक जी ने कहा कि हा तुम ठीक समझे हो इसके पश्चात शिव कुमार ने तीसरे चित्र को थैले मे से निकाला और इसी प्रकार से कहा कि लकड़िया काटने वाले यह व्यक्ति पढे नही थे और कार मे बैठने वाले पढ लिख गए थे।

अध्यापक जी ने पुन कहा हा यही बात है तुम्हारा विचार ठीक है

तब शिव कुमार ने तीनो चित्र सामने रख लिए और बड़े गौर से देखता रहा फिर व कहने लगा अध्यापक जी यदि मैं न पढा तो मुझे भी यही काम करने होगे। इस पर अध्यापक जी ने कहा कि अब तुम स्वय विचार लो तुम तो बहुत स्याने लड़के हो विद्या न पढने वाले व्यक्तियो का हाल तो तुम देख ही रहे हो।

तब वह तीनो चित्र लेकर भागा भागा अन्दर गया और अपने माता पिता को चित्र दिखा कर कहने कहने लगा कि देखो कि अध्यापक जी कितने शिक्षा दायक चित्र लाए हैं वह मुझे दिखाते ही न थे मैंने स्वय निकाल कर देखे हैं यह चित्र इस बात के प्रमाण हैं कि जो बालक पढने से कभी कतराते हैं और जो दिल लगा कर नही पढते वह या तो ईंटे ढोते हैं या लकड़िया काटते या जगल मे भेड़ बकरिया चराते हैं और इसके अतिरिक्त जो पढ लिख जाते हैं वह या तो कुर्सियो पर बैठते हैं या कारों में सैर करते हैं इसलिए मैं अब अध्यापक जी से जा कर कहता हू कि वह मुझे प्रतिदिन खूब पढाया करें और अब मैं विद्यालय मे भी खूब दिल लगा कर पढू गा ताकि मैं कारो इत्यादि पर सैर करू।

यह कहकर वह चित्र लेकर भागा अध्यापक के पास पहुचकर बोला यह चित्र आपने मुझे पहले क्यो नही दिखाया मैं आज से अपना सारा समय विद्या पढने मे लगाऊ गा आप यह चित्र मुझे दे दें आपकी अत्यन्त कृपा होगी।

अध्यापक जी का तीर ठीक निशाने पर बैठा और वह बड़ा प्रसन्न हुआ और प्रभु का धन्यवाद किया कि अब वह वकील जी से मुफ्त के रुपये न लेंगे।

उस दिन के पश्चात शिवकुमार अध्यापक जी से पूरी लग्न से पढने लगा अध्यापक जी तो चित्र लाए ही इसी योजना से थे परन्तु शिव कुमार की और रुचि बढाने के लिए बोले कि यह चित्र तो मैं स्वय अपने लिए लाया हू यह सुनकर शिवकुमार चित्र लेकर अपनी माता जी के पास चला गया और अपनी माता को देकर कहने लगा कि यह चित्र अपने पास रख लो अध्यापक जी को न देना हम उन्हे इनका मूल्य दे देंगे जब शिवकुमार अध्यापक जी की इस विचित्र विधि और अकलमन्दी से दिल लगाकर पढने लगा तो इससे उसके माता पिता बहुत खुश हुए उन्होने अध्यापक जी को बहुत इनाम दिया और उनकी खूब प्रशसा की। वकील जी ने उन्हे कहा कि मैं कहता था कि आपकी लग्न और उत्तम विचार किसी दिन अच्छा परिणाम दिखायेंगे यदि आप जोर न लगाते तो हम सबको यह खुशी कब मिलती इसके उत्तर मे अध्यापक जी ने कहा वकील जी मनुष्य समर्थ नही यह सब प्रभु की कृपा से हुआ है बेशक यह आपका बालक है इसलिए आप को उसकी आदत बदल जाने से सचमुच बहुत खुशी हासिल होगी परन्तु जो आनन्द मेरे मन को हुआ है वह आप नही अनुभव कर सकते मैं तो प्रतिदिन प्रात साय प्रभु से प्रार्थना करता था कि हे दयालु बता क्या आपको मेरे मुफ्त के पैसे खाने अच्छे लगते हैं क्या आप मेरी सहायता न करेगे कि मेरी कमाई हलाल की हो जावे मेरी प्रार्थना स्वीकार हो गई और उस दयालु प्रभु ने ही यह कृपा की है और उसकी अपार दया ने ही मेरे मन को शान्ति दिलाई है।

यह सुनकर वकील जी ने अध्यापक जी पुन प्रशसा की और कहा कि इस लूट खसूट के जमाने मे भी आप जैसे नेक और ईमानदार व्यक्ति है।

शिवकुमार ने अब अपनी शिक्षा में बहुत उन्नति की अब वह उच्च श्रेणी मे दाखिल हो गया था और अध्यापक जी उसे मिडल तक ही सहायता कर सकते थे इसलिए उन्होने उसे पढाना बन्द कर दिया था वैसे ही अब उसे ट्यूशन रखने की जरूरत ही नही थी वह अब स्वय बहुत परिश्रम करके बहुत अच्छे नम्बर ले कर पास होता चला गया और उसने बी० ए० कर ली

वकील जी चाहते थे कि उनका बेटा भी वकालत पास करे और उनका कार्य भार सम्भाल सके परन्तु उसकी पत्नी ने कहा कि मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता पहले शिवकुमार का विवाह कर दें ताकि मैं अपने जीते जी अपनी पुत्रवधु का मुख देख जाऊ यह मेरा इकलौता बेटा है यह ठीक है कि पुत्रवधु लाने की इच्छा हर लड़के की माता के दिल में बहुत होती है परन्तु देखा यह गया है कि जितनी अधिक इच्छा पुत्रवधु को देखने की होती है परन्तु पुत्रवधु आने के कुछ दिनों पश्चात् इससे भी अधिक इच्छा उसका न देखने की हो जाती है सास और बहू में जितना झगड़ा हो जाता है शायद किसी में होता हो बहुत थोड़े और भाग्यवान घरों मे सास और बहू मे प्रेम और आदर भाव रहता है। अन्यथा पुत्रवधु आने के थोड़े समय पश्चात ही जो सास बड़ी आशाओ और प्यार प्रेम से उसे लाती है ऐसा वातावरण घर मे उत्पन्न हो जाता है कि दोनो का इकट्ठा रहना मुश्किल हो जाता है शिवकुमार की माता अपने पुत्र के शीघ्र विवाह करने के लिए बहुत जोर देने लगी

(क्रमश)

महर्षि दयानन्द के उपकार

लेखक—श्री सत्पाल जी प्रभाकर नवाकोट अमृतसर

भारत की सूखी बगिया मे जो फिर से लाये बहार।
उस माली ऋषिदयानन्द के मन याद करो उपकार।
झूठ का बोलबाला था और मिट रही सच्चाई थी।
देशद्रोही पाखण्डियों ने भारत मे लूट मचाई थी।
पाखड खण्डिनी पताका लहरा किया वेद प्रचार।
उस माली ऋषिदयानन्द के जरा याद करो उपकार।
नारी का सम्मान किया अनाथो को गले लगाया।
बाल विवाह को बन्द किया छुआ छूत का रोग मिटाया
हिन्दी को ही राष्ट्रीय भाषा का जो दे गए अधिकार।
उस माली ऋषिदयानन्द के जरा याद करो उपकार।
कहा कलम से ऋषिवर जाकर गऊ हत्या को बन्द करो।
उस की रक्षा और पालन का अतिशीघ्र प्रबन्ध करो।
केवट बनकर देश की नैय्या करदी भव से पार।
उस माली ऋषि दयानन्द के जरा याद करो उपकार।
बागी फकीर बन जाति को स्वतन्त्र रहना सिखलाया।
अपना राज्य ही उत्तम होता है सत्यार्थ में बतलाया
सर्दी गर्मी भूख प्यास सह किया देश उद्धार।
उस माली ऋषि दयानन्द के जरा याद करो उपकार।
ऋषि के सेनानी लाजपत ने गोरी सरकार हिलाई।
बिस्मिल भगतसिंह फासी चमी आजाद ने गोलिया खाई
श्रद्धानन्द और लेखराम ने तन मन धन दिया वार।
उस माली ऋषि दयानन्द के जरा याद करो उपकार।
कहा जहा तक हो सके दुखीयो की सेवा करो।
गुणो को ग्रहण करते जाओ और दोषो को दूर करो।
प्यारे प्रभु को कभी न भूला जो सब का आधार।
उस माली ऋषिदयानन्द के जरा याद करो उपकार।

—

आर्य समाज लन्दन द्वारा आयोजित सार्वभौम आर्य महासम्मेलन

लेखिका—श्रीमती शकुन्तला कोछड़ लन्दन

स्वस्ति पन्थामनुचरेम

२० अगस्त १९८० बुधवार से राष्ट्र मेध यज्ञ पृथ्वी सूक्त से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ ब्रह्मा के स्थान को सुशोभित करने वाले श्री सत्यपाल शर्मा वेद शिरोमणि नैरोबी से पधारे थे। पुरोहित स्थानों पर थे श्री प० जैमनी शास्त्री श्री प० चन्द्र भानु श्री प० विश्व बन्धु श्री श्री क्षितीश कुमार वेदालंकार श्री आचार्य सत्यप्रिय श्री डा० भू तीशील शर्मा श्री तथा गुरुकुल एटा के आचार्य आदि भी इनका साथ दे रहे थे। श्रीमती कैलाश भसीन जी की अध्यक्षता में यज्ञ पर घी समिधा सामग्री इत्यादि की पूर्ण सफल व्यवस्था रही। इस अवसर पर प० हरबंसलाल हंस तथा श्री परिजा जी के मधुर भक्ति रस भरे भजन प० चन्द्रभानु जी तथा प० विश्व बन्धु जी के ओजस्वी भाषण सुनने को प्राप्त हुये आरती तथा शान्ति पाठ के पश्चात काम पूर्ण हुआ आर्य समाज का हाल भरा हुआ था परन्तु श्रोतागणों ने बड़ा ही शान्त तथा नियमित वातावरण रखा जिससे कार्यक्रम का प्रथम दिवस सफल रहा। कार्यकर्ताओं में बड़ा उत्साह था सब उपस्थितजनों को शाकाहारी भोजन तथा प्रसाद दिया गया और अतिथियों को कोच (बस) द्वारा होटल मे पहुंचाया गया।

२८९ व्यक्तियों का प्रबन्ध बहलस यूनिवर्सिटी होटल मे किया गया था। प्रत्येक व्यक्ति का एक एक कमरा जिसमे सब सुविधाए उपलब्ध थीं ठहरने की व्यवस्था थी। प्रातः बैड टी नाश्ता जिस मे फलो का जूस काफी डब्बल रोटी मक्खन जाम दूध तथ सीरियल दिया जाता था दिन मे समय मिलने पर देखने योग्य स्थानो पर बस द्वारा घुमाया जाता था।

२१ अगस्त १९८० वीरवार का प्रोग्राम दोपहर से प्रारम्भ हुआ। विद्वान सम्मेलन विषय वैदिक धर्म प्रचार विदेशो मे प० सत्यपाल वेद शिरोमणि तथा आचार्य भगवानदेव एम० पी० की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ प्रिंसिपल मिस आनन्द श्री वेद सागर वेद श्रीमती कमला आर्या श्री क्षितीश कुमार वेदालंकार श्री सुखराज छोटे तथा डाक्टर विश्व बन्धु जी के मधुर विचार सुनने को प्राप्त हुए। सायंकाल को यज्ञ भजन तथा भाषण हुए भाग लेने वाले थे डाक्टर शर्मा जी मिस साधना छोटे मोहनलाल मोहित तथा श्री देवेन्द्र कपूर हजारों की उपस्थिति के पश्चात भी शान्त वातावरण था श्रोतागणों से कार्यक्रम की प्रशंसा सुन इस की सफलता पर गर्व हुआ। खाने पर आर्य बच्चों का सहयोग तथा स्त्रियों की स्वयम् सेवा सराहनीय थी। खाने के पश्चात अतिथियों को वापिस उनके निवास स्थान (होटल) मे पहुंचा दिया गया।

श्रीमती शकुन्तला कोछड़ लन्दन मे आर्य समाज की एक बहुत सक्रिय सेविका हैं दो मास हुए जब वहां अन्तर्राष्ट्रीय आर्य सम्मेलन हुआ था उसमे उन्होंने अपने स्वास्थ्य की भी चिन्ता न करते हुए दिन रात उस सम्मेलन की सफलता के लिए काम किया था। इस लेख मे उन्होंने उस सम्मेलन के विषय मे अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। यद्यपि उस सम्मेलन को हुए अब दो मास के लगभग होने लगे हैं फिर भी आर्य मर्यादा के पाठको की जानकारी के लिए यह लेख प्रकाशित किया जा रहा है ताकि वह अनुमान लगा सके कि लन्दन मे उस समय क्या हुआ था।

—वीरेन्द्र

२२ अगस्त १९८० शुक्रवार का कार्यक्रम भी दोपहर से प्रारम्भ हुआ। यह शिक्षा तथा संस्कृति के आधार पर था। इस काम की अध्यक्षता पद पर प्रिंसिपल बी० एस० बहल थे। वक्ताओं मे प्रोफेसर भगतराम शर्मा प्रिंसिपल श्री सी० एस० अरोड़ा श्री पुरुषोत्तम शर्मा स्वामी दिव्यानन्द जी प० हरिशंकर आर्य वेदालंकार तथा स्वामी ओमानन्द जी थे। बड़ा ही शान्त वातावरण रहा। सायंकाल राष्ट्र मेध यज्ञ तथा भाषण और भजनों का रंगमय कार्यक्रम था इसमे श्रीमती सन्तोष आशानन्द श्रीमती स्वर्ण शर्मा श्रीकरण शारदा तथा स्वामी दयानन्द विदेह ने भाग लिया। प्रीति भोजन के पश्चात अतिथियों को उनके गन्तव्य स्थान पर पहुंचाया गया।

२३ अगस्त १९८० शनिवार को कार्यक्रम प्रात १० बजे से प्रारम्भ हुआ राष्ट्र मेध यज्ञ पूर्ण आहुति से सम्पन्न हुआ सब उपस्थितगणों ने क्रम से यज्ञ कुण्ड मे आहुति डाली इतना वातावरण मधुरमय तथा रसीलो सुगन्धमय बना जो सब ने बहुत ही पसन्द किया। ऋषि लंगर का आयोजन था दो हजार से अधिक व्यक्तियों को भोजन दिया गया जो बहुत ही स्वादिष्ट था ध्वजारोहण श्री वीरेन्द्र के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ तथा श्री वीरेन्द्र जी ने सम्पूर्ण कार्य की सफलता की सराहना की।

दोपहर को युवक युवतियों तथा बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम था। सब बच्चों ने ही भाग लिया। भाषण भजन गीत नृत्य तथा ड्रामा इत्यादि थे। महर्षि दयानन्द जी की जीवन गाथा दो नन्हे नन्हे भाई बहिन ने इतने रोचक ढंग से प्रस्तुत की जिसका प्रभाव एकत्रित जन पर बहुत ही पड़ा। लड़का जिसने मूल (स्वामी दयानन्द जी) की भूमिका प्रारम्भ मे की एक १२ वर्ष का बच्चा अरुण कोछड़ तथा उसके जीवन में सम्बन्धित चरित्रों की भूमिका इसकी बहिन अन्जला कोछड़ ने प्रदर्शित की वार्तालाप इंगलिश मे था परन्तु बहुत सरल तथा सुचारु रूप मे प्रस्तुत था। बड़ा ही स्वाभाविक ढंग से पेश किया गया नाटक सब ने बड़ा ही पसन्द किया तथा सभी प्रभावित हुए मान नीय वीरेन्द्र जी ने सराहना करते हुये कहा इन बच्चों के माता पिता तो बधाई के पात्र हैं साथ ही मैं तो समझता हूं समस्त लन्दन निवासी ही बधाई के पात्र हैं। मुझ तो समूचे आर्य जगत का भविष्य उज्ज्वल लगता है। लन्दन जैसे स्थान में जहा पश्चिमी सभ्यता है वहा ऐसे बच्चों को देखें तो हमे लगता है कि यह तो भारतीय सभ्यता से भी चार कदम आगे ही है बच्चोंमे अपने धर्म भाषा संगीत तथा संस्कृति के प्रति निष्ठा बनी रहे आशीर्वादो की बौछार की गई। कुमारी अंजली आर्या तथा डाक्टर वेद भसीन की अध्यक्षता मे यह सम्मेलन पूर्ण हुआ श्री इन्द्रनाथ जी तथा आचार्य भगवान देव एम० पी० की अध्यक्षता मे योग का प्रदर्शन हुआ तथा श्री भगवानदेव और डाक्टर भूषण भारद्वाज जी ने रोचक भाषण दिए। भाषणों मे कीमती सुझाव सुनने मे समय इतनी शीघ्र बीता जिस का आभास नहीं हो पाया श्रोतागणों को।

२४ अगस्त १९८० का कार्यक्रम तथा २५ अगस्त का कार्यक्रम मैरो लईयर सैंटर में हुआ इस हाल में २००० श्रोता गण बड़ी सुविधा पूर्वक बैठने की व्यवस्था थी। प्रात १० बजे से शुरू हुआ आर्य समाज की विदेशों मे कार्य प्रणाली इस सम्मेलन का विषय था। श्री प्रो० पी० त्यागी मन्त्री अन्तर्राष्ट्रीय आर्य लीग नई दिल्ली की अध्यक्षता मे प्रारम्भ हुआ श्रीमती शिव राजवती जी के मधुर भजन हुए भारत कीनिया दक्षिणी अफ्रीका मोरेशियस टीनीडाड तथा यू० के० के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

दोपहर की सभा का विषय था—संसार का धर्म मुख्य अतिथि थे डाक्टर आई० पी० सिंह एक्टिंग हाई कमिश्नर भारत के आयोजित पदाधिकारी थे प्रो० एस० एन० भारद्वाज प्रधान आर्य समाज लन्दन के तथा अध्यक्ष पद पर प्रिंसिपल शान्ति नारायण ने (रिटायर्ड देहली यूनिवर्सिटी) इसमे भाग लिया जूडिस्म रबी रोडनी मैरीनर ईसाईयत रैवरेंड फिलप मकौसफील्ड इस्लाम डाक्टर साईयद अल वल हिन्दुइज्म प्रोफेसर उमा कान्त उपाध्याय बुद्धइज्म विनियम प्यातीसा सिक्खीज्म प्रोफेसर हरमिन्द्र सिंह मक्कड़ मिस्ट्र हैनरमन। सायंकाल का संगीत सम्मेलन श्रीमती शीला मारकण्डे जी की अध्यक्षता मे सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ सन्तोष वर्मा मिस सुषमापुरी श्रीमती स्वर्ण शर्मा श्रीमती शिवराजवती मिस साधना छोटे का मधुर संगीत भजनों की मीठी लय ने श्रोतागण को बड़ा प्रभावित किया

२५ अगस्त प्रात १० बजे श्रीमती आशा शर्मा जी के संगीत से प्रारम्भ हुआ प० सत्यदेव भारद्वाज वेदालंकार जी ने सम्मेलन की अध्यक्षता की तथा प्रोफेसर एस० एन० भारद्वाज जी आर्य समाज लन्दन के प्रधान हैं द्वारा भाषण तथा महासम्मेलनके प्रस्तावों की मालाएं श्रद्धापूर्वक भेंट की गई। प्रधान तथा मन्त्री द्वारा धन्यवाद दिये गये।

दोपहर के कार्यक्रम मे प्रस्ताव का अन्तिम रूप दर्शाया गया सम्मिलित गान धन्य है तुमको ऐ ऋषि गाया गया तथा शान्ति पाठ के साथ महासम्मेलन पूर्ण था।

यह गत सप्ताह का कार्यक्रम बड़ा सफल रोचक तथा मार्ग दर्शक रहा इस इतने बड़े सम्मेलन में हजारों की संख्या मे उपस्थिति देखकर यह आर्य भावना प्रदर्शित होती देख मन बड़ा हर्षित हुआ। स्वामी दयानन्द जी की ज्योति जली रखने का संकल्प आर्य परिवारों में कूट कूटकर भरा हुआ देखने का समय तथा सौभाग्य इस महासम्मेलन से मिला।

इस सम्मेलन को आयोजित करने की प्रेरणा देने तथा सहयोग देने तथा स्वयम् सेवको कार्यकर्ताओं और बच्चों युवकों तथा कलाकारों एवं भाग लेने वालों को मैं धन्यवाद तथा बधाई देती हूं। आर्य जनो को शुभ कामनाएं भाती हूं।

—

ऋषि दयानन्द की देन

ले—श्री प. बिहारी लाल जी शास्त्री बरेली)

ओ३म्

दिल्ली मे जब बहलोल लोधी बाद शाह था तो उस समय एक ब्राह्मण यह प्रचार करता था कि हिन्दू मुसलमान सब मजहब बराबर है। यह खबर जब बहलोल लोधी का लगी तो उसने उस ब्राह्मण को बुलाया और उससे पूछा कि क्या तुम सब मजहब को बराबर बताते हो? ब्राह्मण ने स्वीकार किया इस पर बहलोल लोधी कहाकि हिन्दुओ का मजहब कुफ्र है। और इस्लाम खुदा का बताया मजहब है। यह दोनो बराबर कैसे हो सकते है इस लिये तुम मुसलमान बनो वर्ना कत्ल कर दिये जाओगे। ब्राह्मण अपनी बात पर डटा रहा इस पर लोधी ने लकड़ियो की चिता बनवाकर उसको जिन्दा जलवा दिया। मुसलमानी हुकूमत जब तक रही तब तक कोई हिन्दू अपने मजहब का इस्लाम के बराबर बताने की हिम्मत नही कर सकता था।

जब ईस्ट इण्डिया कम्पनी का राज्य बगाल मे हो गया तो राजाराम मोहन राय ने यह प्रचार किया कि हिन्दू मुसलमान ईसाई सब धर्म बराबर हैं। इसी बात को महात्मा गांधी ने दोहराया। केवल ऋषि दयानन्द ने ही यह घोषणा की कि केवल वैदिक धर्म सत्य है और सब भ्रान्त हैं। ऋषिवर की घोषणा को सुनते ही स्वाभिमानी हिन्दुओ की धमनी धमनी से फड़क उठी। झुका हुआ सिर स्वाभिमान से ऊंचा हो गया। इससे हिन्दुओ मे अपने धर्म के प्रति अभिमान पूर्ण आस्था का उदय हुआ। श्रद्धा बढ़ी। वेदो के प्रति रुचि जागृत हुई।

सन १८५७ के बाद ऋषि दयानन्द ने ही यह घोषणा की कि न्याय और दया पूर्वक पक्षपात रहित भी विदेशी राज्य ऐसा नही हो सकता जैसा स्वदेशी होता है। क्योंकि स्वामी दयानन्द यह जानते थे कि विदेशी राज्य पहले कुछ दिनो अच्छा रहता है फिर राष्ट्र का निर्जीव कर देता है। ऐसा उन्होने यही किया श्री स्वामी दयानन्द ने कांग्रेस के स्वराज्य आन्दोलन से पहले ही स्वराज्य की घोषणा कर दी थी और उनके शिष्य श्री श्याम जी कृष्ण वर्मा ने क्रान्ति का आरम्भ कर दिया था। श्री मदन लाल धींगरा जिन्होने इग्लैंड म भारत मत्री के सेक्रेटरी को गोली से उड़ा दिया था श्याम वर्मा जी के ही शिष्य थे। वीर सावरकर और उनके अनेक क्रान्तिकारी साथी वर्मा जी के परम भक्त थे। स्वामी दयानन्द ने हिन्दुओ मे भावनात्मक एकता (Emotional Integeation) उत्पन्न करने के लिए वेदो को धर्म पुस्तक के रूप मे रखा जिन वेदो को मैक्समूलर साहब भ्रम पुस्तक बताते हैं। हिन्दुओ मे अनेक मत थे। वैदिक धर्मियों म भी संस्कार पद्धतियां अलग अलग थी। सध्यायें पृथक पृथक थी। ऋषि दयानन्द ने संस्कार विधि और पंचमहायज्ञ विधि लिखकर सब हिन्दुओ के संस्कार और उपासना की विधि एक कर दी। भावनात्मक एकता के लिए यह बहुत बड़ा काम था। तीसरी देन तो ऋषि दयानन्द की अनुपम देन है राष्ट्र का जीवन है और भारत की राष्ट्रीय शक्ति को बढाने वाली देन है। वह है शुद्धि संस्कार जोकि वास्तव मे राष्ट्रीय करण करना है।

देश मे रहने वाले अहिन्दू भारत भूमि को पवित्र नही मानते भारत की सस्कृति और इतिहास के प्रति उनके मनमे कोई गौरव नही है। स्वामी दयानन्द के शुद्धि सदेश का यह प्रभाव हुआ कि लाखो की सख्या मे विधर्मी लोग हिन्दू बना लिये गये और सनातनधर्मी भी हर्ष पूर्वक शुद्धि सस्कार करा देते है। महात्मा गांधी का लड़का हीरालाल अब्दुल्ला बन गया। महात्मा गांधी इस कड़वे घूट को चुपके से पी गये। विनोबा जी भी आश्रम मे पड़े रहे और मौन धारे रहे। माता कस्तूरबा रोती रही। उनके आंसूओ को पोछने वाला भारत म कोई नही था। श्री पण्डित विजय शकर जी प्रधान आर्य समाज बम्बई गाधी आश्रम मे पहुचे और कहाकि एक महीने के अन्दर काठ मे पड़ गए हीरे को फिर हीरा न बनाया तो बम्बई के समुद्र म कूदकर जान दे दूंगा। पन्द्रह दिन बाद अब्दुल्ला फिर हीरालाल बन गया। कांग्रेस का लाखो रुपया खाकर भी किसी मुसलमान ने देश के लिये जान नही दी किन्तु आर्य कुमार सभा के मन्त्री श्री राम प्रसाद बिस्मिल के शिष्य माननीय श्री अशफाक उल्ला खां साहब ने भारत की स्वतंत्रता के लिये फांसी के तख्ते को चूम लिया। आज भी भारत के करोड़ो मुसलमानो के हृदय मे पाकिस्तान की भक्ति समाई हुई है। उसको केवल शुद्धि संस्कार ही दूर कर सकता है। हिन्दू आर्य समाजी हो या सनातनी या सिख या जैन बौद्ध भारत के रजकणो को पवित्र मानकर भारत माता को सिर झुकाता है। गर्व पूर्वक वन्दे मातरम का गान करता है। क्या मुसलमान और ईसाईयो के हृदय मे भारत भूमि के प्रति भक्ति है? राष्ट्रीकरण (शुद्धि) होते ही वह क्या बन जाता है सुनिये —

इस हीन रसखान वैष्णव बनकर लिखता है —

या लकुटी अरु कामरिया पर राजतिहू पुरको तज डारो
आठो सिद्धि नवो निधि को सुख नन्द की गाय चराय बिसारो ॥
रसखान कब हो इन आंखिन से ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारों ॥
कोटिन हो कल धौत के धाम करील के कुञ्ज ऊपर वारो ॥

हिन्दू राष्ट्र का बढ़ना भारत की शक्ति का बढ़ना है और भारत का शक्ति शाली होना मानवता के लिए सुखकारक है।

(२ पृष्ठ का शेष)

वही आतुरता से वृक्षपालो में जल भरकर लाता है और उदास वृक्ष और लता की जड़ मे अपनी ममता के साथ उडेल देता है। इस घोर तपोमय साधना से माली उस सकट की घड़ियो को काटता है। आषाढ़ का मास आया आकाश पर काले बादल उठे और एक घन्टा मे जल धारा बरसा कर जलथल एक कर दिया।

यह समय माली के लिए महान हर्ष का था। वह आज उद्यान की रक्षा के भार से चिन्तामुक्त हुआ और सोचता था कि वृक्ष और लताए उस सकट के समय की मेरी सेवा को स्मरण करके कृतज्ञता प्रकट करेंगी। वह इसी उमग मे उद्यान को निहारने जा पहुचा।

किन्तु बरा उद्यान के लता पादपो की दशा उस वर्षा की जलराशि को देख कर कुछ और ही हो गयी थी। वे माली के उपकार को भूल चुके थे—ठीक कहा है विद्वान विदुर ने—

षडेते ह्यवमन्यन्ते नित्य पूर्वोपकारिणम्।

आचार्य शिक्षिता कृतदाराश्च मातरम्।
नारी विगतकामास्तु कृतार्थाश्च प्रयोजकम्।
नाव निस्तीर्ण कान्तारा आतुराश्च चिकित्सकम्।

अर्थात ये निम्न ६ प्राय पूर्वोपकार को भूलकर उपकारकर्त्ता की अवहेलना करते है—शिक्षित होने पर शिष्य आचार्य की विवाह के पश्चात पुत्र माता की कामजयी स्त्री काम निकलने के बाद काम करने वाले की नदी पार करने के पश्चात नाव की और रोगमुक्त व्यक्ति वैद्य की—इनमे से उपवन के लता और वृक्षो का जीवन सकट समाप्त हो चुका था। अत अब उन्हे माली से क्या प्रयोजन था।

माली को इस उपेक्षा से ठेस लगनी स्वाभाविक थी। तभी माली के मनो भावो को जानकर एक वृद्ध वृक्ष ने कृतज्ञता से नत होकर माली का पुकार कर पण्डित राज जगन्नाथ की अन्योक्ति के शब्दो मे कहा—

शोषैरस्थैरपि करुणया भीमभानौ निदाघ
मालाकार व्यरचि भवता या तरोरस्य पुष्टि।
सा किं शक्या जनयितुमिह प्रावृषेण्येन वारा
धारासारानपि विकिरता विश्वतो वारिदेन।

हे माली! उस ग्रीष्म की घोर विपत्ति के समय थोड़ा थोड़ा भी पानी हम वृक्षो की जड़ो मे डालकर तुमने जो हमारे जीवन की रक्षा की। उसकी बराबर एक करने वाली यह मेघ की अनन्त जलराशि तुलना नहीं कर सकती। यदि तू उस समय हमे जीवन दान न देता तो हममे से इस वृक्ष को देखने के लिए ही कौन बचता?

यही बात ऋषि दयानन्द की आत्मा को भारत के गम्भीर चिन्तक और विचक्षी स्त्री पुरुषों की ओर से उचित रूप में कही जा सकती है।

यद्यपि भारत की स्वतन्त्रता और पुनर्जागरण मे ऋषि को उचित श्रेय देने वालो की संख्या कम है। किन्तु तथ्य यह है कि तुमने उस भयकर समय मे माली के समान ही इस भारत उद्यान के एक वृक्ष और लता को जो जीवनदान दिया वह अनुपम है।

यथेमा वाच कल्याणीम का वेद का नारा लगाकर शूद्रो को वेदाध्ययन का अधिकार देकर उनको वर्णों में योग्यता प्राप्त करके ब्राह्मण तक बनने का स्वर्णिम अवसर दिया। स्त्री जाति को वेद का मह केतु रह मूर्धा कहकर समाज में सर्वोच्च पद दिया। समाजी ममर्दुरभव कह कर अनेक जीवन मे नारी को दासी से उठाकर पटरानी पद पर अभिषिक्त किया। भारतीय समाज की दासता की हीन भावना को कीचड़ भरी नाली से उठाकर चक्रवर्ती राज्य तक प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा को मादक भावना के उच्चतम शिखर पर आसीन करके भारतीयों के अरमानो को पैरो तले रौंदने वाले विदेशियो को चुनौती देते हुए कहा—

ये मेहरे तावा से जाके कहदो कि अपनी किरनो को गिनके रखे।
मैं अपने सहरा के जर्रे जर्रे को खुद चमकना सिखा रहा हू।

ऋषिवर इस भारत भू को जो गौरव और जीवन आपने दिया उसे स्मरण करके हमारा मस्तक आपके पावन चरणो मे नत मस्तक है।

—

रोगियो के लिए निःशुल्क औषध

२६ १० ८० दोपहर बाद एक विशेष कैम्प लगा कर रोगियो मे निःशुल्क दवाईया बांटी गई ई० सी० जी० मूत्र तथा रक्त परीक्षण का भी प्रबन्ध था। ग्यारह डाक्टरो की एक टीम ने श्री डा बी डी तिवारी की अध्यक्षता मे काम किया। बहुत से रोगियो ने लाभ उठाया आर्य समाज के अधिकारियों ने भी सेवा कार्य किया। यह शिविर बड़ा सफल रहा।

सुभाषचन्द्र आनन्द मन्त्री
आर्य समाज श्रद्धानन्द बाजार अमृतसर

सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक माला

ले०—श्री दत्तात्रेय बाल्ले पू० पू० आचार्य दयानन्द कालेज अजमेर

प्रस्तावित सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी के अवसर पर आर्य समाज अजमेर द्वारा १४ समुल्लासों पर विवेचनात्मक लघु पुस्तिकाएं प्रकाशित करने की घोषणा की गई है अनेक आर्य बन्धुओं ने इस योजना का हार्दिक स्वागत किया है साथ ही कुछ उपयोगी सुझाव और एक दो आशंकाएं भी प्राप्त हुई हैं। इन सब प्रतिक्रियाओं के सम्बन्ध में सत्यार्थ प्रकाश के ऐतिहासिक महत्व और प्रस्तावित पुस्तक माला के उद्देश्य को स्पष्ट करने की दृष्टि से मैं कुछ विचार आर्य जगत के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं।

★ क्रान्तिकारी ग्रन्थ ●

महर्षि दयानन्द का सत्यार्थ प्रकाश उन ग्रन्थों में से एक है जिन्हें वास्तविक ग्रन्थों में ऐतिहासिक रचना कहा जा सकता है। मानव जाति के इतिहास में अनेक क्रान्तियां हुईं किन्तु उनका प्रारम्भ विचार क्रान्तियों से ही हुआ है। संसार के आधुनिक धार्मिक इतिहास में उसका वही स्थान है जो कार्ल मार्क्स के दास कैपीटाल अर्थात पूंजी नामक ग्रन्थ को है। जिस प्रकार आर्थिक और राजनैतिक क्षेत्र में केवल अर्थ या पूंजी को आधार मानकर इस ग्रन्थ ने इतिहास के भौतिक विश्लेषण के एक नवीन सिद्धान्त को जन्म दिया उसी प्रकार धर्म या रिलीजन और मजहब जैसे विश्वास या अन्धविश्वास के क्षेत्र में सत्य की कसौटी के सिद्धान्त का प्रतिपादन करके दयानन्द ने धार्मिक इतिहास को एक नवीन दिशा दी है। अभी तक सत्य की खोज केवल साईंस या विज्ञान का ही क्षेत्र माना जाता रहा है। किसी धर्म संस्थापक ने उसकी खोज का दावा तक नहीं किया संसार के किसी मसीहा पैगम्बर अवतार या गुरु ने अपने धर्म का आधार सत्य है ऐसा भी नहीं कहा और न ही तर्क और बुद्धि को धर्म में कोई स्थान दिया यह श्रेय केवल ऋषि दयानन्द को है।

★ आत्म विश्वास का प्रेरक ❋

प्रायः सारे धर्म गुरु अपने को साक्षात ईश्वर या उसका अवतार अथवा दूत मानते हैं या फिर उनके अनुयायी उन्हें ऐसा बना देते हैं। इनके अनुयायियों की संख्या क्यों और कैसे बढ़ती है यह भी एक खोज का उपयुक्त विषय है। इनमें अधिकांश धर्म भीरु या सहज विश्वासु महिलाएं होती हैं या फिर वे लोग होते हैं जो किसी प्रकार की व्यक्तिगत शारीरिक या मानसिक दुर्बलता अथवा समस्या के शिकार बनकर अपना आत्म विश्वास खो बैठे हैं चाहे फिर वे कितने ही शिक्षित और सम्पन्न क्यों न हों। सत्यार्थ प्रकाश ही एक ऐसा ग्रन्थ है जो इस — की — — का बौद्धिक धर्म स्थिरता के कारण डगमगाने वाले व्यक्तियों को आत्म विश्वास और साहस प्रदान कर सकता है। कुछ राजनैतिक नेताओं की बात और है जो अपने स्वार्थ या संस्कारों के कारण धार्मिक नेताओं या स्वामियों की लोकप्रियता से लाभ उठाने के लिए उन्हें अनावश्यक प्रोत्साहन देते हैं।

★ बौद्धिक धर्म की आधारशिला ❋

ऋषि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश में किसी के व्यक्तित्व या जीवन पर आक्रमण नहीं किया केवल उनके विचारों में तथ्यों और अन्धविश्वासों की तार्किक आलोचना की है। खण्डन मण्डन जिसे हमारी प्राचीन परम्परा में शास्त्रार्थ कहा जाता है वह दार्शनिक क्षेत्र में सत्यासत्य के निर्णय का सर्वसम्मत तरीका रहा है आधुनिक युग में भी आविष्कार और खोज के भौतिक क्षेत्र में यह स्वीकार किया जाता है कि पुरानी विचार धाराओं का खण्डन किये बिना नवीन शोध असम्भव है। ज्ञान और विज्ञान की प्राप्ति इस प्रकार के स्वतन्त्र और अप्रिय समझे जाने वाले तरीकों के बिना सम्भव नहीं हो सकती और यह स्पष्ट है कि इस काम में केवल किसी की भावना या विश्वास को आघात पहुंचाना है ऐसा कहकर हम मानव प्रगति को कुण्ठित नहीं कर सकते दुर्भाग्य से धार्मिक क्षेत्र में सत्य के विवेचन को अभी तक वह स्थान प्राप्त नहीं हो सका जो भौतिक विकास के क्षेत्र में उसे दिया गया है इसके विपरीत यहां सब धर्म केवल विश्वास और भावना पर आधारित हैं। उनमें तर्क और शोध के लिए कोई स्थान नहीं है। उनमें विचार विनिमय के स्थान में जोर जबरदस्ती लोभ लालच और यहां तक कि हिंसा और हत्या को वैध और उचित समझा जाता रहा है। जिहाद और क्रूसेड का रक्त रंजित इतिहास इसका प्रमाण है। धर्मों में प्रचलित अन्धविश्वासों और मूर्खतापूर्ण रीति रिवाजों तक की आलोचना से परे समझने लगने का दूसरा परिणाम यह हुआ कि धर्म के मौलिक आदर्शों के प्रति भी आधुनिक शिक्षित वर्ग में विरोध नहीं तो उपेक्षा बढ़ने लगी। वैज्ञानिक और अन्य बुद्धिजीवी यह समझने लगे कि धर्म के नाम पर प्रचलित अन्धविश्वासों के निराकरण का प्रयत्न करना समय और शक्ति का अपव्यय करना मात्र होगा धर्म को इसलिए मानव प्रगति के मार्ग में एक बड़ी बाधा समझा जाने लगा हमें ऋषि दयानन्द का कृतज्ञ होना चाहिए कि जिन्होंने मतान्ध मतों का खण्डन नहीं किया अपनी परम्परा को चुनौती देकर एक नवीन दृष्टिकोण हमारे सामने प्रस्तुत किया उनके साहसपूर्ण विचार धारा की आज संसार भले ही उपेक्षा करे? किन्तु भावी इतिहासकार वर्तमान नहीं तो मानव समाज में भावी धर्म की आधारशिला रखने का श्रेय उन्हें ही देंगे इसमें सन्देह नहीं।

राजनैतिक विकृति ●

धर्म निरपेक्षता सब धर्मों समभाव सब धर्मों का आदर जैसे ऊंचे सिद्धान्तों का आज कल जो राजनैतिक दुरुपयोग किया जा रहा है उसके परिणाम स्वरूप आर्य समाज में भी अनेक ऐसे व्यक्तियों का प्रवेश और प्रभाव बढ़ रहा है जो अपने पौराणिक संस्कार अथवा राजनैतिक स्वार्थ और महत्वाकांक्षा के कारण सत्यार्थ प्रकाश के प्रचार और प्रसार को असामयिक अथवा धार्मिक संकीर्णता का परिचायक समझने लगे हैं। धार्मिक तथा सामाजिक क्षेत्र में अभी तक प्राप्त आर्य समाज की प्रायः सारी उपलब्धियां स्वाधीनता के गत ३३ वर्षों में धीरे धीरे इसी कारण वर्तमान सर्वग्राही राजनैतिक परिवेश में विलीन होती जा रही हैं जात पात छुआ छूत बाल विवाह जैसी मूर्खतापूर्ण परम्पराएं और अधिक लोक प्रिय होने लगी हैं इस पृष्ठ भूमि में आर्य समाज के प्रभावशाली अस्तित्व तक के सम्बन्ध में शंका होना स्वाभाविक है उसके नेतृत्व की तो बात ही दूर है।

(क्रमशः)

धार्मिक हिन्दी परीक्षाएं

सरकार से रजिस्टर्ड आर्य साहित्य मण्डल द्वारा संचालित भारत वर्षीय आर्य विद्या परिषद् की विद्या विनोद विद्या रत्न विद्या विशारद विद्या वाचस्पति की परीक्षाएं गत २६ वर्ष से समस्त भारत में जनवरी के अन्त में होती हैं। कोई भी छात्र छात्रा स्त्री पुरुष किसी भी परीक्षा में बैठकर सुन्दर उपाधि पत्र प्राप्त कर सकता है। निम्न पते से पाठ विधि आवेदन पत्र मुफ्त मंगाकर केन्द्र स्थापित करें।

डा० सूर्यदेव शर्मा शास्त्री एम० ए०

परीक्षा मन्त्री आर्य विद्या परिषद् अजमेर।

हम सत्य दीप जलाएं

ले०—श्री रणबीर जी भाटिया लुधियाना

ओ३म्

प्राणों का दीप बुझा कर दिवाली का दीप जलाया।
बलिदान देकर महर्षि तूने भारत का भविष्य चमकाया।
अन्धकार में हम भटक रहे थे तूने हमें मार्ग दिखलाया।
पोप लीला का किया नाश अन्धविश्वास दूर भगाया।
वाम मार्गियों का भांडा फोड़ा विलासी राजों को समझाया।
स्वतन्त्रता का बीज बोया लोगों को ज्ञान बोध कराया।
सम्भव न होगा तेरे उपकार हम कहते कहते थक जाएंगे
टिमटिमाते लाखों दीप हमें तेरी याद दिलाएंगे।
लोगों ने दिया विष तुमको तुमने दिया उन्हें अमर ज्ञान।
प्राण लेने वालों को क्षमा किया बचाकर उसकी बचाई जान।
जब तक अन्तरिक्ष में चांद सितारे करते रहेंगे मुस्कान
महर्षि दयानन्द तेरे नाम का घोष करते रहेंगे गुणगान।
इच्छा पूर्ण हो प्रभु तेरी मुंह से अन्त में उफ न निकाला।
हुए जग में बलिदानी अनेकों तेरा बलिदान है निराला।
तेरा ऋण हम भारतवासी कभी नहीं चुका पाएंगे।
जले दिवाली लाखों दीप हम सत्य दीप जलाएंगे।

—

(४ पृष्ठ का शेष)

नही। (दयानन्द दिग्दर्शन पृष्ठ ७३ ७४) इमदाद हुसैन नामक एक यवन का पत्र दयानन्द कोमेमारेशन वाल्यूम के अन्त म उर्दू भाषा मे प्रकाशित हुआ है। इसमे वह महर्षि के अपेक्षाकृत दुबल शरीर तथा उन्हे वस्त्र पहने देखकर पूछ बैठा कि स्वामी जी क्या आपने शादी कर ली है ? स्वामी जी मुस्कराए और मुस्कराते हुए पूछने लगे कि तुम ने यह कैसे समझा कि मैंने शादी कर ली है ? इमदाद हुसैन बोला कि पहले आप का शरीर अधिक स्वस्थ था एव आप केवल कोपीन धारण किया करते थे। अब आप का शरीर वैसा नही रहा और आप वस्त्र धारण करने लगे है। इसी से मैंने समझा कि आपने विवाह कर लिया है।' इस पर महर्षि का उत्तर था कि इमदाद हुसैन ! तुम्हे यह जानकर बड़ा दुःख होगा कि मुझे कई बार विष दिया गया है। जिससे मेरा शरीर दुबल हो गया है और उसे वस्त्रो से ढकने की आवश्यकता आ पड़ी है अरे ! तुम यह पूछो कि मैं जीवित कैसे हू ? अनेको बार मृत्यु के मुख से लौट २ कर आया हू। किसी कवि की भाषा मे सत्य तो यह है कि—

बारहा लौट आता हू जा जा क
मन्जिल के करीब।
रास्ते की मुश्किलें इतनी पसन्द
आई मुझ॥

पर हर किसी की सीमा होता है उनके विष प्रतिरोध के सामर्थ्य की भी एक सीमा थी और अन्त म स्थिति यह आ गई कि उन्हे भी यह स्वीकार ना ही पड़ा कि अब यह शरीर अधिक नही चलेगा। तभी किसी कवि की वाणी मे यह शब्द फूट पड़े—

कारवा को दरगुजर करना पड़ा
रञ्जो गम को हमसफर करना पड़ा।
जिन्दगी मे मुश्किलें इतनी मिली
जिन्दगी को मुख्तसिर करना पड़ा।

इतना सब कुछ होते हुए भी मृत्यु उस वीर को परास्त नही कर सकी। लोगो न उन्हे कहा कि आप असत्य का इतना प्रबल खण्डन न किया कर अथवा थोड़ा नरमी स काम लिया कर पर सत्य के इस अनन्यतम पुजारी ने अपने प्राणो की तनिक भी तो परवाह न की और अपने पथ पर अडिग रहा। वह सदा यही कहा करता था कि

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मी समाविशतु गच्छतु वा यथेष्ठम।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्याय्यात्पथ प्रविचलन्ति पद न धीरा।

बरेली मे उस महापुरुष ने उद्घोष किया था कि—लोग कहते हैं कि सत्य को प्रकट न करो कलक्टर क्रोधित होगा अप्रसन्न होगा। गवर्नर पीड़ा देगा। अरे ! चक्रवर्ती राजा भी क्यो न अप्रसन्न हो हम तो सत्य ही कहेंगे। फिर गरजते हुए शब्दो मे बोले यह शरीर तो अनित्य है। इस की रक्षा मे प्रवृत्त होकर अधर्म करना व्यर्थ है। इसे जिस मनुष्य का जी चाहे नाश कर दे। फिर चारो ओर तीक्ष्ण दृष्टि डालकर सिंहनाद करते हुए कहा— किन्तु वह शूरवीर पुरुष मुझे दिखाओ जो मेरे आत्मा का नाश करने का दावा करे जब तक ऐसा वीर ससार मे दिखाई नही देता तब तक मैं यह सोचने के लिए भी तैयार नही कि मैं सत्य को दबाऊगा या नही। (कल्याण मार्ग का पथिक पृ ५१)

फर्रुखाबाद मे पादरी स्कूम ने एक बार महर्षि से कहा था कि यदि तोप के मुह के सम्मुख रखकर कोई आप से पूछे कि क्या आप सत्य कहेंगे तो आप क्या उत्तर देंगे ? महर्षि ने बड़ी निर्भीकता पूर्वक कहा था कि यदि कोई तोप के मुख से बाध कर भी मुझ से पूछे तो भी मैं सत्य ही कहूगा। जब महर्षि जोधपुर जाने को समुद्यत हुए तो लोगो ने उन्हें वहा जाने से रोकना चाहा क्योकि वहा उनके प्राणो के हरे जाने का भय था। किन्तु बलिदान मार्ग के इस बटोही ने यह कहकर उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया कि यदि लोग हमारी अगुलियो को बत्तिया बनाकर जला द तो भी कोई चिन्ता नही। मैं वहा जाकर अवश्य सत्यो पदेश करूगा। (श्रीमद्दयानन्द प्रकाश प ५२७)

महर्षि का जोधपुर जाना उनके लिए घातक सिद्ध हुआ। नन्ही जान वेश्या तथा अग्रेजों ने मिलकर षडयन्त्र रचा और महर्षि को काच दूध मे पिलवा दिया और फिर ठीक ढग से चिकित्सा भी नही कराई गई। मुसलमान और अग्रेज डाक्टरो द्वारा उनका इलाज कराया गया और डा० लक्ष्मण प्रसाद ने उनकी चिकित्सा करनी चाही पर उन्हे करने न दी गई। यहा तक कि उन्होने सरकारी नौकरी पर लात मारते हुए त्यागपत्र देकर महर्षि की समुचित चिकित्सा करनी चाही पर षडयन्त्रकारियो ने उनकी एक न चलने दी। बस फिर क्या जो होना था वह होके ही रहा और बलिदान मार्ग का यात्री अपनी अन्तिम यात्रा को चल दिया। काच महर्षि के शरीर के अग अग से फूटकर बह निकला किन्तु उसके मुख से आह तक न निकली। लाला लाजपतराय उनके जीवन के अन्तिम दृश्य का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि—जो मनुष्य अपने जीवन में महान् था जिसने महान् काम करके परोपकारी ऋषि की पदवी पाई वह अपनी मृत्यु मे भी कैसा महान था। स्वामी दयानन्द की मृत्यु का दृश्य उसके सारे जीवन की कुजी है। वह दृश्य हम को साक्षी देता है कि स्वामी दयानन्द कैसे उच्च पद का योगी और भक्त था कैसा निर्लेप और विरक्त था। सारी आयु दिग्विजय करता रहा। शास्त्रार्थों से धूम मचाता रहा। जहा गया कोलाहल मच जाता था मानो भूकम्प आ जाता था। जिस समय देह त्याग का समय आया तो कैसे विश्वास और शान्ति के साथ प्राण त्यागे, कि देखने सुनने वाले चकित रह गये। जो देह सारे जीवन के ब्रह्मचर्य और बाल जितेन्द्रियता से सिंचा हुआ था, वह अन्त समय अनेकानेक व्याधियो का ग्रास हुआ उसको अन्त मे नाना प्रकार के क्लेश सहने पड़े। परन्तु तो भी बाल जितेन्द्रियता का प्रभाव दूर नही हुआ। २९ अक्तूबर को एक मास व्याधि पीड़ित हुए व्यतीत हो चुका था। इतने समय मे सैकड़ों अति सार आए कई वमन भी हुए हिचकिए भी नितान्त आती रहीं श्वास में भी वेग रहा। सारे शरीर पर फफोले पड़ गए भोजन बन्द हो गया क्षण क्षण मे बेसुधी हो जाती थी परन्तु फिर भी इतनी निर्बलता होने पर भी २९ अक्तूबर को स्वामी जी अन्तिम समय पलग पर उठ बैठे और कुछ देर तक बिना सहारा लिये समाधि लगाकर बैठे रहे। ३० अक्तूबर का डाक्टर न्यूटन को बुलाया गया उस दिन कफ का अधिक जोर हो गया था बोलने की सामर्थ्य नही रही थी। डाक्टर साहब उनकी यह दशा देखकर हैरान हुए और कहने लगे कि इस मनुष्य मे कठिनता झलने और दुःख सहन की असाधारण सामर्थ्य है। (महर्षि दयानन्द सरस्वती और उनका काम पृष्ठ २६८ २६९) स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक ठीक ही लिखते हैं कि—विष के कारण अग अग मे छाले फफोले पड़े हुये थे आखो की पुतलियो तक मे छाले थे। डाक्टर चकित और स्तम्भित थे कि ऐसी विकट सकटमयी अवस्था मे भी मुख से कुछ भी आह नही है। धन्य धैर्य को। (दय प० ७४ ७५) ३० अक्तूबर सन् १८८३ को महर्षि विशेष प्रसन्न दीखते थे। उन्होने क्षौर करवाया। आत्मानन्द गोपालगिरि आदि से प्रसन्नता से मिले। साढे पाच बजे साय स्वामी जी ने कहा—सब को मेरे पीछे खड़ा कर दो। चारो ओर के द्वार और झरोखे खोल दो। पुन तिथि पक्ष और वार पूछा जो कि बता दिए गए। तब उन्होने कुछ वेद मन्त्र पढ़े संस्कृत मे ईश्वर की प्रार्थना की। पुन भाषा मे ईश्वर का गुणगान किया। गायत्री मन्त्र का कुछ देर तक पाठ किया थोड़ी देर तक समाधिस्थ रहने के पश्चात् आखें खोलकर कहने लगे—हे दयामय ! हे सर्वशक्तिमान् ईश्वर ! तेरी यही इच्छा है। अहा ! तैने अच्छी लीला की। तेरी इच्छा पूर्ण हो और फिर करवट बदल कर एक बार मे ही लम्बा श्वास ले प्राणो को सदा के लिए त्याग दिया। पर यह क्या

मरने वाले के होठों पे तबस्सुम की
झलक मौत ने वस्ल का पैगाम दिया हो
जैसे।

पता नही—

यह मौत थी या यार का पैगाम था ?

बलिदान पथ के राही ने लोगो से अन्तिम समय जाते जाते अपने पीछे चलने का आह्वान किया था। जो सबके लिए प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुआ। कोई उसके उपदेशों से प्रेरणा लेने लगा तो कोई उस के ग्रन्थो से। कोई उसके कार्यों से प्रेरणा लेने लगा तो कोई उसके बलिदान से। वह सबके लिए प्रेरणा का एक प्रकाश स्तम्भ बन गया था। आज उसकी पावन स्मृति भी हमें प्रेरणा दे रही है। यदि हम ग्रहण करें तो ?

वैदिक दीप

रचयिता—श्री कवि कस्तूरचन्द जी घनसार पीपाड़ शहर राज०)

१

दीप जलाकर देव हरे तम है कितना कितना फिर छाया।
जो जितना इनके वश होकर जीवन को निज धूल मिलाया॥
आ न सका सुप्रकाशन के ढिग पा न सका सुख दूर रहाया।
भाग सका न बसा घर अन्दर मे तम ... कार रहा लपटाया॥

२

देव दयानन्द दीप जलाकर सीख दिया सुप्रकाश बढ़ावें।
भाग चले तम पास न आवहिं वैदिक है पुनि ताहिं सिखावें॥
हो न सके दुख सून रहे सब जो घट मे तम दूर रहावें।
सो घनसार प्रकाश बढ़े उर सादर ले निज हाथ मिलावें॥

३

दिव्य प्रकाश तभी नव पाकर जीवन को वर श्रेष्ठ बनावें।
पा करके नव ज्योति बराबर लेकर दीपक भाग्य जगावें।
तो हम जान सके नव दीपक साथ चलें निज नेह बनावें।
सो घनसार न भूल सके यह, पा अवकाश न दूर रहावें॥

४

योगी महा ऋषिराज गये फिर ज्योति दिखा निज देश जगाया।
आज दिवाली प्रकाश किहा घर ज्ञान प्रकाश बढ़ा सुख छाया॥
दीप वही हर वक्त जले घर लेकर दीपक ग्राम जगाया।
सो घनसार दिवालि वही निज वैदिक ज्ञान प्रकाश सुपाया॥

५

घोर अज्ञान रहा अति अन्दर भारत मे तम छाय रहा था।
कौन ? करे सुप्रकाश यहा तम वेद निरुद्ध सुपन्थ गहा था॥
मानव दीन रहा बल वामन कष्ट अनेक अमान सहा था।
दीप जगा ऋषि पन्थ बता सब सो पथ मे घनसार लहा था॥

—

हिन्दू रक्षा समिति के निर्णय

बीकानेर (डाक से) हिन्दू रक्षा सम्मेलन बीकानेर में सभी हिन्दू नेताओं ने एक स्वर से घोषणा की कि यदि सरकार ने तुष्टिकरण की नीति अपनाकर मजहब के आधार पर पुलिस व सेना में आरक्षण स्वीकार किया तो देश के ५० करोड़ हिन्दू सबल रूप में विरोध करेंगे।

इस सम्मेलन में महात्मा वेद भिक्षु ने घोषणा की कि देश का हिन्दू जाग चुका है और वह किसी मूल्य पर भारत की एकता स्वतन्त्रता सुरक्षा पर आंच नहीं आने देगा।

स्वीकृत प्रस्ताव

हिन्दू रक्षा सम्मेलन बीकानेर द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव—

अखिल भारतीय हिन्दू रक्षा समिति की ओर से आयोजित हिन्दू रक्षा सम्मेलन भारत सरकार से मांग करता है कि—

१ मजहब के आधार पर पुलिस सेना व सरकारी विभागों में आरक्षण की मांग को किसी भी स्थिति में स्वीकार न किया जाए।

१ काश्मीर आसाम व देश के सभी भागों में पाकिस्तानी घुसपैठियों व सेवा की आड़ में राजनैतिक देशद्रोहपूर्ण षड्यन्त्रों में लगे सभी विदेशी पादरियों को तुरन्त भारत से निकाला जाए।

३ अल्पसंख्यक आयोग समाप्त किया जाए।

४ भारत के किसी भी भाग में मुस्लिम विद्यालय खोलने की अनुमति न दी जाए और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जाए।

५ अल्पसंख्यक बहुसंख्यक शब्द का प्रयोग बन्द हो और तुष्टिकरण की नीति समाप्त की जाए।

६ भारत के सभी नागरिकों के लिए समान सिविल कानून नियम अधिकार बनाए जाएं।

७ काश्मीर में धारा ३७० तुरन्त हटायी जाए और वहां भारत के नागरिकों को बसाने की व्यवस्था हो।

८ जो भारत को अपना देश नहीं मानते उनको वोट का अधिकार न दिया जाए। प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार देने से पहले एक शपथ पत्र भरने का नियम बनाया जाए जिसमें वह स्वीकार करे कि मैं भारत को अपनी मातृभूमि स्वीकार करता हूं और मेरी प्रथम निष्ठा भारत राष्ट्र के प्रति रहेगी।

९ मजहब के नाम पर अधिकार मांगने व दंगा करने वालों को पूरी शक्ति से कुचल दिया जाए।

१० गोहत्या का कलंक तुरन्त समाप्त किया जाए।

यह सभी मांगें सर्वसम्मति से स्वीकार हुईं। सम्मेलन रात्रि के ११ बजे तक उत्साह से चलता रहा। हिन्दू जागरण की सर्वत्र भारी चर्चा है।

अखिल भारतीय हिन्दू रक्षा समिति
नई दिल्ली

—

संस्कृत, हिन्दी को उच्च स्थान दिया जाए

दिनांक १९.१०.८० रविवार आर्य समाज श्रद्धानन्द बाजार अमृतसर विजय दशमी के पवित्र महोत्सव पर दृढ़ संकल्प करता है कि अपने निजी तथा व्यावसायिक कार्यों में हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि का ही प्रयोग करेगा नई १९८१ की होने वाली जनगणना में अपनी मातृभाषा, व्यवहारिक भाषा हिन्दी ही लिखवाएगा। जनगणना में दूसरी भाषा संस्कृत लिखवाएगा और राष्ट्रीयता हिन्दू लिखवाए।

२ आज की यह जनसभा विजय दशमी के पवित्र महोत्सव पर पंजाब सरकार से भाषा निक आधार भूत अधिकारों की रक्षा की मांग करती है—

(क) इस प्रदेश में भी शिक्षा माध्यम चुनने का अधिकार माता पिता को होना चाहिए।

(ख) हिन्दी में दिए जाने वाले पत्रों का उत्तर सरकार की ओर से हिन्दी में ही लिखना चाहिए।

(ग) सरकारी कार्यालयों में अंग्रेजी के स्थान पर अविलम्ब राष्ट्र भाषा हिन्दी को स्थान दिया जाना चाहिए।

(घ) प्रदेश में नागरी लिपि को मान्यता होनी चाहिए।

(च) भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकार हिन्दी भाषा भाषियों को भी इस प्रान्त में मिलने चाहिए अर्थात् उन्हें उसी अनुपात में नौकरियां दी जानी चाहिए नियुक्तियां और उन्नतियां दी जानी चाहिए और अन्य सभी सुविधाएं चाहिए जिनकी कि भारतीय संविधान आज्ञा देता है।

पंजाब ऋषियों मुनियों की धरती है वेद का पावन सन्देश सर्वप्रथम इसी वसुन्धरा में हुआ था अतः अनादिकाल से प्रवाहित मानव संस्कृति की स्रोतस्विनी संस्कृत की रक्षा का दायित्व हम पंजाबी सपूतों पर विशिष्ट रूप से आता है। अतः आज की यह सभा पंजाब सरकार से सशक्त मांग करती है कि संस्कृत को परीक्षाओं में तुरन्त अनिवार्य विषय घोषित करें।

—प्रो० ओम्प्रकाश वेद
प्रधान

प्रान्तीय आर्य महिला सम्मेलन

प्रान्तीय आर्य महिला सम्मेलन ११.१०.८० को गुरु विरजानन्द स्मारक करतारपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें तीनों प्रान्तों की बहिनों ने बड़े उल्लास के साथ भाग लिया। इस महान आर्य स्त्री सम्मेलन में ५० समाजों की स्त्रियों ने भाग लेकर अपने विचारों को रखा।

विचारणीय विषय थे

१ हिन्दी प्रचार और धर्म प्रचार

२ नारी निर्माण और चरित्र निर्माण

३ आधुनिक जाग्रत देश में देवियों की दहेज की बलिवेदी पर भेंट।

४ मद्य निषेध—

इस सम्मेलन की अध्यक्षता सुपरवायजर (जम्मू कश्मीर) आर्य सत्याभनी ने की।

मंच संचालक—श्रीमती पुष्पा महाजन (प्रिंसिपल दीनानगर महिला कालेज)

स्वागतकर्ता —शान्तिनन्दा (वानप्रस्थ)

मुख्य वक्ता श्रीमती माता राम प्यारी एवम् कृष्णा सेठ और राजरानी वर्मा

अध्यक्षीय भाषण के पश्चात् शान्ति पाठ के साथ सभा की समाप्ति हुई।

शान्तिनन्दा वानप्रस्थ प्रधाना

स्वामी व्रतानन्दजी महाराज के निधन पर शोक प्रस्ताव

आर्य समाज अजमेर की यह सभा आर्य जगत के प्रसिद्ध संन्यासी वीतराग श्री स्वामी व्रतानन्द जी महाराज संस्थापक एवं संचालक गुरुकुल चित्तौड़ के निधन पर हार्दिक शोक प्रकट करती है तथा उनके निधन को आर्य समाज की अपूरणीय क्षति मानती है। यह सभा परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करती है कि उनकी दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति एवं सद्गति प्रदान करें तथा उनके गुरुकुल हितैषियों प्रिय जनों को इस असहनीय वेदना को सहन करने की शक्ति धैर्य एवं सान्त्वना प्रदान करें।

ओ३म् शान्ति शान्ति शान्ति।

शोक प्रस्ताव

आर्य समाज स्वामी दयानन्द बाजार लुधियाना की यह साधारण सभा गुरुकुल चित्तौड़गढ़ के संस्थापक श्री स्वामी व्रतानन्द जी की मृत्यु पर गहरा शोक प्रगट करती है तथा परमेश्वर से प्रार्थना करती है कि दिवंगत आत्मा को कर्मानुसार पुण्य गति प्रदान करें व शोक सन्तप्त जनों को इस कष्ट को सहन करने की सामर्थ्य व धैर्य प्रदान करें।

—बलदेवराज आर्य मन्त्री

शोक सम्वेदना

१४ अक्तूबर प्रातः ११ बजे पत्र द्वारा आर्य जगत की महान विभूति वन के धनी आजीवन ब्रह्मचारी श्री स्वामी व्रतानन्द जी महाराज की ११ अक्तूबर को मृत्यु हो जाने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ आप गुरु विरजानन्द वैदिक संस्कृत महाविद्यालय करतारपुर के सर्वप्रथम आचार्य तथा अन्य कई संस्थाओं के संस्थापक थे आपका निधन आर्य जगत की एक अपूरणीय क्षति है।

शोकाकुल
गुरुकुल परिवार (करतारपुर)

—

आर्य समाज तलवाड़ा के उत्साही युवक

आर्य समाज तलवाड़ा टाऊनशिप का वार्षिक उत्सव २०.१०.८० से २६.१० तक बड़े उत्साह से मनाया गया। सभा के मूर्धन्य महोपदेशक श्री पं० जगदीशचन्द्र जी वसु विद्यालंकार कथा के साथ २ प्रातः योग मन भी सिखाते रहे। श्रीमती नमन बसु जी प्रातः महिलाओं की रामायण की कथा के साथ २ रात्रि मधुर भजन भी सुनाती रहीं कथा में ज्ञानी प्रो० म प्रभ दयालाली हो इन के इतिरिक्त श्री तुलसीदेव जी गायनाचार्य के मधुर भजन होते रहे।

उत्सव पर श्री व्रत मुनि नरेन्द्र जी श्री डा० गोपाल जी जम्मू तथा पं० धर्मदेव जी आर्य के प्रभावशाली उपदेश हुए। सारा ही कार्यक्रम बड़ा सफल रहा। तलवाड़ा की जनता ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस समाज के सारे अधिकारी युवक व उत्साही प्रभावशाली हैं धर्म प्रेमी श्री मरदानाजी श्री मनोहरलाल जी मन्त्री श्री दिलाराम जी कोषाध्यक्ष श्री सूरजभान जी श्री नम्बर जी सभी ने बड़े उत्साह और लगन से कार्यक्रम को सफल बनाया। सभा को वेद प्रचारार्थ ५१ रुपए की राशि भेंट की।

शोक सम्वेदना

वैदिक गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय सिराथू प्रयाग की ओर से पूज्य श्री स्वामी व्रतानन्द जी सरस्वती के देहावसान पर १५.१० को सायंकालीन एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिस में स्वामी जी के व्यक्तित्व समाज सेवा यज्ञ याग के प्रति अगाध आस्था गायत्री अनुष्ठान में दृढ़ निष्ठा आदि गुणों की चर्चा करते हुए गहरी शोक सम्वेदना व्यक्त की गई।

पं० वचनपाल शर्मा
विद्यावाचस्पति

वार्षिक [illegible]

आर्य समाज दयानन्द मार्ग (... रोड) नकरवस्ती दिल्ली-२४ वार्षिक निर्वाचन निम्न प्रकार हुआ

१ प्रधान सर्वश्री नेकी राम जी गुप्त (पूर्व उपशिक्षा निदेशक दिल्ली राज्य)। २ उप प्रधान प्रिंसीपल श्री वेद व्रत जी शास्त्री ३ उप प्रधान श्रीमती उर्मिला देवी। ४ मन्त्री डा० भारत भूषण। ५ उपमन्त्री श्री इन्द्र स्वरूप जी ६ कोषाध्यक्ष श्री राज कुमार जी ७ पुस्तकालयाध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र।

अन्तरंग सदस्य—

१ श्री बलवन्त सिंह जी कपूर २ श्री लालचन्द जी वर्मा ३ श्री नानक चन्द ४ श्री सत्यप्रकाश जी दुबे (प्रतिष्ठित) ५ श्रीमती चन्द्रा देवी जी तथा आर्य महिला समाज संयोजिका ६ श्रीमती कृष्ण प्यारी देवी जी ८ (प्रतिष्ठित)।

लेखा निरीक्षक—

प्रेमनारायण जी सकसेना।

सभा में प्रतिनिधि —१ श्री प्रेम नारायण जी सकसेना २—डा० भारत भूषण मन्त्री आर्य समाज

संस्था के सामान्य प्रतिनिधि —

१ श्री नानक चन्द जी
२ श्रीमती इन्दिरा देवी जी
३ श्री प्रेमनारायण जी
४ डा० भारत भूषण मन्त्री

अवैतनिक प्रबन्धक आर्य शिक्षण संस्था प्रिंसीपल श्री पं० वेद व्रत जी शास्त्री को अवैतनिक प्रबन्धक नियुक्त किया है और एक महिला को अवैतनिक सहायक प्रबन्धक मनोनीत करने का अन्तरंग सभा को अधिकार दिया है।

भारत भूषण

जिला आर्य सभा रूपनगर का चुनाव

२८ ९ ८० को आर्य समाज बरड़ में दोपहर दो बजे हकीम [illegible] प्रस्थी की [illegible] में सर्वसम्मति से जिला [illegible] का चुनाव [illegible] पाल वान-प्रस्थी [illegible] कर्ता प्रधान—ओम प्रकाश मो० मोरिण्डा उपप्रधान श्री रतनलाल जी शास्त्री नया नंगल श्री कश्मीरीलाल जी नया टाऊन मन्त्री—श्री गौरीशंकर जी रोपड़ कार्यकर्ता मन्त्री श्री पृथ्वीचन्द जी रोपड़ उपमन्त्री—श्री भगवान दास जी नया नंगल कोषाध्यक्ष—श्री नन्दलाल जी बरड़ मन्त्रणी वेद प्रचार श्रीमती सुभाष महाजन नंगल टाऊन

विशेष सहायक—पुस्तकाध्यक्ष—दयानन्द जी वणिक नंगल टाऊन।

—मन्त्री

उत्सव संपन्न

आर्य समाज परमानन्द मन्दी बीका नेर का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक ११ से १८ अक्तूबर तक मनाया गया।

११ को महात्मा [illegible] जी की शोभा यात्रा धूमधाम से निकली। १२ की रात्रि को हिन्दू रक्षा समिति की ओर से हिन्दू रक्षा सम्मेलन हुआ प्रो० रत्नसिंह श्री रमेश चन्द्र शास्त्री श्री ओमप्रकाश प्रेमी आदि विद्वानों के प्रवचन प्रभावशाली रहे।

मन्त्री

वर की आवश्यकता है

एक आर्य (सैनी) परिवार की बी० ए० पास २२ वर्षीय कन्या जो सर्विस में है और जिसकी लम्बाई पांच फुट दो इंच है के लिए सजातीय ग्रेजुएट वर की आवश्यकता है जो सर्विस में हो या जिस का अपना कारोबार हो। निम्न पते पर पत्र व्यवहार करें।

श्री बखीराम जी हवेली वैशाखाली मो० सुधा मारिण्डा (जि० रोपड़



श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रैस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १३, अंक ४३, २ मार्गशीर्ष सम्वत् २०३७, तदनुसार १६ नवम्बर १९८० का अंक दयानन्दाब्द १५६

हिन्दी को पंजाब में अंग्रेजी का स्थान दिया जाए !

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री वीरेन्द्र जी के नेतृत्व में हिन्दी प्रेमियों का एक प्रतिनिधि मण्डल पंजाब के मुख्यमन्त्री से मिला ।

पंजाब के हिन्दी भाषी संगठनों ने राज्य में हिन्दी को अंग्रेजी के स्थान पर द्वितीय भाषा का दर्जा देने, उस की सुरक्षा विकास और प्रसार को प्रोत्साहन देने की मांग की है ।

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री वीरेन्द्र के नेतृत्व में हिन्दी भाषी अल्पसंख्यकों का एक प्रतिनिधि मण्डल गत दिनों मुख्यमन्त्री श्री दरबारा सिंह से मिला और उक्त मांग की । प्रतिनिधि मण्डल में श्री वीरेन्द्र के अतिरिक्त आर्य प्रतिनिधि सभा के उपाध्यक्ष श्री पृथ्वीसिंह आज़ाद एवं महामन्त्री श्री रामचन्द्र जावेद, सनातन धर्म सभा के पंडित मोहन लाल तथा श्री अमरनाथ जैन सभा के श्री हंसराज जैन व श्री तेलूराम जैन विश्व हिन्दू परिषद के श्री महन्त राम प्रकाश दास शामिल थे ।

प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमन्त्री श्री दरबारा सिंह से मांग की कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयानुसार पंजाब के अल्पसंख्यकों की भाषा देवनागरी है । इसलिए कुल जनसंख्या ४० प्रतिशत हिन्दी भाषी विद्यार्थियों को शिक्षा व परीक्षा माध्यम चयन करने की छूट होनी चाहिए और भाषा चयन का अधिकार सरकार को न हो कर विद्यार्थियों के अभिभावकों को होना चाहिए । प्रतिनिधि मण्डल ने यह भी मांग की कि राज्य में अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी को दूसरी भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए ।

मुख्यमन्त्री से मिलने के बाद प्रतिनिधि मण्डल के नेता श्री वीरेन्द्र ने एक सम्वाददाता सम्मेलन में इस बात को स्पष्ट किया कि हिन्दी के लिए की जा रही इस मांग का उद्देश्य पृथक दल या अलग राज्य की मांग करना नहीं है । हमारा उद्देश्य केवल हिन्दी को उसका उचित सम्मान दिलाना है ।

श्री वीरेन्द्र ने संविधान में उल्लेखित धारा २९ (१) का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह अल्पसंख्यकों की भाषा और संस्कृति की सुरक्षा के लिए पग उठाए । उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि हमारी बोली पंजाबी है इसलिए पंजाबी ही हमारी भाषा है लेकिन यह गलत है । उन्होंने इस धारणा का खंडन करते हुए कहा कि पंजाबी हमारी बोली अवश्य है लेकिन भाषा नहीं है । क्योंकि यह दोनों अलग-अलग हैं और बोली का कोई व्याकरण नहीं होता है । बोली भाषा नहीं हो सकता । उन्होंने कहा पंजाबी हमारी बोली है लेकिन जहां तक भाषा का प्रश्न है वह हिन्दी के अतिरिक्त कोई अन्य भाषा नहीं ।

श्री वीरेन्द्र ने अल्पसंख्यक भाषाई आयोग की १८ वीं रिपोर्ट जो हाल ही में लोकसभा में पेश की गई का हवाला देते हुए कहा आन्ध्र प्रदेश असम व गुजरात में जहां क्रमशः तेलगू असमी और गुजराती राज्य भाषा है वहीं ६६ और ७१ अन्य अल्पसंख्यकों की भाषाएं भी हैं जिसमें हिन्दी और उर्दू भी शामिल हैं और उन्हें सभी अधिकार प्राप्त हैं ।

प्रतिनिधि मण्डल द्वारा दिए गए ज्ञापन में आगे मांग की गई है कि सरकार द्वारा नोटिस नियम और मतदाता सूचियां सरकारी फार्म तथा रजिस्ट्रेशन के कागजात पंजाबी के साथ साथ हिन्दी में छापे जाएं । सरकार के साथ पत्र व्यवहार हिन्दी में करने की छूट हो । अदालतों में भी हिन्दी के प्रयोग की स्वतन्त्रता होनी चाहिए ।

श्री वीरेन्द्र ने यह भी स्पष्ट किया कि हम पंजाबी के कतई खिलाफ नहीं हैं लेकिन यदि ६० प्रतिशत पंजाबी भाषी लोगों की भाषा को राज्यभाषा माना जाता है तो ४० प्रतिशत अल्पसंख्यकों की हिन्दी भाषा को अंग्रेजी की जगह दूसरी भाषा क्यों नहीं माना जा सकता ।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और परीक्षा माध्यम मातृभाषा में होना चाहिए और मातृभाषा के चयन का अधिकार माता पिता को होना चाहिए सरकार का नहीं । उन्होंने कहा कि प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर हिन्दी भाषा को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए । प्रशासन तथा शिक्षा में हिन्दी की उपेक्षा के कारण अखिल भारतीय सेवाओं में पंजाबियों की संख्या काफी गिरी है ।

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए ?

राष्ट्रपति को पंजाब में हिन्दी को सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं ? यदि नहीं किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज में जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें ।

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए हैं वह शीघ्र सभा कार्यालय में भिजवा दें ।

—वीरेन्द्र

श्वेताश्वेततरोपनिषद कथा माला—

प्राणायाम तथा योग का दर्शन

ले०—श्री सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार दिल्ली,

(गतांक से आगे)

जितने सृष्टि मे मुख है सिर हैं गर्दने हैं वे सब उसी के हैं—सर्व आनन शिर ग्रीव-, सब प्राणियो के हृदय रूपी गुहा मे वही विद्यमान है—सर्वभूत गुहाशय, सब जगह वह व्याप रहा है—सर्वव्यापी। वह भगवान है स भगवान। क्योंकि वह सृष्टि मे दीख रहे मुखो सिरो गर्दनो—सब मे व्याप रहा है इसलिए सर्वगत है-तस्मात् सर्वगत वह सबका कल्याण करने वाला है—शिव ।१२।

सब उसी के है इसका यही अभिप्राय है जिसकी तरफ हम गीता के १९व अध्याय के १५वें श्लोक का उल्लेख करते हुए इशारा कर आए हैं। जड चेतन मे जो कुछ दिखाई देता है वह दीखने मे भले ही कुछ हो परन्तु उसी की सत्ता से वह सत्तावान है। वह अपना हाथ खींच ले तो कुछ नही रहता। उपनिषदो मे जगह जगह इसी भाव को भिन्न-भिन्न प्रकार से कहा गया है।

वह महापुरुष परमात्मदेव सर्व व्यापी है परन्तु उसका अंगुष्ठमात्र अनुभव हम सभी को अपने अन्तरात्मा मे होता है—अंगुष्ठमात्र पुरुष अन्तरात्मा। वह सदा सब जनो के हृदय मे सन्निविष्ट है—सदा जनाना हृदये सन्निविष्ट। उसे हृदय से-हृदा मन की भी स्वामिनी बुद्धि है उससे—मनीषा तथा संकल्प विकल्प करने वाले मन से—मनसा- जाना जाता है—अभिक्लृप्त। जो इस प्रकार परमात्म देव को जान जाते हैं वे एतद् विदु वे अमर हो जाते हैं—अमृता ते भवन्ति। ।१३।

यहा दो बातो पर ध्यान देना आवश्यक है। पहली बात तो यह कि हृदय मे परमात्मदेव का अनुभव उनके अंगुष्ठमात्र का अनुभव है। हृदय मे सब कोई परमात्माका अनुभव करता हैं। ज्ञान का स्थान मस्तिष्क है अनुभव का स्थान हृदय है। परमात्मदेव का ज्ञान नही होता, अनुभव होता है हृदय मे अनुभव होता है क्योंकि परमात्मा प्रेममय है। प्रेम की अनुभूति का स्थान हृदय है, इसलिए इस श्लोक मे कहा गया है कि परमात्मदेव का निवास हृदय प्रदेश मे हैं। इसका यह अर्थ नहीं है कि परमात्मदेव अन्यत्र नही मिलते। वर्तमान तो वे सब जगह हैं परन्तु हृदय में उनका अनुभव होता है, क्योंकि अनुभव हृदय से ही होता है। स्मरण रहे यह अनुभव अंगुष्ठमात्र है सिर्फ उसकी झाकी है। उसे पूर्णतया अनुभव करने के लिए हृदय के साथ मनीषा तथा मन का साथ देना आवश्यक है। दूसरी ध्यान देने की बात यह है कि श्लोक मे परमात्मा के अंगुष्ठमात्र का उल्लेख इसलिए किया गया कि जैसे अंगूठे से पकड कर सम्पूर्ण मनुष्य को पकडा जा सकता है वैसे अंगुष्ठमात्र परमदेव को पकड कर उसे सम्पूर्ण रूप में हृदय, मनीषा तथ मन से पाया जा सकता है।

इस श्लोक मे बुद्धि तथा मन के भेद को भी स्पष्ट किया गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् मे जहा कोशो का वर्णन है वहा भी विज्ञानमय कोश तथा मनोमय-कोश—ये दो कोश कहे गये हैं। विज्ञान का अर्थ बुद्धि है मन का अर्थ मन है। बुद्धि मे निश्चय होता है—निश्चयात्मिका बुद्धि मन मे संकल्प-विकल्प होता है। कठोपनिषद् मे कहा है—बुद्धि तु सारथि विद्धि मन प्रग्रहमेव च।

सृष्टि का दर्शन ही परमात्मदेव का दर्शन है—इसी दृष्टिकाण को स्पष्ट करते हुए अगले श्लोक मे कहा है- वह परमात्मदेव नामक पुरुष सहस्र सिरो वाला है—सहस्रशीर्षा पुरुष वह सहस्र आखो वाला है—सहस्राक्ष वह सहस्र पांवो वाला है सहस्रपात। वह हाथ से ब्रह्माण्ड को सब तरफ से छूए हुए हैं—स भूमि सर्वत वृत्वा फिर भी उसकी दसो अगुलिया मानो खाली रह जाती हैं अति अतिष्ठत् दश अगुलम्। यहां भूमि वृत्वा कहा है। वृत स वृत्वा बना है। वृत का अर्थ है गोल। भूमि को वृत कहने वाला भूमि का गोल कह रहा है यह बात यहा ध्यान देने की है १४।

अगले दो श्लोकों मे परमात्मदेव के सर्व-व्यापकत्व तथा सृष्टि में ही परमात्मदेव के दर्शन करने की बात कही गई है'

उसके हाथ पैर सब जगह है—सर्वत पाणिपाद, उसकी आखें, सिर, मुख सब जगह है तत् सर्वत अक्षिशिर मुखम्। संसार में सब जगह उस के कान हैं, सर्वत श्रुतिमत् लोके, वह सबको घेर कर बैठा हुआ है—सर्व मावृत्य तिष्ठति। यहा भी आवृत्य शब्द का प्रयोग किया गया है जो 'वृत' शब्द से बना है। ।१६।

सब इन्द्रियों के गुण उसमें भास रहे है- सर्व इन्द्रिय गुण आभासम्, फिर भी सभी इन्द्रियों से वह रहित है-सर्व इन्द्रिय विवर्जितम्। सबका वह प्रभु स्वामी है- सर्वस्य प्रभुम् ईशानम् फिर भी वह सबको आश्रय देने वाला, शरण देने वाला है—सर्वस्य शरणं बृहत्।१७।

पहले कहा कि परमात्मदेव के हाथ पाव, आख, कान आदि सब जगह हैं, परन्तु कोई यह न समझ ले कि सृष्टि के प्राणियो के हाथ, पाव आदि उसी ब्रह्म के उनसे अलग उसकी सत्ता नहीं है, इस मिथ्या भ्रम को दूर करने के लिए अब कहते हैं, वह हाथ, पाव रहित है—अपाणि पाद, हाथ पाव न होने पर भी वह गतिशील है, बिना हाथो के जोर से पकड लेता है—जवन ग्रहीता वह नेत्रो से रहित है परन्तु बिना आखो के देखता है, पश्यति अचक्षु वह कानो से रहित है परन्तु बिना कानो से सुन लेता है। स शृणोति अकर्ण। जो कुछ भी जाना जा सकता है वह उसे जानता है—स वेत्ति वेद्य, परन्तु उसे कोई नही जानता—न च तस्य अस्ति वेता उसी को आदि कहा पुरुष कहते हैं, तम् आहु अग्रयम् पुरुषं महान्तम्।१९।

वह अणु से अणु है—अणो अणीयान्, महान् से महान् है—महत महीयान्। वह इस जीवन की हृदय रूपी गुहा मे निहित है—आत्मा गुहायाम् निहित अस्य जन्तो। वह कर्ता नही है अक्रतु है उस अक्रतु को—त अक्रतु, शोक सागर से पार तर जाने वाला—वीत शोक, देखता है। पश्यति। उस परमात्मदेव की महिमा को सबको धारण करने वाले ईश के प्रसाद से ही प्राप्त किया जा सकता है—धातु प्रसादात् महिमान ईशम्।२०।

(चतुर्थ अध्याय)

प्रकृति जीव परमेश्वर का अज तथा सुपर्ण के रूप मे वर्णन

वह जो एक है, अद्वितीय है य एक रंग-रूप रहित है—अवर्ण उसने अपनी शक्ति से अनेक तथा रंग रूप सहित -बहुधा शक्तियोगात् वर्णान् अनेकान वस्तुओ मे अर्थ अर्थात् प्रयोजन निहित कर दिया है—निहितार्थ दधाति। स्वय एक हैं पर अनेक वस्तुओ का निर्माण कर दिया, स्वय अवर्ण है परन्तु सवर्ण वस्तुओं को पैदा कर दिया—स्वय का कोई प्रयोजन नही परन्तु सब वस्तुओ में प्रयोजन डाल दिया—ऐसी शक्ति है भगवान् की। वह परमात्मदेव संसार का अन्त मे संहार कर देता है—वि च एति अन्ते, परन्तु आदि मे विश्व का निर्माण करता है-विश्व आदौ स। ऐसा परमात्मदेव हमें शुभ बुद्धि से युक्त करे-देव स न बुद्धया शुभया संयुनक्तु।१।

वही देव अग्नि है, वही आदित्य है, वही वायु है, वही चन्द्रमा है, वही शुक्र है वही ब्रह्म है, वही जल है, वही प्रजापति है।२।

हे देव ! तू ही स्त्री है, तू ही पुरुष है तू ही कुमार है, तू ही कुमारी है, तू ही वृद्ध होकर दण्ड से हमे ठग देता है—इस गुणो इन भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट-अलग समझ कर भरमा जाते है, पर असल में वह सूत्रात्मा है। तू जब सृष्टि के रूप में प्रकट होता है, तो स्वयं एक होता हुआ भी नाना रूप हो जाता है—त्वं जातः भवसि विश्वतोमुख ।३।

इस उपनिषद् मे सृष्टि के तीन अनादि तत्व माने गये हैं। तीनों को 'अज' कहा है। 'अज' दो अक्षरों से बना है—अ तथा ज। अ का अर्थ है-नहीं, ज का अर्थ है—जन्म। जो उत्पन्न नहीं हुआ, सदा से वर्तमान है, अजन्मा है, अनादि है, उसे अज कहते हैं। जीव तथा परमात्मा 'अज हैं—अजन्मा हैं। प्रकृति स्त्री लिंगी होने के कारण अजा' है। प्रकृति के लिये कहा गया है—सत्व रजस् तमसा साम्यवस्था प्रकृति—सतोगुण रजोगुण तथा तमोगुण की समावस्था का नाम प्रकृति है। सतोगुण का प्रत्यक्ष रूप शुक्ल है, रजोगुण का प्रत्यक्ष रूप लोहित है, तमोगुण का प्रत्यक्ष रूप कृष्ण है। इस सब आधार को सम्मुख रखकर ५वें श्लोक मे कहा गया है कि एक अजा है जिसका स्वरूप लोहित शुक्ल कृष्ण है—अजा एकाम् लोहित शुक्ल कृष्णा वह अजा, अर्थात् प्रकृति जो अपने जैसे अनेक प्रकार के पदार्थों का सर्जन कर रही है—बह्वी प्रजा सृजमाना सरूपा उसे दूसरा अज, अर्थात जीव—अज हि एका भोग रहा है, उसके साथ शयन कर रहा है—जुषमाण अनुशेते, और तीसरा अज अर्थात् परमेश्वर इस भोग-भुक्ता अजा अर्थात् प्रकृति को छोड कर अलग रहता है, वह प्रकृति का भोग नही करता—जहाति एना भुक्तभोगा अज अन्य इसका यह अर्थ भी हो सकता है कि एक अजा अर्थात् प्रकृति है, और दो प्रकार के अज, अर्थात् दो प्रकार के जीव हैं। एक जीव प्रकृति के भोग मे लगा है दूसरा जीव प्रकृति से अपने को अलग रखता है, उसे छोड देता है। प्रकृतिवादी भोग का जीवन बिताता है आध्यात्मवादी त्याग का जीवन बिताता है ॥५॥

उक्त श्लोक मे जिस त्रैतवाद को अज'—नाम से कहा उसी को ६ वें श्लोक में सुपर्णा—अर्थात् पक्षी के रूप मे कहा क्या कहा है? दो सुन्दर पक्षी हैं—द्वासुपर्णा, साथ-साथ मित्र भाव से रहते हैं— सयुजा सखाया, ये दोनों एक ही वृक्ष का आलिंगन कर रहे हैं—समान वृक्ष परिषस्वजाते, इन दोनो मे से एक तो पिप्पल के फल को बड़े स्वाद से खा रहा है—तयो अन्य पिप्पल स्वादु अत्ति, दूसरा बिना फल खाये—अनश्नन् अन्य, सिर्फ साक्षी-भाव से देख रहा है अभिचाकशीति। इसका एक अर्थ यह हो सकता है कि प्रकृति, जीव तथा परमात्मा—ये तीन तत्व हैं जिनमें से जीव प्रकृति रूपी वृक्ष के फल चखता

(शेष पृष्ठ ८ पर)

ठनी भी खूब और बनो भी खूब

ले०—श्री काशीराम जी चावला लुधियाना

(गताक से आगे)

एक तो वह अपना अकेलापन दूर करना चाहती थी और दूसरे उसकी एक सखी की कन्या थी जो उनकी नजरो में जची हुई थी। इस लडकी ने विद्या तो मिडल तक ही प्राप्त की हुई थी। परन्तु बहुत चतर सुन्दर स्वस्थ घर का सारा काम काज करने वाली थी। बोल चाल मे भी बडी हसमुख था घर का सारा काम काज करने से ही उसका स्वस्थ इतना अच्छा था। शिव कुमार की माता एक ऐसी ही लडकी को अपनी पुत्र वधू बनाना चाहती थी जो घर आकर घर के प्रत्येक काय मे उसे पूरी सहायता दे। उन की सखी भी यह सम्बन्ध करने म बहुत खुश थी वह शिवकुमार और उस माता के स्वभाव को अच्छी प्रकार जानती थी और दूसरा दोनो घर बहुत अच्छे थे

वकील जी साय घर आते तो उनकी पत्नी विवाह की चर्चा आरम्भ कर देती इस प्रकार उसन अपने पति देव को शिवकुमार का शीघ्र विवाह करने पर तैयार कर लिया था। परन्तु जब वह प्रस्ताव शिवकुमार के सम्मुख रखा गया तो उसने अपनी माता से कहा मैं आप की यह बात तो स्वीकार करने को तयार हू कि विवाह शीघ्र करा ल परन्तु लडकी तो मैं अपन पसन्द की लू गा यह ठीक है कि आप की नजर मे जो लडकी है उसमें बहुत गुण हैं। परन्तु वहा उसकी विद्या थोडी हैं वहा उसका बदन भी भद्दा है। आजकल ऐसे बदन वाली लडकी को कौन पसन्द करता है वह तो एक साधारण गांव की लडकी प्रतीत होती है। ऐसी लडकी के साथ विवाह करके मुझ अपनी हसी उडवानी है।

शिवकुमार का पिता इस सम्बन्ध पर जोर नही दे रहा था। वह जानता था कि कई ऐसे विवाह जो उच्च शिक्षा प्राप्त किए लडकों के माता पिता ने उन की इच्छा के विरुद्ध करने चाहे बहुत से लडके और लडकी के कारण टल गए। पहले तो लडको ने ऐसे गले पडके लिए बन्धने पर विवाह करने से इन्कार कर दिया या फिर विवाह हो गए तो सारी आयु अपने माता पिता को कोसते रहे। परन्तु शिव कुमार की मा जिद कर रही थी और शिवकुमार के न मानने पर वह बहुत घबराई।

इस जमाने मे माता पिता के ऐसे घबराने की कौन परवाह करता है नव युवक तो यह सोचते है कि विवाह कराना उनका अपना अधिकार है किसी अन्य को इस मे हस्तक्षेप नही करना चाहिए यहा तक वह अपने माता पिता से भी राय नही लेना चाहते यह आजकल के नवयुवको की भूल है। यह ठीक हैं कि लडके लडकी का अपना जीवन साथी चुनने का अधिकार होना चाहिए। परन्तु माता पिता की भी इस सम्बन्ध मे राय लेना भी लाभदायक रहता है जहा माता पिता के आशीर्वाद के बिना रिश्ते होते हैं वहा सच्ची खुशी प्राप्त नही होती। जहा झूठे प्रेम और केवल सौन्दर्य के आधार पर ही विवाह होता है वहा सच्चा प्रेम नही होता और बिना सच्चे प्रेम के गृहस्थ जीवन सुखी और सफल नही होता।

शिवकुमार अपनी बात पर अडा रहा। अन्त मे उसकी माता भी चुप हो गई। उसका पिता तो पहले ही किसी प्रकार का दबाव नही डाल रहा था तब शिवकुमार ने समाचार पत्र मे निम्न विज्ञापन दिया —

आवश्यकता

एक धनपति प्रसिद्ध घराने के एक २४ वर्षीय स्नातक (B A) लडके के लिए एक ऐसी स्नातक (B A) लडकी की जो अच्छे परिवार की हो बहुत सुन्दर लम्बे कद और पतले जिस्म का हो समाज मे आने जाने के नियम जानती हो विवाह तुरन्त चित्र साथ आना चाहिए उसे स्वय मिलना भी होगा।

इस विज्ञापन को पढकर बहुत से पत्र चित्रो समेत आ गए। शिवकुमार ने सारे चित्र इकत्रित करके उनकी एक एलबम बना ली। अब वह इन मे चुनाव की ओर लग गया।

अब शिवकुमार एक चित्र का दूसरे के साथ तुलना करने मे ही लगा रहा तो उसके माता पिता ने उसे कहा—कि तुम अपना इतना अनमोल समय इस खामखाह मे लगा रहे हो चित्र देखने से क्या पता चलता है। तुम किसी निर्णय पर पहुच लो। दूसरी ओर लडकी वालों के पुन पत्र आने लगे तब उसने पुन अच्छी तरह से देखकर सब चित्रो में से पांच चित्र छाट लिए और उन्हे स्वय मिलने के लिए पत्र लिख दिए और शेष सब चित्र वापस कर दिए। विभिन्न तिथिया निश्चत कर के वह पाचो के स्थानो पर गया अपने माता पिता को भी साथ चलने के लिए कहा परन्तु माता का स्वस्थ ठीक न था और पिता को भी अपने काय से समय न था इसलिए उसके पिता ने अपनी एक विधवा बहन को साथ भेज दिया परन्तु उसको कह दिया कि तुम न कोई राय नही देनी हा मे हा मिलाए जाना कोई विशेष नुक्स वाली बात हो तो अवश्य बतला देना।

शिवकुमार ने अपनी बुआ के साथ पाचो लडकिया देखी और अपने माता पिता के साथ विचार विमर्श करके उन्हे सूचित कर देगा कह कर घर वापिस आ गया

वापस आकर उसने अपनी बुआ द्वारा तीन स्थानो पर तो ना लिखवा दी और उनके चित्र भी वापस भिजवा दिए। बाकी रह गई दो लडकिया दोनो ही उसे बहुत पसन्द थी। प्रभा और श्यामा। कभी तो वह उन दोनो के चित्र देखता और कभी वह उनके साथ हुई वार्ता को याद करता वह जो उनके साथ करके आया था और उनके गुणों का मन ही मन में मुकाबला करता परन्तु किसी निर्णय पर न पहुच सका। पाच दिन वह इसी काम मे लगा रहा। इस बीच उन लडकियों के माता पिता के फिर पत्र आ गए। अब उनके लिए कोई निर्णय करना अति आवश्यक हो गया था।

क्रमश

भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

महात्मा हसराज ट्रस्ट बरेटा की ओर से आठवी भाषण एव निबन्ध प्रतियोगिता कन्या महाविद्यालय कालावाली मे सोत्साहसम्पन्न हुई प्रधानता आचाय नरेन्द्र भूषण जी ने की।

भाषण प्रतियोगिता—

सवप्रथम—कु० प्रतिभा आर्या गोपी चन्द आय मन्हिल कालेज अबोहर द्वितीय कु० पूनम गवनमैन्ट हाई स्कूल अबोहर ततीय जीवन कपूर एस० एन० आय हाई स्कूल तथा विशेष सम्मानित प्रथम पुरस्कार म हसराज के जीवन पर कु पूनम गवनमैंट हाई स्कूल अबोहर

निबन्ध प्रतियोगिता—

सवप्रथम कु सन्तेष गोयल गोपी चन्द आय महिला कालेज अबोहर द्वितीय कु कान्ता कन्या महाविद्यालय कालावाली—एव कु प्रतिभा गोपीचन्द आय महिला कालज अबोहर ततीया—रूपरानी कमल कन्या महाविद्यालय विशेष सम्मानित प्रथम पुरस्कार म हसराज के जीवन पर कु राजरानी बसल कन्या महाविद्यालय कालावाली एव कु कमलेश नी कन्या महाविद्यालय कालावाली।

अशोक आय सयोजक

आर्य समाज जगराओ

आर्य समाज जगराओ ने ५ १ ८ को निणय किया कि श्री सतिन्द्र कुमार जी को अस्थाई प्रधान चुन जाता है मन्त्री मूलराज जी हवन यज्ञ और प्रचार का काय करेंगे श्रीमती त्रिशला जैन पाठशाला की देख रेख करगी तथा बीना मित्तला कोषाध्यक्ष होगी

जिला सभा लुधियाना के निम्न सदस्य मनोनीत किए गए श्रीमति त्रिशला जैन श्री जानकी दास पाठी श्री फकीर चन्द श्री सतिन्द्र कुमार जी श्री मूल राज जी।

वार्षिक निर्वाचन

आय समाज विनय नगर सरोजिनी नगर नई दिल्ली का वार्षिक निर्वाचन १ १ को निम्न प्रकार हुआ—

प्रधान श्री प्रकाश चन्द शास्त्री उप प्रधान श्री म ग्रेन्द्र जी गुप्त श्री देवराज जी कुन्द्रा श्री ग्रार लाल जी श्रीमती दयावती जी मन्त्री श्री रोशन लाल जी गुप्त प्रचार मन्त्री श्री ग ाजर जी आय उप मन्त्री श्री हृदयमन जी कोहली श्री बहोरी लाल कश्यप श्री देवेन्द्र भण्डारी कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्त तथा पुस्तकाध्यक्ष व वस्तुभण्डारी श्री राम मूर्ति शर्मा

बंगा मे पुरस्कार वितरण

पिछले दिनो आय समाज बंगा न हिन्दू हाई स्कूल मे सरदार भगत सिंह जी का जन्म उत्सव मनाया। १९ विद्यार्थियो ने भाषण दिए और गीत गाए। जिसमे पुरस्कार इस प्रकार दिए गये।

श्री मण कुमार IX कक्षा प्रथम श्री राजेश VI कक्षा द्वितीय श्री सजीव नागी IX कक्षा ततीय

इसके अलावा तीन इनाम और दिये गए पुरस्कार आय समाज बंगा की ओर से दिये गये

भवदीय
बी पी बेदी

आय समाज श्रद्धानन्द बाजार अमृतसर

आय समाज श्रद्धानन्द बाजार अमृतसर मे २६ १० ८०को ऋषिवाल्मिकि का जन्मोत्सव बडी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर जहा ऋषि वाल्मिकि का गुणगान गाया तथा रामायण की महत्ता बताई गई। वहां समाज की ओर से म पूर्ण दास जी स त केशव दास जी श्री खुशी राम जी श्री निहाल चन्द जी श्री अमर नाथ और माता जी की को धार्मिक पुस्तकें सरोपा रूप मे भेंट की गई।

जिला आर्य सभा गुरदासपुर का चुनाव

जिला आर्य सभा गुरदासपुर निर्वाचन २६ १०-१९८० को दयानन्द मठ दीनानगर में प्रिंसीपल अश्विनी कुमार जी के निरीक्षण में हुआ। इस में सर्व सम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित हुए, बैठक की अध्यक्षता स्वामी सर्वानन्द जी ने की।

प्रधान श्री राम कृष्ण दीनानगर उप प्रधान श्री प्यारे लाल प्रधान आर्य समाज शहर पठानकोट, श्री रोशन लाल मन्त्री आर्य समाज कादीयां, मन्त्री श्री प्रेमनाथ दीनानगर, उपमन्त्री श्री वेद प्रकाश नन्दा आर्य समाज गुरदासपुर, श्री सुभाष चन्द्र माडल टाउन पठानकोट, कोषाध्यक्ष श्री कर्म चन्द भारद्वाज दीनानगर

इसके अतिरिक्त आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के निम्नलिखित अन्तरंग सभा के सदस्य भी इसके सदस्य होंगे।

श्री अश्विनी कुमार श्रीमती शान्ति नन्दा, श्रीमति पुष्पा महाजन, श्री बलदेव राज,

प्रत्येक समाज के मुख्य भी जिला सभा के सदस्य होंगे तथा प्रत्येक समाज के प्रधान, मन्त्री और कोषाध्यक्ष इसके सदस्य होंगे।

यह सभा आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब को पूर्ण सहयोग देगी। कादियां में निर्माणाधीन प० लेखराम स्मारक के लिए यह पहले ही १७००० रु. दे चुकी है। तथा और धन एकत्रित करने के लिए प्रयत्नशील है। जिला भर में आर्य समाज और वैदिक धर्म के प्रचार एवं प्रसार में यह सभा पूर्ण रूपेण सहयोग देगी।

—प्रिंसीपल अश्विनी कुमार
संयोजक

—

(४ पृष्ठ शेष)

का बोधक है। सभी तो वेद का साधक प्रार्थना करता है। [illegible] जिनमें अनेकविध [illegible] प्रकार के अन्नों [illegible]

न केवल [illegible] अनेकविध वेद [illegible] का यथाप्रसंग वर्णन करते हुए कहा गया है, कि सोम का पान कर, जो औषधियों का रस है। दूध कमजोरों को शक्तिशाली, कृश को सुदृढ़ तथा पतलों को पीन बनाने वाला है। दूध तथा तत्सम्बन्ध

१ अक्षेत्रवित् क्षेत्रविदं ह्यप्राट् स प्रैति क्षेत्रविदानुशिष्टः। (ऋ० १ ३,२)
२ सोम पिब।
३ यूयं गावो मेदयथा कृशं चिदश्रीरं

चित्कृणुथा सुप्रतीकम्। (अ० ४, २१,६

पदार्थ हर आयु के स्त्री-पुरुष के लिए खाद्य, बल और पुष्टि के समान हितकारक होने से पूर्ण भोजन हैं। इसी प्रकार जल का विवेचन करते हुए कहा है जल अमृत है, औषधि रूप है, वह सुखदायक है, तेज-बलवर्धक तथा नेत्रों के लिए भी गुणकारक है। मन्त्रों में जहां भोज्य पदार्थों का वर्णन आता है वहां दूध, मांस आदि अभोज्य पदार्थों का स्पष्ट निषेध भी मिलता है।

४. [illegible] (ऋ० ८,१०१,१५

५. [illegible] (ऋ० १०, ९, १—३

(२ पृष्ठ का शेष)

है, परमात्मा जीव को जानता देखता है, स्वयं प्रकृति का भोग नहीं करता। इस का दूसरा अर्थ यह हो सकता है कि संसार में दो प्रकार के जीव हैं—एक वे जो प्राकृतिक जगत् का भोग करते हैं, दूसरे जो संसार को देखते मात्र हैं, उनमें [illegible] का अर्थ निर्लेप भाव से देखना (Awareness) है॥६॥

(क्रमशः)

—



श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जगहिन्द प्रिंटिंग प्रैस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन, चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनी आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १३, अंक ४४ ९ मार्गशीर्ष सम्वत २०३७ तदनुसार २३ नवम्बर १९८० का अंक दयानन्दाब्द १५६

कादियां में प्रान्तीय सम्मेलन ३० नवंबर को

अध्यक्ष-आर्य नेता श्री बन्देमातरम् रामचन्द्र राव होंगे

उद्घाटन-सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री शालवाले करेंगे ।

टोलिया बनाकर झण्डे हाथो मे लेकर आर्य बन्धु पहुचे ।

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब से सम्बन्धित आर्य समाजो व शिक्षा संस्थाओ के अधिकारी महानुभावो की सेवा में

श्रीमन् नमस्ते

धर्मवीर प० लेखराम का आर्य समाज के इतिहास मे एक विशेष स्थान है । उन्होने अपना सारा जीवन आर्य समाज के प्रचार मे लगा दिया और अन्त मे उन्होने उसी के लिए अपने प्राण भी दे दिये यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम आज तक उनका कोई स्मारक नही बना सके । अब कादियां मे वहा के स्थानीय आर्य समाजियो सनातनधर्मियो और सिख भाईयो ने मिलकर एक स्मारक मण्डल बनाया है वे वहा उनका स्मारक बनाना चाहते हैं । इसके लिए भूमि भी ले ली गई है और उस पर कुछ काम भी प्रारम्भ हो गया है ।

स्थानीय आर्य समाजियो और दूसरे महानुभावो को प्रोत्साहन देने के लिए ३० नवम्बर १९८० को कादियां मे एक प्रान्तीय आर्य सम्मेलन किया जा रहा है । इसकी अध्यक्षता आन्ध्र प्रदेश के सुप्रसिद्ध आर्य नेता और हैदराबाद मे निजाम के विरुद्ध आर्य समाज के ऐतिहासिक सत्याग्रह के वीर योद्धा श्री बन्देमातरम रामचन्द्र राव करेंगे । सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री रामगोपाल जी शालवाले इसका उद्घाटन करेंगे । इनके अतिरिक्त पंजाब के वित्तमन्त्री डा० केवल कृष्ण स्वास्थ्य मन्त्री श्री सरदारीलाल जी कपूर पंजाब सनातनधर्म सभा के प्रधान प० मोहनलाल जी सुप्रसिद्ध सनातनधर्मी नेता महन्त श्री रामप्रकाशदास जी और दूसरे कई प्रमुख व्यक्ति इस सम्मेलन मे भाग लेंगे । हम चाहते हैं कि पंजाब के आर्य समाजी अधिक से अधिक संख्या मे उस दिन कादियां मे पहुचें । जैसाकि आप जानते हैं कि इस प्रकार के प्रदर्शन से अपने संगठन को बहुत शक्ति मिलती है इसलिए आपसे प्रार्थना है कि आप अपनी आर्य समाज के अधिक से अधिक सदस्य तथा दूसरे महानुभाव कादियां पहुचायें । यह सम्मेलन प्रातः नौ बजे प्रारम्भ होगा और दोपहर के तीन बजे समाप्त हो जाएगा । प्रत्येक आर्य समाज की टोली अपने झण्डे लेकर वहां पहुंचे । दूर से आने वाली आर्य समाज यदि अपनी अपनी बसो मे आए तो और भी अच्छा रहेगा दोपहर के भोजन का प्रबन्ध कादियां मे ही किया जाएगा । इसलिए आप से सानुरोध प्रार्थना है कि ३० नवम्बर को प्रातः नौ बजे तक कादियां अवश्य पहुंचें आप के समाज या संस्था की ओर से जितने व्यक्ति कादियां जा रहे हैं उनकी पूरी संख्या मे आर्य समाज लेखराम नगर कादियां जिला गुरदासपुर को अवश्य सूचित कर दें ।

भवदीय

वीरेन्द्र	रामचन्द्र जावेद	डा के के पसरीचा
सभा प्रधान	सभा मन्त्री	सभा कोषाध्यक्ष

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए ?

राष्ट्रपति को पंजाब मे हिन्दी का सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं यदि नही किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज मे जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए हैं वह शीघ्र सभा कार्यालय मे भिजवा दें ।

वीरेन्द्र

श्वेताश्वेतरोपनिषद कथा माला—

प्रकृति जीव परमेश्वर का क्षर-अक्षर के रूप में वर्णन

ले०—श्री म गवत जी सिद्धा तालकार दिल्ली

(गताक से आगे)

जो भाव पहले दो श्लोको म व्यक्त किया गया है उसी को भि न रूप मे अगले श्लाक मे कहा है एक ही प्रकृति रूपी वृक्ष पर-समाने वृक्ष पुरुष यह जीव पुष्प फल भोगने मे निमग्न है-निमग्न । प्रकृति को मानता भोगना वह शक्तिहीन हो जाता है और प्रकृति के मोह मे पडा शोक सागर मे डूब जाता है—अनीश्या शोचति मुह्यमान । जब वह देखता है कि दूसरे पुरुष परमात्मदेव-की प्रकृति से अलग रहने के कारण सेवा हो रही है—जुष्ट यदा पश्यति अन्यम ईशम तो समझ जाता है कि मे प्रकृति फमने से अन्त मे शोक ही हाथ आता है। उसकी महिमा को जानकर यह भी उस माग को पकड लेता है और वीतशोक हो जाता है—अस्य महिमान इति वीत शोक इसका यह अथ भी हो सकता है कि एक पुरुष तो प्रकृति के ससार मे निमग्न रहता है इस प्रकार प्रकृति के मोह मे पड जाने के कारण उसकी शक्ति क्षीण हो जाती है। जब वह देखता है कि ससार के माया मोह को जीव छोड कर भगवान मे लो लगाता है उसकी सब सराहना करते हैं तब यह भी ससार का मोह त्याग कर उसी माग को अपना लेता है और वीतराग होने के कारण वीतशोक हो जाता है क्योंकि सब शोको का कारण राग है मोह है ममता है। निर्मोही होने से ही मनुष्य शोकरहित हो सकता है ।७॥

वेद की सब ऋचाए उस अक्षर ब्रह्म का ही प्रतिपादन करती है उस ब्रह्म का जिस मे सब देव निवास करते हैं। वेद की ऋचाए जिस ब्रह्म का प्रतिपादन करती हैं जो उस ब्रह्म को नही जानता—य त न वेद वह ऋचाओ से क्या करेगा कि ऋचा करिष्यति । जो ब्रह्म को जान जाते हैं ये इत तद विदु ऐसे शान्ति प्रा त करते हैं त इम समासते ।८॥

वेदो के छ न यज्ञ ऋतुए व्रत भत भव्य और जो कुछ कहते हैं इस सब माया स वह मायी भगवान सृष्टि की रचना करता है—अस्मात मायी सृजते विश्व एतत वह माया का स्वामी—म यी तो उक्त सब मे सृष्टि की रचना करता है पर तु यह जीव उसमे आकर बध जाता है अन्यश्च अस्मिन माययो सनिरुद्ध ।९।

माया का मायी का अथ समझाते हुए अगले श्लोक मे स्पष्ट किया है कि माया का अथ प्रकृति है मायां तु प्रकृतिं विद्या त मायी का अथ परमश्वर है—मायिन तु महेश्वरम ।१०॥

(पचम अध्याय)

१ प्रकृति जीव परमेश्वर का क्षर अक्षर के रूप म वणन

म उपनिषद म मुख्य तौर पर त्रि ववा दृग ता है । बार बार प्रकृति जीव ईश्वर का उल्लेख मिलता है पहले प्रकृति क अजा ना जीव तथा ईश्वर को अज कहा फिर प्रकृति को वृक्ष तथा उस पर बैठ दो पक्षियो सुपर्णा का जिकर किया जिनमे से एक वृक्ष का फल खाता है दूसरा सिफ देखता है। इस अध्याय मे दो अक्षरो का वणन है इन दो के अलावा तीसरे ब्रह्म का वणन है जो अक्षर पर तु उसे यहा अक्षर नही कहा। इन सबसे प्रतीत होता है कि उपनिषदो मे भले ही सब जगह ब्रह्म का वणन हो परन्तु साथ ही ब्रह्म के अतिरिक्त जीव तथा प्रकृति का भी अज सुपर्णा अक्षर आदि नामो से उल्लेख है । इस अध्याय का प्रारम्भ करते हुए कहा गया है।

दो अक्षर हैं। अक्षर —अर्थात जो नष्ट नही नित्य हैं अक्षर य दो अक्षर ब्रह्म पर है—अर्थात ब्रह्म ही इन का लक्ष्य है ब्रह्म परे ब्रह्म ही इनका आधार है ब्रह्म पर ही ये टिके हुए हैं परन्तु य दोनो अन त हैं तु अन ते। इन दोनो मे से एक म विद्या गूढ रूप मे छिपे रूप मे विद्यमान है दूसरे मे अविद्या भरी पडी है विद्या अविद्या निहिते यत्र गूढ । विद्या जीव का और अविद्या प्रकृति का गुण है इन मे स अविद्या टिकने वाली नही हैं क्षर तु अविद्या और निश्चय से विद्या अमरता देने वाली है ह्यमृत त विद्या। प्रकृति तथा जीव के अतिरिक्त एक अन्य हैं जो विद्या तथा अविद्या का नियमन करने वाला है—विद्या अविद्या ईशते य त म अन्य ।१।

इस श्लोक मैं चार बातें कही गई हैं पहली बात यह कि अक्षर कहाए तीन हैं प्रकृति जीव तथा ईश्वर दूसरी बात यह कि इन तीन मे से एक ब्रह्म है अन्य दो प्रकृति तथा जीव ब्रह्म पर आश्रित हैं ब्रह्म पर हैं तीसरी बात यह कि विद्या जीवात्मा का और अविद्या प्रकृति का स्वाभाविक गुण है चौथी बात यह कि विद्या तथा अविद्या दोनो का नियमन ईश्वर कर रहा है। ईश्वर के विषय में २ ३ ५ श्लोको में कहा है।

वह इकला एक एक कारण का अधिष्ठाता हैं य योनि योनि अधितिष्ठति एक । इन कारणो से जो कुछ निर्माण होता है जिस किसी रूप का भी निर्माण होना है विश्वानि रूपाणि और इन कारणो से जो अन्य कारण उत्पन्न हो जाते हैं योनी च सर्वा उन सब का वही अधिष्ठाता है योनि स्वभावान अधि तिष्ठति एक । सब का फल देने वाला वही है सर्वान परिणामयेत य वही इकला विश्व का अधिष्ठाता है सवम एतत् विश्वम अधितिष्ठति एक प्रत्येक वस्तु के गुण का विनियोजन वही करता है गुणान् च सर्वान विनियोजयेत य ॥२ ३ ५ ॥

२ जीव के विषय मे विचार

जीवात्म सत्व रज तम—इन तीन गुणा के पीछे चलने वाला है गुण अन्वय जीवन मे जो सुख दुख आदि कर्मों के के फल मिलते है उन कर्मों को करने वाला जीव ही है कम फल कर्ता जो कम वह करता है कृतस्य उसका वह उप भोक्ता है तस्यैव च उपभोक्ता यह नही हो सकता कि वह कम करे अच्छा या बुरा और उसका फल वह न भोगे । वह अपने कर्मों के फल के अनुसार सब प्रकार के रूपो को धारण करता है स विश्वरूप क्योंकि वह सत्व रज तम—इनके द्वारा त्रिगुणात्मक हैं इसलिए उसके जीवन के माग भी तीन प्रकार के हैं त्रिगुण त्रिमार्गा प्राणो का वह स्वामी है—प्राणाधिप अपने कर्मों के कारण वह भटकता फिरता है सचरति स्वकर्मभि ।७॥

जीवात्मा का रूप क्या है परिमाण क्या है ? इस सबध मे चर्चा करते हुए अगले श्लोको मे कहा है जीवात्मा अगुष्ठमात्र है अगुष्ठमात्र पर तु फिर भी सूय के समान है रवि तुल्य रूप अर्थात सूर्य के तुल्य उसका प्रकाश हैं। ऐसे रूप के साथ दो गुण और जुड जाते हैं वे हैं सकल्प अहकार (Determined will) तथा अहकार (Ego) सकल्प अहकार समन्वित य । सकल्प बुद्धि क गुण हैं अहकार आत्मा का गुण है-बुद्ध गुणन आत्मगुणेन च एव । इस प्रकार भौतिक (अगुष्ठमात्र) तथा मानसिक (सकल्प तथा अहकार) गुणो वाला आत्मा सुई के नोक के बराबर आरा अग्रमात्र है। वह आत्मा अपर है अर्थात इस प्रकार के गुणों वाला आत्मा कोई दूसरा नहीं है हि अपर अपि दृष्ट ।८।

अगुष्ठमात्र का अथ अंगूठ के समान यह नही है अगूठ के समान का अथ है इतना सूक्ष्म जैसा बडे से शरीर में छोटा सा अगूठा होता है। इस बात को स्पष्ट करते हुए अगले श्लोक मे कहा है यदि बाल के अग्रभाग के सौ भाग किए जायें बाल अग्रशतभागस्य और फिर उसके सौ भागो की कल्पना की जाय-शतधा कल्पितस्य च तो दस हजारवां भाग जीव स विज्ञेय । एक बाल के अग्रभाग का दस हजारवा हिस्सा कल्पना का ही विषय हो सकता है इसलिए जीव के परिमाण की यहा कल्पनामात्र की गई है उसका परिमाण नही बतलाया गया। ऐसा सूक्ष्मतम जीवात्मा अनन्त सामर्थ्यवाला है यह कल्पना की बात है । स च आनन्त्याय कल्पते ॥९॥

अगुष्ठमात्र की बात इसी उपनिषद के तृतीय अध्याय के १३ व श्लोक मे परमात्मा क विषय मे भी कही गई है। वहा भी अगुष्ट केवल सूक्ष्मता का प्रतीक है परिमाण का नही

आत्मा का रूप तथा परिमाण कहने के बाद उसके लिंग के विषय मे कहते हैं वह स्त्री नही नेव स्त्री न पुमान एष न ही आ मा नपु सक है न चैव नपु सक । जिस शरीर को यह ग्रहण करता है यद यद शरीर आदत्ते उसी उसी शरीर के लिंग के साथ उसका नाम रखा जाता है तेन तेन स रक्ष्यते । यहा रक्ष्यते से अभिप्राय लभ्यते से है या रखा जाता है ॥१०॥

जैसे घास की वृद्धि वृष्टि के जल से होती हैं वैसे ही सकल्प मोह स्पशन मोह तथा दृष्टि मोह रूपी जल से आत्मा की विवृद्धि—आत्मा का प्रपच बढता है। यह देही जीवात्मा कर्मों के अच्छे बुरे अनु क्रम से कर्मानुयानि अनुक्रमेण भि न भिन्न स्थानो मे स्थानेषु भि न भिन्न रूपो को —रूपाणि प्रा त होता है—अभिसम्प्रपद्यते ।११।

सकल्पन मोह स्पशन मोह तथा दृष्टि मोह का क्रम बडा मनोवैज्ञानिक है। ससार मे मनुष्य जो कम करता है उसका क्रम यही हैं। पहले सकल्प होता है फिर वह सकल्प जब बार बार आता है तब सकल्प मोह की अवस्था मनुष्य पर छा जाती है। उसके बाद उस सकल्प को पूरा करने के लिए हाथ पैर चलने लगते हैं। बार बार इस क्रम मे पड जान की अवस्था स्पशन मोह है—स्पश से अभिप्राय निकटता मे आने से है। कम की तीसरी अवस्था तब आती है जब जो काम हम करना चाहते है वह आखो का सामने लगातार बना रहता है। इसी का उपनिषद कार ने दृष्टि मोह कहा है। इन तीनो अवस्थाओ का परिणाम जीवात्मा के भिन्न भि न कम है। इसका यह भी अथ है कि सकल्प स्पर्श दृष्टि तथा इनके मोह से मनुष्य कम के प्रपच मे फसता है।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सम्पादकीय—

पंजाब में आर्यसमाज के सामने सबसे बड़ी समस्या

समस्याएं तो सारे देश के सामने हैं और पंजाब में भी बहुत सी समस्याएं हैं। परन्तु कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रान्त में हिन्दुओं के अस्तित्व के लिए एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो रहा है। यह जानते हुए भी कि हिन्दी और संस्कृत दो ऐसी भाषाएं हैं जिनके साथ हिन्दुओं का विशेष लगाव है फिर भी पंजाब से उनका सर्वनाश करने का प्रयत्न हो रहा है। कोई सरकार आ जाए वह अकालियों की हो या कांग्रेस की। हिन्दी और संस्कृत के साथ एक ही जैसा व्यवहार करती है। उन्हें इस बात की कोई चिन्ता नहीं होती कि जो कुछ वह कर रही है उससे हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस तो न पहुंचेगी। अपने कार्यक्रम के अनुसार वह जो कुछ उचित समझती है करती जाती है मैं इसे पंजाब के हिन्दुओं के लिये एक बहुत बड़ा संकट समझता हूं। यदि हमने समय पर इस दिशा में कोई सक्रिय पग न उठाया तो वह दिन भी आ जायेगा जब पंजाब में न तो कोई वेदों को पढ़ने वाला मिलेगा न उपनिषद के पढ़ने वाला और न रामायण और महाभारत को पढ़ने वाला। इसलिए यह एक ऐसी समस्या है जिसकी तरफ आर्य समाज को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

दूसरी समस्या जिसकी तरफ मैं पंजाब की आर्य जनता का विशेष ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह कि पंजाब में हरिजन अब हिन्दुओं से दूर जा रहे हैं। जब से सरकार ने उन्हें राजनैतिक संरक्षण दिया है उस समय से वह अपने आपको हिन्दुओं से पृथक एक सम्प्रदाय समझ रहे हैं वह अभी यह अनुभव नहीं कर रहे कि इसका परिणाम अन्त में क्या होगा। परन्तु कोई और इस ओर ध्यान दे या न दे आर्य समाज को अवश्य ही देना चाहिए। यही वह संस्था है जिसने सबसे पहले दलितोद्धार के लिए काम किया था। आज यदि उन भाईयों में जिन्हें हरिजन कहा जाता है कुछ जागृति आई है और उन्हें कुछ अधिकार मिले हैं तो उसका श्रेय आर्य समाज को ही मिलना चाहिए। परन्तु इसी के साथ हमें यह भी न भूलना चाहिए कि जो कुछ आर्य समाज ने किया था उसे मलियामेट करने का प्रयत्न हो रहा है। कई संस्थाएं हरिजनों को अपनी ओर खींचने का प्रयत्न कर रही हैं। १९३३ में जब उस समय की बरतानिया सरकार ने कौमीनल अवार्ड के नाम से अपनी घोषणा की थी तो वह हरिजनों को हिन्दुओं से अलग करने का पहला षड़यन्त्र था। गान्धी जी ने उसको समझ लिया था। इसीलिए उन्होंने उस अवार्ड के विरुद्ध मरण व्रत रखा था। उस अवार्ड में कुछ संशोधन तो अवश्य हो गया था परन्तु जो नये अधिकार और जो नई सुविधाएं हरिजनों को मिल गई थी उनका यह परिणाम हुआ है कि अब वह अपने आपको हिन्दुओं से एक पृथक सम्प्रदाय समझने लगे हैं। यह एक अत्यन्त ही सोचनीय स्थिति है जिसकी ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मुझे इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि आर्य समाज इस समस्या की ओर जागरूक है और कुछ न कुछ इस समस्या के समाधान के लिए हो ही रहा है। ७ नवम्बर को दीपावली के दिन आर्य समाज बाजार श्रद्धानन्द जालन्धर में नई यज्ञशाला का उद्घाटन एक सफाई मजदूर हरिजन से कराया गया। आर्य समाज बाजार श्रद्धानन्द अमृतसर भी बहुत देर से इस दिशा में काम कर रहा है। उसका यह परिणाम है कि हमारे कई हरिजन भाई विशेषकर वाल्मीकि अमृतसर की आर्य समाज में सक्रिय भाग ले रहे हैं। गुरदासपुर जिला में भी ऐसे हरिजनों की बहुत बड़ी संख्या है जिनका झुकाव आर्य समाज की तरफ अधिक है। जालन्धर के भार्गव कैंप में तो आर्य समाज का काम होता ही रहता है। वहां जो लोग रहते हैं उनमें कम से कम ८० प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो आर्य समाज की विचार धारा में विश्वास रखते हैं।

इसलिए हम यह तो नहीं कह सकते कि आर्य समाज इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। दे तो रहा है परन्तु इतना नहीं जितना उसे देना चाहिए या वह पहले देता रहा है। इस सम्बन्ध में, मैं पंजाब की आर्य समाजों के अधिकारियों के सामने एक सुझाव रखना चाहता हूं वह यह कि वह अपनी आर्य समाज के अधिक से अधिक न केवल सदस्य बनाएं जाएं अपितु चुनाव के समय उन्हें अधिकारी भी बनायें इसी के साथ समय २ पर उन क्षेत्रों में जहां हरिजन अधिक रहते हैं वहां यज्ञ और प्रीतिभोजन आदि की व्यवस्था की जाए। यज्ञ का प्रभाव सब पर ही अच्छा रहता है। उनके द्वारा लोगों में श्रद्धा भी पैदा होती है। इसलिए प्रत्येक आर्य समाज का इस ओर अवश्य ध्यान देना चाहिए। प्रायः देखा गया है कि आर्य समाजों में जो लोग अधिकारी बन जाते हैं वह फिर किसी और को पास नहीं आने देते। यह मनोवृत्ति अत्यन्त सोचनीय भी है और निन्दनीय भी है। आवश्यकता इस बात की है कि आर्य समाज की शक्ति और उसका संगठन बढ़े। यह उसी स्थिति में सम्भव हो सकता है यदि अधिक से अधिक लोग आर्य समाज में आयें। इसलिये हमें अधिक से अधिक प्रयत्न करना चाहिये कि आर्य समाज के जितने अधिक से अधिक सदस्य बनाये जा सकते हैं बनाये जाएं। उसी के साथ समाज के दलित वर्ग की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मैंने संक्षिप्त रूप में यह समस्याएं आर्य समाजों के अधिकारियों के सामने रख दी हैं जिनका समाधान मैं आवश्यक समझता हूं देश में चारों तरफ अन्धेरा नजर दिखाई दे रहा है। विद्रोह और विघ्नकारी शक्तियां फिर से सिर उठा रही हैं। उनका सामना केवल आर्य समाज ही कर सकता है। परन्तु उसी अवस्था में यदि वह भी अपने संगठन को शक्तिशाली बनाए इसीलिए हमें इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।

—वीरेन्द्र

सभा को 701 की थैली भेंट

आर्य समाज राणीतालाब फिरोजपुर शहर का वार्षिकोत्सव सफलता पूर्वक सम्पन्न

फिरोजपुर के समाजों में आर्य समाज राणी तालाब फिरोजपुर शहर का अपना एक विशेष स्थान है। इस समाज में नवयुवक बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। समाज में युवक सभा का संगठन विगत तीन मास से हो चुका है और सभी युवक पूरे लगन और उत्साह से काम कर रहे हैं आर्य समाज का उत्सव १०-११-८० से १६-११-८० तक पूरे उत्साह से मनाया गया। सभा की ओर से वेद कथा के लिए श्री पं० जगदीशचन्द्र वसु तथा भजनोपदेश के लिए श्री श्यामसिंह दिनकर और श्रीराम जी भेजे गए थे। उत्सव में श्री पं० निरंजनदेव जी इतिहास केसरी श्री पं० सुभाषचन्द्र शास्त्री सिद्धान्त शिरोमणि श्री तुलसीदेव जी गायनाचार्य तथा सभा कार्यालयाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश आर्य सम्मिलित हुए। उत्सव की सफलता में इसी समाज की माताओं का भी पूरा हाथ है। समाज के सभी अधिकारी और सदस्य बहिन भाई अपने युवकों सहित मिलजुलकर कार्य करते हैं। १७ नवम्बर को पंजाब केसरी ला० लाजपतराय जी का बलिदान दिवस भी मनाया गया।

सम्वाददाता

आर्य समाज माडल टाऊन पठानकोट में वेद कथा

आर्य समाज माडल टाऊन मीरपुर कैम्प पठानकोट में २४-११ से २९-११-८० तक वेद कथा रात्रि ७-३० से १० बजे तक होगी प्रातः ७-३० से ९ बजे तक विशेष यज्ञ होगा। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के महोपदेशक श्री पं० जगदीशचन्द्र जी वसु वेद कथा करेंगे तथा श्री तुलसीदेव जी गायनाचार्य के भजन होंगे।

—बलदेवराज यदुवंशी
मन्त्री

वेद का जीवन दर्शन-2

ले० श्री आचाय भद्रसेन जी होशियारपुर

वस्त्र—भोजन की तरह ही जीवन की एक और आवश्यकता है—वस्त्र अतएव कहा है वस्त्र धारण करो।१ तथा वस्त्र के कच्चे माल कातने बुनने और उसके सिल लाने वाले का स्पष्ट सकेत है।

इा वस्त्र की उपयोगिता की दृष्टि से सुवासा आदि शब्द आते है पर वहा किसी आकृति का सकेत नही है।

भवन भवन का महत्व बताते हुए ही उपमा के रूपमे कहा है २ जैसे व्यक्ति अपने घर मे सुख सुरक्षा अनुभव करता है। हम तम दोनो के वास और विहार के लिए ऐसे घरो को चाहते है जिनमे सूय की किरणो और स्वच्छ वायु का भर पूर प्रवेश हो ३ म त्रो मे एतदथ वस्तु शब्द का ही प्रयोग किया है जोकि वास्तु प य के रूप मे आज भी प्रचलित है। वद मे वास्तु शास्त्र का काफी वणन है जिस केउदाहरण शालाकमविधि के नाम से सस्कारविधि मे भी देखे जा सकते हैं।

शिक्षा—शिक्षा का कितना महत्व है यह कहने की तो जरूरत नहा है क्योकि हर प्रकार का विकास इसी पर निभर है तभी तो शास्त्र की आख कहा जाता है। जीवन के हर अग की राह दिखाने और उलझनो को सुलझाने का एकमात्र साधन शिक्षा ही है। जिसके सम्बध मे वेद ने कहा है प्रकाश से अधरा मिटता है ४। हे सभी से पुकारे जाने वाले इन्द्र! हमे ज्ञान से आप्लावित कर जसे पिता पुत्र को करता है। जिससे जीवन रूपी रात्रि मे हम जीवन और ज्योति को प्राप्त कर सक ५। हे शिक्षा देकर पालने वाले। इस यश रूप सधे हुए कुमार को ऐसी शिक्षा दो कि यह जीवन के हर अग म पूण सफल हो सके ६। अर्थात वेद विद्या की प्रकाश स उपमा देता है और विद्या का उद्देश्य जीवन की सफलता पूणता मे ही है तथा गुरु शिष्य को उसी हित भावना से विद्या प्रदान करे जैसे पिता अपने पुत्र के प्रति हितभावना रखता है विद्या को वेद ने पवित्रतम स धन माना७ है अर्थात निमित्त होने पर ही व्यक्ति के सारे पाप प्रमाद दोष विकार धुलते है।

अन्न व धन जोवन की मूलभत आवश्यकताओ को प्राप्त करने का साधन होने से बल प्रधान रूप मे अर्थ (धन) का महत्व किसी स छिपा हुआ नही है। तभी तो हम नित्य प्रार्थना करते हैं हम धन ऐश्वर्या के स्वामी हो। ८ रयि राधस वेदस वसु वि । द्रविण अन्न भग नृम्ण द्युम्न आदि अनेक शब्दो क बारम्बार प्रयोग से वेद ने धन के महत्व को दर्शाया है। तथा धन के विशेषण भर्वाक सचि वामम महासम सानसिम विभु प्रभु तुविद्युम्न यशस्वत मघम् गोमत पोषम वीरवत्तम यक्षमम आदिविशेषण बहुत ही महत्वपूर्ण और विचारणीय हैं।

धन का इतना अधिक महत्व दर्शाते हुए भी वेद ने स्पष्ट रूप मे कहा है—० हमारे पास ईमानदारी का पैसा हो काले कारनामो से कमाया हुआ काला धन न हो अपितु वह तो नष्ट हो जाए और हे परमेश्वर! हमारे पास प्रशस्त (प्रशस्यस्य अ) सफल साधनो से प्राप्त सफल धन हो। धन के उपयोग को बताते हुए ही वेद ने कहा है—१० धन अपने तथा अपनो के पालन पोषण का साधन हो और हम सदा अपने समाज की सुख सुविधाओ की वद्धि क लिए अधिक से अधिक इस का वितरण कर।

धनार्जन के साधनो की चर्चा के प्रसग मे ये शब्द बहुत अधिक विचारणीय है कि—धन के लिए उद्योग करो११ अग्नि (परिश्रम) द्वारा धन प्राप्त करो।१२ हे धन चाहने वाले! जुआ मत खेल कृषि काय ही कर तभी तू धन की मौज प्राप्त कर सकेगा १३। क्योकि पार्थवी वसु धरा वसुधा रत्नगर्भा रत्नप्रसू है और यह धेनु की तरह अनेकविध धन की धाराओ को निश्चितरूपेण प्रदान करती है।१४ इस प्रकार अथ शास्त्र के अनेकविध सूत्र वेदो मे यत्र तत्र प्राप्त होते हैं। वस्त्रवयन कृषिकम पशुपालन व्यापार नौका विमान लुहार सुनार आदि के पदो के साथ अनेक प्रकार के आर्थिक उद्योगो और धन्धो का विवेचन भी वेद मे आया है।

चिकित्सा—स्वस्थ ही हर काय का करने मे समथ होता है। अत वेद ने अनेक बार रोगरहित बलसम्पन्न शरीर की कामना की है। रोग ही स्वास्थ्य के सबस बड़ शत्रु हैं। अत वेद मे अनेक रोगो तथा रोग निवारक पदार्थों के नाम वहा मिलते हैं वहा सूय जल वायु द्वारा प्राप्त स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा का विस्तृत निर्देश मिलता है जिसका एकम त्र उद्देश्य है अनामयम। चिकित्सा विज्ञान के विविध अगो (प्राकृत औषध तथा शरीरादि का काफी विस्तृत विवेचन वेद मे मिलता है

दाम्पत्य जीवन समाज का प्रथम रूप परिवार है जिसका शुभारम्भ एक युवक और एक युवती द्वारा सामाजिक एव धार्मिक मर्यादा पूवक आजीवन साथ रहने की घोषणा करने से होता हैं। इसी भावना का मार्मिक चित्रण हमे इन म त्रो मे मिलता है।

अपनी भावना के साथ तेरी भावना को जोड़ता हू। मेरे विचारो के अनुकूल तेरे विचार हो। मेरी बात को ध्यान से सुन ग्रहण कर प्रजापति (प्राजापत्य की भावना) न तुझे मेरे साथ विवाह सम्बन्ध से सम्बन्धित किया है।१५ हम दोनो के हृदय दो जलो की तरह परस्पर घुले मिले हो।१६ दोनो एक दूसरे के प्रति प्यार करने वाले रुचिकर और प्रसन्न मन वाले हो।१७ सौभाग्य की वृद्धि के लिए मैं तेरे हाथ को विवाह के रूप मे ग्रहण करता हू तू मुझ पति के साथ आजीवन इस रूप मे रह।१८ मैं सदा तेरे पालन पोषण का उत्तरदायित्व निभाऊगा।१९ चकवा चकवी की तरह हम दोनो के मन सदा पारस्परिक लगाव से युक्त हो! जो तेरा हार्दिक भाव है वैसा ही हार्दिक भाव मेरा भी हो वैसा हार्दिक भाव मेरा है वैसा ही तेरा भी हो।२० एक दूसरे को समझते हुए सदा हास परिहास के साथ बड़ प्रेम से अत्यन्त प्रसन्न रहो।२१ तुम दोनो सारी आयु वैवाहिक रूप से सयुक्त रहो वैवाहिक दृष्टि से परस्पर कभी भी अलग न हो। अपने गृह मे पुत्रो पोहतो के साथ हसते-खेलते हुए सदा प्रसन्न मन रहो। गृहस्थ जीवन निर्माण का एक अवसर है अत इससे भयभीत न हो एव सकोच अनुभव न करो। साहस के साथ इसके कर्त्तव्यो को पूर्ण करो।२२

वेद ने वैवाहिक सम्बन्ध (सगाई) के प्रकार को बताते हुये बड सुन्दर शब्दो मे कहा है—वही वधू है जो रूप यौवन सम्पन्न होकर स्वयमगृह मे से स्वपति (जीवन साथी) का वरण करती हैं।२३

परिवार—विवाहित जीवन के शुभारम्भ से परिवार का श्रीगणेश होता है। इसमे माता पिता भाई बहन पुत्र-पुत्री आदि सम्बन्धी जन आते हैं जिनके पारस्परिक सबधो के विषय मे वेद मे काफी विस्तृत वणन मिलता है और माता पिता से सबधित व्यवहार के सबध मे अनेक उपमाओं का प्रयोग भी मिलता है। पारिवारिक शिष्टाचार की दृष्टि से निम्न स्थल विशेष रूप से दशनीय है।

पुत्र पिता के अनुकूल आचरण करने वाला माता के अनुरूप मन वाला हो पत्नी पति के लिए सदा कल्याणकारिणी शान्तिदायिनी वाणी बोले।२४

(क्रमश)

---

१ इद परिधत्स्व वास अकृण्वन् अवयन अत वन।

२ मम इव स्व ओक्ये।

(ऋ १ ९१ १३)

३ त वा वास्तूनि उश्मसि गमध्यै यत्र गावो भरि शृङ्गा अयास।

(ऋ १ १५४ ६)

४ ज्योतिष बाधते तम।

५ इन्द्र क्रतु न आ भर पिता पुत्रेभ्यो यथा। शिक्षाणो अस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि।

(ऋ ७ ३२ २६)

६ आप्रस पितरो गर्भ कुमार पुष्कर स्रजम। यथेह पुरुषोऽसत्। (य २ ३३)

७ पवित्र ते विनत ब्रह्मणस्पते

(ऋ ९ ८३ १)

न हि ज्ञानेन सदृश पवित्रमिह विद्यते (गी० ४ ३८)

पावका न सरस्वती। (ऋ १,३ १०)

स्तुता मया वरदा वेदमाता पावमानी

(अ॰ १९ ७१ १)

७ वय स्याम पतयो रयीणाम।

(ऋ १० १२१ १०)

८ रमन्ता पुण्या लक्ष्मी या पापीस्ता अनीनशम्

इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धहि।

(ऋ २ २१ ६)

९ कस्यस्विद्धनम्। (य ४० १)

(क इति प्रजापति —प्रजापालनात्मकम् अनुकाम तर्पयेथाम्।

यथानामिन्द्र सातये

सनेम नि च धीमहि। स्याहुत

प्ररेचनम (ऋ १ १७ ६)

१० राये रमस्व।

११ अग्निनारयिमश्नवत।

(ऋ १ १ ३)

१२ अक्षैर्मा दीव्य कृषिमित्कृषस्व वित्ते रमस्व।

(ऋ १० ३४ १३)

(यहा कृषि शब्द केवल खेती का वाचक नही अपितु कृष विलेखने के आधार पर कच्चे माल को पक्का रूप देने मे भी है विस्तार के लिए देखिए—विश्व साहित्य की अनमोल निधि वेद)

१३ सहस्र धारा द्रविणस्य मे दुहाम ध्रुवेव धेनुरनपस्फुर ती।

१४ मम व्रते ते हृदय दधामि

मम चित्तमनुचित्त ते अस्तु।

मम वाचमेकमना जुषस्व

प्रजापतिष्टवा नियुनक्तु मह्यम

(पारस्कर १ ८ ८)

१५ समापो हृदयानि नौ।

(ऋ १० ८५ ४७)

१६ अभिरी रोचिष्णु सुमनस्यमानौ

(पारस्कर १ ६ ३)

१७ गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्त मया पत्या जरदष्टिर्यथास।

(ऋ १० ८५ ३६)

१८ ममेयमस्तु पोष्या।

(अथव० १४ १ ५२)

१९ चक्रवाकेव दम्पती।

(अथव० १४ २ ६४)

यदेतद् हृदय तव तदस्तु हृदयमम यदिद हृदय मम तदस्तु हृदय तव।

(मन्त्र ब्रा० १ ३ ९)

२० स्योनाद्योनेरधि बुध्यमानौ हसामुदौ महसा मोदमानौ।

(अथव० १४ २ ४३)

२१ इहैव स्त मा वि यौष्ट विश्व मायुर्व्यश्नुतम्।

क्रीड तो पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे। (ऋ १० ८५ ४२)

२२ गृहा मा बिभीत मा वेपध्वमूर्जं बिभ्रत। (यजु० ३ ४१)

२३ भद्रा वधूर्भवति यत्सुपेशा स्वय सा मित्र वनुते जने चित्।

(ऋ १० २७ १२)

२४ अनुव्रत पितु पुत्रो मात्रा भवतु समना।

जाया पत्ये मधुमती वाच वदतु शान्तिवाम॥ (अथर्व० ३ ३० २)

ऋषि दयानन्द की जीवनी : कुछ तथ्य

लेखक — श्री डा भवानीलाल जी भारतीय

*

वसुन्धरा पर महापुरुषो का अवतरण इतिहास की विशिष्ट घटना होती है। अपने अद्वितीय व्यक्तित्व उदात्त विचार समूह तथा प्रभावपूर्ण कार्यकलापो द्वारा वे महापुरुष आने वाली शताब्दियो तक अपना वैशिष्ट्य छोड जाते है। इन महापुरुषो का आगमन मानवता के इतिहास पर अपने चरण-चिन्हों की कितनी गहरी छाप छोड जाता है। यह इतिहास विदो के अध्ययन का विषय बनता है। ऐसे सस्कारशील तथा प्रभविष्णु व्यक्तित्व धारी नरपु गवो को उत्पन्न करने मे भारत की महीयसी भूमि सदा से ही उर्वरा रही है। गुजराती के समर्थ साहित्यकार तथा उपन्यास लेखक स्व कन्हैया लाल माणिक लाल मुन्शी ने ऐसे ही ओज तेज पुञ्ज तथा प्राणवान व्यक्तित्व के धनी मनस्वी पुरुषो को लक्ष्य मे रख कर लिखा था— 'इतिहास की रगभूमि पर ऐसे व्यक्ति जब जब आते हैं तब दूसरे तत्व पुरुषार्थ विहीन हो जाते हैं। इतिहास क्रम रुक जाता है। समय शक्तियो का भान भूल कर दर्शको का मन उसके आस पास लिपट जाता है। नायक के मोह मे नाटक का अर्थ विस्मरण हो जाता है। भूतकाल की रगभूमि पर ऐसे अनेक व्यक्ति हुए है। परशु राम मधुसूदन भगवान् श्रीकृष्ण और समस्त जगत् के राजनीतिज्ञ शिरोमणि चाणक्य। १

उन्नीसवी शताब्दी में भारत के धार्मिक और सास्कृतिक पुनर्जागरण के उन्नायक और पुरोधा दयानन्द सरस्वती की गणना भी उन शलाका पुरुषो मे होती है जिनके कृतित्व तथा विचार-सम्पदा से उनके समकालीन लोग ही प्रभावित नही हुए अपितु आने वाले युगो के प्रबुद्ध जन भी उनसे प्रभावित होते रहेंगे। मानव जाति के बौद्धिक चिन्तन तथा उस के चाव समूह को प्रभावित एव उद्वेलित करने वाले महापुरुषो की जीवन चर्चा ही हमारे अध्ययन और अनुशीलन का विषय बनती है।

भारत देश के जिस भूभाग ने दयानन्द जैसे तेजस्वी पुरुष को उत्पन्न किया वह सौराष्ट्र या काठियावाड कहलाता है जिसे काल मे अनेक युग पुरुषो को जन्म देने का श्रेय इसी प्रान्त को मिला हैं। एक बार पुन दुर्धर उपन्यासकार कन्हैया लाल मुन्शी के शब्दो मे गुजरात एक महावृक्ष है। उसकी जड मे परमात्मा (पीठ पुरुष-सोमेश्वर) श्री कृष्ण का धर्म पोष छिपा हुआ है। उसकी डालियो पर महाकवि नर्मद और महात्मा गाधी की कोपलें फूटी हैं।२ भारतीय नवजागरण के प्रथम ज्योतिर्धर राजाराम मोहनराय भारत महादेश के पूर्वी प्रान्त बगाल मे उत्पन्न हुए और उसी काल मे धर्म समाज सस्कृति और राजनीति के चिन्तन क्षेत्र मे युगान्तरकारी परिवर्तन उत्पन्न करने वाले इस महान् आन्दोलन के दूसरे सूत्रधार दयानन्द सरस्वती देश के दूसरे छोर पर गुजरात मे अवतरित हुए। कहना नही होगा कि पूर्वी और पश्चिमी भारत मे उदित इन दोनो ज्योति नक्षत्रो ने शताब्दियो से अज्ञान अन्याय तथा उत्पीडन से प्रपीडित भारत के कोटि-कोटि जनसमाज के हताश निराश एव त्रस्त मनों मे आशा उत्साह और नवीन प्रेरणा का दीपक जलाकर देश मे व्याप्त जडता को दूर किया जिससे समाज मे स्फूर्ति एव गति आई तथा देशवासियो ने अपनी खोई हुई अस्मिता को पुन पहचाना।

दयानन्द के विचारो का प्रचार और प्रसार उनके जीवनकाल मे ही यूरोप और अमेरिका तक हो गया था। फलत विदेशो के अनेक प्रबुद्ध विद्वान् न केवल उनकी विचार सरणि से परिचित होना चाहते थे अपितु उनकी जीवन यात्रा के विभिन्न आयामो को जानने के लिए भी उत्सुक थे। दयानन्द वैदिक समाज व्यवस्था मे मान्य आश्रम प्रणाली के अनुसार तुरीयाश्रमी (सन्यासी) थे और इस आश्रम की स्वीकृत मर्यादा का पालन करने के कारण ही उन्होंने अपने वश माता पिता तथा जन्मस्थान आदि का विस्तृत परिचय देने मे सकोच किया।३ तथापि अपने जीवन मे उन्हे एकाधिक बार स्वय के बारे मे स्वल्प बातें बताने का अवसर मिला था। प्रथम बार तो उन्होंने अपने जीवन के विषय मे कतिपय तथ्यो का उद्घाटन उस समय किया जब वे महाराष्ट्र के प्राचीन नगर पूनें मे अपनी व्याख्यान माला का अवसान कर रहे थे। व्याख्यान माला की अन्तिम कडी के रूप मे उनका यह व्याख्यान ४ अगस्त १८७४ को पूने स्थित भिडे के बाडे मे दिया गया था। इस आत्म निवेदन मे दयानन्द ने अपने जन्म से लेकर काशी की पण्डित मण्डली से किये गये प्रसिद्ध शास्त्रार्थ (१६ नवम्बर १८६९ ई) तक की घटनाओ का सिलसिलेवार वर्णन किया था।

स्वदेशवासियो की ही भाति अन्य देशवासी भी दयानन्द के जीवन के विषय मे जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्सुक थे। दयानन्द द्वारा स्थापित आर्यसमाज की कीर्ति पताका को स्वल्पकाल मे ही सर्वत्र फहराते देखकर अमरिका मे स्थापित थियोसो फिकल सोसाईटी के सभासदो का ध्यान भी स्वामी जी की ओर आकृष्ट हुआ। सोसाइटी के सस्थापक द्वय कर्नल आल्काट तथा मैडम ब्लैवेटस्की तो मानो दयानन्द के प्रभविष्णु व्यक्तित्व रूपी चुम्बक से खिचे लोहे की भाति अमरिका से भारत आये तथा स्वामीजी महाराज का सामीप्य लाभ किया। इन्ही कर्नल आल्काट ने जब थियोसोफिस्ट नामक मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया तो इन्होने स्वामी दयानन्द से निवेदन किया कि वे अपना आत्मवृत्तान्त धारावाही रूप से पत्र मे प्रकाशनार्थ भेजा करें। स्वामीजी इस आग्रह को टाल नही सके फलत उन्होने अपना आत्मवृत्तान्त लिखना आरम्भ किया और उसकी तीन किस्तें थियोसोफिस्ट मे प्रकाशित हुई।५

१ गुजरात के नाथ पृष्ठ ११७।

२ पाटन का प्रभुत्व पूर्वार्द्ध

३ यतय स्वकीय निवास स्वदेश कामादिक प्र था नैव निरूपितवत

४ द्रष्टव्य उपदेश मजरी अथवा पूना प्रवचन का डा भवानीलाल भारतीय द्वारा सम्पादित सस्करण।

थियोसोफिस्ट मे प्रकाशित यह आत्म

५ थियोसोफिस्ट के निम्न अ को मे यह आत्मकथन छापा था—(१) अक्तूबर १८७९ पृ ९ से १२ (२) दिसम्बर १८७९ (पृ ६६ से ६८) तथा (३) नवम्बर १८८० पृ २४ से २६ लाहौर से प्रकाशित होने वाले अग्रेजी मासिक The Arya ने अपने जुलाई १८८२ के अक मे आत्मकथन के प्रारम्भिक अश को The Auto biography or Dayanand Saraswati Swami शीर्षक से पृ १०२ १०६ पर उद्धृत किया था।

(क्रमश)

ठनी भी खूब और बनी भी खूब

ले०—श्री काशीराम जी चावला लुधियाना

एक तो वह अपना अकेलापन दूर करना चाहती थी और दूसरे उसकी एक सखी की कन्या थी जो उसकी नजरों में जची हुई थी इस लड़की ने शिक्षा तो मिडल तक ही प्राप्त की हुई थी। परन्तु बहुत चतुर सुन्दर स्वस्थ घर का सारा काम काज करने वाली थी। बोल चाल में भी बहुत हंस मुख थी घर का सारा काम करने से ही उसका स्वास्थ इतना अच्छा था। शिव कुमार की माता एक ऐसी ही लड़की को अपनी पुत्रवधू बनाना चाहती थी जो घर में आकर घर के प्रत्येक काम में उसे पूरी सहायता दे उसकी सखी भी यह सम्बन्ध करने में बहुत खुश थी व शिवकुमार और उसकी माता के स्वभाव को भली प्रकार जानती थी और दूसरा दोनों घर बहुत अच्छे थे।

वकील जी सांय घर आते तो उनकी पत्नी विवाह की चर्चा आरम्भ कर देती इस प्रकार उसने अपने पतिदेव को शिव कुमार का शीघ्र विवाह करने पर तैयार कर लिया था। परन्तु जब यह प्रस्ताव शिवकुमार के सन्मुख रखा गया तो उसने अपनी माता से कहा मैं आपकी यह बात तो स्वीकार करने को तैयार हूं कि विवाह शीघ्र करा लूं परन्तु लड़की तो मैं अपने पसन्द की लूंगा। यह ठीक है कि आपकी नजर में जो लड़की है उसमें बहुत गुण हैं परन्तु जहां उस की शिक्षा थोड़ी है वहां उसका बदन भी भद्दा है। आजकल ऐसे बदन वाली लड़की को कौन पसन्द करता है वह तो एक साधारण गांव की लड़की प्रतीत होती है ऐसी लड़की के साथ विवाह करके मुझे अपनी हंसी उड़वानी है।

शिव कुमार का पिता इस सम्बन्ध पर जोर नहीं दे रहा था वह जानता था कि कई ऐसे विवाह जो उच्च शिक्षा प्राप्त किए लड़कों के माता पिता ने उनकी इच्छा के विरुद्ध करने चाहे बहुत से झगड़े और अड़चनों के कारण बन गए। पहले तो लड़कों ने ऐसे नाते पक्के किए जाने पर विवाह करने से इंकार कर दिया था फिर विवाह हो गये तो सारी आयु अपने माता पिता को कोसते रहे। परन्तु शिव कुमार की मां जिद कर रही थी शिव कुमार के न मानने पर वह बहुत घबराई।

इस जमाने में माता पिता के ऐसे घबराने की कौन परवाह करता है नव युवक तो यह समझते हैं कि विवाह कराना उनका अपना अधिकार है किसी अन्य को इस में हस्ताक्षेप नहीं करना चाहिए। यहां तक वह अपने माता पिता से भी राय नहीं लेना चाहते यह आज कल के नवयुवकों की एक भयंकर भूल है यह ठीक है कि लड़के लड़की को अपना जीवन साथी चुनने का अधिकार होना चाहिए। परन्तु माता पिता की भी इस सम्बन्ध में राय लेना आवश्यक रहती है जहां माता पिता के आशीर्वाद के बिना रिश्ते होते हैं वहां सच्ची खुशी प्राप्त नहीं होती जहां झूठे प्रेम और केवल सौन्दर्य के आधार पर ही विवाह होता है वहां सच्चा प्रेम नहीं होता और बिना सच्चे प्रेम के गृहस्थ जीवन सुखी और सफल नहीं।

शिव कुमार अपनी बात पर अड़ा रहा अन्त में उसकी माता भी चुप हो गई उसका पिता तो पहले ही किसी प्रकार का दबाव नहीं डाल रहा था तब शिव कुमार ने पत्र में निम्न विज्ञापन दिया—

आवश्यकता

एक धनपति प्रसिद्ध घराने के एक २४ वर्षीय स्नातक(बी० ए०) लड़के के लिए एक ऐसी स्नातक (बी० ए०) लड़की की जो अच्छे परिवार की हो बहुत सुन्दर लम्बा कद और पतले शरीर की हो समाज में आने जाने के नियम जानती हो विवाह तुरन्त बिना साथ आना चाहिए उसे स्वयं मिलना भी होगा इस विज्ञापन को पढ़कर बहुत से पत्र चित्रों समेत आ गये शिवकुमार ने सारे चित्र एकत्रित करके उनकी एक ऐलबम बना ली अब वह इन में से चुनाव की ओर लग गया।

जब कई दिन शिवकुमार एक चित्र दूसरे के साथ तुलना करने में लगा रहा तो उसके माता पिता ने उसे कहा कि तुम अपना इतना अनमोल समय इस छान बीन में लगा रहे हो चित्र देखने से क्या पता लगता है तुम किसी निर्णय पर पहुंचो दूसरी ओर से लड़कियों वालों के पुनः पत्र आने लगे तब उसने पुनः अच्छी प्रकार से देखकर सब चित्रों में से पांच चित्र छांट लिये और उन्हें स्वयं मिलने के लिये पत्र लिख दिए और शेष सब पत्र वापिस कर दिये। विभिन्न तिथियां निश्चित करके वह पांचों स्थानों पर गया अपने माता पिता को भी साथ चलने के लिये कहा परन्तु माता का स्वास्थ्य ठीक न था और पिता को अपने काम से समय न था इसलिये उसके पिता ने अपनी एक विधवा बहन को शिवकुमार के साथ भेज दिया। परन्तु उसे कह दिया कि तुमने कोई राय नहीं देनी हां मैं हां मिलाये जाना कोई विशेष नुक्स वाली बात हो तो अवश्य जतला देना।

शिवकुमार ने अपनी बुआ के साथ पांचों लड़कियां देखी और अपने माता पिता के साथ विचार विमर्श करके उन्हें सूचित कर देगा कहकर घर वापिस आ गया।

वापिस आकर उसने अपनी बुआ द्वारा तीन स्थानों पर तो न लिखवा दी और उनके चित्र भी वापिस भिजवा दिए बाकी रह गई दो लड़कियां दोनों ही उसे बहुत अच्छी और श्यामा पसन्द थी। कभी तो वह उन दोनों के चित्र देखता और कभी उनके साथ हुई वार्ता को याद करता जो वह उनके साथ करके आया था और उन के गुणों का मन ही मन में मुकाबला करता परन्तु किसी निर्णय पर न पहुंच सका। पांच दिन वह इस झंझट में पड़ा रहा। इस बीच उन लड़कियों के माता पिता के फिर पत्र आ गये अब उसके लिए कोई निर्णय करना अति आवश्यक हो गया था।

(क्रमशः)

ये धरती वीर जवानों की

ले०—श्री बनवारीलाल आर्य कविराज मोहन बस्ती दिल्ली

ये धरती वीर जवानों की है ऋषियों की सन्तानों की।
इसके कण कण में लगी हुई है छाप अमिट बलिदानों की।१।
इसकी रक्षा करने को जब बन्दा ने तनको तुड़वाया।
सिर अपना धर्म हकीकत ने लाहौर के अन्दर कटवाया।
गुरु गोविन्द सिंह ने पुत्रों को दीवार के अन्दर चुनवाया।
गुरु तेग बहादुर ने अपना सिर दिल्ली में आ कटवाया।
इस देश ने सदा सजाई है हंस हंस के बाजी प्राणों की।२।
राणा प्रताप से राणा का दुश्मन से मस्तक झुका नहीं।
छत्रपति वीर शिवाजी का संग्राम में भाला रुका नहीं।
इस धरती को ऋषि दयानन्द ने अपने खून से सींचा था।
सीने श्रद्धानन्द ने गोली का इक अजब नजारा दीखा था।
है एक से एक बढ़कर मिसाल इस भारत के दीवानों की।३।
लाजपत गुरु भगतसिंह ने इस धरती हित बलिदान किया।
बिस्मिल आजाद वीरों ने जब तन मन धन का दान किया।
सुभाषचन्द्र बोस ने अपने जौहर अजब दिखलाये थे।
वीर तिलक सावरकर ने धरती के भाग्य जगाये थे।
तन मन धन को लुटा देना आदत है वीर जवानों की।४।
पद्मा सी लाखों क्षत्राणि कूदी जौहर के अंगारों में।
जिनकी अमर लिखी गाथा अंकित है चांद सितारों में।
इस धरती के नर नारियों ने फांसी पे लटकना सीखा है।
इस धरती का इतिहास सदा लोहू से लिखना सीखा है।
पग भर न हटे वापस प्रण से आदत है आर्य सन्तानों की।५।

(२ पृष्ठ का शेष)

जीवात्मा स्थूल सूक्ष्म तथा अनेक रूपों को—स्थूलानि सूक्ष्माणि बहूनि च रूपाणि देही अपने अच्छे बुरे या सत्व रज तम आदि गुणों के कारण स्व गुणैः अनेक रूपों को ग्रहण करता है—वृणोति ये गुण दो प्रकार से जीवात्मा में आते हैं। एक प्रकार तो वह है जो इसने इस जन्म में क्रियाएं या कर्म किये होते हैं—क्रियागुणैः दूसरा प्रकार वह है जो इसके पिछले जन्म के कर्म किये होते हैं जो इसका आत्मगुण बन चुके होते हैं—आत्मगुणैः च। इन दोनों प्रकार के गुण—वर्तमान तथा भूत इनके संयोग का कारण अर्थात् इन सब को मिलाकर उनका यथार्थ फल देने वाला संयोगहेतु कोई अपर है दूसरा है—अपरः अपि दृष्टः। यह दूसरा परमात्मा के सिवाय कौन हो सकता है।१२।

वह अनादि तथा अनन्त—अनादि अनन्तम् जो इस परिवर्तनशील संसार के बीच—कलिलस्य मध्ये इस विश्व का स्रष्टा है—विश्वस्य स्रष्टारम् जिसके पृथिवी अप् तेज वायु आकाश आदि अनेक रूप हैं—अनेक रूपम् जो सम्पूर्ण विश्व को इकला परिवेष्टन कर रहा है—विश्वस्य एक परिवेष्टितारम् उस देव को जानकर—ज्ञात्वा देवम् जीव सब बन्धनों से मुक्त हो जाता है—मुच्यते सर्वपाशैः।१३।

उसे भावना से श्रद्धा तथा भक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है—भावग्राह्यम् उसका कोई नीड—स्थान विशेष नहीं है वह सब जगह मौजूद है इसलिए उसे अनीड कहा जाता है—अनीडाख्यम्। वह कल्याणकारी है इसलिये यथोचित रूप में भाव तथा अभाव दोनों कर देता है—भाव अभाव करं शिवम्। वह सौन्दर्ययुक्त सृष्टि का रचनेहारा है—कला सर्ग करम् देवम्। जो सृष्टि के रचनहारे भगवान् को जान जाते हैं वे उस देव की आराधना में इस शरीर को आहुति के रूप में दे देते हैं अर्थात् फिर उनका पिंड में इस शरीर से तथा ब्रह्माण्ड में इस संसार से मोह नहीं रहता ये विदुः ते जहुः तनुम्।१४।

अमृतसर में दीपावली पर्व मनाया गया

७ ११ ८० शुक्रवार आर्य समाज बाजार श्रद्धानन्द अमृतसर मे ऋषि निर्वाण उत्सव (दीपावली पर्व) श्री मोहनलाल जी अरोड़ा प्रधान आर्य माडल स्कूल की अध्यक्षता मे बड़े उत्साह और उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रातः बृहद् यज्ञ के पश्चात् ऋषि निर्वाण उत्सव का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ जिसमे नगर की सभी आर्य समाजो या अन्य धार्मिक वा सामाजिक संस्थाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आर्य समाज घाट कोपर (पश्चिम) बम्बई के आर्य वीर दल का एक जत्था जोकि सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी अर्थ कश्मीर से होता हुआ भारत का भ्रमण करता हुआ यहां ठहरा हुआ था ने पूरे जलसे में सम्मिलित होकर समारोह की शोभ बढ़ाई। ऋषि निर्वाण उत्सव के उपलक्ष मे वैदिकपुत्री हायर सैकेण्डरी स्कूल शांति विद्या निकेतन हुक्मी जमादार जी के एम ई आई गर्ल्ज हाई स्कूल चौरस्ती अटारी आर्य समाज नवांकोट की छात्राओ के अतिरिक्त वीरेन्द्रशर्मा व कुलदीप शास्त्री पार्टी और जनकराज आर्य पथिक पार्टी ने मनोहर शिक्षाप्रद महर्षि दयानन्द जी सरस्वती जी के सम्बन्धी घटनाओ को संगीत की स्वरो मे सवार कर पेश किया।

—ओमप्रकाश वैद, प्रधान

—

खालिस्तान की मांग, देश से गद्दारी

आर्य समाज समाना (पटियाला) ने २६ १० ८० को एक दिवस मनाते हुए प्रस्ताव पास किया कि खालिस्तान की मांग करना देश से गद्दारी है। उन्होंने ऐसे हजारो इश्तहार बनाकर सारे शहर मे बटवाए तथा लगवाए।

दीपावली पर्व से पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई तथा ७ ११ ८० को बृहद् यज्ञ के पश्चात्, महर्षिदयानन्दजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। यज्ञ श्री गोविन्द प्रसाद उपदेशक (रांची बिहार) ने करवाया। रात्रि को दीपमाला की गई।

—

आर्य समाज जीरा का उत्सव

आर्य समाज जीरा का वार्षिक उत्सव २१ १० ८० से २६ १० ८० तक मनाया गया।

सभा की ओर से श्री प० रामनाथ जी सि० वि० श्री प० सुभाषचन्द्र जी शास्त्री श्री रामनाथ जी याज्ञी श्री हजारीलाल जी तथा श्री साईदास जी तबला वादक पधारे यजुर्वेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति पर स्वाहा स्वाहा से सारा नगर गूंज उठा विशाल शोभा यात्रा २६ १० ८० को निकाली गई इस उत्सव पर फिरोजपुर फिरोजपुर छावनी बस्ती टैंकावाली फिरोजपुर मोगा और देहात के आर्य बन्धुओं ने पधार कर इस उत्सव की शोभा बढ़ाई। सारा कार्यक्रम प्रभाव शाली रहा।

—मेहरचन्द बजन मन्त्री

आर्यसमाज गोविन्दगढ जालन्धर का उत्सव सम्पन्न

आर्य समाज गोविन्दगढ जालन्धर का वार्षिक उत्सव उत्साहपूर्वक २६ अक्तूबर से ३ नवम्बर तक मनाया गया ३ ११ ८० को महिला सम्मेलन हुआ जिसमे सभी स्त्री समाजो ने भाग लिया।

स्वामी व्रतानन्द जी प० जगदीश चन्द्र जी वसु श्री श्यामसिंह जी हितकर भजन मण्डली श्री रामनाथ जी यात्री, वीरेन्द्र कुलदीप शास्त्री भजन मण्डली आर्य मीरापति जी (ज्वालापुर) तथा सुपर्णावति जी (जम्मू) श्री प० ओम्प्रकाश जी आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष। बहिन कृष्णा सेठ जी बहिन डा० विद्यावती जी के प्रभाव शाली उपदेश हुए।

राष्ट्र निर्माण मे नारी की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता मे शिवदेवी हाई स्कूल की छात्राओ तथा हंस राज महिला महा विद्यालय की छात्राओ ने भाग लिया छोटे बच्चो का भी प्रोग्राम हुआ प्रथम द्वितीय तृतीय आने वालो को पारितोषिक दिए गए

—

वेद प्रचार सप्ताह

आर्य समाज लुधियाना रोड फिरोजपुर छावनी मे वेद प्रचार सप्ताह २७ १० ८० से २ ११ ८० तक बड़ उत्साह पूर्वक मनाया गया।

प्रतिदिन प्रातः यज्ञ तथा रात्रि को आठ बजे से दस बजे तक आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब से आए हुए सुप्रसिद्ध महोपदेशक प० निरञ्जनदेव जी इतिहास केसरी एवं सुभाषचन्द्रजी सिद्धान्त शिरोमणि के प्रभावशाली प्रवचन तथा प हजारीलाल जी के मधुर भजन होते रहे कार्यक्रम २ ११ ८० तक बड़े उत्साहपूर्वक चलता रहा।

यज्ञ की पूर्णाहुति का सारा कार्यक्रम आदरणीय पुरोहित श्री योगेन्द्रपाल जी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण हुआ। सभा को ३५१) की थैली प्रदान की गई।

—चमन प्रकाश नन्दा मन्त्री

आर्य समाज माडल टाऊन जालन्धर का रजत जयन्ती समारोह

८० नवम्बर को आर्य समाज माडल टाऊन मे रजत जयन्ती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ८ नवम्बर प्रातः तथा सायंकाल यजुर्वेद पारायण यज्ञ और रात्रि को प० त्रिलोकचन्द शास्त्री महोपदेशक की वेदकथा होती रही। ९ नवम्बर को यज्ञ की पूर्णाहुति विशाल पण्डाल मे बनाये गये ५१ हवन कुण्डो में २५१ परिवारो के सदस्यो ने बड़ी खुशी से सैंकड़ो नर नारियो की उपस्थिति मे डाली और दिल खोलकर दान दिया। स्वामी विद्यानन्द जी सरस्वती प्रि० सी० एल० अरोड़ा प्रि० इन्द्रजीत तलवाड़ प्रि० कमल सूद डा० वेदीराम जी डा० उपाध्याय तथा अन्य विद्वानो के मनोहर व्याख्यान हुए। भजन प्रतियोगिता गायन प्रतियोगिता मे अनेक स्कूलो ने भाग लिया समाज की मुफ्त डिस्पेंसरी के भवन के साथ ही नेत्र चिकित्सालय के भवन का शिलान्यास किया गया। २५ बिस्तरो के हस्पताल के लिए २ लाख रुपये व्यय करने की योजना बनाई गई। सेठी परिवार की ओर से प्रीति भोज दिया गया।

—सुदर्शन सेठी मन्त्री

—

आर्य प्रतिनिधि सभा आन्ध्र प्रदेश का निर्वाचन

हैदराबाद ३१ अक्तूबर आर्य प्रतिनिधि सभा आन्ध्र प्रदेश की एक सूचना मे बताया गया है कि रविवार दिनांक २६ अक्तूबर ८० को आर्य समाज जडचर्ला जिला महबूबनगर मे सभा की वार्षिक साधारण सभा के अधिवेशन मे सभा के पदाधिकारियो एवं अन्तरंग सदस्यो का निर्वाचन श्री रामचन्द्रराव जी कल्याणी प्रधान सभा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ

निर्वाचन से पूर्व एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि आर्य प्रतिनिधि सभा मध्य दक्षिण आज से आर्य प्रतिनिधि सभा आन्ध्र प्रदेश कहलाएगी। सभा द्वारा आर्य्रावर्त ७४ समाजो के १८९ प्रतिनिधियो मे से उपस्थित १६० प्रतिनिधियो ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। निर्वाचन के अनुसार श्रीरामचन्द्र राव जी कल्याणी प्रचण्ड बहुमत से प्रधान और डा विजयवीर जी विद्यालंकार सर्व सम्मति से निर्विरोध मन्त्री निर्वाचित हुए उपप्रधान श्री देवेन्द्रनाथ जी मनोज श्री क श्री गंगाधर जी तथा श्री गंगारामजी एडवोकेट के नाम स्वीकार किए गए। सदन ने उक्त पांचो अधिकारियो को अधिकार दिया कि शेष सभी अधिकारियो अन्तरंग सभासदो तथा अन्य सभाओ के अधिकारियो एवं सदस्यो का चयन करें। तदनुसार श्री माणिकराव जी आर्य श्री के पुरुषोत्तम रेड्डी जी श्री वी नागमल्लापा जी उपमन्त्री श्री वी किशनलाल जी कोषाध्यक्ष तथा श्री प मदन मोहन जी विद्यासागर को पुस्तकाध्यक्ष घोषित किया गया।

—मन्त्री

हा! स्वामी व्रतानन्द जी महाराज

आर्ष गुरुकुल चित्तौड़गढ के संस्थापक गुरुकुल कांगड़ी के स्नातक स्वामी व्रतानन्द जी महाराज अपने पार्थिव शरीर को ११ १० ८० को छोड़कर हमारे मध्य से चले गये किन्तु उनका यश शरीर सदा जीवित रहेगा। स्वामी व्रतानन्द जी के चरणो मे बैठकर मुझे भी पांच वर्ष तक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। उनके दृढ़ संकल्पो को देखकर कोई भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लेकर महर्षि स्वामी दयानन्द की इच्छानुसार भारत की वीर भूमि चित्तौड़गढ मे संवत १९८९ मे आर्ष गुरुकुल की स्थापना की और अपनी कार्यकुशलता ब्रह्मचर्य प्रभाव एवं तपस्या से उन्होंने गुरुकुल को सफलता पूर्वक चलाया। स्वामी जी ने गुरुकुल मे वेदो के विद्वानो को बुलाकर इस प्रकार के विद्वान तैयार किए जिन्हें शास्त्र मर्मज्ञ कहा जा सकता है।

स्वामी जी ने गुरुकुल में सत्यार्थ प्रकाश में लिखे स्वामी दयानन्द के इस वाक्य के अनुसार कि सबको तुल्य वस्त्र खान पान आसन दिए जाएं चाहे वह राजकुमार व राजकुमारी हो चाहे दरिद्र की सन्तान हो सबको तपस्वी होना चाहिए ब्रह्मचारियो के लिए पक्षपात रहित व्यवस्था स्थापित की। ईश्वर मे दृढ़ विश्वास के कारण गुरुकुल के लिए जब कभी भी उन्होंने सहयोग की अपील की वह पूरी हुई। उनके पीछे भी आर्य जनो का कर्त्तव्य है कि अपनी सन्तानो को गुरुकुल मे भेजें तथा अपना सहयोग एवं प्रेम गुरुकुल के प्रति बनाए रखें जिस से स्वामी जी द्वारा लगाया गया यह गुरुकुल रूपी कल्पवृक्ष सदा हरा भरा रहे।

—प्रकाशचन्द्र वेदालंकार दिल्ली

—

शुद्धि समाचार

भारतीय हिन्दु शुद्धि सभा के उपदेशक ठा० अमरसिंह चौहान श्री हतराज रीशान आर्य एवं श्री अमरतलाल नागर के प्रयत्न के फलस्वरूप आर्य समाज रजेन्द्र नगर के रजत जयन्ती उत्सव पर २१२ व्यक्तियों ने हिन्दु धर्म की दीक्षा ली। शुद्धि संस्कार प० रामप्रसाद मिश्र बरेली तथा श्री प० धर्मवीर ब्रह्मचारी ने शुद्धि पद्धति के अनुसार शपथ दिलाकर सम्पन्न कराया। इस अवसर पर कई विद्वानों के उपदेश हुये—

नाम निम्न प्रकार परिवर्तित किये गये—

श्रीमती जहवादी देवी का श्रीमती राजकुमारी देवी

श्री नत्थूखां का नत्थूसिंह

श्रीमती शरीफन का श्रीमती मुन्नी

श्री साहबजादी का सुमित्रा

श्री आलमखां

श्री द राखा का

श्री इदाखा का

श्री भरेखा का श्री

श्रीमती अनवरी का श्रीमती सावित्री

श्रीमती सलीमन का श्रीमती सुखदेवी

श्री भवरखा का भवरसिंह

१ श्री रामुद्दीन का श्री राजवीर सिंह

श्री मसीह चरण का श्री मायेराम

श्री वल्ल खा का श्री कल्याणसिंह

२ श्री मद्दु मसीह का श्री महेंसिंह

श्री दिलावरखा का श्री दिलावरसिंह

३ श्री लाजर मसीह का श्री लक्ष्मन

श्री इसराखा का श्री इन्द्रपालसिंह

इसी प्रकार से अन्य सभी के नाम परिवर्तित किये गये।

द्वारकानाथ सहगल
मन्त्री

दान-दाताओं से सहयोग की अपील

दयानन्द बाल सदन अजमेर (पूर्व नाम दयानन्द अनाथालय अजमेर) अनाथ निराश्रित परित्यक्त उपेक्षित बालक बालिकाओं के भरण पोषण एवं शिक्षित कर उन्हें राष्ट्र का उपयोगी नागरिक बनाने वाली देश की पुरानी प्रसिद्ध एवं बड़ी (१८९५ में संस्थापित) संस्था है। अब तक इस संस्था से ६००० बालक तथा ७००० बालिकाएं पालित पोषित एवं शिक्षित होकर समाज के उपयोगी नागरिक बन चुके हैं।


वर्तमान में इस बाल सदन (अनाथालय) में १२० बालक-बालिकाएं हैं। जो पहली से लेकर बी० ए० तक की विभिन्न कक्षाओं में पढ़ रहे हैं।

आज के इस घोर महंगाई के युग में इतने बालक बालिकाओं के भरण पोषण और शिक्षण आदि में संस्था को कुछ कठिनाईयां आ रही हैं।

अतः उदार दान दाताओं एवं आर्य पुरुषों से अपील की जाती है कि वे हर्ष के अवसरों त्यौहारों तथा अन्य अवसरों पर बाल सदन को उदारतापूर्वक भोजन वस्त्र नकद बर्तन रजाईयां आदि रूप में सहयोग देकर कृतार्थ करें।

—मन्त्री

आर्य मर्यादा में विज्ञापन देकर लाभ उठाएं



श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रेस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १२, अंक ४५ १६ मार्गशीर्ष सम्वत् २०३७ तदनुसार ३० नवम्बर १९८० का अंक दयानन्दाब्द १५६

धर्मवीर पंडित लेखराम जी की जीवन झांकी



जन्म —८ चैत्र सम्वत १९१५ वि०।

१ पिता का नाम महता तारा सिंह।

२ प्रारम्भिक शिक्षा—सय्यदपुर ग्राम में देहाती मदरसे में ?

३ देहाती मदरसे के मुख्य शिक्षक—मुन्शी तुलसी दास जी।

४ पुलिस में भर्ती हुए १७ वर्ष की आयु में।

५ शिव मत तथा नवीन वेदान्त की ओर झुकाव १८७३ से १८८० ई० तक

६ स्वामी दयानन्द जी के सम्बन्ध में परिचय १८ ० ई० में मुन्शी अलख धारी जी की पुस्तकों में से प्राप्त हुआ।

७ महर्षि के दर्शनार्थ अवकाश ग्रहण—५ मई १८८० ई० से एक मास तक।

८ महर्षि जी के दर्शनार्थ प्रस्थान ११ मई १८८० ई० को अजमेर के लिए चल दिए।

९ महर्षि जी के दर्शन तथा उनसे वार्तालाप तथा संशय निवृत्ति—१७ मई १८८० ई० स्थान सेठ फतहमल जी की वाटिका अजमेर।

१० पेशावर में आर्य समाज की स्थापना सम्वत १९३७ वि० के अन्तिम भाग में (भाई रूपजी की धर्मशाला में)।

११ धर्मोपदेश का प्रकाशन सन् १८८१ ई० में

१२ महर्षि से दो पत्र प्राप्त—सन् १८ २ ई० में

१३ मिर्जा गुलाम अहमद जी की पुस्तकें बुराहीन अहमदिया सन १८८३ ई० में पढ़ने को मिली।

१४ जम्मू के ठाकुरदास को धर्म से पतित होने से बचाना सन १८८३ ई० में तीन बार बार अवकाश लेकर जम्मू जाकर उसे समझाते रहे और सफलता प्राप्त की

१५ बुराहीन अहमदिया का उत्तर लिखना प्रारम्भ य समय पेशावर के रजिस्टर में ही लिखना प्रारम्भ कर दिया।

१६ निवेद वेदभाष्य पुस्तक लिखी—सन् १८८३ ई० में।

१७ सेवा से मुक्त होकर सब प्रथम उत्सव पर लेखबद्ध व्याख्यान पाठ लिखी आर्य समाज के वार्षिक उत्सव में सम्मिलित हुए तथा अपना लेखबद्ध व्याख्यान आर्य धर्म के आलमगीर होने के सबूत और उसके आइन्दा तरक्की के निशान मजबूत पर दिया।

१८ मिर्जा गुलाम अहमद को शास्त्रार्थ का चैलेंज १ अक्तूबर १८८४ ई० में विज्ञापन भी छपवाया।

१९ मिर्जा जी से पत्र व्यवहार—३ अप्रैल १८८१ ई से ५ अगस्त ८१ तक।

२० मिर्जा जी के मुकाबले कोठ में अगस्त १८८५ ई०।

२१ कादियां में आर्य समाज की स्थापना सितम्बर या अक्तूबर १८८१ ई०।

२२ कादियां के विष्णुदास को पतित होने से बचाना—४ दिसम्बर १८८५ ई

२३ ऋषि दयानन्द जी की जीवनी लिखने का निश्चय—प्रथम जुलाई १८८८ ई०।

२४ आर्य गजट के सम्पादक पद का त्याग—नवम्बर १ ८ ई

२५ अजमेर से वैदिक विजय पत्र प्रकाशित करवाया सन १८८९ ई

२६ नकोदर में आर्य समाज की स्थापना—सितम्बर १ ९ ई०

२७ लाला टी० एस० वास्वाना पर पण्डित जी के व्याख्यानों का प्रभाव—ज्येष्ठ १९४८ वि०

२८ दीवान सुखराम तथा उनके परिवार को पतित होने से बचाया—ज्येष्ठ १९४८ वि०। (शेष पृष्ठ ७ पर)

धर्मवीर पं. लेखराम

ले०—अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी की लेखनी से

ॐ

तहसील चकवाल जिला झेलम के एक अप्रसिद्ध गांव में जिसका नाम सैयदपुर है ८ चैत्र सम्वत् १९१५ विक्रमी शुक्रवार के दिन एक मुहियाल ब्राह्मण के घर एक लड़का उत्पन्न हुआ। उस समय कौन कह सकता था कि इस छोटे से बालक के भीतर किस किस प्रकार की शक्तियां वर्तमान हैं। पांचवें वर्ष फारसी पाठशाला में यह बालक पढ़ने के लिए बैठाया गया। माता पिता ने इसका नाम लेखराम रखा। १५ वर्ष की आयु तक उस बालक तथा अन्य बालकों के बीच इस बात के सिवाय कोई विशेषता नहीं थी कि लेखराम बड़ा चतुर और बुद्धिमान विद्यार्थी था। हां एक विशेषता ऐसी थी जिस पर उस समय के सयाने भी चकित थे। लेखराम में एक विशेष दृढ़ता थी जो हठ की सीमा तक पहुंची हुई समझी जाती थी। एक बार सात आठ वर्ष की आयु में पाठशाला में प्यास लगी। घर जाने की छुट्टी मांगी। मौलवी साहब ने कहा यहीं पानी पी लो। लेखराम ने उस समय तक पानी न पिया—जब तक कि वह घर न पहुंच गया। १५ वर्ष की आयु के बाद पण्डित लेखराम अपने चाचा गण्डाराम जी के पास पुलिस का काम सीखने चले गये।

इस बीच में बूढ़े सिख भाई की संगति में जो उनके चाचा का मातहत था प्रातःकाल उठ स्नान कर गुरमुखी अक्षरों में छपी गीता का पाठ किया करते थे उस सिख की संगत में उन्होंने समाधि लगानी आरम्भ कर दी। एक दिन की चर्चा करते हुए उनके चाचा बतलाते हैं कि समाधि की अवस्था में ऐसे लीन हो गये कि चारपाई से गिर पड़े और फिर भी समाधि भंग न हुई।

सन् १८७६ ई० के लगभग लेखराम पुलिस में नौकर होकर धीरे धीरे नक्शा-नवीस सारजण्ट बन गये। धर्म के लिये पहले ही से पिपासा थी। पेशावर में सन् १८८० ई० के लगभग उन्होंने काशी से गीता सटीक मंगवा ली थी और उसको पढ़ना एवं श्लोकों के अर्थ पर विचार करना अपनी दिनचर्या का अंग बना लिया था।

रोटी केवल एक समय अपने हाथ से बनाकर खाते और कृष्ण कृष्ण की जप किया करते। उसी सन् में जबकि उनकी आयु २० या २१ वर्ष की थी माता पिता ने विवाह के लिए बल दिया। सम्बन्ध पहले से ही हो चुका था परन्तु पण्डित लेखराम की धुन किसी और ओर लगी हुई थी। विवाह की चर्चा आते ही नौकरी छोड़ मथुरा वृन्दावन की ओर जाने को उद्यत हो गये। पत्रों द्वारा सम्बन्धियों ने बहुतेरा समझाया परन्तु मोक्ष प्राप्ति की इच्छा अधिक बढ़ती गई।

अन्त में पण्डित लेखराम के चाचा अपने पास से समझाने आए उन्हें उत्तर में लेखराम ने एक दृष्टान्त दिया। दृष्टान्त वही था जो प्रायः योग की पुस्तकों में प्रसिद्ध है—'एक राजा के पास एक नट तमाशा करने आया। राजा ने आज्ञा दी कि योगी का स्वांग रचो। ५००) पारितोषिक मिलेगा। नट ने ठीक योगी बन कर दिखाया परन्तु जिस समय समाधि छोड़ी उसी समय पारितोषिक की आशा के साथ हाथ पसारा। यह दृष्टान्त सुना कर पण्डित लेखराम ने कहा कि गृहस्थी में फंसकर मैं अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकता। इनकी दृढ़ता के आगे घर वालों को सिर झुकाना पड़ा और उस कन्या का उनके छोटे भाई से विवाह किया गया। परन्तु २५वें वर्ष में पण्डित जी ने श्रीमती लक्ष्मीदेवी जी के साथ विवाह कर लिया।

> यह लेख अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी ने लिखा था जोकि १९०१ के अक्तूबर मास के आर्य मुसाफिर में उर्दू में प्रकाशित हुआ था। श्री प० रामगोपाल जी विद्यालंकार ने उसी लेख का हिन्दी अनुवाद किया था जो आर्य मर्यादा के पाठकों के सामने प्रकाशित किया जा रहा है।

इस घटना के बाद ही लाला बाबू कन्हैयालाल अलखधारी की पुस्तकों की अभिलाषा हुई। मुरादाबाद निवासी श्री इन्द्रमणि की पुस्तकों से वह पहले ही परिचित थे। अलखधारी की एक पुस्तक में स्वामी दयानन्द सरस्वती की प्रशंसा देखकर समाचार पत्रों द्वारा उनके लेखों की खोज की और उसी समय स्वामी जी की पुस्तकें मंगवा कर अध्ययन करना आरम्भ कर दिया। ज्यों ज्यों धर्म के मर्म अधिक मालूम होने लगे त्यों त्यों ही स्वामी जी महाराज के दर्शन के लिए उत्कण्ठा बढ़ने लगी। अन्त में सन् १८८१ ई० में आर्य समाज पेशावर स्थापित करके एक मास की छुट्टी लेकर स्वामी जी महाराज से मिलने चले गये। लाहौर अमृतसर, मेरठ इत्यादि आर्य समाजों में होते हुये अजमेर पहुंचे वहां भी स्वामीजी से वार्तालाप करके उन्होंने अपने कुछ संशय निवारण कर लिए। लौटते ही वैदिक धर्म की सच्चाईयों को फैलाने के लिए धर्मोपदेश नामक पत्र प्रकाशित किया और आर्य समाज पेशावर की उन्नति में तन मन धन से चेष्टा करने लगे।

नौकरी के समय में भी वह स्पष्ट-वक्तृत्व के लिए विख्यात थे और धार्मिक शास्त्रों में किसी मनुष्य का भी मान केवल इस विचार से कि वह उच्च पद पर विराजमान है, नहीं करते थे। नक्शाम की बुराईयों को रोकने के लिए एक महती सभा की गई जिसमें जिला के सब अफसर यहां तक कि सेना विभाग के कमाण्डिंग अफसर भी सम्मिलित हुए। प० लेखराम की इस सभा में वक्तृता सबको आश्चर्य में डालने वाली थी। फौजी लोगों पर इस व्याख्यान का बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा।

प० लेखराम का मन पहले ही से बड़ा स्वतन्त्र था और इसीलिए पक्षपाती अफसरों से उनकी नहीं बनती थी। सन् १८८२ के आदि में उनकी बदली पेशावर से एक छोटे गांव में हो गई। परन्तु इस पर भी लेख भेजकर (धर्मोपदेश) को जारी रखा अन्त में पेशावर आर्य समाज ने इस पत्र के व्यय का भार उठाने की शक्ति न देख कर उसे बन्द करने का निश्चय किया। सन् १८८४ ई० के आदि में ही धर्म के प्रकाश ने प० लेखराम के हृदय को अधिकतर प्रकाशमान कर दिया और नौकरी से उन्हें बड़ी घृणा हो गई थी। मित्रों सम्बन्धियों और सरकारी अफसरों ने बहुत समझाया परन्तु पण्डित जी अपने विचार पर दृढ़ रहे और नवम्बर १८८४ ई० में त्याग पत्र देकर मनुष्यों के दासत्व से स्वतन्त्रता प्राप्त की।

नौकरी छोड़कर आर्य समाज में पहुंच कर कुछ काल तक संस्कृत व्याकरण में परिश्रम करते रहे। तत्पश्चात् आर्य गजट फिरोजपुर के सम्पादक हो गये। उर्दू का उस समय यही एक साप्ताहिक पत्र था। जिस योग्यता से प० लेखराम ने इसको चलाया उस समय की फाईल उन की योग्यता की साक्षी है। उनकी लेखनी सच्चाई के अनुमोदन में उसी समय से काम करने लग गई थी जब से कि वे आर्य समाज के सदस्य बने थे। सबसे पहली पुस्तक जिसने पण्डित लेखराम को समस्त आर्यावर्त में प्रसिद्ध कर दिया और आर्य सन्तान के मुरझाए हुए हृदय को आल्हादित बना दिया वह तकजीबे बुराहीने अहमदिया थी इसमें पण्डित जी ने मिर्जा गुलाम अहमद कादियानी के निरर्थक दावों का खण्डन करते हुए वैदिक धर्म की तुलना के साथ साथ वेद के महत्व को भारत निवासियों के हृदयों पर अंकित कर दिया। इसके बाद नुस्खा ए खब्ते अहमदिया जिहादकलअक्सर्यंन अल्मूखे तजकुल इत्यादि बड़ी बड़ी पुस्तकें प्रकाशित करने के अतिरिक्त बीसों छोटी छोटी पुस्तकें लिखीं जिनमें ईसाई, मुहम्मदी पौराणिक इत्यादि हर एक प्रश्नकर्ता के प्रश्नों का मुंहतोड़ उत्तर दिया। परन्तु इस बीच क्या पण्डित लेखराम घर पर बैठकर बैठे हुए किसी पुस्तकालय की सहायता से लेख का काम कर रहे थे? कदापि नहीं बल्कि बहुत पहले से भूखा फिरते हुए आर्यावर्त के नगरों, गांवों एवं कस्बों-कस्बों जंगलों में स्वामी दयानन्द के जीवन चरित्र की खोज करते फिरते थे और इसीलिए उन्होंने अलकूत नाम भी आर्य मुसाफिर रख छोड़ा था। अन्वेषण की अभिलाषा प० लेखराम को उस समय से ही थी जब से उनमें बुद्धि का प्रकाश हुआ।

यही कारण था कि जब महर्षि दयानन्द के जीवन चरित्र के लिए घटनाओं को एकत्रित करने की आवश्यकता पड़ी, तो सिवाय प० लेखराम के और कोई मनुष्य इस काम के योग्य नहीं समझा गया।

इस्लाम का अध्ययन आर्य मुसाफिर ने विशेष रीति से किया था और इसी लिए उनकी अधिक पुस्तकें इसी मत के सम्बन्ध में हैं।

मुहम्मदी प्रचारकों ने प्रायः और मिर्जा-गुलाम अहमद कादियानी ने विशेषतः पं० जी के जबरदस्त लेखों से घबराकर अपने मूर्ख भाईयों को उनके विरुद्ध भड़काया और स्वयं मुहम्मदी तलवार से उन्हें धमकाना आरम्भ किया। प० लेखराम की लेखनी को प्रत्येक उपाय से यहां तक कि न्यायालय तक पहुंच कर रोकने की चेष्टा की गई। अन्त में जब वे सब उद्योग निष्फल हुए तो एक पापी धोखेबाज मुसलमान के हाथ से उनका खून कराया गया और इस प्रकार आत्मा की प्रकृति के द्वारा दबाने का प्रयत्न किया गया। यद्यपि शरीर ठंडा हो गया और वे हाथ जिन्होंने युक्तियों की प्रबल चोटों से पक्षपातियों के हृदय चकनाचूर कर दिये थे सर्वदा के लिए जड़, लेखनी को पकड़ने में असमर्थ हो गये, परन्तु सच्चाई के चलते हुए काम को रोकने का किसको साहस है

पण्डित लेखराम बड़े परिश्रमी पुरुष थे जिसका प्रमाण इससे बढ़कर और क्या हो सकता है कि १२ वर्ष के समय में लगातार प्रचार करने एवं स्वामी दयानन्द के जीवन वृत्तान्त के सम्बन्ध में दो-तीन सहस्र पृष्ठों से अधिक सामग्री इकट्ठा करने के साथ ही उन्होंने बहुत सी पुस्तकें प्रकाशित कीं जो कुल मिलाकर १००० पृष्ठों के लगभग होंगी इनके अतिरिक्त ८ या ९ सौ पृष्ठों के लगभग लिखकर छोड़ गए। धुन में लगे हुए दिन और रात एक कर देते थे। उनकी स्वतन्त्रता का वर्णन हम कर चुके हैं। धर्म विषय में कड़ा होने पर भी उनका हृदय बड़ा नर्म था।

(शेष पृष्ठ ७ पर)

सम्पादकीय—

अमर शहीद के भक्तों से

सन् १८८३ मे महर्षि दयानन्द परलोक सिधारे थे। धर्मवीर पंडित लेखराम जी आर्य पथिक को सन् १८८० मे उनके दर्शनो का गौरव प्राप्त हुआ था। इसे उनका या आर्य समाज का सौभाग्य समझिए कि इस पहली भेंट मे ही उनके सभी संशय समाप्त हो गए और वह सदा के लिए आर्य समाज के हो गए थे।

तीन वर्षों मे उन पर महर्षि दयानन्द के कार्यों और उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों का यह प्रभाव हुआ कि सन १८८४ में उन्होंने पुलिस की सर्विस छोड दी और वह सार्जन्ट लेखराम से प्रचारक लेखराम हो गये।

महर्षि दयानन्द के पश्चात् आर्य समाज के इतिहास में सन् १८८३ से सन् १८९० तक पण्डित गुरुदत्त जी विद्यार्थी का काल रहा और उनका ही बोलबाला था परन्तु सन् १८९० से सन १८९७ तक पंडित लेखराम का आर्य समाजो मे प्रभाव रहा और यह सात वर्ष आर्य समाज के इतिहास में लेखराम काल मे प्रसिद्ध है। ६ मार्च सन् १८९७ का उनके सिर पर शहादत का ताज रखा गया। संक्षेप में उन्हें केवल तेरह-चौदह वर्ष आर्य समाज का काम करने को मिले।

इस संक्षिप्त काल मे उन्होने जहा खोज करके और सर्वत्र घूम फिर कर महर्षि दयानन्द का विस्तृत जीवन चरित्र संकलित किया, वहा छोटी बडी कोई तैंतीस पुस्तकें उर्दू भाषा मे लिखी जिन्हे उनकी शहादत के पश्चात् महात्मा मुन्शीराम जी ने कुलियात ए आर्य मुसाफिर के नाम से प्रकाशित किया। इन सब पुस्तकों के अध्ययन से धर्मवीर पंडित जी के गहन अध्ययन और महान अनुसन्धान प्रवृत्ति का परिचय मिलता है। उनमे प्राय पुस्तकें इस्लाम के सम्बन्ध मे हैं और उनमे भी बहुधा कादियां के मिर्जाइयो से सम्बन्ध रखती हैं। इस्लाम से टक्कर लेने वाले आर्य समाजियो मे ही नहीं प्रत्युत हिन्दू मात्र मे वह पहले लौह पुरुष थे।

उनके व्याख्यानो और रचनाओं का इस्लाम के प्रचार के कार्य पर बडा प्रभाव पडा। वह बडे निर्भीक लेखक और वक्ता थे।

जीवन भर प्रचारक और उपदेशक रहे। दिन रात आर्य समाज के प्रचार के लिए यात्रा में रहने के कारण उन्होने आर्य पथिक का नाम पाया जीवन निर्वाह के लिए केवल २५ रुपये वेतन लेते थे जो विवाह के पश्चात् तीस रुपये हो गये। गृहस्थ का सुख तो क्या पाना था। एक पुत्र उत्पन्न हुआ था वह भी उनके प्रचार कार्य की भेंट चढ गया। उनकी शहादत के पश्चात बीमा के दो सहस्र रुपये प्राप्त करके उनकी धर्म पत्नी ने गुरुकुल को दान द दिये थे। वह सर्वमेधी महापुरुष थे जिनके प्रभाव से आर्य समाज को चार चांद लगे।

इसे आश्चर्य की बात समझिये कि अमर शहीद के बलिदान के पच्चास वर्ष पश्चात सन् १९४७ अर्थात् देश विभाजन तक पजाब का आर्य समाज इतना शक्तिशाली होने पर भी उनका कहीं कोई स्मारक न स्थापित कर सका।

देश के विभाजन के पश्चात सभा के पुनर्गठन से लेकर अब तक के तैंतीस वर्षों मे भी यद्यपि उनके स्मारक के निर्माण के लिए बडी निष्ठा से विचार होता रहा किन्तु उसे क्रियान्वित करने का अवसर अब १० नवम्बर को मिल रहा है जबकि समूचा कादियां नगर मिल कर अपने यहा उनके भव्य स्मारक की स्थापना कर रहा है। इसलिए मेरी अपनी दृष्टि मे अमर शहीद के चरणो में अपनी श्रद्धा के प्रकाश का यह सबसे समुचित अवसर है। इसी कारण मैं उन सभी बन्धुओं से जो आर्य समाजी होने का दम भरते हैं यह प्रार्थना करूगा कि वह १० नवम्बर के दिन कादियां अवश्य पहुचें और कादियां वालो को विश्वास दिलाए कि अमर शहीद के स्मारक के निर्माण मे वे सब उनके साथ हैं।

इस अवसर पर एक और बात की ओर भी मैं अपने बन्धुओ का ध्यान आकर्षित करना चाहता हू और वह यह कि इस अवसर पर कादियां मैं जो शहीद आर्य सम्मेलन हो रहा है उसकी अध्यक्षता करने आन्ध्र प्रदेश के वह आर्य समाजी नेता पधार रहे हैं जो अपने काल के वैसे ही निर्भीक और बलिदानी नेता हैं जैसे अपने काल मे अमर शहीद पंडित जी थे। मेरा अभिप्राय श्री रामचन्द्र राव वन्दे मातरम से है। उनके सम्बन्ध मे कहा जाता है कि हैदराबाद मे आर्य समाज के सत्याग्रह से पहले वहा के हिन्दुओं के नागरिक अधिकारो की प्राप्ति के लिए एक आन्दोलन आरम्भ किया था जिस पर उन्हे निजामशाही की जेल मे २४ कोडो की सजा दी गई थी। निश्चय ही उनके दर्शनों उनके आदर्श जीवन तथा उनके प्रेरक प्रवचन से हम सबको प्रेरणा मिलेगी। इसलिए मैं पजाबके सब आर्य भाई बहनो से सानुरोध यह प्रार्थना करना चाहता हू कि वे कादियां पहुच कर प्रान्तीय आर्य सम्मेलन को सफल बनाए और अमर शहीद के चरणो मे अपनी श्रद्धाजलि को अर्पित करें।

—रामचन्द्र आर्य
सभा मन्त्री

धर्मानुरागी निर्भीक पं. लेखराम

आर्य समाज बांकीपुर बादशाही नगर के मन्त्री डा मुन्शीराम जी के मजहबी जनूनी यवनो से सावधान रहने की चर्चा करने पर भी पंडित जी ने उन्हे जो उत्तर दिया था वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है —पंडित जी ने कहा—मन्त्री जी। मृत्यु एक दिन अवश्य ही है किन्तु सच्चे धर्म के लिए शहीद होने के बराबर कोई दूसरी मृत्यु नहीं—तवारीख पढो और देखो कि इस जमाने के पर्दे पर जिन जिन लोगो ने अपने धर्म के लिए मरना दिया है उस कर्म का कैसा प्रभावशाली उत्तम परिणाम निकला है-बस इन यवनो के विषय मे अधिक उद्विग्न होने की कोई आवश्यकता नही। ऐसे तो ये लोग मुझको गालियां देते पत्थर फैंकते हमारी तसनीफ की हुई किताबें जलवावें और नाना प्रकार के कुटिल बर्ताव उत्पन्न करने की कुचेष्टा किया करते हैं परन्तु मैं इन पर कुछ ध्यान नही देता। हम लोगो को उचित है कि अपना कर्तव्य कर्म पालन करने मे किसी प्रकार की त्रुटि न दिखलावें। (जीवन चरित्र से उद्धृत)

एक और साथी चला गया

अमृतसर के श्री अमृतलाल चढ्ढा भी चले गए। मेरा उनके साथ बहुत पुराना सम्बन्ध था। अमृतसर मे आर्य समाज और हिन्दुओ के सन्दर्भ में हर प्रकार की गतिविधियो मे वह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाया करते थे। अपने धर्म और अपनी जाति के लिए उन के दिल मे अथाह तडप थी। जब भी कोई ऐसा काम आ पडता जिसका आर्य समाज या हिन्दुओ के साथ कोई सम्बन्ध होता और उनकी सेवा की जरूरत होती तो वह तुरन्त मैदान मे कूद पडते।

वर्षों वह आर्य समाज बाजार श्रद्धानन्द अमृतसर के प्रधान रहे है आर्य प्रतिनिधिसभा पजाब के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। उसकी अन्तरंग सभा के सदस्य भी कई वर्ष रहे हैं। जनसंघ के साथ भी उनका गहरा सम्बन्ध रहा है। निष्कर्ष यह कि वह हर उस आन्दोलन मे सक्रिय भाग लिया करते थे जिसका सम्बन्ध हमारे धर्म, देश और समाज से था। गत कई वर्षों से वह मधुमेह के कारण बीमार चले आ रहे थे। अभी आठ दस दिन ही हुए जब मैं उन्हे देखने गया था। यह मालूम न था कि यह मेरी और उनकी अन्तिम भेंट होगी। लेकिन वही होती है जो प्रभु का स्वीकार होता है। उनके जाने का अभी समय तो न था। लेकिन जब मनुष्य के जाने का समय आ जाए तो उसे कोई रोक नही सकता।

उनके जाने से हिन्दू संस्थाओ को विशेषत आर्य समाज को जो हानि हुई है उसकी क्षति पूर्ति आसानी से न हो सकेगी। हम तो अब परम पिता परमात्मा से यही प्रार्थना कर सकते हैं कि दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करे और जो पीछे रह गए हैं उन्हे यह चोट सहन करने की शक्ति दे।

—वीरेन्द्र

धुन के धनी धर्मवीर पंडित लेखराम

ले० श्री प० ओम्प्रकाश आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष

धर्म की व्याख्या करना शायद इतना कठिन नहीं जितना धर्म के मर्म को समझकर तदानकूल उसे अपने आचरण मे ढालना। धर्म ईश्वरीय होता है और ईश्वर के समान ही सीमा रहित भी। इसीलिए धर्म को एक और सार्वकालिक माना गया है धर्मवीर प० लेखराम अपने शैशव काल से ही धर्म जिज्ञासु थे। उनके जीवन चरित्र के पढने मे पता चलता है कि प्रारम्भ मे कभी वे गीता भक्त बने और कभी अहमदशाहिम का पाठ करते रहे। गीता के साथ अपने जीवन को जोडा हो अथवा अहमदवाद का पाठ पढा हो दोनो अवस्थाओं मे आपने पूरी श्रद्धा भक्ति और सच्चे विश्वास का परिचय दिया। श्रद्धा और विश्वास मे कोई कमी न थी कमी केवल सच्चे ज्ञान की थी। जो न शिक्षा से दूर हो सकी और न किसी दूसरे उपाय से। अपितु वेद के पवित्र ज्ञान का प्रकाश करने वाले अपने समय के अलौकिक ईश्वरोपासक यतिवर दयानन्द से जब तक साक्षात नहीं हुआ तब तक कमी बराबर बनी रही ऋषिवर के साक्षात दर्शन से जिज्ञासु लेखराम का जो आनन्द मिला तथा शंकाओं की निवृत्ति हुई उसे वे जीवन भर कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया करते थे। वेद धर्म की सत्यता का पूर्ण विश्वास होने पर वे किस प्रकार उसका प्रचार किया करते थे और अपनी धुन के किस प्रकार धनी थे इसके सम्बन्ध मे इन्ही के समान वैदिक धर्म के दीवान और उस पर बलिदान होने वाले स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा लिखित आर्य पथिक के जीवन चरित्र की निम्नलिखित पंक्तियां ध्यान देने योग्य हैं —

१७ जनवरी से १२ फरवरी तक दानापुर बांकीपुर और पटना में ही काम किया। इन स्थानो मे व्याख्यान भी हुए किन्तु बडी मनोरंजक वह वृत्तान्त पत्रिका है जो डा० मुन्नीलाल शाह पटना आर्य समाज के सामयिक प्रधान ने मेरे पास भेजी थी। अत यह पत्रिका बहुत समाचार पत्रों तथा धर्मवीर आर्य पथिक के जीवन वृत्तान्तो मे छप चुकी है और मैं मुझे भी आगे चलकर इसमे लिखित विषयो पर अधिक प्रकाश डालना है अतएव उस वृत्तान्त पत्रिका को डाक्टर शाह के शब्दो मे ही मुद्रित कर देता हूं डाक्टर शाह लिखते है

जिन दिनों श्रीमान पण्डित लेखराम जी श्री १०८ श्रीमद्दयानन्द सरस्वती जी महाराज का जीवन वृत्तान्त संग्रह करते हुए दानापुर से बांकीपुर पधारे थे और इस दीन पुरुष के निज गृह पर आ विराजे उस समय यह पुरुष मैडिकल क्लास का विद्यार्थी और बांकीपुर आर्य समाज (बादशाही गंज) का मन्त्री था। श्रीमान पण्डित जी बांकीपुर मे लगभग ९ दिन के ठहरे इस बीच उनके मकाम से एक डाकट" समाचार समाज के नाम अनायास पहुंचा तार द्वारा समाज से जिज्ञासा की गई थी कि पण्डित जी जीवित हैं या नहीं? किसी दुर्जन यवन ने खबर भेजी थी कि पण्डित लेखराम मारे गए।

इस अपूर्व घटना का कारण मैंने पण्डित जी से पूछा पण्डित जी ने उत्तर मे यह कहा कि प्राय यवन लोग ऐसा ही अमंगल समाचार भेजा करते हैं। अस्तु तार का जवाब श्रीमान पण्डित जी के जीवित रहने का उसी क्षण भेजा गया। परन्तु मुझको उस दिन से यवनो के कुटिल बर्ताव का अशुभ ख्याल खटकने लगा।

दूसरे दिन पण्डित जी ने मुझको अधिक चिन्तित और उदासीन पाकर पूछा कि आप आज उद्विग्न देख पडते हैं उत्तर मे मैंने यही निवेदन किया कि महाराज ऐसा न हो कि किसी समय मे आपके ऊपर यवनों का आघात पहुंच जावे। आपको उचित है कि इस असभ्य मूर्ख कौम के लोगों से सोच विचार के बर्ताव रखना। पण्डित जी हंसकर कहने लगे मन्त्री जी। मृत्यु एक दिन अवश्य ही होनी है किन्तु सच्चे धर्म के लिए शहीद होने के बराबर कोई दूसरी मृत्यु नहीं—तवारीख पढो और देखो कि इस जमाने के पद पर जिन जिन लाखों ने अपने धर्म के लिए बलिदान दिया है उस कौम का कैसा प्रभावशाली उत्तम परिणाम निकला है—बस इन यवनो के विषय मे अधिक उद्विग्न होने की कोई आवश्यकता नहीं—ऐसे तो वे लोग मुझ को गालियां देते पत्थर फैंकते हमारी तसनीफ की हुई किताबें जलवाते जगह जगह यवन मत के पोल इन दो किताबों (तकजीब बुरा हीन अहमदिया या नुस्खे खब्त अहमदिया) के द्वारा खुल जाने से अभियोग खडा करवाने और नाना प्रकार के कुत्सित बर्ताव बराबर उत्पन्न करने की कुचेष्टा किया करते हैं परन्तु मैं इन पर कुछ ध्यान नहीं देता। हम लोगो को उचित है कि अपना कर्तव्य कर्म पालन करने में किसी प्रकार की त्रुटि न दिखलावें।

उत्तर मे पण्डित जी ने कहा—सोच रहा हूं कि स्वामी जी महाराज का जीवन चरित्र समाप्त कर मध्याह्न प्रकाश का फारसी तर्जुमा कर यवन लोगो के मुख्य प्रदेशो की ओर प्रस्थान करूं।

मैंने पुन पूछा कि मुख्य प्रदेशो से आपका क्या अभिप्राय है?

पण्डित जी ने जवाब दिया कि अफगानिस्तान परशिया अरेबिया मिश्र तुर्किस्तानादि देशों में भ्रमण कर वैदिक धर्म का प्रचार करना ही हमारा मुख्य अभिप्राय है।

मैंने पूछा—क्यों पण्डित जी बिना प्रतिनिधि की आज्ञा आप कैसे जाएंगे?

मन्त्री जी मैं प्रतिनिधि के अधीन होकर जाने की इच्छा नहीं करता वरन् स्वतन्त्रता के साथ उपदेश करना चाहता हूं?

पण्डित जी इन यवन देशों मे आप बिना प्रतिनिधि की सहायता के अपनी आजीविका किस प्रकार करेंगे?

मन्त्री जी मैं चिकित्सा द्वारा अपनी जीवन वृत्ति धारण करूंगा।

यह थ उस वीरवर के अरमान—जो अधूरे ही रह गये इसी प्रकार सितम्बर १८९४ का धर्म वीर जी का लिखा एक नोट भी स्वामी जी ने जीवन चरित्र मे छापा था जिससे पण्डित जी के हृदय के भाव विस्पष्ट हो जाते हैं। उस नोट मे वीरवर ने लिखा था —

समग्र भारतवर्ष को आर्य धर्म मे लाने के निम्न साधन हैं। यदि इनमे हम ईश्वर की कृपा से कृतकार्य हों तो अवश्य सब लोग सद्धर्म मे आ जावें।

प्रथम—विधवा विवाह या और कोई साधन जिससे भविष्य मे स्त्रियां मुसलमानी या ईसाई न हों।

द्वितीय—शुद्धिकरण जिससे सब मतों के अनुयायी वैदिक धर्म मे आ सकें।

तृतीय वेद प्रचार निधि स्थापित करना अर्थात उपदेशक तैयार करना।

चतुर्थ—बचपन का विवाह रोकना।

पंचम—पुस्तक प्रचार प्रत्येक भाषा मे और साईंस की वह बातें जो वेद धर्म के विरुद्ध हों उन पर विचार करना।

षष्ठ—साधु हों और उपदेशक बनकर वर्तमान साधु वर्ग का काम करें।

सप्तम—दान की व्यवस्था ठीक करना।

जीवन चरित्र के इन दोनो उद्धरणों से बलिदानी वीर के मनोभावों को समझना कठिन नहीं। वे कथनी के शूर न थे बल्कि जो कुछ कहते थे उससे अधिक कर दिखाते थे। उनका काम किसी का दिल दुखाना या अपमान करना न था अपितु वे मस्तिष्क की शुद्धि करना अवश्य चाहते थे। विचार और व्यवहार दोनो जब ठीक हो जाएं तभी सच्चा सुख प्राप्त होता है। जब से उन्हे वेद ज्ञान की सत्यता से आनन्द लाभ हुआ तभी से वे जी जान से सबको वेद ज्ञान का दान करने मे जुट गये। इस पवित्र काम को न पूरा कम रोक सका और न उसका विरोध सारा जीवन एक सच्चे ईश्वर विश्वासी निर्भीक लोकोपकारी महापुरुष के शुभ गुणों से भरपूर है। ऐसे तन्मयीन बलिदानी के अधूरे छोडे हुए काम को हम कहां तक पूरा कर रहे या कर पाए हैं इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

धर्मवीर पं. लेखराम जी के मनोभाव

ले०—श्री प० ओम्प्रकाश जी आर्य

टुकडे टुकडे कर दो मेरे न जरा इन्कार हो।
लब प मेरे धर्म वैदिक की सदा जयकार हो॥
जिस्म की मेरे बना दो बत्तीयां फिकर नहीं।
धर्म का हूं मैं पुजारी धर्म से ही प्यार हो॥
घर स ही निकला था मैं सर पै कफन बांध हुए।
सौंप दूं उसकी अमानत बेडा मेरा पार हो॥
है अमर यह आत्मा फिर खौफ मैं किसका करू।
तोप हो फांसी हो या कि खूनी तलवार हो॥
यह न समझो रायगां जाएगा यह मेरा लहू।
देखना हर घर के अन्दर वेद का प्रचार हो॥

—

श्रद्धा ज्ञान तथा कर्म की त्रिवेणी—

हुतात्मा पं. लेखराम आर्य मुसाफिर

ले० श्री उत्तमचन्द जी शरर पानीपत

रीति कालीन कवियों मे बिहारी का स्थान विशेष है उसने अपने मन्तव्यानुसार एक दोहे मे लिखा है कि प्रयाग मे जाकर स्नान करने की आवश्यकता नही यदि प्रयाग मे त्रिवेणी का स्नान अभीष्ट है तो मनि तीरथ हरि राधिका जहा पग पग होत प्रयाग कृष्ण और राधा के बीच मे स्नान कीजिये जहां पग पग पर प्रयाग स्नान का पुण्य होता है। कवि ने तो अपने दृष्टिकोण से गंगा यमुना तथा सरस्वती के रंगो को लेकर राधा के श्वेत कृष्ण के श्याम तथा पीताम्बर के पीत वर्ण का सामञ्जस्य किया है तत्कालीन परिस्थितियो में राधा कृष्ण की पत्नी अथवा प्रेमिका का रूप धारण कर चुकी थी जो नितान्त असत्य है पर इस विवाद मे न पडते हुए कवि के काव्य कौशल तथा कल्पना की उडान पर कौन सहृदय मुग्ध न होगा ? बिहारी ने नदियो के रंगों का मेल दिखाया है पर वास्तव मे प्रयाग स्नान तो श्रद्धा ज्ञान और कर्म की त्रिवेणी के स्नान को ही मानने को जी करता है यह उपर्युक्त अलंकार का आध्यात्मिक तथा वास्तविक रूप ही जानना चाहिए और इस त्रिवेणी का कोई सच्चे अर्थों मे साकार रूप से पुण्य स्थल बना है तो उसका नाम है पं० लेखराम। कर्म की यमुना तो उसमे तब से प्रवाहित थी जब वह पुलिस की नौकरी मे था ज्ञान की गंगा की आवश्यकता थी जो पूर्ण हुई तब जब यह यमुना रूप सलिला मार्ग मे ही ऋषि दयानन्द की ज्ञान सरिता से मिल गई। पं० लेखराम को ऋषि से मिलकर ज्ञान नेत्र प्राप्त हो गए बुद्धि उज्ज्वल हो गई सशय समाप्त हो गये बुझा हुआ दीपक एक जलते दीपक से मिलकर देदीप्यमान हो उठा और फिर श्रद्धा की सरस्वती से मिलाप तो स्वाभाविक ही था श्रद्धा के रस से आप्लावित हृदय लिए हुए बुद्धि के प्रकाश के पथ प्रदर्शन मे कर्मठ लेखराम जब चल पड़ा तो वहां तक जा पहुचा जहां से शायद फिर लौटने की आवश्यकता नही पड़ती।

यज्ञ भी तो तीन वस्तुओ की अपेक्षा रखता है समिधा घृत सामग्री तथा अग्नि। यहां समिधा कर्म है श्रद्धा उसे जलने मे सुविधा प्राप्त हो जाती है और ज्ञान की अग्नि कर्म के बन्धन को जलाकर यज्ञ को पूर्ण कर देती है। पं० लेखराम स्वभावत कर्मठ है जैसे उसने पूर्व जन्म से सीख रखा है कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत् शतं समा— उसे कभी आलस्य नही था। वह रोगी है तो भी प्रचार कार्य मे व्यस्त है वह अभाव ग्रस्त है तो भी वेद प्रचार मे लग रहा है और तो और न तो उस कर्म क्षेत्र से अपने जीवन का मोह हटा सकता है और न अपने से भी अधिक प्रिय अपने पुत्र के जीवन का मोह जिस पुत्र मोह मे भारत का फौलादी इन्सान प्रताप भी एक बार विचलित हो गया था दयानन्द का वीर सैनिक उस दल दल का पार कर जाता है इस कर्मठता की तुलना किस से की जाए ? ज्ञान प्राप्ति मे नेत्र तो खोले दयानन्द की कृपा से और फिर मिल गया साथ आर्य मुसाफिर का सतत परिश्रम। जाने कितनी पुस्तको का अध्ययन किया और कितनी पुस्तक थोड़े से काल मे लिख डाली कुलियात आर्य मुसाफिर के पाठक शायद इस वृहद अध्ययन का कुछ अनुमान लगा सके। पं० लेखराम का तर्क लेखराम का ज्ञान तथा लेखराम को अपने मन्तव्य पर अगाध श्रद्धा विरोधियो को भी नतमस्तक होने पर विवश कर देता है। वह इंग्लिश भाषा से अनभिज्ञ पर दीवान था मत वैदिक धर्म के विरोधियो की अंग्रेजी पुस्तको को दूसरो से सुनकर उनका उत्तर तैयार करना तथा कोई पुस्तक उसकी आलोचना से बच नही पाती थी विरोधी शास्त्रार्थ मे उसके सम्मुख अवाक होने पर विवश हो जाते थे और डा० हजारी प्रसाद के शब्दो मे यदि पं० लेखराम को देखें तो विरोधी को उसके सम्मुख सिवाय पीठ झाड़कर चल देने के कोई रास्ता ही नही सूझता था और फिर श्रद्धा की तो उसके हृदय मे सीमा ही नही थी। हम जैसे लोग जो महर्षि दयानन्द के दर्शनो से वञ्चित होकर भी केवल उसको पढ़कर पागल हो बैठे तो जिस लेखराम ने उस महामहिम का साक्षात दर्शन किया उसकी श्रद्धा का क्या कहना ? जैसे आज भी उस की आत्मा कह रही है।

दो पर ो क्या जो हैरे अगर
दस हजार पर
परवाना करता सम्मा प
सारे निसार पर।

सचमुच लेखराम अपने पुत्र तथा स्वयं अपनी बलि देकर भी जैसे अभी तृप्त नही हो पाया था ऋषि दयानन्द के मिशन पर तन मन धन यश सब कुछ स्वाहा करके भी जैसे अभी और कुछ लुटाने के उसके अरमान रह गये पर वह क्या करता उसके पास और कुछ था ही नही अरमान पूरे नही हुये बलि देकर भी तो पूरे न हो पा तभी तो उसने अंतिम वाक्य अपनी पत्नी के सम्बन्ध मे नहीं पूज्य वृद्धा माता के सबध मे नही ऋषि के पवित्र मिशन के सबध मे आर्यों से यूं कहे आर्य समाज से तहरीर और तकरीर का काम बन्द न होने पावे। क्या आर्य भाई शहीद लेखराम के मन से रमे सुने मन्तव्य पर ध्यान दे पायेंगे?

—

अमर शहीद धर्मवीर

पं. लेखराम

ले०—श्री स गप ल जी पथिक आर्य समाज फोर्ट बम्बई

❋

ऋषि दयानन्द के जीवन की—की जिसने ताईद
और फिर खाकर छु ा पे मे हो गया अमर शहीद
वह पंडित लेखराम थ

धन धा य तिर अपण की अपनी भरपूर जवानी
दे गया जो इस बलिवेदी पर जीवन की कुर्बानी
काम लेख का बन्द न हो यह की जिसने ताकीद।
और फिर खाकर छुरा पट मे हो गया अमर शही"।
वह पंडित लेखर म थ

ऋषि कथा एकत्रित करने भारत भर मे घूमा
जहा ऋषि के चरण पड़ थे उस मिट्टी को चूमा।
लहू से फिर हस्ताक्षर करके गया हम रसीद
और फिर खाकर छुर पेट मे हो गया अमर शही"
वह पंडित लेखर म था।

वैदिक धर्म विरोधी को देता निर्भय हो टक्कर
वाणी जिसकी एटम बम थी और कलम बन्दूक।
पोपो पन्थाईयो की जिसने सदा उड़ाई नीद।
और फिर खाकर छुरा पेट मे हो गया अमर शही"
वह पंडित लेखर म था।

बच के रहेगा अब तो चारो वर्णो का वर्ण
निश्चय ही अब हो जाएगी नष्ट पाप की लंका।
पथिक यह भारत स्वर्ग बनेगा थी जिसकी उम्मीद
और फिर खाकर छुरा पेट मे हो गया अमर श ीद
वह पंडित लखराम थ ।

—

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए ?

राष्ट्रपति को पंजाब मे हिन्दी का सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं ? यदि नही किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज मे जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर द

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए है वह शीघ्र सभा कार्यालय मे भिजवा द।

— वीरेन्द्र

अमर शहीद पं. लेखराम साहित्यकार के रूप में

(ले श्री डा, भवानीलाल जी भारतीय एम ए पी एच डी)

आर्य समाज और वैदिक धर्म पर अपने-अपने प्राणों की आहुति दे देने वाले अमर शहीद प लेखराम का जन्म ८ चैत स १८१५ वि को सैयदपुर ग्राम मे हुआ। वे वाशिष्ठ्य गोत्र के सारस्वत ब्राह्मण थे साधारण विद्याभ्यास के अनन्तर वे पुलिस विभाग मे नौकर हुए। मुन्शी कन्हैयालाल अलखधारी के ग्रन्थो को पढने से इनकी रुचि ऋषि दयानन्द के सिद्धांतो की ओर हुई। तब वे ऋषि दयानन्द से साक्षात्कार करने अजमेर पहुचे। १७ मई १८८० को सेठ फतहमल की वाटिका मे महर्षि के दर्शन किये तथा उनसे अपनी शकाओ का समाधान किया। वहा से पेशावर लौट कर सक्रिय रूप से आर्य समाज के प्रचार कार्य मे जुट गये। आर्य समाज पेशावर से उन्होने धर्मोपदेशक नामक उर्दू मासिक पत्र निकाला। इसके सम्पादक वे स्वय बने। उन्ही दिनो कादियां निवासी मिर्जा गुलाम अहमद एक नवीन अहमदिया सम्प्रदाय का प्रचलन कर स्वय को पैगम्बर नाम से प्रसिद्ध कर रहे थे। उन्होने बुराहीन अहमदिया नामक एक पुस्तक भी लिखी थी। जिसके चौथ भाग मे आर्य समाज और उसके सिद्धांतों की समीक्षा की गई थी। लेखराम ने इस पुस्तक का तुरन्त उत्तर लिखना प्रारम्भ कर दिया। १८८७ जुलाई मे यह उत्तर तकजीब बुराहीन अहमदिया प्रथम भाग के नाम से प्रकाशित हो गया। इसी बीच मिर्जा ने ३६० पृष्ठों की एक अन्य पुस्तक सुरमा चश्म आरिया लिखी। इसका उत्तर पण्डित जी ने नुसखा खब्त अहमदिया के नाम से दिया।

१८८७ के प्रारम्भ मे प लेखराम को आर्य प्रतिनिधिसभा पजाब के उर्दू साप्ताहिक आर्य गजट का सम्पादक बनाया गया। यह फिरोजपुर से प्रकाशित होता था। लगभग २ वर्षों तक आप पाक्षिक ने इस पत्र का सम्पादन किया। जब प लेखराम दूसरी बार अजमेर पहुचे तो वहा के आर्यों की प्रेरणा कर वैदिक विजय पत्र नामक एक मासिक पत्र प्रकाशित कराया। उनकी 'जिहाद' नामक पुस्तक इसी मासिक मे धारावाह ही प्रकाशित हुई थी। विधवा विवाह के समर्थन में अपने नियोग नेमवान नामक पुस्तक लिखी। इसे मेरठ के रामचन्द्र वैश्य ने प्रकाशित किया था। १ जनवरी १८९० के सद्धर्म प्रचारक मे लाला मुन्शी-[illegible] इस पुस्तक की समालोचना लिखी [illegible] मावरी टी विलियम्स तथा देव समाज के प्रवर्तक प शिवनारायण अग्निहोत्री ने जब नियोग के विषय पर कुछ शकायें प्रस्तुत की तो पण्डितजी ने मसलए नियोग नामक पुस्तक लिखकर उनका समाधान किया। यह पुस्तक कुल्लियात आर्य मुसाफिर के २७९वें पृष्ठ स प्रारम्भ होती है।

जिस समय लेखराम जी हैदराबाद सिंध मे प्रचार कर रहे थे उस समय ही उन्होने क्रिश्चियन मत दर्पण नामक पुस्तक लिखने की तैयारी प्रारम्भ की तथा सृष्टिउत्पत्ति सम्बन्धी अपने प्रसिद्ध व्याख्यान को तारीख ए दुनिया के नाम से पुस्तक रूप मे तैयार किया। यह सितम्बर १८९१ मे प्रकाशित हुआ तथा इस की समालोचना २९ भाद्रपद स १९४८ वि के सद्धर्म प्रचारक मे हुई। रिसाला जिहाद जो वैदिक विजय पत्र मे प्रकाशित हुआ था अब पृथक पुस्तकाकारमे भी छप गया और उसकी समालोचना १४ मई १८९२ के सद्धर्म प्रचारक मे लाला मुन्शीराम द्वारा लिखी गई। क्रिश्चियन मत दर्पण मेरठ के विद्या दर्पण प्रैस मे १८९२ मे छपी। इसकी समालोचना १२ सितम्बर १८९२ के सद्धर्म प्रचारक में प्रकाशित हुई।

जब प लेखराम ने अपने जोधपुर प्रवास मे स्वामी दयानन्द के शिष्य प भीमसेन को मास के विषय मे दृढता दिखाने के लिए गए। उन्हें विवश किया तो अर्थलोलुप भीमसेन को भी पण्डित जी की आज्ञा शिरोधार्य करने के लिए मजबूर होना पडा। जोधपुर से लौट कर प भीमसेन शर्मा ने प लेख राम की पुस्तक तारीख ए दुनिया का हिन्दी रूपान्तर ऐतिहासिक निरीक्षण के नाम से प्रकाशित किया। जिस समय आर्य समाज मे मास भक्षण पर विवाद चल रहा था पण्डित जी ने इस विषय को लेकर एक पुस्तक लिखी आर्य समाज मे शान्ति फैलाने का उपाय और रामचन्द्र जी का सच्चा दर्शन। इस पुस्तक की समीक्षा ६ कार्तिक सवत १९५० के सद्धर्म प्रचारक मे प्रकाशित हुई। १८९३ मे उन्होने पुनर्जन्म की सिद्धि मे सबूत ए तनासुख नामक पुस्तक लिखी। इस्लाम के मैकदों की मुखालिफत में [illegible] एक अन्य पुस्तक भी लिखी थी 'हुज्जतुल इस्लाम' के नाम में छपी। शिव नारायण प्रसाद कायस्थ की एक पुस्तक जो सम्भवत ऋषि दयानन्द के सिद्धांतो की आलोचना में लिखी गई थी की समीक्षा में पण्डित जी ने 'साप को पांव नहीं' शीर्षक पुस्तक लिखी। यह कुल्लियात आर्य मुसाफिर के पृष्ठ १९४ से प्रारम्भ होती है। लेखराम जी के सभी ग्रन्थों की सख्या ३३ है। वे आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब की प्रेरणा से ऋषि दयानन्द का जीवन चरित्र भी लिख रहे थे जो उनकी असामयिक मृत्यु के कारण अधूरा ही रह गया और जिसको कालान्तर मे मास्टर आत्माराम अमृतसरी ने पूर्ण किया। यहां प लेखराम रचित ग्रन्थो की सूची प्रस्तुत की जा रही है। उनके समग्र ग्रन्थो की सख्या ३३ है।

—कुल्लियाते आर्य मुसाफिर—
(हिस्सा अव्वल)

१ तकजीब बुराहीन अहमदिया जिल्द अव्वल।
२ तकजीब बुराहीन अहमदिया जिल्द दोयम।
३ नुस्खए खब्त अहमदिया।
४ इन्तखाब अखबारात अहमदिया।
५ रिसाला जेहाद।
६ इजहारे हक।
७ हुज्जतेइस इस्लाम। तुहफतुल हिन्द का उत्तर।
८ राहे निजात।
९ सदाकत धर्म आरिया।
१० [illegible]।
११ [illegible]।

—कुल्लियाते आर्य मुसाफिर—
(हिस्सा दोयम)

१२ [illegible]।
१३ देवी भागवत परीक्षा।
१४ मूर्ति प्रकाश।
१५ इश्तहारात-जुवाब व जवाब के उत्तर में।
१६ साप को पांव नही।
१७ रामचन्द्र जी का सच्चा दर्शन।
१८ सदाकत इल्हाम। सदाकत अहवाल ६ जिल्दों में।
१९ सच्चे धर्म की शहादत। तहकीक बाबे हुक का उत्तर।
२० नियोग की असली तारीफ।
२१ सदाकत ऋग्वेद। माहियत ऋग्वेद का उत्तर।
२२ मसलए नियोग।
२३ क्रिश्चियन मत दर्पण-इ जील की हकीकत आइना इजील का उत्तर।
२४ सदाकत असूल व तालीम आर्य समाज। (हिस्सा दोयम)
२५ तारीखे दुनिया दो जिल्द।
२६ सबूते तनासुख।
२७ श्री कृष्ण का जीवन चरित्र।
२८ स्त्री शिक्षा।
२९ स्त्री शिक्षा के मसायल।
३० आर्य हिन्दू नमस्ते की तहकीकात।
३१ मुर्दा जरूर जलाना चाहिये।
३२ पतित उद्धरण।
३३ धर्म प्रचार।

बन्दगी तू कर

ले०—श्री वीरेन्द्र-कुलदीप 'साथी' जालन्धर

तर्ज—बीत जाता पल—

बन्दगी तू कर ओ बन्दे, छोड दे तू छल-ओ बन्दे रे—
तभी तो ये होगा तेरा जीवन सफल—बन्दगी तू कर—
१ खाली हाथ आया था तू खाली हाथ जाएगा
बस तेरा कर्म ही-तेरे सग जाएगा—हो रे
सुकर्म कमाले तू इस जग मे,
वेद प्रचार कर पग २ मे—ओ बन्दे रे—
वेदो के बनाए हुए रास्ते पर चल-बन्दगी तू कर—
२ बीत गया दिन फिर कभी नही आएगा—
चुग गई खेत चिडिया तो पछताएगा—ओ—
जीवन मिला है न इसको गवा-प्रभु जी की शरण मे ध्यान लगा-
ओ मनवा रे-मिला अनमोल जीवन-जाए न निष्फल—
३ दुख में तो तू भी बन्दे प्रभु नाम लेता है
आवे जब सुख तो उसे भुला देता है—हो—
सुख में अगर प्राणी सिमरन करे
दुख फिर काहे को आन पडे-ओ 'साथी' रे—
प्रभु नाम जप ले तू हर घडी हर पल
बन्दगी तू कर-ओ बन्दे छोड दे तू छल —

—

ऋषि दयानन्द की जीवनी : कुछ तथ्य

लेखक — श्री डा भवानीलाल जी भारतीय

(गतांक से आगे)

थियोसोफिस्ट मे प्रकाशित यह आत्म वृत्तान्त पूना प्रवचन में प्रदत्त आत्म कथन से भी संक्षिप्त हैं तथापि लिखित रूप में भेजे जाने तथा समकालीन पत्र मे प्रकाशित होने के कारण इस वृत्त की प्रामाणिकता निर्विवाद है।

३० अक्तूबर १८८३ को दयानन्द के परलोकगमन के समय तक उनके भक्तो एवं अनुयायियो का ध्यान अपने आचार्य के विस्तृत जीवन लेखन की ओर नही गया था यह खेदजनक तथ्य है। यह अवश्य है कि फर्रूखाबाद निवासी एक महाराष्ट्रीय सज्जन गोपाल राव हरि पुणताकर ने स्वामी जी के जीवनकाल मे ही उनका जीवन वृत्त दयानन्द दिग्विजय शीर्षक से लिखना आरम्भ किया तथा उसके दो खण्ड स्वामीजी के सामने ही प्रकाशित भी हुए थे।१ स्वामी दयानन्द के दिवंगत होने के लगभग पांच वर्ष पश्चात् आर्य प्रतिनिधिसभा पंजाब ने एक प्रस्ताव स्वीकार कर आर्यसमाज के प्रवर्तक का विशद एवं प्रामाणिक जीवन चरित लिखाने का निश्चय किया।२ इस महद् कार्य को सम्पन्न करने का दायित्व सभा ने पं लेखराम आर्य मुसाफिर जैसे अध्यवसायशील अन्वेषण प्रिय तथा स्वामी जी के प्रति भक्ति भावापन्न पुरुष को सौंपा। यह निश्चित है कि यदि पं लेखराम एक हत्यारे के घातक प्रहार के शिकार होकर अकाल में ही काल कवलित न हो गये होते तो उनकी शक्तिशाली लेखनी से स्वामी दयानन्द का एक सर्वांग सुन्दर तथा प्रामाणिक जीवन चरित अवश्य प्रसूत हो जाता। इस प्रकार जीवनी लेखन का यह प्रथम सुव्यवस्थित प्रयास अपूर्ण ही रह गया परन्तु दयानन्द की जीवनी के सम्बन्ध मे एकत्रित की गई इस सम्पूर्ण सामग्री को पंजाब की आर्यप्रतिनिधिसभा के तत्कालीन प्रधान लाला मुन्शीराम ने एक अन्य विद्वान् पं आत्माराम अमृतसरी के हवाले किया जिन्होंने पं लेखराम द्वारा सकलित सामग्री को सुव्यवस्थित रूप देकर लेखनी बद्ध किया तथापि लेखराम के नाम से प्रकाशित स्वामी दयानन्द का यह प्रथम उर्दू जीवन चरित सामग्री का सकलन मात्र ही था साहित्यिक जीवनी के तत्व तो उसमें नगण्य ही थे।

आर्यसमाज के अनुयायियो के लिए तो दयानन्द सरस्वती का जीवन चरित एक अद्भुत प्रेरणा स्रोत था ही, किन्तु यहां यह जानना भी आवश्यक है कि वैदिक धर्म के अद्वितीय पुरस्कर्ता तथा अतीतकालीन आर्य संस्कृति के अनन्य व्याख्याता इस महापुरुष की दैनन्दिन जीवन घटनाओं के प्रति विदेशियो ने भी कम रुचि प्रदर्शित नहीं की थी। तभी तो हम देखते हैं कि यूरोपीय भाषाओं का एक शब्द भी न जानने वाले 'तथा पाश्चात्य चिन्तन से लेशमात्र भी परिचय न रखने वाले इस व्यक्ति के अनन्य विचारो तथा व्यापक प्रभाव को परिलक्षित कर भौगोलिक दृष्टि से सहस्रो मील दूर रह कर भी मानसिक दृष्टि से भारतीय जीवन पद्धति एवं चिन्ताधारा से निकटता अनुभव करने वाले वैदिक साहित्य भाषा विज्ञान तथा भारतीय तत्व विद्या के पाश्चात्य विपश्चितो मे मूर्धन्य प्रो मैक्स मूलर जैसा विद्वान भी दयानन्द की जीवनी पर कुछ लिखने के लिये लालायित हो उठा।

स्वामीजी के निधन के एक वर्ष पश्चात् ही उसने इंग्लैंड से प्रकाशित होने वाले एक मासिक पत्र मे उनके विषय में एक निबन्ध प्रकाशित कराया।३ पुनः इसी निबन्ध को उन्होने अपने Biographical Essays शीर्षक ग्रन्थ मे उद्धृत किया।४ मैक्समूलर लिखित जीवनी पर निबन्ध भारतीय पुनर्जागरण के सूत्रधार उन्नीसवीं शताब्दी के उन महापुरुषो के रेखा चित्र प्रस्तुत करते हैं जिनके धर्म शोधन समाज सस्कार तथा राष्ट्रहित विषयक कार्यों ने इस देश मे महती जागृति उत्पन्न की थी। कहना नही होगा कि राम मोहन राय केशवचन्द्र सेन तथा राम कृष्ण परम हंस की भांति दयानन्द सरस्वती के जीवनादर्शों का मूल्यांकन करते हुए मैक्समूलर ने इन सभी समानधर्मा युग पुरुषो का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया था। उसके अनुसार दयानन्द सरस्वती के जीवनादर्शों का मूल्यांकन करते हुए मैक्समूलर ने इन सभी समान धर्मा युग पुरुषो का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया था। उसके अनुसार दयानन्द सरस्वती द्वारा आर्यसमाज की स्थापना वैदिक धर्म को पुनरुज्जीवित करने का एक प्रयास था।५

---

१ द्रष्टव्य इन पंक्तियो के लेखक द्वारा सम्पादित दयानन्द दिग्विजयार्क प्रकाशक-आर्य साहित्य प्रचार ट्रस्ट दिल्ली।

२, यह प्रस्ताव अन्तरंग सभा की १ जुलाई १८८८ की अन्तरंग सभा की बैठक मे स्वीकृत हुआ था।

३ यह निबन्ध लन्दन से प्रकाशित होने वाले पाल माल गजट के जनवरी (अथवा फरवरी) १८८४ के अंक में छपा।

४ Ram Mohan to Ram Rrishna (प्रकाशक सुशील एण्ड क कलकत्ता) नामक पुस्तक जो प्रो मैक्समूलर के Biographical Essays का ही संक्षिप्त रूपान्तर है मे भी यह निबन्ध उद्धृत किया गया है।

५ This movement (The Arya Samaj) which was inaugurated by another man of the name of Dayanand Sarswati was proclaimed as the revival of ancient Vedic Religion

—

अमर शहीद पं. लेखराम जी के चरणों में श्रद्धांजली

ले०—श्री राम प्रकाश गौरव मा स बस्ती गुजा जालन्धर

कौम की बिगडी बनाने आए प लेखराम

कौम की बिगडी बनाने आए प लेखराम।
वेद की ज्योति जलाने आये प लेखराम॥
जा रहे थे अपने भाई दूसरो की गोद मे
उनको सीने से लगाने आये प लेखराम॥
आखिरी सांसों मे बच्चे को तडपता छोड कर।
सैकडो बन्धु बचाने आये प लेखराम॥
तुम ने इक जादू भरा तकरीर भी थी ला मिसाल।
देश की अजमत बढाने आये प लेखराम॥
मेरे मुरशद मेरे रहबर तुम को है मेरा सलाम।
पीने को जाम शहादत आये प लेखराम॥
ऐ शहीद कौम तुम पर है फिदा हर नौजवान।
जिन्दाबाद ऐ लेखराम जिन्दाबाद ऐ लेखराम॥

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

२९ नाहन में आर्य समाज की स्थापना—दिसम्बर १८९१ ई०।
३० सत्यार्थ प्रकाश का उर्दू अनुवाद करने की आज्ञा मांगना—अप्रैल १८९३ ई०।
३१ गृहस्थाश्रम में प्रवेश—३६वीं वर्ष के प्रारम्भ मे (संवत १९५० वि०।
३२ धर्म पत्नी का नाम—लक्ष्मीदेवी।
३३ दीन महम्मद और महम्मद मुस्तफा की शुद्धि—जुलाई १८९४ ई०।
३४ राधा स्वामी वैदिक धर्मी बना-दिसम्बर १८९४ ई०
३५ सिक्ख रिसाले के सवारो को मुसलमान बनने से बचाया १८९५ ई०।
३६ पुत्र रत्न की प्राप्ति—१८ मई १८९५ ई०।
३७ छोटे भाई तोताराम की मृत्यु—१२ जून १८९५ ई०।
३८ पिता जी (महता तारासिंह) की मृत्यु—मई १८९६ ई० मे।
३९ पुत्र (सुखदेव) का देहान्त जालन्धर मे—२८ अगस्त १८९६ ई०
४० धर्म पर बलिदान-६ मार्च १८९७ ई०।

ओम्प्रकाश आर्य

(७ पृष्ठ का शेष)

किसी भाई का कष्ट बिना अनुभव किए रह नही सकते थे। परन्तु कभी कभी विपक्षियो पर कड़ा आक्रमण भी करते थे। इसीलिए लाला काशीराम जी ने पंडित जी के मित्र और मान करने वाले भी हैं पंडित जी को आर्य समाज के अली की उपाधि दे रखी थी। परन्तु यह निर्भयता पंडित जी के लेखो मे प्रकाशित नही हुई इसकी समाप्ति शस्तुता के साथ ही हो जाती थी।

६ मार्च सन १८९७ ई० की सन्ध्या को एक कठोर हृदय मुसलमान जो शुद्धि का बहाना करके उनके पास आया था उनके गृह मे घोंप छूरी उनके पेट मे घुसेड कर भाग गया। दो बजे रात को अच्छी से अच्छी चिकित्सा होने पर भी गायत्री मन्त्र का जप करते हुए धर्मवीर लेखराम इस नाशवान शरीर को छोड़कर अपने सच्चे देश को पधार गए और चलते समय आर्य समाज के मेम्बरो को अन्तिम शिक्षा दे गए कि— लेख का काम बन्द न होने पावे।

आर्य महिला का[illegible] धियाना में समा[illegible]

आर्य कालेज लुधियाना प्रतिवर्ष राष्ट्रीय धार्मिक तथा सामाजिक समारोहों का आयोजन करता है एवं महापुरुषों और विशिष्ट व्यक्तियों के दिन बड़े उत्साह से मनाता है। गत वर्षों की तरह इस बार भी आर्य कालेज ने १२ ११ ८० को एक विशेष बहुउद्देशीय समारोह की व्यवस्था की। इस अवसर पर आर्य कालेज महिला विभाग के हाल में तीन महत्वपूर्ण व्यक्तियों के दिन मनाए गए। प्रथम मुन्शी प्रेमचन्द जी की प्रथम जन्म शताब्दी के रूप में दूसरे युग पुरुष महर्षि स्वामी दयानन्द जी के निर्वाण दिन के रूप में तथा तीसरे महाराजा रणजीत सिंह की दूसरी जन्म शताब्दी के रूप में। इस समारोह की अध्यक्षता पंजाब के प्रसिद्ध आर्य समाजी नेता आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के उपप्रधान श्री श्री रणवीर जी भाटिया ने की। मुंशी प्रेमचन्द जी के जीवन और कृतित्व को लेकर पंजाब विश्वविद्यालय [illegible] के प्रख्यात समालोचक [illegible] ने अपने मौलिक विचार [illegible] इस के पश्चात डा [illegible] स्वामी दयानन्द जी के जीवन पर प्रकाश डाला। तदनन्तर राजकीय कालेज लुधियाना के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डा बलजीत सिंह जी ने महाराजा रणजीत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कालेज की ओर से प्रकाशित मुंशी प्रेम चन्द एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन-परिचय पत्र श्रोताओं में बांटे गए। छात्राओं ने बड़े उत्साह से इस समारोह में भाग लिया। कुछ छात्राओं ने अपनी संगीत माधुरी के द्वारा श्रोताओं को रसास्वादन कराया। इसके बाद प्रधान महोदय ने इन तीनों महापुरुषों के सम्बन्ध में अपने मौलिक विचार रखे। अन्त में कालेज प्रिंसीपल महोदय श्री एस एल दत्त तथा महिला विभाग की अध्यक्षा श्रीमती सतीश जी ने सब प्रमुख वक्ताओं प्राध्यापिकाओं तथा प्राध्यापकों का धन्यवाद किया। यह समारोह सब प्रकार से सफल रहा।

देवदासी प्रथा को तुरन्त बन्द किया जाए

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री एवं भूतपूर्व संसदसदस्य श्री ओम प्रकाश जी त्यागी ने एक प्रैस वक्तव्य में कुछ समाचार पत्रों में [illegible] इस समाचार पर खेद और आश्चर्य [illegible] किया कि प्रति वर्ष कर्नाटक के सोन[illegible] नामक स्थान पर माघ पूर्णिमा के मेले [illegible] ५००० (पांच हजार) अबोध एवं न[illegible] विद बच्चियों को बलात् देवदासी बना[illegible] जाता है और बाद में उन्हें बम्बई आदि महानगरों के वेश्यालयों के दलाल खरीद-कर उन्हें बलात वेश्या बना देते हैं।

श्री त्यागी जी ने भारत की प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी से अपील करते हुए प्रार्थना की है कि भारतीय नारी का यह परम सौभाग्य है कि आप [illegible] महिला भारत की प्रधानमन्त्री [illegible] के रहते हुए भी यह प्रथा यदि [illegible] तो भारतीय नारी जाति का [illegible] होगा। उन्होंने प्रधानमन्त्री [illegible] है कि जिस प्रकार सरकार [illegible] से सती प्रथा को बन्द [illegible] उसी प्रकार इस देवदासी प्रथा को बन्द कराने के लिए तुरन्त कड़े कदम उठाकर अबोध बालिकाओं पर होने वाले इस अत्याचार को रोका जाए। यदि इस के लिए भारतीय संविधान में परिवर्तन करना पड़े तो करना चाहिए। भारत की देव भक्त जनता का इस दिशा में सरकार को समर्थन प्राप्त होगा।

—

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रैस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन, चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क १५) वर्ष १३, अंक ४६ २३ मार्गशीर्ष सम्वत २०३७ तदनुसार ७ दिसम्बर १९८० का अंक दयानन्दाब्द १५६

पंजाब में श्री रामचन्द्रराव 'वन्देमातरम्' का भव्य स्वागत

कादियां में प्रान्तीय आर्य सम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न

आर्य समाज के प्रसिद्ध नेता श्री रामचन्द्र राव वन्देमातरम हैदराबाद आन्ध्र प्रदेश से आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के निमन्त्रण पर कादियां में होने वाले प्रान्तीय आर्य सम्मेलन में भाग लेने के लिए २९ ११ ८० को पंजाब पधारे पहले लुधियाना स्टेशन पर लुधियाना के आर्य भाई बहिनों ने उनका स्वागत किया जब उनकी गाड़ी जालन्धर स्टेशन पर पहुंची तो उनके दर्शनों के लिए जालन्धर के आर्य बन्धु उमड़ पड़े। उनके साथ सार्वदेशिक सभा के प्रधान ला० रामगोपाल जी शालवाले भी थे। सैंकड़ों आर्य भाईयों और बहनों ने इस अवसर पर दोनों का भव्य स्वागत करते हुए फूल मालाओं से उनके गले को भर दिया श्री वन्देमातरम जी जिन्दाबाद के जयघोषों से आकाश गूंज उठा। आर्य स्कूल से आए स्कूल बैण्ड की ध्वनि गूंज पड़ी।

इस अवसर पर जालन्धर की लगभग सभी आर्य समाजों के आर्य बन्धु तथा आर्य हाई स्कूल बस्ती गुजां आर्य गर्ल्ज हाई स्कूल बस्ती नौ तथा हाथा हा० सै० स्कूल जालन्धर के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं और जालन्धर की स्त्री आर्य समाजों की आर्य बहनों और सभा के सारे स्टाफ तथा सभा के सभी अधिकारियों ने स्टेशन पर पहुंच कर अपने नेता का स्वागत किया।

३० ११ ८० को कादियां में प्रान्तीय आर्य सम्मेलन के अवसर पर सारे पंजाब के आर्य बन्धुओं ने श्री वन्देमातरम् जी का भव्य स्वागत किया। यह महान् सम्मेलन धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता देशभक्त क्रान्तिकारी वीर श्री वन्देमातरम जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ और इसका उद्घाटन सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री ला० रामगोपाल जी शालवाले ने किया। इस सम्मेलन को दयानन्द मठ दीनानगर के अध्यक्ष श्री स्वामी सर्वानन्द जी महाराज तथा दयानन्द मठ इस मुहल्ला जालन्धर के श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त था। यह सम्मेलन कादियां के प्रत्येक प्रकार की विचार धारा रखने वाले संगठन की सहानुभूति और सहयोग प्राप्त करने में भी सफल रहा। इस सम्मेलन में आर्य समाज के अतिरिक्त सनातन धर्मी बन्धु सिख बन्धु जैन बन्धु तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि भी स्वागत समारोह में बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए और धर्म वीर पंडित लेखराम जी के चरणों में भाव भीनी श्रद्धांजलियां अर्पित की।

इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री वीरेन्द्र जी ने कहा कि विख्यात स्वतन्त्रता सेनानी श्री रामचन्द्र राव ने स्वतन्त्रता

देश को सांप्रदायिकता से खतरा

आर्य समाज मुकाबला के लिए कृत संकल्प

श्री वन्देमातरम जी ने अपने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि आज देश को साम्प्रदायिकता से खतरा है आज साम्प्रदायिक बने रहे हैं यह भारत में मुसलमानों को ... उनको उकसाया जाता है यह सब अन्तर्राष्ट्रीय इस्लामी ... के अंग हैं इसी प्रकार ... भी ... भी भेष बदल कर विध्वंसक कार्यवाईयां करते हैं इन सभी का मुकाबला आर्य समाज ही कर सकता है

आपने कहा भारतीय संस्कृति में महिमा एवं पूजा योग्य होती है। इसी तरह मातृभूमि भाषा व संस्कृति की भी पूजा होनी चाहिए किन्तु हम इस ओर से उपेक्षा दिखा रहे हैं जो देश अपनी भाषा संस्कृति को भूल जाता है वह स्वतन्त्र नहीं रह सकता

आपने कहा हमारा देश शूरवीरों ऋषिमुनियों और तपस्वियों का देश है। हैदराबाद सत्याग्रह के समय हमने यह बात सिद्ध कर दी थी कि आर्य समाज बड़ी से बड़ी शक्ति के आगे भी झुकेगा नहीं। आपने कहा मैं श्री वीरेन्द्र का आभारी हूं जिन्होंने मुझे यहां बुलाकर आप सब भाई बहनों के दर्शन करने का अवसर प्रदान किया है। मैं कादियां के लोगों का भी आभारी हूं जो शहीद लेखराम स्मारक बना रहे हैं। आपने आन्ध्र प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से स्मारक को ५ हजार रुपया देने की घोषणा की। उनसे पूर्व श्री वीरेन्द्र जी ने आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से ११ हजार रुपया देने की घोषणा की। फिर बहुत से सज्जनों ने दान दिया।

—

संग्राम में जो बलिदान दिया है उसके आधार पर यह जीवित शहीद हैं। इन्होंने अपने रक्त से आजादी के वृक्ष को सींचा है। वन्दे मातरम का नारा लगाने पर इन्हें २४ कोड़ों की सजा दी गई किन्तु यह हर कोड़े के साथ वन्दे मातरम का नारा लगाते रहे आज यह हमारा सौभाग्य है कि हम इनका स्वागत कर रहे हैं।

(विशेष विवरण अन्दर पढ़ें)

श्वेताश्वेतरोपनिषद कथा माला—

परमेश्वर ही सृष्टि का कारण है

ले०—श्री सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार दिल्ली

(गतांक से आगे)

उपसंहार

इस उपनिषद् का आदि तथा अन्त एक ही दृष्टि कोण के अंग हैं। ब्रह्मवादी लोग एकत्रित होकर विचार कर रहे थे कि सृष्टि का कारण क्या है? कारणों पर सोचते हुए उन्होंने भिन्न भिन्न विकल्पों पर विचार किया। वे विकल्प थे—काल स्वभाव नियति यदृच्छा भूतानि योनि पुरुष इनका संयोग। योनि तथा पुरुष को अलग अलग गिनाने का अभिप्राय स्त्री तथा पुरुष से है। क्या सृष्टि का कारण स्त्री है या पुरुष है। इन आठों पर विचार करके यह निश्चय हुआ कि ब्रह्म ही सृष्टि का एकमात्र कारण है। प्रथम अध्याय तथा षष्ठ अध्याय के बीच जितने अध्याय आये हैं उन सब में इसी दृष्टिकोण से विचार किया गया है। अब अन्त में इस विचार प्रक्रिया का उपसंहार करते हुए कहते हैं।

कई विद्वान कहते हैं कि सृष्टि का कारण स्वभाव है—स्वभाव एके कवय वदन्ति कई दूसरे भ्रम में पड़े हुए कहते हैं कि सृष्टि का कारण काल है—काल तथा अन्ये परिमुह्यमानाः। परन्तु यह तो उस परमात्मदेव की संसार में महिमा ही है—देवस्य एष महिमा जिससे यह ब्रह्मचक्र घुमाया जा रहा है येन इदम् भ्राम्यते ब्रह्मचक्रम् ।१। इस उपनिषद् के प्रथम अध्याय के छठे श्लोक में भी भ्राम्यते ब्रह्मचक्रम्—इन शब्दों का उल्लेख है।

सृष्टि का कारण वह ब्रह्म कैसा है? वह ऐसा है कि जिससे यह सारी सृष्टि ढकी हुई है—येन आवृत नित्यम् इदं हि सर्वं जो सब कुछ जानता है ज्ञः जो काल का भी काल है—कालकारः जो दया ज्ञान आदि गुणों से युक्त है—गुणी जो सब विद्याओं को जानने वाला है—सर्वविद् य: ऐसा परमात्मा सृष्टि का रचयिता है उसी की अध्यक्षता में तेन ईशितम् कर्म निश्चय से चल रहा है कर्म विवर्तते है।

यह कहना कि पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश ये अपने आप सृष्टि का संचालन कर रहे हैं पृथ्वी अप तेज अनिल खानि यह बात चिन्तनीय है ठीक नहीं है—चिन्त्यम् ।२।

सृष्टि का आदि कारण ब्रह्म क्या करता है? वह सृष्टि रूपी कर्म का संचालन करके उस कर्म से फिर उससे निवृत्त हो जाता है—विनिवर्त्य भूय। हां सृष्टि चलती रहे इसके लिए तत्त्व का तत्त्व के साथ संयोग वह कर देता है तत्त्वस्य तत्त्वेन समेत्य योगम्। इस उपनिषद् के प्रथम अध्याय में काल स्वभाव नियति यदृच्छा भूत योनि संयोग आत्मा ये आठ सम्भावित कारण गिनाये गए थे इन्हीं को यहां तत्त्व (Elements) कहा गया है। काल से लेकर सूक्ष्म आत्मा तक जो तत्त्व हैं उनमें से एक दो तीन या आठों तत्त्वों के संयोग से ब्रह्म सृष्टिचक्र का निर्माण करता है—एकेन द्वाभ्यां त्रिभिरष्टभिर्वा ।३।

अभी कहा कि ब्रह्म रूपी कर्म का तत्त्वों के संयोग से आरम्भ करता है। किस प्रकार आरम्भ करता है? आरम्भ में सत्त्व रज तम—इन तीन गुणों से युक्त कर्म को अपने भाग में प्रवृत्त कर देता है। यह कर्म क्या है? प्रकृति का विकासोन्मुखी होना ही सृष्टि का आदि कर्म है। प्रकृति में सत्त्व रज तम—ये तीन गुण हैं सत्त्व रज तमसा साम्यावस्था प्रकृति। इन तीनों गुणों वाली प्रकृति के विकास कर्म को आरम्भ करके—आरभ्य कर्माणि गुणान्वितानि उसमें जीवात्मा के काम क्रोध मोह आदि भावों को जो जोड़ देता है भावांश्च सर्वान् विनियोजयेद् य: वही सृष्टि का आरम्भ कर देता है। अगर काम क्रोध मोह आदि को समाप्त कर दिया जाए—तेषा अभावे तो जो कर्म किया है उस का नाश हो जाता है—कृत कर्म नाश। कृतकर्म के नष्ट हो जाने पर—कर्मक्षये वह आत्मा अथवा परमात्मा—सृष्टि की रचना करने वाले आठों तत्त्वों से अलग हो जाता है याति स तत्त्वत अन्य ।४।

पहले कहा था कि सृष्टि की रचना एक दो तीन या आठ तत्त्वों के संयोग से होती है। इन तत्त्वों का संयोग ही त्रिगुणात्मक प्रकृति का कर्म है। परन्तु इस कर्म में काम क्रोध लोभ मोह आदि भावों के नियोजित होने पर ही कर्म में जान पड़ती है अन्यथा त्रिगुणात्मक प्रकृति तो जड़ ही है। काम क्रोध आदि भाव जीवात्मा के द्वारा प्रकृति का उपभोग करने पर प्रकृति को जीवित बनाते हैं और त्रिगुणात्मक प्रकृति के कर्म में कामनादि भावों से सम्मिश्रण न किया जाए तो कर्म का क्षय हो जाता है। प्रकृति के कर्म अर्थात् उसके विकास में या तो ईश्वर द्वारा जीवन पड़ता है या जीव द्वारा उसमें भाव का संचार कर देने से प्रकृति जीवित बन जाती है और सुख-दुःख का कारण बनती है। जीवन का गुर यह है कि त्रिगुणात्मक प्रकृति में जीवात्मा भाव का संचार न करे। भाव का संचार न करने से कर्म नहीं रहता उसका क्षय हो जाता है उदाहरणार्थ—

हम बुरा काम करते हैं। क्यों? एक व्यक्ति ने हमें गाली दी। उसे क्रोध आया था उसकी गाली सुनकर हमारा क्रोध भी भड़क उठा हमने गाली का जवाब गाली से दिया। मामला बढ़ गया डंडे चल पड़े कत्ल हो गया। यह सब क्यों हुआ? क्रोध से हुआ यह क्रोध ही तो भाव है कामना है भाव न होता तो कर्म न होता तो कर्म का जो लम्बा चौड़ा सिलसिला चल पड़ा वह भी न होता। असली वस्तु कर्म जो प्रकृति का त्रिगुणात्मक रूप है वह नहीं परन्तु भाव है—यह भाव ही कर्म में जान डालता है कर्म के—प्रकृति के त्रिगुणात्मक पाश से छूट जाने का उपाय भाव से—कामना से मुक्त हो जाना है। इसी को गीता में निष्काम कर्म कहा है। प्रकृति का त्रिगुणात्मक कर्म जीव को तभी तक बांध सकता है जब तक प्रकृति के कर्म में जीवात्मा के भाव का समावेश हो। भावों से अलग हो जाने पर कर्म तो चलता रहता है परन्तु क्योंकि उन कर्मों में भाव नहीं होता इसलिए कर्म बन्धन का कारण नहीं बनता। इसी को इस श्लोक में कृत कर्मनाश या कर्मक्षय कहा है।

वह ईश्वरों का परम महेश्वर है—त ईश्वराणां परमं महेश्वरम् वह देवों का परम देव है—तं देवतानां परमं च दैवतम् वह स्वामियों का परम स्वामी है—पति पतीनाम् जो कुछ परे है वह उससे भी परे है परमं परस्तात् ऐसे भुवनों के स्तुति योग्य देव को हम जानें—विदाम देवं भुवनेशमीड्यम् ।७।

उसे अपने लिए कुछ काम नहीं है अपने लिए कुछ करना नहीं है न तस्य कार्यं वह जो कुछ करता है उसके लिए किसी साधन की भी उसे आवश्यकता नहीं है न करणं च विद्यते उसके समान कोई नहीं दीख पड़ता न तत् समः च न उससे बड़ा ही कोई दीख पड़ता है अभ्यधिक दृश्यते। सुनते हैं उसकी परम शक्ति है पराऽस्य शक्ति भिन्न भिन्न प्रकार की है—विविधैव श्रूयते। उसमें ज्ञान बल क्रिया ये तीनों स्वाभाविक हैं—स्वाभाविकी ज्ञान बल क्रिया च ।८।

लोक में उसका कोई पति नहीं है अर्थात् उस पर शासन करने वाला कोई नहीं है न तस्य कश्चित् पति अस्ति लोके न उससे अधिक ऐश्वर्य वाला कोई है—न च ईशिता न ही उसका अपना कोई चिह्न है—न च तस्य लिंगम्। वह जगत् का कारण है स कारणम् वह साधनों के स्वामियों का भी स्वामी है—स करण अधिप अधिप उसका कोई उत्पादक नहीं है न च अस्य कश्चित् जनिता और न ही उसका कोई स्वामी है न च अधिप ।९।

जो परमात्मदेव मकड़ी की तरह ऊर्णनाभ इव प्रकृति के तन्तुओं से प्रधानजै तन्तुभि देव एक अपने को आवृत कर लेता है—स्व आवृणोत वैसे वह परमात्मदेव हमें स्वयं अपने में धारण करे और अपने में लीन करे दधातु ब्रह्म अप्ययम् ।१०। कहने का अभिप्राय यह है जैसे मकड़ा अपने भीतर के तन्तुओं से अपने को ढक लेता है जैसे ब्रह्म अपने को प्रकृति (प्रधान) से ढक लेता है वैसे ब्रह्म हमें अपने से ढक ले अर्थात् हम ब्रह्म से घिर जाएं।

परमदेव भगवान् ही एक है एक देव जो स्थावर-जंगम के अन्तस्तम में व्याप्त हैं सर्वभूतेषु गूढ। वे सब जगह व्याप रहे हैं सर्वव्यापी सब भूतों के अन्तरात्मा तक में विराजमान हैं सर्वभूत अन्तरात्मा। हमारे सब कर्मों के अध्यक्ष उनके फल देने वाले वही हैं कर्माध्यक्ष। सब स्थावर जंगम का उसी में अधिवास है केवल वही है अद्वितीय है सत्त्व रज तम इन गुणों से रहित है साक्षी चेता केवल निर्गुण च ।११।

वह अकेला संसार के निष्क्रिय तत्त्वों में सक्रिय है। इन तत्त्वों को अपने वश में रखने का काम वही इकला कर रहा है एक वशी निष्क्रियाणां बहूनाम् वह इकला इस बीज रूप प्रकृति से जो अपने आप में निष्क्रिय है अनेक नानाविध नाना रूप संसार बना देता है—एक बीजं बहुधा य करोति। जो इस नानाविध संसार के कण कण में उपस्थित है उसे जो अपने भीतर भी देख लेते हैं—त आत्मस्थं ये अनुपश्यन्ति धीरा उन्हें निरन्तर सुख प्राप्त होता है वैसा सुख शाश्वतम् दूसरों को नहीं न इतरेषाम् ।१२।

जो नित्यों का नित्य है नित्य नित्याणाम् चेतनों का चेतन है चेतन च चेतनानाम् जो एक होता हुआ अनेक जीवों की कामनाओं को पूर्ण करता है एक बहूनाम् विदधाति कामान्। सांख्य तथा योग से जाना जाता है कि सृष्टि का वही कारण है तत् कारणं सांख्य योग अधिगम्यम् यह जीव उस देव को जानकर सब बन्धनों से मुक्त हो जाता है ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्व पाशैः ।१३।

(शेष ८ पर)

आर्यसमाज के इतिहास के लिए महत्वपूर्ण सामग्री जुटाने के कार्य में सहयोग देने की प्रार्थना

आर्यसमाज के इतिहास की योजना को प्रस्तुत करते हुए मैंने आर्य जनता से निवेदन किया था कि आर्यसमाज का प्रामाणिक तथा सर्वांगपूर्ण इतिहास तभी तैयार किया जा सकता है जबकि उन सब पत्र पत्रिकाओं व पुस्तकों का संग्रह कर लिया जाए जिनका प्रकाशन महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवनकाल में ही प्रारम्भ हो गया था। इनमें वे समाचार तथा लेख आदि विद्यमान हैं जिनसे आर्यसमाज के प्रारम्भिक इतिहास पर प्रकाश पड़ता है, और जिनका उपयोग कर आर्यसमाज के प्रचार प्रसार तथा कार्यकलाप के विस्तार का विवरण लिखा जा सकता है। हमारा प्रयत्न यह है कि एक ऐसा संग्रहालय बनाया जाए जिसमें कि अब तक प्रकाशित सम्पूर्ण आर्य साहित्य एवं पत्र पत्रिकाएं एकत्र हों ताकि आर्यसमाज सम्बन्धी अध्ययन तथा शोध के लिए उन का उपयोग किया जा सके।

इस सम्बन्ध में हमें कैनबरा (आस्ट्रेलिया) की नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जी जोर्डन्स का एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने ये विचार प्रकट किये हैं आर्यसमाज के इतिहास की अत्यन्त महत्वपूर्ण दुर्लभ तथा बहुमूल्य सामग्री उत्तरी भारत के छोटे छोटे पुस्तकालयों एवं व्यक्तियों के पास बिखरी पड़ी है और दिनप्रतिदिन नष्ट होती जा रही है। सब से पूर्व आपको चाहिये कि इस सामग्री को एकत्र करें और एक स्थान पर उसका संग्रह कर सही ढंग से उसकी सूची तैयार कराएं। निस्संदेह यह काम बहुत बड़ा है। पर यदि इसे अब न कर लिया गया तो इस अमूल्य सामग्री का बड़ा भाग सदा के लिये नष्ट हो जाएगा। इस काम में बहुत अधिक धन व्यय करना पड़ेगा पर आर्यसमाज के लिए इससे बढ़कर धन का अन्य सदुपयोग नहीं हो सकता। आप सब मे पूर्व इस कार्य पर ध्यान दें। आर्यसमाज का प्रामाणिक इतिहास तैयार कर सकना तभी सम्भव हो सकेगा।

स्वामी दयानन्द सरस्वती पर प्रोफेसर जोर्डन्स का ग्रन्थ प्रकाशित हो चुका है। और उन द्वारा लिखित स्वामी श्रद्धानन्द ग्रन्थ शीघ्र प्रकाशित होने वाला है। आर्यसमाज की गतिविधि व कार्यकलाप उनके अध्ययन के विशेष विषय हैं। हमें विश्वास है कि आर्य जनता उनके विचारों को समुचित महत्व देगी और आर्यसमाज के इतिहास की आवश्यक सामग्री का संग्रह करने में उसका सक्रिय सहयोग हमें प्राप्त हो सकेगा। आपसे प्रार्थना है कि (१) आपके पास या आप के परिचित किन्हीं सज्जनों के पास या किसी स्थानीय पुस्तकालय में हिन्दी उर्दू अंग्रेजी बंगला गुजराती आदि भाषाओं की पुरानी पत्र पत्रिकाओं की फाइल या उनके फुटकर अंक हों तो उनकी जानकारी हमें देने की कृपा करें (२) उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चरण तथा बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में आर्य समाजों तथा आर्य पुस्तक प्रकाशकों द्वारा जो बहुत सा साहित्य प्रकाशित हुआ यदि उसकी कोई पुस्तक ट्रैक्ट आदि आपके परिचित किन्हीं सज्जनों के पास हो तो उनके विषय में भी हमें सूचित करने की कृपा करें।

हम इन पत्र पत्रिकाओं तथा साहित्य को समुचित मूल्य पर खरीदने को तैयार हैं। यदि आप इन्हें अपने पास ही रखना चाहें तो आपकी अनुमति से हम अपने खर्च पर इनकी कापी करा सकें। हमें विश्वास है कि इस कार्य के महत्व को दृष्टि में रखकर आप हमें पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

—सत्यकेतु विद्यालंकार आर्य स्वाध्याय केन्द्र ए १ ३२ सफदरजंग एन्क्लेव नई दिल्ली ११००१९

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए?

राष्ट्रपति को पंजाब में हिन्दी का सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं? यदि नहीं किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज में जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें।

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए हैं वह शीघ्र सभा कार्यालय में भिजवा दें।

—वीरेन्द्र

गुरुकुल कांगड़ी में वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिद्वार गत दिनों गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के विद्यालय विभाग के तत्वावधान में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही आधुनिक शिक्षा का एक मात्र विकल्प है विषय पर अन्तर्जनपदीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति आचार्य प्रियव्रत जी वेद वाचस्पति ने की। विश्वविद्यालय के आचार्य डा० निरुपण विद्यालंकार ने अध्यक्ष महोदय की सेवाओं का परिचय देते हुए प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी हूजा आई ए० एस० ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रगति पर सन्तोष व्यक्त करते हुए भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि तथा नगर के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं कर्मठ कांग्रेस के कार्यकर्ता श्री पारस कुमार जैन भूतपूर्व अध्यक्ष नगरपालिका का परिचय देते हुए डा० विष्णुदत्त राकेश ने विश्वविद्यालय तथा नगर के गणमान्य नागरिकों के पारस्परिक सम्पर्क के आवश्यकता पर बल दिया। पुरस्कार वितरण करते हुए श्री जैन ने विगत वर्षों के विश्वविद्यालीय सम्पर्क का जिकर किया तथा विश्वविद्यालय में शान्ति व्यवस्था तथा शिक्षा का समुचित वातावरण बनाने के लिए कुलपति जी को धन्यवाद दिया। वाद विवाद प्रतियोगिता में चल विजयी पुरस्कार ज्वालापुर इन्टर कालेज के छात्रों को मिला श्री राजीव लोचन ज्वालापुर इन्टर कालेज प्रथम कु० अर्चना सिंघल केन्द्रीय विद्यालय रुड़की द्वितीय तथा विपुल कुमार पार्श्वनाथ शिक्षा मन्दिर बी एच ई एल तृतीय रहे। प्रतियोगिता समारोह का संचालन विद्यालय के मुख्याध्यापक श्री ह० दीन नाथ जी शर्मा ने किया। सहायक मुख्याधिष्ठाता श्री जितेन्द्र जी गुरुकुल राजकीय स्नातकोत्तर कालेज के आचार्य डा० सुरेशचन्द्र जी शास्त्री वि्श्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग के भूतपूर्व निदेशक डा० सत्यदेव जी मिश्र तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय के संस्कृत रीडर डा० कृष्णकुमार जी ने गुरुकुल के अतीत गौरव को पुनः प्रतिष्ठापित करने पर बल दिया।

—

आर्य वीर दल के सदस्यों का नंगल में स्वागत

श्री राजासिंह आर्य सार्वदेशिक आर्य वीर दल के शिक्षक की अध्यक्षता में आर्य वीर दल के १७ नवयुवक नंगल पहुंचे भाखड़ा देखकर अत्यन्त प्रभावित हुए खाद फैक्ट्री देखी तथा स्थानीय समाजों के सदस्यों से विचार विमर्श किया।

—दयानन्द मलिक
मन्त्री

—

आवश्यकता है

आर्य समाज श्रीगंगानगर (राजस्थान) में एक ऐसे वीतराग महात्मा संन्यास अथवा वानप्रस्थी महानुभाव की आवश्यकता है जिन्होंने अपना जीवन वैदिक धर्म प्रचार हेतु अर्पित कर रखा हो आर्य समाज की ओर से ऐसे पूजनीय महात्मा का पूरी श्रद्धाभाव से सेवा सत्कार किया जाएगा और वैदिक धर्म प्रचार हेतु सब साधन जुटाए जायेंगे। कृपया मन्त्री आर्य समाज से सम्पर्क करने का कष्ट करें।

—मन्त्री आर्य समाज
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

—

आर्य प्र नि सभा हि प्र का वार्षिक निर्वाचन

प्रधान श्री स्वामी सदानन्द जी वरिष्ठ उपप्रधान श्री सत्यप्रकाश महेन्द्रीरत्ता शिमला उपप्रधान—श्री गोविन्दराम चौलधरा श्री धमदास बिलासपुर मन्त्री श्री भगवान चन्द्र उपमन्त्री—श्री मनोहर लाल आचार्य चम्बा श्री वेद प्रकाश जी नाठियाणी विजय मोहन सालन कोषाध्यक्ष श्री कृष्णचन्द्र आर्य सुन्दरनगर वेद प्रचार अधिष्ठाता—श्री केवलराम ज्वाला मुखी प्रचार मन्त्री—सदन कपूर।

अन्तरंग सदस्य—स्वामी सुमेधानन्द चम्बा प० विश्वम्भर चम्बा केदारनाथ सुन्दरनगर आचार्य रामानन्द सुन्दरनगर रामशरण सुन्दरनगर शक्ति मिलन सोलन श्री बंबूराम गोपाल सराहां स्वामी ब्रह्मानन्द राजगढ़ श्री इन्द्रजीत भाटिया श्री देशराज सूद शिमला श्री धनलाल शिमला श्री विद्यानिधि शास्त्री कसौली श्री भगवती प्रसाद प० चम्बा श्री महाशय तोताराम हमीरपुर।

प्रतिष्ठित—श्री रमेशचन्द्र जीवन कांगड़ा स्व० विवेकानन्द स्व० सुरेन्द्रानन्द परवाणू माता भागवती शिमला श्री रूपसिंह चौहान विधायक सभा संयोजक दीनानाथ एडवोकेट।

—भगवान चन्द्र मन्त्री

गुड़गांव में—

महर्षि दयानन्द निर्वाण शताब्दी

आर्य [illegible] प्रवर्तक महर्षि दयानन्द की [illegible] शताब्दी १ १२ ८० से ३-१२-८० [illegible] (हरियाणा) में मनाई [illegible] अवसर पर [illegible] आत्मा विद्व न आर्य नेता [illegible] तथा महर्षि के कार्यों पर प्रकाश डालेंगे तथा महर्षि को श्रद्धांजलि देंगे। शताब्दी पर ग अनुभूति द्वारा चित्रित ऋषि दर्शन चित्र [illegible] लगाया जायेगा। गुड़गांव और फरीदाबाद जिलों में ५० [illegible] [illegible] शताब्दी [illegible] प्रचारार्थ सभी ग्रामों पर किये जाए गे। शताब्दी की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई हैं स्वागत समिति के सदस्य बनाये जा रहे हैं। शोभा यात्रा समिति पण्डाल समिति ऋषि लंगर समिति आवास समिति तथा

[illegible] बलि रहे हैं।

आर्य समाज [illegible] में राम मन-धन से स [illegible] का परिचय दें [illegible]

—रामचन्द्र [illegible]

—

आचार्य देवप्रकाश जी [illegible]

आय बचत के प्रसिद्ध विद्व न् वैदिक सिद्धान्तों के तथा इस्लाम आदि [illegible] के पूर्ण ज्ञाता और कुरान परिचय आदि [illegible] पुस्तकों के रचयिता श्री आचार्य देव प्रकाश जी [illegible] से गम्भीर रूप से रोग ग्रस्त हैं। क्योंकि वे [illegible] वृद्ध (९५ वर्ष) के हैं अत उन [illegible] चिन्ताजनक है। उन्होंने [illegible] (विशेषकर मुसलमान [illegible]) [illegible] इस ९५ वर्ष की आयु में भी ग्राम-ग्राम में ईसाईयों को शुद्ध करके वैदिक धर्म में सम्मिलित करते रहे हैं।

इन दिनों श्री स्वामी सर्वानन्द जी महाराज उन्हें दयानन्द मठ दीनानगर

[illegible] के गए हैं। [illegible] उनकी पूर्ण [illegible] को [illegible] के स्वास्थ्य तथा [illegible] आयु के [illegible] भगवान से हार्दिक प्रार्थना करनी चाहिए।

—[illegible] शर्मा [illegible]

—

(४ पृष्ठ का शेष)

११ त्वं हि न पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ।

(ऋ ८-९८-११)

१४ अस्माक मस्तु केवल

(ऋ १७-१०)

१५ इन्द्र प्रात ईशानहे।

(ऋ १११९)

[illegible]

[illegible] विश्व व भुवनों [illegible]

एक सद् विप्रा बहुधा वदन्त्य-ग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः॥

(ऋ० १।१६४।४६)

—

[illegible] तब सूर्य [illegible] और न तारों का यहा [illegible] प्रकाश, वहाँ बिजलियां [illegible] चमकती न हुआ [illegible] अग्नि [illegible] सब [illegible] प्रकाश है उसी के प्रकाश से सूर्य चन्द्र, तारे, बिजली अग्नि को [illegible] अनुभाति सर्वम् उसी के प्रकाश से ये सब प्रकाशमान हो रहे हैं [illegible] इदम् विभाति।१९।

जब लोग मन व आकाश को लपेटने [illegible] मानव [illegible] देव के जाने बिना [illegible] देव [illegible] दुःख का अन्त होगे [illegible] दुःखस्य अन्त भविष्यति।२०।

अर्थात् जैसे मनुष्य [illegible] [illegible] देव को [illegible] दुःख [illegible] सकता।

[illegible] आदि से [illegible] सर्वांत [illegible] को भी [illegible] में [illegible] से सम्मिलित होकर उनके पास ज्ञान प्राप्त करने आए थे उन्होंने उपदेश दिया

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रेस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क 15) वर्ष 13, अंक 47 30 मार्गशीर्ष सम्वत् 2037 तदनुसार 14 दिसम्बर 1980 का अंक दयानन्दाब्द 156

पंडित लेखराम के चरण-चिन्हों पर चलने का संकल्प लें

साहित्य प्रचार के साधनों को सुदृढ़ बनाएं

30 नवम्बर को कादियां में सम्पन्न हुए श्री पण्डित लेखराम स्मारक प्रान्तीय आर्य सम्मेलन में स्वीकृत प्रस्ताव—

प्रस्ताव नं० १

अमर शहीद पण्डित लेखराम जी आर्य मुसाफिर का जीवन काल सन १८५८ से सन १८९७ का था। कुल मिलाकर उन्हें जीवन के चालीस वर्ष मिले थे। सन १८८० में अजमेर में उन्होंने महर्षि दयानन्द के दर्शन किये थे। इससे पूर्व उन्हें श्री मुन्शी कन्हैयालाल अलखधारी की पुस्तकों से ऋषि दयानन्द और आर्य समाज का परिचय मिल चुका था किन्तु इस मुलाकात में उनके बचे खुचे संशय भी समाप्त हो गये और उनके दिल में वे नास्तिकता ही हो गई और वह सदा के लिए आर्य समाज के हो गए। आर्य समाज और ऋषि दयानन्द के प्रति उनकी श्रद्धा और निष्ठा का यह परिणाम था कि वह पुलिस सर्विस में चार वर्ष से अधिक न टिक सके और सन १८८१ में सारजैण्ट लेखराम से पण्डित लेखराम बनकर आर्य समाज के प्रचारक बन गए।

इसके पश्चात उन्हें लगभग तेरह वर्ष काम करने के लिये मिले इस समूचे काल में वह दिन रात आर्य समाज के प्रचारार्थ सफर में रहे। इस लिए वह आर्य मुसाफिर तथा आर्य पथिक के नाम से प्रसिद्ध हुए कई शास्त्रार्थ किये सभा के पत्र आर्य गजट का सम्पादन किया और समूचे राजस्थान तथा ऋषि से सम्बन्धित अन्य प्रदेशों में घूम फिरकर ऋषि दयानन्द महाराज का जीवन चरित्र संकलित किया और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने इतने व्यस्त जीवन में छोटी बड़ी तैंतीस पुस्तकें उर्दू भाषा में लिखकर छोड़ गए जिन्हें उनकी शहादत के पश्चात महाशय मुन्शीराम ने कुल्लियात आर्य मुसाफिर के नाम से प्रकाशित कराया। इन सभी पुस्तकों से उनके विस्तृत स्वाध्याय तथा गम्भीर अनुसंधान का पता चलता है।

वस्तुतः वह एक आदर्श प्रचारक निर्भीक वक्ता सिद्ध शास्त्रार्थ महारथी स्वसेवी कार्य मिशनरी तथा आर्य समाज के एक ऐसे त्यागी तपस्वी और तपस्वी त्यागी उपदेशक थे जिन्होंने न केवल अपने धर्म की रक्षा के लिए शास्त्रार्थ उठाये प्रत्युत विधर्मियों पर भी ऐसे भरपूर आक्रमण किये कि जिससे उनकी गति मन्द हो गई। यहां तक कि उन्हें हमारे धर्म ग्रन्थों की आलोचना के स्थान पर अपने धर्म ग्रन्थों की व्यवस्थाएं बदलनी पड़ीं परिणाम स्वरूप सहस्रों लोग हिन्दू धर्म परिवर्तन के पाप से बच गए।

निश्चय ही आज उस कर्मठ महापुरुष के स्मारक के उद्घाटन के अवसर पर हम पंजाब प्रान्त के सब नर नारी हृदय से उनके चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आर्य समाज के लिए किए गए महान् कार्यों के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं और प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि वह हमें उनके चरण चिन्हों पर चलने की शक्ति और बुद्धि प्रदान करें।

प्रस्ताव नं० २

पंजाब के आर्य समाज का यह प्रान्तीय आर्य सम्मेलन अमर शहीद पण्डित लेखराम के स्मारक के उद्घाटन के अवसर पर उनके अन्तिम सन्देश (वसीयत) को बड़ी श्रद्धा के साथ स्मरण करता है और पंजाब के आर्य बन्धुओं से यह सानुरोध आग्रह करता है कि वे निजी रूप में और सामाजिक रूप में आर्य समाज में लेख के काम को उन्नत करने में अपना भरपूर सहयोग दें। अपने परिवारों तथा समाज के सदस्यों में स्वाध्याय की प्रवृत्ति बढ़ाने के लिए उनमें आर्य समाज का अच्छा से अच्छा साहित्य वितरित करें और अन्य समाजी पत्रों का अधिक से अधिक प्रसार करें तथा उन्हें ज्यादा से ज्यादा संख्या में दें। आज के प्रसार युग में प्रचार का सबसे उत्तम साधन साहित्य और प्रचार पत्र है। यह सम्मेलन पंजाब के आर्य जगत को अपने इन दोनों साधनों को सुदृढ़ बनाने की अपील करता है और आशा रखता है कि वह सभा को इस सम्बन्ध में भरपूर सहयोग देंगे।

अंग्रेजी का स्थान हिन्दी को दिया जाए शिक्षा माध्यम चुनने का अधिकार माता पिता को हो।

प्रस्ताव नं० ३

जब से पंजाब का बटवारा किया गया है पंजाब के हिन्दी प्रेमी बार बार यह मांग कर चुके हैं कि पंजाब में हिन्दी को भी राज प्रबन्ध में उचित स्थान मिलना चाहिए परन्तु पंजाब की कोई सरकार हमारी इस मांग को अभी तक स्वीकार करने को तैयार नहीं हुई। यद्यपि सुप्रीमकोर्ट भी यह कह चुका है कि पंजाब में एक भाषायी अल्पसंख्यक भी है जिनकी भाषा हिन्दी है और अब भाषायी अल्पसंख्यक आयोग ने भी यह कह दिया है कि पंजाब में भाषायी अल्पसंख्यक है फिर भी सरकार हमें वह अधिकार देने को तैयार नहीं हुई जो विधान के अनुसार और समय समय पर केन्द्रीय सरकार के निश्चयों के अनुसार हमें मिलने चाहिए। हम पंजाब सरकार के लिए कोई नई समस्या खड़ी करना नहीं चाहते हैं परन्तु इसी के साथ हम यह भी आवश्यक समझते हैं कि हमें वे अधिकार मिलने चाहिए जिनके हम अधिकारी हैं इसलिए पंजाब की सरकार का ध्यान इस समस्या की ओर दिलाते हुए उससे यह मांग करते हैं कि—

१ शिक्षा माध्यम के निर्णय करने का अधिकार बालक और बालिका के माता पिता को होना चाहिए

२ प्रदेश के राज्य प्रबन्ध में हिन्दी अंग्रेजी का स्थान ले

हम पंजाबी के विरोधी नहीं हैं उसकी उन्नति और प्रचार के लिए सरकार जो कुछ भी करेगी हम उसका स्वागत करेंगे परन्तु उसी के साथ यह भी आवश्यक है कि हिन्दी जो कि देश की राष्ट्र भाषा है और पंजाब की बहुत बड़ी संख्या की मातृ भाषा भी है और आम प्रयोग की भाषा भी है उसे भी उचित और आदर स्थान दिया जाए। इसी के साथ यह बात बिल्कुल स्पष्ट कर देनी चाहिए कि हम पंजाबी के विरोधी नहीं हैं हिन्दी के समर्थक अवश्य हैं और यह वह भाषा है जो सन्तों और महात्माओं की भाषा रही है और आज भी है और जो कि गुरुगोविन्दसिंह जी महाराज की मातृ भाषा थी। इस भाषा को पंजाब में उचित स्थान दिलाना प्रत्येक हिन्दी प्रेमी का एक कर्तव्य बन जाता है। इसलिए पंजाब सरकार से यह मांग करते हैं कि वह पंजाब में हिन्दी को वह ही न्यायोचित स्थान दे जो दूसरे प्रदेशों में वहां की अल्पसंख्यक भाषाओं को मिला हुआ है।

मनसा परिक्रमा-प्रथम मंत्र

ले०—सुरेशचन्द्र वेदालंकार एम ए एल टी १७१ आफुरा बाजार गोरखपुर)

ओं प्राची दिगग्निरधिपति
रसितो रक्षितादित्या इषव ।
तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो
रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्योऽस्तु ।
योऽस्मान द्वेष्टि य वय द्विष्मस्त
वो जम्भे दध्म । अथर्व०३ २७-१

(प्राची) आगे बढने की (दिक) दिशा है उस प्राची दिशा में (अग्नि) अग्नि स्वरूप भगवान (अधिपति) स्वामी है। वह आदर्श है। (असित) बन्धन रहित होने का भाव (रक्षिता) रक्षा करने वाला है। (आदित्या) आदित्य ब्रह्मचारी गण सच्चे विद्वान् (इषव) प्रेरक या सहायक हैं। (तेभ्य) उस (अधिपतिभ्य) अग्रणी भगवान को (नम) नमस्कार है। (इषुभ्य) प्रेरक या सहायक आदित्यों को (नम) नमस्कार हो। (एभ्य) इन सब को नमस्कार (अस्तु) हो (य) जो (अस्मान) हमको (द्वेष्टि) द्वेष करता है (य) जिसको (वय) हम (द्विष्म) द्वेष की भावना से देखते हैं (त) उस द्वेष भाव को (व) आपके (जम्भे) दाढ में (दध्म) रखते हैं।

साधक मन की स्वच्छन्द दौड समाप्त करता है। वह मन के द्वारा अब वह विशेष प्रकार की परिक्रमा करता है वह प्राची दिशा की ओर चलता है। प्राची शब्द प्र तथा अञ्च् शब्दों से मिलकर बना है प्र शब्द का अर्थ प्रकृष्ट रूप से अच्छी तरह से उत्कर्ष की ओर अञ्च का अर्थ है गति करना इसका मतलब हुआ कि हम जीवन मे आगे की ओर बढ़ने का प्रयत्न करें। जीवन की दौड में आगे बढना साधक का लक्ष्य है।

मनुष्य मे आगे बढने की महत्वाकांक्षा रहती है ऋग्वेद ८ १० ५ मन्त्र मे हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं प्रथम न रथ कृधि हे प्रभो मेरे जीवन रूपी रथ को आगे कर दो जीवन रूपी रथ को आगे बढाना अग्नि अग्रणी भगवान की सच्ची उपासना है निरुक्त में अग्नि शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा गया है अग्नि कस्मात् ? अग्नि क्यो कहते हैं ? अग्रणी भवति सबसे आगे रहता है और अग्र यज्ञेषु प्रणीयत यज्ञो मे सबसे आगे ले जाया जाता है इसलिए अग्नि नाम पडता है अग्नि का अर्थ है आग और आग का काम है आगे बढना ऊपर उठना मनुष्य के जीवन का भी यही ध्येय होना चाहिए आगे बढना ऊपर उठना।

चलते चलते कई बार आदमी को ठोकर भी लगनी है वह फिसल भी जाता है गिर भी जाता है तो गिरने के बाद क्या करना चाहिए ? यदि तुम गिर गए हो तो फिर मन पर ध्यान उठो फिर आगे बढो यह जीवन आगे बढने के लिए है उपर उठने के लिए है अग्नि तुम्हारा आदर्श है उसके सामने रुकावट आती है तो क्या वह रुक जाती है। नही वह ता उसे जलाके आगे ही आगे बढती है। इसलिए यदि तुम दुनिया में सुखी होना चाहते हो उन्नत होना चाहते हो तो आगे ही आगे बढने की बात सोचो सुख चाहते हो तो दुख का चिन्तन छोड दो। वैभव पाना है तो निर्धनता से निराश होना छोड दो तुम स्वय विजय हो विजय के लिए ही तुम्हारा जन्म हुआ। जीवन के इस सघर्ष मे निराशा को कोई स्थान नही है तुम अपनी शक्तियो और योग्यताओं पर विश्वास करो याद रखो तुम महान लक्ष्य की ओर आगे ही आगे बढते जाओगे आगे बढने का एक गुर मैं तुम्हें बताता हू ऊचे से ऊचे स्थान पर पहुचना चाहते हो तो अपने उद्योग को नीची से नीची सतह से आरम्भ करो और उसके प्रत्येक स्वरूप को समझ कर धीरे धीरे काम करो। आपका जीवन उच्चता के शिखर पर पहुच जाए इसके लिए आवश्यक है कि आपके पास साहस का भण्डार हो जब आपको अपनी अनन्त शक्ति का विश्वास हो जाएगा तब आप ऊचे ही ऊचे चढते चले जाएगे। यही है प्रभु के अग्नि रूप की उपासना। ऋग्वेद १० ७३ मे कहा है

आ देवानामपि पन्थामगन्म यच्छ
क्नवाम तदनु प्रवोलहुम

हम देवो के मार्ग पर गमन करें जिससे कि उनके मार्ग पर चलते हुए उनका अनुसरण करते हुए हम अपने कर्तव्य भार को उनकी भान्ति वहन करने मे समर्थ हो सके वेद का यह ओजस्वी मन्त्र अपने जीवन का लक्ष्य बना लो

उत्क्रामत पुरुषमाव पत्था मृत्यो पड्वीशमव मु चमान । मा च्छित्था अस्मा ल्लोकादग्ने सूर्यस्य सदृश ।

अथर्व० ८ १ ४

हे पुरुष ! उठ खडा हो आगे बढ उन्नति कर नीचे मत गिर अवनति की ओर मत जा यदि मृत्यु भी तेरे सामने आकर खडी हो जाए तो भी उसकी परवाह मत कर मौत की बेडियों को काटता हुआ आगे बढ सदा उस अग्नि और सूर्य के सम्मान परमेश्वर की ज्योति का ध्यान कर। इस प्रकार आगे बढना हमारा लक्ष्य हुआ और अग्रणी भगवान अग्नि स्वरूप भगवान आगे बढने के लक्ष्य मे आदर्श हैं। अर्थात अग्नि के प्रकाश भस्मशीलता और आगे बढने का गुण हमें धारण करना चाहिए। सदा सोचिए मैं आगे बढ गया। ज्ञान विज्ञान वीर्य शूरता स्वाध्याय दानशीलता व्यापार में आगे बढू या अथवा नो रथ कृधि मेरा शरीर रूपी रथ आगे रहेगा—सबसे आगे रहेगा।

अग्नि मे घबराहट नही चिन्ता नही रुकना नही ठहरना नही। जब तक प्राण है तब तक आगे बढ़ो जरूर। कही एक छोटी चिंगारी भी रह जाए तो आगे बढते हुए वह महा प्रचण्ड ज्वाला का रूप धारण कर गाव के गाव को सपूर्ण नगर को जलाकर राख कर देगी। ऐसे ही मेरे भाई निरन्तर आगे बढो आगे बढो।

हा कहा तक आगे बढे। आदर्श अग्नि परमात्मा है। ज्ञान बल इत्यादि गुणों की वह पराकाष्ठा है। वह अन्तिम सीमा है जहा तक कोई बढ सकता है। राम कृष्ण बुद्ध दयानन्द महात्मा गान्धी स्वामी श्रद्धानन्द इत्यादि महापुरुष अग्रणी हैं। परमात्मा परम अग्नि है। वह अग्रणियों मे अग्रणी है। हमे उसी प्रभु को लक्ष्य रखकर बढते चलना है।

इस प्रकार साधक प्राची दिशा की ओर अपने कदम उठा रहा है। अग्निस्वरूप परमेश्वर उसका लक्ष्य है। साधक यह निकलते वाला असित रास्ते के जीवन के लिए आगे के पाथेय चाहता है। पाथेय की उस पोटली मे क्या रखकर निकला है साधक ? मन्त्र कहता है असितो रक्षिता बन्धन रहित होने का भाव ही रक्षक है। असित शब्द सिञ् बन्धने धातु से बना है। सिञ् धातु से सित शब्द बना है सित का अर्थ है बन्धा हुआ और असित का अर्थ है न बन्धा हुआ है।

अग्नि को आदर्श बनाकर पथिक प्राची की दिशा की ओर चल रहा है। आगे बढने मे उसे बन्धन रुकावट के रूप में आकर बाधा डालते हैं। यह बन्धन कौन से हैं—विषय या भोग विलास। विषयो का चिन्तन आगे बढने से रोकता ही नही हमे विनाश की ओर ले जाता है आगे बढने का नाम न लेता है न समतल आगे बढने के लिए निश्चय इच्छा शक्ति हिम्मत और लगन चाहिए। वह व्यक्ति जो विषयो के बन्धन तोडकर और परिश्रम से आगे बढता है ऐसे व्यक्ति का ससार प्रणाम करता है लोग उससे प्रेरणा लेते हैं उसके पास खिंचे चले आते हैं। यह विषय कैसे बाधते हैं ?

फ्रायड इत्यादि पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक विषयो स्वतन्त्र सेवन से विषय समाप्त हो जाते है भोग भोगने से मानसिक तृप्ति हो जाती है। परन्तु हम देखते हैं और अनुभव करते हैं कि विषय वासना शान्त होकर फिर जागती है यह उसका स्वभाव है। इसीलिए मनु जी ने कहा है—

न जातु काम कामानामुपभोगे
न शाम्यति
हविषा कृष्ण वर्त्मेव भूयएवाभिवर्द्धते।

अर्थात—उत्पन्न हुई वासना वासना के उपभोग से शान्त नही होती परन्तु घी डालने से जैसे आग बढती है वैसे ही बढती जाती है। (क्रमश)

श्री प्रेम प्रकाश जी को आघात

आर्य समाज ऋषि कृष्ण पक्का बाग के कर्मठ कार्यकर्ता श्री प्रेम प्रकाश जी की सुयोग्य सुपुत्री उषारानी एम० ए० बी० एड० का स्वर्गवास ५ १२ ८० को लुधियाना मे उनके ससुराल गृह में स्टोव से आग लगने पर हो गया। उषारानी के विवाह को अभी ८ मास भी नहीं हुए थे। सुपुत्री के स्वर्गवास से श्री प्रेम प्रकाश जी व उनके परिवार को जो आघात पहुचा है उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। बहन उषारानी सभी से स्नेह करने वाली तथा बडी मधुर भाषी लडकी थी जिसकी मृत्यु का समाचार पाकर सभी को बडा दुख हुआ।

आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब और आर्य समाज ऋषि कृष्ण पक्का बाग जालन्धर ने एक शोक प्रस्ताव पारित करते हुए दिवगतात्मा की सद्गति और श्री प्रेम प्रकाश जी के परिवार को इस असह्य दुख को सहन करने की शक्ति देने की परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की।

सम्पादकीय—

सदा स्मरणीय महापुरुष

एक मास के अन्दर ऐसे दो दिन आ रहे हैं जबकि हम अपने दो महापुरुषों के चरणों में श्रद्धाञ्जलि भेंट कर सकेंगे। १२ दिसम्बर श्री गुरु तेगबहादुर जी का शहीदी दिवस है और १२ जनवरी श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का जन्म दिवस है। इन दोनों के साथ हिन्दू जाति का एक विशेष सम्बन्ध है। गुरु तेग बहादुर जी ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। औरंगजेब ने उन्हें स्वयं दिल्ली नहीं बुलाया था। किन्तु जब काश्मीर के ब्राह्मणों ने उन्हें जाकर कहा कि उन पर अत्याचार हो रहे हैं तो उन्होंने उत्तर दिया कि इसे रोकने के लिए एक बड़े बलिदान की आवश्यकता है। कहते हैं कि नौ वर्ष के गोविन्द राय उनके पास बैठे थे। अपने पिता जी की बात सुन कर वह कहने लगे कि आप से बड़ा बलिदान और क्या हो सकता है। इस पर गुरु महाराज ने काश्मीरी ब्राह्मणों से कहा कि वे औरंगजेब से जा कर कह दें कि यदि तेग बहादुर इस्लाम स्वीकार कर लें तो हम भी कर लेंगे। इस पर काश्मीरी ब्राह्मणों ने औरंगजेब से जा कर कहा कि वह उन्हें क्यों तंग कर रहा है। वह गुरु तेग बहादुर को बुला कर उन्हें इस्लाम स्वीकार करने के लिए कहे और यदि वह तैयार हो जाएंगे तो हम भी हो जाएंगे। इस पर गुरु तेग बहादुर को दिल्ली बुलाया गया। वहां जो कुछ हुआ वह अब हमारे इतिहास का एक ऐसा अध्याय बन चुका है जिसे हम जितना भी गर्व करें कम है। १२ दिसम्बर को गुरु तेग बहादुर को शहीद कर दिया गया। हमारे अकाली मित्र तो कहते हैं कि उनका हिन्दुओं के साथ कोई सम्बन्ध नहीं। उन्हें यह कहते हुए शर्म भी महसूस नहीं होती। जब वह यह कहते हैं तो गुरु तेग बहादुर का अपमान करते हैं। गुरु महाराज यदि हिन्दू धर्म को अपना धर्म और हिन्दुओं को अपना ही भाई न समझते तो उन्हें अपना बलिदान देने की कोई आवश्यकता नहीं थी। किन्तु अकाली जो कुछ कहते हैं हमें उसकी चिन्ता नहीं करनी चाहिए। हमें तो यह देखना है कि गुरु तेग बहादुर का हमारे ऊपर जो उपकार है हम उसे कैसे उतार सकते हैं। १२ दिसम्बर को बलिदान दिवस मनाकर उस महापुरुष के चरणों में हमें अपनी श्रद्धाञ्जलि भेंट करनी चाहिए। जैसा कि मैं पहले भी कई बार लिख चुका हूं कि अकाली हिन्दुओं में शामिल नहीं होना चाहते तो न हों। हम भी उन्हें अपने साथ शामिल करना नहीं चाहते। वे हिन्दुओं से दूर ही रहें तो अच्छा है। किन्तु गुरु साहिबान को तो वे हम से छीन नहीं सकते। इतिहास साक्षी है कि गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविन्द सिंह तक सभी गुरु साहिबान हिन्दू थे। गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा को सजाया था तो हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए। इसलिए हमारे दिल में गुरु साहिबान के लिए वही श्रद्धाभाव है जो हमारे अन्य महापुरुषों के लिए है। गुरु तेग बहादुर के प्रति विशेष श्रद्धा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था।

जहां तक गुरु गोविन्द सिंह जी का सम्बन्ध है एक तो उन्होंने अपने पिता को धर्म की रक्षा के लिये अपना बलिदान देने के लिये तैयार किया। और दूसरा यह कि वह हिन्दू देवी-देवताओं के उतने ही भक्त थे जितना कि कोई अन्य हिन्दू। वह नयनादेवी तथा आनन्दपुर साहिब दोनों स्थानों पर हवन यज्ञ करवाते रहे। लेकिन मैं तो उन्हें इसलिये भी कभी भूल नहीं सकता कि वह हिन्दी साहित्य के एक बहुत बड़े कवि थे। आज के अकाली तो हिन्दी के विरुद्ध हर समय लठ लिये फिरते हैं। गुरु गोविन्द सिंह जी ने तो कभी भी किसी से यह नहीं कहा था कि वह हिन्दी न पढ़ें। उनका लिखा हुआ विचित्र नाटक सारा ही हिन्दी में है। और गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी तो यह भी कह चुकी है कि उनकी मातृ भाषा हिन्दी थी। ऐसी स्थिति में जब कि पंजाब में हिन्दी का नामो निशान मिटाने का प्रयत्न हो रहा है तो जिन लोगों के दिल में गुरु गोविन्दसिंह के लिए वास्तव में ही श्रद्धाभाव है उनका यह कर्तव्य है कि वे पंजाब में हिन्दी को जीवित रखने के लिये जो कुछ भी कर सकते हैं करें। गुरु गोविन्द जी ने तो कई लोगों को बनारस भेजा था कि वे वहां जाकर संस्कृत पढ़ें। और उन्होंने बनारस से एक पंडित को भी बुलाया था जिससे वह स्वयं हिन्दी और संस्कृत पढ़ते रहे। आज हम जब यह मांग करते हैं कि हमें यह अधिकार दिया जावे कि हम अपने बच्चों को हिन्दी माध्यम से शिक्षा दे सकें तो अकाली हमारी बात स्वीकार करने को तैयार नहीं होते। लेकिन हमने वह रास्ता नहीं अपनाना जो अकाली करना चाहते हैं। इसलिये हमारा यह कर्तव्य बन जाता है कि पंजाब में हिन्दी की रक्षा के लिये जो कुछ भी कर सकते हैं करें। यह इसलिये भी आवश्यक है कि आगामी वर्ष के आरम्भ में जनगणना भी होने वाली है। उस समय भी हमारे सामने यह प्रश्न आयेगा कि हम क्या हैं और हमारी भाषा क्या है? भाषा के सम्बन्ध में तो अब मामला स्पष्ट हो गया है। कोई हमसे पूछे कि तुम्हारी मातृ भाषा क्या है तो हम कह सकते हैं कि वही जो गुरु गोविन्दसिंह महाराज की थी अर्थात् हिन्दी। दोनों और भाषा में धरती और आकाश का अन्तर होता है अकाली इसे नहीं समझ सकते। इसके लिये विचार की आवश्यकता है। गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज इस समस्या को अच्छी तरह समझते थे। इसीलिए उन्होंने हिन्दी में इतना साहित्य लिखा। स्वयं हिन्दी पढ़ी और दूसरों को पढ़ने के लिये कहा। जब मैं यह कहता हूं कि १२ जनवरी का दिन जो गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज का जन्म दिन है वह हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाये तो यह केवल इसलिए कि उस भाषा का प्रचार किया जाय जिसमें गुरु गोविन्द जी ने अपना साहित्य लिखा था। हिन्दी पढ़े बिना गुरु गोविन्दसिंह का साहित्य भी नहीं पढ़ा जा सकता। मैं तो यह भी कहूंगा कि जो लोग हिन्दी और संस्कृत नहीं जानते वे ग्रन्थ साहिब को भी ठीक तरह से नहीं समझ सकते। उसमें कुछ ऐसे सन्तों की वाणी है जो पंजाबी बिल्कुल नहीं जानते थे इसलिए यह और भी अनिवार्य हो जाता है कि हम हिन्दी और संस्कृत दोनों भाषाएं पढ़ें। इनके साथ अब पंजाबी भी पढ़नी चाहिए। और भी जितनी भाषाएं पढ़ सकते हैं पढ़ें किन्तु हिन्दी अवश्य पढ़ें। इसलिए १२ दिसम्बर का दिन गुरु तेगबहादुर की स्मृति में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाए और १२ जनवरी का दिन गुरु गोविन्दसिंह की स्मृति में हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाए।

—वीरेन्द्र

कहां गये वे भारत लाल

सन् १८५७ के प्रथम संग्राम की कहानी बड़ी प्रेरणादायक और उस समय के वीरों के अद्भुत साहस देश भक्ति तथा बलिदान की भावना का परिचय देने वाली है। काश कि आज उन बलिदानी वीरों के जीवनादर्श हमारे बच्चों को पढ़ाए सुनाए जाते। इन्हें उसी समय ढांचे में ढालने का व्यवस्थित यत्न किया जाता—हमारा देश अन्दर से कितना सुदृढ़ होता हमारे नवयुवक और नवयुवतियां जो आज विलासी बनते जा रहे हैं—वे देश भक्ति की पवित्र भावना से भरपूर होते और घर घर देश भक्ति के तराने गाए जाया करते तब भारत देश भूमि भारत सचमुच संसार का पूजनीय गुरु बना होता परन्तु दुर्भाग्य है कि हम ऐसा न कर सके। हमारे शासकों का तथा प्रजा जनों का ध्यान उन बलिदानों की वीर गाथाओं के महत्व को समझते हुए उधर खिंच सके इसी भावना से कर्नल मेडोज टेलर द्वारा लिखित स्टोरी आफ माई लाईफ नामक पुस्तक से हम एक छोटी आयु के राजा की वीर गाथा उद्धृत कर रहे हैं।

सन १८५७ की आजादी की पहली लड़ाई का नाम अंग्रेज विप्लव या गदर का नाम देता रहा। ऐसा नाम देकर ही वह मनमाने अत्याचार कर सकता था और कौन नहीं जानता कि इस नाम की आड़ लेकर उसने जी भर अत्याचार किए। जिस वीर की हम गाथा लिख रहे हैं वह हैदराबाद के समीपस्थ शोरापुर नाम की एक छोटी सी रियासत का राजा था। उसने अंग्रेजों से लड़ने के लिए अरब और रोहिला पठानों की एक फौज तैयार की थी। सन १८५८ ई० की फरवरी में राजा हैदराबाद आया था। निजाम के स्वामी भक्त वजीर सालारजंग ने इस की सूचना पाते ही उसको बन्दी बनाकर अंग्रेजों के हवाले कर दिया।

कर्नल मेडोज टेलर जिनकी पुस्तक से यह वृत्तान्त लिया गया है वहां एक उच्चाधिकारी थे। राजा का इनसे बड़ा प्रेम था और राजा इन्हें अप्पा कहा करते थे। जेलखाने में मेडोज टेलर ने राजा से मिलकर उनसे दूसरे विप्लवकारियों के नाम पूछे। अपनी पुस्तक में टेलर लिखते हैं कि राजा ने बड़े से उत्तर दिया—नहीं अप्पा! मैं उनके नाम कभी नहीं बताऊंगा। मैं अपने प्राणों की भिक्षा मांगने वालों में से नहीं हूं? जैसे मैं दूसरों की दया पर जीवित रहना पाप समझता हूं वैसे ही अपने देश बन्धुओं के नाम भी प्रकट करना सर्वथा अनुचित समझता हूं।

कर्नल एक दिन फिर बन्दीगृह में जाकर बालक राजा से मिले और उनसे कहा यदि तुम दूसरों के नाम बतला दोगे तो तुम्हें क्षमा कर दिया जाएगा। राजा का उत्तर भारत की परम्परा के अनुरूप यह था अप्पा साहिब जब मैं मृत्यु के मुख में जाने की तैयारी कर रहा हूं तब क्या मैं विश्वासघात करके अपने देशवासियों के नाम आपको बतला दूं? नहीं नहीं तोप या कालापानी ये सब मेरे लिए इतने भयंकर नहीं हैं जितना भयंकर विश्वासघात है।

कर्नल टेलर ने कहा राजन! तुम्हें प्राण दण्ड दिया जाएगा। देह नाशवान और आत्मा अमर है इसे आग जला नहीं सकती पानी गला नहीं सकता हवा उड़ा नहीं सकती अस्त्र शस्त्र इसका छेदन भेदन नहीं कर सकते इस सत्य सिद्धान्त को हृदय से स्वीकार करने वाले राजा ने उत्तर देते हुए कहा अप्पा! मेरी एक प्रार्थना है मुझे फांसी पर मत चढ़ाएगा। मैं चोर नहीं हूं। मुझे तोप से उड़ा दीजिएगा फिर देखिएगा मैं कितनी शान्ति से तोप के सामने खड़ा रह सकता हूं।

(शेष पृष्ठ ४ पर)

सत्याचरण

ले०—श्री सुखदेवराज आर्य शास्त्री विद्यावाचस्पति
अध्यापक—गुरु विरजानन्द स्मारक संस्कृत विद्यालय करतारपुर

परम पिता परमात्मा ने सृष्टि के प्रारम्भ मे मानव मात्र के कल्याण के लिए चार ऋषियो के हृदयो चारो वेदो का ज्ञान दिया। वेद की एक सूक्ति है कि अहमनृतात्सत्यमुपैमि अर्थात हे अग्ने प्रकाश स्वरूप परमात्मन् मैं झूठ से परे हटकर असत्य को त्याग कर सत्य को धारण करता हू। इस संसार में सत्य की बडी महिमा गाई है। वास्तव मे सत्य ही जीवन को यशस्वी बनाता है और सत्य ही ईश्वर की ओर ले जाने वाला मार्ग है बगैर सत्य के मनुष्य न इस लोक मे सुख प्राप्त कर सकता है और न ही परलोक मे। सत्य क्या है? सत्य का अर्थ है यथार्थ ज्ञान जैसा देखा सुना या अनुभव किया हो उसे वैसा ही कहने का नाम सत्य है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज के शब्दो मे जो पदार्थ जैसा है उसको वैसा ही कहना लिखना और मानना सत्य कहाता है। मुण्डकोपनिषद मे लिखा है कि सत्य की ही जीत होती है असत्य की नही दिव्य जीवन का मार्ग सत्य से ही प्रशस्त बनता है। आप्त काम ऋषि इसी मार्ग द्वारा सत्य के परम धाम तक पहुचते हैं। सत्य के पथ पर चलने वाले मनुष्य की परमात्मा ही रक्षा करते है

भीष्म पितामह ने बडा सुन्दर कहा है कि—

परित्यजेयं त्रैलोक्यं राज्यं देवेषु वा पुनः
यद्वाप्यधिकमेताभ्यां न तु सत्यं कथञ्चन।

अर्थात् मैं त्रिलोकी के राज्य को त्याग सकता हू देवताओ के राज्य को ठोकर मार सकता हू। जो इन दोनो से ज्यादा महत्वपूर्ण होगा उसे भी परित्याग कर सकता हू। परन्तु सत्य को नही छोड सकता। महात्मा कबीर ने भी कितना सुन्दर लिखा है—

साच बराबर तप नही झूठ बराबर पाप
जाके हृदय सांच है ताके हृदय आप।

पद्म पुराण मे लिखा है कि—सत्य से पवित्र हुई वाणी बोलनी चाहिए। गुरु नानक देव ने भी ठीक ही कहा है कि आदि मे सत्य था युगादि में सत्य था सत्य आज भी है और आगे भी सत्य रहेगा। मनुष्य को जीवन मे कभी भी असत्य नही बोलना चाहिए सत्य को धारण करता हुआ अपने जीवन का निर्माण करे। असत्य बोलने से मनुष्य की आत्मा गिर जाती है। जो व्यक्ति बात बात मे झूठ बोलता है उसका संसार मे मान न होकर सर्वदा ही अपमान होता रहता है और दु ख सागर मे गिरकर अपने जीवन को बरबाद कर देता है। उसे संसार के लोग घृणा की दृष्टि से देखते हैं। इसीलिए मनुष्य को चाहिए कि वह असत्य को छोडकर सत्य का जीवन में धारण करे। क्योकि सत्य का मार्ग लम्बा होता है।

संसार के अनेको महापुरुषो ने सत्य से ही अपने जीवन को ऊचा उठाया और सत्याचरण करके उस पर चलने का संसार को उपदेश दिया राष्ट्रवादी महर्षि दयानन्द सत्य के पुजारी थे वह सत्य के मानने और कहने मे सर्वदा ही तत्पर रहते थे। उन्होने आर्य समाज के चौथे नियम मे लिखा है कि सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोडने मे सर्वदा उद्यत रहना चाहिए। इसका मतलब यही है कि जीवन में सत्य को धारण करो सत्य बोलने से मनुष्य संसार मे बड़े से बड़े पाप से बचकर सुखगामी बन जाता है योग दर्शन के प्रणेता महर्षि पातञ्जलि ने सत्य की परिभाषा करते हुए लिखा है कि जो मन में हो वही वाणी में और वही कर्म से होना चाहिए। हमारी भारतीय संस्कृति व परम्परा में मानव जीवन की प्रथम अवस्था से ही सत्याचरण पर बहुत बल दिया जाता है। जब ब्रह्मचारी गुरुकुल से स्नातक बनकर निकलता है तो उस समय आचार्य उसको उपदेश (शिक्षा) देते हैं कि हे शिष्य! सत्यं वद अर्थात अपने जीवन में सदा सत्य बोलना धर्म का आचरण करना। उसका उत्तर देते हुए शिष्य कहता है कि—सत्यं वदिष्यामि मैं आपकी आज्ञा का पालन करता हुआ सदा सत्य ही बोलूंगा। तत्पश्चात शिष्य अपने गृहस्थाश्रम में पदार्पण कर गृहस्थाश्रम को सुखी बनाता है। क्योंकि मन भी तो सत्य से ही शुद्ध पवित्र बनकर एकाग्र होता है कहा है कि मन सत्येन शुध्यति और मन एकाग्र होकर परमात्मा का (अनुभव) साक्षात्कार होता है। इसीलिए मनुष्य का परम कर्तव्य है कि वह सत्याचरण के पालन में प्रयत्नशील रहे। आओ! हम सभी सत्य को अपने जीवन में धारण कर सुख शान्ति और आनन्द को प्राप्त करें

लोग क्या कहते हैं

(महर्षि दयानन्द सरस्वती के विषय में संसार के सुप्रसिद्ध व्यक्तियों की सम्मतियां)

१ योगी अरविन्द—संसार के महापुरुषों की यदि पर्वतों की चोटियां माना जाये तो महर्षि दयानन्द सरस्वती सबसे ऊंची चोटी है।

२ सर यदुनाथ सरकार—जब भारत के उत्थान का इतिहास लिखा जायेगा तो नंगे फकीर दयानन्द को सर्वोच्च स्थान दिया जाएगा।

३ महात्मा मोहनदास कर्मचन्द गांधी—महर्षि दयानन्द भारत के आधुनिक ऋषियों में सुधारकों में श्रेष्ठ पुरुषों में एक थे उनका ब्रह्मचर्य उनकी विचार-स्वतन्त्रता उनका सबके प्रति प्रेम उनकी कार्य कुशलता इत्यादि गुण लोगों को मुग्ध करते थे।

४ माता कस्तूरी बाई—स्वामी दयानन्द केवल आर्य समाजियों के लिये ही नहीं वरन सारी दुनिया भर के लिए पूज्य हैं।

५ कवि सम्राट रवीन्द्रनाथ टैगोर—आलस्य और प्राचीन ऐतिहासिक तत्व के अज्ञान से मुक्त कर भारत को सत्य और पवित्रता की जागृति में लाने वाले गुरुवर दयानन्द को बार-बार प्रणाम है।

६ मौलाना हसरत मुहानी—मिथ्या ढकोसले को जो हिन्दू जाति में विद्यमान था स्वामी दयानन्द के स्थापित आर्य समाज ने नितान्त हटा दिया।

७ श्री एन० सी० केलकर—स्वामी दयानन्द जैसे परमोदार पर संकीर्णता का दोष लगाना भ्रमात्मक और अयुक्त है। मैं आर्य समाज को आदरणीय समाज उसे पूज्य दृष्टि से देखता हू और देखता रहूंगा।

८ श्री एस० एल० पोलक (लन्दन)—स्वामी दयानन्द एक महान आत्मा और निर्भय पुरुष थे। वह अपने धार्मिक विश्वासों मे अटल रहे।

९ डा० पी० सी० राय—आर्य समाज ने हमारी मातृ भूमि के उद्धार के लिए बहुत कुछ किया है। अत अब वह हमारी चिर कृतज्ञता का पात्र है।

१० श्री पीर मुहम्मद यूनिस—महर्षि दयानन्द ने अपने विद्या बल कर्मबल और तपोबल से सारी निर्बलताओं अकर्मण्यताओ और बुराईयो को दूर कर दिया, हिन्दुओ को सच्चा और वेदानुयायी बनाया।

११ सर एडवर्ड डगलस मेक्लेगन (भूतपूर्व गवर्नर) पंजाब में जितने समाज हैं उन सब मे आर्य समाज सर्वोत्कृष्ट है। उसका संगठन बड़ा उत्तम है। वह राजनीतिक संस्था नहीं अपितु धार्मिक समाज है।

१२ बर्नेस मरकाट (अमेरिका)—नि सन्देह स्वामी जी एक 'महान् पुरुष' संस्कृत के गम्भीर विद्वान उत्कृष्ट साहस और स्वावलम्बन से युक्त तथा मनुष्यों के नेता थे। (उनका दिव्य तेज दुश्मनों को भी आकर्षित करता था)।

१३ महात्मा सी० एफ० एण्ड्रूज (इंग्लैंड)—स्वामी दयानन्द मृत्यु पर्यन्त निर्भय रहे मृत्यु आई तो उन्होंने मुस्कराते हुए उसका स्वागत किया। वे प्रसन्नता पूर्वक चोटों को सहते पर किसी दूसरे को चोट पहुचाने से घृणा करते थे। (कितना अद्भुत ब्रह्मचारी) प्रोफेसर मैक्समूलर (जर्मनी)—स्वामी दयानन्द एक विद्वान् थे जो अनेक दशा के धार्मिक साहित्य से पूर्ण परिचित थे उनके धर्म नियमो की नीव ईश्वरकृत वेदों पर थी। उनको वेद कण्ठस्थ थे। उनके मन व मस्तिष्क में वेदों ने घर किया हुआ था।

१४ लोकमान्य तिलक स्वामी दयानन्द निश्चित प्रतिभाशाली पुरुष थे। हिन्दू समाज में विशेषकर उत्तरीय भारत में समस्त जागृति का श्रेय उनको है।

(३ पृष्ठ का शेष)

कनाल टेगर के कहने से प्राण दण्ड के बदले काले पानी की सजा दी गई। जब उन्हें काले पानी भेजा जा रहा था तब राजा ने हसते हसते ही अपने साथ पहरेदार की सिपाही को भी और कबड्डी खाकर अपने अन्दर गोली खाकर गोली खाने से पहले उन्होने कहा—मैं काले पानी की अपेक्षा मृत्यु को अधिक पसन्द करता हूं। कैद और काले पानी की तो मेरी सजा का एक दृश्य से दुश्मन भगाकर भी पैदा नहीं करेगा तब मैं सो सकता हूं।

क्या आज के विद्यार्थी इन्हीं बलिदानियों के जीवन का ध्यान कर और लाखों पीड़ितों तथा बलिदानी राजा का अनुकरण करके उस बालक राजा की अमर गाथा से कुछ शिक्षा ग्रहण करेंगे।

—पुष्पेन्द्रनाथ जैन आर्य गाजियाबाद

तुमने भोजन दिया सभी को, तुमको अर्पण करते हैं

—डा० रामनाथ वेदालंकार

आजकल मैं गोविन्दवल्लभ पन्त औद्योगिक एवं कृषि विश्व विद्यालय पन्तनगर में निवास कर रहा हूं। यहां एक गृह विज्ञान महा विद्यालय भी है। इसमें शिक्षण प्राप्त करने वाली कन्याओं को बालमनो विज्ञान से परिचित कराने के लिए बालक बालिकाओं का एक छोटा सा स्कूल भी चलता है गृह विज्ञान की एक-एक छात्रा को एक-एक बालक सौंप दिया जाता है वही विद्यालय की पढ़ाई के समय में उस बालक की देख रेख करती है तथा पढ़ाती सिखाती भी है। मैंने अपने सवा तीन वर्षीय पौत्र स्वस्ति को इसी विद्यालय में प्रविष्ट कराया है।

एक दिन हम भोजन की मेज पर बैठे थे और भोजन प्रारम्भ करने ही वाले थे कि सहसा वह बोला—सबसे पहले मेरे साथ यह बोलो—

प्रभु हम सब छोटे बच्चे हैं
तुमको शीश झुकाते हैं।
तुमने भोजन दिया सभी को
तुमको अर्पण करते हैं॥

इसे वह अपने विद्यालय से सीखकर आया था। वहां सब बच्चे इकट्ठे बैठकर मध्याह्न करते हैं तब इससे पूर्व यह प्रार्थना दुहरायी जाती है।

यह देखकर मुझे प्रसन्नता हुई। मुझे गुरुकुल कांगड़ी के अपने छात्रावस्था के दिन स्मरण हो आए। जब मैं गुरुकुल में प्रविष्ट हुआ था तब निम्नलिखित मन्त्र भोजन से पूर्व बोला जाता था—

ओं सह नाववतु सह नौ भुनक्तु
सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु
मा विद्विषावहै॥

जब महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह चला रहे थे तब गुरुकुल के छात्रों ने मजदूरी करके कुछ धन इकट्ठा किया था तथा महात्मा गांधी को भेजा था। इससे वे गुरुकुल के बहुत प्रभावित थे। इसीलिए जब वे दक्षिण अफ्रीका से भारत आए तब अपने साथियों सहित गुरुकुल महात्मा मुन्शीराम के आतिथ्य में गुरुकुल आकर रहे थे। उस समय भी उपर्युक्त मन्त्र ही भोजन से पूर्व बोला जाता था। वे भी गुरुकुल से यह मन्त्र सीख गए और जब उन्होंने आश्रम खोला तो वहां भी भोजन से पूर्व यही मन्त्र बोला जाने लगा। एक बार आचार्य देव शर्मा जी ने गांधी जी के आश्रम में इस मन्त्र को बोला जाते हुए सुनकर गांधी जी से कहा कि इस मन्त्र का तो भोजन से कोई सम्बन्ध नहीं है। तब उन्होंने उत्तर दिया कि इसे तो हम आपके गुरुकुल से ही सीख कर आए हैं। वर्धा आश्रम में भी यही मन्त्र चलता था। विनोबा जी को भी आचार्य देव शर्मा जी ने टोका। तब विनोबा जी ने कैसे तैसे इसकी संगति भोजन के साथ लगाकर बतायी। आचार्य जी ने हम छात्रों को यह घटना सुनाते हुए बताया था कि विनोबा जी ने जो संगति लगायी उससे तो मैं प्रभावित नहीं हुआ किन्तु यह देख प्रसन्नता अवश्य हुई कि यह लोग गुरुकुल से कुछ सीखते हैं।

वस्तुतः उक्त मन्त्र प्राचीन समय में अध्ययन प्रारम्भ करने से पूर्व गुरु और शिष्य मिलकर बोलते थे। इसमें आए 'भुनक्तु' शब्द को देखकर भोजन वेला में इसका विनियोग कर लिया गया। परन्तु भुज धातु यद्यपि धातु पाठ के अनुसार पालन और भोजन अर्थ में यह आमने वाली होती है। प्रस्तुत मन्त्र में परस्मैपदी प्रयुक्त होने से इसका यहां पालन अर्थ ही होना चाहिए सम्पूर्ण मन्त्र का अर्थ इस प्रकार होगा—

(ओ३म्) परमेश्वर (नौ) हम दोनों गुरु शिष्य की (सह) एक साथ (अवतु) आपत्तियों से रक्षा करे (सह) एक साथ (नौ) हम दोनों का (भुनक्तु) पालन करे। हम दोनों (सह) एक साथ (वीर्य करवावहै)। विद्या बल आत्मिक बल एवं शारीरिक बल का संचय करें। (नौ) हम दोनों का (अधीतं) अध्ययन (तेजस्वी अस्तु) तेजस्वी हो। हम दोनों परस्पर (मा विद्विषावहै) द्वेष न करें।

यह मन्त्र गुरु शिष्य के पारस्परिक सम्बन्धों के विषय में एक आदर्श प्रस्तुत करता है। आजकल यदि शिक्षा जगत् में इस मन्त्र में प्रतिपादित आदर्श लागू हो जाए तो शिक्षा जगत की सब समस्याओं का स्वतः समाधान हो जाए।

जब हम गुरुकुल में विद्यालय के छात्र थे तब उक्त मन्त्र के स्थान पर कक्षा में उपाध्याय के आने पर खड़े होकर यह मन्त्र बोलते थे—ओ३म् नमस्ते अस्तु भगवन् ... सह नौ यशः ... इत्यादि।

मन्त्र का शिक्षा सम्बन्धी अर्थ हमने देख लिया किन्तु यदि भोजन के साथ इसकी संगति लगानी ही हो तो भुनक्तु में णिच् का लोप मानकर इसका अर्थ भोजयतु करना होगा। तब आशय यह होगा कि परमेश्वर हम गुरु शिष्यों को एक साथ भोजन कराए गुरु शिष्य साथ बैठकर भोजन करें यह भी प्राचीन गुरुकुलों का एक आदर्श था।

बहुत समय तक गुरुकुल में भोजन वेला में सह नाववतु मन्त्र ही बोला जाता रहा। बाद में इसका स्थान यजुर्वेद के निम्न मन्त्र ने ले लिया—

अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य
शुष्मिणः। प्र प्र दातारं तारिष
ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे।

यजु० ११।८३

अर्थ—(अन्नपते) हे अन्नों के अधिपति परमेश्वर आप (अनमीवस्य) स्वास्थ्य प्रदायक (शुष्मिणः) बलदायक (अन्नस्य) अन्न को (नः देहि) हमें प्रदान कीजिए। हमें आपके अन्नों को प्राप्त कराने का जो माध्यम बने उस दातार) दाता को आप (प्र प्र तारिष) अतिशय समृद्ध कीजिए। अन्न के द्वारा आप (नः) हमें और (द्विपदे चतुष्पदे) सब दोपाये चौपायों को (ऊर्जं धेहि) बल और प्राण प्रदान कीजिए।

इस मन्त्र का भोजन से सीधा सम्बन्ध है। जब हम गुरुकुल में महाविद्यालय के छात्र थे तब भोजन काल में इसी मन्त्र को बोलते रहे जैसे सह नाववतु मन्त्र शिक्षा विषयक आदर्श का प्रस्तुत करता है वैसे ही अन्नपते मन्त्र हमें भोजन सम्बन्धी आदर्श सिखाता है। हम ऐसा अन्न खाएं जिससे हमारा शरीर मन आत्मा नीरोग रहें। शारीरिक एवं आत्मिक बल और प्राण शक्ति प्राप्त हो सके ही जगत में कोई भूखा न रहे न केवल मनुष्यों को अन्न प्राप्त हो अपितु पशु पक्षी भी उससे वंचित न रहें दाता का भी कल्याण हो यह वैदिक भावना है।

पन्तनगर के छोटे से शिशु विद्या मन्दिर में नन्हे नन्हे बच्चे भोजन से पूर्व जो प्रभु को शीश झुकाते हैं और प्रभु का दिया भोजन प्रभु को अर्पण करते हैं वह भावना भी इस मन्त्र में ध्वनित हो रही है।

—

एक आवश्यक सूचना : भ्रान्ति निवारण

सब आर्य सज्जनों को सूचित किया जाता है कि आर्य समाज के युवा स्तम्भ सदाचारी तेजस्वी विद्वान कुशल वैदिक प्रवक्ता आचार्य नरेश जी के बारे में कुछ व्यक्तियों ने ये भ्रान्ति फैलाई है कि उन्होंने लन्दन यात्रा के लिए पैसा एकत्र किया व लन्दन न जाकर पैसा अपने पास ही रख लिया। इस प्रकार का निराधार प्रचार करने वाले व्यक्तियों को ये निश्चित रूप पता नहीं कि यदि आचार्य नरेश जी को पैसा ही एकत्रित करना होता तो वे अपनी इंजीनियरिंग की नौकरी समस्त परिवार तथा माता पिता के मोह को ठोकर मारकर आर्य समाज को अपना जीवन दान न देते और अपने अन्य भाइयों की तरह आज कहीं नौकरी तथा व्यापार करते हुए कोठी और कार के मालिक होकर बसते। इस प्रकार के लोगों को बोलने से पहले अवश्य ही विचार लेना चाहिए कि ऐसे व्यक्ति पर धन के लोभ का आरोप लगाना निराधार है।

सर्वजनों को विदित है कि ब्रह्मचारी आर्य नरेश जी को पैसे ही विदेश जाने तथा वेद प्रचार करने की भावना के प्रशंसा की था तथा ब्रह्मचारी जी का विचार बनने पर उनकी यात्रा व्यय के लिए कुछ राशि एकत्र की थी। समय कम होने से हम पूरा पैसा जुटा भी नहीं सके तथा दूसरा पासपोर्ट समय पर न बन पाने के कारण ब्रह्मचारी जी लन्दन नहीं जा सके जो पैसा लन्दन यात्रा के लिए एकत्र किया गया था वह अब भी हमारे पास सुरक्षित है अब हमारी इच्छा है कि इस पैसे में कुछ और वृद्धि करके ब्रह्मचारी आर्य नरेश जी को पुनः प्रचारार्थ विदेश भेजने का सफल प्रयास करें ताकि भारत की तरह ही बाहर देशों में भी वे वेद तथा ऋषि दयानन्द के सिद्धान्तों का प्रचार कर सकें।

— श्रीमती कान्ता गौड़ प्रधाना
स्त्री आर्य समाज दयानन्द
बाजार लुधियाना।

—

भूल सुधार

आर्य मर्यादा के ७ दिसम्बर के अंक में श्री पं० रामदयालु जी शास्त्री का एक लेख श्री पं० बिहारीलाल जी शास्त्री की चिन्ता कैसे दूर हो? छपा है। ऊपर पता श्री पं० रामदयालु जी शास्त्री ठीक है। परन्तु लेख के नीचे भूल से पं० शिवदयालु शास्त्री छप गया है। पाठक शिवदयालु के स्थान पर रामदयालु ही पढ़ें।

—सम्पादक

ठनी भी खूब और बनी भी खूब

ले०—श्री काशीराम जी चावला लुधियाना

(२१ नवम्बर से आगे)

बनी भी खूब और ठनी भी खूब यह एक पारिवारिक कहानी है। इस कहानी मे पारिवारिक समस्याओ और आज के वातावरण मे पले लड़के-लड़कियो का चित्रण अच्छी प्रकार से किया गया है। इस कहानी के लेखक श्री काशीराम जी चावला (लुधियाना) हैं और इसका उर्दू से हिन्दी मे अनुवाद सभा के पुस्तकाध्यक्ष तथा आर्य मर्यादा के व्यवस्थापक श्री आशानन्द जी भोला (लुधियाना) ने किया है।

—सह सम्पादक

इन दोनो लड़कियो मे कुछ चीज ऐसी थी जो उस भांति की थी अन्त मे उसने एक कागज पर उन दोनों लड़कियो के नाम लिख कर उनके गुणो को नम्बर देने आरम्भ कर दिया नम्बर भी उनके गुणो के एक जैसे आने से वह बड़े झंझट मे पड़ गया उसने दिए हुए नम्बरो मे घटा बढ़ी करने का यत्न किया परन्तु वह न कर सका। उसके मन मे कई बार विचार आया क्या अच्छा हो कि उसका विवाह दोनों लड़कियो से हो जावे क्योंकि दोनो मे से एक को पसन्द करना उसके लिए बड़ा कठिन था। परन्तु यह तो केवल उसके मन का बहलावा था। इन्हीं विचारो में उसे अपना खाना पीना नहाना धोना सब भूल गया। वह दोनों चित्र सामने रखकर सिर झुकाए सोच में पड़ा रहता। अन्त मे एक दिन उसकी माता ने आकर पूछा शिवकुमार तुम किस संकट में फसे हुए हो। पहले तो हमारे प्रस्ताव को अस्वीकार करके तुमने हमे चिन्तत किया। अब स्वयं चिन्तत हो रहे हो। मुझे तो अपनी समस्या बताओ जिस मे तुम फस कर इतने फिकर में डूबे हुए हो

तब शिव कुमार ने अपने पूरे विचार अपनी माता को सुनाए और जिस जिस खूबी के जितने नम्बर इन दोनो लड़कियो को दिए थे वह भी माता जी को पढ़ सुनाए।

यह सब कुछ सुन कर उसकी माता ने पूछा कि खानदानी शराफत उसकी सेहत घर के काम काज के सम्बन्ध मे नम्बर क्यों नहीं दिए। उसके उत्तर मे शिवकुमार ने कहा कि खानदान तो खाली कल्पित हैं, और बाकि बातो का तो प्रश्न ही नहीं उठता मैंने तो केवल वही बातें अपने मन मे रखी हुई हैं जिन की मुझे आवश्यकता है। शिव कुमार की माता बेटे का यह उत्तर सुन कर हैरान रह गई। कि जो गुण लड़की में होने चाहिए उनकी वह जरूरत नहीं समझता फिर उसने शिवकुमार से कहा बेटा कि खानदानी शराफत से मेरा मतलब उनके खानदान होने से नहीं था मेरा अभिप्राय था खानदानी शराफत और अच्छा।

यह सुनकर शिवकुमार ने नाक चढ़ा कर कहा यह भी कोई सोचने योग्य बात है, अच्छा आप मुझे एकान्त में छोड़ दें मैं इन व्यर्थ बातो के सम्बन्ध में अपना अमूल्य समय बरबाद नही कर सकता।

अपने बेटे के यह शब्द सुनकर बेचारी माता अपना सा मुख लेकर वहा से चुप चाप चली गई। परन्तु दिल ही दिल स कहती जाती थी कि वाह भगवान यह दिन भी आने थे और हमने देखने थे। न जाने इन बच्चो की बुद्धि पर क्या परदा पड़ गया है जो बातें अतिआवश्यक हैं और जिनका ज्ञान प्राप्त करना अति आवश्यक हैं उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जाता और जो बातें बेमर्थ हैं। उनकी ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मैं चाहती थी कि किसी ऐसे घर की लड़की आती जिस के सम्बन्ध मे हमें पूरा-पूरा ज्ञान होता ताकि वह लड़की आकर मुझ आराम और सुख देती मैंने बहुत प्रार्थनाए करके यह बेटा पाया था और कितने दुखो से इसे पाला था केवल इसी आशा पर कि इसकी पत्नी आकर मेरे घर के काम काज में सहायक बनेगी और मेरी सेवा करेगी अब न जाने यह लड़की जो शिव कुमार लाएगा कैसी होगी। उसका स्वभाव कैसा होगा और मेरे साथ कैसा व्यवहार करेगी।

जब शिव कुमार, की माता उसके पास से चली गई तो वह पुन उसी धुन में लग गया। परन्तु किसी निर्णय पर न पहुच सका। भावुक और पतले जिस्म मे वह अधिक रुचि रखता था इस लिए उसका झुकाव श्यामा की ओर था। परन्तु दूसरी लड़की प्रभा का हस मुख चेहरा और बोलने का ढग बहुत अच्छा था फिर भी वह श्यामा की ओर अधिक झुकता था।

काफी विचार के पश्चात उसने निर्णय किया कि हर प्रकार से श्यामा का नाता लेना मेरे लिए ठीक होगा।

शिव कुमार ने श्यामा के पिता को अपनी स्वीकृति का पत्र लिख भेजा और प्रभा का चित्र वापस भेज दिया। पढ़कर श्यामा के माता पिता बहुत खुश हुए उन की तीन लड़कियां थी उन्होंने सोचा चलो एक से छुट्टी मिली थोड़े दिनों के पश्चात् विवाह की तिथि नियत हो गई। और नियत दिन शिवकुमार की बारात गई और रीति अनुसार विवाह कर के श्यामा को पत्नी बना कर खुशी खुशी घर ले आया।

इस विवाह पर शिवकुमार खुश भी था और उसे अपने चुनाव पर गौरव भी था कि उस ने पूरे सोच विचार के साथ और छान-बीन कर के अपनी पत्नी को चुना था। श्यामा नियम के अनुसार कुछ दिनों के लिए एक बार अपने पिता के घर गई और शीघ्र ही शिवकुमार उसें जाकर वापस ले आया।

श्यामा के पिता ने उस को शिक्षा तो पूरी ग्रहण करा दी थी। परन्तु उसकी माता उससे कुछ न थी क्योंकि खाना घर के कामों को हाथ न लगाती थी। श्यामा जब ससुराल गई तो वहां भी उसकी वही आदत रही, वह प्रात काफी देर से बिस्तरे से उठती और वहां ही चाय पी लेती फिर कोई नावल उठाकर पढ़ने लगती। इसके पश्चात अपने बनाव सिंगार मे लग जाती इस प्रकार दिन के ग्यारह बज जाते फिर वह एक दो पत्र लिखती। उसके पश्चात् किसी आने वाली से मिलती दोपहर का भोजन खाकर सो जाती। उठने पर अपने बाल ठीक करके मेकअप करती और फिर कोई नावल लेकर अपने कमरे का दरवाजा बन्द करके अन्दर बैठ पढ़ती रहती। इतने में चाय का समय हो जाता। जो लड़कियां उससे मिलने आती कभी कभी उन्हें भी चाय पर बुला लेती। इस प्रकार गपशप लगाते शाम का समय हो जाता तब वह शिव कुमार के साथ या फिर अपनी सखीं के साथ बाहर सैर करने चली जाती और वहा से काफी देर के पश्चात् वापस आती खाना खाने के पश्चात कोई कहानियो की पुस्तक या नावल पढ़ने बैठ जाती, इस प्रकार उस का दिन का कार्यक्रम चलता।

शिव कुमार को उसके पिता ने अपने एक मित्र के कारखाने में कार्य पर लगवा दिया था। वह शाम काम वहां से वापिस आकर श्यामा के साथ इधर उधर की गप्पें मारता और फिर दोनों पति पत्नी सैर को निकल जाते। शिव कुमार बहुत आनन्द से जीवन बिताने लगा। वह बहुत खुश था कि उसको वैसी ही पत्नी मिली जैसी कि वह चाहता था। वह सदा अपने मन में कहता अच्छा हुआ कि मैंने प्रभा को पसन्द नहीं किया, वह इतनी भावुक न थी। थोड़ी देर दोनों हस खेलकर सो जाते। अगले दिन उसी प्रकार प्रोग्राम चलता।

श्यामा की सास ससुर को उसका कार्यक्रम बहुत अखरता था, क्योंकि वह सब कुछ उनकी उम्मीद के विरुद्ध था। और शिव कुमार की माता की सब आशाओं पर पानी फिर गया था परन्तु वह दोनों बहू बेटे का रंग ढग देख रहे थे। ऊपर से वह चुप थे परन्तु अन्दर ही अन्दर घुल रहे थे।

(क्रमशः)

ज्ञानी रामसिंह उपदेशक द्वारा शुद्धि कार्य

ज्ञानी रामसिंह जी ने आर्य समाज बस्तिगुजा (?) जालन्धर तथा अन्य आर्य बंधुओं के सहयोग से अपने पिछड़े भाईयों को वापिस लाने और अपनी बिछड़ी जाति का अंग बनाने का अभियान प्रारम्भ कर दिया है, जाब सिम्बियां तथा रोहुखान (?) में क्रमश ११२ तथा ४३८ ईसाई शुद्ध किये गये। ग्राम कुलवीक (जालन्धर) में २६३ व्यक्तियों को जो मुसलमान बन चुके थे, शुद्ध किया गया। अन्य कई ग्रामों में भी शुद्धि का कार्य भी ज्ञानी जी कर रहे हैं।

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए?

राष्ट्रपति को पत्राव में हिन्दी को सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं? यदि नहीं किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज में जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें।

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए हैं वह शीघ्र सभा कार्यालय में भिजवा दें।

—वीरेन्द्र

अमर शहीद पं. लेखराम जी नूं श्रद्धांजलि

श्री जसवन्तराय जी राय ने कादियां में १० नवम्बर को यह कविता पं
लेखराम जी को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए प्रान्तीय सम्मेलन में पढ़ी।

लेखराम सदे सा के जिन्दगी नू
रब कौम ते नवां चढ़ा गया ए।
अमर आत्मा फानी है जिस्म साडा
गीता ज्ञान दा राज समझा गया ए।
कल्ली जान पर लक्खां दी जान अन्दर
सदके जान करके जान पा गया ए
सानू जिन्दगी दी जाच सिखा गया ए।
सानू मरन दी जाच सिखा गया ए।
हुन्दे अमर शहीद नहीं कदे शहीद मरदे
ओहदी आत्मा कादियां वसदी ए
वेखो मैंना कराया वे वेहड़या ते
लेखराम दी आत्मा हसदी ए।

×	+	★

लेखराम ने लई अंगड़ाई ऐथर
उधर मौत अंगड़ाइयां लै रही सी
साडे नाल दी नाल यमदूत फिरदा
मुहो मूंह सारी बकवक कह रही सी
ज नाल दी जीवन दी शाम हो गई
मौत जिन्दगी दे नाल खेल रही सी
इक इक बूंद चों होवेगा वीर पैदा
अमर वीर दी आत्मा कह रही सी।
लेखराम दी आत्मा कादियां च,
जग जगावदी हिन्दु जवानियां नू।
केहड़ें योद्धा दा खून खौलदा ए
कौन भिकसदा योद्धा कुरबानियां नू।

+	★	★

साडे नबा नू साडे सबके ने
हिन्दु योद्धा अजब अडोल ते सही
दयानन्द दे उसदे मोड फिकरे
मुड़ के मूंह इतिहास दा मोड़ ते सही।
श्रद्धानन्द जी ते लेखराम पंडित
दयानन्द साईं रिश्ता जोड़ ते सही
अर्जुन शूर प्रताप दे वांग वीरा
मुड़ के वैरी दी धौण मरोड़ ते सही।
वन्दे मातरम् तो सिख दी सबक कोई
चालन इसदी चमड़ी उतारदा सी
कोड़े खा खा एह पर रामचन्द्र,
वन्दे मातरम दा नारा मारदा सी।
ववरे केहड़ पुलेके च पै गया ए
वीर हिन्दुआ है हिन्दुस्तान तेरा।
अनुष बाण गाण्डीव सभाल ता सई
कौन जम्या करे अपमान तेरा।
जरा अपणा आप पछाण ते सई
पायी जरेगा फेर जहान तेरा
इह जो आकड़ फिरन सिपाही काहदे,
इक दम खत्म कर देऊ अग्नि बाण तेरा।
लेखराम कुर्बानी ना देवदा सी
करदा रहेगा पूजा ससार ओहदी।
अमवीर शहीद दी वेख राए
कवी-कवियां च जयकार ओहदी।

नि०—श्री जसवन्तराय जी राय वानप्रस्थ

यज्ञ की महिमा

लेखिका—डा० पुष्पावती जी वाराणसी

मीमांसा दर्शन कहता है स्वर्ग कामो यजेत स्वर्ग का अर्थ है सुख।

सुख क्या है? प्रत्येक व्यक्ति सुख की कामना करता है। सुख क्या है? इच्छित वस्तु की प्राप्ति का नाम सुख है यज्ञ के द्वारा सुख प्राप्ति सम्भव है इसलिए ऋषियों ने यज्ञ का विधान किया है यज्ञ क्या है? मन्त्रोच्चार पूर्वक हवन कुण्ड में आहुति दान का नाम यज्ञ है। यज्ञ का दूसरा नाम हवन है। हु धातु से हवन शब्द की निष्पत्ति है। हु का अर्थ है दान और आदान अर्थात् कुछ देना और कुछ लेना अथवा कुछ देकर कुछ लेना अथवा कुछ लेकर कुछ देना ससार का यह अटल नियम है कि कुछ देकर ही कुछ लिया जा सकता है या कुछ लेने के लिए कुछ देना ही पड़ता है। यज्ञ के द्वारा यह लेने देने की प्रक्रिया सम्पन्न होती है। यज्ञ में हम कुछ घृत व सामग्री का दान करते हैं और बदले में प्राप्त करते हैं कामनाओं की पूर्ति। यह कैसे सम्भव है?

इसका रहस्य है कि जो परोपकार करता है दूसरों को सुख पहुंचाता है उसका भी मन प्रसन्न होता है और स्वयं भी सुखी होता है। यज्ञ परोपकार का सर्वोत्तम साधन है। यज्ञ में छोड़ी हुई आहुति सबको (हिन्दू मुसलमान ईसाई आदिकों का) सब धनी निर्धन छोटे बड़े सभी को समान रूप से प्राप्त होती है।

पशु तक को उसका लाभ पहुंचता है। विदेश तक में वह पहुंचती है और लाभान्वित करती है। वायु मण्डल की शुद्धि करके प्राकृतिक शक्तियों को परिपुष्ट करती है। वे शक्तियां बदले में जगत को सुख प्रदान करती हैं। इस प्रकार यज्ञ के द्वारा सारी सृष्टि का कल्याण होता है तो उसके बदले में यज्ञकर्ता को सुख मिले तो आश्चर्य व असम्भव क्या है?

यज्ञ से एक बड़ा लाभ और भी है कि इसके साथ वेद मन्त्रों का उच्चारण भी सन्निहित है। वेद मन्त्रों के पाठ से मन बुद्धि की सम्पन्नता होती है तथा वेद रक्षा भी हो जाती है। वेद मन्त्रों का यदि अर्थ ज्ञान हो तो सोने में सुहागा मिल जाता है। वेद मन्त्रों की संरचना ही अलौकिक व अपौरुषेय है अतः मन्त्रों के शुद्ध उच्चारण में ही वैशिष्ट्य तथा प्रभावोत्पादकता है।

अतः यज्ञ अनेक विध लाभदायक व पुण्य विधायक है। इस समय देश में अभाव अन्य महंगाई से हाहाकार मच रहा है। दूध घी जैसी वस्तुएं जिनकी जीवन निर्माण में प्रथम आवश्यकता है दुर्लभ प्राप्त हो रही हैं। भ्रष्टाचार से की हुई कमाई से अनुशासनहीनता प्रेम सद्भाव का नाश चारित्रिक पतन मर्यादा भंग अराजकता आदि दुर्भाव प्रवृत्त हो रहे हैं और प्रत्येक व्यक्ति दुःखी है। यह सब रोग शास्त्रीय विधि से किये हुये यज्ञानुष्ठान से ही दूर होंगे। यज्ञ सुख (इहलौकिक व पारलौकिक) की प्राप्ति निष्ठा व साधना प्रधान वैज्ञानिक प्रक्रिया है इसीलिए यह समान रूप से सबको (ईसाई मुसलमान सिख पारसी आदि) को करने योग्य है। वैदिक संस्कृति के तत्व व प्रक्रियाएं सार्वकालिक व सार्वजनिक हैं अतः यज्ञ अनुष्ठान ही सभी के लिए समान उपयोगी है।

—

श्री देवदत्त जी को बधाई

सभा के मुख्य लेखक श्री देवदत्त नारंग के सुपुत्र श्री अनिल कुमार जी नारंग का शुभ विवाह गत दिनों वैदिक रीति अनुसार बड़ी धूम धाम से जालन्धर में सम्पन्न हुआ। विवाह संस्कार सुयोग्य विद्वान् प० धर्मदेव जी ने करवाया। इस विवाह में नगर के बहुत से गण्य मान्य लोगों ने पधार कर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

—व्यवस्थापक

—

बधाई

पठानकोट आर्य समाज के प्रसिद्ध कार्यकर्ता श्री स्वतन्त्र कुमार जी का शुभ विवाह ३० ११ ८० को वैदिक रीति के अनुसार जालन्धर में सुयोग्य पंडित श्री निरञ्जनदेव जी के पुरोहित्य में सम्पन्न हुआ। हम सभा की ओर से श्री स्वतन्त्र कुमार जी को बधाई देते हैं।

—व्यवस्थापक

—

अनाथ हिन्दू बच्चों को धोखे से ईसाई बनाने की साजिश

यह देखकर स्तम्भित रह जाना पड़ता है कि जिम्मेवार सरकारी अधिकारी और प्रतिष्ठित नागरिक जो सब स्वयं हिन्दू ही हैं एक ऐसी घृणित साजिश में लिप्त हैं जिसके अनुसार अनाथ और परित्यक्त हिन्दू बच्चों को विदेशों में भेजा जाता है ताकि वहां उनका धर्मान्तरण हो सके। इस साजिश की पुष्टि स्वयं माननीय न्यायाधीश श्री देसाई ने अपने एक निर्णय में की है।

यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि इस षड्यन्त्र के अन्तर्गत ईसाई बनाने के लिए विदेशों में अवैधानिक ढंग से भेजे जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। पर उनमें से बहुत कम मामले ही प्रकाश में आ पाते हैं। इस शोचनीय और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का एक कारण यह भी है कि उन अभागे बच्चों के रक्षक ही उनके भक्षक बन जाते हैं जैसा कि हाल के कुछ मामलों से स्पष्ट है।

इस अराष्ट्रीय अधार्मिक और असामाजिक दुष्प्रवृत्ति को रोकने के लिए शासन को अविलम्ब बाल कल्याण गृहों जैसी संस्थाओं में ऐसे ईमानदार और ध्येयनिष्ठ अधिकारियों को रखना होगा जो विदेशी मिशनरियों के दलालों की भूमिका न निभाएं। मिशनरियों के षड्यन्त्र में शरीक लोगों को कड़ा दण्ड देना भी जरूरी है।

(विश्व हिन्दू परिषद की ओर से)

दिल्ली आर्य महासम्मेलन

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा रामलीला ग्राउंड दिल्ली में २५ से २८ दिसम्बर १९८० तक दिल्ली आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अध्यक्ष हैदराबाद आर्य सत्याग्रह के वीर सेनानी रामचन्द्रराव वन्दे मातरम होंगे।

महासम्मेलन के अन्तर्गत आर्य सम्मेलन वेद सम्मेलन संस्कृत सम्मेलन भारत रक्षा सम्मेलन युवक सम्मेलन महिला सम्मेलन तथा जनगणना सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

महासम्मेलन का जलूस २५ दिसम्बर को श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के जलूस में सम्मिलित होगा।

—विद्यासागर सभा मन्त्री

मुरादाबाद के दंगों में पीड़ित बन्धुओं की सहायता की जाए

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा ने मुरादाबाद में साम्प्रदायिक दंगों में पीड़ित हरिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त आग से जलाकर नष्ट किये गये मकान बनाने, रोजगार चलाने तथा अन्य सहायता सामग्री भेजने का भी निर्णय लिया गया।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री लाला रामगोपाल जी शालवाले भूतपूर्व संसद सदस्य श्री प्रो० बलराज मधोक तथा सभा के उपसचिव श्री सच्चिदानन्द शास्त्री ने स्थानीय आर्य समाजी नेताओं के साथ ३० अक्तूबर को हुए दंगों में मुरादाबाद में बरबाद वाल्मीकियों तथा कुम्हारों की बस्तियों का निरीक्षण किया। इन्दिरा चौक तथा बलालपुरा स्थित वाल्मीकियों की बस्ती में अनेक मकानों को जलाया गया था तथा जुलकर लूटा गया था। आर्य नेताओं ने वहां के निवासियों से डट के पुनः साम्प्रदायिक शान्ति स्थापित करने की अपील की।

श्री शालवाले ने सर्वोच्च ढंग से सारे मामले विदेशी धन की जांच तथा अवैध शस्त्रों की खोज का काम तेजी से करने की मांग की। उन्होंने धड़ाधड़ गिरफ्तारियां कर आतंक फैलाने वाले अधिकारियों को तुरन्त स्थानान्तरित किये जाने की मांग की।

प्रचार विभाग

आर्य समाज खेमकरण में वेद प्रचार

आर्य समाज खेमकरण में २७ अक्तूबर से २ नवम्बर तक आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के महोपदेशक श्री प० रामनाथजी सिद्धान्त विशारद ने सात दिन तक बड़े प्रभावशाली व्याख्यान दिये अच्छा प्रभाव रहा।

— आर्य समाज फरीदकोट में ऋषि निर्वाणोत्सव डी० ए० वी० प्राईमरी स्कूल की ओर से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री प० रामनाथ जी सिद्धान्त विशारद महोपदेशक के व्याख्यान होते रहे बड़ा अच्छा प्रभाव रहा।

—मन्त्री

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जगहिन्द प्रिंटिंग प्रेस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन, चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिकशुल्क 15) वर्ष 13, अंक 48 7 फाल्गुन सम्वत् 2037, तदनुसार 21 दिसम्बर 1980 का अंक दयानन्दाब्द 156

शुद्धि अर्थात मस्तिष्क का राष्ट्रीयकरण के प्रबल समर्थक—

अमर शहीद स्वामी श्रद्धानन्द जी सरस्वती

अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन की संक्षिप्त झांकी

पिता का नाम—श्री नानकचन्द जी नाम पूर्व नाम—मुन्शीराम
जन्म—तलवन ग्राम जिला जालन्धर (पंजाब) फरवरी १८५६।
विद्यारम्भ (बनारस) १८६६। धर्म विरोधी भाव १८७५
ऋषि दयानन्द का सत्संग (बरेली) १८७९।
आर्य समाज में प्रवेश (लाहौर) १८८४।
वकालत परीक्षा पास की १८८७ प्रथम पुत्र हरिश्चन्द्र का जन्म १८८७
धर्म प्रचार का धन एवं कांग्रेस से सर्वप्रथम सम्बन्ध १८८८।
द्वितीय पुत्र इन्द्र का जन्म—१८८९
सद्धर्म प्रचारक का प्रकाशन १२ अप्रैल १८८९
धर्म पत्नी का देहान्त—१८९१।
आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान निर्वाचित १८९२।
गुरुकुल खोलने का संकल्प—१८९ ।
गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना २ मार्च—१९०२।
सार्वदेशिक सभा के प्रधान निर्वाचित १९०९।
हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति (भागलपुर) १९०९।
संन्यास आश्रम में प्रवेश (नाम श्रद्धानन्द) २ अप्रैल १९१७।
गढ़वाल के दुर्भिक्ष पीड़ितों की सेवा १९१८
राजनीति में सक्रिय भाग १९१८।
अमृतसर कांग्रेस का स्वागताध्यक्ष बनना १९१९।
देहली की जामा मस्जिद में उपदेश १९१९।
पुनः गुरुकुल में (दो वर्ष) ११ फरवरी १९२०।
श्रद्धा का प्रकाशन (पौने दो वर्ष) १९२०।
असहयोग आन्दोलन में १९२१ २२। गुरु के बाग का मोर्चा १९२२
शुद्धि तथा दलितोद्धार सभा की स्थापना फरवरी—१९२३।
हिन्दू संगठन—१९२३।
दक्षिण भारत में अस्पृश्यता निवारण—१९२४।
दयानन्द जन्म शताब्दी का नेतृत्व मार्च—१९२५।
लिबरेटर का प्रकाशन अप्रैल १९२५।
बलिदान दिवस—२३ दिसम्बर १९२६।

श्री श्रद्धानन्द वचनामृत

जो पुराने संस्कारों या लौकिक कामनाओं के वशीभूत होकर अपने आत्मा और धर्म की कुछ भी कीमत नहीं समझते उनको उचित यह है कि वे अपने आपको धार्मिक न नाम कहना छोड़ दें।



जो पुरुष अपने को संसार की बहुतायतों से परे नहीं रख सकते जो मित्र को पाप करते देख कर उसे रोकना तो दूर रहा उसके पाप में मिल जाते हैं उन्हें किसी धार्मिक संस्था के नेता होने का अधिकार नहीं।

आदर्श नेता

उत्तम नेता में सब सौम्य गुणों का निवास होना चाहिए। जिसका स्वभाव सरल न हो जो विपत्तियों को प्रसन्नता पूर्वक सहन नहीं कर सकता जिसे कष्ट उसके उच्चासन से डिगा सकता है वह नेता होने के योग्य नहीं। नेता का धर्म यही नहीं कि कर्मवीर हो किन्तु उसका यह भी कर्तव्य है कि कर्महीन पुरुषों को कर्मशील बनाए। तब उसे सब कर्मवीरों से भी आगे होना चाहिए अर्थात कर्मवीरों में भी उत्तम कर्मवीर होना चाहिए।

कीर्ति का त्याग

जो लोग कीर्ति के पीछे भागते हैं कीर्ति उनको त्याग देती है परन्तु जो कीर्ति की परवाह नहीं करते कीर्ति उनके पीछे भागती फिरती है।

(इस अंक का मूल्य ४० पैसे)

सर्वस्व त्यागी आदर्श नेता स्वामी श्रद्धानन्द

ले०—श्री ओम्प्रकाश आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष

ओ३म्

स्वामी श्रद्धानन्द जी का नाम लेते ही एक समर्पित और क्रियात्मक जीवन उभर कर सामने आ खड़ा होता है। इस महामानव के जीवन की कहानी बड़ी विचित्र विस्मयकारक और प्रेरणाप्रद है किस प्रकार दोषपूर्ण जीवन मे आकण्ठ डूबा हुआ एक धनी परिवार मे उत्पन्न तथा सिटी कोतवाल का पुत्र सर्वथा निव्यसनी बन देश का सर्वमान्य नेता बना यह अपने आप में एक अद्भुत परन्तु सर्वथा सच्ची बात है।

आदर्श नेता मे कौन कौन से गुण होने चाहिए इस पर यजुर्वेद के निम्न लिखित मन्त्र मे अच्छा प्रकाश डाला गया है—

भद्रो यज्ञस्य रजस्य नेता
भवा निवदभि सचस विभाभि।
दिवि मूर्धानम दधिष स्वर्षा
जिह्वामग्ने चकृष हव्यवाहम।
१५ २१

अर्थात—जो कल्याणमयी नीतियो से संयुक्त हो।

सत्याचारी ज्ञानवान् धार्मिक परिनिष्ठित मन्त्रकार अज्ञान निवारक ज्ञान प्रसारक तथा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने वाला हो। जिस की वाणी अर्थक हो—सबको अपने पीछे लगा सकने की जिसकी वाणी में शक्ति हो और जो सदा सरल और शीघ्र कार्य का अवलम्बन करता हो वही नेता हो सकता है। वेद मन्त्र मे वर्णित नेता के सारे गुण स्वामी श्रद्धानन्द जी के जीवन मे घटित होते हैं। आगे की पंक्तियो में हम इस बात को सप्रमाण सिद्ध स्पष्ट करने का यत्न करेंगे पाठक ध्यानपूर्वक पढ़ने की कृपा करें।

+ नास्तिक से आस्तिक

पाश्चात्य विद्वानो के ग्रन्थो को पढ़ कर तथा अपने धर्म में ईश्वर की सच्ची उपासना के स्थान पर पारस्परिक भेद भाव तथा ऊंच नीच को उत्पन्न करने वाली और मानव चेतना तथा बुद्धि को कुण्ठित करने वाली जड़ पूजा ने आपको नास्तिक बना दिया था। पिता ईश्वर भक्त थे परन्तु अधिक पढ़े लिखे न होने के कारण अपने पुत्र के तर्क पूर्ण प्रश्नो का समाधान न कर सकते थे अतः सदा इस चिन्ता मे निमग्न रहते थे कि पुत्र का नास्तिकपन कैसे दूर किया जाए? ला० नानकचन्द जी उन दिनो बरेली मे शहर कोतवाल थे जब महर्षि दयानन्द बरेली पधारे। व्याख्यान के प्रबन्धक मुन्शीराम जी के पिता ही थे। एक दिन उन्होंने मुन्शीराम जी से कहा कि एक दण्डी स्वामी आए हैं उनका उपदेश सुनने से तुम्हारे सारे संशय दूर हो जाएंगे इसलिए वहां अवश्य जाना। मुन्शीराम जी ने अपने पिता जी से पूछा कि क्या दण्डी स्वामी जी अंग्रेजी जानते हैं? पिता की ओर से नकारात्मक उत्तर मिलने पर झट कह दिया कि फिर काम की बात क्या खाक बताते होंगे परन्तु पिता जी की विशेष प्रेरणा पर मुन्शीराम जी व्याख्यान सुनने चले गए। महर्षि दयानन्द के ब्रह्मचर्य के तेज से युक्त मुख मण्डल ने और उनकी प्रभावशाली वक्तृता ने मुन्शीराम जी को अत्यन्त प्रभावित किया। तीन दिन लगातार महर्षि चरणो मे उपस्थित होकर शंका समाधान करते रहे और अन्त मे यह निवेदन किया कि महाराज आपने मेरे तमाम प्रश्नो का उत्तर देकर मुझे निरुत्तर तो कर दिया है परन्तु ईश्वर पर अभी तक मुझे विश्वास नही हुआ।

ईश्वर के सच्चे उपासक गुरुजन को धर्म विभूत करने वाले महान् तपस्वी महर्षि दयानन्द का उत्तर स्पष्ट था मुन्शीराम तुमने प्रश्न किये—मैंने उत्तर दे दिए मैंने कब कहा था कि ईश्वर पर मैं तुम्हारा विश्वास भी करा दूंगा। भाई ईश्वर का विश्वास तो तुम्हें तब प्राप्त होगा जब ईश्वर तुम्हें अधिकारी समझ कर तुम्हारा वरण स्वयं करेगा।

+ यमेवैष वृणुते तेन लभ्य ●

इतिहास इस बात का साक्षी है कि समय बीतने पर ला० मुन्शीराम (स्वामी श्रद्धानन्द) सच्चे और पक्के ईश्वर विश्वासी बने और इस पर जीवन भर आरूढ़ रहे

उनके जीवन से हमें निम्नलिखित शिक्षाएं मिलती हैं जीवन में निराशा को अपने निकट कभी मत आने दो पतित से पतित व्यक्ति भी यदि पुरुषार्थ करे तो ऊंचा उठ सकता है। पूर्वाग्रहीन बनो। सत्य के ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने के लिए सदा तत्पर रहो।

× हिन्दी प्रेम ★

आपने १३ अप्रैल १८८९ को जालन्धर से सद्धर्म प्रचारक नाम का साप्ताहिक पत्र फारसी लिपि मे निकालना शुरू किया था भाषा इसकी प्रायः शुद्ध हिन्दी हुआ करती थी। उस युग में फारसी लिपि के माध्यम से हिन्दी भाषा के प्रचारका कार्य का यह कार्य अत्यन्त सराहनीय समझा गया। सद्धर्म प्रचारक सम्पादकीय तथा अन्य लेखों ने लोगो का मन मोह लिया परन्तु महर्षि दयानन्द जी के अनन्य भक्त और सच्चे अनुयायी मुन्शीराम जी इतने से सन्तोष नही हुआ। १९०७ ई० मे एकाएक सद्धर्म प्रचारक पत्र को देवनागरी लिपि मे प्रकाशित करना प्रारम्भ कर दिया। ग्राहको की संख्या घट गई घाटा पड़ा परन्तु व्रती महात्मा मुन्शीराम ने इन बातों की रत्ती भर भी परवाह न की। आज के नेता हिन्दी का शोर तो खूब मचाते हैं परन्तु हिन्दी भाषा के साथ उनका जीवन जुड़ा हुआ दिखाई नही पड़ता। यही कारण है कि देश की स्वतन्त्रता के ३३ वर्ष पश्चात् भी हिन्दी भाषा की स्थिति दयनीय बनी हुई है। यदि आज के नेताओ की कथनी और करनी पवित्र और एक प्रकार की होती तो देश की कितनी ही समस्याओ का समाधान हो चुका होता। स्वामी जी धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से बहुमुखी क्रान्ति के उपासक थे। अपने व्यक्तिगत जीवन मे भी उन्होंने इस क्रान्ति की उपासना की थी। पुरानी सामाजिक रूढ़ियो और धार्मिक अन्धविश्वासो का उन्होंने जड़ मूल से नष्ट करने का सतत प्रयत्न किया। व्यक्तिगत जीवन और समष्टिगत जीवन की पवित्रता और एकरूपता के वे प्रबल समर्थक थे। जिस सिद्धान्त की सत्यता में उनका विश्वास हो गया उसे जीवन मे घटाकर क्रियात्मक रूप देना उन्होंने अपना परम कर्त्तव्य समझा।

— दलितोद्धार —

वे अछूत भाईयों को अछूत न कहकर दलित कहा करते थे उनका विचार था कि इन्हें सामाजिक अन्याय का शिकार बनाया गया है यह हमारी जाति और राष्ट्र का आधार हैं इनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव पूर्ण व्यवहार न होना चाहिए। अपना व्यक्तिगत सेवक एक भंगी कुलोत्पन्न को बनाया अपने पुत्रो और पुत्रियो के विवाह भी जात-पात तोड़ कर किए और जब १९१९ में अमृतसर कांग्रेस के स्वागताध्यक्ष बने तब वहां कांग्रेस के इतिहास में पहली बार ब्रह्मचर्य प्रधान शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और जन्मगत जाति पाति को सर्वथा मिटा और समूचे देश को एक मानकर बिना किसी प्रकार का भेदभाव के सबके साथ पक्षपात रहित न्यायपूर्वक व्यवहार करने का सन्देश दिया उस समय उनका प्रस्ताव था कि दलितोद्धार को कांग्रेस के रचनात्मक कार्यक्रम मे सम्मिलित करके कांग्रेसी बन्धु अपने घरों मे निजी नौकर के रूप मे अपने दलित भाईयो को रखना प्रारम्भ करें परन्तु खेद है कि उस समय के नेताओ ने इस दूरदर्शी नेता के इन विचारों की गम्भीरता को अनुभव न किया फलस्वरूप यह हरिजन पूर्ण की समस्या [illegible] और धर्मपरिवर्तन की समस्या [illegible] की समस्या उर्दू और हिन्दी की समस्या आदि जिनके कारण यह अखिल देश पुनः खण्ड-खण्ड होने की तैयारी में है कभी उत्पन्न ही नहीं होती।

१९२०-२१ में तिलक स्वराज्य फंड के लिए एक करोड़ की निधि जमा होने के बाद स्वामी जी ने कांग्रेस महासमिति में उस फण्ड में से केवल पांच लाख रुपये दलितोद्धार के लिए पृथक रखने की मांग की थी जो स्वीकार न की गई। आज चाहे जो पार्टी अछूतोद्धार का श्रेय लेने की होड़ लगाती है। परन्तु इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के महत्व को समझने और क्रियात्मक रूप देने का सौभाग्य महर्षि दयानन्द और उनके सच्चे अनुयायियो को ही प्राप्त होता है।

शिक्षा म राष्ट्रीयता की पुट +

जब देश मे स्वतन्त्र राष्ट्रीय शिक्षा की आवश्यकता सबसे अधिक अनुभव की जा रही थी और देश की राजनीति नई करवट ले रही थी तब लार्ड मैकाले द्वारा १८३४ ई० मे प्रारम्भ की गई अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के विरुद्ध सक्रिय विद्रोह के रूप में गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना करके स्वामी जी महाराज ने देश की शिक्षा धारा मे आमूल परिवर्तन कर दिया था। स्वदेश स्वभाषा और स्वसभ्यता का नाद चहुं ओर निनादित होने लगा। गुरुकुल कांगड़ी मे सभी कुछ स्वदेशी था एक भी वस्तु विलायती दिखाई नहीं पड़ती थी यहां तक कि अन्न भी स्वदेशी ही था। ऐसे अद्भुत विद्यालय को देखने जब रेम्जे मैकडानल्ड वहां पधारे तो आश्चर्य चकित रह गये। अपने गुरुकुलीय संस्मरणों को उन्होंने अपनी पुस्तक में छपाया था जिसमे स्वामी जी के सम्बन्ध में उन्होंने लिखा था कि एक मांसलकाय दर्शनीय मूर्ति हम से भेंट करने आती है। आधुनिक समुदाय का कलाकार ईसा की आकृति बनाने के लिए आदर्श के रूप मे इसका स्वागत करता है। मध्यकालिक रुचि का चित्रकार इसमें सन्त पीटर का रूप देखता है।

जीवन भर देशहित और आर्यत्व की सेवा सुरक्षा मे रत रहने वाले इस महामानव का बलिदान साम्प्रदायिक संकीर्णता की बलि वेदी पर हुआ यह बड़े दुःख की बात है।

जब तक वेद की सत् शिक्षाओं और सत्य सिद्धान्तों का ठीक ढंग से प्रचार न होगा। देश जाति के सच्चे सपूतों का जीवन असुरक्षित ही रहेगा और अन्ध विश्वास का बोलबाला होता रहेगा। २३ दिसम्बर का दिन प्रतिवर्ष इस महामानव के पुनीत जीवन गाथा और बलिदान की कहानी सुनाने आता है क्या इस बलिदान पथ का कोई पथिक बन सकता है?

—

सम्पादकीय—

इन शहीदों के बलिदान को न भूलें ?

दिसम्बर का मास हमारे लिए एक विशेष महत्व रखता है। हम प्राय २३ दिसम्बर को अमर बलिदानी श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज का बलिदान दिवस मनाते हैं। परन्तु हम भूल जाते हैं कि उससे दो दिन पहले दो और आर्य समाजियों ने अपना बलिदान दिया था। एक थे श्री रामप्रसाद बिस्मिल और दूसरे थे श्री रोशनसिंह जी। इन दोनों को काकोरी षडयन्त्र केस मे फासी की सजा दी गई थी। रोशनसिंह को १८ दिसम्बर को फासी दी। रामप्रसाद बिस्मिल को १९ दिसम्बर को। श्री रामप्रसाद बिस्मिल ने अपनी आत्म कथा मे लिखा है कि वह जो कुछ भी बने आर्य समाज के कारण। सत्यार्थ प्रकाश को पढकर उनके जीवन मे एक नई क्रान्ति आई और उन्होंने अपने देश को स्वतन्त्र कराने के लिए अपना बलिदान देने का दृढ सकल्प कर लिया। श्री रोशनसिंह के विषय में कहते हैं कि फासी पर चढने से पहले उन्होंने सन्ध्या की ओ३म का जाप किया और फिर हसते हसते फासी पर झूल गये।

मैने ऊपर जो तीन नाम प्रस्तुत किए हैं वह हमारी इस धारणा की सम्पुष्टि करते हैं कि आर्य समाज अपनी गतिविधियों से केवल धार्मिक क्षत्र मे ही क्रान्ति नही लाया अपितु राजनैतिक क्षत्र मे भी उसने कई बड़े २ बलिदान दिए थे। जहा हम एक तरफ देखते हैं कि धार्मिक क्रान्ति के लिए प० लेखराम जी स्वामी श्रद्धानन्द जी महाशय राजपाल जी जैसे आर्य समाज के नेताओं ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण दिए वहा दूसरी तरफ भगतसिंह सुखदेव रामप्रसाद बिस्मिल और रोशनसिंह जैसे इन नवयुवको ने अपना सर्वस्व अपने देश के लिए न्योछावर कर दिया। हमारे देश मे कई प्रकार की सस्थाए है। कुछ राजनैतिक क्षत्र मे काम करती हैं कुछ धार्मिक क्षेत्र मे और कुछ सामाजिक क्षत्र मे। परन्तु आर्य समाज एक अद्भुत सस्था है जिसने हर क्षत्र मे अपना योगदान दिया है वह भी केवल उत्सव करके जलूस निकाल कर ही नही बल्कि अपना खून देकर। सारे देश म एक भी ऐसी सस्था नहीं जिसने इतने बलिदान दिए हो जितने कि आर्य समाज ने दिए हैं।

प्रश्न पैदा होता कि क्या कारण है कि यद्यपि आर्य समाज ने इतने बलिदान दिए हैं फिर भी देश के इतिहास मे उसे वह महत्व नही दिया गया जो उसे मिलना चाहिए था। इसमे सन्देह नही कि पिछले एक सौ वर्षों मे इस देश के जितने भी इतिहास लिखे गए हैं उनमे महर्षि दयानन्द और आर्य समाज के नाम किसी न किसी रूप मे अवश्य आए हैं। कोई भी इतिहासकार उस वैचारिक क्रान्ति की अवहेलना नही कर सकता जिसे महर्षि दयानन्द जी ने प्रारम्भ किया था और आर्य समाज ने पूरा किया। यदि हम अपने देश का विधान देखे तो हम इस परिणाम पर पहुचे बिना नही रह सकते कि इस विधान की पृष्ठ भूमि मे आर्य समाज की विचार धारा काम कर रही थी। इसलिए इतिहासकार न दयानन्द को भूल सके न आर्य समाज को। परन्तु इसी के साथ यह भी एक तथ्य है कि महर्षि दयानन्द का और आर्य समाज को वह महत्व नही मिला जो मिलना चाहिए था। इसका एक कारण यह भी है कि हमारे अपने अन्दर एक हीन भावना पैदा हो गई है। हम स्वय अपने शहीदों के बलिदान को वह महत्व नही देते जो हमे देना चाहिए। भगतसिंह का ही उदाहरण ले जो वह एक कट्टर आर्य समाजी परिवार मे पैदा हुआ था। यद्यपि आगे चलकर उसके विचारो मे बहुत परिवर्तन आ गया था परन्तु इस बात से कौन इन्कार कर सकता है कि उसका पालन पोषण एक आर्य परिवार मे हुआ था। उसके दादा सरदार अर्जुनसिंह महर्षि दयानन्द के अनन्य भक्त थे उन्होंने भगतसिंह के बचपन मे देश भक्ति की ऐसी भावना उस में भरी कि आगे चलकर वह अपने देश के लिए वह बलिदान करने को तैयार हो गया जो बहुत कम व्यक्तियों ने किया है। इसमे कोई सन्देह नही कि सिख धर्म की विचार धारा का उस पर कोई प्रभाव न था परन्तु आज हमारे सिख भाई भगतसिंह को एक सिख नवयुवक के रूप मे ही पेश करते हैं। अन्त समय मे उसने अपने केस कटवा दिए थे। परन्तु अब सरकार उसे सदा एक सिख नवयुवक के रूप में ही दिखाती है। यह सब हमारी शिथिलता और निर्बलता का ही परिणाम है। वास्तविक स्थिति यह है कि हमने अपने शहीदों का वह आदर और सम्मान नहीं किया जो हमें करना चाहिए था। आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक आर्य परिवार के हर बच्चे को यह पता हो कि स्वामी श्रद्धानन्द जी कौन थे और वह क्यो शहीद हुए ? पण्डित लेखराम जी व महाशय राजपाल जी की हत्या क्यो की गई ? रामप्रसाद बिस्मिल रोशनसिंह भगतसिंह और सुखदेव फासी पर क्यो चढ़े यह छोटी २ कहानिया हैं परन्तु बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन कहानियो से ही हमारा इतिहास बना है परन्तु हम इन्हे भूलते जा रहे हैं इसी का यह परिणाम है कि आर्य समाज मे भी शिथिलता आ रही है जिस सस्था ने इतने शहीद पैदा किये हो वह कितनी महान् सस्था हो सकती है इसका अनुमान करना हमारे लिए कठिन न होना चाहिए। परन्तु हमारा इस ओर ध्यान नही जा रहा। २३ दिसम्बर को हम श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज का बलिदान दिवस मनाएगे। यह अत्यन्त आवश्यक है परन्तु यह भी न भूलना चाहिए कि इसी मास मे आर्य समाज के दो नवयुवक रामप्रसाद बिस्मिल और रोशनसिंह भी अपने देश के लिए शहीद हुए थे। यदि हम आर्य समाजी समय समय पर अपने इन शहीदो को याद करते रहे तो मेरा विश्वास है कि आर्य समाज म इस समय जो शिथिलता दिखाई दे रही है वह दूर हो जाएगी। उर्दू के एक कवि ने कहा है—

शहीद की जो मौत है वह कौम की हयात है

अर्थात शहीद अपनी मृत्यु से अपने राष्ट्र को एक नया जीवन दे जाते हैं। इसलिए हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि आर्य समाज के जितने भी शहीद हुए वह धार्मिक क्षत्र मे हुए हो या राजनीतिक क्षत्र मे हम उन्हे न केवल याद ही करते रहे अपितु उनके बलिदान से और जो कुछ उन्होंने अपने जीवन म किया उससे शिक्षा प्राप्त करके अपने धर्म देश और समाज के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं करे। इसी मे ही हमारा कल्याण है।

वीरेन्द्र

जनगणना होने वाली है, जागते रहना !

अगले वर्ष के शुरू मे जनगणना का काम शुरू हो जाएगा। सरकार द्वारा नियुक्त कर्मचारी एक एक घर जाकर पता लगाएगे कि किस परिवार मे कितने लोग रहते हैं। कितने पुरुष हैं कितनी स्त्रिया हैं और कितने बच्चे हैं। इसी के साथ मे यह भी पूछेगे कि उनका धर्म क्या है उनकी भाषा क्या है वह हिन्दू है सिख हैं ईसाई या मुसलमान है। हरिजनो की भी अलग से गिनती होती है। हरिजनो के पजाब मे ३७ विभिन्न वर्ग हैं। उनके सम्बन्ध मे भी पता किया जाएगा कि कितने वाल्मीकि हैं। कितने चमार हैं। कितने मेघ हैं इसी प्रकार हरिजनो के जो दूसरे वर्ग हैं उनकी गिनती भी की जाएगी। क्योंकि चुनाव के समय हरिजनो के लिए विशेष क्षत्र निर्धारित किए जाते हैं और वहा से केवल हरिजन उम्मीदवार ही खड़ा हो सकता है। इसलिए सरकार यह जानना चाहती है कि किस क्षत्र मे हरिजनो की कितनी सख्या है। हरिजनो मे—मैं उनकी विभिन्न जातियो को शामिल करता हू जो इस समय पजाब मे हैं और जिनकी सख्या लगभग ३८ है। जिस समय सरकार चुनाव के क्षत्र निर्धारित करने लगती है वह यह नही देखती कि वहा वाल्मीकि अधिक रहते हैं या चमार या मेघ या दूसरे हरिजन अधिक रहते हैं। वह तो उस क्षत्र मे उनकी मिश्रित सख्या के आधार पर निर्णय करती है कि जिस क्षत्र मे उनकी सख्या अधिक है। उसी क्षत्र को प्राय उनके लिए सुरक्षित कर देती है। इसलिए हरिजन भाईयो को जनगणना के समय सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि उनकी सही सख्या लिखी जा सके।

वास्तविक प्रश्न तो यह है कि हमारे देश मे हिन्दू मुसलमान ईसाई सिख कितने हैं। उनमे भी हिन्दुओ और मुसलमानो की सख्या का सही अनुमान होना चाहिए। पिछले कुछ महीनो मे उत्तर प्रदेश और कई दूसरे राज्यो मे जो दगे हुए हैं उनका एक कारण यह भी है कि मुसलमानो का एक वर्ग वहा एक नया पाकिस्तान बनाना चाहता है। १९४७ मे जब हम स्वतन्त्र हुए थे उस समय मुसलमानो की सख्या कोई ६ करोड के लगभग थी अब वह ९ करोड तक जा पहुची है। प्राय सम्भव है कि जनगणना मे उनकी सख्या इससे भी अधिक निकल आए। १९७१ मे जो जनगणना हुई थी उसके अनुसार उससे १० वर्ष पहले यानि १९६१ से लेकर १९७१ तक मुसलमानो और ईसाईयो की सख्या इस देश मे ९ प्रतिशत बढी थी। सिखो की सख्या २४ प्रतिशत बढी थी। परन्तु हिन्दुओ की सख्या मे केवल २२ प्रतिशत की बढोतरी हुई थी। मुसलमानो और ईसाईयो की सख्या मे जिस रफ्तार से वृद्धि हो रही है अगर यह जारी रही तो शायद आगामी २० २५ वर्षों मे हिन्दू इस देश मे अल्पमत मे रह जाएगे परन्तु हमारी सबसे बडी कठिनाई

(शेष पृष्ठ १० पर)

महात्मा गांधी के नाम श्री देवेश्वर सिद्धान्तालंकार के पत्र

इस्लाम की शिक्षा क्या है?

यहां हम महात्मा गांधी जी के पत्र दे रहे हैं किन्तु इससे पहले पाठकों के ज्ञान के लिए इस विषय में उनका एक लेख उद्धृत कर देना अच्छा होगा जिससे ये पत्र आसानी से पाठकों की समझ में आ जाएं। लेख २६ जनवरी १९२७ के दैनिक लीडर में यंग इंडिया से लेकर छापा गया है। उसका हिन्दी अनुवाद हम नीचे देते हैं —

खरी टीका

लेखक एम० क० गांधी

निम्नलिखित पत्र मुझे पाठकों से छिपाना न चाहिए शहीदे धर्म स्वामी जी शीर्षक वाला आपका लेख मैंने बड़ी सावधानी और उचित श्रद्धा के साथ पढ़ा है। समालोचना करने से पहले मैंने इसे पांच बार पढ़ा है। जिससे शीघ्रता में अनुचित आलोचना न हो जाये आपका लेख बड़ी मनोरंजक भाषा में लिखा हुआ है आपकी लेखनी देखकर मुझे स्पर्धा पैदा होती यद्यपि इसमें आकर्षण है किन्तु मेरी राय है कि इसमें खतरा भरा पड़ा है। मेरी यह समालोचना आपकी उच्चरित विषयक मेरी सम्मति पर निर्भर है। मैंने अपने मित्रों से भी इस विषय में चर्चा की है। उनकी राय है कि महात्मा के भेष में आप एक राजनतिक नेता हैं और अपने देश के हित के लिए आप सत्य को त्याग देने को तैयार हैं। इसके विरुद्ध मेरी सदा यह सम्मति रही है कि आप वस्तुत संत हैं और बड़ी कठिन तथा विक्षेप करने वाली अवस्थाओं में भी सत्य का पालन करने के लिए आपने राजनतिक क्षेत्र में प्रवेश किया है। आप कृपया लिखें कि मेरी सम्मति ठीक है या नहीं यदि मेरी सम्मति ठीक न हो तब तो नीचे दी हुई समालोचना के कुछ अर्थ ही नहीं क्योंकि मेरी सम्मति है एक राजनतिक पुरुष का यह समुचित अधिकार है कि वह उस नीति का उपयोग कर जिसका आपने अपने लेख में किया है। आप इस बात से सहमत होंगे कि सत्य का छिपाना भी झूठ का रूपांतर है बुरे को बुरा न कहना जब कि मनुष्य चित्त में उसे बुरा अनुभव करता हो भीरुपना है और सत्य तथा निर्भयता नाम मात्र रह जाते हैं। क्या महात्मा जी आप यह अनुभव नहीं करते कि स्वामी जी का कत्ल एक बदमाश का क्रूर अधम नृशंस और अमानुष कार्य है जिसके लिए सारी मुसलिम जाति को शर्मिन्दा होना चाहिए फिर आप इसको ऐसा कहने से इन्कार करते हैं। इस पाप कर्म के करने वाले तथा उन सब की निन्दा करने की जगह जो इस कत्ल के जिम्मेवार हैं (अर्थात वह सब पागल मुस्लिम मुल्ला मौलवी और बम फेंकने वाले जो हिन्दू लीडरों को काफिर काफिर करके पुकारते हैं) आपने कातिल और सारे मुसलमानों की पैरवी करना शुरू कर दिया है। डायर का आपने पक्ष क्यों न लिया था क्या एक योरोपियन हमारा भाई नहीं है। आगे आप कहते हैं कि इस्लाम के अर्थ शान्ति के हैं। क्या यह सत्य है? वह इस्लाम जिसकी शिक्षा कुरान देता है और जैसा कि जन्म काल से लेकर आज तक मुसलमान इसे मानते या बरतते हैं कभी भी शान्ति का धर्म नहीं है किस भाव से प्रेरित होकर आप ऐसी अशुद्ध (दुःखप्रद) बात का लिखते हैं ईसाइयत बौद्ध और हिन्दू धर्म शान्ति के वस्तुत प्रसारक हैं परन्तु इस्लाम ऐसा नहीं है। क्या आप कृपा करके बतलायेंगे कि क्यों आप इस प्रकार से सोचते और लिखते हैं।

गवर्नमैंट का प्रतिवाद करते हुए आप कभी नहीं कतराए आर्य समाज का प्रतिवाद करते हुए आप कभी नहीं सहमे फिर मुसलमानों के स्पष्ट खुले जुल्म का प्रतिवाद करते हुए आप क्यों डरते हैं?

मुझे निश्चय है कि यदि किसी हिन्दू ने किसी मुसलमान नेता का कत्ल किया होता (परमेश्वर न करे कि ऐसा हो) तो आप कातिल और सारी हिन्दू जनता की तीव्र शब्दों में निन्दा करते। आप हिन्दुओं के लिए कठिन प्रायश्चित का विधान करते और उन्हें हड़ताल और उपवास कराते और मृत मुसलमान के लिए स्मारक चिन्ह बनवाते और अन्य कई बातें करवाते पता नहीं आप अपने मत भाईयों मुसलमानों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं। सत्य वक्ता किसी से भय नहीं खाता उसे इस्लाम की तलवार का भी डर नहीं होता और मुझे आशा है कि इस पत्र का उत्तर आप अपने साप्ताहिक यंग इंडिया में देकर कृतार्थ करेंगे।

पत्र का लेखक एक सच्चा और स्पष्ट वक्ता पुरुष है। सर्वसाधारण के भी इस समय ऐसे ही विचार हैं। सम्भवत कभी समय आ जावे किन्तु मुझे मौन मानने का अभी समय नहीं आया मैं अपने आपको किसी रूप में भी संत नहीं मानता किन्तु अपनी सब त्रुटियों और दोषों के होते हुए भी मेरा यह विचार है कि मैं सत्य का पुजारी हूं और लेखक की सम्मति इस विषय में सत्य है कि महात्मा के भेष में मैं एक राजनतिक पुरुष हूं परन्तु सत्य ही सर्वोत्कृष्ट है न इसलिए कभी कभी मेरे काम भारी नीति के काम दृष्टि में पड़ते हैं किन्तु सत्य और अहिंसा को छोड़कर मेरे जीवन में दूसरी नीति नहीं है। मैं तो अपने धर्म और देश की रक्षा के लिए भी कभी सत्य और अहिंसा को नहीं त्याग सकता दूसरे शब्दों में इस कहने का तात्पर्य यह है कि सत्य और अहिंसा को त्याग देने से देश का उद्धार भी कभी सम्भव नहीं है।

स्वामी जी की हत्या के विषय में लिखते हुए मैंने सत्य को नहीं छिपाया। लेखक ने हत्या के विषय में जो सम्मति प्रकट की है मेरी भी वही सम्मति है। किन्तु घातक के लिए मेरे हृदय में उसी प्रकार करुणा के भाव हैं जिस प्रकार जनरल डायर के लिए थे। किसी पत्र लेखक को भूलना न चाहिए कि जनरल डायर के विरुद्ध अभियोग चलाने के लिए किए जाने वाले आयोजन में मैंने कोई भाग नहीं लिया मेरा पक्का विचार है कि एक योरोपियन मेरा वैसा ही भाई है जैसा कि एक हिन्दू या भारतीय मुसलमान। घातक के लिए मेरे हृदय में करुणा पैदा होने का कारण यह है कि वह एक घृणित और पापयुक्त आन्दोलन का शिकार बना है जो धर्म के नाम पर चलाया गया है और इसी लिए मैं उन सब समाचारपत्रों को जिन्होंने जनता के हृदय को दूषित कर दिया है। इस हत्या का उत्तरदाता समझता हूं। मैं उन सब मौलवियों और अन्य लोगों को जिन्होंने स्वामीजी के विरुद्ध द्वेष के भाव फैलाए हैं हत्या का उत्तरदाता समझता हूं।

किन्तु मैं इसलाम को उसी प्रकार शान्ति फैलाने वाला धर्म मानता हूं जैसा कि ईसाइयत बुद्धमत और हिन्दू धर्म। इसमें सन्देह नहीं इन सब धर्मों में तारतम्य शान्ति की डिग्री का अन्तर है किन्तु इन सब का उद्देश्य शान्ति परक ही है। मुझे उन सब आयतों का ज्ञान है जो कुरान में से मेरी इस सम्मति के विरुद्ध उद्धृत की जा सकती हैं किन्तु वेदों में से भी तो उसी प्रकार के मन्त्र दिखाए जा सकते हैं (जो शान्ति परक नहीं हैं)। प्रमाणों के विषय में वेद में जो शापयुक्त मन्त्र हैं उनका अर्थ क्या है? इस में सन्देह नहीं कि आज इन मन्त्रों का भिन्न भी अर्थ है किन्तु एक समय अवश्य था जब इनका बड़ा भयानक अर्थ था। हम हिन्दुओं का जो अछूतों के साथ निन्दित व्यवहार है उसके क्या अर्थ हैं? छलनी तो छाज को बुरा न कहे। वास्तव में यह है कि हम सब ही बढ़ि कर रहे हैं। इस विषय में तो मैंने अपनी सम्मति प्रकट ही कर दी है कि मुसलमान तलवार चलाने के लिए सदा तैयार रहते हैं किन्तु यह कुरान की शिक्षा का परिणाम नहीं है। मेरी सम्मति में इसका कारण वह परिस्थिति है जिसमें इस्लाम का जन्म हुआ था। ईसाइयत का इतिहास भी खून खराबी से भरा पड़ा है पर इस का कारण नहीं कि ईसामसीह में स्वयं कोई त्रुटि थी किन्तु जिस परिस्थिति में उसने शिक्षा दी वह उसके प्रतिकूल थी।

ईसाइयत और इसलाम तो आखिर कार कल के धर्म हैं। अभी तक उनके अर्थ लगाया ही जा रहा है। मैं मौलवियों के मुहम्मद साहब के सन्देश के अन्तिम अर्थ लगाने के अधिकार को वैसे ही स्वीकार नहीं करता जैसे कि मैं ईसाई पादरियों का यह अधिकार नहीं समझता कि वह ईसामसीह के सन्देश का अन्तिम अर्थ लगाएं। दोनों का वास्तविक अर्थ तो उन मनुष्यों के जीवनों में बनाया जा रहा है जो शान्ति से अपनी जीवनी में इन सन्देशों को घटा रहे और आत्म त्याग का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। न तो शास्त्रार्थ का नाम ही धर्म है और न ही केवल विद्वान दिमागों में ज्ञान का निवास है धर्म का निवास स्थान हृदय है। हिन्दू मुसलमान और ईसाई सबको चाहिए कि अपने अपने धर्मों के अर्थ अपने जीवन से सिद्ध न कि अन्यों के रक्त से?

(यंग इंडिया)

महात्मा जी के नाम श्री देवेश्वर सिद्धान्तालंकार का पत्र इस्लाम की शिक्षा क्या है?

पूज्य महात्मा जी

स्वामी श्रद्धानन्द जी की हत्या के सम्बन्ध में आपके लेखों को मैं ध्यान पूर्वक पढ़ता रहा हूं। हाल ही के एक खरी टीका शीर्षक लेख में आप लिखते हैं —परन्तु इस्लाम को मैं उसी अर्थ में शान्ति का धर्म मानता हूं जिस अर्थ में ईसाई बौद्ध और हिन्दू मतों को।

यह कहा जाता है २६ दिसम्बर को जब आपने गोहाटी में स्वामी श्रद्धानन्द जी की मृत्यु के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपस्थित किया था तो आपने कहा था कि मैंने कुरान को उतनी ही श्रद्धा के साथ पढ़ा है जैसे गीता को परन्तु मुझे ऐसी कोई बात नहीं मिली जो इस प्रकार की हत्या की आज्ञा दे जैसी यह की गयी है।

भिन्न भिन्न विद्वानों द्वारा कुरान का अध्ययन केवल यही नहीं कि आपके मत का समर्थन न करता हो वरन उसके विरुद्ध सिद्ध करता है।

मैं आपको कुरान की कुछ आयतें भेज रहा हूं (जो अभ्युदय में प्रकाशित हुए मेरे लेख स्वामी जी की हत्या और इस्लाम की शिक्षा में दी गई हैं) मुझे विश्वास है कि इस प्रकार की आयतें जो हत्या और खून खराबी की केवल इस लिए आज्ञा देती है कि एक मनुष्य के विश्वास भिन्न हैं और वह खुदा और रसूल मुहम्मद को मानने से इन्कार करता है इस बात का

मूल कारण है कि मुसलमान खून बहाने को तैयार रहते हैं ।

इस्लाम ही एक ऐसा धर्म है जो कुरान का मत फैलाने के लिए तलवार चलाने की आज्ञा देता है और उनके वध की आज्ञा देता है जो धर्म के मामले में भिन्न मत रखते हैं ।

वेदों का तो कहना क्या हिन्दुओं के पवित्र ग्रन्थों में कहीं भी इन आयतों के समान वाक्य नहीं मिल सकते और मैं आप से प्रार्थना करता हूं कि कृपा करके आप मुझे वेदों के वे मन्त्र बतलाएं जिनके आधार पर आपने ये वाक्य लिखे हैं

मैं उन आयतों को जानता हूं जो इसके विरोध में पेश की जा सकती हैं । परन्तु इसी भांति वेदों से भी मन्त्र सम्भव हैं । छलनी तो छाज को बुरा न कहे

महात्मा जी यदि यह मान भी लिया जाए तो भी वह विचित्र तर्क है जिसका आप उपयोग करते हैं । दो गलतियां मिलकर एक काम को ठीक नहीं ठहरा सकतीं । आप वेद और कुरान दोनों को असहिष्णु कह सकते हैं परन्तु वेद इस्लाम की कुरान शिक्षा देती है और जिसके ऊपर आरम्भ से मुसलमान अमल करते आये हैं उसको आर शांति का धर्म नहीं कह सकते फिर आप कहते हैं कि बात यह है कि हम सब बढ़ रहे हैं । मैं अपनी राय दे चुका हूं कि इस्लाम के अनुयायी खून बहाने को सदा तैयार रहते हैं परन्तु इसका कारण कुरान की शिक्षा नहीं है मेरी राय में तो इसका कारण वह अवस्था है जिसमें इस्लाम की उत्पत्ति हुई थी । ईसाई और इस्लाम मत आखिर कल के ही धर्म हैं । उनका अभी अब नवाया जा रहा है ।

महात्मा जी आप मुझे यह कहने की आज्ञा दें कि हमारी मातृ भूमि की राजनीतिक समस्या को हल करने के उद्देश्य से इस्लाम का शांतिमय अर्थ लगाने के लिए आप सत्य व उच्च और उत्तम भावों से प्रेरित मालूम होते हैं । परन्तु क्या आप समझा सकते हैं कि विकास या उन्नति के क्रम में भी सांप के बच्चे से चिड़िया किस प्रकार पैदा हो सकती है । हम प्रकृति में पाते हैं कि एक वृक्ष उन्हीं गुणों को लेकर बढ़ता है जो उसके बीज में होते हैं और यदि अवस्था प्रतिकूल हो तो वह मुर्झा सकता है और सूख सकता है परन्तु जैसी एक हिन्दी की कहावत है बबूल का बीज बो कर आम नहीं खाया जा सकता । शान्ति और सहिष्णुता का बीज मैं कुरान में देखना चाहता हूं और मैं आपका बड़ा कृतज्ञ हूंगा यदि आप उन बातों पर प्रकाश डालें जिनके कारण आप आशावादी हो गए हैं और इस्लाम का अर्थ शान्ति बतलाते हैं । बहुत से दूसरों की भांति मेरे लिए तो इसका अर्थ असहिष्णुता और लोलुपता है जिसमें अहिंसा का चिताकर्षक वर्णन किया गया है जो आकर्षक सौन्दर्य की हूरों से भरा हुआ है और जिसमें सुन्दर बाग हैं जिनके नीचे शराब पानी और दूध की नदियां बहती हैं । अब्दुलरशीद ने कहा था कि काफिर को मार कर मैं स्वर्ग जाना चाहता हूं । जब हम कुरान पढ़ते हैं तो हम पाते हैं कि वह अपने धर्म पर आरूढ़ हैं परन्तु आप कहते हैं कि वह एक भला भटका भाई है धर्म के नाम पर किये गए हमारे अधार्मिक प्रचार का शिकार है । आप अपने अहिंसा और सत्य के नाम से माप कर उसको भले ही भला भटका कहें परन्तु प्रश्न यह है कि क्या वह कुरान की नीति से भी गलती पर है ? कदापि नहीं और यही कारण है कि आज भारत के सब मुसलमान उसको देश के कानून की जकड़ से बचाने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं और उसकी सहायता करने के लिए चन्दा इकट्ठा किया जा रहा है और उस पर ईश्वर की कृपा कराने के लिए मस्जिदों में प्रार्थना की जाती है ।

वेदों के सम्बन्ध में आपके कथन के विषय में मैं यही कहना चाहता हूं केवल यही बात नहीं कि मतभेद के कारण वध अथवा अत्याचार की वेदों में कहीं आज्ञा हो है वरन उसके विपरीत प्रति प्राचीन काल से हिन्दुओं में ऋषि (द्रष्टा) माना गया है याम वसन वेदों का एक अंग है और कपिल मुनि जिनको नास्तिक कहा जाता है और उनका ग्रन्थ सख्या दर्शन वेदों का एक उपांग है वैदिक धर्म में कर्म ही मुख्य है । यह केवल इस्लाम की ही शिक्षा है जिसके अनुसार महात्मा गांधी का एक नये गुजरे मुसलमान से बदतर कहा जा सकता है क्योंकि वह मुसलमान कुरान के खुदा और उसके रसूल मुहम्मद को मानता है ।

अछूतों के साथ हिन्दुओं का जो व्यवहार है वेदों में उसका समर्थन कहीं नहीं पाया जाता और इस लिए उनको दोष नहीं दिया जा सकता । वेद मानव जाति का विभाग गुण कर्म के अनुसार करता है जैसे आम और वस्तु जिनका अर्थ अच्छा और बुरा है और फिर आर्यों का ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र चार जातियों में विभक्त करता है जो सब एक ही समाज शरीर के अंग हैं ।

अन्त में मैं विश्वास करता हूं कि उपयुक्त प्रश्नों का अपने सम्मानित साप्ताहिक पत्र में अथवा निजीपत्र में उत्तर देकर आप मुझे कृतार्थ करेंगे और इसको ईमानदारी के साथ की हुई आलोचना समझेंगे ।

प्रणाम भवदीय

२९ जनवरी ह देवेश्वर सिद्धान्तालंकार

महात्मा जी का पत्र

(हिन्दी अनुवाद)

नन्दी हिल
मसूर स्टेट)
२ ५ १९२७

प्रिय मित्र

आपका २९ जनवरी का पत्र उत्तर देने के लिए मैंने सुरक्षित रख लिया था यह पत्र मुझे दौरे करते हुए मिला था और पिछले तीन दिनों में अपके भेजे कागजों को पढ़ने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है रोग शय्या पर पड़ पड़ मैंने धीरे धीरे अपनी एकत्रित डाक को देखा है । मैंने उन उदाहरणों को पढ़ा है वह मूल्यवान हैं । किसी किसी स्थान में आपका अनुवाद मूल से नहीं मिलता किन्तु मेरा विचार है कि ऐसा असावधानी से हुआ है क्योंकि आपने बड़ा अनुवाद करने का पूरा कष्ट उठाया है

जो उदाहरण आपने इकट्ठे किए हैं उनको देखकर अवश्यमेव एक आदमी सोच में पड़ जाता है । यद्यपि धार्मिक ग्रन्थों का गहरा अन्वेषण या तुलनात्मक अध्ययन मैंने नहीं किया किन्तु कुरान तथा अन्य सब धार्मिक ग्रन्थों का मैंने धार्मिक आश्वासन या आनन्द प्राप्ति के लिए पढ़ा है और इसी लिए इन सब वाक्यों (कुरान और हदीस के प्रमाणों) का जो प्रभाव आपके चित्त पर पड़ा है वह मेरे चित्त पर नहीं पड़ा धर्म में बलात्कार नहीं चाहिए (ल इकरा फद्दीन) इस आयत पर जो भाष्य मैंने किया है वह मेरे लिए सबब नया है और उस भाव से बहुत भिन्न है जो बिना किसी भाष्य के आयत से निकलता है । तो भी इस बारे में मैं अपने मुसलमान दोस्तों से पूछ था । किन्तु आप द्वारा एकत्रित सब उदाहरणों या वाक्यों को सावधानी से पढ़ने के पश्चात भी मेरा यह विचार है कि इस्लाम तलवार का धर्म नहीं है परन्तु अन्य सब मुख्य धर्मों की तरह यह भी एक शांति पूर्वक धर्म है इस कथन में युक्ति यह है कि मुझे कई ऐसे मुसलमान मित्रों से मिलने का अवसर हुआ है जो मेरी और आपकी तरह भिन्न मतवालों को मारने का कभी विचार नहीं करते और ऐसे मुसलमानों को झूठा मुसलमान नहीं कहा जा सकता वह अपने धर्म पर दृढ़ हैं । सूफी लोगों की सारी श्रेणी की श्रेणी जिनकी कुरान के प्रति श्रद्धा के विषय में शक नहीं किया जा सकता उन की प्रेम और शान्ति युक्त उज्ज्वल फिलासफी का उद्गमस्थान कुरान ही है । मैंने मौलाना शिबली की लिखी पैगम्बर साहब की जीवनी नामक पुस्तक पढ़ी है और अबुलकलाम के भी कई भाग पढ़े हैं मैंने पैगम्बर साहब के साथियों के जीवन के कुछ पन्ने नामक पुस्तक भी पढ़ी है । इन पुस्तकों के पढ़ने से मेरे चित्त में उत्तम प्रभाव पड़ा है और मैं समझता हूं कि आपकी कभी यह सम्मति नहीं हो सकती कि मौलाना शिबली और इन जैसे ऐसे ही लेखकों ने जो कुछ लिखा है वह लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए लिखा है और वह उसमें विश्वास न रखते थे किन्तु यह सब कुछ लिखने का मतलब मेरा यह नहीं कि मैं यह मानता हूं कि मुहम्मद साहब ने पूर्ण आदर्श का जीवन व्यतीत किया या कुरान एक पूर्ण पुस्तक है । हमारी अपनी और अन्य सब धर्म पुस्तकों की तरह कुरान में भी ऐसे वाक्य आते हैं जिनके समझने में कठिनाई होती है परन्तु अन्य धर्म पुस्तकों के समझने में जो कठिनाई होती है उससे यह कठिनाई अधिक नहीं है ।

मैं अनुमान करता हूं कि हम इसको तो अपने मस्तिष्क में जम सकते हैं किन्तु ओल्ड टैस्टामेंट को आप देखिए जो ईसाई धर्म पुस्तक का एक भाग है खून खराबी से भरा पड़ा है और ईसाइमत के आदि इतिहास में ईसाइयों के हक में कोई प्रशंसनीय चीज नहीं है ।

आपने मुझ से पूछा है कि वेदों में से ऐसे वाक्य (कुरान की असहिष्णुतायुक्त व्यवहार से पूर्ण आयतों की तरह) निकाल कर आपका बताऊं अपने दस्युओं की तरफ तो स्वयमेव संकेत किया है दस्युओं विषयक इन वेद के मन्त्रों का जो भाष्य आप करते हैं वह सर्वथा ठीक होगा पर क्या यह ठीक नहीं है कि कुरान के श्रद्धालु भाष्यकार भी कुरान के संदिग्ध वाक्यों को इसी प्रकार समझाते हैं । दस्यु तो अपने आपको पापात्मा नहीं समझते थे प्रत्येक आदमी अपनी संदिग्ध क्रियाओं (रीतरिवाजों) का न्याय संगत सिद्ध करने के लिए उन प्रमाणों का सहारा बताता है जिन्हें वह अप्रिय मानता या जिन पर मतभेद करता है जनरल डायर का भी तो यही विश्वास था कि यदि वह इस प्रकार गोलियों से भारतीयों को न मारता तो अंग्रेज स्त्री पुरुषों के जीवन खतरे में हो जाते । किन्तु हम लोग जिनको सब बात भली प्रकार से मालूम है इसे क्रूरता और नीच बदले के नाम से पुकारते हैं । किन्तु जनरल डायर अपने विचार से न्याय और धर्म पर था । कई हिन्दू संजीदगी से यह मानते हैं कि उस आदमी को जो गाय को मारे मार डालना चाहिए और कई धर्म पुस्तकों का उद्धरण दे कर या अन्य प्रकार से अपने कार्य को न्याय सम्मत सिद्ध करते हैं किन्तु अन्य मतावलम्बी जो गाय की पवित्रता को स्वीकार नहीं करते एक गाय के मारने के बदले एक मनुष्य को मारना निन्दित समझते हैं ।

गुरु नानक जिन्होंने अवश्यमेव कुरान पढ़ा था और कहा जाता है मक्के भी गए थे इस्लाम के बारे में बड़ी श्रद्धा के भाव हृदय में लेकर वापिस आए थे । कबीर और दादू दोनों के ऐसे ही विचार थे । इसलिए मेरा यह विचार है कि कुरान को बुरी पुस्तक सिद्ध करने का तथा कुरान के मानने वालों का और भी बुरा बतलाने का यत्न निरर्थक और अवाञ्छनीय है । मेरी सलाह में यह अच्छा होगा कि हम इन पुस्तकों में से उन बातों को चुनें जो

सुन्दर और उत्तम हैं और जिनके कारण उन मनुष्यों के जीवन जो उनमे विश्वास रखते हैं उच्च बने हैं। यह खतरे की बात होगी यदि हम इस्लाम की परख उन मुसलमानो के कामो से करें जो भारत मे इस्लाम के झूठे प्रतिनिधि हैं और फिर उनके निन्दित आचरण का कारण कुरान की शिक्षा को बताएं। यह सिद्ध करने के लिए कि साधारणतः कुरान की सारी शिक्षा का रुख शान्ति की तरफ है मेरे लिए यह जरूरी नहीं कि मैं किसी मुसलमान के दुष्कृत की निन्दा करूं या उन कुछ पापो का कारण समझाऊं जो मैं अपने चारो तरफ होते हुए देखता हूं। कुरान के विषय मे उदारता पूर्ण भावो के कारण ही मैं मुसलमानो से उसी तरह भाव का व्यवहार करता हूं जैसा मैं हिन्दू भाईयो से करता हूं। किसी एक धर्म को लेकर उसी को सच्चा सिद्ध करना और अन्यो को मिटा देने का यत्न करने की अपेक्षा यह सुगम काम है कि संसार के सब धर्मों को सम सहानुभूति की दृष्टि से देखें। मैंने आपके पत्र का लम्बा उत्तर इसलिए दिया है कि मेरा विश्वास है आप सत्य के प्रेमी या जिज्ञासु हैं। यदि कुछ और भी पूछताछ आप करना चाहें तो प्रसन्नता से मैं आपका उत्तर दूंगा

आपका

एम० के० गांधी

नोट —

क्या आप समय निकाल कर इस्लाम की खण्डनात्मक समालोचना अब भी मेरे लिख कर भेजेंगे जिससे उसका उत्तर मैं अपने मुसलमान मित्रो से प्राप्त कर सकूं।

एम० के० जी०

४२ सम्बाद मैन्शन

कारपोरेशन लेन कलकत्ता

२५ जुलाई १९२८

श्री पूज्य महात्मा जी

सादर नमस्ते।

आपका ३२ मई का पत्र इलाहाबाद से लौटाया जाकर मुझे यहां मिला जिसके लिए आपको बहुत धन्यवाद है।

आपने इतना लम्बा पत्र लिखने से अपना अमूल्य समय देकर बड़ी कृपा की है मैंने आपका पत्र बहुत ध्यानपूर्वक कई बार पढ़ा है किन्तु मुझे यह लिखते हुए संकोच होता है कि उससे मेरे इस्लाम के विषय में विचारो में कुछ परिवर्तन नहीं हुआ आपसे प्रार्थना है कि मेरे भेजे हुए लेखो को आप सम्पूर्ण रूप से पढ़ने की कृपा करें मैंने कुरान के श्रद्धालु भाष्यकर्ताओं के लेखो का उद्धरण दिया है जिससे पढ़ने से आपको प्रतीत होगा कि लिखने से पहले कुरान में और इस्लाम के विषय मे मेरे चित्त मे कोई द्वेष भाव न था

विशेष कर उन वाक्यो का जिनका आपकी सम्मति में अनुवाद ठीक नहीं हुआ यदि आप स्पष्ट रूप से उनका निर्देश करेंगे तो बहुत कृपा होगी।

आपके पत्र मे लिखी अन्य बातो का उत्तर निम्न प्रकार है —

१ इस बात मे सन्देह है कि गुरु नानक जी ने कुरान का पाठ किया था क्योंकि न तो उनको भाषा ही आती थी और न उन दिनो मे कुरान का भाषान्तर अनुवाद ही प्राप्य था।

इस के सिवाय गुरु नानक और कबीर के वचनो से यह प्रतीत होता है कि इस्लाम के सिद्धान्तो मे उनकी श्रद्धा न थी।

गुरु नानक न तो इस्लाम के मसभूत सिद्धान्त मोहम्मद साहब के पैगम्बरी को ही मानते थे और न मक्का की पवित्रता ही को स्वीकार करते थे। उनकी जीवन सम्बन्धी एक घटना का उल्लेख इस प्रकार से किया है कि वह एक समय मक्का की तरफ पांव पसार कर लेटे हुए थे जब कुछ मुसलमानो ने यह देखकर उन्हें भला बुरा कहा जिसके उत्तर मे गुरु साहब ने फरमाया कि तुम मेरे पैर उस तरफ कर दो जिधर मक्का न हो ज्यों ही उन लोगो ने गुरु साहब को पांव से पकड़ कर दूसरी तरफ फिराया कहानी है कि मक्के का मन्दिर भी उसी तरफ फिर गया।

ग्रन्थ साहब मे गुरु नानक जी ने एक जगह लिखा है —

छोड़ झूठ रसूल दी सेवे एक खुदाय

जिसका अर्थ स्पष्ट है कि पैगम्बर को छोड़कर एक प्रभु का ही आश्रय लेना चाहिए

कबीर जी ने भी इस्लाम के विरुद्ध लिखा है

सुन्नत कीने तुरक जो होइगा तो औरत का क्या करिये।

अर्द्ध शरीरी नार न छाड़ ताते हिन्दू ही रहिये ॥

कबीर जी का पालन पोषण एक मुसलमान जुलाहे नीरू ने किया था फिर भी उन्होंने इस्लाम को ग्रहण नहीं किया क्योंकि उसके सिद्धान्तो को वह नहीं मानते थे।

मुसलमान सूफियो के अन्दर भी कई ऐसे हुए हैं जिन्होंने कुरान के सिद्धान्तो का खण्डन किया है।

तुलसीदास जी ने अपनी पुस्तक घट रामायण के पृष्ठ ९४ पर मनसूर के निम्नलिखित वाक्य दिये हैं —

कुछ किताबो मे नहीं है कुल कुराना छल है।

वह पिया आलम को अखियो से नहीं कुछ दूर है ॥

जिससे स्पष्ट है कि सूफी मनसूर की कुरान के विषय मे अच्छी सम्मति न थी वह इसे निकम्मी पुस्तक बताते है।

२ ओल्ड टेस्टमेंट की बाबत आपने जो सम्मति प्रकट की है उसके विषय मे मुझे यह लिखना है कि न्यू ईसाई धर्म नहीं है ईसा मसीह के आने की भविष्य वाणी के सिवाये ओल्ड टेस्टमेन्ट मे ईसा मसीह की दी हुई कोई शिक्षा नहीं मिलती उसमे या तो यहूदियो का इतिहास और या यहूदी मत का प्रतिपादन है उसमे कहीं भी ईसामसीह पैगम्बर के रूप मे प्रकट नहीं हुआ उनके जीवन का इतिहास और उनकी शिक्षाएं न्यू टेस्टामेंट के अन्दर दी हुई हैं। यद्यपि यह ठीक है कि ईसा मसीह को यहूदी धर्म प्रवर्तक दाय भाग मे मिला था किन्तु उन्होंने अपनी शिक्षा द्वारा यहूदी मत के हिंसात्मक सिद्धान्तो का प्रतिवाद करके उनके स्थान मे दया और प्रेम के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया उनकी मृत्यु भी अपने सिद्धान्तो को प्रचार करते करते हुई।

न्यू टेस्टामेन्ट मे कोई वाक्य ऐसा नहीं मिलता जिससे खून बहाने या बदला लेने के भाव की गन्ध आती हो। ईसा मसीह की मृत्यु के चार सौ वर्ष बाद तक का ईसाइयो का इतिहास अद्भुत स्वार्थत्याग और आत्म बलिदान का इतिहास है।

सोलह हजार ईसाइयो की मृत्यु या तो अपने गुरु की तरह फांसी के तख्ते पर लटकाये जाने से हुई या उनको शेर के आगे डाल दिया गया। कईयो को उबलते हुए तेल के कड़ाहो मे फैंक दिया गया और कइयो की जीते जी चमड़ी उतारी गई।

धर्म की वेदी पर इन जीवन समर्पण करने वालो मे बहुत से तो युवक और युवतियां थीं जिस प्रकार आपके नानको आपरेशन के सन्देह को सन्देश को मानने वालो मे से एक बड़ी संख्या उन स्कूल और कालेज के लड़को की थी जिन्होंने आपकी आज्ञा मानकर इन सरकारी संस्थाओं को त्याग दिया था यह उपमा देते हुए मुझे इस लिए विशेष मान प्रतीत होता है क्योंकि आपको इस समय का दूसरा ईसा मसीह कहा जाता है।

ईसाइयत के इतिहास मे क्रूसेड नामी जिन लड़ाइयों का वर्णन आता है वह युद्ध योरुप के ईसाई राजाओ ने किये थे और उसमे ईसाई चर्च का विशेष हाथ न था।

कुरान की तरह बाइबल कभी तलवार के जोर से लोगो के सर पर नहीं मढ़ी गई ईसा मसीह जहां बड़ा भारी आत्म बलिदान करने वाला हुआ है वहां दूसरी तरफ मोहम्मद साहब बड़े लड़ाका थे इस लिये इन दोनो की समता बताना उचित नहीं।

भारत के इतिहास मे तो हिन्दू और बौद्ध दोनो इतिहासो मे एक भी घटना ऐसी नहीं मिलती जब धर्म का प्रचार शक्ति या धर्म परिवर्तन शारीरिक बल की सहायता से किया गया हो।

इस शान्तिपूर्ण व्यवहार का कारण आर्य जाति की वर्ण व्यवस्था थी जिसमे राज नैतिक या धार्मिक शक्तियों या अधिकारों का जुदा जुदा मनुष्यो के हाथ में रखना है।

क्षत्रिय नाम जिनके हाथो मे तलवार की शक्ति थी उनका देश के प्रबन्ध या राजनीति से तो सम्बन्ध था पर धर्म के क्षेत्र मे ब्राह्मण लोग गुरु थे और सब प्रकार की धार्मिक शक्ति उन्हीं के हाथो मे रहती थी।

भारत के धर्म प्रचार को और संन्यासियो जैसे समर्थ गुरु रामदास गुरु नानक और चैतन्य की तुलना ईसामसीह से की जा सकती है बुद्ध और महावीर की गणना भी इस प्रकार के प्रचारको मे है और यह तो है।

इसलाम के इतिहास मे इतनी खून खराबी क्यो पाई जाती है इसका कारण यह है कि वहां एक ही पुरुष के अधिकार मे दोनो शक्तियां राजनैतिक और धार्मिक रही है।

इस्लाम के खलीफा जो धार्मिक गुरु माने जाते रहे हैं राजशक्ति के भी अधिपति थे और उन्होंने इस्लाम का प्रचार करने के लिए निस्संकोच होकर अपनी राजनतिक शक्तियो या तलवार का उपयोग किया बौद्ध धर्म और ईसाइयत के प्रचार के लिए जहां बौद्ध भिक्षु और स्वार्थत्यागी मिशनरियो की सेनाएं भेजी गई वहां इस्लाम के प्रचार के लिए नौकर पेशा सैनिको की फौजें भेजी जाती रहीं। मारकस राड ने इसको बड़ी उत्तमता से वर्णन किया है —

निस्सन्देह इस्लाम की सफलता का एक बड़ा कारण उसका तलवार का उपयोग हुआ है। इस्लाम के बिना अरब निवासी संसार विजयी कदापि न हो सकते थे किन्तु बिना युद्ध के इस्लाम ही न होता। यहां युद्धक्षेत्र मे लड़ाई पर तलवार के भय से धर्म परिवर्तन किया गया है। कितनी ही जातियों को केवल एक घण्टे में इस नवीन धर्म की सत्यता को स्वीकार करना पड़ा कारण कि उनके लिए उस समय सर्वनाश के अतिरिक्त और कोई मार्ग न था। (मारकस राड)

शरीयत या कुरान के कानून के अनुसार हिन्दुओ की क्या स्थिति है यह दर्शाने के लिए हम एक उद्धरण लेनपूल Lane Pool की पुस्तक Mediaeval India Under Mahamuadan Rule से उद्धृत करते हैं। यह प्रसिद्ध पुस्तक है और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी मे इन्टरमीडियेट और डिग्री के विद्यार्थियो की पाठ विधि मे है इसमें पृष्ठ १०५ पर लिखा है —

बगैर किसी धार्मिक कानून के आधार के सब धाराओ का लागू किया गया था। अलाउद्दीन की राय मे गवर्नमेंट का शरीयत के कानून से कोई सम्बन्ध विशेष न था और अलाउद्दीन को जो कुछ भला मालूम होता था वह करता था और कभी

उसने यह नही पूछा कि अमुक बात शरीयत के अनुसार है या नही। एक दिन अलाउद्दीन ने अपने कोर्ट मे बियाना के काजी को देखा और उससे कहाकि मुझ तुम से कुछ बातें पूछनी हैं जिनका मैं ठीक ठीक उत्तर चाहता हू। काजी ने भयभीत होकर कहा मेरा अन्तकाल समीप आया मालूम होता है। सुलतान अलाउद्दीन ने प्रतिज्ञा की कि वह उसे न मरवाएगा और तत्पश्चात एक विचित्र वार्तालाप प्रारम्भ हुआ —

अलाउद्दीन न कहाकि मैं पहले कानून (शरीयत) की दृष्टि से हिन्दुओ की स्थिति जानना चाहता हू। काजी ने उत्तर दिया कि हिन्दुओ का नाम खिराज गुजार या करदाता है इन पर विशेष कर लगाया जाना चाहिए और कर सग्रह करने वाले सरकारी हाकिम जब उनसे चादी मागे तो उन्हे बिना हील हुज्जत के नम्रता पूर्वक सुवर्ण देना चाहिए। यदि हाकिम उनके मुख मे थूकना चाहे या गन्द डालना चाहे तो उन्हे अपना मुह खोल देना चाहिए और उन हाकिमो को थूकने देना चाहिए। हाकिमो के प्रति सम्मान दिखाने का हिन्दुओ के लिए यही तरीका है और इस प्रकार कर देकर और अपने मुखो मे थुकवा कर वह इस्लाम के प्रति सम्मान दिखाते हैं। इस्लाम के प्रति सम्मा हिंदुओ को दासता मे रखना मुसलमानो का धार्मिक कर्तव्य है खुदा की भी ऐसी ही आज्ञा है कि हिन्दुओ को दबा करके रखो क्योंकि वह रसूलमुहम्मद साहब के कट्टर शत्रु हैं।

सुलतान अलाउद्दीन न उत्तर मे कहाकि मुझ यद्यपि विद्वान काजी का एक वाक्य भी समझ मे नही आया किन्तु मैंने की मैंने राज्य मे ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह मेरे हुक्म से डरकर चूहो की तरह अपने बिलो मे घुस जाने को तैयार हैं।

३ मेरा यह कभी भी तात्पर्य नही कि इस्लाम मे कुछ भी अच्छापन नही या कुरान सर्वथा बुरी पुस्तक है मेरा तात्पर्य केवल इतना है कि कुरान इस्लाम के प्रचार के लिए बल-प्रयोग या तलवार चलाने की आज्ञा देता है और मुसलमान जब सब काफिरो (हिन्दुओ) को मारते लूटते या उनके मकान जलाते हैं तब यह सब काम वे उस कुरान की शिक्षा के प्रभाव मे आकर करते हैं जो उनके मुल्लो या मौलानाओ से मिलती हैं।

आपका यह कहना सर्वथा सत्य है कि हमे इस्लाम की उत्तम बातो या सच्चाइयों को देखना चाहिए पर यह बात भी भुलाई नही जा सकती कि किस मिश्रित धर्म की तरह हम कभी ऐसी पुस्तकों को उस श्रद्धा से ग्रहण नही कर सकते जिस श्रद्धा से धर्म पुस्तको का ग्रहण होता है।

क्योकि भिन्न भिन्न मतो की धर्म पुस्तकें परस्पर विरुद्ध बातो से भरपूर हैं। हम समान भाव से उन्हें सच्चा या आदरणीय भी नही मान सकते। सत्य सिद्धातो की रक्षा के लिए असत्य और हानिकारक सिद्धातो का हमे खण्डन करना ही पड़ता। इसमे सन्देह नही कि यह काम बड़ा कठिन है और सावधानी से किया जाना चाहिए जिससे किसी का दिल न दुखे। हमे चित्त मे सदा इस बात को अकित रखना चाहिए कि शाति और प्रेम से धर्म का प्रचार करने से ही जनता का कल्याण होता है किन्तु इस कार्य मे किसी प्रकार का समझौता नही किया जा सकता। सहनशीलता ब्रह्मचर्य और त्याग के भावो को फैलाने के लिए हमे दुराचार लूटमार और भोगवाद के सिद्धातो का खण्डन करना होगा चाहे वह कुरान में मिलें या पुराण मे।

यहा भारत वर्ष की स्वतंत्रता और राजनैतिक एकता का प्रश्न हमारे सामने आता है। भारत वर्ष मे एक शक्तिशाली विदेशी जाति मौजूद है जो सदा हिन्दु मुसलमानो के झगड़ो से फायदा उठाती है और इसी लिए हमारे देश के नेता यह नही चाहते कि लोग परस्पर सदा धार्मिक वादविवाद मे लगे रहे जिससे देश की अधोगति होती रहे। यह वस्तुत बड़ा ही सराहनीय भाव है पर कोई भी विचारशील पुरुष इस बात का भुला नही सकता कि हिन्दू मुसलिम दंगे फसाद और झगड़ो का कारण मुसलमानो का वह विश्वास या मानसिक भावना है जिसके अनुसार वह हिन्दुओ को काफिर समझते हैं और यदि वे काफिर उनके इस्लाम सेवा के मार्ग मे बाधक सिद्ध हो तो उन्हे मारना भी वह धर्म समझते है। इन अवस्थाओ मे ऐसे मामले को सुलझाना हमारे नेताओ का कर्तव्य है। मेरी सम्मति मे कुरानादि धर्म पुस्तकों से एकता के साधन ढूढने की जगह या धर्म को राजनैतिक क्षेत्र मे घसीटने से यह अच्छा होगा कि हमारे नेता भारत की मुसलमान जनता के हृदय मे यह भाव जमाने का यत्न करें कि भारत उन की जन्मभूमि है और अपने देश के कल्याण या स्वराज्य प्राप्ति के लिए हिन्दुओ का सहयोग देने मे उनका अपना भला है।

मुसलमान भाष्यकर्ताओ की टीका टिप्पणीसमेत मैंने कुरान और हदीस के उद्धरण आपकी सेवा मे भेजे हैं और आशा है कि समय पा कर आप उन्हे पढ़ेंगे।

४ वेदो के विषय मे मैं फिर इस बात को दुहराता हू कि उनमे कहीं भी इस प्रकार की शिक्षा नही कि हम इस लिए किसी आदमी से बुरा व्यवहार करना चाहिए कि उसका मत हमसे नही मिलता और न मतभेद के लिए वेदो मे किसी को किसी प्रकार का दण्ड देने का ही विधान है। केवल पाप कर्म करने के कारण ही किसी को दण्ड देने की आज्ञा है जब इस्लाम की दृष्टि मे कोई मनुष्य केवल अपनी स्वतंत्र सम्मति विशेष या विचार के कारण काफिर समझा जाता है जैसे मुहम्मद साहब को पैगम्बर न मानना। बड़ा आश्चर्य की बात है कि मुसलमानो के नेता मौलाना मुहम्मदअली) आप सरीखे महापुरुष से एक नीच और अधम मुसलमान को इस लिए अच्छा समझते है क्योंकि वह मुसलमान है।

वेद मे आए दस्युओ विषयक मन्त्रो के सम्बन्ध मे आपको भ्रम हुआ मालूम होता है। दस्यु नाम से वेद मे किसी जाति विशेष का बोधक नही है। आर्यों मे ही पाप करने वालो को दस्यु कहा जाता था और वैदिक कोष के अनुसार दस्यु शब्द का यही अर्थ है। यही कारण है कि वेन [१] दण्डक रावण और दुर्योधन को जो आर्य जाति मे उत्पन्न हुए थे उनके पाप कर्मो के कारण दस्यु कहा जाता है। इस लिए दस्यु लोगो को पापी सिद्ध करने का कोई प्रश्न ही पैदा नही होता जैसा आपने लिखा है कि प्रत्येक पन्थ अपनी बुरी बातों या सदिग्ध रीति रिवाजो को युक्ति सगत सिद्ध करने के लिए उन पुरुषो को पापी सिद्ध करता है जिनको वह अविश्वास की दृष्टि से देखता है।

आगे आपने लिखा है कि जिनको दस्युकहा जाता था वे अपने आपको बुरा नही समझते थे। आप ही विचारें यह युक्ति कहा तक किसी पापी को बचाती है कि वह पाप कर्म करते हुए अपने आपको पापी नही समझता। सदाचार की कसौटी स्वतंत्र और स्वत सिद्ध है। भिन्न भिन्न मनुष्यो की सम्मति या विचारो के अनुसार उसे बदला नही जा सकता। अन्यथा सामाजिक सदाचार की रक्षा के लिए कोई कानून ही नही बनाया जा सकता

आपने यह सब लेख अंग्रेजी मे अनुवाद करके आपकी सेवा मे भेजने के लिए आज्ञा दी है। मैं उसे पालन करने का शीघ्र यत्न करूगा।

मैं एक बार फिर आपके पत्र के लिए आपका धन्यवाद देता हू कि आपने अपना इतना अमूल्य समय देने की कृपा की है विशेष कर जब आपका स्वास्थ्य इन दिनो म इतना निर्बल हैं।

आपका श्रद्धायुक्त
देवेश्वर।

बगलोर अ० बु० ३

प्रोफेसर साहब

जस्टिस अमीर अली की किताब मैंने इसी बिमारी मे दुबारा देख ली। वे भी तो इतिहास वेत्ता हैं। इस्लाम का प्रचार तलवार से नही हुआ है इस बात का समर्थन जस्टिस अमीर अली किस तरह करते है उसे आप देख। आखिर कार जिस तरह भारत वर्ष के इतिहास के लिए हम विदेशी टीकाकारो का अभिप्राय सहमत नही होगे परन्तु हमारे ही राष्ट्राभिमानी इतिहास वेत्ता का अनुसरण हम करेंगे इसी तरह से हमारे इस्लाम की तवारीख और कुरान का अभ्यास करना उचित है। मैने पढ़ा तो नहा है परन्तु सुना है कि टी डब्ल्यू आर्नल्डने बड़ परिश्रम और सशोधन के बाद एक किताब लिखा है जिसका मतलब यही है कि इस्लाम का प्रचार तलवार से नहा हुआ। आधुनिक भारत वर्ष के मुसलमान का बर्ताव कैसा भी बुरा माना जाए परन्तु यदि हम उस बर्ताव से इस्लाम के लिए कुछ भी अभिप्राय कायम करें तो न्याय दृष्टि नहा मानी जायेगी। न हम को जगत के साथ मैत्री करने के लिए इस से कोई सामान मिल सकता है।

आपका
मोहनदास गाधी।

(श्री महात्मा जी के १७ अगस्त १९२७ के पत्र का हिन्दी अनुवाद)

बगलोर से १७ अगस्त १९२७

प्रिय मित्र

आपके लम्बे पत्र और आपकी लेख माला की पुस्तक के लिए धन्यवाद है। इन लेखो को दूसरी बार पढ़ने के लिए समय निकालने का मैं यत्न करूगा

आपका अंग्रेजी मे लिखना मैं अधिक पसन्द करूगा। मुझ स्मरण नही कि क्या मैने अपने पिछले पत्र मे आपको यह लिखा था कि अंग्रेजी का अनुवाद मुझ अपने लिए नही अपितु उन मुसलमान मित्रो को दिखाने के लिए चाहिए जो कि कुरान का भली प्रकार से जानते है। मेरा कुरान का अध्ययन सर्वथा पूर्ण नहीं है। यह तो केवल मेरे अपने मन तोष के लिए था।

आपका विचार है कि दस्यु शब्द का वेद मे वह अर्थ नही है जो कि काफिर के इस्लाम मे है। बगैर प्राचीन ऐतिहासिक काल की तरफ झाकको से जाने के लिए मैं आपका ध्यान उस इतिहास की तरफ खीचता हू जो कि हमारे बीच मे आज कल गुजर है। क्या हजारो हिन्दू मसल

---

[१] वेन को अपने अत्याचार और पापो के कारण चालर्स दी फर्स्ट की तरह राज्यच्युत किया गया था। इस घटना से प्रजा को शिक्षा देने के लिए कि पाप के कारण एक आर्य राजा को आर्य राजा को आर्य जाति से पृथक किया जा सकता है उससे राज्य भी छीना जा सकता है वेन राजा के इतिहास को पढना श्रीमद्भागवत म धर्म माना गया है।

मुसलमानों को अपना बन्धु नहीं समझते और समझते हैं कि या तो उन्हें शुद्ध कर लेना चाहिए या मार देना चाहिए। और क्या कई शिक्षित भारतवासी अंग्रेजों को पापी नहीं समझते। मान लीजिए कि एक ऐसा आदमी जिसमें कि असीम उदारता का भाव न हो हमारे और अंग्रेजों के पारस्परिक सम्बन्ध का वर्णन करते हुए एक विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ लिखे तो क्या वह अंग्रेजों को ऐसा दस्यु या आततायी न बतावेगा जिनको कि देखते ही मार डालना चाहिए और मान लीजिए कि यह ग्रन्थ काल के भयानक परिवर्तनों से सुरक्षित रहकर लोगों का धर्म पुस्तक माना जाने लगे तो क्या आने वाली सन्तति वही गलती न करेगी जो हम दस्यु शब्द के अर्थ लगाने में कर रहे हैं और कहेगी कि यह दस्यु भारत की उस समय के राजनैतिक लुटेरे ही नहीं अपितु दुष्ट पुरुष थे। दूसरा दृष्टान्त लीजिए। असहयोग आन्दोलन का जन्मदाता होने से मुझे यह बात मालूम है कि कई असहयोगी सहयोगियों को घृणा की दृष्टि से देखते थे मानो वह बड़े राक्षस हों और यदि आज्ञा दी जाती तो वह इन गरीब सहयोगियों का नाश कर देते। क्या सहयोगी दस्यु हैं? असली बात यह है कि ज्यूं ही आप इस सिद्धान्त को मान लेते हैं कि उन मनुष्यों को मार देना चाहिए जिनको कि आप पापी समझते हैं तो आप बाजी हार जाते हैं और उसी श्रेणी में आ जाते हैं जिसमें कि कुरान का लेखक है।

नानक देव और कबीर के विषय में जो कुछ आपने लिखा है उसके विरुद्ध भी मैंने सम्मतियां सुनी हैं परन्तु यह बहुत ही साधारण बात है।

जब आपकी पुस्तक को पढ़ने का मुझे अवसर होगा तो मैं आपको उन उद्धरणों (कुरानादि की आयतों) के बारे में लिखूंगा जिनके विषय में मैंने यह समझा था कि आपका अनुवाद यथोचित नहीं हुआ

आपका विश्वासपात्र
एम के गांधी

कलकत्ता ४ अक्तूबर १९२७

श्री पूज्य महात्मा जी

नमस्ते

आपका १७ अगस्त का पत्र मिला जिसके लिए अत्यन्त धन्यवाद है। कि आप स्वामी श्रद्धानन्द जी की हत्या या इस्लाम की शिक्षा नामक पुस्तक दूसरी बार पढ़ने का यत्न करेंगे इस के लिए मैं आपका आभारी हूं मैंने अंग्रेजी में लिखने का इस लिए विचार किया था क्योंकि आपने अपने २८ ५ २७ के पत्र में Post Script में पैंसल से यह शब्द लिखे थे

Could you find time to write out you indictment of Islam in English so as to enable me to get a reply from Mussalman friend

अस्तु।

दस्यु शब्द के विषय में मेरा यही मत है कि इस शब्द के वेद या वैदिक साहित्य में सर्वथा वह अर्थ नहीं है जो काफिर शब्द के इस्लाम में है। मुसलमान लोग बिना किसी विचार के अन्य मतावलम्बियों को काफिर कहते हैं चाहे उनका आचरण या जीवन कितना भी ऊंचा क्यों न हो। इस्लाम के सिद्धान्तों के अनुसार मौ महम्मद अली सरीखे विद्वान को आप सरीखे उच्च जीवन व्यतीत करने वाले कर्मयोगी के लिए मुसलमानों की सभा में यह कहने के लिए बाधित होना पड़ा कि एक शराब पीने वाला और दुराचारी मुसलमान भी महात्मा गांधी से श्रेष्ठ है। इस्लाम किसी मनुष्य को उसके कर्तव्य (जीवन आचरण वाले व्यवहार) से नहीं अपितु केवल मन्तव्यों से जांचता है। जो मनुष्य कुरान के खुदा और मुहम्मद साहब को पैगम्बर नहीं मानता वह काफिर है और कुफ्र के दण्ड का पात्र है। उसका जीवन कितना भी ऊंचा परोपकार युक्त और जितेन्द्रिय त्यागादि गुणों से युक्त क्यों न हो वह काफिर ही कहलावेगा। इसके विपरीत वेद व वैदिक धर्म मनुष्य या उसके कर्मों और मन्तव्य विचारों दोनों में उत्तम है जिसमें से कर्तव्य प्रधान क्रियात्मक जीवन की प्रधानता और विचारों मन्तव्यों या सिद्धान्तों की गौणता है। जो मनुष्य सदाचारी श्रेष्ठ कर्म करने वाला है उसका नाम आर्य है और इसके विपरीत जो परहानि में लगा हुआ दूसरों की हिंसा करने वाला है वह दस्यु कहाता है। आर्य और दस्यु ये दोनों शब्द यौगिक अर्थात् धातु से बने होने से यौगिक अर्थ युक्त हैं। १ प्राचीनकाल से वेदों के सब टीकाकार इन शब्दों के यही अर्थ करते आए हैं। ऋषि दयानन्द सरस्वती और सायणाचार्य इस विषय में सहमत हैं। ऋग्वेद १० ४९ ३ अहमत्कम न यो ऽऽ आर्य नाम दस्यवे इस मन्त्र में सायण आर्य का अर्थ श्रेष्ठ करते हैं।

वाचस्पत्य कोष में आर्य शब्द के ऊपर लिखा है कि स्वामी गुरु सुहृद श्रेष्ठ कुलोत्पन्न पूज्य श्रेष्ठ आदि अनेक अर्थ में आर्य शब्द आता है। ऋ धातु से रायत प्रत्यय होने पर आर्य शब्द बनता है। और स्मृति में इसकी व्याख्या यों की है —

कर्तव्यमाचरन् कार्यमकर्तव्यमनाचरन्।
तिष्ठति प्रकृताचारे स वा आर्य
इति स्मृतः॥

अर्थ —कर्तव्य कार्य को करता हुआ अकर्तव्य को न करता हुआ। अपने प्रकृताचार धर्म में सदा स्थित पुरुष आर्य कहाता है।

इससे सिद्ध हुआ कि चाहे कोई मनुष्य मत से मुसलमान ईसाई यहूदी आदि कुछ भी क्यों न हो और चाहे वह किसी देश का भी निवासी क्यों न हो यदि वह सदाचारी है और अपने कर्तव्य कर्म Duty का ईमानदारी से पालन करता है तो वह आर्य कहावेगा। और इसके उलटा जो कर्तव्य कर्महीन है दूसरों का नाश करता चोरी हिंसा दुराचार करता है उसका नाम दस्यु है। चाहे वह आर्य जाति में या आर्यावर्त देश (भारत वर्ष) में ही पैदा क्यों न हुआ हो। एक प्राचीन स्मृति में आर्य का अर्थ करते हुए स्पष्ट यही बात लिखी है —

वृत्त न भवत्यार्यो न धनेन न विद्यया अर्थ मनुष्य उत्तम आचरण से आर्य कहाता है न कि धन या विद्या से। परन्तु इस्लाम के अनुसार कोई मनुष्य कितना भी सदाचारी और Duty ful अपने कर्तव्य का पालन करने वाला क्यों न हो उसको तब तक मुसलमान (जिसके आचर्य यद्यपि आर्य शब्द सरीखे ही हैं अर्थात् जोकि अपने ईमान पर पक्का हो) नहीं कहा जा सकता जब तक कि वह कुरान के खुदा और मुहम्मद साहब को पैगम्बर न माने। वह तो तो काफिर ही कहलावेगा। इस के विपरीत वेदों के अनुसार मुसलमान आर्य और ईसाई आर्य भी हो सकते हैं और दस्यु हिन्दुओं में और मुसलमानों में दोनों में हैं।

इस विषय में बहुत से भ्रम का कारण यह है कि योरोपियन विद्वानों ने अपनी ऐतिहासिक पुस्तकों में इस थ्योरी का प्रतिपादन किया है कि आर्य लोग प्रथम २ भारत में उत्तर पश्चिम की ओर से ईरान और अफगानिस्तान की तरफ से आए। भारत वर्ष के आदि निवासियों को युद्धों में हराकर परास्त करके इस देश पर अपना अधिकार जमा लिया। इनको वह दस्यु नाम से पुकारते थे और इन पर अत्याचार करते। इन्हीं के मारने का वेद में वर्णन है इत्यादि २।

प्राचीन आर्य धर्म शास्त्रों के देखने से सिद्ध होता है कि यह थ्योरी निर्मूल है और मनुष्य जाति की प्रथम सृष्टि तिब्बत में हुई। यही प्रदेश भूमि पर सब से ऊंचा धरातल है और इसी लिए यहीं जल में से प्रथम २ बाहर आया। तिब्बत से आर्य लोग भारत में आए और इस देश को जल वायु और अन्न फल आदि की उत्पत्ति की दृष्टि से उत्तम निवास योग्य देखकर इस में बस गए।

१ ये दोनों शब्द वेद में साथ साथ आए हैं। आर्य शब्द का प्रयोग प्रथम दिखा कर फिर दस्यु शब्द का प्रयोग देखने पर यह विषय स्पष्ट हो जावेगा इस लिए आर्य का प्रयोग मैं आपके सामने उपस्थित करता हूं।

वेदों में किसी जाति विशेष के साथ पक्षपात युक्त व्यवहार की आज्ञा नहीं है। और न आर्य और दस्यु दो भिन्न भिन्न जातियों का नाम है अपितु श्रेष्ठ मनुष्यों का नाम आर्य और पापियों का नाम दस्यु है। दस्यु या पापी मनुष्यों को वश में करने दण्ड देने और मारने की आज्ञा वेदों में है यह सत्य है और इसका मण्डन मैं आगे चल कर करूंगा।

दस्यु शब्द दसु उपक्षये इस धातु से बना है। इसका अर्थ है वह मनुष्य जो प्रजाओं में उपक्षय अर्थात् विनाश (ह्रास) पहुंचाया करे।

दस्यु किसी जाति का नाम किसी प्राचीन भाष्यकार या टीकाकार ने नहीं लिखा। दस्यु दस्यतेः क्षयार्थात्। उपदासयति कर्माणि।

दसु उपक्षये धातु
(उणा ३ २०)
निरुक्त अ ७ पा ६
खण्ड २२।

कुछ और प्रमाण भी प्राचीन वैदिक साहित्य से मैं नीचे देता हूं जिससे यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि दस्यु उस समय किसी जाति विशेष का नाम न था मुसलमान या अंग्रेजों के लिए दस्यु शब्द का प्रयोग वैदिक नहीं है। Non co operator और सहयोगी Co operator का दृष्टान्त इस स्थान में इसलिए नहीं घटता क्योंकि वैदिक सिद्धान्त के अनुसार मन्तव्य या विचार भेद के कारण किसी को दस्यु नहीं कहा जा सकता जो धर्म विरुद्ध चले वही दस्यु है और धर्म का एक Universal सर्वमान्य त्रैकालिक लक्षण वैदिक शास्त्रों ने कर दिया है जिसके अनुसार नाश करने चोरी करने अत्याचार या व्यभिचार करने वाला दस्यु कहाता है। Co-operation सहयोग या असहयोग Non Co-operation कोई कूटस्थ तीनकाल में न बदलने वाले सिद्धान्त नहीं हैं यथा झूठ न बोलना चोरी न करना आदि इस लिए जैसा आपने दर्शाया है असहयोगियों का सहयोगियों को दस्यु कहना व्यर्थ है।

आचारहीन होने पर आर्य लोग ही दस्यु कहाते थे इस में ऐतरेय ब्राह्मण ७।१८ से एक वाक्य नीचे उद्धृत करता हूं —

तस्य ह विश्वामित्रस्यैकशतं पुत्रा आसुः पञ्चाशदेव ज्यायांसो मधुच्छन्दसः पञ्चाशत्कनीयांसः। तद्ये ज्यायांसो न ते कुशलं मेनिरे। तानन्वव्याजहार अन्तान् वः प्रजा भक्षीष्टेति।
त एतेऽन्ध्राः पुण्ड्राः शबराः पुलिन्दा मूतिबा इत्युदन्त्या बहवो वैश्वामित्रा दस्यूनां भूयिष्ठाः

(अर्थ) इस प्रकार आज्ञा भंग करते हुए उन पुत्रों से विश्वामित्र ने कहा कि तुम्हारे सन्तान नीच जाति को प्राप्त

होवे सो वे य श द पु ड शबरादि नीच श्रेणि के मनुष्य हुए।

दस्यु कर्म करने वाले को दस्यु कहते हैं इस में महाभारत भी साक्षी है।

मान्धातोवाच

यवना किराता गान्धाराश्चीना

शबर बर्बरा ।

शकास्तुषारा कङ्काश्च पह्लवा

श्चान्ध्र मद्रका ॥१३॥

पौण्ड्रा पुलिन्दा रमठा काम्बोजा

श्चैव सर्वश ॥

ब्रह्म क्षत्र प्रसूताश्च वैश्या शूद्राश्च

मानवा ॥१४

कथ धर्माश्चरिष्यन्ति सर्वे विषय

वासिन ।

मद्विधैश्च कथ स्थाप्या सर्वे वै

दस्युजीविन । (१५)

एतदिच्छाम्यहे श्रोतु भगवस्त

ब्रवीहि मे ।

त्व बन्धुभूतोह्यस्माक क्षत्रियाणा

सुरेश्वर । (१६)

महाभारत शान्तिपर्व अ ६५।

राजा मान्धाता इन्द्र से पूछते हैं कि यवन किरात गान्धार चीनादि तथा ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र य सब कैसे धर्म करें क्योंकि ये दस्यु कर्म से जीवन व्यतीत करने लगे है। और दस्यु जीवी पुरुषो की स्थापना हम कैसे कर सकते हैं आप कृपा करके ये विषय मुझे सुनाव। इन श्लोको से स्पष्ट है कि पाप करने से ब्राह्मणादि आर्य ही दस्यु कहाते हैं कस रावण दुर्योधनादि जिनको सस्कृत साहित्य मे दस्यु और राक्षस करके कहा गया है ये सब आर्य जाति के सदस्य थे। रावण पुलस्त्य ऋषि की सन्तान था और कस कृष्ण भगवान का मामा था।

कृष्ण जी ने जिन कस जरासधादि दैत्यो का सहार किया वह भी तो जाति से आर्य ही थे। इससे सिद्ध होता है कि आर्य और दस्यु शब्द वैदिक काल मे गुण परक ही थे हा पीछे से जाति रूप मे कहीं कहीं इनका प्रयोग किया जाने लगा। जब हिन्दुओ पर विदेशी यवनादिको ने आक्रमण किए और वह यवनों से पराजित हो उनके अत्याचारो से पीडित हुए तो मुसलमानो आदि विदेशियो के लिए उन्होने दस्यु शब्द का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया। और फिर क्रमश सब विदेशी जातियों के लिए घृणा से इस शब्द का प्रयोग होने लगा।

वेद मे मनुष्यमात्र के उनके कर्मो के अनुसार ही विभाग किए हैं आर्य और दस्यु। देखिए ऋग्वेद १ ११ ५ विजानी ह्यार्यान्ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान्। राजा के लिए उपदेश है कि राजेन्द्र। तुम दस्यु और आर्य दोनो प्रकार के मनुष्यो को पहचानो और जो दस्यु है उनका शासन करो उन्हे वश मे लाओ और यदि वह शासन को न माने तो उनका नाश करो इत्यादि।

अब रहा प्रश्न दस्यु और आततायी को मारने का सो इस विषय मे वैदिक धर्म की आज्ञा तो स्पष्ट यह है कि दस्यु को राजदरबार और आततायी को प्रत्येक मनुष्य दण्ड दे सकता है। शास्त्र की आज्ञा है —

गुरु वा बालवृद्धौ वा ब्राह्मण वा बहुश्रुतम् ।

आततायिनमायान्त हन्यादेवाविचारयन्

मनु

अग्निदो गरदश्चैव शस्त्रपाणिर्धनापहा।

क्षेत्रदार हरश्चैव षडेते आततायिन ।

मनु।

समस्ते त्वाततायी वधोद्यते

अमरकोष

अर्थ —घर मे आग देने वाला विष देने वाला हाथ मे शस्त्र लेकर जो मारने आ रहा हो धन छीनने वाला स्त्री और क्षेत्रादि पर आक्रमण करने वाले इन ६ पुरुषो का नाम आततायी है। सम्मुख आते आततायी को बिना विचारे मार डालना चाहिए वह आततायी अपना गुरु बालक वृद्ध और ब्राह्मण ही क्यो न हो आत्मरक्षण मुख्य धर्म है।

हां नहीं दस्यु है। आपको य तो स्वीकार ही होगा कि धर्म के कुछ ऐसे भी लक्षण हैं जो सर्वमान्य हैं जिनको सब धर्मों के सब लोग सब कालो मे मानते चले आए हैं और सौभाग्यवश धर्म ग्रन्थों मे जो लक्षण धर्म के दिए हैं वह Sectarian एक मत विशेष के न होकर सर्वमान्य था Uu versal है जैसे देखिए मनुस्मृति —

धृति क्षमा दमोऽस्तेय शौच मिन्द्रिय

निग्रह ।

धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशक धर्म

लक्षणम्।

अर्थ —धैर्य क्षमा अपने मन को वश मे रखना संयम चोरी न करना अर्थात दूसरो के पदार्थों अधिकारो वा स्वतन्त्रता का अपहरण न करना वा प्राणियो को किसी भी प्रकार से धोखा न देना मन वचन कर्म से शुद्ध रहना ब्रह्मचर्य इन्द्रियनिग्रह पराई स्त्री को कुदृष्टि से न देखना भी पवित्र विचार चिंतन मादक द्रव्यो के सेवन से बचना और अपनी बुद्धि की रक्षा करना धर्म शास्त्रो का पठन या विद्वानो की सेवा और सत्सग सदा सत्य मानना बोलना और सत्याचरण और क्रोध का त्याग

nouvoilence के प्रचार मात्र से नियम मे रक्खे जा सकते है एक पवित्र आकाक्षामात्र या मीठा स्वप्न है जो ससार के इतिहास मे न कभी पूरा हुआ और न होगा। सब देशो सब जातियो और सब कालो मे कानून की रक्षा राजदण्ड से की जाती रही है और कानून या धर्म विरुद्ध कर्म करने वाले को दण्ड Punishment देना धर्म का अग माना जाता रहा है। यह दण्ड बदला लेने के भाव से या बदला लेने के रूप मे न होकर पापी के सुधार के लिए होना चाहिए यह तो सब विद्वान मानते हैं। मनु जी ने इस विषय पर सुन्दर लिखा है

दण्ड शास्ति प्रजा सर्वा दण्ड

एवाभि रक्षति ।

दण्ड सुप्तेषु जागर्ति दण्ड धर्म

विदुर्बुधा ।

यत्र श्यामो लोहिताक्षो दण्डश्चरति

पापहा ।

प्रजास्तत्र न मुह्यन्ति नेता चेत्साधु

पश्यति ।

दण्ड से प्रजाओ का शासन होता है और दण्ड से ही दुष्ट पुरुषो से प्रजाओ की रक्षा होती है दण्ड सब के सोते जाग कर रक्षा करता है और दण्ड ही को विद्वान धर्म कह कर पुकारते हैं। जिस स्थान पर पाप नाश करने वाला कृष्ण वर्ण और रक्त नेत्र वाला दण्ड वर्तमान रहता है और उस दण्ड का नियोजक शासक या न्यायाधीश ज्ञ वक्ता रहता है।

जिस कानून व धर्म के पीछे उसको मनवाने वाली राज शक्ति Soveregn outhority नहीं उसको आज भी Juris prudence धर्म शास्त्र के अनुसार कानून नहीं माना जाता। कहने का तात्पर्य यह है कि दुष्ट को भी न मारना ऐसी अहिंसा को आर्य शास्त्र ने नहीं माना। अपितु दुष्टो को मारना श्रेष्ठों की रक्षा करना धर्म की स्थापना इसी रूप से धर्म की व्याख्या की गई है।

ऐतिहासिक पत्र-व्यवहार

आर्य मर्यादा के इस विशेषाक में हम श्री प० देवेश्वर जी सिद्धान्तालकार का श्रीयुत गांधी जी के साथ सन् १९२६ में हुआ वह पत्र व्यवहार प्रकाशित कर रहे हैं जो श्री प० देवेश्वर जी सिद्धान्तालकार की पुस्तक स्वामी श्रद्धानन्द की हत्या और इस्लाम की शिक्षा जहाद को पढ़ने के पश्चात श्री गांधी जी की प्रतिक्रिया से प्रारम्भ हुआ था। इस पत्र व्यवहार का विशेष ऐतिहासिक महत्व है। आशा है आर्य मर्यादा के पाठक इसे अवश्य पसन्द करेंगे। —आर्यप्रकाश आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष

वैदिक धर्म मे अहिंसा वा सब भूतहित को महान धर्म गिना है पर आत्मरक्षण (Self defencc) के लिए आततायी को मारना वा धर्म युद्ध मे क्षत्रियो का अपने शत्रुओ का वध करना न केवल यही कि हिंसा नहीं अपितु धर्म माना गया है।

जो जिसको बुरा पापी या दस्यु कहे या माने वह उस को मार डाले यह तो वस्तुत बुरा है जैसा कि आपने लिखा है कि —

The fact is that imme diately you accept the doctrine of slaying people whom you cons der to be wicked you really Surren der the whole case and come under the same cate gary as the writer of the Koran

(रेखाकित मैंने कर दिया है)।

किन्तु वैदिक सिद्धान्त ऐसा नहीं है जो वस्तुत पापी और धर्म का शत्रु

आत्मभाव से रहना ये सर्वमान्य धर्म है।

ये धर्म का ऐसा उत्तम लक्षण है कि प्रत्येक मनुष्य का आत्मा इसको स्वीकार करता है। इसलिए य प्रश्न नहीं हो सकता कि क्योंकि प्रत्येक मजहब के अनुसार धर्म और अधर्म पाप और इसी प्रकार पाप और पापी के लक्षण तो जुदा जुदा हैं फिर किस प्रकार इस बात का निश्चय हो कि अमुक मनुष्य पापी है और यदि पापी को मारने का सिद्धान्त मान लिया जावे तो ससार मे अनर्थ मच जाएगा। वस्तुत सत्य तो यह है कि यदि पापी को दण्ड देने और मारने के लिए सिद्धान्त को न स्वीकार किया जावे तो ससार मे उधम मच जावे और कोई भी सज्जन पुरुष शान्ति से जीवन व्यतीत न कर सके। पापी और दुष्टात्माओ का ही राज्य हो जावे। यह समझना कि जन साधारण राजदण्ड वा आत्मदण्ड के स्थान पर केवल धर्मोपदेश से और देश काल सम्मानार्थ ... अहिंसा धर्म The conditional

हम विषय मे इस्लाम से वैदिक धर्म का अन्तर इतना है कि इस्लाम जहा केवल मन्तव्य के विचार से लोगो को काफिर बना देता है वहा वैदिक धर्म कर्तव्य और मन्तव्य दोनो का विचार करता है और प्रधानता मनुष्य के जीवन के कर्तव्य को दी जाती है न कि मन्तव्य को वैदिक धर्म मे हिंसा और अहिंसा किसको माना गया है इस विषय मे दो चार शब्द स्पष्टीकरण के लिए लिख देने आवश्यक हैं। स्वार्थ व अपयश या मूर्खता से अथवा यो कहिए कि काम क्रोध लोभ व मोह दि के वशीभूत होकर जो दूसरे को किसी प्रकार से भी हानि पहुचाना है उसी का नाम हिंसा है। अपने कर्तव्य

(शेष पृष्ठ १० पर)

(१ पृष्ठ का शेष)

यह है कि हिन्दुओ की कोई ऐसी संस्था नही जो इस खतरे की तरफ उनका ध्यान दिला ए।

हमारे सामने सबसे बडी समस्या पंजाब की है। जब तक यह विचार रहा कि हिन्दुओ और सिखो मे कोई अन्तर नही हमने अपनी जनगणना की तरफ अधिक ध्यान नही दिया यह भी समय रहा है जब हर परिवार में एक बच्चे के सिर पर केश जरूर रखे जाते थे ताकि वह सिख बन सके। परन्तु उस समय के हिन्दुओ और सिखो मे कोई अन्तर न होता था। अब स्थिति बिल्कुल बदल गई हैं अकालियो ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि हिन्दू और सिख दो अलग अलग कौमें हैं। इसी के साथ उनमे से कुछ ने खालिस्तान का नारा भी लगाया है। जिसके

अब मैं यह सेता हू कि जिस प्रकार मुहम्मद अली जिन्नाह ने दो कौमो के सिद्धांत पर पाकिस्तान की माग की थी उसी प्रकार हिन्दू और सिख दो कौमे हैं। इस सिद्धांत पर अकाली किसी समय एक अलग स्वतन्त्र और स्वाधीनता प्राप्त देश की माग भी कर सकते है। जब वे बारा बार कहते हैं कि हिन्दू और सिख दो कौमे हैं तो उसके इसके अतिरिक्त और कोई अर्थ नही कि वे कीच या देर मे वह ही माग पेश करेंगे जो मुहम्मद अली जिन्नाह ने की थी। इस स्थिति मे आगामी जनगणना का महत्व और भी बढ जाता है अगर अकालियो के इस सिद्धांत को मान लिया जाए कि हिन्दू और सिख दो कौमे हैं तो दो कौमो का न तो एक धर्म हो सकता है न ही एक भाषा हो सकती है। इसलिए मैं पंजाब के हिन्दुओ को विशेष रूप से सतर्क करना चाहता हू कि उन्हे आगामी जनगणना के समय सजग रहना चाहिए। हिन्दुओ मे भी विशेष रूप से अपने हरिजन भाईयो को एक चेतावनी देना चाहता हू यह तो मेरा विश्वास है कि खालिस्तान नही बन सकता। परन्तु हमे यह न भूलना चाहिए कि जिस भारत सरकार ने पंजाबी सूबा बनाया था कल मालूम नही कल को और क्या बना दे हमे सरकार का सहारा नही लेना चाहिए। परन्तु अपने संगठन को मजबूत करके अपनी शक्ति को और भी अधिक बढाना चाहिए जब अकाली कहते हैं कि वह एक अलग कौम है। उनका धर्म सिख है और उनकी जुबान पंजाबी है तो हम भी कह सकते हैं कि हमारा धर्म वैदिक धर्म है। जो हिन्दू धर्म लिखाना चाहते है वह हिन्दू धर्म लिखा सकते हैं। मैं अपने हरिजन भाईयो से विशेष रूप से कहना चाहता हू कि वह अपनी कोई जाति लिखवाय। उन्हे साथ यह जरूरी लिखवाना चाहिए कि वह हिन्दू हैं और जहा तक भाषा का प्रश्न है अकालियों ने हमारा रास्ता बिल्कुल साफ कर दिया है। अगर राष्ट्र मे दो दो कौमें नही हो सकती तो दो कौमो की एक भाषा नही हो सकती। अकालियो की यह कोशिश होगी कि वह यह प्रमाणित कर सकें कि सारा पंजाब एक भाषी राज्य है। इसलिए उनकी खालिस्तान की माग उचित है। इसका हम एक ही उत्तर दे सकते हैं कि हमारी मातृ भाषा हिन्दी है। अगर गुरु गोविन्दसिंह की मातृ भाषा हिन्दी हो सकती थी तो हमारी मातृ भाषा हिन्दी क्यो नहीं हो सकती। गुरु नानक देव जी ने अपनी सारी शिक्षा हिन्दी संस्कृत और फारसी मे प्राप्त की थी। उस समय पंजाबी नाम की कोई भाषा न थी। गुरमुखी लिपि भी उनके बाद गुरु अंगदेव जी ने बनाई थी। गुरु गोबिन्दसिंह ने अपना बहुत सा साहित्य हिन्दी मे लिखा था। इसलिए हमे हिन्दी भाषा लिखवाने मे कोई शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। अकाली पंजाब को जो कुछ बनाना चाहते है हमें वह स्वीकार नही है। न ही उनका आनन्दपुर साहब का प्रस्ताव स्वीकार है न उनका दो कौमो का सिद्धान्त स्वीकार है। कोई आन्दोलन जो हमारे देश की अखण्डता और संगठन को कमजोर करता है हमे उसका डट कर विरोध करना है। अगर अकाली हमारे भाई बनकर रहना चाहते हैं तो हम भी उनके भाई बनने को तैयार हैं। परन्तु अगर वह एक अलग कौम बनकर रहना चाहते हैं तो पंजाब के हिन्दुओं के लिए जरूरी है कि वह भी अपने अस्तित्व का न केवल प्रमाण दें परन्तु उसका प्रदर्शन भी करें। यह एक ही तरह से हो सकता है कि हम आगामी जनगणना मे यह ध्यान रखें कि हमारा धर्म और हमारी भाषा को सही ढंग से लिखा जाए। इस मामला मे तनिक सी असावधानी हमारे लिए विनाशकारी साबित हो सकती है।

—वीरेन्द्र

स्वामी श्रद्धानन्द निराला

ले०—श्री सत्यभूषण जी वेदालंकार

★+
×✶

ऋषि से सच्चा ज्ञान प्राप्त कर
छोड दिया अपना प्यारा घर
जंगल मे जा कुटी बनाई
ऋषियो की शिक्षा अपनाई
वैदिक संस्कृति दीप जलाकर
ज्ञान ज्योति का किया उजाला
स्वामी श्रद्धानन्द निराला ।१।

दलितो को था गले लगाया
सब पर प्रेम अमृत बरसाया
जाति धर्म की रक्षा के हित
किया खुशी से सर्वस्व अर्पित
क्षार बेड़या पिया निडर हो
देश भक्ति के रस का प्याला
स्वामी श्रद्धानन्द निराला ।२।

जला ज्वाल मे वह जीवन भर
ज्वाला बडी गोलियां खा कर
फली वह आर्यों के मन मे
चमकी वह उनके जीवन मे
आर्यो कभी न बुझने पाए
यह शहीद की उज्ज्वल ज्वाला
स्वामी श्रद्धानन्द निराला ।३।

—

(९ पृष्ठ का शेष)

का पालन करते हुए धर्मात्माओ की रक्षा करने के लिए दुष्टो को दण्ड देना मारना या धर्मयुद्ध मे लडना है उसका हिंसा नही है। महाभारत मे इस विषय में एक श्लोक आता है —

द्वाविमौ पुरुषौ लोके सूर्य मण्डल भेदिनौ।
योगी योग समायुक्त शूरश्च समरे हत ॥

समाधियोग से प्राण त्यागने वाले योगी और धर्मयुद्ध मे मरे शूर की गति समान कही है।

पत्र को समाप्त करने से पूर्व इस विषय मे वैदिक धर्म और इस्लाम का स्पष्ट अन्तर मैं फिर समक्ष रख देता हू।

१ मुसलमान सब नानमुस्लिम को बिना किसी अन्तर के काफिर बताते हैं।

२ इस्लाम और तर्क वाद विवाद या (Logic) का वही सम्बन्ध है जो मच्छर और वायु का। एक की उपस्थिति मे दूसरा नही रह सकता। किन्तु वैदिक धर्म में तर्क को ऋषि माना गया है और तर्क से धर्म का निश्चय करने वाले को ही तत्ववेत्ता समझा जाता है।

यस्तर्केणानुसंधत्ते स धर्म वेद नेतर ॥मनु० ॥

इस्लाम तर्क करने ही से मनुष्यों को काफिर कह देता है

हरचे शक कारद काफिरे गरदद वैदिक तर्क शास्त्र अथवा न्याय दर्शन का पढना धर्म माना गया है और न्याय दर्शन की गिनती धर्म शास्त्रों में है। फलत इस्लाम असहिष्णुता की मूर्ति और वैदिक धर्म सहिष्णुता का सागर है। सच तो यह है कि इस्लाम संसार की उन्नति के मार्ग मे भारी खतरा है।

इंगलिस्तान के प्रधान मन्त्री ग्लेडस्टन ने सत्य कहा था —

The Khalifa of Turkey is the greatest enemy of civilisation!

इस्लाम का खलीफा संसार की सभ्यता का सबसे बडा शत्रु है।

३ वैदिक धर्म एक ईश्वर को मानना आस्तिकपन के लिए पर्याप्त समझता है। पर इस्लाम बगैर मुहम्मद को माने ईश्वर को मानने का भी कुफर गिनता है।

पत्र लम्बा हो गया है जिसके लिए क्षमा चाहता हू।

अत्यन्त आदर और स्नेह के साथ
आपका कृपा पात्र—
देवेश्वर सिद्धान्तालंकार

सत्यार्थ प्रकाश और स्वामी श्रद्धानन्द

ले०—श्री यशपाल आर्य बन्धु आर्य निवास चन्द्रनगर मुरादाबाद

ऋषि दयानन्द का क्रान्तिकारी ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश ऐसा अनुपम प्रकाश स्तम्भ अथवा रोशनी का मीनार है कि जो अगिणित भूले भटके मानवों को सुपथ दर्शा चुका है। इसके स्वाध्याय से न जाने कितनों के जीवन बदल गये। अनेकों के लिए यह ग्रन्थ दिशा सूचक बन गया था। अमर शहीद स्वामी श्रद्धानन्द ऐसे ही महामानव थे कि जिनको बनाने में महर्षि के इस अनुपम ग्रन्थ का बहुत बड़ा योगदान था मुन्शीराम एक नास्तिक नवयुवक था और ऐसा नास्तिक कि जिसे अपनी नास्तिकता पर गर्व था। बरेली में जब महर्षि दयानन्द पधारे तो मुन्शीराम के पिता श्री नानकचन्द जी जो वहां नगर कोतवाल थे एवं महर्षि दयानन्द के भाषणों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने को नियुक्त हुये थे। महर्षि के दर्शन किए। वे अपने पुत्र की नास्तिक प्रवृत्ति से खिन्न थे। उन्होंने यह अच्छा अवसर समझा और अपने पुत्र से कहा कि एक वेदों का ज्ञाता संन्यासी बरेली पधारा हुआ है एवं बड़े बड़े लोग उन्हें सुनने को जाया करते हैं। अच्छा हो कि कल तुम भी सुनने चलो। मुन्शीराम ने पिता को स्वीकारोक्ति तो दे दी कि तु मन में यही शंका रही कि केवल संस्कृत का ज्ञाता बुद्धि की बात क्या करेगा। दूसरे दिन निश्चित समय पर पिता जी ने चलने को कहा। बेटा वे मन से साथ हो लिया। वहां जाकर देखा कि नगर के अनेक गणमान्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति भाषण सुनने को उपस्थित थे। पादरी स्काट और अन्य यूरोपियन भी वहां उपस्थित थे। इसे देख मुन्शीराम के मन में बड़ी उत्सुकता बढ़ी और भाषण प्रारम्भ होने की तीव्रता से प्रतीक्षा करने लगे। प्रथम दिन के महर्षि दयानन्द के एक भाषण ने ही मुन्शीराम पर वह जादू कर दिया कि उनके जीवन को ही बदल कर रख दिया। स्वामी श्रद्धानन्द स्वयं इस तथ्य को स्वीकारते हुये अपनी आत्म कथा में लिखते हैं कि— वह पहले दिन का आत्मिक आह्लाद कभी भूल नहीं सकता। नास्तिक रहते हुये भी आत्मिक आह्लाद में निमग्न कर देना ऋषि आत्मा का ही काम था। इतना ही नहीं वे तो यहां तक लिखते हैं कि—यद्यपि आचार्य दयानन्द के उपदेशों ने मुझे मोहित कर लिया था तथापि मैं मन में सोचा करता था कि यदि ईश्वर और वेद के ढकोसले को पण्डित दयानन्द स्वामी तिलांजलि दे दें तो फिर कोई भी विद्वान उनकी अपूर्व युक्ति और तर्कना शक्ति का सामना करने वाला न रहे। मुझे अपने नास्तिकपन का उन दिनों अभिमान था। एक दिन ईश्वर के अस्तित्व पर आक्षेप कर डाले। पांच मिनट के प्रश्नोत्तर में ऐसा घिर गया कि जिह्वा पर मुहर लग गई। मैंने कहा महाराज! आपकी तर्कणा बड़ी तीक्ष्ण है। आपने मुझे चुप तो करा दिया परन्तु यह विश्वास नहीं दिलाया कि परमेश्वर की कोई हस्ती (अस्तित्व) है। दूसरे दिन भी ऐसा ही करने पर महर्षि ने उनसे कहा कि— देखो! तुमने प्रश्न किए मैंने उत्तर दिये— यह युक्ति की बात थी। मैंने कब प्रतिज्ञा की थी कि मैं तुम्हारा परमेश्वर पर विश्वास करा दूंगा। तुम्हारा परमेश्वर पर विश्वास उस समय होगा जब वह प्रभु स्वयं तुम्हें विश्वासी बना देंगे।

सत्यार्थ प्रकाश का जादू—

जो मुन्शीराम महर्षि दयानन्द से भी आस्तिक नहीं बन पाया था वहीं उनके विचार पूर्ण सत्यार्थ प्रकाश के स्वाध्याय से आस्तिकता का प्रबल प्रचारक बन बैठा। पर वह कैसे? सत्यार्थ प्रकाश के गहन और गम्भीर स्वाध्याय से। उनकी आत्म कथा में इस का वर्णन इस प्रकार है— संवत् १९४१ का मघ मास और शनिश्चवार का दिन है। नास्तिकपन के गढ़ से मैं निकल चुका हूं। ब्रह्म विषयक गहरे आन्दोलन के पश्चात् सत्यार्थ प्रकाश का पाठ दिन रात आरम्भ कर चुका हूं। मथारकली के पास रहमत खां के अहाते में एक तीन कमरों वाली कोठी के दाईं ओर के कमरे में प्रातः ६ बजे कुर्सी पर बैठा हूं। सत्यार्थ प्रकाश का आठवां समुल्लास सामने खुला पड़ा है किन्तु मैं हाथ पर सिर रखे किसी गम्भीर विचार में निमग्न हूं इतने में अन्दर का द्वार खुला और मेरे मित्र सुन्दरदास जी ने अन्दर प्रवेश किया। उनके पैर की आहट ने मुझे विचार निद्रा से जगा दिया। सुन्दर दास जी रावलपिंडी के रावलपिन्डि में रहते वकील लाला गंगाराम के भाई आर्य जाति की उन्नति के दृढ़ पक्षपाती थे। सुन्दरदास जी जानते थे कि आस्तिक बनने के पश्चात मेरा अधिक झुकाव ब्राह्म समाज की ओर हो रहा है। उन्होंने पूछा किस चिन्ता में हैं। कहिए कुछ निश्चय हुआ? मेरी ओर से उत्तर मिला पुनर्जन्म के सिद्धान्त ने फैसला कर दिया आज मैं सच्चे दिल से आर्य समाज का सभासद बन सकता हूं। स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज यहां सत्यार्थ प्रकाश के प्रभाव को सुस्पष्ट शब्दों में स्वीकार कर रहे हैं इतना ही नहीं अपनी आत्म कथा कल्याण मार्ग का पथिक की भूमिका में आज विचार हो महर्षि दयानन्द के महत्व को स्वीकारते हुये लिखते हैं कि मैं क्या था इसे इस कहानी में मैंने छिपाया नहीं मैं क्या बन गया और अब क्या हूं? यह सब तुम्हारी कृपा का ही परिणाम है

सत्यार्थ प्रकाश प्राप्ति की कहानी—

मुन्शीराम द्वारा महर्षि के इस अनुपम ग्रन्थ को प्राप्त करने की उत्सुकता भरी अत्यन्त रोचक कहानी है कि जो उन्हीं के शब्दों में देनी उचित समझते हैं। सत्यार्थ प्रकाश को खरीदने के लिए उनके मन में कितनी उत्कण्ठा थी इसका भान इससे पाठकों को स्वतः ही हो जाएगा। वे लिखते हैं कि मैं सीधा बच्छोवाली आर्य समाज मन्दिर की ओर सत्यार्थ प्रकाश खरीदने के विचार से चल दिया विक्रय पुस्तक भण्डार बन्द था। चपरासी ने कहा कि लाला केशवराम पुस्तकाध्यक्ष के आने पर पुस्तक मिल सकेगी मैंने उनके घर का पता लिया और दो घंटों की आवारागर्दी के पीछे उनका घर ढूंढ निकाला। केशवराम जी घर न थे बड़े तार घर गये थे क्योंकि वह तार बाबू (सिगनलर) का काम करके ही आजीविका प्राप्त करते थे मैं तार घर का पता लगाकर वहां पहुंचा उस समय वह छुट्टी में जल पान के लिए घर गये थे। मैं फिर उनके घर लौटा तो वे तार घर लौट गये थे। पूछने से पता लगा कि वे डेढ़ घंटे में दफ्तर से लौटेंगे। मैंने वह डेढ़ घंटा पास की गली के अन्दर मटरगश्त में बिताया। एक सज्जन बाबू केशवराम जी के घर में जाते दिखाई दिए। मैंने उन्हें जा घेरा महाशय जी मुझे सत्यार्थ प्रकाश खरीदना है। उत्तर मिला निवृत्त होकर कुछ खा लूं फिर आपके साथ समाज मन्दिर चलूंगा। मैंने अपना सारे दिन का इतिहास सुनाकर बाहर ठहरने की इच्छा प्रकट की। केशव जी का मुख सहानुभूति से चमक उठा और उन्होंने कहा— महाशय जी चलिए पहले आपको पुस्तक दे दूं जब तक आपका काम न कर दूं मुझे इत्मीनान न होगा समाज मन्दिर में पहुंचने पर सत्यार्थ प्रकाश मेरे हाथ में रखा गया। मैंने मूल्य दिया और इस प्रकार आह्लाद पूर्वक लौटा मानो बड़ा कोष हाथ लग गया है। मेरे साथी मुझे प्रातः काल के भोजन में सम्मिलित न देख विस्मित थे। जब मैं पहुंचा तो सायंकाल का भोजन परोसा जा रहा था खूब भूख लगी थी भोजन रुचिपूर्वक किया। शाम को भ्रमण के लिए गया ही नहीं लैम्प जला सत्यार्थ प्रकाश की भूमिका समाप्त कर प्रथम समुल्लास के स्वाध्याय में लग गया। पाठकगण! सत्यार्थ प्रकाश की प्राप्ति और उसके स्वाध्याय की इससे बढ़कर उत्कंठा और क्या हो सकती है। यही कारण था कि सत्यार्थ प्रकाश उनके जीवन में अभूतपूर्व क्रान्तिकारी परिवर्तन लाने में समर्थ हो सका। जानते हो यह कौन सा सत्यार्थ प्रकाश था। यह था सत्यार्थ प्रकाश का प्रथम संस्करण जिसे आदिम सत्यार्थ प्रकाश भी कहा जाता है। स्वामी श्रद्धानन्द जी उससे इतने प्रभावित थे कि उन्होंने आदिम सत्यार्थ प्रकाश और आर्य समाज के सिद्धान्त नामक ग्रन्थ भी लिखा था। यह ग्रन्थ एक अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसके स्वाध्याय से भी पता चलता है कि स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज सत्यार्थ प्रकाश से कितने प्रभावित थे। महर्षि का सत्यार्थ प्रकाश उन्हें सत्य मार्ग का पथिक बना गया। काश हम भी महर्षि के इस ग्रन्थ को अपना प्रेरणा स्रोत बना सकते।

क्या आपने हस्ताक्षर कर दिए?

राष्ट्रपति को पंजाब में हिन्दी का सम्मानित स्थान दिलाने के लिए जो ज्ञापन देना है क्या उस पर आपने हस्ताक्षर कर दिए हैं? यदि नहीं किए तो अपने नगर की किसी भी आर्य समाज में जाकर वह ज्ञापन ले लें और उस पर हस्ताक्षर कर दें

जिन फार्मों पर हस्ताक्षर हो गए हैं वह शीघ्र सभा कार्यालय में भिजवा दें।

—वीरेन्द्र

हरियाणा आर्य प्र. नि. सभा का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

रोहतक ३० नवम्बर—आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा का वार्षिक साधारण अधिवेशन यहां दयानन्द मठ रोहतक में सम्पन्न हुआ। हरियाणा भर से आर्य समाजों के ५५० प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वेद प्रचारादि विभाग के लिए ५१० ११५ रुपये का बजट स्वीकार किया गया।

आगामी वर्ष १९८०-८१ के लिए सर्वसम्मति से निम्न प्रकार पदाधिकारी चुने गये।

१ प्रधान—श्री शेरसिंह आर्य गालीपत (जिला करनाल) २ उपप्रधान—प्रो० शेरसिंह मलिक गुरुकुल झज्जर [illegible] रोहतक ३ उपप्रधान—श्री [illegible] ४ उपप्रधान श्री डा० हरिप्रकाश अम्बाला छावनी ५ मन्त्री—महाशय भरतसिंह वानप्रस्थी रोहतक ६ उपमन्त्री प्रो० सत्यवीरसिंह शिव नगर रोहतक ७ उपमन्त्री श्री सत्यवीर शास्त्री डालोहर जिला रोहतक ८ कोषाध्यक्ष—आचार्य वेदव्रत शास्त्री रोहतक ९ पुस्तकाध्यक्ष [illegible] सिंह शास्त्री कृपा गुरुकुल [illegible] जि० सोनीपत।

अमृतसर में स्वामी [illegible] बलिदान समारोह

स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के उपलक्ष में २१ १२ ८० को दोपहर ९ से ४ बजे तक एक धर्म महासम्मेलन का आयोजन लोहगढ़ अमृतसर में होगा। जिसमें आर्य विद्वानों के अतिरिक्त सामाजिक और राजनीतिक नेता भी स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

श्री [illegible] द्वारा प्रस्तुत धर्म की स्वतन्त्रता बिल का घोर विरोध करें

सार्वदेशिक सभा का आह्वान

सार्वदेशिक सभा का सभी आर्य समाजों को आदेश है कि अपने साप्ताहिक सत्संग में २१ दिसम्बर १९८० रविवार को श्री रामजेठमलानी द्वारा प्रस्तुत धर्म की स्वतन्त्रता बिल १९८० के विरोध में एक प्रस्ताव पारित कर उस प्रस्ताव की प्रतिलिपि १ श्री राम जेठमलानी ७ बी जनपथ नई दिल्ली। २ श्री अटल बिहारी वाजपेयी अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी नई दिल्ली। ३ श्री अध्यक्ष जी लोक सभा संसद भवन नई दिल्ली। ४ प्रधान सार्वदेशिक सभा दयानन्द भवन रामलीला मैदान नई दिल्ली को तुरन्त भिजवा दें।

प्रस्ताव का प्रारूप

आज दिनांक २१ १२ ८० को आर्य समाज की यह बैठक श्री राम जेठमलानी के धर्म स्वतन्त्रता बिल १९८० का घोर विरोध करती है साथ ही भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी से यह अनुरोध करती है कि वे श्री राम जेठमलानी को इस बिल को वापिस लेने के लिए बाध्य करें अन्यथा उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दें।

—सार्वदेशिक सभा प्रचार विभाग

१ यज्ञ प्रातः ९ बजे से ११ बजे तक। २ ध्वजारोहण ११ बजे। ३ ऋषि लंगर आर्य ११ से १ बजे तक। ४ महासम्मेलन १ बजे से ४ बजे तक।

—ओमप्रकाश आर्य संयोजक

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रैस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो — ओ३म् — विश्वमार्यम्

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वर्ष 13, अंक 51 28 पौष सम्वत् 2037 तदनुसार 11 जनवरी 1981 का अंक दयानन्दाब्द 156

सभी आर्य बन्धु 12 जनवरी को गुरु गोविन्दसिंह जी का जन्म हिन्दी दिवस के रूप में मनाएं

...वरी को मकर संक्रान्ति का पर्व ...वरी को स्वामी दर्शनानन्द सरस्वती का जन्म दिन और

...जनवरी को भारतीय गणतन्त्र दिवस सभी आर्य समाज ...एं उत्साहपूर्वक मनाते हुए जनचेतना को न भूलें।

पर्व राष्ट्रीय जीवन को प्र...वान बनाने का कार्य करते हैं। जिसने ...और श्रद्धा से अपने पर्वों को मनाने का काम जो संगठन करता है उतना ही वह प्रभावशाली और संगठित बना रहता है। वैदिक धर्मावलम्बी आर्यों के सभी पर्व अतीत का उज्ज्वल इतिहास तथा वैदिक ...यों की ...जीवन ... से ओत-प्रोत हैं। जनवरी मास में निम्नलिखित पर्व आ रहे हैं इन सभी पर्वों को आपने सभी का सहयोग लेकर उत्साह तथा श्रद्धा से मनाना है। प्रत्येक पर्व से पूर्व प्रभात फेरी निकालने का आयोजन कर ...की अनुकूल रहेगा। प्रभात फेरी से अधिकाधिक लोगों को पर्व की ...जानकारी मिलने से उपस्थिति में पर्याप्त वृद्धि की सम्भावना हो जाती है।

१२ १ १९८१ को गुरु गोविन्दसिंह जी का जन्म दिन हमने हिन्दी दिवस के रूप में मनाना है। गुरु जी हिन्दी और संस्कृत के अनन्य भक्त थे। उनकी कृतियों के आधार पर आप सभी को इस सत्य से परिचित कराएं। लोहड़ी का त्यौहार भी इसी दिन है।

१३ १ १९८१ को मकर संक्रान्ति का पर्व है जिसे आप प्रति वर्ष ...में वर्णित विधि के अनुसार मनाते हैं। जो इस अंक में पृष्ठ २ पर दी जा रही है।

२ ...१९८१ को शास्त्रार्थ शिरोमणि श्री स्वामी दर्शनानन्द जी ...का जन्म दिन है। स्वामी जी के जीवन सम्बन्धी लेख हम आ... १८ १ १९८१ वाले अंक में प्रकाशित कर रहे हैं। उन लेखों से ...लाभ उठा सकेंगे।

२६-१-१९८१ को भारतीय गणतन्त्र दिवस है यह दिन भी हम सब ...उत्साहपूर्वक मनाना है।

...जनवरी मास में गणतन्त्र पर आर्यों की होगा है। आज ...अपने कार्य ...जिन्होंने नगर ...तथा ...के हर व्यक्ति के ...सर्व-सेवा ...के स्थान पर-प्रति आर्य-आर्य ...हिन्दी ...विजयतु।

श्री जेठमलानी के प्रस्ताव का घोर विरोध

धड़ा धड़ प्रस्ताव आने आरम्भ

(पिछले से आगे)

पंजाब की सभी आर्य समाजों ने श्री जेठमलानी की संसद सदस्य के धर्म स्वतन्त्रता प्रस्ताव के विरोध में स्थान २ पर रोष सभाएं की सभी आर्य समाजों आदि से सभा कार्यालय में रोष प्रस्ताव प्रकाशनार्थ आ रहे हैं

(पिछले से आगे)

२६ मद विरज नन्द वैदिक संस्कृत विद्यालय करतारपुर

२७ मद विरजानन्द स्मारक करतारपुर

२८ आर्य समाज करतारपुर

२९ आर्य वीर दल करतारपुर

३० आर्य समाज फगवाड़ा

३१ आर्य समाज फतहेबाद भटिण्डा

३२ आर्य समाज नवल टाऊनशिप

३३ आर्य समाज रानी का तालाब फिरोजपुर

३४ आर्य समाज साबुन बाजार लुधियाना

३५ आर्य समाज राजपुरा टाऊन शिप

३६ आर्य समाज जलालाबाद (फिरोजपुर)

३७ आर्य समाज रोपड़

३८ आर्य समाज कालेज विभाग फिरोजपुर

३९ आर्य समाज दयानन्द बाजार लुधियाना

४० आर्य समाज नवाबहुर दाबा

४१ स्त्री आर्य समाज स्वामी दयानन्द बाजार लुधियाना

४२ आर्य समाज बस्ती नौ जालन्धर

४३ आर्य समाज मोरिंडा

४४ आर्य समाज श्रद्धानन्द बाजार (धड़ा होशियारपुर) जालन्धर

४५ आर्य समाज कुल्लू (हि प्र०)

४६ आर्य समाज प नमपुर (हि प्र)

४७ आर्य समाज लोवर बाजार शिमला

४८ स्त्री आर्य समाज पक्का बाग जालन्धर

इस महत्वपूर्ण कार्य की ओर आपने विशेष ध्यान देना है जनगणना पूरे दस वर्ष के पश्चात् होती है यदि आप अब चूक गये या आपने उपेक्षा की तो बाद में पश्चाताप करने से कुछ हाथ न आएगा अपनी जिला सभाओं के माध्यम से तथा अन्य समानधर्मी बन्धुओं हरिजन भाईयों के सहयोग से संगठित होकर पूरी सतर्कता और शक्ति से यह कार्य कीजिए ताकि आपकी भाषा धर्म तथा नाम आदि को मन माने ढंग से न लिख लिया जाए।

रामचन्द्र जावद

सभा मन्त्री

मकर सौर संक्रान्ति

ले०—श्री प० भवानी प्रसाद जी

(आर्य पर्व पद्धति से)

दोहा

शीत शिशिर हेमन्त का हुआ परम प्राबल्य
दैव तुल्य तपन का अब अब में है मान्य ॥

कविता

उत्तर अयन इसी तिथि को है सविता का सुप्रवेश हुआ।
मान दिवस का इस ही कारण अब से है सविशेष हुआ ॥
वेद प्रकाशित देवयान का जगती में विस्तार हुआ।
उत्सव संक्रान्ति मकर की का जनता में सुप्रसार हुआ ।१।
तिल के मोदक खिचड़ी कम्बल आज दान में देते हैं।
दीनों का दुख दूर भगाकर उनकी आशिष लेते हैं ॥
अग्नि समन्वित समाकल्य से होम यज्ञ भी करते हैं।
हिम से आवृत नभमण्डल को शुद्ध वायु से भरते हैं ।२।

(प० सिद्धगोपाल काव्य तीर्थ कविरत्न)

जितने काल मे पृथिवी सूर्य के चारो ओर परिक्रमा पूरी करती है उसको एक सौर वर्ष कहते हैं और कक्ष लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथिवी परिभ्रमण करती है उसको क्रान्तिवृत्त कहते हैं। ज्योतिषियो द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के १२ भाग कल्पित किए हुए हैं और उन १२ भागो के नाम उन उन स्थानो पर आकाशस्थ नक्षत्र पुञ्जो से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं यथा १ मेष २ वृष ३ मिथुन ४ कर्क ५ सिंह ६ कन्या ७ तुला ८ वृश्चिक ९ धनु १० मकर ११ कुम्भ १२ मीन। प्रत्येक भाग वा आकृति राशि कहलाती है। जब पृथिवी एक राशि से दूसरी राशि मे संक्रमण करती है तो उसको संक्रान्ति कहते हैं। लोक मे उपचार से पृथिवी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे है। छः मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त मे उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छः मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। प्रत्येक षड्मास की अवधि का नाम अयन है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को उत्तरायण और दक्षिण की उदय की अवधि को दक्षिणायन कहते हैं। उत्तरायणकाल मे सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दीखता है और उसमे दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है दक्षिणायन मे सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है और उसमे रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। सूर्य के प्रकाशाधिक्य के कारण उत्तरायण विशेष महत्त्वशाली माना जाता है अतएव उत्तरायण के प्रारम्भ दिवस मकर की संक्रान्ति को भी अधिक महत्त्व दिया जाता है और स्मरणातीत चिरकाल से उस पर पर्व मनाया जाता है। यद्यपि इस समय उत्तरायण परिवर्तन ठीक ठीक मकर संक्रान्ति पर नहीं होता और अयन चलन की गति बराबर पिछली ओर को होते रहने के कारण इस समय (सम्वत १९९४ वि० मे) मकर संक्रान्ति से २२ दिन पूर्व धन राशि के ७ अंश २४ कला पर उत्तरायण होता है। इस परिवर्तन को लगभग १३५० वर्ष लगे हैं परन्तु पर्व मकर संक्रान्ति के दिन ही होता चला आता है इससे सर्वसाधारण की ज्योतिष शास्त्र अनभिज्ञता का कुछ परिचय मिलता है किन्तु शायद पर्व का चलते रहना अनुचित मान कर मकर संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो।

मकर संक्रान्ति के अवसर पर शीत अपने यौवन पर होता है। जनावास जंगल वन पर्वत सर्वत्र शीत का आतङ्क छा रहा है। चराचर जगत शीतराज का लोहा मान रहा है हाथ पर जाड़े से सिकुड़ जाते हैं रात्री बढ़ न दिवा भानु शशि में जगा और दिन से सूर्य किसी कवि की यह उक्ति दानो पर आज कल ही पूर्ण रूप से चरितार्थ होती है। दिन की अब तक यह अवस्था थी सूर्य देव उदय होते ही अस्ताचल के गमन की तैयारियां आरम्भ कर देते थे मानो दिन रात्रि मे लीन ही हुआ जाता था। रात्रि सुरसा राक्षसी के समान अपनी देह बढ़ाती ही चली आती थी। अन्त को उस का भी अन्त आया। आज मकर संक्रान्ति के मकर ने उसको निगलना आरम्भ कर दिया। आज सूर्यदेव ने उत्तरायण में प्रवेश किया। इस कुल की महिमा संस्कृत साहित्य में वेद से लेकर आधुनिक ग्रन्थ पर्यन्त [illegible] वर्णन की गई है। [illegible] उसको 'देवयान' कहा गया है और [illegible] स्वशरीर त्याग तक की [illegible] उत्तरायण में रखी है। उनके विश्वासानुसार इस समय देह त्यागने से उनकी आत्मा सूर्य लोक में होकर ब्रह्म धाम में प्रयाण करेगी। बाल ब्रह्मचारी भीष्म पितामह ने इसी अवसर के उपलक्ष्य तक शर शैय्या पर शयन करते हुए प्राणोत्क्रमण की प्रतीक्षा की थी। ऐसा प्रशस्त समय किसी पर्व (पर्व बनने) से कैसे वञ्चित रह सकता था। आर्य जाति के प्राचीन नेताओं ने मकर संक्रान्ति (सूर्य की उत्तरायण संक्रमण तिथि) का पर्व निर्धारित कर दिया।

जैसाकि पूर्व बतलाया जा चुका है कि यह पर्व बहुत चिरकाल से चला आता है यह भारत के सब प्रान्तो मे प्रचलित है अतः इसको एकदेशी न कहकर सर्वदेशी कहना चाहिए। सब प्रान्तो मे इसके मनाने की परिपाटी मे भी समानता पाई जाती है। सर्वत्र शीतातिशय के निवारण के उपचार प्रचलित हैं।

वैद्यक शास्त्र में शीत के प्रतिकार तिल तेल तूल (रुई) बतलाए हैं जिनमे तिल सबसे मुख्य है। इसलिए पुराणो में इस पर्व के सब कृत्यों मे तिलों के प्रयोग का विशेष माहात्म्य गाया गया है और उसका पापनाशक कहा गया है किसी पुराण का निम्नलिखित वचन प्रसिद्ध है—

तिलस्नायी तिलोद्वर्ती तिलहोमी
तिलोदकी ।
तिलभुक् तिलदाता च षट्तिला
पापनाशना ।

अर्थ—तिलमिश्रित जल से स्नान तिल का उबटन तिल का हवन तिल का जल तिल का भोजन और तिल का दान ये छः तिल के प्रयोग पापनाशक हैं—

मकर संक्रान्ति के दिन भारत के सब प्रान्तो मे तिल और गुड़ या खांड के लड्डू बना बनाकर जिनको तिलवे कहते हैं दान किये जाते हैं और इष्ट मित्रों मे बांटे जाते हैं। महाराष्ट्र प्रान्त मे इस दिन तिलो का तीलगूल नामक हलवा बांटने की प्रथा है और सौभाग्यवती स्त्रियां तथा कन्याएं अपनी सखी सहेलियो से मिलकर उनको हल्दी रोली तिल और गुड़ भेंट करती हैं। प्राचीन ग्रीक लोग भी वधू वर की सन्तान वृद्धि के निमित्त तिलो का पकवान बांटते थे इससे ज्ञात होता है कि तिलो का प्रयोग प्राचीनकाल मे विशेष गुणकारक माना जाता रहा है प्राचीन रोमन लोगों में भी मकर संक्रान्ति के दिन अंजीर खजूर और शहद अपने इष्ट मित्रो को भेंट देने की रीति थी [illegible] संक्रान्ति पर्व की प्राचीनता [illegible] का परिचायक है।

मकर संक्रान्ति पर्व पर [illegible] शीत निवारणार्थ कम्बल [illegible] करने की प्रथा [illegible] कम्बलवन्तं न बाधन्ते [illegible] उक्ति संस्कृत में प्रसिद्ध ही है। [illegible] वैद्यक में बोझ और तेल [illegible] नाशक तथा अग्नि दीपक कहा गया है। आर्य पर्वों पर दान की वृद्धि का एक स्वरूप है अतएव [illegible] कर्तव्य है और—

देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्त्विकं
स्मृतम् ।

(गीता अध्याय १७ श्लोक २०)।

अर्थ—देश काल और पात्र के अनुसार ही दिया हुआ दान सात्त्विक कहलाता है। तथा—

दरिद्रान्भर कौन्तेय मा प्रयच्छेश्वरे
धनम् ।

अर्थ—हे अर्जुन दरिद्रों का पालन करो धनियो को धन मत दो

इन श्रीमद्भगवद्गीता के वचनों के अनुसार इस प्रबल शीतकाल में मकर के पहले दिन लोढ़ी का त्यौहार मनाने की रीति है। इस अवसर पर स्थान स्थान पर होली के समान अग्नियां प्रज्वलित की जाती हैं और उनमे भुने हुए चने भूमि पर पटककर आनन्द मनाया जाता है। उससे अगले दिन वहां मकर संक्रान्ति का भी उत्सव होता है जिसको वहां माघी बोलते हैं। ज्ञात होता है कि ये दोनो दिन के त्यौहार दो उत्सव न होकर दिन द्वयव्यापी मकर संक्रान्ति महोत्सव के एक ही पर्व का अपभ्रष्ट स्वरूप हैं। देश के आज सामाजिक पुरुषों का चाहिए कि वे दो दिन त्यौहार न मनाकर मकर संक्रान्ति की तिथि को ही परिमार्जित रूप में इस पर्व को मनाएं और आज सामाजिक जगत में पर्वों की एकाकारता स्थापित करने में सहायक हो।

पद्धति

गृहकृत्य—मकर संक्रान्ति के दिन प्रातः सामान्य पर्व पद्धति मे प्रदर्शित विधानानुसार गृह के परिमार्जन शोधन तथा लेपन आदि के पश्चात नवीन शुद्ध स्वदेशीय वस्त्र परिधानपूर्वक सपरिवार सामान्य हवन कर जिसके साकल्य मे तिल और शक्कर का परिमाण प्रचुर होना चाहिए और आहुतियों की मात्रा स्वसामर्थ्यानुसार बढ़ा देनी चाहिए। निम्नलिखित हेमन्त और शिशिर ऋतुओं के वर्णनपरक मन्त्रों से विशेष आहुतियां दी जाएं।

ओ३म् सहश्च सहस्यश्च हैमन्तिकावृतू ।

अग्नेरन्तः श्लेषोऽसि कल्पेताम् ।

(शेष पृष्ठ ८ पर)

सम्पादकीय—

देहली का आर्य महासम्मेलन

२१ दिसम्बर से २८ दिसम्बर तक देहली मे आर्य महासम्मेलन हुआ है, उन्हीं दिनों सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की अन्तरग सभा की बैठक भी थी और आर्य विद्या सभा की बैठक भी थी। इसके अतिरिक्त मुझे देहली में कुछ और काम भी था, इसलिए दस बारह दिन लगभग मुझे देहली में ही रहना पड़ा। परन्तु मेरा अधिक समय आर्य समाज की गतिविधियों को देखने मे ही व्यतीत हुआ। जब भी कोई बड़ा सम्मेलन होता है तो उसका एक लाभ यह भी होता है कि कई महानुभावों से मिलने का एक अवसर प्राप्त हो जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति का जीवन इतना व्यस्त हो गया है कि कई बार अपने निकटतम मित्रो और सहयोगियो से मिलने में भी बहुत समय लग जाता है। परन्तु जब कोई उत्सव या सम्मेलन होता है तो वहां वह लोग भी मिल जाते हैं, सामान्य परिस्थितियो मे जिन्हें मिलना कठिन होता है। इस दृष्टिकोण से हम जो सम्मेलन करते हैं उनके द्वारा हमारे सगठन को शक्ति मिलती है। हम एक दूसरे के समीप आते है और एक दूसरे को समझने का प्रयत्न करते हैं। यही हमारे सम्मेलनों का सबसे बड़ा महत्व है।

यद्यपि दिल्ली का आर्य सम्मेलन २५ दिसम्बर को प्रारम्भ हुआ था परन्तु वास्तविक सम्मेलन केवल दो दिन ही रहा २७ और २८ दिसम्बर को। २५ दिसम्बर को जो शोभा यात्रा इस सम्मेलन के सम्बन्ध मे निकाली गई थी मुझे उसे देखने का अवसर तो न मिला परन्तु मैंने जो कुछ उसके विषय में सुना है उसके आधार पर मैं कह सकता हू कि देहली में इतने बड़े जलूस बहुत कम निकले होंगे। कुछ लोगों का कहना है कि यह तीन मील से कम क्या होगा ? जिस मार्ग से यह निकला उसे दुल्हन की तरह सजाया गया था। आर्य समाज का यह जलूस जिस २ मार्ग से गुजरा जनता ने दिल खोलकर उसका स्वागत किया। इसका एक परिणाम यह हुआ कि देहली निवासियो पर आर्य समाज की एक छाप बैठ गई और उन्हें एक बार फिर पता चल गया कि इसका सगठन और इसका अनुशासन कितना प्रभावशाली है। यह जलूस इसलिए भी महत्वपूर्ण और प्रभावशाली था क्योंकि इसी जलूस मे वह जलूस भी शामिल था जो २३ दिसम्बर को श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज के बलिदान की याद मे प्रति वर्ष देहली मे निकाला जाता है। कारण कुछ भी हो यह एक तथ्य है कि जब दिसम्बर १९७५ मे देहली में आर्य समाज की शताब्दी के समय जो जलूस निकाला गया था यह भी उससे कुछ कम न होगा।

२१ दिसम्बर को जो यज्ञ प्रारम्भ किया गया उसकी पूर्णाहुति २८ दिसम्बर की प्रातः डाली गई। इस यज्ञ के लिए ३० हवन कुण्ड बनाए गए थे और प्रात तथा साय इन तीस हवन कुण्डों पर यज्ञ होता था। एक हवन कुण्ड पर चार यजमान बैठते थे। इस प्रकार २५० के लगभग नर नारी प्रतिदिन इस यज्ञ मे आहुति डालते रहे। अन्तिम दिन तो वहां बहुत बड़ी भीड़ थी। इसीसे हम अनुमान लगा सकते हैं कि हमारे यज्ञ आज कितने लोकप्रिय है। हम इनके द्वारा अपना बहुत प्रचार कर सकते हैं परन्तु हम करते नहीं।

दो दिन जो सम्मेलन हुआ उसकी अध्यक्षता आन्ध्र प्रदेश के वीर शिरोमणि आर्य नेता श्री वन्दे मातरम् रामचन्द्रराव ने की। इसी बीच एक सम्मेलन देश की राजनैतिक समस्याओं पर विचार करने के लिए भी हुआ जिसकी अध्यक्षता नैरोबी के उद्योगपति गुरुकुल कांगड़ी के स्नातक विख्यात आर्य नेता श्री सत्यदेव जी भारद्वाज ने की। एक युवक सम्मेलन भी हुआ जिसकी अध्यक्षता अमेठी के राजकुमार श्री सजयसिंह ने की और उसका उद्घाटन मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री यज्ञदत्त जी शर्मा ने किया। इन दोनो के परिवारों का आर्य समाज से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है और आज भी है और दोनो ने ही आर्य समाज के प्रति अपनी श्रद्धा और निष्ठा प्रकट करते हुए कहा है कि आज की परिस्थितियो मे देश की समस्याओं का समाधान ढूढने में जो योगदान आर्य समाज दे सकता है वह कोई और सस्था नहीं दे सकती। दोनों ने ही यहां यह घोषणा की कि आर्य समाज की सेवा के लिए वह जो कुछ भी कर सकते हैं जरूर करेंगे।

एक सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकारके गृहमन्त्री ज्ञानी जैल सिंह जी ने किया और उन्होंने अपने भाषण में महर्षि दयानन्द सरस्वती को अपनी श्रद्धाजलि भेंट करते हुए कहा कि आर्य समाज की स्थापना करके उन्होंने इस देश पर जो उपकार किया है उसे हम भूल नहीं सकते। ज्ञानी जी के पश्चात् सम्मेलन के अध्यक्ष श्री वन्देमातरम् जी ने जो भाषण दिया उसने उस सम्मेलन मे एक नया उत्साह साहस और आगे बढ़ने के सकल्प की भावना पैदा कर दी उन्होंने बिलकुल स्पष्ट शब्दों मे कह दिया कि केवल आर्य समाज ही एक सस्था है जो इस देश का बचा सकती है। इसलिए उसे सक्रिय रूप मे देश की समस्याओ के सुलझाने मे अपना योगदान देना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि आर्य समाज को डके की चोट से कहना चाहिए कि उसे इस देश के भविष्य मे इतनी अधिक रुचि है कि वह इसके भविष्य के निर्माण का कार्य किसी दूसरे के हाथ में नही छोड सकता। सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री रामगोपाल जी ने आर्य जनता को आह्वान किया कि वह अपने सगठन को सुदृढ और सक्रिय बना कर अब आगे बढ़ें और देश को महर्षि दयानन्द के स्वप्नो का देश बनाने का प्रयत्न करें।

इस सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण बात की ओर मैं पजाब की आर्य जनता का विशेष ध्यान दिलाना चाहता हू वह यह कि इसके ऋषि लगर मे दस हजार से लेकर पन्द्रह हजार तक लोग प्रतिदिन भोजन किया करते थे और भोजन भी शुद्ध घी से बनाया जाता था। कोई समय ऐसा नही आया जब भोजन की किसी प्रकार की भी कमी हुई हो।

इस सम्मेलन की सफलता के लिए मैं आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब की तरफ से आर्य प्रतिनिधि सभा देहली के प्रधान श्री सरदारी लाल जी वर्मा म.ए. श्री विद्यासागर विद्यालकार स्वागताध्यक्ष श्री धर्मपाल जी और दूसरे उन सब बहनो और भाईयो को बधाई देता हू जिनके दिन रात के प्रयत्न से यह सम्मेलन सफल हुआ है। परन्तु हमे यह न भूलना चाहिए कि देहली मे कोई भी सम्मेलन उस समय तक सफल नही हो सकता जब तक उसे हमारे दो आदरणीय नेताओ का आशीर्वाद प्राप्त न हो श्री रामगोपाल जी वानप्रस्थ और श्री सोमनाथ जी मरवाह इन दोनो की सहायता सहयोग और आशीर्वाद के बिना कोई सम्मेलन दिल्ली में सफल नही हो सकता। इस सम्मेलन को सफल बनाने म भी इन दोनो ने दिन रात एक कर दिया। अकेले श्री सोमनाथ जी मरवाह ने पच्चास हजार से अधिक रुपया इसके लिए इकट्ठा किया और श्री रामगोपाल जी प्रेरणा स्रोत थे और उनके आशीर्वाद से यह सब कुछ हो सका।

मैंने यह सब कुछ इसलिए लिखा है कि पजाब के आर्य समाजी भी यह जान सके कि दूसरे प्रान्तो मे हमारे भाई क्या कुछ कर रहे हैं। हम यदि उनका कुछ अश भी कर सकें तो केवल आर्य समाज का ही नही सारे पजाब का कायाकल्प हो सकता है।

—वीरेन्द्र

हिन्दी दिवस मनाओ !

बारह जनवरी को श्री गुरु गोविन्दसिंह जी महाराज का जन्म दिन है। मैं पहले भी पजाब वासियो से अपील कर चुका हू और आज पुन करता हू कि वह दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाए। यह मैं इसलिए कहता हू कि हिन्दी गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज की मातृभाषा थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने हिन्दी के प्रचार के लिए बहुत सा साहित्य भी हिन्दी मे लिखा था। उनके बारे यह भी कहा जाता है कि हिन्दी साहित्य मे उनका स्थान वीर रस के कवियो मे बहुत ऊचा है। हमारे अकाली दोस्त गुरु गोविन्द सिंह के इस रूप को सामने नही आने देते। हिन्दी से उन्हे इस सीमा तक दुश्मनी है कि वे इसे किसी भी रूप मे सहन करने को तैयार नही हैं। वे यह भी भूल जाते हैं कि सभी गुरु साहिबान मे से किसी ने भी हिन्दी के विरुद्ध अपने मुह से कभी एक शब्द भी नही निकाला था। बल्कि उन सबने ही हिन्दी पढ़ी थी और कुछ ने तो सस्कृत भी पढ़ी थी। हिन्दी के विरोध की बीमारी अकालियों के द्वारा ही शुरू हुई। मुझे यह कहने मे भी कोई सकोच नही कि इस दृष्टिकोण से अकालियो और काग्रेसी सिखो मे कोई अन्तर नही। दोनो ही हिन्दी को सहन नही करते। न अकाली शासन मे हिन्दी को आगे बढने दिया गया न काग्रेस के शासन मे।

किन्तु इसका यह अभिप्राय नही कि चू कि अकाली और काग्रेसी हिन्दी के विरोधी हैं इसलिए हम भी हाथ पर हाथ रख कर बैठ रहें। हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा भी है हमारी मातृभाषा भी है हमारे धर्म और हमारी सस्कृति की भाषा भी है। हम किसी भी रूप मे इसकी उपेक्षा नही कर सकते। इसकी ओर ध्यान

(शेष पृष्ठ ६ पर)

आज के जीवन की मांग—मानवता (2)

ले०—प्रा० आचार्य भद्रसेन जी होशियारपुर

ॐ

अत आज यदि कोई सभ्यता (रहन-सहन बर्ताव की विधि) है, तो वह मानव सभ्यता ही है न कि केवल प्रदेश धर्ममात्र की दृष्टि से किए जाने वाले भेदमय तात्कालिक व्यवहार। तथा सभ्यता के निर्णय का मूल आधार मानवता की सुविधाएं ही हैं जिनसे दूसरे मानवो को कष्ट न हो। ऐसे ही यदि सारी मानव-जाति को सामने रखकर किसी एक मानव भाषा का निर्धारण हो जाए तो परस्पर भावो को सभी के आगे प्रकट करने मे सुविधा होगी तथा अनेक भाषाओ के सीखने के परिश्रम एव समय की बचत भी हो सकती है।

इस विवेचन के पश्चात यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि जाति धर्म संस्कृति सभ्यता का जो मूल आधार मानवता मनुर्भव जनया दैव्य जनम (ऋग्वेद १० ५३ ६) है उसका क्या स्वरूप है? इस प्रश्न पर जब हम परम्परागत साहित्य और आधुनिक स्थितियो के आधार पर विचार करते हैं तो स्पष्ट होता है कि इस धराधाम पर प्रजापति की प्रजा उत्पत्ति की प्रक्रिया की दृष्टि से चार प्रकार की है—उद्भिज स्वेदज, अण्डज और जरायुज जो इस वसुन्धरा के विविध वसुओ का अहर्निश भोग कर रही है। सभी भाषाओ के शास्त्रो बुद्धिमानो और धर्मों ने मानव को ही विधाता की सर्वोत्कृष्ट रचना माना है,१ इस सम्पूर्ण रत्नगर्भा पृथिवी पर रहने वाले सभी मानवो की आकृति शरीर एक सा ही है। केवल उस उस प्रदेश की स्थिति, ऋतु आदि की भिन्नता के कारण वर्ण तथा आकृति मे बहुत कम ही अन्तर है। हमारे जैसा ही सब का शरीर है हमारी तरह ही उनकी पाच ज्ञान इन्द्रिया पाच कर्म इन्द्रिया तथा अन्त करण-चतुष्टय है। सब के मस्तिष्को मे विचार और हृदय मे विविध भाव तरंगित होते हैं।

सभी प्राणियो म मानव की सर्वसम्मत श्रेष्ठता पर जब हम विचार करते हैं ता स्पष्ट होता है कि श्रेष्ठता का आधार शरीर और बुद्धि है। निस्सन्देह बाह्य दृष्टि से कुछ प्राणियो के शरीर मानव-शरीर से भी कहीं अधिक सुन्दर हो। पर विविध क्षेत्रो मे विकास की इच्छानुसार दिशा अधिकार जल नभ स्थल एव उष्ण के मैदानी-पर्वतीय रेतीले शीतल-सम प्रदेशो मे वास की जितनी क्षमता मानव शरीर मे है, उतनी अन्य मे दुर्लभ है। उनमे स्वाभाविकता ही है, नैमित्तिक बहुत कम है। परन्तु मनुष्य मे स्वाभाविकता के साथ नैमित्तिक विकास की भी अत्यधिक सामर्थ्य है। मानव शरीर एक ऐसा अद्भुत यन्त्र है। जिसके आधार पर ही आकाशवाणी(—कर्ण—मुख) फोटोग्राफी (—नेत्र) दूरसन्देश—दूरभाष (—ज्ञानतन्तु), कम्प्यूटर (—मस्तिष्क) आदि आज के अनोखे आविष्कार आविष्कृत हुए हैं। तथा इतना तो स्वत प्रमाणित है कि ये सभी मानव की ही उपलब्धिया है। अन्य प्राणियो की केवल जल, नभ या स्थल मे से एकत्र ही गति और अधिकार है। पर मानव ने तो अपनी गति, स्थिति और अधिकार सर्वत्र दर्शा दिया है।

इससे भी अधिक सर्वोत्कृष्टता का मूल आधार मानव की बुद्धि विवेकशीलता जिज्ञासावृत्ति है२। मानव, मनुष्य मनुज आदि शब्द मानव की विवेकशीलता के अभिव्यंजन की ओर ही संकेत करते हैं। अर्थात् सभी प्राणिया मे मानव ही एक ऐसा प्राणी है, जो अपनी बुद्धि का विविध विषयो क्षेत्रो, पक्षो मे यथेष्ठ विकास कर सकता है, क्योंकि उसका अधिकतर ज्ञान नैमित्तिक है। तथा अपनी विवेकशीलता के आधार पर मनुष्य गुण अवगुण हित-अहित, सत्य-असत्य, उपयुक्त अनुपयुक्त उचित-अनुचित रूप का विवेक, परीक्षण व विचार कर सकता है।

यह बुद्धि (ज्ञान) ही मानव की उत्कृष्टता का सर्वोत्तम साधन है, जिसके द्वारा मानव ने आज तक की इतनी उपलब्धियो, क्षमताओ, विकासो को प्राप्त कर उन्हे सफल किया है। मानव के अपने कार्य-अकार्य, कर्तव्य अकर्तव्य के निर्णय और ज्ञान का आधार भी यही है। अर्थात् मानव की सारी प्रगति एव सफलता ही नहीं, अपितु जीवन का सत्य, शिव एव सुन्दर रूप भी इसी बुद्धि पर आधारित हैं। पर इस सबकी उपलब्धि तभी हो सकती है, जब मानव प्राचीनता आदि के मोह और अपनत्व के पक्षपात से ऊपर उठ कर निष्पक्ष न्याय पूर्वक इसका प्रयोग करता है। वि—वेक विविध पक्षो सहित किसी पदार्थ का विचार, विश्लेषण, परीक्षण ही विवेक कहलाता है, न कि आख मूद कर किसी को मानना अत मानवपन की माग है कि हमारा मन वचन और कर्म से होने वाला हर व्यवहार विवेक-पूर्वक हो। जैसे आख की विद्यमानता की माग होती है कि देखा-भाला जाए। आख होते हुए भी जो ठोकर खाता है, उसको कहा जाता है क्यो अन्धे बन रहे हो? ऐसे ही बुद्धि की माग है कि हम सोच विचार कर हर कार्य करें।

मानव के लिए उर्दू भाषा मे इन्सान शब्द का प्रयोग होता है और शैतान, हैवान (पशु) इसके विपरीतार्थक शब्द हैं। शैतान का अर्थ होता है निर्बल पर अत्याचार करना, कमजोर के साथ अन्याय का व्यवहार करना। अर्थात् जो दूसरों को सतावे वह शैतान है। हैवान का भाव है जो अपने से बलवान का अन्याय अत्याचार बिना विरोध के चुपचाप सहे अत इस तुलना के आधार पर जो न तो कमजोर को सताए और न ही दूसरो का अन्याय, अत्याचार सहे वही मानव है। महर्षि दयानन्द ने कहा है, "जैसे पशु बलवान् होकर निर्बलो का दु ख देते है और मार भी डालते हैं, जब मनुष्य-शरीर पाके वैसा ही कर्म करते हैं, तो वे मनुष्यस्वभावयुक्त नही पशुवत् हैं (स प्र)

अर्थात् जो दूसरो को कष्ट न दे, अपितु हर स्थिति में उनकी सहायता करे, वह मानव है। कोई दूसरो की सहायता तभी करता है, जब उस मे सहानुभूति (दूसरो की स्थिति को अनुभव करने की भावना) उभरती है। वस्तुत सहानुभूति मानव का सब से बड़ा लक्षण या पहचान है।

नर और पशु मे क्या अन्तर है? जब हम इस पर विचार करते हैं तो स्पष्ट होता है कि मानव पशु की अपेक्षा निम्नलिखित कुछ विशेषताएं हैं जैसे—

(१) विवेक—मानव मे ही विवेक की पूर्ण क्षमता है। क्योंकि मानव का अधिकतर ज्ञान नैमित्तिक होने से वह अपने व्यवहार्य की विवेचना कर सकता है, पशु नहीं।

(२) सहृदयता—किसी दु खी को देखकर यदि वह स्वार्थ से अन्धा न हो, तो देखने वाले मानव के हृदय मे स्वाभाविक रूप से करुणा की भावना उपजती है। तब वह आत्मीयता के कारण सहानुभूति से भर कर उसके दु ख को दूर करने का प्रयास करता है। क्योंकि प्रेम, दया, शान्ति, क्षमा—ये मानव हृदय के स्वाभाविक गुण हैं ३। तभी तो मानव ने इतिहास मे समय-समय पर अपनी इस सहृदयता का अनेक रूपो मे परिचय दिया है। वस्तुत —

'यही है इबादत, यही है दीनो ईमान
इन्सान के काम आए इन्सान।'

या किसी दूसरे कवि के शब्दो मे—

'जिस ने की इन्सान की खिदमत
दुनिया मे है इन्सान वही।
जो अपना मतलब देखे,
हैवान है वह, इन्सान नही॥

सहृदयता के कारण व्यक्ति मे परस्पर सहयोग सद्भाव, सम्मान की भावना होती है ४। वह आत्मवत् भावना से भर कर दु:ख, क्लेश से घिरे दुखीं की सहायता करता है, पर पशु में यह क्षमता नही होती। पशु दूसरो को हानि पहुचाने से झिझकते नहीं, कई बार बिना किसी स्वार्थ के भी दूसरों का अहित करते हैं।

(३) आत्मनियन्त्रण—विवेक, सहृदयता की भावनाओ के कारण मानव सामाजिक प्राणी होने से, मानवीय समाज की व्यवस्थाओं को स्वय पालता है। अपने ऊपर विचार-पूर्वक स्वय नियन्त्रण रखता है। पर पशु अपनी वासनाओं का स्वेच्छा से नियन्त्रित नही कर सकता। वह दण्ड के बल से दूसरों द्वारा रास्ते पर लाया जाता है। साधारण जन पशुवत् स्वार्थान्ध होकर कार्य करते हैं। स्वार्थान्ध मे मानवता (विवेकशीलता) कहा? तभी तो ऐसे व्यक्ति कामान्ध होकर सभी प्रकार के कुकृत्य करने पर उतारू हो जाते हैं। स्वार्थ से लोभ पनपता है, जो सभी अनर्थों की जड़ है। अत चरित्र, नैतिकता मानवता का माप-दण्ड है।

(४) स्वात्माभिमान—प्राय पशुओ मे दीनता चाटुकारिता (कुक्कुरवत्) वृत्ति होती है। उन मे आत्म-विश्वास के न होने से स्वात्माभिमान नही होता। अत आत्मविश्वास मानव की एक प्रमुख प्रवृत्ति है। यह मानवता की एक पहचान भी कही जा सकती है।

अत वे ही मानव हैं जिनमे सहानुभूति है विवेक है, इन्द्रियो और मन की सहज प्रवृत्तियो पर उचित अंकुश लगाने की भावना है। इन्हीं समग्र भावों को या मानव की परिभाषा को हम हिन्दी के महान् कवि श्री अयोध्यासिंह उपाध्याय के शब्दो मे इस प्रकार से कह सकते हैं—

ऊच नीच का भेद त्याग, सब को
हित माने।
चींटी पर भी कभी न अपनी भौंहे
ताने।
हमे चाहिए मानव ऊचे जी का ऐसा।
अपना जी त्यों सभी जीव का जी जो
जाने।

---

१ मनस्यमानेन सृष्टा (निरुक्त ३, २, ६) गुह्यं ब्रह्म तदिदं ब्रवीमि न हि मानुषात् श्रेष्ठतरं हि किञ्चित्
(म० भा० शान्ति० २९९, २०)
भूताना प्राणिन श्रेष्ठा, प्राणिना बुद्धिजीविन। बुद्धिमत्सु नरा- (मनु १ ९६
बड़े भाग्य मानव तन पावा
(रामचरितमानस)

२, मत्वा कर्माणि सीव्यन्ति
पुनर्मनस्वीभावे मनोरपत्यम् मनुषो वा
(—ज्ञानपुत्र, ज्ञान का उत्तराधिकारी)।
(निरुक्त ३, २, १)

३ न कामये राज्यं न स्वर्गं न
पुनर्भवम्।
कामये दु खतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्॥
भारतीय संस्कृति का भक्त तो सदा प्रार्थना करता है।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

हिन्दी की उपेक्षा-किसकी अपेक्षा ?

ले —श्री प्रो चन्द्रप्रकाश जी आर्य

हिन्दी की उपेक्षा के लिए उत्तर दायी कौन ? सरकार या हम ? आज देश को स्वतन्त्र हुए ३३ वर्ष हो चुके हैं। देश के संविधान में हिन्दी को राष्ट्र भाषा एवं राजभाषा का स्थान दिया गया था परन्तु क्या ३३ वर्ष बाद भी हम हिन्दी को उचित स्थान दे सके हैं या दिलवा सके हैं ? कभी इसे उत्तर भारत की भाषा कहकर दुत्कारा जाता है तो कभी दक्षिण की दुहाई देकर इसको भत्सना की जाती है। कभी अंग्रेजी आज की अनिवार्यता के नाम पर इसकी उपेक्षा की जाती है तो कभी इसमें वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली का अभाव बताया जाता है। कभी इस पर क्लिष्ट एवं कठिन होने का आरोप लगाया जाता है तो कभी इसके साहित्य को अविकसित एवं अर्द्ध विकसित करार दिया जाता है। यहा तक कि अन्य भारतीय भाषाओ के नाम मे इसे अवरोध या बाधक भी बताया जाता है। बगाल इस से खुश नही पजाब इससे नाराज तामिल नाडो की तो हिन्दी से पटती नही। स्वय हिन्दी भाषी प्रदेश भी शिथिलता का रवैया अपनाए हुए हैं। अपने ही देश मे आज यह पराई है। एक ओर हम इसे सयुक्त राष्ट्र संघ मे उचित स्थान दिलवाने के लिए कटिबद्ध हैं तो दूसरी ओर अपने ही देश में हम इस के मार्ग मे अवरोध एव रुकावट खडी कर रहे हैं। इसके लिए सरकार के साथ साथ हम जनता के लोग भी कम जिम्मेवार नही हैं। हमारे ऊपर अब भी अंग्रेजी का भूत सवार है। बोल चाल वेशभूषा खानपान आदि मे हम अंग्रेजी की सभ्यता को प्राथमिकता देते हैं। अंग्रेजी के बिना हम एक कदम आगे नही बढ सकते अंग्रेजी हमारे लिए सामाजिक प्रतिष्ठा का पर्याय एव प्रतीक बन गई है। अंग्रेजी के बिना हम समाज में सिर ऊंचा कर नहीं चल सकते। आज समाज में विशेषतया नगरो मे अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने वाले विद्यालयों में होड लगी हुई है। २६ वर्ष की आयु वाले बच्चो को भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाने में गौरव माना जाता है और वह भी २० से ३० रुपए तक मासिक फीस देकर। उन बालको को भले ही अंग्रेजी समझ मे न आए इस से कम से कम हमारा सामाजिक प्रतिष्ठा का यह भाव तो तुष्ट होता है। इसी प्रकार कान्वेंट स्कूलों और पब्लिक स्कूलो की कमी है च है बाग मे इन स्कूलो के बच्चे समाज की मुख्यधारा के साथ न घुल मिल सके। हमारी यह मिथ्या सामाजिक प्रतिष्ठा की भावना ही हिन्दी की उपेक्षा के लिए जिम्मेवार है।

ब्याह शादी हो या अन्य कोई समारोह के निमन्त्रण पत्र छपवाए मे तो अंग्रेजी मे ? नए वर्ष की बधाई हो या अन्य किसी प्रकार की बधाई हो पत्र भेजेंगे तो अंग्रेजी मे तार देंगे तो अंग्रेजी मे नामपटट लिखवाए मे तो अंग्रेजी मे चाहे हिन्दी के तार सस्ते पडते हो पर पता लिखने तो अंग्रेजी मे चाहे पूरा पत्र हिंदी या पजाबी मे लिखा हो अपने हस्ताक्षर करेंगे तो अंग्रेजी मे बैंक या डाकघर म फार्म भरेगे तो अंग्रेजी मे चाहे वहा हिंदी भी साथ साथ दी हुई हो दुकानो और बाजारो पर नजर दौडाइए कितने नाम हिन्दी एव पजाबी मे होगे ? इस प्रकार हमारे दैनिक व्यवहार मे अंग्रेजी की प्रधानता है सरकारी कार्यालयो अन्य प्रशासनिक विभागो तथा सामाजिक प्रतिष्ठानो की बात तो दूर है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे कितने छात्र अंग्रेजी के कारण फल या अनुत्तीर्ण होते हैं ? छात्रो का समय अंग्रेजी की पढाई मे जाता है फिर पास होने का निश्चय नही धन का व्यय समय की हानि तथा मानसिक परेशानी अलग। राष्ट्र की प्रतिभा की कितनी भारी हानि होती है स्वय अनुमान लगाकर देखें।

> राष्टभाषा पुकार रहा है कि उसमे क्या कमी है जो बगाल उससे खुश नही पजाब नाराज है तमिलनाड की उससे पटती नही और और स्वय हिन्दी भाषी प्रदेश भी शिथिलता का रवैया अपन ए हुए है।

भाषा के रूप मे अंग्रेजी से कोई विरोध या दुराव नही। अंग्रेजी से हमने बहुत कुछ ग्रहण किया है अंग्रेजी हमारे लिए वैज्ञानिक जगत से सम्पर्क बनाए रखने का साधन है यहा तक तो ठीक है। परन्तु सवाल तो राष्ट का है जनमानस का है देश की भावी पीढी का है उन पर अंग्रेजी हम क्यो थोप ? रूस में अंग्रेजी का साहित्य भारी मात्रा मे प्रकाशित होता है अनेक पत्र पत्रिकाए तथा पुस्तकें अंग्रेजी मे छपती हैं परन्तु जनमानस पर या जनता पर अंग्रेजी का दबाव नही। सरकारी तन्त्र एव भिन्न भिन्न शासकीय विभाग व्यवहार मे अपनी भाषा रूसी क प्रधानता देते हैं इसके विपरीत हमारा शासन तन्त्र अपेक्षाकृत कम सावधान है। जितना जल्दी हम इस ओर ध्यान देंगे उतना ही शीघ्र हम हिन्दी को राष्ट्र तथा संयुक्त राष्ट संघ मे उचित स्थान दिलवा सकेंगे।

प्रश्न केवल राष्टभाषा या राजभाषा का नही अपितु राष्टप्रेम का है। सवाल उत्तर और दक्षिण भारत का नही अपितु समूचे राष्ट का है। हिन्दी समस्त राष्ट को जोडने वाली भाषा है राष्ट को तोडने वाली नही। यह देश की सास्कृतिक सामाजिक एव धार्मिक परम्पराओ का प्रतिफल है हमने इसे राजभाषा भले स्वतन्त्रता के बाद ही बनाया है परन्तु यह तो बहुत पहले ही इस पद पर आसीन हो चुकी थी। विद्वानो ने इसकी कडिया देश के प्रत्येक कोनो मे खोज निकाली है। वर्तमान अनुसधानो के आधार पर दसवी शताब्दी से ही हिन्दी देश के विभिन्न भागो मे पनपती रही कभी ब्रज के रूप मे तो कभी दक्खिनी हिन्दी के रूप मे परन्तु इसकी सत्ता निरन्तर कायम रही।

आवश्यकता है आज उदार राष्ट वादी दृष्टिकोण अपनाने की ? द्वेष और पक्षपात को त्यागने की ? आवश्यकता है दृढ सकल्पी की ? दृढ सकल्प का ही परिणाम था कि लगभग १०० वर्ष तक हम आजादी की लडाई लडते रहे और मुक्त होकर ही रहे। यह तो विदेशी राज की बात थी—१८५७ की क्रांति की विफलता हमने झेली १९१९ का जलियावाला काड हमने सहन किया फिर भी हम आगे बढते रहे। क्या आज हम अपने राज मे अपनी भाषा को नही अपना सकते अपनी राष्ट्रभाषा को नही पढ सकते ? अपनी राजभाषा को उचित सम्मान नही प्रदान कर सकते ? इसके लिए हम सबकी जिम्मेवारी है—आपकी सरकार की जनता की और समूचे राष्ट की।

—

लुधियाना के ग्रामीण क्षत्रमे वेद प्रसार

नरेवाल ग्राम चमन विहार कालोनी मे डा सुशीलकुमार जी के घर पर पारिवारिक सत्सग बडी धूमधाम से हुआ हवन यज्ञ के पश्चात श्री कृपा राम जी आर्य के प्रभु भक्ति के भजन हुए श्री वेन्वत जी वेद प्रचार श्री आशा न द आर्य श्री रूप लाल आर्य ने अपने भाषणो द्वारा प्रचार किया सकडो की सख्या म स्त्री पुरुषो ने सत्सग म शामिल होकर लाभ उठाया ग्राम म काफी प्रभाव पडा डा सुशील कुमार जी ने सब को धन्यवाद कराया।

पूज्य प देव प्रकाश जी भी चल बसे

पूज्य प देव प्रकाश जी जिन्होने आयुभर वैदिक धर्म की सेवा की आपने मध्य प्रदेश मे कई वर्ष रह कर लाखो हरिजन हिन्दुओ को ईसाई होने से बचाया और उनको सच्चे वैदिक धर्मी बनाया। आप एक सच्चे त्यागी तपस्वी आर्य पुरुष थे अरबी तथा संस्कृत के महान विद्वान थे आप ने अमृतसर मे कितने वर्षों तक अरबी संस्कृत महाविद्यालय भी चलाया आपने अनेक पुस्तक भी लिखी आप इस ८० वर्ष से अधिक आयु मे अब भी शुद्धि कार्य तथा लिखने का कार्य कर रहे थे आप ३ ४ महीना से बीमार चले आ रहे थे २९ दिसम्बर १९८० को आपका दयानन्द मठ दीना नगर मे देहान्त हो गया। आपकी अन्तेष्टिपूर्ण वैदिक रीति से ३०१२८ को कर दी गई जिसमे पूज्य स्वामी सर्वानन्द जी ने एक मन सामग्री तथा एक टीन घी का प्रयोग किया अन्तेष्टि मे अमृतसर तथा दीना नगर के सकडो नरनारी सम्मिलित हुए। उन को श्रद्धाजलि देने के लिये ४ जनवरी १९८१ रविवार दोपहर दो बजे से चार बजे तक आर्य समाज शक्ति नगर अमृतसर मे एक शोक सभा हुई जिसमे सकडो आर्य बन्धुओ ने पहुच कर इस महान विद्वान को अपनी श्रद्धांजलि भेंट की स्वामी सर्वानन्द जी के अतिरिक्त और भी कई आर्य बन्धुओ ने पण्डित देव प्रकाश जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमसे एक रत्न छिन गया है उसकी क्षतिपूर्ति होनी असम्भव है। हमे उन के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

मथुरादास वानप्रस्थी

(४ पष्ठ का शेष)

सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद दु ख भाग भवेत ॥

४ श्रूयतां धर्मसर्वस्व श्रुत्वा चैवाव धार्यताम ॥
आत्मन प्रतिकूलानि परेषा न समाचरेत् ॥
(महाभारत)

न तत परस्य स दध्यात प्रतिकूल यदात्मन ।
एष सक्षेपतो धर्म कामादन्य प्रवर्तते ॥
(महाभारत)

आत्मवत्सर्वभूतेषु य पश्यति स पश्यति ।
(हितोपदेश)

श्रुति स्मृति सदाचार स्वस्य च प्रियमात्मन (मनु २ १२)

(१ पृष्ठ का शेष)

देना अब हमारे लिए इसलिए और भी अनिवार्य हो गया है कि अकाली कहते है कि हिन्दू और सिख दो अलग अलग कौमें हैं। इसी दो कौमें के सिद्धान्त पर पर वे खालिस्तान की मांग भी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हिन्दी प्रेमियों के लिए और भी आवश्यक हो जाता है कि वे अपने अस्तित्व को कायम रखने के लिए हिन्दी का दामन न छोड़ें। कुछ दिनों में जनगणना का कार्य शुरू होने वाला है। हमारे लिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपनी भाषा हिन्दी लिखवाएं क्योंकि इसी के आधार पर अकालियों ने खालिस्तान की मांग करनी है। पंजाबी के आधार पर ही उन्होंने पंजाबी सूबा लिया है और अब इसी के आधार पर उन्होंने खालिस्तान की मांग करनी है। इसलिए वे सभी लोग जो पंजाब का नया बंटवारा नहीं चाहते उनका यह कर्त्तव्य बन जाता है कि आगामी जनगणना में वे अपनी भाषा हिन्दी लिखवाएं। हम हिन्दी को अपनाते हुए कोई पाप नहीं कर रहे। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज की मातृभाषा हिन्दी हो सकती है तो हमारी क्यों नहीं? और हमारे बारे में तो सर्वोच्च न्यायालय भी यह कह चुका है कि इनकी भाषा हिन्दी है। मैं जानता हूं कि मैं जो कुछ लिख रहा हूं इस पर अकाली तिलमिलाएंगे। किन्तु इसमें हमारा कोई दोष नहीं है। उन्हें एक भ्रान्ति हो रही है। वे पंजाब के हिन्दू को अनाथ समझते हैं। उनका विचार है कि वे जो भी लाठी हाथ में पकड़ लें उससे वे हिन्दुओं को जिधर भी हांकना चाहें हांक सकते हैं। कभी संत फतेह सिंह की लाठी पकड़ ली और कभी रिजनल फार्मूला की। कभी पंजाबी सूबा की लाठी उठा ली और कभी खालिस्तान की। किन्तु अब उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि उनकी हर लाठी का जवाब लाठी से ही दिया जाएगा। आज यदि हम डंके की चोट से यह कह रहे हैं कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है तो इसलिये कि अकाली जिधर चल रहे हैं कहीं न कहीं तो अब हमें उसका विरोध करना ही पड़ना था। दो कौमों का सिद्धान्त हमें स्वीकार नहीं है। भारत में एक ही कौम रह सकती है दो नहीं। दो कौमों वाले यहां से चले गए। यदि कुछ और पैदा हो गए हैं तो उन्हें भी वहीं जाना चाहिए जहां उनके कुछ और साथी जा चुके हैं भारत में वही लोग रह सकते हैं जो एक राष्ट्र, एक देश, एक संविधान और उसके एक ध्वज के समक्ष सिर झुकाने को तैयार हों। जो इसके लिए तैयार नहीं हैं उनके लिए इस देश में कोई स्थान नहीं हो सकता।

कुछ भी हो हमें अब यह चिन्ता नहीं करनी चाहिए कि अकाली क्या कहते हैं और क्यों ऐसा कहते हैं। वही लोग जीवित रहने का अधिकार रखते हैं जो अपने भाग्य का निर्णय स्वयं कर सकते हैं। इसलिए मैं पंजाब के हिन्दी प्रेमियों से यह निवेदन करना चाहता हूं कि यदि उन्होंने इस राज्य में सम्मानपूर्ण जीवन व्यतीत करना है तो उन्हें अपने भाग्य का निर्णय स्वयं करना चाहिए। वही राष्ट्र जीवित रह सकता है जिसकी एक भाषा हो। इसीलिये हमारे देश के नेताओं ने हिन्दी को हमारी राष्ट्र भाषा बनाया था। इसमें सन्देह नहीं कि हमारे देश में कुछ और भाषाएं भी हैं। पंजाबी उनमें से एक है। हम उन सबका सम्मान करते हैं। हम देश की किसी भी भाषा के विरुद्ध नहीं हैं। जितनी अधिकाधिक भाषाएं पढ़ सकें हमें पढ़नी चाहिएं। पंजाब में पंजाबी पढ़ना भी हमारे लिए आवश्यक है किन्तु पंजाबी के लिए हिन्दी को दबाने का प्रयास क्यों किया जाए? यह हम किसी भी रूप में सहन नहीं करेंगे। यदि अब सहन कर गए तो पंजाब में रहना हमारे लिए कठिन हो जाएगा। हम समझते थे कि पंजाबी सूबा के बाद अकालियों की ओर से कोई नई मांग प्रस्तुत नहीं होगी। किन्तु वह तो कहीं रुक ही नहीं रहे। अब नई नई मांगें कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमारे लिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम उनके नये हमले का उत्तर देने को तैयार हो जाएं। वह एक ही हो सकता है कि गुरु गोबिन्दसिंह जी महाराज की मातृभाषा को हम अपनी मातृ भाषा बनाएं और आगामी जनगणना में यह प्रमाणित कर दें कि पंजाब का बहुत बड़ा बहुमत उसी हिन्दी भाषा को अपनी मातृभाषा समझता है जो गुरु गोबिन्दसिंह जी महाराज की मातृ भाषा थी।

बारह जनवरी को सोमवार है। इसलिए मैं पंजाब की सभी आर्य समाजों से निवेदन करूंगा कि वे रविवार ११ जनवरी को अपने सत्संग में गुरु गोबिन्दसिंह जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करें और उन्होंने हिन्दी भाषा के प्रचार के लिए जो कुछ किया था उसके लिए उनके प्रति अपनी श्रद्धा को अभिव्यक्त करते हुए यह निश्चय करें कि आगामी जनगणना में भी वह अपनी मातृ भाषा हिन्दी लिखवायेंगे।

—वीरेन्द्र

तार्किक शिरोमणि स्वामी दर्शनानन्द जी

आर्य समाज के इतिहास में गुरुकुल शिक्षा के प्रबल समर्थक और सर्वप्रथम गुरुकुल सिकन्दराबाद खोल कर गुरुकुल शिक्षा प्रणाली की ओर महर्षि के अनुयायियों को प्रेरित करने वाले स्वामी दर्शनानन्द सरस्वती जी जिनकी लौह लेखनी तथा वाणी के अपने पराये सभी प्रशंसक थे उन वैदिक धर्म के प्रचारक प्रसारक महर्षि के अनन्य भक्त तार्किक शिरोमणि स्वामी दर्शनानन्द जी का जन्म दिवस २० जनवरी १९८१ को सभी को सोत्साह मनाना चाहिए। हम १८ १२ ८० के आर्य मर्यादा में उनके जीवन तथा उन की साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डालने का यत्न करेंगे।

अपने पूज्य विद्वानों से सानुरोध निवेदन है कि वे भी पूज्य स्वामी जी महाराज के जीवन सम्बन्धी लेख और कविता भेजकर कृतार्थ करें।

—ओमप्रकाश आर्य
सभा कार्यालयाध्यक्ष

—

दक्षिण भारतीय सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी समारोह हैदराबाद में

अन्तर्राष्ट्रीय वेद प्रतिष्ठान हैदराबाद की ओर से ८ जनवरी गुरुवार से ११ जनवरी रविवार तक हैदराबाद नगर में दक्षिण भारतीय सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी समारोह का विराट आयोजन किया गया है।

इस आयोजन के यशस्वी संयोजक पं. वेदभूषण जी तथा महामन्त्री पं. मथुरा राम एडवोकेट (उप प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा आन्ध्र प्रदेश) मनोनीत किए गए हैं। महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं केरल इन पांचों प्रान्तों का यह संयुक्त आयोजन दक्षिण में आर्य समाज के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

—

★ परिश्रम सोने की कुंजी है इससे सुनहरी भविष्य द्वार खुल जाते हैं।

★ ईर्ष्या नेकी को इस प्रकार खा लेती है जैसे लकड़ियों को आग।

★ जीवन तथा स्वास्थ्य थोड़ी आय पर भी कायम रखा जा सकता है।

—

वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस मनाया गया

दिनांक २३ १२ ८० को वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर में अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज बलिदान दिवस बड़ी श्रद्धा और भावना उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। दोनों समय के सत्संगों में आर्य जगत के उच्चकोटि के विद्वान एवं विदुषि अतिथि के प्रवचन हुए।

ओजस्वी वक्ता श्री पं. देव बन्धु जी शीशकर दास जी डा. वसुदेव जी वैराग्य विदुषि श्री रामवति जी पं. विद्यानिधि जी तथा श्री जगदीश चन्द्र जी ने स्वामी श्रद्धानन्द जी के जीवन पर पूर्ण प्रकाश डाला।

—ब्र. विश्वव्रत विद्यार्थी

—

जिन्दगी का रहस्य

हम देख रहे हैं कि आज का प्राणी व पदार्थ हैं वह सदा रहने वाले नहीं हैं। यह मानव प्राणधा हुआ भी अज्ञानता में देख रहा है आने जाना जा रहा है हम जाने वालों को प्रतिदिन देख रहे हैं साथ ही आने वालों को भी देख रहे हैं यह मुट्ठी बांधकर आ रहे हैं मानों कहते हैं सारे संसार को अपनी मुट्ठी मे बन्द कर के ले जाऊंगा परन्तु जब जाने वाला जाता है दोनों हाथ खाली जाता है मानो कह रहा हो मैं यहां से कुछ भी न ले जा पा रहा हूं। सभी कुछ यहीं रह गया। वास्तव में दुनियादारी की चीज आज तक किसी के साथ नहीं गई और न कभी जाने वा सकेगी। फिर हम चीजों से क्यों चिपक रहे हैं। यह एक आश्चर्य की बात है। यह जानते हुए कि इन्हें साथ नहीं जाना फिर भी छोड़ना नहीं चाहते।

देखते २ क्षण क्षण जीवन काल का ग्रास बनता चला जा रहा है। बड़े २ ज्ञानी विद्वान् ऋषि मुनि राजा महा राजा भी इस नाशवान शरीर को छोड़कर संसार से चले जा रहे हैं। हम देखते हैं जो अवस्था शरीर की बीस वर्ष पहले थी वह अब नहीं है जो अब है वह बीस वर्ष बाद नहीं रहेगी किसी ने कहा है—

> जिनके पहलु मे हजारों रश्क
> फानुस थे
> आज उनकी कबर पर है और
> निशां कुछ नहीं।

मनुष्य भोगों की ओर बढ़ रहा है मृत्यु मनुष्य की ओर बढ़ रही है किसी ने कहा है

> की बहुत तदबीर मगर तकदीर के
> हिकमत चली नहीं
> कोशिशें भी की हजारों मगर वे
> सर की बलाएं टली नहीं।

मनुष्य जीवन अमूल्य होने पर भी रोका नहीं जा सकता। परन्तु जीवन धारा का परिवर्तन किया जा सकता जीवन धारा के रुख को बदला जा सकता है प्रेय मार्ग को छोड़कर श्रेय मार्ग की ओर चला जा सकता है यह मार्ग कठिन जरूर है परन्तु ऐसी बात नहीं कि इस पर चला ही नहीं जा सकता। जब यात्री चलने के लिए तैयार हो जाएगा उसके कदम फिर आगे ही आगे बढ़ते चले जाएंगे परमार्थ का मार्ग ही वास्तव में मार्ग है किसी कवि ने कहा है—

> जिन्दगी पथ है मंजिल की तरफ
> जाने का
> जिन्दगी गीत है मस्ती से सदा
> गाने का।
> मौत आराम से सो जाने की
> बदनामी है
> जिन्दगी नाम है तूफान से टकराने
> का।

नोट—मैंने एक वर्ष के लिए आर्य समाज रामपुरा टाऊन को अपना समय दे दिया है। एक वर्ष तक मैं यहीं रहकर प्रचार कार्य करूंगा।

—परमानन्द वानप्रस्थी

—

सभा को एक हजार रुपए की राशि भेंट

आर्य समाज श्रद्धानन्द बाजार अड्डा होशियारपुर जालन्धर का उत्सव सम्पन्न

आर्य समाज श्रद्धानन्द बाजार (अड्डा होशियारपुर) जालन्धर का प्रसिद्ध आर्य समाज है जो अपना वार्षिक उत्सव प्रति वर्ष बड़ी धूमधाम से दिसम्बर मास में ही मनाता है। इस वर्ष २१ दिसम्बर से २८ दिसम्बर तक वेद मनीषी श्री हरवंश लाल जी महता लखनऊ वाले प्रभाव शाली वेद कथा करते रहे। २३ दिस रात्रि को स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्वस्ति यज्ञ की पूर्णाहुति २ दिसम्बर रविवार को प्रात: १० बजे हुई।

२६ दिसम्बर को ध्वजारोहण श्री हरवंश लाल जी शर्मा के करकमलों द्वारा हुआ २६ २७ २८ तीन दिन प्रातः दोपहर रात्रि तीनों समय मे प्रचार का विशेष आयोजन किया गया इस सारे उत्सव मे २१ से २८ दिसम्बर तक श्री हरवंशलाल जी महता के अतिरिक्त आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के कार्यालयाध्यक्ष श्री प० ओम प्रकाश जी आर्य श्री प० समदेव जी आर्य श्री प० निरंजनदेव जी महोपदेशक श्री प० राम नाथ जी सि० वि० महोपदेशक श्री श्याम सिंह जी हित कर भजन मण्डली श्री हजारी लाल जी भजनोपदेशक श्री सन्तदास तबला वादक श्री राम नाथ जी य जी श्री तुलसी देव जी गायनाचार्य श्री नरेन्द्र जी शर्मा तथा श्री कुलदीप जी प्रसिद्ध गायक ने भाग लिया।

२७ दिसम्बर को छात्र छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता श्रीमती सन्तोष पुरी प्रिंसीपल कन्या महा विद्यालय जालन्धर की अध्यक्षता मे हुई और बच्चों को पुरस्कार दिए गए। २ दिसम्बर को हिन्दी सम्मेलन श्री ला जगतनारायण जी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ।

यह उत्सव हर प्रकार से सफल रहा २८ दिसम्बर रविवार को बहुत ऋषि लंगर हुआ जिसमे सहस्रों श्रद्धालुओं ने प्रीति भोज किया।

इस सारे कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय आर्य समाज के प्रधान श्री सेठ योगेन्द्र पाल जी तथा उनके सहयोगी अन्य अधिकारियों को जाता है जिन्होंने अपना पूरा समय लगा कर दिन रात एक करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। इस अवसर पर श्री योगेन्द्र पाल जी ने अपनी आर्य समाज की ओर से आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब को १००० रु एक हजार रुपए (की राशि वेद प्रचार में) भेंट की जिसके लिए सभा उनका धन्यवाद करती है।

हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता

भारत सरकार के शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय द्वारा स्थापित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा गत १६ वर्षों से अहिंदी भाषा भाषियों के लिए प्रतिवर्ष एक अखिल भारतीय हिन्दी निबन्ध प्रति योगिता का आयोजन करता आ रहा है इस प्रतियोगिता मे हिन्दी से बी ए के समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त हिन्दी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले व्यक्ति भाग ले सकते हैं इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय हिन्दी प्रसार मे रेडियो दूरदर्शन एवं चल चित्रों का योगदान निश्चित किया गया है निबन्ध प्राप्त होने की अंतिम तारीख २८ २ ८१ है। सर्वश्रेष्ठ तीन निबन्धों के लिए क्रमश २५० २०० और १५० रुपये के तीन पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। इनके अतिरिक्त प्रत्येक भाषा वर्ग के सर्वश्रेष्ठ निबन्ध के लिए भी पुरस्कार दिए जाएगा। विवरण निदेशक केन्द्रीय हिन्दी संस्थान शीतला रोड आगरा २८२ ५ से अपना पता लिखा और ३५ पैसे के टिकट लगा लिफाफा साइज २२ × १० स मी भेजकर प्राप्त कर सकते हैं।

दिल्ली के आर्य मर्यादा के ग्राहकों की सेवा में

दिल्ली के आर्य मर्यादा के सभी ग्राहकों की सेवा निवेदन है कि सभा के सुयोग्य प्रसिद्ध भजनोपदेशक श्री तुलसी देव जी गायनाचार्य आर्य मर्यादा के शुल्क हेतु आपकी सेवा मे आ रहे हैं। कृपया उन्हें शुल्क देकर उनसे रसीद प्राप्त कर सभा को अपना पूरा पूरा सहयोग देने का कष्ट करें।

— व्यवस्थापक

श्री अनिलकुमार शर्मा

का आर्य मर्यादा को सहयोग

आर्य हायर सैकण्डरी स्कूल लुधियाना के अकाउंटैण्ट श्री अनिल कुमार जी शर्मा एक उत्साही युवक हैं लगनशील कर्मठ हैं। जो यहां अपने स्कूल की दिल लगा कर सेवा कर रहे हैं वहां वह आर्य प्रति निधि सभा पंजाब को भी अपना पूरा पूरा सहयोग दे रहे हैं।

गत दिनों उन्होंने आर्य मर्यादा साप्ताहिक के अनेक वार्षिक नए ग्राहक बना कर सभा को अपना जो सहयोग दिया है वह सराहनीय है। वह और भी नए ग्राहक बनाने का पूरा २ यत्न कर रहे हैं। इसके लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। अगर इसी प्रकार दूसरे आर्य बन्धु भी आर्य मर्यादा को अपना सहयोग दें तो इस पत्रिका मे होने वाले घाटे को बड़ी आसानी से पूरा किया जा सकता है।

मुझे आशा है कि श्री अनिल कुमार जी से प्रेरणा लेकर अन्य बन्धु भी आर्य मर्यादा को अपना पूरा पूरा सहयोग देने का कष्ट करेंगे।

—व्यवस्थापक

जिला आर्य सभा लुधियाना का निर्वाचन

लुधियाना २१ १२ ८० को आर्य समाज स्वामी दयानन्द बाजार मे जिला आर्य सभा का चुनाव श्री महेन्द्र पाल जी शर्मा संयोजक जिला आर्य सभा की अध्यक्षता में हुआ। पिछली कार्यवाही की सर्व सम्मति से सम्पुष्टि के पश्चात् निर्वाचन कराया गया।

प्रधान—श्री रणबीर भाटिया

मन्त्री—डा० एस० बी० बाधिया

कोषाध्यक्ष—श्री बलदेव राज सेठी

तीनों पदाधिकारी सर्व सम्मति से चुन लिए गए। साधारण सभा ने श्री भाटिया को अन्य अधिकारी तथा अन्तरंग सभा के सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार दे दिया। शान्ति पाठ के पश्चात वार्षिक अधिवेशन समाप्त हुआ।

—महेन्द्र पाल शर्मा संयोजक

बस्सी पठाना मे वैदिक धर्म प्रचार

स्त्री आर्य समाज बस्सी पठाना (जि० पटियाला) के प्रबन्ध में २२ दिसम्बर से २५ दिसम्बर तक बड़ी धूम धाम से प्रचार हुआ सभा की ओर से श्री प० रामनाथ जी सि० विशारद महोपदेशक तथा श्री तुलसीदेव जी सगीताचार्य पधारे निरन्तर वर्षा के होते हुए भी स्त्रियां वेदामृत पान करने आती रहीं बहुत अच्छा प्रभाव रहा सभा को १०१) रु० वेद प्रचार दिया गया।

—सुशीलादेवी मन्त्राणी

चूहनी कलां मे वेद प्रचार

आर्यसमाज चहूनीकलां जि रोपड़ मे १५ से २१ दिसम्बर वेद प्रचार सप्ताह बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब की ओर से श्री प रामनाथ जी सि विशारद महोपदेशक तथा श्री तुलसी देव जी सङ्गीताचार्य पधारे कड़कती सर्दी के उपरान्त भी जनता वेद अमृतपान करती रही। उपस्थिति अच्छी होती रही प्रभाव भी अच्छा रहा १०१ वेद प्रचार दिया।

—अमरनाथ महता मंत्री।

श्री प रमेशचन्द्र शास्त्री का निधन

आर्य जगत् के उच्च कोटि के विद्वान तथा आर्य समाज अजमेर के प्रतिष्ठित सभासद एवं दयानन्द कालेज अजमेर के संस्कृत विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष श्री प० रमेशचन्द्र जी शास्त्री विद्या भास्कर का ६५ वर्ष की आयु में गत दिनों हृदयगति अवरुद्ध हो जाने से अकाल निधन हो गया। उनके निधन पर आर्य समाज अजमेर तथा आर्य समाज से सम्बन्धित विभिन्न संस्थाओं मे शोक प्रस्ताव पारित किए गए तथा शास्त्री जी को उनकी सेवाओं के लिए भावभीनी श्रद्धाञ्जलियां दी गईं

प सुरेन्द्र शर्मा का निधन

आर्य समाज अजमेर के सभासद तथा वैदिक यन्त्रालय अजमेर के भूतपूर्व प्रबन्धक एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री प० सुरेन्द्र जी शर्मा का गत दिनों पक्षाघात से निधन हो गया। आर्य समाज अजमेर ने शोक प्रस्ताव पारित कर दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की प्रार्थना की।

—मन्त्री आर्य समाज अजमेर

(२ पृष्ठ का शेष)

कल्पेताम द्यावापृथिवी स्वाहा

कल्पन्ताम आप ओषधय स्वाहा।

कल्पन्ताम अग्नय पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रता स्वाहा।

ये अग्नय समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे। हैमन्तिकावृतू अभिकल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभि सं विशन्तु तया देव[illegible] स्वाहा।

यजु० अ० १५ । मन्त्र १४

ओ३म् [illegible]

[illegible] स्वाहा।

[illegible] स्वाहा।

[illegible] स्वाहा।

[illegible] स्वाहा।

ओ३म् ये अग्नय [illegible] द्यावापृथिवी इमे [illegible] माया [illegible] देवा [illegible] देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् स्वाहा।

(यजुर्वेद अ० १५ । मन्त्र ५७)।

तत्पश्चात तिल के लड्डू (तिलवे) होम यज्ञ में उपस्थित पुरुषों को कुलदेव के रूप मे समर्पण किए जाएं और स्वविस्तानुसार कम्बल सहित दीन-दु खियों को दान दिए जाएं।

सामाजिक कृत्य अपराह्न में सब आर्य सामाजिक पुरुष किसी प्रशस्त क्षेत्र मे एकत्रित होकर दण्ड बैठक और रस्सा खींचना आदि के व्यायामों का प्रदर्शन करके उत्सव के आनन्द की वृद्धि करें।

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रैस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक शुल्क 15) वर्ष 13, अंक 52 6 माघ सम्वत् 2037, तदनुसार 18 जनवरी 1981 का अंक दयानन्दाब्द 156

30 जनवरी को जिनका जन्म दिवस है—

दर्शनानन्द की तर्क शक्ति, योग्यता और शास्त्रार्थ कला का अद्भुत प्रभाव



उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले मे ताजपुर एक रियासत रही है। यह तगाओं की रियासत थी। अंग्रेजों का समय था। कालक्रम से रियासत के मालिक ईसाई हो गए थे तब से वे मन चाह रहे थे कि उनके अन्य भाई बिरादर भी ईसाई हो जाए। इस प्रकार का पारस्परिक वाद विवाद उनमे वर्षों तक एकता न बना सका। ईसाई पक्ष वालो ने अपनी ओर से सब प्रकार से हथकण्डे फेंके जबकि तगा बिरादरी भाईयो ने भी अपने भारतीयता के मोह से सब छोड़ा।

अन्ततोगत्वा वर्षों वाद विवाद के पश्चात सबसम्मति से निश्चय हुआ कि ईसाई पादरियो और आर्य समाज के अध्यापक व महोपदेशक सन्यासियो मे शास्त्रार्थ हो।

आर्य समाज का प्लेटफार्म स्वा० दर्शनानन्द जी को प्रति पल अपने बीच देखे बिना बड़ी बेचैनी सी अनुभव करता था। स्वामी जी की शास्त्रार्थ कला की छटा तो देखते ही बनती थी और व्याख्यान को सुनते सुनते जनता अधीन थी। अर्थात एक प्रकार से यह निश्चित रहा कि स्वा० दर्शनानन्द आर्य समाज की विजय के प्रतीक हैं।

अत ताजपुर की तगा बिरादरी ने सबसम्मति से स्वामी जी को शास्त्रार्थ का निमन्त्रण दे दिया स्वामी जी जब वहां शास्त्रार्थ पर पहुंचे तो जनता इसे ऐतिहासिक कहकर ठट्ठ के ठट्ठ जमा हो गये थे शास्त्रार्थ शुरू किया गया ईसाई पादरी जाकि रियासत पर कब्जा किये हुए थे वे भी पूरी तैयारी किये हुये थे। स्वामी जी के तर्क प्रमाण कला स्वाध्याय एवं शैली पर ईसाई पादरी दांतो तले उंगली दबाते थे यह ऐतिहासिक शास्त्रार्थ सात दिन तो इससे बराबर होता रहा। स्वामी जी से वे अंत मे अधिक न भिड़ सके। उन्होंने उन सब बड़े पादरियो को जिनके कि प्रभाव मे आकर वे रियासत के मालिक बने रहते थे बड़ी बुरी तरह पराजित कर दिया। इसका शोर चारो ओर फैल गया। सारा बिजनौर जिला आर्य समाज के प्रभाव मे पूरी तरह आ गया। फल यह हुआ कि रियासत के अन्य भाई बिरादरी के लोग जोकि तगा थे न ईसाई बनने से बच गए।

यदि यह शास्त्रार्थ न हुआ होता तो ताजपुर के सब हिन्दू के भाव के साथ ईसाई हो ही जाते। सारे ही बिजनौर जिले मे ईसाई पादरी छा जाते स्वा० दर्शनानन्द ने ताजपुर रियासत को ही एक प्रकार से इस शास्त्रार्थ का केन्द्र समझ लिया हो ऐसी बात नही अपितु सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश आर्य समाज की ओर आकृष्ट हो गया।

ईसाई पादरियो मे पादरी ज्वालासिंह ही एक ऐसे पादरी थे जो आय स्वामी जी के मुकाबले मे आया करते थे पादरी ज्वालासिंह अच्छे तार्किक और [illegible] थे, उनका यों कहना चाहिए कि स्वामी जी के साथ शास्त्रार्थ करके मान घटने के लिए ही पादरी ज्वालासिंह आ जाते थे

यों तो स्वामी जी ने अपने जीवन मे अनेको शास्त्रार्थ किये परन्तु अकेले ईसाईयो के साथ किए शास्त्रार्थों की संख्या तीन सौ से कम न होगी जबकि मुसलमान और पौराणिक लोगो के बीच होने वाले शास्त्रार्थों की कोई गिनती ही नही आज स्वामी जी के तर्क युक्ति और प्रमाण के प्रयोग करने की लगन की बराबरी आर्य जगत मे क्या कोई कर सकेगा? इसीलिए स्वामी जी के नाम के साथ तार्किक प्रवर यह विशेषण आदर के साथ लगाया जाता है

कई बार वे रुड़की के रेवरेण्ड फ्रैंक पादरी के साथ शास्त्रार्थ करते थे मुरादाबाद के बड़े पादरी भी प्राय स्वामी जी से भिड़ जाते थे।

यह तो हुई बाहर की बात घर मे भी ज्वा प० गणपति शर्मा जी से वर्षो मे जीव विषय पर उनका बड़ा शास्त्रार्थ हुआ था लोग आज भी इस शास्त्रार्थ को याद करते हैं।

मुसलमानो मे मौलवी सनाउल्लाह साहब स्वामी जी के बड़े प्रेमी थे और बार बार टकराते रहते थे पौराणिकों मे महामहोपाध्याय स्व० प० ज्वालाप्रसाद विद्यावारिधि भिड़ा करते थे। उनके साथ गोहावर जिला बिजनौर मे बड़ा ही अद्भुत शास्त्रार्थ हुआ था। ऐसे ही काशी और नगीने मे स्वामी जी के श्री श्याम सुन्दर जी के साथ बड़े शास्त्रार्थ हुए

स्वामी जी के सफल टैक्टो ने भी न केवल आर्य समाज का ठोस प्रचार ही किया अपितु जनता मे जागृति भी उत्पन्न की और यदि कहीं स्वामी जी के सब शास्त्रार्थों की विवरण सहित सूची तैयार हो तो एक बड़ा भारी ग्रन्थ बन सकता है। (संक्षिप्त जीवन चरित्र से)

दिव्य दर्शनानन्द

(ले०—कविवर प्रणव शास्त्री एम ए फरीदाबाद)

धन्य है दिव्यदर्शनानन्द
धन्य है दर्शनके आधार
धन्य है आर्य शिरोमणिसन्त।
नमन है तुमको बारम्बार ॥ १ ॥

तुम्हारे जीवन का अरुणात खिला पा भक्ति किरणो का सङ्ग।
सुरभि सौन्दय समाहित हुए मिला मकरन्द मनोरम रङ्ग
प्रतिष्ठा पावनता मे हुआ।
प्रबलतम नवजीवन सञ्चार। २।

सुधीने किया सबल स्वाध्याय ज्ञान का पाया अनुपम कोष।
रत्न रमणीय हम के पञ्च तुन्हे थे मन मे अतिशय तोष।
मान कर लौकिक लोग प्रबन्ध।
प्रव्रज्या का पाया आधार। ३।

व्योम मे काली चादर तान उमड़ती तमसा छाई थी।
रसालो की अभिलाषाओ पर वदन मनकी छाई थी।
दैवता विल्कम ही अर्कण।
उजड़ने को था बाग बिहार ४।

देखकर दारुण दृश्य प्रभग जगा मन मे था व द्व विवेक
चले भिड़ने को निर्भय वीर अनेको मे थे तुम ही एक
पराजित किए पादरी पोप
मौलवी नास्तिक बन्द हजार ५।

स [illegible] समग्रा पर ताने तीर तर्क के करते अ म ध न
अलौकिक आभा पूरित थे युक्ति क पहिने कवच महान।
विजेता शास्त्रार्थों के स न
प्रतिष्ठित होता जय जय कार।

जगत में करने वेद प्रचार ब दी गरुकुल यमुना पार।
अमीरन भप अनूप मुनीश मा य की फली कीर्ति अपार
प्रणव कविता के पुण्य प्रसून बन अभिभ्रहामय उपहार ॥ ७ ॥

कठोपनिषद्—नचिकेता की अमर कहानी (द्वितीय भाग)

यमाचार्य द्वारा आत्मा-परमात्मा का वर्णन

(लेखक—डा सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार)

यमाचार्य ने नचिकेता को समझाया कि आत्मा परमात्मा शब्दरहित हैं—अशब्द स्पर्शरहित है—अस्पर्श रूप रहित हैं अरूप नाशरहित हैं अव्यय। इसी कारण है कि वे इन्द्रियों का विषय नहीं हैं विधाता ने इन्द्रियों को बनाया ही ऐसा है कि वे बाहर जाती हैं भीतर नहीं जाती पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभू। क्योंकि वे बाहर जाती हैं इसलिये बाहर का जो संसार है उसे वे देखती हैं तस्मात् पराङ् पश्यति अपने भीतर के आत्मा को नहीं देखती—नान्तरात्मन्। जो लोग शंका करते हैं कि आत्मा या परमात्मा इन्द्रियों से क्यों नहीं दीखते उन्हें यमाचार्य उत्तर देते हैं कि इन्द्रियां तो आत्मा से परे हैं पराङ् उन्हें अर्थात् संसार के विषयों को ही देखने के लिए बनी हैं फिर यह शंका करना कि इन्द्रियों से आत्मा परमात्मा के दर्शन क्यों नहीं होते एक निरर्थक प्रश्न है। विधाता ने इन्द्रियों को आत्मा परमात्मा के देखने के लिये बनाया ही नहीं है। हां अगर आंख नाक आदि इन्द्रियों को विषयों से लौटाकर बाहर के विषयों में सैर सपाटा करने के स्थान में भीतर की सैर के लिए मोड़ दिया जाए तो आत्मा के दर्शन होते हैं प्रत्यग् आत्मानं ऐक्षत।

मनुष्य अमृत की तलाश में है परन्तु जिधर भी है उधर जाने से क्षणिक ही सुख प्राप्त होता है। हमारी दौड़ विषयों की तरफ है परन्तु सब विषय क्षणिक सब ही रहते हैं। शाश्वत सुख बाहर नहीं भीतर है—बाहर के विषय मरुमरीचिका की तरह उसे भ्रम जाल में दौड़ाते रहते हैं। मरु मरीचिका में जैसे दूरी पर जल का भ्रम होता है प्यासा उसकी तरफ जितना दौड़ता है उतना ही जल का भ्रम आगे आगे चलता जाता है इसी तरह संसार के विषयों में मनुष्य आनन्द ढूंढता ढूंढता उनके पीछे दौड़ता ही रहता है हाथ कुछ नहीं आता। कस्तूरी के मृग के पेट में कस्तूरी होती है परन्तु वह उसे चारों दिशाओं में ढूंढता फिरता है इसी तरह आनन्द का स्रोत मनुष्य के हृदय में उसके भीतर ही बह रहा है बाहर के पट बन्द कर जब भीतर के पट खुलते हैं तब पता चलता है कि जिस आनन्द का हम अपने से बाहर विषयों में तलाश कर रहे थे उसका झरना तो अपने भीतर ही बह रहा था—इसी भाव को व्यक्त करने के लिये यमाचार्य ने कहा—आवृत्तचक्षु अमृतत्वमिच्छन्—अमृत की प्राप्ति के लिये अपनी चक्षु आदि इन्द्रियों को अपने भीतर लौटा लाये तो आत्मा के दर्शन हो जाते हैं। बाहर देखना या भीतर देखना—इसी में अध्यात्म का सारा रहस्य छिपा है—आवृत्त अर्थात् इन्द्रियों को बाहर से अन्दर को लौटा लाना।१।

परन्तु इन्द्रियां भीतर की तरफ नहीं जाती बाहर ही भागती फिरती हैं क्योंकि संसार के विषय बाहर हैं—पराच। यमाचार्य कहते हैं कि वे लोग बाल बुद्धि हैं—बालास्ते जो इन विषयों की कामनाओं के पीछे भागते हैं—कामाननुयन्ति। परिणाम यह होता है कि सारा जीवन इन कामनाओं को पूर्ण करने में ही व्यतीत हो जाता है—हाथ कुछ नहीं लगता। संसार के क्षण भंगुर विषयों में मृत्यु के सिवाय क्या धरा है? मनुष्य जितना विषय भोग में लिप्त होता है उतना ही मृत्यु के निकट पहुंचता जाता है। संसार के विषय मानो मृत्यु का बिछा हुआ जाल है जिसमें हम उलझते जाते हैं—मृत्योर्यन्ति विततस्य पाशम्। जो व्यक्ति बाल बुद्धि नहीं हैं—बच्चों की तरह उतावले न होकर धैर्य से काम लेते हैं—धीरा वे यह जानकर कि विषयों में अमृत नहीं आत्म ज्ञान में अमृत है—अमृतत्वं विदित्वा क्षण भंगुर अध्रुव संसार में—अध्रुवेषु उस अखण्ड ब्रह्मानन्द की ध्रुव तलाश नहीं करते—न प्रार्थयन्ते। जब यह आभास मिल गया कि संसार के विषयों में जो कुछ भी आनन्द मिलता है वह क्षणिक है साथ ही मनुष्य को यह भी आभास है कि उसे क्षणिक नहीं परन्तु शाश्वत आनन्द की तलाश है—तब विषयों का क्षणिक आनन्द ही प्रकार उठता है कि मुझे छोड़ो वहां चलो जहां आनन्द का स्रोत सदा बहा करता है।२

बाहर की हमारी इन्द्रियां हमें कहां ले जाती हैं? रूप रस गन्ध शब्द स्पर्श मैथुन इन्हीं विषयों की तरफ ही तो इन्द्रियां भागती हैं रूपं रसं गन्धं शब्दान् स्पर्शांश्च मैथुनान् परन्तु इनमें आनन्द ग्रहण करने की शक्ति कहां है? आंख-कान नाक आदि इन्द्रियां तो साधन हैं—वे कौन है जिसके भीतर से कोई झांक रहा है। वह न हो तो आंख कान, जीभ कुछ नहीं कर सकें। हमारी इन्द्रियों के पीछे जो बैठा है उसी से मनुष्य देखता सुनता सूंघता है—उसी से सब ज्ञान ग्रहण करता है—एतेनैव विजानाति। वह जो इन इन्द्रियों के पीछे बैठा रूप रस गन्ध स्पर्श को जानता है वह यह भी जानता है कि इस संसार में कुछ नहीं रहा—किमत्र परिशिष्यते। हे नचिकेता तूने जो पूछा था कि मृत्यु के बाद क्या शेष रह जाता है—तेरा तीसरा प्रश्न—येयं प्रेते विचिकित्सा'—उसका उत्तर यही है कि जिससे आंख देखती है जिसके बिना आंखें नहीं देख सकती जिससे कान सुनते हैं जिसके बिना कान नहीं सुन सकते मृत्यु के बाद शेष रह जाता है एतद् वै तत्।३।

रूप रस गन्ध स्पर्श आदि को देखना आदि का काम इन्द्रियां करती हैं परन्तु ये इन्द्रियां भी अपने आप में कुछ नहीं कर सकती। उनमें जो चेतना दिखलाई देती है वह उनकी अपनी नहीं किसी और की है। इन्द्रियों का क्या कहना रूप रस आदि भी विषयों के अपने नहीं हैं। इनमें भी जो आकर्षण दिखलाई देता है वह उसी शक्ति का डाला हुआ है जो चेतन शक्ति घट घट में व्याप्त है। इतना ही नहीं हम रात को स्वप्न लेते रहते हैं दिन को जागते रहते हैं—स्वप्न के अन्त और जागने के अन्त में अगर सोचें कि क्या शेष रहा तो न स्वप्न शेष रहता है न जागरण शेष रहता है—जो स्वप्न और जागरण दोनों के बीच बना रहता है वही शेष रह जाता है जागते समय जागरण सत्य और स्वप्न असत्य हो जाता है स्वप्न के समय स्वप्न सत्य और जागरण असत्य हो जाता है परन्तु इन दोनों के बीच में रहने वाला आत्मा ही सत्य बना रहता है जिससे मनुष्य स्वप्न और जागरण दोनों की यथार्थता को देखता है—स्वप्नान्तं जागरितान्तं चोभौ येनानुपश्यति—उस विभु आत्मा को जानकर—महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीर मनुष्य शरीर के गिर जाने पर भी दुःखी नहीं होता

मृत्यु उसे दुःखदायी नहीं होती क्योंकि वह जान लेता है कि संसार के विषय नष्ट हो जाते हैं शरीर मर जाता है परन्तु शरीर में रहने वाला नहीं उसकी मृत्यु नहीं होती।४।

जो आनन्द का आस्वादन करने वाले मध्वद—जीवात्मा को निकटता से जान लेता है—य इमं मध्वदं वेद आत्मानं जीवम् अन्तिकात् उसे किसी से भी ग्लानि नहीं होती—ततो न विजुगुप्सते। यह आत्मा हमारे भूत तथा भविष्यत् को निर्माण करने वाला है—ईशानं भूतभव्यस्य। हे नचिकेता मृत्यु के बाद क्या शेष रह जाता है—यह तूने पूछा था। आत्मा ही है जो शरीर की मृत्यु के बाद शेष रह जाता है

—एतद् वै तत्।

इसका 'मध्वद' है—मधु का आस्वादन करने वाला है। यहां इसे मिठास मिलती है अन्दर ही उस देश में। मिठास में मिठास है इस जैसी ओर से मिठास में उबाल रहता है परन्तु विषयों की मिठास क्षणिक है उनसे तृप्ति नहीं इतना ही नहीं कि उनसे तृप्ति नहीं होती वे क्रम से खोखला की तरफ ले जाते हैं। इन्द्रियां क्षीण हो जाती हैं परन्तु कामना बनी रहती है। कभी कभी इन्द्रियां जितनी क्षीण होती हैं वासनाएं उतनी ही तीव्र हो जाती हैं। जब कोई वस्तु हाथ नहीं आती तब उसे पाने की इच्छा और दुगुनी हो जाती है। इच्छा बनी रहे या बढ़ती रहे और प्राप्ति की शक्ति घटती रहे तो मनुष्य की शान्ति नष्ट हो जाती है। मधु—या मिठास पाने का एक दूसरा रास्ता भी है। जैसे विषयों को पाने में मिठास है वैसे विषयों को छोड़ने में भी मिठास है। मनुष्य जितना ही इन्द्रियों पर विजय पाता है उतना ही विजय का उल्लास उसे आनन्द विभोर कर देता है। वह आनन्द क्षणिक नहीं शाश्वत है। यह आनन्द तभी प्राप्त होता है जब मनुष्य बाहर की तरफ दौड़ने के स्थान में अन्दर को जाता है अन्तरात्मा का अन्तिकात्—निकटता से अनुभव करता है। विषयों की तरफ भागने से समय आता है जब आत्म ग्लानि उत्पन्न होती है—विजुगुप्सते आत्मा का सान्निध्य पाने से आत्म ग्लानि नहीं रहती—न विजुगुप्सते। आत्मा को निकटता से जानना अन्तिकात् बड़ा महत्वपूर्ण है। आत्मा इतना नजदीक है कि नजदीक होने के कारण ही नहीं दीखता। जो वस्तु अत्यन्त निकट होती है वही दूर चली जाती है ध्यान में नहीं आती जो दूर होती है वह ध्यान में आती है। आंख कितनी निकट है परन्तु आंख आंख को नहीं देख पाती इसी तरह आत्मा कितना निकट है परन्तु आत्मा ही अपने को भूला रहता है। परन्तु हम आत्मा को कितना ही भूले रहें वह भुलाया नहीं जा सकता। सब कुछ भूल जाने पर भी जो बचा रहता है हे नचिकेता वही आत्मा है।५

क्योंकि यमाचार्य नचिकेता को आत्मा तथा परमात्मा दोनों के विषय में ज्ञान दे रहे हैं इस लिए आत्मा की चर्चा करने के अनन्तर वे परमात्मा के विषय में कहते हैं सृष्टि की उत्पत्ति में महान प्रयत्न हुआ है इस प्रयत्न को ही तप कहा जाता है। वह परमात्मा इस तप से पूर्व विद्यमान था पूर्वम् तपसो जात इस लिये तप से पूर्व था क्योंकि उसी के प्रयत्न से ही तो सृष्टि का निर्माण हुआ। सृष्टि की उत्पत्ति में पृथिवी जल अग्नि वायु आकाश उत्पन्न हुए—यह आत्मा इन भौतिक तत्वों से भी पूर्व था अद्भ्य पूर्वम् अजायत अद्भ्य अर्थात् जल आदि से वह पूर्व था अद्भ्य पूर्वम् अजायत 'उत्पन्न था क्योंकि उसी के प्रयत्न से सब भौतिक तत्व निर्मित हुए हैं। ये पांचों महाभूत मानो वे गुफाएं हैं जिनके भीतर वह बैठा हुआ है। गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तम्। इस प्रकार इन पांच महाभूतों के द्वारा वह जाना जाता है—जो भूतेभि व्यपश्यत

(शेष पृष्ठ ८ पर)

सम्पादकीय—

विचार तरंग—

जिला सभाओंके लिए नया काम

पंजाब सभा से सम्बन्धित सभी जिलों की जिला सभाओं का निर्माण धीरे-धीरे हो रहा है। अब केवल जालन्धर अमृतसर कपूरथला अन्य कुछ जिले रह गये हैं। शेष सब जिलों में अब जिला सभाओं का संगठन बन गया है और काम भी उन्होंने ने आरम्भ कर दिया है। इन सब जिला सभाओं के लिए नया काम यह है कि जनगणना के कार्य में अपने अपने जिले का ध्यान रखें और अपनी अपनी सभाओं के जिम्मे काम लगा दें और उनके द्वारा अपने अपने कार्यकर्ता नियुक्त करा दें जो यह देखें कि उन के क्षेत्र में जनगणना का कार्य ठीक हो रहा है और जाति तथा भाषा के स्थानों में उन के उत्तर सार्वदेशिक सभा के आदेशानुसार ही अंकित हो रहे हैं। सभा इस सम्बन्ध में सब समाजों तथा जिला सभाओं को अलग अपने निर्देश भेज रही है।

—सभा का गुरुदत्त भवन तथा श्रद्धानन्द भवन—

सभा के अपने भवन का नाम गुरुदत्त भवन है। सभा ने अब उसके जीर्णोद्धार का नवीनीकरण का निश्चय किया है। उसका नक्शा नगर निगम जालन्धर से स्वीकार कर लिया गया है। भवन निर्माण कमेटी को आदेश हो गया है कि वह अपना कार्य प्रारम्भ कर दें।

इसके साथ सभा ने जी टी रोड पर जालन्धर में श्रद्धानन्द भवन के निर्माण का भी निश्चय किया है। यह सभा का नया भवन होगा जिसके लिए सभा पंजाब सरकार से भी सहायता की प्रार्थना कर रही है।

★जालन्धर में उपदेशक शिविर★

सभा कुछ आवश्यक विषयों पर विचार के लिए अपने प्रचारकों तथा उपदेशकों का एक शिविर २० जनवरी को सभा कार्यालय में लगा रही है। सभी मान्य प्रचारक तथा उपदेशक महानुभाव अवश्य ११ बजे प्रातः तक पहुंचने का कष्ट करें।

×अपनी संस्थाओं की रक्षा करो+

पंजाब में आर्य समाज की अनेक संस्थाएं हैं जो सरकार की नीतियों के कारण जहां आर्थिक संकट में हैं वहां स्टाफ की यूनियनों के कारण अनुशासन में भी ढील आ रही है। इन सब संस्थाओं की प्रबन्धक कमेटियों के मान्य सदस्यों से हमारी प्रार्थना है कि वे इन कठिनाइयों के मुकाबले के लिए संगठित रहें और उनकी रक्षा और अच्छी तरह से संचालन के लिए आपस में उलझने का कोई अवसर न पैदा होने दें। अन्यथा उनकी संस्थाएं तो नष्ट होंगी ही समाज का भी अपमान होगा।

●सभा की अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में ध्यान रखें×

पंजाब में सभा की अचल सम्पत्ति सब तक बिखरी पड़ी है। सभा में प्रायः इस सम्पत्ति का रिकार्ड है। जहां कहीं ऐसी सम्पत्ति के नष्ट होने की आशंका लगे तो आर्य समाजों के अधिकारियों को सभा को तुरन्त इस की सूचना देनी चाहिए। मास्टर पूर्णचन्द जी हमारी सभा के मुख्तारेआम हैं। वह इस सम्पत्ति का ध्यान और प्रबन्ध करते रहते हैं। अब उनके वृद्ध होने के कारण किसी सहयोगी की नियुक्ति का भी प्रबन्ध हो रहा है। —रामचन्द्र जावेद सभा मन्त्री

स्वामी दर्शनानन्द जी का जन्म दिन 30 जनवरी को मनाएं

आर्य बन्धुओं से निवेदन है कि आर्य मर्यादा के गत अंक में हमने प्रकाशित किया था कि आर्य समाज के महान् तार्किक विद्वान शास्त्रार्थ महारथी स्वामी दर्शनानन्द जी महाराज का जन्म दिन २० जनवरी को मनाएं परन्तु देसी तिथियों के अनुसार उनका जन्म माघ बदी दशमी सम्वत १९१८ के दिन जगरावां जि० लुधियाना में श्री पं० रामप्रताप जी शर्मा के घर हुआ था। इसलिए तिथि गणना के अनुसार इस बार माघ बदी दशमी ३० जनवरी को पड़ती है। तिथि देखने में भूल हो गई थी इसलिए आर्य बन्धु भूल सुधार कर लें सभी आर्य बन्धुओं से प्रार्थना है कि स्वामी दर्शनानन्द जी का जन्म दिन २० के स्थान पर ३० जनवरी १९८१ को सोत्साह मनाएं।

आर्य समाज के प्रचार और प्रसार में पंजाब ने अपना महान योगदान दिया है। महर्षि दयानन्द जी महाराज के बाद स्वामी श्रद्धानन्द जी महात्मा हंसराज जी पं० लेखराम जी श्री पं० गुरुदत्त जी विद्यार्थी स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी स्वामी दर्शनानन्द जी आदि ने जो कार्य आर्य समाज का किया वह किसी से छुपा हुआ नहीं है और इन सभी महान् विद्वान सन्यासी महात्माओं को जन्म देने वाली यह पंजाब की भूमि है।

जिला लुधियाना के दो सितारे आर्य समाज के आकाश में सदा चमकते रहेंगे। एक हैं स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी मोही जिला लुधियाना में जिनका जन्म हुआ और दूसरे हैं स्वामी दर्शनानन्द जी जिनका जन्म जगरावां जिला लुधियाना में हुआ था।

स्वामी दर्शनानन्द जी महाराज पंजाब की एक विभूति थे। जिन्हें वैराग्य बचपन से ही था। लखपति परिवार में जन्म लेने पर भी उन्हें भोग विलास बांध नहीं सके आरम्भ का उनका नाम श्री नेतराम और बाद में श्री कृपाराम पड़ा। उन्होंने कृपाराम के रूप काशी में अपना प्रेस लगाकर तथा संस्कृत की पाठ्य पुस्तकें महाभाष्य आदि छापकर उन्हें सस्ते दामों पर तथा निर्धन विद्यार्थियों को बिना मूल्य देकर हजारों रुपया अपने पिता का इस पवित्र कार्य में लगा दिया था क्योंकि उन दिनों महाभाष्य आदि पुस्तकें जर्मनी की लाजरस कम्पनी ही छापती थी और एक पुस्तक का मूल्य १५ से २० रुपये तक था। इसलिए निर्धन विद्यार्थी व्याकरण की शिक्षा से वंचित रह जाते थे श्री कृपाराम जी मैदान में निकले और तिमिर नाशक प्रेस काशी में लगाकर चारों ओर धूम मचा दी। परोपकार की भावना उनके जीवन में प्रारम्भ से थी इसीलिए गृहस्थ की जंजीरें उन्हें पकड़ कर न रख सकी। एक दिन उन्हें तोड़ कर वह सन्यास आश्रम में प्रवेश कर स्वामी दर्शनानन्द जी के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनका प्रचार क्षेत्र केवल पंजाब ही नहीं रहा बल्कि उत्तर प्रदेश तक सभी स्थानों पर उनकी धाक जमाती थी। उनकी एक प्रबल इच्छा थी कि हमें बच्चों को गुरुकुल के माध्यम से शिक्षा देनी चाहिए। इसलिए जब भी किसी ने उनके सामने कहीं भी स्कूल खोलने की बात की तो उन्होंने उसे स्वीकार न किया वह स्कूलों के स्थान पर गुरुकुल खोलने पर जोर देते थे। इसलिए उन्होंने अपने जीवन में कई गुरुकुल खोले। ऐसे वीतराग सन्यासी का जन्म दिन मनाते हुए हम उनके जीवन से प्रेरणा लें।

कुंवर सुखलाल जी चले गए

मुझे पंजाब के आर्य जगत् को यह सूचना देते हुए हार्दिक दुःख हो रहा है कि श्री कुंवर सुखलाल जी आर्य मुसाफिर का उनके जन्म स्थान अरनिया जिला बुलन्दशहर में पिछले दिनों देहान्त हो गया है। श्री सुखलालजी देश भर के जाने हुए भजनोपदेशक थे। एक लम्बे समय तक आर्य समाज के क्षेत्र में उनके भजनों तथा कविताओं की धाक रही। लाखों लोग लाहौर के उत्सवों पर उनके लैक्चरों में दूर-दूर से पहुंचा करते थे। वह पिछले कुछ समय से रोगग्रस्त थे। परमात्मा उनकी पवित्र आत्मा को सद्‌गति प्रदान करें।

—रामचन्द्र जावेद
सभामन्त्री

आज भी आर्य समाज एक प्रभावी शक्ति है

प्रान्तीय सभाएं और भी अधिक सशक्त बनें । वन्देमातरम् श्री रामचन्द्रराव जी का दिल्ली आर्य महासम्मेलन में अध्यक्षीय भाषण

बन्धुओ तथा मित्रो

इस आर्य महासम्मेलन की अध्यक्षता का आपने मुझ को सम्मान प्रदान किया है उसके लिए मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं। हमारे मध्य अनेक वीतस्य नेता त्यागी संन्यासी वानप्रस्थी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति विराजमान हैं। मैं उनके प्रति आदरभाव प्रकट करता हूं और अपने लिए उनके आशीर्वाद एवं कृपा दृष्टि की प्रार्थना करता हूं ताकि मैं इस महत्वपूर्ण दायित्व को वहन कर सकूं और—

१ अपने देशवासियों के कल्याण तथा २ जिन सिद्धान्तों के लिए महर्षि दयानन्द सरस्वती जीवित रहे और अपना बलिदान दिया उनके प्रसार एवं प्रचार के लिए आयोजित इस समारोह के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने में योगदान दे सकूं।

दिल्ली से कार द्वारा एक घंटे के प्रवास की दूरी पर स्थित मेरठ नगर में सन् १८८१ में महर्षि ने एक भाषण में जो कुछ कहा था उसके आशय को मैं यहां उद्धृत करना चाहता हूं —

परन्तु मेरे भाईयो निश्चित ही मैं अधिक दिनों तक जीवित रहने वाला नहीं हूं। यह मेरा शरीर भी नश्वर है इसका अन्त भी निश्चित है। किन्तु मृत्यु से पूर्व मैं आप लोगों को आत्म निर्भर देखना चाहता हूं। मुझे विश्वास है कि आप लोगों में से ही कुछ महान व्यक्तियों के रूप में विकसित होंगे और हमने जो लक्ष्य बनाये हैं उनको प्राप्त करने के लिए भगीरथ प्रयत्न करेंगे। मुझे इस बात का भी विश्वास है कि आर्य समाज एक विशाल पेड़ के समान विकसित होकर पल्लवित पुष्पित तथा फलित होगा। प्रभु की कृपा से यह सब कुछ होगा पर यह सब कुछ देखने के लिए मैं नहीं रहूंगा

मेरठ के इस भाषण का ध्यानपूर्वक विश्लेषण करने से निम्नलिखित मुद्दे स्पष्ट होते हैं

१ अपने स्वर्गवास से पूर्व स्वामीजी हमें आत्म निर्भर देखने की इच्छा रखते थे।

२ उन्हें आशा थी कि उनके स्वर्गवास के बाद कुछ व्यक्ति ऐसे उभरेंगे जो स्वामी जी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

३ और अन्ततः आर्य समाज एक विशाल पेड़ के रूप में धीरे धीरे विकसित होकर पुष्पित एवं फलित होगा।

महर्षि के स्वर्गवास से पांच मास पूर्व घटित एक घटना का स्मरण हो आया है। २९ मई सन् १८८३ के दिन स्वामी जी अजमेर में थे महर्षि जोधपुर जाना चाहते थे स्वामी जी के कुछ भक्त आये और स्वामी जी को जोधपुर जाने से रोकने लगे इसका कारण यह था कि उन्हें स्वामी जी महाराज के साथ किसी अनिष्ट के होने की आशंका थी पर स्वामी जी ने जो कुछ कहा उसका सार था —

इसमें (मेरे जीवन के सम्बन्ध में) चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं। सत्यार्थ प्रकाश अपना अमली रूप में पूर्ण हो गया है। मैंने अपना काम पूर्ण कर दिया है। मुझे करने के लिए अब कुछ नहीं बचा।

भक्तों द्वारा चेतावनी पूर्ण शब्दों के उत्तर में स्वामी जी की प्रतिक्रिया अत्यन्त स्पष्ट और बोधक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्वामी जी को अपनी मृत्यु की पूर्व कल्पना थी। पं० कमल नयन जी ने इस बात का समर्थन किया है। और यह भी कि वे इस सांसारिक रंगमंच से प्रस्थान करने की पूर्ण तैयारी कर चुके थे तथा उन्होंने अपनी ओर से इस बात का हर तरह से प्रयत्न किया था कि भावी पीढ़ी को लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होने के लिए तैयार किया जाए। स्वामी जी महाराज ने अपने विश्व विख्यात ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश की ओर भी संकेत किया था। उन्हें इस बात का भी ध्यान था कि भावी पीढ़ी के मार्गदर्शन के लिए उन्होंने अपने अनुभव की अमूल्य निधि को उस ग्रन्थ के रूप में उपयुक्त समय पर छोड़ा है। स्वामी जी ने अनेक रूपों में हमारे लिए आदर्श वचन छोड़े हैं। उन्होंने कृण्वन्तो विश्वमार्यम् का नारा दिया है एक ध्वज एक साझी भाषा और एक संगठित राष्ट्र के रूप में विकसित होने की प्रेरणा दी है। उन्होंने हमारे शानदार अतीत का स्मरण करवाया है और सनातन सामाजिक व्यवस्था वर्णाश्रम धर्म को पुनर्जीवित किया है इन सब के अतिरिक्त स्वामी जी ने हमें आर्य समाज दिया।

तात्पर्य यह कि स्वामी जी ने अपनी ओर से वह सब कुछ किया था जिससे प्रेरित होकर उनकी अपेक्षा के अनुरूप हम आत्मनिर्भर हो सकें। पर यहां एक प्रश्न उभरता है कि १८८३ में स्वामी जी महाराज के स्वर्गवास के अवसर पर क्या हम आत्मनिर्भर हो गये थे? आत्मनिर्भर होने के लिए हमारे लिए सभी बातें अनुकूल थीं। एक समय तक हम आत्मनिर्भर हो भी गये थे। स्वामी जी के तुरन्त बाद पं० लेखराम जी स्वामी श्रद्धानन्द पं० गुरुदत्त जी तथा देश के ऐसे ही अन्य अनेक सुपुत्रों ने अपने कार्यों द्वारा उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत किया। परन्तु वर्तमान स्थिति बदली हुई है। मैं निराशा का वातावरण पैदा करना नहीं चाहता। किन्तु हमें स्थिति की वास्तविकता का भी मूल्यांकन करना चाहिए। हमने करोड़ों रुपयों की लागत से आर्य समाज के मन्दिरों और शैक्षणिक संस्थाओं की भव्य इमारतें खड़ी कर दी हैं। इस दिशा में हमने मात्र अपने सनातनी भाईयों से होड़ की है। उन्होंने अति प्राचीन काल से अपने देवी देवताओं के लिए अरबों और खरबों की लागत के मन्दिर बना लिये हैं। आर्य समाज के मन्दिरों और शैक्षणिक संस्थाओं का निर्माण करना बुरा नहीं है। किन्तु ऐसी परिस्थिति का उत्पन्न होना आपत्तिजनक है कि बिना आत्मा के भौतिक ढांचे खड़े किये जाएं। राम के परमभक्त हनुमान को सीता ने उनकी सेवा के पुरस्कार स्वरूप अपनी बहुमूल्य माला दी थी किन्तु हनुमान ने जब माला की मणियों में राम के दर्शन नहीं किये तो उन मणियों का उनके पास कोई मूल्य नहीं रहा। आर्य समाज के मन्दिरों और शैक्षणिक संस्थाओं में सच्चे आर्य समाजियों का निर्माण होना चाहिए। मेरा विचार है कि चार पांच वर्षों के अल्पायु बालकों की ओर हमें ध्यान देना चाहिए और उन्हें ऐसे वातावरण में इस तरह संस्कारित करना चाहिए कि उनमें—

१ आर्य समाज के प्रति प्रेम उत्पन्न हो २ देश के प्रति प्रेम उत्पन्न हो ३ कठोर अनुशासन प्रियता तथा बड़ों के प्रति आदर उत्पन्न हो।

आर्य समाज एक समाज

महर्षि दयानन्द की श्रेष्ठता इसी में है कि उन्होंने कोई कार्य ऐसा नहीं किया जिस के पीछे कोई श्रेष्ठ उद्देश्य न हो। हर समय उनके मस्तिष्क में महान विचार आये ऐसे विचार जिनमें सामान्य मानव के कल्याण की भावना निहित हो। उनमें संकुचित मनोभाव नहीं थी वे क्षेत्रीय साम्प्रदायिक मत मतान्तर इत्यादि की सीमाओं से परे थे। तैयारी काल के समाप्त होते ही स्वामी जी ने सीधे कार्य क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया। उन्होंने पहले अपने सिद्धान्तों का प्रचार किया। तत्पश्चात उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की। १० मार्च १८७५ के दिन इसकी शुरूआत हुई। भारत की सुप्रसिद्ध नगरी बम्बई की इस ऐतिहासिक घटना को आरम्भ में स्वयं देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्वामी जी ने जब इस को प्रारम्भ किया था तो उन्होंने आर्य समाज के व्यक्तियों के शिथिल संगठन की कल्पना नहीं की थी जैसा कि भेड़ों या पशुओं का झुंड होता है। उनके सामने ऐसे व्यक्तियों के सुदृढ़ संगठन की परिकल्पना थी जो निम्न सामान्य सूत्रों में आबद्ध थे—

१ समान परिपाटी
२ समान संस्कृति
३ समान भाषा
४ समान धर्म
५ समान लक्ष्य और आकांक्षा

स्वामी जी ने आर्य समाज के रूप में कभी भी विषम तत्वों के समूह की कल्पना नहीं की थी।

आज भी संगठन हैं—राजनैतिक सामाजिक धार्मिक और शैक्षणिक संगठन उनके सम्मुख एक विशिष्ट लक्ष्य होता है। एक बार उस लक्ष्य की प्राप्ति होते ही उस संगठन की उपयोगिता समाप्त हो जाती है। महात्मा गांधी ने स्वाधीनता प्राप्ति के तुरन्त बाद कांग्रेस को विघटित करने की सलाह दी थी उनका चिन्तन स्पष्ट था। सन् १८८५ में जिस लक्ष्य को लेकर कांग्रेस का निर्माण हुआ था स्वाधीनता प्राप्ति के साथ ही वह समाप्त हो गया था। उन्होंने यह अनुभव किया था कि एक सामान्य लक्ष्य को लेकर जो विषमतत्व इकट्ठा हुए थे उन्हें अलग होने दिया जाए कांग्रेस एक ऐसी धुरी थी जिसके चारों ओर विभिन्न विचारों के लोग इकट्ठे हुए थे। आजादी के बाद सब तत्व अपने अपने विचारों का आग्रह करने लगे तो गांधी जी ने ऊपर की सलाह देना उचित समझा मैंने इसका उल्लेख इसलिए नहीं किया है कि कांग्रेस के संगठन की आलोचना करूं या उसके विघटन की वकालत करूं। मैंने अपनी इस बात को स्पष्ट करने के लिए इस संगठन का नामोल्लेख मात्र किया है कि स्वामी जी ने आर्य समाज की स्थापना ऐसा कोई संगठन बनाने के उद्देश्य से नहीं की थी। वे चाहते थे कि जनता आर्य जीवन पद्धति को अपनाए। आर्य समाज जीवन यापन की एक पद्धति है—एक पूर्ण जीवन दर्शन है। सार्वदेशिक सभा तथा प्रान्तीय प्रतिनिधि सभाएं ऐसे संगठन हैं जिनका गठन एक विशिष्ट लक्ष्य को लेकर किया गया है। अर्थात् भारत और भारत से बाहर लोगों को आर्य जीवन पद्धति के अनुसार जीवन के लिए संगठन करना।

आर्य जीवन पद्धति का वास्तविक अर्थ ऐसी जीवन पद्धति से है जिसको आर्यावर्त की जनता ने प्रस्तुत किया था।

(शेष पृष्ठ ८ पर)

अग्निहोत्र के अंगस्पर्श मन्त्र

ले०—डा रामनाथ जी वेदालंकार

(४ १ ८१ से आगे)

★चतुर्थ मन्त्र★

अर्थ—(ओम) हे परमेश्वर (म कर्णयो) मेरे कानों में (श्रोत्रम् अस्तु) श्रवण शक्ति तथा भद्र श्रवण हो।

व्याख्या—आजीवन हमारी श्रवण शक्ति अक्षुण्ण तथा तीव्र रहनी चाहिए। हम श्रवण शक्ति से सर्वथा वंचित होकर बधिर न हो जाए न ही हमारी श्रवण शक्ति मन्द हो हमें सुनने के लिए श्रवण यन्त्र न लगाना पड़े। साथ ही कान हमें परमेश्वर की ओर से भद्र श्रवण के लिए ही मिले हैं अभद्र बात सुनने के लिए नहीं। अत कानों से हम भद्र का ही श्रवण करें—भद्र कर्णेभि शृणुयाम देवा (ऋग् १ ८९ ८)।

सुम तो कर्णों भद्र श्रुतो कर्णों भद्र
श्लोक श्रूयासम।
सम् तिष्ठ मौर गु तिष्ठ मा
हासिष्टाम।

अथर्व० १६ २ ४ ५

मेरे कान सब अच्छा सुनने वाले हो मेरे कान भद्र का श्रवण करने वाले हो। मैं भद्र श्लोक का सुनू। तीव्र श्रवण शक्ति और सूक्ष्म श्रवण शक्ति मुझे न छोड़े

पञ्चम मन्त्र—

अर्थ—(ओम) हे परमेश्वर (म बाहवो) मेरी भुजाओ मे (बलम अस्तु) बल हो।१

व्याख्या ससार मे आत्म रक्षा के लिए आततायी शत्रु के विनाश के लिए भुज-बल की आवश्यकता है। अत एव वेद विजय के लिए प्रेरित करता हुआ कहता है

प्रेता जयता नर इन्द्रो व
शर्म यच्छतु।
उग्रा व सन्तु बाहवो
नाधृष्या यथासथ॥

ऋग् १० १०३ १३

हे वीरो आगे बढ़ो विजय प्राप्त करो वीर प्रभु तुम्हें रक्षा प्रदान करे। तुम्हारी भुजाओ मे बल हो जिस से तुम किसी से पराजित न हो सको

★षष्ठ मन्त्र★

अर्थ—(ओम) हे परमेश्वर (मे ऊर्वो) मेरी जाघो मे (ओज अस्तु) अवष्टम्भ सामर्थ्य।२ अर्थात शरीर को धारण करने की शक्ति हो।

व्याख्या—जाघ दुर्बल होने पर वे अपने मे उसके सारे शरीर को धारण नहीं कर सकती ठीक वैसे ही जैसे भवन के स्तम्भ यदि कमजोर हो तो भवन स्थिर नही रह सकता। जाघो को यहा पैर से लेकर कटि सधि तक सम्पूर्ण टागो का उपलक्षण समझना चाहिए। टागें धारक शक्ति से युक्त होगी तभी मनुष्य लम्बे मार्ग को तय करना दौड़ना भागना भार उठाना आदि क्रियाओ को कर सकेगा।

★सप्तम मन्त्र★

अर्थ—(मे अगानि) मेरे शरीर के अग प्रत्यग और तनू) शरीर(अरिष्टानि) अविनष्ट और अक्षत रहें। वे अग (मे तन्वा सह मेरे शरीर के साथ (सन्तु) स्वस्थ रूप मे विद्यमान रहे।

व्याख्या शरीर के कतिपय प्रमुख अगो मुख नासिका चक्षु आदि का उल्लेख तथा उनकी शक्तियो के अक्षुण्ण बने रहने की भावना प्रथम छह मन्त्रो मे की जा चुकी इस मन्त्र मे सामान्य रूप से सभी अगो का ग्रहण हो जाता है जिनमे अवशिष्ट अग भी आ जाते है। हमारे शरीर का कोई भी अग अगम से मधु पर्यन्त हिंसित या क्षतिग्रस्त न हो हमारे हाथ पर अगुलिया मस्तिष्क हृदय फुफ्फुस पृष्ठवंश आदि सब सदा ठीक प्रकार से कार्य करते रहे यह भावना इस मन्त्र मे गृहीत की जाती है। मन्त्र मे कहा है कि जब तक शरीर रहे तब तक सब अग स्वस्थ बने रहे। ऐसा न हो कि शरीर तो शतायु या सौ से भी अधिक आयु का हो जाये किन्तु अग शनै शनै दुर्बल होते जाए और वृद्धावस्था मे मनुष्य पराश्रित हो जाए। दीर्घ आयु तो वह श्रेष्ठ है जिस मे अन्त तक सब शरीर अपने अग प्रत्यगो सहित स्वस्थ रहे।

पवित्र जल से मुख नासिका चक्षु आदि अगो के स्पर्श की विधि यहा है वेद मे जलो को शारीरिक दोषो और मानसिक पापो का अपहर्ता कहा गया है जलो मे अमृत है जलो मे औषध है—अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम (अथर्व १ ४ ४) जल औषध है जल रोगविनाशक है। आप इद वा उ भेषजीरापो अमीवचातनी (अथर्व ३ ७ ५) हे जलो जो मेरे शरीर मे दोष और मल है उसे यहाँ से बहाओ—इदमाप प्रवहत अवद्य च मल च यत (अथर्व ७ ८९ ३)। जल दोष और पाप को दूर करने वाले हैं हमसे दोष और पाप दूर हो जाए अरिप्रा आपो अप रिप्रमस्मत (अथर्व १६ १ १०) जल हमसे पाप को दूर कर दुस्वप्न के भयकर परिणाम को दूर कर—

आत्मदेवो बहुत प्रदुष्वाब्य बहुत (अथर्व) अत एव जलो से अगस्पर्श करते हुए हम अनागत इन्द्रियविकारो से दूर रहने का तथा आगत इन्द्रिय विकारो के शमन का सकल्प लेते हैं। अगस्पर्श की विधि इसका प्रतीक है कि आवश्यकता पड़ने पर हम जलो का उपयोग कर शारीरिक और मानसिक दोषो से मुक्त होते रहें।

★अगस्पर्श का वैदिक मन्त्र★

उपर्युक्त अगस्पर्श के मन्त्र पारस्कर गृह्यसूत्र के पूर्वोद्धृत सूत्र मे ओम मे अस्तु मत पदो को बढ़ा कर पठित किए गए हैं पारस्कर के टीकाकार भर्तृयज्ञ कर्क जयराम हरिहर गदाधर एव विश्वनाथ द्वारा यह परिवर्धन अनुमोदित है।३। पारस्कर के इस सूत्र का वैदिक मूल मन्त्र यह मन्त्र है—

वाड म आसन नसो प्राणश्चक्षुरक्ष्णों
श्रोत्र कर्णयो।
अपलिता केशा अशोणा दन्ता
बहु बाह्वोर्बलम।
ऊर्वोरोजो जघयोर्जव
पादयो। प्रतिष्ठा
अरिष्टानि मे सर्वात्मानिभृष्ट।

अथर्व १९ ६० १ २

---

१ तुलनीय बल धेहि तनूषु नो बलमिन्द्रानडुत्सु न बल तोकाय तनयाय जीवसे त्व हि बलदा असि

ऋग ३ ५३ १८

२ मेदिनी कोश मे ओजस की दीप्ति अवष्टम्भ सामर्थ्य प्रकाश और बल अर्थ कहे है—ओजो दीप्तावष्टम्भे प्रकाशबलयोरपि। मेदिनी ३२ २०

३ द्रष्टव्य पूर्वोक्त सूत्र १ ३ २५ पर इन आचार्यों की टीका

४ यह लेख लेखक की नवीन पुस्तक यज्ञ मीमासा का एक अश है। पुस्तक विजयकुमार गोविन्दराम हासानन्द नई दिल्ली ५ से शीघ्र प्रकाशित हो रही है।

फूल खिलाता चल

रमाकान्त दीक्षित

काटो की चुभन मिटाने
पग पग फूल खिलाता चल

लूटी बहार
पतझर छाया
अगारो ने
जाल बिछाया।

मरुथो के कमल खिलाने
पल पल सुख बरसाता चल

मन उन्मन है
आख गीली
पथ अकम्पन
नम हठीली।

क्या श्रम—लज्जा का फिर
कोई रह बनाता चल

अनाचार का
युग आया है।
भ्रान्त न जग को
भरमाया है

ताप झुलसते तन मन को
शीतल बादल छाता चल

अपनो ने भी
मुख मोड़ा
हृदय घार का
घट फोड़ा है।

नफरत करने वालो मे
भी मन प्यार सजाता चल

30 जनवरी जिनका जन्म दिवस है

वीतराग, महान् तार्किक स्व. स्वामी दर्शनानन्द सरस्वती

ले —श्री ओम्प्रकाश आर्य सभा कार्यालयाध्यक्ष

आर्य समाज की पहली पीढ़ी के कर्मठ और विद्वान् उपदेशकों तथा शास्त्रार्थ समर के अजेय सेनानियों में स्वामी दर्शनानन्द सरस्वती जी का एक विशिष्ट स्थान है। महर्षि दयानन्द के पश्चात् आर्य समाज में साहित्य निर्माण और प्रचार का जितना कार्य हुआ है, उसके आधे से अधिक प्रचार का श्रेय स्वामी दर्शनानन्द जी को ही है। आपने जीवनकाल में कितने प्रैस खोले, कितने समाचार पत्र निकाले, कितने ट्रैक्ट लिखे कितने व्याख्यान किए कितने शास्त्रार्थ किए और कितने सहस्र मील प्रचारार्थ भ्रमण किया। इसका ठीक ठीक अनुमान लगाना कठिन है। स्वामी दर्शनानन्द सच्चे आस्तिक वैदिक धर्म के निर्भीक प्रचारक और महर्षि दयानन्द जी के अनन्य भक्त थे। आप उत्साह और विश्वास एवं सरलता की साकार प्रतिमा थे। निष्काम, निःस्पृह और वीतराग इतने कि संस्थाएं खोलते जाते थे पर मोह तनिक भी नहीं रखते थे 'दूसरों को सौंप कर एकदम प्रचारार्थ चले जाते थे। निन्दा स्तुति तथा राग द्वेष से सर्वथा मुक्त थे। ऐसे ही वीतराग महामानवों के लिए कहा गया है—

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मी समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा न्याय्यात्
पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः

इस उक्ति को कहने वाले तो सर्वत्र मिलते हैं परन्तु इसके अर्थ पर अक्षरशः आचरण करने वाले स्वामी दर्शनानन्द जी महाराज ही थे।

जन्म परिचय—

कालुष नदी की पूर्व दिशा में लुधियाना जिलान्तर्गत जगराम (जगरांवा) नाम का एक छोटा सा नगर है। इस नगर में मोहयाल गोतीय सारस्वत ब्राह्मणों का काली नामक प्रशस्त वंश शताब्दियों से वास करता था। इसी वंश में प० दौलत राम के सुपुत्र प० रामप्रताप जी के घर श्री कृपा राम (स्वामी दर्शनानन्द) जी का माघ बदि-दशमी सम्वत् १९१८ को जन्म हुआ

—प्रारम्भिक शिक्षा—

श्री कृपा राम की प्रारम्भिक शिक्षा जन्म ग्राम में हुई, पिता ने स्कूल में उर्दू-फारसी पढ़ाई के कारण संस्कृत पढ़ाई की व्यवस्था घर पर ही कर दी एक पंडित जी इन्हें घर पर आकर पढ़ा जाया करते थे परन्तु कृपाराम मन मौजी थे अपनी इच्छानुसार ही पढ़ते थे,

होनहार बिरवान के होत चीकने पात —

छोटी आयु में ही इनकी प्रवृत्ति वैराग्य धार्मिक कामों की ओर थी। इन के पिता जी ने एक दुकान खोल दी जिसका नाम इन्होंने सच्ची दुकान रखा सत्य व्यवहार से दुकान को लाभ हुआ परन्तु कृपाराम न तो कुछ और ही करना था, इनके चाचा दयाराम जी की यौवनावस्था में ही अचानक मृत्यु हो गई प० श्री रामप्रताप जी (स्वामी जी के पिता) ने अपनी भौजाई की इच्छानुसार बनारस अस्सी घाट लोलार्क कुण्ड पर एक पक्का तिमंजिला मकान बनाकर दे दिया, माई बीर कौर ने अपना समस्त वैधव्य जीवन बनारस में ही ईश्वर भक्ति में बिताया। प० रामप्रताप जी ने वहां ब्रह्मचारियों के लिए एक अन्न क्षेत्र भी खोल दिया था और कुछ समय आप भी बनारस में ही व्यतीत करने लगे। कृपा राम जी प्राय पिता जी के साथ ही रहते थे। काशी के विद्वानों से मेलजोल का अच्छा अवसर प्राप्त रहा,

★काशी में विद्याध्ययन★

इनके पिता जी ने समझा कि कृपाराम घर पर पढ़ेगा नहीं इस लिए इस को काशी भेज देना ठीक होगा। कृपाराम काशी चले गए और २-३ वर्ष रह प० परमेश्वरदत्त आचार्य और प० हरिहरनाथ शास्त्री (स्वामी मनीष्या नन्द) जी से संस्कृत का अच्छा अध्ययन किया, स्वामी मनीष्यानन्द दर्शनों के प्रकाण्ड विद्वान थे, अतः कृपा राम जी ने दर्शन शास्त्र के अध्ययन का पूरा पूरा लाभ उठाया,

—आर्य समाज की शरण में—

उन दिनों सर्वत्र महर्षि दयानन्द जी के व्याख्यानों तथा शास्त्रार्थों की चर्चा थी धर्म जिज्ञासु होने के कारण आपका प्रभावित होना स्वाभाविक था महर्षि कृत ग्रन्थों को पढ़ना प्रारम्भ कर दिया,

महर्षि दयानन्द सचमुच एक विचित्र और विलक्षण जादूगर थे, सच्चा जिज्ञासु बनकर जब भी कोई उनके चरणों में बैठा था उनके ग्रन्थों को पढ़ता उनका ही हो जाता, यही कुछ श्री कृपा राम जी के साथ हुआ, वेद शास्त्र के मर्म बूझे, स्वामी जी के प्रभावशाली व्यक्तित्व और शिक्षा तथा कार्यों ने उन्हें उनका दीवाना बना दिया, पिता जी ने यद्यपि गृहस्थी बना दिया था परन्तु इनकी रुचि प्रचार और धर्म कार्यों में ही अधिक होने के कारण इन्होंने १९०० ई० में सन्यास की दीक्षा ले ली और अब सर्वत्र घूमघूम कर प्रचार करने लगे,

— निःशुल्क शिक्षा प्रवर्तक—

आपने काशी प्रवास में श्री कृपा राम निर्धन विद्यार्थियों की दीन दशा का गहराई से अध्ययन कर चुके थे, इधर वेद शास्त्र के विशेष मनन से आप इस निष्कर्ष पर पहुंच चुके थे कि जैसे शरीर की सुरक्षा के लिए परमात्मा ने सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि आदि सभी दान रूप में दे रखे हैं ऐसे ही आत्मोत्थान के लिए शिक्षा भी निःशुल्क ही होनी चाहिए

अतः आपने निःशुल्क शिक्षा देने वाले अनेक गुरुकुल स्थापित कर दिए जिनमें गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर गुरुकुल सिकन्दराबाद गुरुकुल बदायूं, गुरुकुल पोठोहार और गुरुकुल झेहलम विशेष उल्लेखनीय हैं, इन गुरुकुलों में सहस्रों विद्यार्थी दीक्षित होकर देश विदेश में वैदिक धर्म और आर्य संस्कृति का प्रचार कर रहे हैं

—शास्त्रार्थ महारथी—

वह आर्य समाज का प्रचार युग था आर्य समाज का प्रत्येक सदस्य वैदिक धर्म का प्रचारक बना हुआ मस्ती में भर कर कष्टों पर कष्ट झेलता जाता था परन्तु प्रचार से मुख न मोड़ता था। उस समय नमस्ते का अभिवादन आर्य नाम का ग्रहण उच्चारण और अपने आपको ऋषि दयानन्द का अनुयायी कहना एक अपराध समझा जाता था पग पग पर विरोधियों का सामना करना पड़ता था परन्तु वाह रे धर्म दिवानो सर्वस्वस्वाहा करके भी धर्मध्वजा को आपने ऊंचा ही उठाए रखा, पैतृक सम्पत्ति छोड़नी पड़ी तो छोड़ दी, घर गृहस्थी त्यागनी पड़ी तो त्याग दी बिरादरी से बहिष्कृत होना तक स्वीकृत किया परन्तु आर्य समाज रूपी मां की प्रतिष्ठा बनाए रखी—सपूत हो तो ऐसे हों।

मुनिवर प० गुरुदत्त स्व० पं० लेखराम, स्वामी दर्शनानन्द जी स्वामी श्रद्धानन्द जी महात्मा हंसराज जी सभी के उज्ज्वल जीवन से यही आदर्श स्थापित हुआ, जैसाकि लिखा जा चुका है, उन दिनों आर्य धर्म के प्रचारक का कार्य आसान न था, रास्ता रोकने के लिए पौराणिक के अतिरिक्त जैनी, ईसाई और मुसलमान सभी सर्वदा सन्नद्ध रहते थे। पौराणिकों के साथ प० कृपाराम शर्मा और प० आर्य मुनि भिड़ते थे और यवनों से निपट लेते थे पं० लेखराम जी। वैसे प० कृपाराम शर्मा प्रत्येक मतावलम्बी से प्रत्येक विषय में शास्त्रार्थ करने में पूर्णतया समर्थ थे। उनकी युक्ति प्रबल रहती थी, वे विधर्मियों को ऐसा कह दूध उत्तर देते थे कि विपक्षी निरुत्तर हो जाते थे। उदासीनवर्य स्व. स्वामी यावानन्द जैसे विद्वान् सन्यासियों की शास्त्रार्थ में बोलती ही बन्द कर दी थी। स्व. पादरी ज्वालासिंह जैसे शास्त्रार्थ पटु ईसाई और मौलवी सनाउल्ला जैसे कट्टर मौलवी आपके सामने आने से कभी कतराते थे। प० गणपति शर्मा जैसे शास्त्रार्थ कला के सिद्ध और प्रतिवादी बनकर भी कभी-कभी विनोद लाभ के लिए स्वामी जी से भिड़ जाते थे और शास्त्रार्थ की समाप्ति पर स्वामी जी के पांव पकड़ कर क्षमा के प्रार्थी होते थे।

★ लेखनी के धनी ●

स्वामी दर्शनानन्द जी की लेखनी में जबरदस्त जादू था। उनके लिखे छोटे-छोटे ट्रैक्टों को पढ़कर अनेक व्यक्ति आर्य समाज के सुयोग्य उपदेशक और व्याख्याता बन गए। क्योंकि उनके छोटे से ट्रैक्ट में इतनी अधिक सामग्री होती थी कि पढ़ने वाले के सन्देह और शंकाओं का उच्छेद होकर वैदिक धर्म के प्रति श्रद्धा का भाव उसके हृदय में जागृत हो जाता था। आज भी कई उपदेष्टा उनके ट्रैक्टों के आधार पर अपने व्याख्यान तैयार करके यश लाभ उठा रहे हैं। अपने जीवनकाल में छः उपनिषदों का प्रश्नोत्तर रूप में विस्तृत भाष्य इस ढंग से किया कि प्रत्येक धर्मावलम्बी उससे पूरा-पूरा लाभ उठा सकता है। दर्शनों का भी आपने भाष्य किया। लगभग तीन सौ ट्रैक्ट विविध विषयों पर लिखे। इस प्रकार स्वामी जी के जीवन पर दृष्टिपात करने से विदित होता है कि वे निश्चय ही असाधारण पुरुष थे। वे पक्के योगवादी थे। अकाल मृत्यु को नहीं मानते थे। बीमारी में कभी किसी की दवा खाते ही नहीं थे। हानि-लाभ में यश, अपयश में स्थित प्रज्ञ पुरुष की भान्ति समवृत्ति रखते थे। वे मृत्यु से तनिक भी न डरते थे। अन्तिम घड़ी में जो लोग स्वामी जी के साथ रहे थे, उनके द्वारा जो वृत्तान्त मिले थे, उनसे ज्ञात होता कि स्वामी जी मृत्यु का वैसे ही आह्वान करते थे, जैसे एक परममित्र का। इस पुण्यात्मा, प्रतापी निर्लोभी, निरहंकारी त्यागी, विद्वान् वीतराग सन्यासी का ११ मई सन् १९१३ ई० को हाथरस (उत्तर प्रदेश) में देहावसान हुआ।

यह लज्जा और चिन्ता की बात है कि ऐसे वीतराग सन्यासी का स्मृति दिवस या जन्म दिन आज तक नहीं मनाया गया। सार्वदेशिक सभा के मान्य अधिकारियों की इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि अपने महापुरुषों को जो समाज, राष्ट्र या जाति विस्मृत कर देती है उसका संगठन छिन्न-भिन्न होकर उसका अस्तित्व भी समाप्त प्राय हो जाता है।

इस वर्ष स्वामी दर्शनानन्द जी का जन्म दिवस ३० जनवरी को पड़ता है। सभी आर्य समाजों में यह दिन पूरे उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाना चाहिए, क्योंकि—

शतेषु जायते शूरः । सहस्रेषु पण्डितः
वक्ता दशसहस्रेषु त्यागी भवति वा न वा।

आह ! त्यागमूर्ति आचार्य देवप्रकाश जी

लेखककर्ता—श्री नरदेव राज वर्मा ९१० कटरा मोहरसिंह अमृतसर

सर्वदा सादा वेश भूषा खादी की ढीली लम्बा कुर्ता गले में वैस्किट सिर पर पगड़ी फिर खादी टोपी और पाव में कपड़े का जूता। इकहरा शरीर गन्दमी रंग छोटी २ मूछ और हंसमुख आकृति के व्यक्तित्व का नाम तपोमूर्ति आचार्य देव प्रकाश जी था। ओजस्वी वक्ता तपस्वी जीवन विनम्र स्वभाव लेखनी के धनी और अनूठी स्मरण शक्ति के भण्डार आचार्य देव प्रकाशजी का जन्म पंजाब के गांव दीनानगर जि० गुरदासपुर मे सरकारी स्कूल के अध्यापक श्री मुन्शीराम जी के घर संवत् १९४६ विक्रमी तदनुसार सन् १८८९ ई० को हुआ, जब आप दो वर्ष के ही थे कि इनके पिता का स्थानान्तर गांव बरामला मे हो गया आपके पिता जी ने परिवार को चित्तौड़गढ़ (फतेहगढ़ चूड़िया) यहां आपके ननिहाल मे भेज दिया। तीन वर्ष पश्चात् आपके पिता ने सरकारी नौकरी छोड़कर चित्तौड़गढ़ मे ही लकड़ी का व्यापार शुरू कर दिया। श्री मुन्शीराम जी आर्य समाजी विचारो के थे और आर्य समाज के सिद्धान्तो पर प्रायः चर्चा होती रहती थी। जैसे महात्मा बुद्ध ने रोगी बूढ़ और मृतक को देखकर राजपाट त्याग दिया तथा वैरागी ने शिकार हुई हिरणी के पेट से निकले बच्चे को देख गृह त्याग दिया और महर्षि दयानन्द को बहिन और चचा की मृत्यु ने जिज्ञासु बनने पर विवश कर दिया ठीक इसी प्रकार आचार्य देव प्रकाश जी बचपन मे अपनी माता के साथ गली मे से गुजर रहे थे एक घर के सामने कोई औरत जीती मछली के पर से छिलके उतार रही थी। पानी बिना मछली तड़प रही थी और कठोर हृदय स्त्री की छुरी बराबर चल रही थी इस घटना ने आचार्य जी के जीवन का कांटा ही बदल दिया और तत्काल द्रवीभूत हृदय ने मांसाहार मांस खाने मे घृणा पैदा कर दी। श्री देवप्रकाश जी १५ वर्ष के ही थे जब इनके पिता जी का देहान्त हो गया और स्कूली शिक्षा छोड़ व्यवसाय में लग गए। सन् १९०८ ई० मे आप अमृतसर आ गये और कटड़ा ... मे लाला कृपाराम जी सराफ के पास उस्ताद श्री ... जी के कारण एक कुशल सुनार के रूप में काम करने लग गये। बचपन से ही अपने पिता से उर्दू फारसी की शिक्षा प्राप्त की और अमृतसर पहुंच कर मौलवी नूर अहमद साहिब से मौलवी फाजिल मुन्शी फाजिल व अरबी पढ़ और मौलवी ... से फारसी पढ़। इस परिश्रम से आप मौलवी फाजल तक की कक्षाओ को पढ़ाने योग्य हो गये। बाग रामानन्द ... सिंह वाला में एक अरबी संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की जिसमे श्री देवप्रकाश जी पढ़ाते थे। चित्तौड़ (फतेहगढ़) में ही आपकी विचार धारा आर्य समाज की ओर आकृष्ट हो चुकी थी। अमृतसर आने पर आपकी पत्नी श्रीमती सुशीलादेवी जी और पुत्री सत्यबाला स्थाई रूप से रहने लगे। आप के पुराने मित्र गुरमहल निवासी श्री बनवारीलाल जी जो लोहे मण्डी में काम करते थे उन्होंने आपकी बहुत सहायता की। आचार्य देवप्रकाश जी के ही प्रयत्न से सन् १९१२ ई० को आर्य समाज लोहगढ़ अमृतसर मे युवक समाज की स्थापना हुई जिसके द्वारा सैकड़ो लोगो की सहायता डिबेटिंग क्लब शास्त्रार्थ और शुद्धि का भरपूर कार्य किया। सन् १९१९ का अमृतसर के जलियां वाला बाग मे अंग्रेज सरकार द्वारा खूनी काण्ड किया गया। इस अत्याचार से लगभग डेढ़ हजार निहत्थे लोग मारे गये और लगभग चार हजार लोग घायल हो गये। समूचे प्रान्त में और विशेष कर अमृतसर की जनता में भय एवं आतंक का वातावरण था। आल इण्डिया कांग्रेस ने पण्डित मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता मे जांच कमेटी नियुक्त कर दी परन्तु डर के मारे लोग कोई साक्षी देने को तैयार न था। ऐसे कठिन समय मई जून की गर्मी मे ३०-३० मील पैदल चलकर लोगो को उत्साहित करना आचार्य देवप्रकाश जी का काम था।

इसी प्रकार सैकड़ों बार मुस्लिम गुण्डो का मुकाबला करना पड़ा। सन् १९१३ में भारतीय शुद्धि सभा का गठन किया गया। सन् १९३४ मे आपने बिहार प्रान्त के भूचाल पीड़ित लोगो की सहायता की। उसके उपरान्त आचार्य देवप्रकाश जी महात्मा हंसराज जी और सेठ जुगल किशोर जी बिरला की आज्ञा से आसाम चले गये। वहां रावटी झाबुआ कुशलगढ़ बांसवाड़ा और जसपुर इत्यादि आदिवासी भीलों की जय कर रियासतो में शुद्धि काम किया। अक्तूबर सन् १९७२ को अमृतसर में आपका अभिनन्दन किया गया। इस उत्सव में आपको जो थैलिया भेंट की गई उस धन राशि से आपने धर्म प्रचार समिति का गठन किया जो गैर आर्य ... लोगो को वैदिक धर्म मे दीक्षित करने का काय करती थी। अन्त मे यह धन और सम्पत्ति आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब को सौंप कर दयानन्द मठ दीनानगर (जन्म भूमि) मे पूज्य स्वामी सर्वानन्द जी के पास चले गये आर्य समाज का वीतराग संन्यासी कुशल वक्ता एवं ४१ विषयो पर पुस्तको का लेखक एक तपस्वी सूर्य सोमवार २९ दिसम्बर १९८० को शाम ५ बजकर ७ मिनट पर सदा के लिए अस्त हो गया।

—

एक जगत् गुरु जी को करारी हार

जगत गुरु शंकराचार्य कहलाने वाले स्वामी निरंजनदेव जी तीर्थ सदा सदा आर्य समाज के विरुद्ध सदा विष उगलते रहते हैं इसलिए शास्त्रार्थ केसरी श्री अमर स्वामी जी महाराज ने अब से एक वर्ष पूर्व उनको शास्त्रार्थ की चुनौती दी जो अपनी चालाकियों से शास्त्रार्थ को टालते रहते थे अब की बार दिल्ली मे १५ से २२ दिसम्बर १९८० तक पौराणिकों का एक यज्ञ और उत्सव था उन तिथियो मे केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली प्रदेश का भी उत्सव था। स्वामी निरंजनदेव तीर्थ को शास्त्रार्थ की चुनौती दी गई थी १७ दिसम्बर की रात को उन्होंने अपने भाषण में कहा कि हमारे सामने कोई भी आर्य समाजी शास्त्रार्थ के लिये नही आ सकता।

महात्मा अमर स्वामी जी महाराज का भी नाम लिया कहा कि है कोई माई का लाल जो हमसे शास्त्रार्थ करे साथ ही कहा हम आर्य समाज की वेदी पर नहीं जाएंगे।

१८ दिसम्बर को प्रातः केन्द्रीय युवक परिषद दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री ... राजसिंह जी और श्री प० प्रेमपाल जी शास्त्री एक पत्र लेकर जगत गुरु जी के पास पहुंचे जिसमे लिखा था यदि आप आर्य समाज की वेदी पर नहीं आ सकते हैं तो स्थान एवं समय का निश्चय करिए जगत गुरु जी ने वह पत्र ले लिया और उनको अपशब्द बोले १८ की रात को फिर उनका भाषण हुआ भी वो ही डींग फिर मारी आर्य युवको ने कहा कि हम शास्त्रार्थ के लिए अभी यहीं आ जाते है जगत गुरु जी ने श्री राजसिंह जी को तो पुलिस की हिरासत मे करवा दिया और अन्य आर्य युवक दौड़कर रात्रि के ग्यारह बजे श्री महात्मा अमर स्वामी जी महाराज श्री प० ओमप्रकाश जी शास्त्री और श्री प० रामदयालु जी शास्त्री को ले आये जगत गुरु जी अपना उत्सव समाप्त कर चुके थे आर्य शास्त्रार्थ कर्ता उसी मंच पर जा बैठे थे आर्य समाज के लिये दूसरा मंच नही बनाया था। महात्मा अमर स्वामी जी महाराज ने अवतारवाद पर शास्त्रार्थ आरम्भ कर दिया और कहा अवतारवाद वेद विरुद्ध है अनेक वेद मन्त्र बोल और बताया पुराणो मे अवतार के तीन कारण लिखे है

१ वरदान २ शाप ३ कर्म फल भोग धर्मोद्धार के लिये कोई अवतार नहीं हुआ शास्त्रार्थ लगभग एक घण्टा से अधिक ही हुआ था जगत गुरु जी से कोई उत्तर नही बन सका था इसलिए जगत गुरु जी ने घोषणा कर दी अब शास्त्रार्थ नहीं होना चाहिए मंच पर बैठे उनके चेले चपाटो ने सब हू हू हू हू करके उछलना आरम्भ कर दिया ये सब तमाशा जगत गुरु जी के द्वारा इशारे पर ही था। सारे पौराणिक हुल्लड़ मचाने लगे शास्त्रार्थ महारथी प० ओमप्रकाश जी शास्त्री को गुण्डो ने मारने के लिए पकड़ लिया शास्त्री जी बड़ा साहस करके उनसे छूट गये अनेक आर्य युवको के साथ भी यही हुआ पुलिस ने आकर और सिक्खों के मंच पर कब्जा कर लिया आर्य लोग सुरक्षित बाहर आकर सड़क नगर मे अपनी जय की घोषणा करते हुये स्वस्थान पर आ गये आर्यों की प्रसन्नता की कोई सीमा न थी आर्यों ने अपने शास्त्रार्थ केसरी महात्मा अमर स्वामी जी महाराज की और वैदिक धर्म की बार बार जय बोली और स्वामी जी महाराज पर नोटो की वर्षा की। जगत गुरु जी की यह दशा हुई—

शेख जी रखन थे शेखी का गुरूर
यार के कूचे मे आ उनकी हजामत बन गई।

नामधारी जगत गुरु जी उसी रात मे बाल ... को वापिस प्रस्थान कर गये।

—प्रकाशचन्द्र
(सम्वाददाता)

—

सुयोग्य वरो की आवश्यकता

सुन्दर स्वस्थ सुशिक्षित बहुकार्य मे दक्ष युवा आर्य प्रभाव कन्याओ के लिए योग्य सुशिक्षित सेवारत अविवाहित आर्य वरो की आवश्यकता है। साथ ही पूर्ण विवरण सहित निम्न पते पर प्रार्थना पत्र भेजें।

—मन्त्री दयानन्द बाल सदन
चांद बावड़ी रोड अजमेर
(राजस्थान)

(२ पृष्ठ का शेष)

स्वामी जी ने आर्य समाज के जिन दस नियमों का निर्माण किया है वस्तुतः वे हमारे शास्त्रों का सार भाव हैं। इन्हीं सूत्रों को लेकर आर्य जीवन पद्धति का ताना बाना बुना गया है। वर्णाश्रम धर्म क्या है? यह एक सामाजिक व्यवस्था है जिसके द्वारा समाज को चार वर्णों में और एक व्यक्ति के जीवन को चार भागों में विभक्त किया गया है। आर्यों की इस जीवन पद्धति की अपनी यह विशेषता है जो दूसरों से सर्वथा भिन्न है। समाज को इसी आधार पर संगठित करने की स्वामी जी की इच्छा मूल रूप से नहीं सकी यद्यपि १०५ वर्ष बीत गए। आर्य प्रतिनिधि सभाओं के साधन विस्तृत कार्य क्षेत्र है। इस ओर से अकर्मण्यता के परिणाम निश्चित ही कष्टदायक होंगे।

जनसमूह राष्ट्र का प्राथमिक मौलिक तत्व है अतः यह स्वाभाविक ही था कि स्वामी जी ने समाज के सुधार की ओर प्रबल ध्यान दिया। किन्तु उनके कार्य की यह इतिश्री नहीं है। इस बात के अब प्रमाण मिल चुके हैं कि १८५७-५८ में प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अवसर पर स्वामी जी ने महत्वपूर्ण कार्य किया था। किसी भी जाति को राजत्व प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि उनके लिए एक भाषा हो एक शासन हो और पूर्ण प्रभुसत्ता हो इसीलिए स्वामी जी ने अंग्रेजों को देश से निकालने भारतीयों की पूर्ण प्रभुसत्ता दिलाने और स्वशासन की स्थापना के उस प्रयत्न में पूर्ण योगदान दिया। आर्य प्रतिनिधि सभाएं स्वामीजी के इन कार्यों से मार्ग दर्शन प्राप्त कर सकती हैं। आर्य समाज में कुछ लोग हैं जो राजकाज में भाग लेने का विरोध करते हैं। वे केवल आत्मा और परमात्मा से सम्बन्धित ज्ञान के प्रसार तक ही आर्य समाज को सीमित रखने में ही सन्तुष्ट हैं। उनका विश्वास है कि यही उनके कार्य की अन्तिम रेखा है।

(क्रमशः)

(२ पृष्ठ का शेष)

सृष्टि की रचना जिन पांच तत्वों से हुई है वे तत्व ही पुकार पुकार कर कह रहे हैं कि वे स्वयं कुछ नहीं हैं वे सब तो उसी के सहारे टिके हुए हैं। कोई स्थिर भौतिक तत्व रह नहीं सकता जब तक उसको शक्ति का सहारा न हो। भौतिक को तोड़ते तोड़ते अभौतिक निकल आता है। अब परमाणु को वैज्ञानिकों ने तोड़ा तो भीतर से विद्युत का आविर्भाव हो गया विद्युत एक शक्ति है जो दीखती नहीं भौतिक द्वारा ही दीखती है। हम बल्ब को देखते हैं उसमें जब फिलेमैंट को देखते हैं जिसमें प्रकाश प्रकट होता है विद्युत की धारा तो करेंट रूपी कक्षा में छिपी ही बैठी है। इसी को यमाचार्य ने कहा भूतेभि अव्यक्त भौतिक से अभौतिक के दर्शन होते हैं। इस प्रकार दृश्य में जिस अदृश्य के दर्शन होते हैं हे नचिकेता वही परमात्मा है जिसके विषय में तूने पूछा था एतद्वै तत् ।६।

(क्रमशः)

आर्यसमाज दीवान हाल दिल्ली का १०३वां उत्सव

समाज के मन्त्री श्री सूरजभान गुप्ता ने बताया कि आर्य समाज दीवान हाल का १०३वां वार्षिकोत्सव दिनांक १३, १४, १५ मार्च १९८१ को रामलीला मैदान में मनाने का निश्चय किया है।

इस अवसर पर युवा सम्मेलन, राष्ट्र रक्षा सम्मेलन, संस्कृत सम्मेलन, आर्य सम्मेलन तथा यजुर्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया गया है।

उपरोक्त कार्यक्रमों में देश के प्रसिद्ध महात्मा विद्वान् व राजनेताओं को आमन्त्रित किया गया है।

श्री वीरेन्द्र जी सम्पादक तथा प्रकाशक द्वारा जयहिन्द प्रिंटिंग प्रेस जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर से इसकी स्वामिनी आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ।

कृण्वन्तो ओ३म् विश्वमार्यम्


आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र जालन्धर

वार्षिक मूल्य 15) वर्ष 13, अंक 53 13 माघ सम्वत् 2037, तदनुसार 25 जनवरी 1981 का अंक दयानन्दाब्द 156

जिनका जन्म दिन 28 जनवरी को है–

पंजाब केसरी लाला लाजपतराय जी



देश के स्वतन्त्रता सेनानियो व शहीदो मे अमर शहीद लाला लाजपत राय का नाम अपना विशेष स्थान रखता है देश भक्ति उनके रोम रोम मे बसी हुई थी। अपने देश जाति व समाज के लिए वह बड़े से बड़ा बलिदान देने के लिए सदा तत्पर रहते थे। इस अमर बलिदानी का जन्म जिला फिरोजपुर के ढोडी नामक ग्राम में २८ जनवरी १८६५ मे हुआ था। छात्र जीवन से लाला जी का झुकाव समाज सुधार की ओर था। वह अपने समाज में सुधार लाना चाहते थे। उस समय ब्रह्म स के सदस्य भी वह सुधार की भावना को ही लेकर बने थे परन्तु जब ब्रह्म समाज का खोखला पन देखा तो उसकी सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया परन्तु महर्षि दयानन्द जी महाराज के व्याख्यानों की चर्चा सुनकर उनके जीवन मे आशा की किरण जगी। महर्षि दयानन्द के प्रवचनो ने उन पर जादू का सा असर किया। वह आर्य समाज की विचार धारा से प्रभावित होकर वैदिक धर्म का प्रचार करने मे स्वामी श्रद्धानन्द महात्मा हंसराज और दूसरे आर्य समाजी नेताओ के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने लगे। वह भारतीय जनता में जागृति पैदा करने के लिए स्कूल और कालेज स्थान २ पर खोलना आवश्यक समझते थे। वह चाहते थे कि हम अपने स्कूलों व कालेजो में बच्चों को ऐसी शिक्षा दें जिससे वो बच्चे हमारे स्कूल कालेजों से निकले वह देश भक्त हों और अपने देश के लिए अपना तन मन धन न्यौछावर करने की भावना से ओत प्रोत हो जिस कालेज के प्रिंसिपल महात्मा हंस राज हो और मन्त्री श्री लाला लाजपतराय जी हो उसमे ऐसे बच्चे क्यो न निकले? इसीलिए तो उस समय अंग्रेज सरकार की आर्य समाज के स्कूल कालेजो पर विशेष नजर थी। आर्य समाज के कालेज व स्कूल उस समय विद्रोह विशेष के स्थान समझे जाते थे।

लाला जी चाहते थे देश के सभी धर्मावलम्बी एक ही झण्डे के नीचे आ जाए सभी मिलकर एक होकर भारत की स्वतन्त्रता की लड़ाई लड़ इस भावना को लेकर उन्होंने लाहौर मे एक सवधर्म सम्मेलन भी बुलाया था और अपने देश वासियो को आह्वान करते हुए कहा था कि—आप सब

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का आर्यसमाज के साथ कोई सम्बन्ध नहीं

सार्वदेशिक सभा की घोषणा

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली की अन्तरंग सभा म २६ १२ ० को वयोवृद्ध आर्य नेता प० व मुदेव शर्मा (वि न राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ और आर्य समाज के आपसी सम्बन्धो की तक विचार बिन्दुओ पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की उन्होने चेतावनी दी कि आर्य समाज की कमजोरी का लाभ आर० एस एस उठा रहा है

प० वासुदेव शर्मा के उपरान्त कथन पर सार्वदेशिक सभा मन्त्री श्री ओमप्रकाश जी त्यागी श्री रविदत्त जी श्री जय राम दशमन्त्री श्री रामचन्द्रराव कल्याणी श्री वटकृष्ण वर्मन प शिवप्रसाद श्री वीरेन्द्र जी श्री पृथ्वीसिंह आजाद स्वामी ओमानन्द जी सरस्वती श्री मनोहरलाल गुप्त प० शिवकुमार शास्त्री प० राजगुरु शर्मा श्री ओ० पी० गोयल आदि ने अपने अपने विचार प्रकट किये सभा मन्त्री श्री ओमप्रकाश जी त्यागी ने स्पष्ट बताया कि आर्य समाज का राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के साथ किसी भी प्रकार का आपसी सम्बन्ध नहीं है। उन्होने बताया कि सन १९४३ मे भी इसी प्रकार की शंकाए प्रकट की गई थी उसे सार्वदेशिक सभा ने निर्मूल सिद्ध करते हुए स्पष्ट घोषणा की थी आर्य समाजियो के लिए आर० एस० एस० की मलभूत भावना को मानना असम्भव है। और आर्य समाज मन्दिरो मे उसे स्थान देना सम्भव नहीं। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा और आर्य समाज का संगठन अभी तक उक्त निर्देश का ही पालन कर रहा है

सर्वसम्मति से निश्चय हुआ कि सार्वदेशिक सभा पुन यह घोषणा करती है कि आर्य समाज के साथ राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ का कोई सम्बन्ध नहीं है। आर्य समाज मन्दिरो मे आर० एस० एस० अपनी शाखा नहीं लगा सकता।

रामगोपाल शालवाले वानप्रस्थ

कठोपनिषद् नचिकेता की अमर कहानी (द्वितीय भाग)

यमाचार्य द्वारा आत्मा-परमात्मा का वर्णन

(लेखक डा० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार)

ॐ

(गतांक से आगे)

यमाचार्य परमात्म तत्त्व का पुल्लिंग में वर्णन करने के बाद स्त्रीलिंग में वर्णन करते हुए कहते हैं—वह देवतमयी परमात्म-शक्ति मातृ तुल्य है उसे अदिति कहा जा सकता है—अदिति अर्थात् जो खंडित नहीं हो सकती नष्ट नहीं हो सकती जो नित्य है—अदितिर्देवतामयी। परमात्मा की यह शक्ति अदिति है माता के समान है जिसे प्राणायाम से अनुभव किया जा सकता है या प्राणेन सम्भवति प्राणायाम एकाग्रता का सबसे बड़ा साधन है। प्राणायाम से ही इन्द्रिया मन के साथ और मन को आत्मा के साथ निबद्ध कर परमात्म दर्शन हो सकता है। परमात्मा की अदिति रूपा मातृशक्ति पंच महाभूत रूपी गुफाओं में मानो छिपी बैठी है—गुहां प्रविश्य तिष्ठन्ती उसे पंच महाभूतों से ही जाना जा सकता है या भूतेभिः व्यजायत—मानो पंचमहाभूतों से उत्पन्न किया जा सकता है उसे अदिति के नाम से मातृ शक्ति कहा इसलिए व्यपदेश्य की जगह यहां यमाचार्य व्यजायत उत्पन्न होने की बात कर रहे हैं वैसे तो महाभूतों को परम मातृ शक्ति उत्पन्न करती है परन्तु यहां यमाचार्य कह रहे हैं कि पंच महाभूतों से अदिति रूपा मातृ शक्ति उत्पन्न होती है। पंच महाभूतों को देखकर यही समझ पड़ता है कि इनके उत्पन्न करने वाली कोई मातृ शक्ति होनी चाहिए ये अपने आप तो उत्पन्न हुए नहीं होंगे इसलिए पंच महाभूत ही मानो कह रहे हैं कि हमारी कोई माता है उस माता का नाम यमाचार्य ने अदिति कह दिया है। अदिति इसलिए कहा क्योंकि महाभूत तो खंडित हो जाते हैं टुकड़े टुकड़े पर तु शक्ति तो खंडित नहीं हो सकती वह अखंडित है नित्य है अदिति का अर्थ ही है—अखंडित। हे नचिकेता यही परम तत्त्व शक्ति है जिसके विषय में तूने पूछा था—एतद् वै तत् ।७।

यम आगे कहते हैं कि जिस प्रकार अरणियों में अग्नि निहित होती है दीखती नहीं और उसे प्रकट करने के लिए रगड़ना पड़ता है अरण्योर्निहितो जातवेदा इसी प्रकार परमेश्वर मनुष्य के भीतर ही बैठा है दीखता नहीं परन्तु जैसे अरणियों को रगड़ने से अप्रकट अग्नि प्रकट हो जाती है अग्नि का ज्ञान हो जाता है ऐसे ही परमेश्वर को पाने के लिए अरणियों को रगड़ने की तरह कुछ रगड़ना पड़ता है रगड़ने की तपस्या करनी पड़ती है बिना तपस्या के कुछ हाथ नहीं आता अरणियां मनमाने पड़ी रहें तो क्या होगा—आग सामने है परन्तु छोटी हुई भी नहीं है। अग्नि का दृष्टान्त बड़ा महत्त्वपूर्ण है—अग्नि की दो बातें अध्यात्म मार्गी को ध्यान में रखनी हैं। अग्नि को जातवेदा कहा—जातवेदा अर्थात् जाते जाते विद्यते हर वस्तु जो जात है जन्मी है उसमें अग्नि है पर दीखती नहीं परमात्मा भी हर जात उत्पन्न वस्तु में है परन्तु दीखता नहीं। अग्नि के विषय में दूसरी जानने योग्य बात यह है कि इसकी लपट ऊपर को जाती है नीचे को नहीं जिसके साथ अग्नि का सम्पर्क हो जाता है उसकी गति ऊपर को जाने लगती है। पानी नीचे को बहता है परन्तु अग्नि के सम्पर्क में आकर वह भाप बनता है ऊपर जाता है। मनुष्य भी परमात्मा का सान्निध्य पा ऊपर ही ऊपर जाता है फिर उसके पतन की कोई सम्भावना नहीं रहती जैसे अग्नि अरणियों के भीतर छिपा बैठा है और तपस्या की रगड़ से वह दीखने लगता है जैसे गर्भवती स्त्री का ध्यान चौबीस घंटे अपने गर्भ पर टिका रहता है इसी प्रकार जो जागरूक मनुष्य है—जागृवद्भिः मनुष्येभिः उनका ध्यान अपने जीवन को हवि बनाकर हविष्मद्भिः उस प्रतिदिन स्तुतियोग्य अग्नि रूप भगवान् दिवे दिवे ईड्य अग्नि—की तरफ लगा रहता है। वे लोग अपने पास जो कुछ है उसे हवि समझते हैं अपने जीवन को उस पर न्योछावर कर देते हैं किसी वस्तु से चिपटते नहीं जैसे यज्ञाग्नि में सब कुछ स्वाहा कहकर डाल दिया जाता है वैसे यज्ञाग्नि में वे सब कुछ समर्पित कर देते हैं उनका जीवन यज्ञमय हो जाता है जैसे यज्ञाग्नि अरणियों की रगड़ से पैदा होती है वैसे ब्रह्माग्नि तपस्या से प्रकट होती है जैसे गर्भिणी का ध्यान सदा उसके भीतर विद्यमान गर्भ में अटका रहता है वैसे भगवान् के दर्शन चाहने वाले जिज्ञासु का ध्यान उसी के भीतर विद्यमान परमेश्वर की तरफ लगा रहता है ।८।

हे नचिकेता देख सूर्य कितना महान् है—इससे महान् इससे अधिक प्रकाशमान कोई वस्तु संसार में नहीं है। यह सूर्य उसी की कारीगरी का नमूना है—सूर्य का उदय सूर्य का अस्त उसी के द्वारा होता है—यतश्चोदेति सूर्योऽस्तं यत्र च गच्छति। सूर्य ही क्या उसी के चरणों में सब का सिर नमा हुआ है—

- - - - - - - - - - -

की शक्ति को लांघने वाला विश्व में कोई नहीं है—तदु नात्येति कश्चन। यही है जिसके विषय में तूने पूछा था—एतद् वै तत् ।९।

परन्तु इसका यह अभिप्राय नहीं कि वह भगवान् यहां है वहां नहीं है वह तो सब जगह है—यदेवेह तदमुत्र। हे नचिकेता तू यह भी समझ ले कि जो यहां है वही वहां भी है—यदमुत्र तदन्विह कोई उसे मन्दिर मस्जिदों में बताता है कोई उसे सातवें आसमान में बैठा बतलाता है कोई उसे चौथे में मानता है। जहां कहीं सृष्टि का कोई भी चिह्न है वहां वहां वह मौजूद है क्योंकि सृष्टि का कर्ता सर्वत्र जो यही एक है। जो समझता है कि वह यहां है यहां नहीं है या वहां है यहां नहीं है—वह इह नानेव पश्यति—वह जन्म-मरण के बन्धन में पड़ा रहता है—मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति। उसे सब जगह देखने की आंख चाहिए। वह तो सब जगह है—धरती पर भी आसमान में भी उसे सब जगह देखने की हमारी आंख नहीं है अन्धे का दोष है

- - - - - - - - - - -

भगवान का दोष नहीं सुजाखे का दोष है क्योंकि बाहर की आंखों के होते हुए भी वह भीतर की आंखों को नहीं खोल सकता। १०।

भगवान के दर्शन करने हों तो इन आंखों से नहीं मन से उसके दर्शन होते हैं—मनसा एव इदम् आप्तव्यम् यहां इस विश्व में अनेकता का नियम नहीं एकता का नियम काम कर रहा है। नेह नानास्ति किंचन। (क्रमशः)

दो सितारे छिप गये

आर्य समाज सौभाग्यशाली माता है जिसकी गोदी में हर कला के पारखी विद्वान सपूत पले हैं परन्तु माता के दुख का भी अन्त नहीं जब एक एक करके यह सपूत इस संसार से विदा ले जाते हैं। पं० रामचन्द्र देहलवी जैसा प्रतिभाशाली विद्वान इसी मां का सपूत था विपक्षी भी जिसकी प्रतिभा की स्पर्धा करते थे परन्तु वह चला गया पं० गुरुदत्त विद्यार्थी सरीखा कला का पारखी भी इसी मां की गोद में पला परन्तु आज हम उन्हें याद ही करते हैं कहीं पाते नहीं। आज एक नया वज्र प्रहार इस समाज पर हुआ जब इसके दो विद्वान प्रतिभा सम्पन्न सपूत संसार से चले गए। एक हैं पं० देवप्रकाश जी जिनके कुरआन का ज्ञान मुस्लिम भाईयों के लिए भी स्पर्धा की वस्तु थी जिनकी सारी आयु शुद्धि के पवित्र काम में लगी जो स्व० महाशय कृष्ण और पं० लेखराम के छोड़े मिशन को लेकर कंटकाकीर्ण पथ का गामी बन गया ऐसा तपस्वी विद्वान् आर्य समाज से छिन गया। पं० देवप्रकाश का ज्ञान तथा तप अनुपम रहे हैं लोकैषणा से सर्वथा दूर एक सच्चे मिशनरी के समान इस महापुरुष ने सारा जीवन बिता दिया उसकी विद्वत्ता उसकी रचना कुरआन परिचय से स्पष्ट है और उसके तप की कथा मध्यभारत के उन वन स्थलों से पूछो जहां उसने जवानी काटी और आर्य समाज अमृतसर से पूछो जहां उन की आयु का अन्तिम काल बीता। अमर स्वामी जी ने एक समय स्पष्ट कह दिया था कि पं० देव प्रकाश के समान इस्लाम और कुरआन का जानकार आर्य समाज में कोई नहीं है ऐसे तपस्वी विद्वान का चला जाना किसकी आंखों में आंसू नहीं ला देगा ?

और दूसरी प्रतिभा के धनी जो आर्य समाज का गौरव थे वे जो आर्य समाज के मंच की गरिमा थे जो सर्वप्रिय कहे जाते थे वह थे कु० सुख लाल आर्य मुसाफिर। उनकी वक्तृत्व कला का जादू विरोधी भी मानते थे वे समीक्षक थे कवि थे शानदार वक्ता थे विद्वत्ता ने यह तीनों गुण उन्हें उदारता से दिए थे इसके साथ ही वे केवल और केवल आर्य समाज के थे न किसी भी मंच पर जा सकते थे वे चाहते तो एम० पी० बन जाते और यह भी सत्य है कि काफी से अधिक प्रतिभाओं को यह लालच बहा ले गया परन्तु सुख लाल तो आर्य मुसाफिर ही रहे आर्य समाज के प्रति उनकी श्रद्धा उनकी तड़प क्रान्तिकारी भाषण न जाने कितने लोगों को आर्य समाज का दीवाना बना गए। वे एक चहचहाते बुलबुल थे परन्तु कवि के अनुसार वे बाग से उड़ गई हम चहचहाए उड़ गए। आज उन्होंने भी दया के लिए आंखें मूंद ली लगता है आर्य समाज का मंच यदि सूना नहीं हुआ तो महिमा से तो कम हो गया है। दुख बहुत बड़ा है परन्तु निराशा की बात नहीं प्रकृति का तंत्र किसी के लिए प्रतीक्षा नहीं करेगा और हम कामना किसी नए नाम से पं० देवप्रकाश तथा कुंवर सुख लाल को आर्य समाज के मंच पर पाएंगे।

—उत्तम चन्द शरर

सम्पादकीय—

आर्य समाज और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

आर्य समाज और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का आपस में क्या सम्बन्ध है? यह विषय पिछले कई वर्षों से विवाद का कारण बना हुआ है। १९५१ में भी यह विषय सार्वदेशिक सभा के सामने आया था और उसने एक प्रस्ताव द्वारा आर्य समाज मन्दिरों या आर्य समाज की दूसरी संस्थाओं के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। उसके कुछ वर्ष पश्चात् यह प्रतिबन्ध ढीला हो गया क्योंकि कई आर्य समाजी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य थे इसलिए उन्होंने यह समझ लिया कि वह दोनों संस्थाओं के सदस्य हैं इसलिए संघ पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध लगाने की आवश्यकता नहीं है। इसका एक परिणाम यह भी हुआ कि संघ की शाखाओं के लिए आर्य समाज मन्दिरों और शिक्षा संस्थाओं का प्रयोग होने लगा। कई आर्य समाजों पर संघ के कार्यकर्ताओं ने अपना पूरा अधिकार कर लिया और वह अपने भिन्न भिन्न समारोहों को आर्य समाज मन्दिरों में करने लगे। इसके विरुद्ध कई आर्य समाजों के अधिकारियों को यह शिकायत पैदा हुई कि उनके मन्दिरों और उनकी दूसरी संस्थाओं में संघ द्वारा कुछ ऐसे समारोह किए जाते हैं जो आर्य समाज के सिद्धान्तों के अनुकूल नहीं हैं।

२६ दिसम्बर १९८० को जब सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की अन्तरंग सभा की बैठक हुई उस समय फिर यह प्रश्न विचाराधीन आया कि आर्य समाज और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सम्बन्ध क्या है? और आर्य समाज की संस्थाओं को उसके प्रयोग में लाने की अनुमति दी जाए या न दी जाए? कई घण्टे इस पर वाद विवाद होता रहा और बहुमत इस पक्ष का था कि आर्य समाज को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से दूर रखा जाए। यह दोनों स्वतन्त्र संस्थाएं हैं। इनके अपने अपने नियम और अपने अपने सिद्धान्त हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में कुछ ऐसे व्यक्ति भी हैं जो आर्य समाजी नहीं हैं। इसलिए उनकी तरफ से आर्य समाज के महत्व को कम करने का प्रयत्न किया जाता है। जिन व्यक्तियों का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सम्बन्ध है उनकी दृष्टि में महर्षि दयानन्द सरस्वती का वह महत्व नहीं है जो संघ के संस्थापक डा० हेडगेवार, गुरु गोलवलकर और स्वामी विवेकानन्द का है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जो समारोह होते हैं उनमें आर्य समाज या उसके नेताओं का कोई जिक्र नहीं किया जाता अपितु संघ के अधिकारी और स्वयं सेवक आर्य समाज के संगठन का अपनी शक्ति बनाने के लिए तो प्रयोग करते हैं परन्तु आर्य समाज को किसी प्रकार का महत्व नहीं देना चाहते। यह आर्य समाज की शिक्षा संस्थाओं पर भी अपना अधिकार इसलिए करना चाहते हैं कि वहां विद्यार्थियों में उन्हें अपनी विचार धारा के प्रचार व प्रसार का अवसर आसानी से मिल जाता है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियां आर्य समाज के लिए भी हानिकर बन रही हैं।

जो कुछ मैंने लिखा है यह विचार सार्वदेशिक सभा की अन्तरंग सभा में बहुत से सदस्यों ने व्यक्त किए थे। वास्तविक स्थिति तो यह है कि कई वह सदस्य भी जिनका जनसंघ से सम्बन्ध रहा है या अब भारतीय जनता पार्टी से है उनकी भी यह निश्चित धारणा थी कि आर्य समाज को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से दूर रहना चाहिए। इस सारी स्थिति पर विचार करने के बाद ही सार्वदेशिक सभा ने यह प्रस्ताव पारित किया है कि भविष्य में कोई भी आर्य समाज मन्दिर या आर्य समाज से सम्बन्धित कोई शिक्षा संस्था राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को प्रयोग के लिए न दी जाए। जब संघ की शाखाएं आर्य समाज की संस्थाओं में लगती हैं तो आर्य समाज के सम्बन्ध में कई प्रकार की भ्रान्तियां भी पैदा हो जाती हैं। आर्य समाज का किसी राजनैतिक संस्था से कोई सम्बन्ध नहीं है परन्तु राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कारण आर्य समाज के विषय में भी कई प्रकार की भ्रान्तियां पैदा हो जाती हैं। अब जबकि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी यह कहना आरम्भ कर दिया है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अपना स्वरूप बदलना चाहिए और भारतीय जनता पार्टी ने भी अब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को छोड़कर गान्धी वाद और धर्म निरपेक्षता का आश्रय ले लिया है तो आर्य समाज संघ के कारण अपने विषय में किसी प्रकार की कोई भ्रान्ति क्यों पैदा होने दे। आर्य समाज के सिद्धान्त, उसके नियम और उस की विचार धारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से बिल्कुल भिन्न हैं। आर्य समाज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का विरोध करना नहीं चाहता इसी के साथ वह यह भी स्पष्ट कर देना चाहता है कि वह किसी भी दूसरी संस्था को जिसके सिद्धान्त और जिसकी विचार धारा उसके साथ नहीं मिलती यह अनुमति नहीं दे सकता कि वह आर्य समाज के महत्व को किसी भी प्रकार कम करने का प्रयत्न करे। भारत के पिछले एक सौ वर्षों के इतिहास में आर्य समाज का एक विशेष स्थान है कोई व्यक्ति या कोई संस्था उसके उस योगदान को मिटा नहीं सकता जो उसने इस देश के नव निर्माण में समय समय पर दिया है। हमारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से कोई विरोध नहीं है उनका मार्ग और है हमारा मार्ग और है। उनका लक्ष्य भी और है हमारा लक्ष्य भी और है। हम एक दूसरे के सहायक तो बन सकते हैं परन्तु एक दूसरे के अस्तित्व को मिटाने का प्रयत्न करना किसी भी प्रकार उचित न होगा। इसलिए हम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्ग में किसी प्रकार की रुकावट पैदा करना नहीं चाहते और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी यह आशा रखते हैं कि वह आर्य समाज के महत्व को मिटाने का प्रयत्न न करेगा।

सार्वदेशिक सभा ने जो प्रस्ताव पारित किया है सब परिस्थितियों पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने के पश्चात् किया है। इसलिए आर्य समाजों के सब अधिकारियों और आर्य समाज से सम्बन्धित सब व्यक्तियों का यह कर्तव्य हो जाता है कि इस प्रस्ताव को सामने रख कर ही भविष्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विषय में अपने दृष्टिकोण का निर्णय करें।

—वीरेन्द्र

गणतन्त्र दिवस आ रहा है

२६ जनवरी को हमारे गणतन्त्र के पूरे ३१ वर्ष हो जाएंगे। २६ जनवरी १९५० को हमारे देश में नया विधान लागू किया गया था और उसमें यह कहा था कि भारत के विधान का आधार जनतन्त्र होगा अर्थात् यहां जो राजनैतिक व्यवस्था होगी उसका आधार जनता के अधिकार होंगे। इस सम्बन्ध में हमें यह न भूलना चाहिए कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के छठे समुल्लास में अपनी जो राजनैतिक विचारधारा हमारे सामने रखी है उसमें भी उन्होंने जनतन्त्र पर बहुत अधिक बल दिया है। वह यह भी मानते थे कि जनतन्त्र की रक्षा के लिए एक राजा भी होना चाहिए परन्तु राजा वह हो जिसे जनता का पूरा समर्थन प्राप्त हो। हमारे देश के नेताओं ने महर्षि दयानन्द जी के आदेश के पहले भाग को तो अपना लिया और एक गणतन्त्र राज्य की स्थापना कर दी परन्तु उसकी रक्षा के लिए जो राजे बने हैं उन्हें जनता का वह समर्थन प्राप्त नहीं हो सका जो होना चाहिए था। यही हमारी वर्तमान राजनैतिक व्यवस्था का सब से कमजोर पक्ष है। परन्तु इस विषय में आर्य समाज को अपना उत्तरदायित्व नहीं भूलना चाहिए। हमारा सक्रिय राजनीति में कोई सम्बन्ध नहीं। परन्तु इसका यह अभिप्राय नहीं कि हमें देश की राजनीति में कोई रुचि नहीं है। किसी दूसरी धार्मिक संस्था ने देश की राजनीति में वह सक्रिय भाग नहीं लिया जो आर्य समाज ने लिया। स्वाधीनता के संग्राम में जो योगदान आर्य समाज का था किसी और का नहीं था। इसलिए हमारा कर्तव्य हो जाता है कि हम जागरूक रहें। देश में जो कुछ हो रहा है उसे देखते रहें और देश की सुरक्षा के लिए हम से जो बड़े से बड़ा त्याग और बलिदान मांगा जाए उसे देने के लिए सदा तैयार रहें। २६ जनवरी को सारा देश हर्षोल्लास के साथ गणतन्त्र दिवस मनाएगा। हमें भी उसी हर्षोल्लास के साथ यह दिन मनाना चाहिए। परन्तु हम को साथ उस दिन यह संकल्प भी करना चाहिए कि हम अपने इस प्यारे देश में एक वास्तविक गणतन्त्र राज्य स्थापित करने का प्रयत्न करेंगे, एक ऐसा राज्य जो जनता का हो, जनता के लिए हो और जनता के द्वारा हो।

वीरेन्द्र

सभा उपदेशकों का जनगणना सम्बन्धी कार्यक्रम

आर्य समाजें सहयोग दें

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने ८-१-८१ को निश्चय किया है कि सभा के सभी उपदेशक जनगणना के सम्बन्ध में काम करेंगे। सभी आर्य समाजों के अधिकारियों तथा शिक्षा संस्थाओं के अधिकारियों से निवेदन है कि वह जन गणना के सम्बन्ध में सभा उपदेशकों को अपना पूरा पूरा सहयोग दें।

(शेष पृष्ठ ६ पर)

आज भी आर्य समाज एक प्रभावी शक्ति है

प्रांतीय समाएं और भी अधिक सशक्त बनें ! वन्देमातरम श्री रामचन्द्रराव जी का दिल्ली आर्य महासम्मेलन में अध्यक्षीय भाषण

(गतांक से आगे)

मुझे यहां पर राजधर्म के सम्बन्ध में युधिष्ठिर का स्मरण हो रहा है। भीष्म पितामह युद्ध क्षेत्र में घायल पड़े हैं युधिष्ठिर ने समीप आकर पितामह से राजकरण के सम्बन्ध में पूछते हुए कहा है

राजधर्मान् विशेषेण कथयस्व पितामह ।

सर्वस्य जीवलोकस्य राजधर्म परायणम् ॥

पितामह राजकरण प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण आश्रय है। कृपा करके राज के सम्बन्ध में मुझे जानकारी दीजिए

युधिष्ठिर द्वारा राजकरण को सभी के लिए महत्वपूर्ण आश्रय समझना बहुत सार्थक है भीष्म ने कहा—

उद्यन् हि यथासूर्यो नाशयत्तमसं तमः ।

राजधर्मास्तथाम् वा निक्षिमन्त्यशुभा गतिम् ॥

जिस प्रकार सूर्य उदित होकर अन्धेरे के घने को छिन्न भिन्न कर देता है उसी तरह राजकरण मानव जाति को स्वर्ग से वंचित करने वाले दुष्कर्मों से सुरक्षित रखता है

इस से स्पष्ट होता है कि राजधर्म में रुचि लेना आर्य जीवन पद्धति का एक अंग था। इसीलिए स्वामी जी ने धर्मार्य सभा और विद्या सभा के साथ साथ राजार्य सभा के निर्माण करने पर काफी बल दिया है। आज हमारे इस मातृ भूमि भारत को बाहर और भीतर के आक्रमण का खतरा लगा हुआ है हमारी क्षत्रीय अखण्डता असुरक्षित है राज्य के निर्माण में धर्म का दूसरा स्थान है और वह भू क्षेत्र जिस पर हम निवास करते हैं उसी को खतरा है। क्या आर्य समाजी मातृ भूमि के इस संकट में भी केवल दर्शक बनकर शान्त रहेंगे ? हमारे भीतर की देश भक्ति की भावना हमें ऐसा करने नहीं देगी।

हमारे देश की सुरक्षा के लिए खतरे के साथ ही साथ हमारी जीवन पद्धति के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। एक ओर ईसाई धर्म प्रचारक दूसरी ओर ऐसे धर्मान्ध मुसलमान जो ऐसे सभी देशों को दारुल हरब कहते हैं जिनका पूर्ण इस्लामीकरण नहीं हुआ है और किसी भी कीमत पर उनको दारुल इस्लाम करने पर तुले हुए हैं और तीसरे और मास्को तथा पीकिंग ग्रुप कम्युनिस्ट हैं। ये सभी देश में विध्वंसकारी कार्य में लगे हुए हैं और ऐसे कार्यों को प्रोत्साहन देते रहते हैं। आज कल देश में जितने भी दंगे हो रहे हैं उनमें अधिकांश इन्हीं कम्युनिस्टों द्वारा आयोजित तथा प्रेरित हैं। मुरादाबाद या हैदराबाद जैसे साम्प्रदायिक झगड़ों के पीछे बड़े चतुर हाथ काम कर रहे हैं और जो निश्चित ही हमारे देश के अकल्याण के उद्देश्य से इन झगड़ों को भड़काने में साधन जुटा रहे हैं विदेशों में निर्मित अस्त्रास्त्र पकड़े गए हैं जिनका देश की आन्तरिक शांति का नाश करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। यह एक गम्भीर समस्या है और विशेष रूप से जब आल इण्डिया मुस्लिम लीग के अध्यक्ष श्री सुलेमान सेठ ने मई में १९८० में आयोजित मुसलमानों के एक अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में यह बयान दिया कि भारत में प्रतिदिन सैकड़ों मुसलमानों की हत्या की जाती है तो फलस्वरूप मुरादाबाद जैसे झगड़े फूट पड़े जिससे देश की अपरिमित हानि हुई। इनके अतिरिक्त भी देश के सामने अनेक गम्भीर संकट हैं इनमें से कुछ वैधानिक प्रकार के हैं। उदाहरणार्थ हमारे विधान की धारा (१) का मैं प्रथमतः उल्लेख करूंगा विधान की पहली अनुसूची में जिसकी ओर उल्लिखित धारा में संकेत किया गया है जम्मू काश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बतलाया गया है। किन्तु विधान की धारा ३७० के द्वारा देश के इस भू भाग को अन्य प्रदेशों के भिन्न स्वरूप दिया गया है। विधान में प्रदान किए गए बुनियादी अधिकार का यह स्पष्ट उल्लंघन है यहां बरबस ही मुझे स्व० प्रकाश वीर जी शास्त्री का स्मरण हो रहा है जिन्होंने विधान की धारा ३७० को हटाने का प्रयत्न किया था। आप लोग जानते ही हैं कि जब भी काश्मीर की समस्या का उनके सामने उल्लेख होता था तो वे कितने उद्विग्न हो उठते थे काश्मीर की यह समस्या भीतर ही भीतर सुलगती रहती है और समय समय पर देश के भीतर ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के सामने भी उभरती रहती है और उसका कारण यही है कि उक्त धारा में हमने उसको पृथक महत्व दे दिया है एक बार इस धारा का विधान से पूर्ण लोप हो जाए तो दुनिया इस समस्या को ऐसे ही भूल जाएगी जैसे हैदराबाद राज्य की समस्या को भूल गई है

दूसरी समस्या उन लोगों की है जो राष्ट्रीय धारा में अपने आपको समा लेने से बचने के निरन्तर प्रयत्न में है ये लोग अपने आपको अल्पसंख्यकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं अल्पसंख्यक कौन हैं ? हमारे विधान में इसकी कहीं व्याख्या नहीं की गई है किन्तु ऐसों के प्रति हमारी उदार चित्त वृत्ति सदा तुष्टिकरण नीति के रूप में ही प्रकट होती रही है। स्वाधीनता से पूर्व परिस्थिति कुछ ऐसी बना दी गई थी कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के हमारे हर प्रयत्न को यह अल्पसंख्यक बड़ी सफलता के साथ विटो किया करते थे ब्रिटिश सरकार के साथ उनके सांठ गांठ ने अन्त में देश का विभाजन करा दिया। १९४७ के पृथक करण से यह वर्ग सन्तुष्ट न होकर अब पुनः उसी नीति का अवलम्बन कर रहा है उनके इस भयानक षड़यन्त्रकारी कार्यों को सफल बनाने में ऐसा लग रहा है कि कुछ अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियां क्रियात्मक रूप से इस वर्ग की सहायता कर रही हैं इस परिस्थिति में आर्य समाज की चुनौती उनके बहुमूल्य सर्वस्व की क्षति के रूप में प्रकट होगी।

इस सम्बन्ध में मैं कुछ ऐसे तथ्य आप के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं जो बड़े उग्र रूप में हमारे सामने उपस्थित हैं। हमारे चारों ओर प्रायः सभी मत प्रधान हैं (Theocratic) राष्ट्र हैं या ऐसे राष्ट्र हैं जिन्होंने साम्यवाद को स्वीकार कर लिया है हमारे देश के दो प्रदेश भी ऐसे ही हैं—एक देश के पूर्वी तट पर पश्चिम बंगाल और दूसरा देश के पश्चिमी तट पर—केरल। दोनों का प्रशासन कम्युनिस्टों के हाथों में है। पश्चिम बंगाल पूर्णतः मार्किस्ट कम्युनिस्टों के हाथों में है और केरल में कम्युनिस्ट प्रधान संयुक्त मन्त्रिमण्डल है। ईसाई नागालैंड और उसके आसपास एक तरह से गुरिल्ला ढंग की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका लक्ष्य है हमारे देश की पूर्वी सीमा पर एक स्वतन्त्र ईसाई राज्य की स्थापना क्या मैं अपने आर्य समाजी बन्धुओं से पूछ सकता हूं कि जब हमारी परम्परागत आर्य जीवन पद्धति तथा देश के सम्मुख इतनी भयंकर दुर्गति की स्थिति बनी हुई है तो आप राज्य या शासन के कार्यों से अपने आपको पृथक रखकर तमाशाई बने रहना पसन्द करेंगे ? शायद कुछ महानुभावों का यह तर्क होगा हम आर्य समाजी राज्य या शासन के कार्यकलापों की ओर से पूर्णतः सजग हैं और अपनी अपनी विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के माध्यम से अपने-अपने तरीकों से काम कर रहे हैं। हम इस प्रकार के कथन से पूर्णतः सहमत हैं। परन्तु हम उनसे एक बात पूछना चाहते हैं क्या आप पार्टी के अनुशासन को महत्व देते हैं या देश के हित को ? आज तक का अनुभव यह दर्शाता है कि पार्टी के अनुशासन को ही महत्व देना पड़ा है और देश के हित की ओर से मुख मोड़ करना पड़ा है।

आज भी आर्य समाज एक प्रभावी शक्ति है इसकी प्रादेशिक सभाएं सुव्यवस्थित और संगठित हैं। मैं यह चाहता हूं कि हमारी प्रादेशिक सभाएं और अधिक सशक्त और प्रभावशाली बनें ताकि देश की कोई पार्टी राष्ट्रीय महत्व के राजनैतिक कार्यों और समस्याओं का निपटारा करते समय आर्य समाज की सम्मति की अवहेलना न कर सकें। आर्य समाज की सभी प्रादेशिक सभाओं का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे देश की समस्याओं की ओर सजग रहकर अभिरुचि लें। मैं यह नहीं कहता कि उन्हें राजनैतिक कार्यों में प्रत्यक्ष रूप से अपने आपको झोंकना चाहिए। किन्तु राजार्य सभाएं अपने पवित्र दामन और निष्कलंक कार्य पद्धति द्वारा राज्य से सम्बन्धित फैसलों को देश के हित में स्वरूप लेने के लिए प्रभावित करें। हम सभी के साथ सहकार्य करने की भावना रखते हैं। इसके लिए देशभक्ति और जीवन के मूल्यों के प्रति आस्था यही हमारी शर्त है। अफगानिस्तान तथा राष्ट्रीय संकट की वर्तमान परिस्थिति में हमारी सहानुभूति प्रधान मन्त्री के साथ रहेगी और राष्ट्रीय महत्व की समस्याओं को सुलझाने में आर्य प्रतिनिधि सभाएं अपना सहयोग देने का संकल्प करती हैं। किन्तु हम पूरी शक्ति के साथ घोषणा करते हैं कि राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की समस्या को हल करने में हमारे प्रति उदारवाद या किसी की तुष्टीकरण की ऐसी नीति का हरगिज पक्ष नहीं लेंगे जिसके फलस्वरूप कोई हमारे सिर चढ़ जाए। राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्नों का हल ढूंढने में हमारे सामने सदैव देश का हित तथा जीवन के उन मूल्यों का महत्व रहेगा जिसके आधार पर हमारी जनता जीती रही और जिसकी सुरक्षा में इसने अपने प्राण उत्सर्ग किये। हम विधान में जाति पिछड़ेपन या अन्य किसी कारण से दी गई सहूलतों सुविधाओं और आश्वासनों को सदा सदा के लिए बनाए रखने का घोर विरोध करते हैं। ये सभी बातें राष्ट्र के नव निर्माण में बाधक हैं। आर्थिक पिछड़ेपन को किसी भी सुविधा के लिए आधार बनाना उचित है। आर्य समाज केवल विरोध के लिए विरोध की दृष्टि से किसी वर्ग को दी जाने वाली सुविधा का विरोध

(शेष पृष्ठ ८ पर)

लाला लाजपतराय के जीवन पर एक प्रसिद्ध नाटक—

शेरे पंजाब लाला लाजपतराय

ले०—श्री जी० एस० खोसला

श्री गुरबखशसिंह खोसला पंजाब के जाने माने नाटककार हैं वे भारतीय रेलवे के जनरल मैनेजर के उच्च पद से रिटायर हुए हैं किन्तु जीविका उपार्जन के अतिरिक्त व पंजाबी रंगमंच में प्रारम्भ से गहरी रुचि रखते रहे हैं। वे पंजाबी थियेटर के संस्थापक हैं और उनके द्वारा रचित नाटक जैसे कि बुत बैठी थी—बाद बरनड शाह के पिगमेलियन का पंजाबी रूपान्तर सर्वप्रिय सिद्ध हुए हैं।

अब उन्होंने शेरे पंजाब लाला लाजपतराय की जीवनी पर खोज करके पंजाबी में एकांकी नाटक लिखा है इसका हिन्दी रूपान्तर गुरुकुल कांगड़ी के सहायक मुख्याधिष्ठाता श्री जितेन्द्र जी के नेतृत्व में विद्यालय विभाग के अध्यापकों द्वारा किया गया है ताकि गुरुकुल के ब्रह्मचारी इस नाटक को जनता के समक्ष प्रस्तुत करके शेरे पंजाब को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें और अन्य नाटककार इसी प्रकार स्वामी श्रद्धानन्द शहीद लेखराम इत्यादि पर नाटक रचने की प्रेरणा पाएं। आर्य मर्यादा अपने पाठकों के सम्मुख उपरोक्त नाटक शृंखलाबद्ध रूप से प्रस्तुत करने में गर्व अनुभव करता है।

सम्पादक

ओ३म्

पात्र परिचय

पहली झांकी

लाजपतराय	आयु १८ वर्ष
किशनदास	आयु १५ वर्ष
सेवक	
गुरुदत्त	
राजाराम	
डाकिया	

प्रथम अंक सन १८८३ ई० समय दोपहर का। मास जुलाई का तीन विद्यार्थियों का सम्मिलित कमरा जिसकी लम्बाई चौड़ाई ६० मी० व ४० मी० है। दो चारपाईयों पर साधारण बिस्तरे बिछे हुये थे। इनके साथ दीवार पर लगी खूंटियों पर बहुत से कोट टंगे हुए थे। दीवार के साथ लगे हुए तख्तों पर पुस्तकें धरी पड़ी हुई थी। कमरे के मध्य में एक कुर्सी और एक तिपाई पड़ी है।

जब पर्दा खुलता है तो मंच खाली है। कमरे के बाहर ताला खुलने की आवाज आती है। लाजपतराय आयु १८ वर्ष बगल में हल्का सा बिस्तरा उठाए हुए कमरे के अन्दर आता है। उसके पीछे एक १५ १६ वर्ष का लड़का किशनदास सिर पर एक छोटा सा ट्रंक उठाकर ले आता है। उसके हाथ में एक पुस्तक और एक कापी है। दोनों दरवाजे के पास जूतियां उतार देते हैं।

सिर पर फैल्ट कैप है। साधारण पहरावा घोड़ों तक लम्बा बन्द गले का कोट तंग पायजामा और देसी जूती पहनी हुई है।

किशनदास (माथे का पसीना पोंछते हुए) आपका कोट गीला है।

लाजपतराय हां मैं रेल से उतरकर टांगे के अड्डे तक आया तो ऊपर से वर्षा हो गई थी।

(कोट कमीज उतार कर खूंटी पर टांग देता है।)

किशनदास लाजपतराय जी यह ट्रंक कहां रखूं ?

लाजपतराय वहां रख दे दीवार के साथ। मैं तुझे लगवा देता हूं।

(ट्रंक रखवाता है)

किशनदास—बिस्तरा खोल दूं जी ?

लाजपत—हां खोल दे।

(दोनों मिलकर बिस्तरा खोलकर खाट पर बिछा देते हैं) और तौलिया निकाल कर लाजपतराय खूंटी पर टांगता है।

किशनदास—आप कहां कहां होकर आए हैं ?

लाजपतराय मैं कई स्थानों पर फिर कर आया हूं किशनदास! मेरठ आगरा फरूखाबाद।

किशनदास—आपने आगरे में ताज महल देखा था

लाजपत—(थोड़ा मुस्करा कर) नहीं (और चारपाई पर बैठते हुए)

ताजमहल देखने की फुरसत ही कहां थी। (आगरा प्रातः काल पहुंचा नहा धोकर आर्य समाज के कर्मचारियों के साथ बातचीत की फिर मैं सारी दुपहर अपना वक्तव्य लिखता रहा।

किशनदास—वक्तव्य क्या होता है।

लाजपत लोगों के सामने खड़े होकर जो बोला जाता उनको तकरीर या वक्तव्य कहते हैं

किशनदास—और फिर ?

लाजपत—शाम छः बजे अधिवेशन था तब उसमें मैंने अपना व्याख्यान दिया। रात के नौ बजे की गाड़ी से हम मेरठ चले गये

किशनदास—आपने अपने व्याख्यान में क्या कहा ?

लाजपत—मैंने सबको बताया कि आर्य समाज के प्रत्येक सदस्य से यह आशा की जाती है कि वह अपने लाभ की अपेक्षा जनता के कल्याण को अधिक जानें। मैंने लोगों को समाज सेवा देश भक्ति और आर्यावर्त को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरणा दी।

किशनदास—आपने आर्यावर्त के बारे में कुछ समझा था था

लाजपत—हां आर्य लोगों का देश हिन्दुस्तान।

किशनदास—परन्तु यह समझ नहीं सका कि पुनर्जीवित का क्या अर्थ है।

लाजपत—पुनर्जीवित का मतलब यह कि देश में फिर जान फूंक देना। फिर मैंने उनसे कहा कि यह आदर्श आपको प्यारे हैं तो इनको प्राप्त करने के लिए दिल खोलकर दान दें।

किशनदास—क्या फिर उन्होंने धन दिया ?

लाजपत—हां उस समय पांच हजार रुपया इकट्ठा हो गया।

किशनदास—आपने एक ही व्याख्यान से इतना रुपया इकट्ठा कर लिया। (और जोश में आकर) मैं आज रात आप के पास ही सोऊं ?

लाजपतराय—क्यों ?

किशनदास—मैं जागता रहूंगा और रुपए की राखी करूंगा। पिछली बारी जब आप एक हजार रु इकट्ठा करके लाए थे तब मैं सारी रात सोया नहीं था।

लाजपतराय—हां! जो समाज की अमानत है उसकी रक्षा तो करनी ही चाहिए। परन्तु इस बार रुपया मैं अपने साथ नहीं लाया रुपये की संभाल तो मेरे साथियों ने कर ली थी।

किशनदास—मुझे आज पढ़ाओगे ?

लाजपतराय—मैं आज बहुत थका हुआ हूं। परन्तु तू अचानक पढ़ने के लिए आया है। कुछ थोड़ा बहुत बता देता हूं। अलजबरा का सवाल निकालना तुझे समझाया था ना ?

किशनदास—हां जी

लाजपतराय—मैं तुझे घर के लिए सवाल दे देता हूं। ला कापी। यह चौकोन (आयत है) ए बी सी डी।

ए बी—३ इंच।

बी सी ५

सी डी=

डी बी—५

इसका क्षेत्रफल घर में निकाल कर लाना।

किशनदास पुस्तक इकट्ठा कर दूं लाजपतराय जी ? कल अलजबरा कि रेखागणित ?

लाजपत नहीं अलजबरा। तो कल ठीक है। पर तेरा ज्यामेट्री अभी बड़ी कमजोर है तूने मैट्रीकुलेशन की परीक्षा इस वर्ष देनी है।

किशनदास हां जी आप मुझे कलकत्ता यूनिवर्सिटी के योग्य बना दो।

लाजपत अभी तो चाहे जितना आदमी के अन्दर ही होता है। बाहर से थोड़ा ही ठमी जाती है मैं तेरी पूरी सहायता करूंगा। बाकी तेरी अपनी हिम्मत है।

किशनदास आपने कलकत्ता का मैट्रीकुलेशन किया था न ?

लाजपत—मैंने तो दोनों यूनिवर्सिटियों की मैट्रीकुलेशन परीक्षा पास की थी कलकत्ता और पंजाब की भी। और कलकत्ता में तो मैं प्रथम आया था।

किशनदास और पंजाब से ?

लाजपत पंजाब से तो मेरा नम्बर द्वितीय श्रेणी में आया था। १०६ विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे उनमें मेरा नम्बर पचपन था।

किशनदास तो फिर कलकत्ता यूनिवर्सिटि पंजाब से बढ़कर हुई न ?

लाजपत (हंसकर) यह कैसे

किशनदास (कुछ सोच कर) क्योंकि पंजाब यूनिवर्सिटी में नम्बर कठिन देते हैं।

लाजपत यह बात नहीं है कलकत्ता यूनिवर्सिटी का स्तर पंजाब से अधिक ऊंचा है इसलिए मैंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी का मैट्रीकुलेशन करना जरूरी समझा।

किशनदास आपने कलकत्ता से प्रथम श्रेणी में पास करके पंजाब की परीक्षा में बैठ कर अपना अपमान क्यों कराया।

लाजपत मेरे पिता जी की बहुत इच्छा थी कि मैं अरबी भाषा जरूर पढ़ूं पंजाब यूनिवर्सिटी की परीक्षा के के लिए तीन विषय अधिक लेने पड़े। अरबी उर्दू विज्ञान और भूगोल। परिश्रम करना पड़ा और साथ ही मैं बीमार भी पड़ गया। मेरे माता पिता ने मेरी बहुत सेवा की थी। मुझे तो पास होने की आशा भी नहीं थी पर किसी न किसी प्रकार किनारा लग ही गया और मेरे पिता जी की बात भी रह गई।

(क्रमशः)

सन्ध्या कथा—

मनसा परिक्रमा का दूसरा मंत्र

ले०—श्री सुरशचन्द्र जी वेदालंकार एम० ए० एल० टी० १७२ आफरा बाजार गोरखपुर

ॐ

ओ दक्षिणा दिग्गिन्द्रोऽधिपति
स्तिरश्चिराजी रक्षिता पितर इषव ।
तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो
रक्षितृभ्यो नम इषुभ्योनम एभ्योऽस्तु ।
योऽस्मान द्वेष्टि य वयं द्विष्मस्त
वो जम्भे दध्म । अथर्व ३ २७ २

(दक्षिणा) समर्थ अथवा ऐश्वयवान होने की (दिक) दिशा है । उस दिशा मे (इन्द्र) परमैश्वर्यवान प्रभु (अधिपति) मालिक है । (तिरश्चिराजी) मर्यादा अति क्रमण न करने अथवा कुटिल चाल पर शासन करने का भाग रक्षा करने वाला है । (पितर) दूसरों का पालन पोषण करने वाले अनुभवी बजुर्ग (इषव) प्रेरक हैं । (तेभ्य) उस (अधिपतिया) ऐश्वयवान भगवान को (नम) नमस्कार हो । (रक्षितृभ्य) रक्षक भाव को (नम) नमस्कार हो (इषुभ्य) प्रेरक व सहायक भावकों को (नम) नमस्कार हो (एभ्य इन सबको (नम) नमस्कार (अस्तु) हो । (य) जो (अस्मान) हमको (द्वेष्टि) द्वेष करता है (य) जिसको (वय) हम (द्विष्म) द्वेष की भाव स देखते हैं (त) उस द्वेष भाव को (व) आपके जम्भे) वश मे (दध्म) रखते है ।

साधक न आगे बढने का निश्चय किया । विपरीत परिस्थितियो से लडते हुए वह उन्नति की ओर चलने लगा । उसने ज्ञान शक्ति ऐश्वय सम्पत्ति विद्या ममता सभी भोगो मे यथाशक्ति उन्नति का भाव पकड लिया । उसे अब ऐश्वय प्राप्त होने लगे । इस ज्ञान बल तथा लौकिक ऐश्वय प्राप्त करने के लक्ष्य का आदर्श इन्द्र है । इन्द्र शब्द का प्रयोग परमात्मा के नाम के रूप मे उल्लेख करते हुए सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास मे स्वामी जी महाराज ने लिखा है य इन्दति परमैश्वय वान भवति स इन्द्र परमेश्वर परमात्मा परम ऐश्वय मे पूर्ण है अत उसे इन्द्र कहते है । वेद के शब्दों में इन्द्र परमात्मा को कहते हैं और बतलाते है—

अहमिन्द्रो न पराजिग्य इद्धन न मृत्यवेऽवतस्थे कदाचन । ऋ० १० ४८ ५

मे इन्द्र हू मैं अपनी जनता को कभी हार नही सकता मैं तो मृत्यु के पञ्जे मे पडकर भी अपने का हारा हुआ नही मानता । और देखिए

इन्द्रो जयाति न पर जयाता अधिराजो राजसु राजयातै चकृत्य ईड्योव वन्द्यो पसद्यो नमस्योभवेह । अथर्व ६ ९८ १

इन्द्र आत्मवान व्यक्ति सदा विजयी होता है । वह कभी भी पराजित नही होता । वह राजाओ मे महाराज होकर सब पर शासन करता है । हे इन्द्र तू शरीर मे रहने वाले काम क्रोध आदि शत्रुओं का काटता है इसी लिए तू पूजा और नमस्कार करने योग्य है सब का आश्रय और आदर सत्कार के योग्य होता है ।

आओ हम अपने लक्ष्य इन्द्र बनने की प्रार्थना कर

इन्द्र प्रातहवामहे इन्द्र प्रयत्यध्वरे
इन्द्र सोमस्य पीतए । ऋ० १ १६ ३

प्रात काल हम इन्द्र का आह्वान कर । उत्तम ज्ञान प्रदायक यज्ञ मे भी हम इन्द्र का धारण कर आध्यात्मिक आनन्द की प्राप्ति के लिए इन्द्र का स्मरण और इन्द्र के गुणो को धारण करते हुए हम भी इन्द्र बनें एक मत्र मे कहा है — प्र

भरिदा भूरिदेहि नो मा दभ्र भूर्या भर ।
भरि घदि इन्द्र दित्ससि

(ऋ० ४/३२।२०)

हे ऐश्वय शाली इन्द्र तू बहुत अधिक देने वाला है हमे भी बहुत दे । कम मत देना हमे धन दौलत और ऐश्वय पूरी तरह से दे दे । तू इस ससार के लिए बहुत अधिक देना चाहता है । कवि कहता है

तू दाता देता ही जाता मैं भिक्षुक
लेता ही जाता
देने की सीमा ना तेरे लेन का
कछु अन्त न मेरे ।
प्रभो उऋण कैसे मैं होऊ
किन दानो में मूल्य चुकाऊ
केवल तेरी महिमा गा गा
कर लेता मैं भी कुछ हल्का ।
चाहे कितना ऊंचा तक गाऊ
फिर भी कुछ भी पा नही पाऊ
आखो से दरिया बह जाता
रुकता कठ मूक रह जाता
न जाने केवल हू कितना
फिर भी इस मे रस है इतना
आजा मेरे दिल के राजा
आखो में बन ज्योति समाजा ।
दो शरीर हों एक प्राण हो
दो होकर भी एक जान हो ।

श्रेष्ठ ऐश्वर्य कौन से हैं ? इसका भी उल्लेख ऋग्वेद के एक मन्त्र में बडे सुन्दर ढग से किया गया है । वहा कहा है —

इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेहि चित्ति दक्षस्य
सुभगत्वमस्मे
पोष रयीणामरिष्टि तनूना स्वाद्मान
वाच सुदिनत्वमह्नाम ।

हे इन्द्र हमे श्रेष्ठ धन प्रदान कीजिए । क्या है वह श्रेष्ठ धन ? चित्त का उत्साह उत्तम सौभाग्य धन धान्यकी समृद्धि शरीर की नीरोगता वाणी का माधुर्य और दिनो का सुदिनत्व । यजुर्वेद मे कहा गया है —

उपहूता इह गावा उपहूता अजावय ।
अथो अन्नस्य कीलाल उपहूतो
गृहेषु न ॥
यजु ३/४३

हे इन्द्र हमारे घर गाय बकरी भेड आदि पशुओ से सदा भर रहें हैं तथा हमारे घरो मे अन्न के ढेर लगे रहे । इस प्रकार परमेश्वर सब प्रकार के ऐश्वर्यों का भडार है वह अपने ऐश्वर्यों को अनवरत रूप से बिखेर भी रहा है । जिसे उस ऐश्वयशाली प्रभु के ऐश्वय का एक कण भी भी कम ऐश्वर्य मिल जाता है वह सब के लिए महान् ऐश्वर्यशाली ही बनता है इसी लिए परमेश्वर की इन्द्र कहते हैं । ऋग्वेद में उसके ऐश्वर्यों का वर्णन करते हुए बतलाया गया है —

स्वद् विश्वा सुभग सौभगान्यग्ने
वियन्ति
वनिनों न वया । ऋ० ६।१३।१

हे परमात्मन् ! हे सुन्दर ऐश्वर्य सम्पन्न जैसे वृक्ष की शाखाएं वृक्ष से निकलती हैं उसी प्रकार सब सुन्दर ऐश्वय तुम से ही विविध प्रकार से निकलते हैं । परमात्मा के इसी इन्द्र रूप को अपना आदर्श बनाता हुआ साधक अपनी साधना करता है ।

धन कमाना ऐश्वय कमाना तो ठीक है । सबसे पहले हमे सोचना है कि हम इस ऐश्वय कमाने के विचार मे कितना डूब गए—घुटने घुटने तक कमर तक या इतना डूब गए कि इस विचार से निकल ही नही सके । धन कमाने में इतना लीन हो गए कि उचित अनुचित सभी साधन अपनाने लगे । हमने चोरी करनी शुरू की डाके डाले हत्याएं करने लगे । खाद्य पदार्थों में मिलावटें करते हुए बच्चे और रोगियों तक की परवाह नही की । इस प्रकार इन्द्र स्वरूप परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग बड़ा ही दुर्गम और कुटिल है । इस मार्ग पर चलने वाले पथिक के लिए भी औषध की आवश्यकता है वह औषध पथ को भ्रष्टता से रोकने में सहायता कर सके । वह औषध की झोली ही पथिक का सहारा होगी (क्रमश)

(३ पृष्ठ का शेष)

श्री प० निरञ्जनदेव जी इतिहास केसरी जिला जालन्धर मे कार्य करेंगे और उनका केन्द्र स्थान सभा कार्यालय होगा ।

श्री प० रामनाथ जी सि० वि० जिला रोपड और जिला होशियारपुर में कार्य करेंगे और इनका केन्द्र स्थान आर्य समाज मोरिण्डा (रोपड) होगा ।

श्री सुभाष चन्द्र जी शास्त्री महोपदेशक जिला फिरोजपुर और जिला फरीदकोट मे कार्य करेंगे और इनका केन्द्र स्थान आर्य समाज लुधियाना रोड फिरोजपुर छावनी रहेगा ।

श्री प० जगदीश चन्द्र जी वसु महोपदेशक जिला लुधियाना तथा जिला भटिण्डा मे कार्य करेंगे तथा इनका केन्द्र स्थान आर्य समाज महर्षि दयानन्द बाजार लुधियाना रहेगा ।

श्री श्याम सिंह जी हितकर भजन मण्डली जिला पटियाला तथा जिला सगरूर मे कार्य करेगी तथा इनका केन्द्र स्थान आर्य समाज सगरूर होगा ।

श्री रामनाथ जी शास्त्री भजनोपदेशक जिला गुरदासपुर में कार्य करेंगे और इनका केन्द्र स्थान आर्य समाज बटाला रहेगा ।

श्री तुलसी देव वायणाचार्य जिला कपूरथला में कार्य करेंगे । इनका केन्द्र स्थान आर्यसमाज फगवाडा रहेगा ।

श्री हजारी लाल जी भजनोपदेशक जिला अमृतसर मे कार्य करेंगे और इन का केन्द्र स्थान आर्य समाज श्रद्धानन्द बाजार अमृतसर रहेगा ।

यह सभी बन्धु अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट सभाकार्यालय को प्रति सप्ताह भेजा करेंगे ।

—रामचन्द्र जावेद
सभा मन्त्री

सम्पादक के नाम पत्र—

क्या कोई इन चुनौतियों का समुचित उत्तर देगा ?

सरिता दिसम्बर-८०(प्रथम) में महर्षि दयानन्द एवं सत्यार्थ प्रकाश विषयक उनके विचारों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए आशा करता हूं कि आपका पत्र इस अनर्गल प्रलाप का उत्तर अवश्य देगा। मैंने पूर्व भी यह सुझाव दिया था कि आर्यसमाज की ओर से एक ऐसा विभाग(सैल) स्थापित किया जाना चाहिए कि जो इस जैसे अनर्गल प्रलापों का प्रामाणिक युक्ति युक्त उत्तर दे। पता नहीं आर्यसमाज कब तक इन चुनौतियों को सहन करता रहेगा। सत्य है—

समय दे रहा है चुनौती पे चुनौतियां, देखता हूं पिए जा रहे है लोग।
कैसा पहरा है चौकीदारों का,
बाग बरबाद किए जा रहे हैं लोग॥

क्या कोई समय की चुनौती का समुचित उत्तर देगा ?

आपत्तिजनक अंश—

'प्राचीन भारत में गोहत्या एवं गोमांसाहार'

लेखक सुरेन्द्र शर्मा 'अज्ञात

"स्वामी दयानन्द ने पृष्ठ १३७ 'सत्यार्थ प्रकाश में इसी गोमेध के विषय में लिखा है जहां गोमेधादिक यज्ञ लिखे हैं, वहां पशुओं में नरों का मारना ही लिखा है, जैसे पुष्ट बैल आदि नरों में हैं जैसे वो गादि नहीं होते, जो बन्ध्या गाय होती है, उसका भी गोमेध में मारना लिखा है।

'देखें सत्यार्थ प्रकाश १८७५ पृ १०१, दयानन्द भाष्य मिलावली, पृ. २८ पर उद्धृत)'

आर्यसमाज को इस पर चुप्पी नहीं साध लेनी चाहिए। विनीत —यशपाल आर्य बन्धु मुरादाबाद

वार्षिक निर्वाचन

आर्य समाज बम्बई की वार्षिक साधारण सभा दिनांक २८ १२ ८० को सम्पन्न हुई जिसमे आगामी वर्ष के लिए निम्नलिखित पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए।

प्रधान-श्री जयपतराय आर्य, उपप्रधान-श्री गोविन्द भाई नन्दवाना श्री ज्ञाठलाल शर्मा मन्त्री-श्री राजेन्द्रनाथ पाडेय उपमन्त्री-श्री करतमदास राणा, कोषाध्यक्ष श्री चन्द्रकान्त भट्ट (राजा) सहकोषाध्यक्ष-श्री जयनप्रसाद गौतम, पुस्तकाध्यक्ष श्री देवेश्वर शर्मा।

—जयपतराय आर्य

लुधियाना मे मकर सक्रान्ति का पर्व

१- स्त्री आर्य समाज साबुन बाजार २४-२ ८१ को मकर सक्राति का पर्व बडी धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया। पर्व की विशेष आहुतियां भी दी गई। श्री राम कुमार जी शास्त्री का पर्व के महत्व पर सारगर्भित प्रवचन हुआ। मान्य विद्यावती जी के रसीले भजनो से सब आनन्दित हुए। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को ऋतुनुकूल रेवडियो का प्रसाद बाटा गया सभी तरह से कार्यक्रम सुन्दर रहा।

२ जेठमलानी के प्रस्ताव के विरोध मे भी सर्वसम्मति से सब बहिनो ने प्रस्ताव पास किया।

—मन्त्री सत्या देवी आर्या

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक हो जाओ, अपने कर्त्तव्य को पहचानो, तुम्हारा एक ही धर्म है वह है अपना राष्ट्र। इसे मिलकर विदेशियो के चगुल से मुक्ति दिलाओ। इस सिंह गर्जना से अंग्रेज सरकार घबरा उठी कि अगर भारत देश के सभी धर्मावलम्बी इकट्ठे हो गये तो हमे एक दम भारत छोड कर जाना पडेगा। उनका सिद्धान्त ही यही था कि फूट डालो और राज करो। अंग्रेज सरकार की नीति के कारण ही आगे चलकर पाकिस्तान बना जातिवाद को बढावा मिला, और आज भी देश की एकता को खण्डित करने के लिए वही विचार धारा काम कर रही है।

लाला जी ने वहा १८९३ में बगाल व मध्य प्रदेश के अकाल पीडितो की सहायता की, वहा ईसाई पादरियो द्वारा अनाथ बच्चो को ईसाई बनाने से रोकने के लिए वहां अनाथाश्रम की स्थापना करवाई, उसके बाद कांगडा भूकम्प के पीडितो की सहायता के लिए भी कोई कसर न उठा रखी।

लाला जी साथ ही साथ राजनीति मे भी बढ़ चढकर भाग ले रहे थे, सरकार की उन पर गहरी नजर रहने लगी। अंग्रेज सरकार ने लाहौर मे रानी विक्टोरिया का बुत लगाना चाहा। लाला जी न इसका खुल्लम-खुल्ला विरोध किया, जिसके कारण लाला जी को गिरफ्तार कर लिया गया।

